सकता है? इसी प्रश्न का उत्तर आचार्य आनन्दवर्धन देते हैं, ग्रंथ की दूसरी कारिका से–

**योऽर्थः सहृदयश्लाघ्यः काव्यात्मेति व्यवस्थितः।**
**वाच्यप्रतीयमानाख्यौ तस्य भेदावुभौ स्मृतौ।।** 1/2

अभिनवगुप्तपाद ने सहृदयश्लाघ्य, लावण्यस्थानीय, विरलजनसंवेद्य **प्रतीयमानार्थ** को सर्वजन संवेद्य वाच्यार्थ से सर्वथा भिन्न ही माना है– शब्दार्थशरीरं तावत् काव्यमित्युक्तम्। तर्हि तदनुप्राणकेन केनचिदात्मना भाव्यमेव। तथा शब्दस्तावच्छरीरभाग एव सन्निविशते सर्वजन–संवेद्य– धर्मत्वात् स्थूलकृशादिवत्। अर्थः पुनः सकलजनसंवेद्यो न भवति। न ह्यर्थमात्रेण काव्यव्यपदेशः, लौकिक–वैदिकवाक्येषु तदभावात्। – **लोचनम् ( प्रथमोद्योतः )**

परन्तु अर्थ को काव्यात्मा बताते हुए भी **लोचनकार** पाठकों को सावधान करते हैं कि **'तस्य भेदावुभौ स्मृतौ'** से यह नहीं समझ लेना चाहिए कि दोनों हि अर्थ (वाच्य एवं प्रतीयमान।) काव्यात्मा होते हैं वस्तुतः काव्यात्मा तो सहृदयश्लाघ्य **प्रतीयमानार्थ** ही होता है। (वाच्यार्थ कथमपि नहीं) परन्तु हाँ; चूँकि वाच्यार्थ की सामर्थ्य से ही व्यङ्ग्यार्थ आक्षिप्त होता है, अतएव उसे भी ध्वनिकार **भवन की भूमिका के समान व्यंग्यार्थ का अंग ही मानते हैं।** उनके ही शब्दों में –

**यथा पदार्थद्वारेण वाक्यार्थः सम्प्रतीयते।**
**वाच्यार्थपूर्विका तद्वत् प्रतिपत्तस्य वस्तुनः।।** ध्वन्या. 1/10

लोचनकार भी उसी रहस्य को सुस्पष्ट करते हैं– अतएव अर्थ इत्येकतयोपक्रम्य सहृदयश्लाघ्य इति विशेषणद्वारा हेतुममिधाय, अपोद्धारदृशा तस्यद्वौ भेदौ अंशावित्युक्तम्। न तु द्वावप्यात्मानौ काव्यस्य।– लोचनम्।

वाच्यार्थ काव्यात्मा नहीं है, परन्तु है वही मूलाधार प्रतीयमानार्थ का।[3] अतएव उसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। यदि भूमि ही न होगी तो भवन बनेगा कैसे? इसलिये **लोचनकार** कहते हैं– यद्यपि हि ध्वननं हि शब्दस्यैव व्यापारः। तथाप्यर्थसामर्थ्यस्य सहकारिणः सर्वथाऽनपायाद् वाच्यसामर्थ्याक्षिप्तत्वं तस्य। शब्दशक्तिमूलानुरणनव्यङ्ग्येऽपि अर्थसार्थ्यादेव प्रतीयमानाऽवगतिः शब्दशक्तिः केवलमवान्तरकारिणीति। – लोचनम् (प्रथमोद्योतः)

**लोचनकार** बताते हैं कि यद्यपि काव्यात्मा व्यङ्ग्यार्थ ही है जो स्वप्न में भी स्वशब्दवाच्य नहीं होता। तथापि उसके दो रूप ऐसे हैं (वस्तु एवं अलंकार) **जो व्यङ्ग्य स्थिति में आने से पहले वाच्य भी हुआ करते हैं।** अतः पुराने प्रत्यभिज्ञान के आधार पर उन्हें वस्तुध्वनि तथा अलंकारध्वनि के नाम से बोधित किया जाता है– **ब्राह्मणश्रमणन्याय** से (अर्थात् जैसे श्रमणधर्म अपनाने वाले **ब्राह्मण को भी ब्राह्मण के रूप में** ही पहचाना जाय, यद्यपि अब वह ब्राह्मण नहीं प्रत्युत श्रमण मात्र है) परन्तु जो व्यङ्ग्यार्थ मात्र अनुभवरूप–संवेदनारूप होता है वह तो साक्षात् रस ध्वनि ही है–

तत्र प्रतीयमानस्य द्वौ भेदौ लौकिकः काव्यव्यापारैकगोचरश्चेति। लौकिको, यः स्वशब्दवाच्यतां कदाचिदधिशेते। स च विधिनिषेधाद्यनेकप्रकारो वस्तु-शब्देनोच्यते। सोऽपि द्विविधः।

यः पूर्वं क्वापि वाक्यार्थेऽअलंकारभावमुपमादिस्वरूपतया तदन्वभूत्। इदानीं त्वनलंकार-रूप एवाऽन्यत्र गुणीभावाभावात्-स पूर्वप्रत्यभिज्ञानबलादलङ्कारध्वनिरिति व्यपदिश्यते ब्राह्मणश्रमणन्यायेन। तद्रूपताभावेन तूपलक्षितं वस्तुमात्रमुच्यते। मात्रग्रहणेन हि रूपान्तरं निराकृतम्। - लोचनम्

अब प्रश्न यह है कि ध्वनिकार आचार्य आनन्दवर्धन प्रतीयमानार्थ को ही काव्यात्मा क्यों मानते हैं? उसका सटीक उत्तर यही है **कि चूँकि उनकी दृष्टि में परमार्थतः अर्थ ही काव्य है। अतएव उसका आत्मतत्त्व भी कोई अर्थ ही होगा। शरीर तथा आत्मा में भी सजातीयता होनी ही चाहिये।** अग्नि की आत्मा कोई दहनजातीय तत्त्व ही होगा, जलजातीय तत्त्व नहीं। इस तथ्य को ध्वनिकार ने स्पष्टतः संकेत भी किया है कि जैसे विबुधोद्यान (नन्दन) का प्राणतत्त्व (आत्मतत्त्व) कल्पवृक्ष होता है, ठीक उसी प्रकार काव्य की आत्मा ध्वनि (प्रतीयमानार्थ प्रतीयमानार्थप्रधान काव्य) है-

**इत्यक्लिष्टरसाश्रमोचितगुणालङ्कारशोभाभृतो ।**
**यस्माद् वस्तु समीहितं सुकविभिः सर्वं समासाद्यते।**
**काव्याख्येऽखिलसौख्यधाम्नि विबुधोद्याने ध्वनिर्दर्शितः**
**सोऽयं कल्पतरूपमानमहिमा भोग्योऽस्तु भव्यात्मनाम्।।**

- ध्वन्या. 4.25

वस्तुतः यह तथ्य निर्विवाद है कि शब्दार्थ की समष्टि ही काव्य है, शब्द या अर्थ **कोई एक** नहीं। संस्कृत के अनेक आचार्यों (भामह, मम्मटादि) ने यही मत माना है। आचार्य कुन्तक ने तो बड़ी स्पष्टता से कहा कि जैसे तेल प्रत्येक तिल से उत्पन्न होता है न कि गिने चुने तिलों से (प्रतितिलमिव तैलम् ) उसी प्रकार काव्य प्रत्येक शब्द एवं अर्थ से उत्पन्न होता है, मात्र शब्द अथवा अर्थ से नहीं।[4]

इस निर्णायक स्थापना के बाद भी दण्डी एवं पण्डितराज जगन्नाथ ने **शब्दमात्र की काव्यता** के प्रति तथा विश्वनाथ महापात्रादि ने **अर्थमात्र की काव्यता** के प्रति अपना स्वारस्य प्रकट किया है।

इस सन्दर्भ में आचार्य आनन्दवर्धन तथा अभिनवगुप्तपाद, व्यवहारिक स्तर पर अत्यन्त उपादेय चर्चा करते हैं। इन दोनों आचार्यों का मत कुछ इस प्रकार है-

(क) चूँकि शब्द का स्वरूप सुनिश्चित होता है परन्तु उसके अर्थ का नहीं, अतएव **काव्यता** का नियामक अर्थ ही है। **गंगायां घोषः** का संकेतार्थ कौन नहीं जानता? **परन्तु**

**गंगायां घोषः, गंगातटे घोषः** सरीखा **लक्ष्यार्थ** तथा शैत्य पावनत्व सरीखा व्यङ्ग्यार्थ भी प्रदान कर सकता है, इसे कौन जानता है? मात्र कोविद एवं सहृदय ही इस विलक्षण अर्थ को जानने में समर्थ हैं। ऐसी स्थिति में अर्थ ही काव्य का मानदण्ड है।

(ख) सारे अर्थ काव्य नहीं होते। वैदिक तथा लौकिक अर्थ भी होते हैं। परन्तु उनमें काव्यव्यपदेश नहीं होता। अतएव विशिष्टकोटिक अर्थ ही काव्यपद वाच्य हो सकता है।

(ग) प्रत्येक शब्द का कोई न कोई अर्थ तो होता ही है। परन्तु कारण क्या है कि सारे अर्थ सहृदय श्लाघ्य नहीं होते। कुछ तो **वार्ता मात्र** बन कर रह जाते हैं। इसका निष्कर्ष यही है कि वैलक्षण्य अथवा चमत्कार मूलतः अर्थ में ही होता है, शब्द में नहीं। अतएव अर्थ ही काव्यत्व के हेतु मान्य है।[5]

(घ) अर्थावगति के अनन्तर ही पाठक को काव्य में प्रयुक्त गुण, रीति, वृत्ति, दोष, रस, पाक, प्रौढि, वाच्यता, लक्ष्यता एवं व्यङ्ग्यता (ध्वनि) आदि के प्रयोग का ज्ञान हो पाता है। अतः अर्थ ही **प्रवृत्तिनिमित्त** है न कि शब्द। इस प्रकार, व्यावहारिक स्तर पर **अर्थ** ही काव्य सिद्ध होता है।[6]

(ङ) ध्वनिकार निरन्तर काव्यपर्याय के रूप में अर्थ शब्द का ही प्रयोग करते हैं। उदाहरणार्थ–

1. **योऽर्थः** सहृदयश्लाघ्य........वुभौ स्मृतौ।। ध्वन्या. 1.2
2. सरस्वती स्वादु **तदर्थ**वस्तु........मिवाङ्गनासु।। ध्वन्या. 1.6
3. काव्यस्यात्मा **स एवा**ऽर्थस्तथा.........मागतः।। ध्वन्या. 1.5
4. वेद्यते स तु **काव्यार्थ**तत्त्वज्ञैरेव केवलम्।। ध्वन्या. 2.7
5. **सोऽर्थ**स्तद्व्यक्तिसामर्थ्य.........महाकवेः।। ध्वन्या. 2.8
6. तद्वत् सचेतसां **सोऽर्थः**.......वभासते।। ध्वन्या. 2.12
7. यत्रार्थः शब्दो वा **तमर्थमुप**......कथितः।। ध्वन्या. 2.13

इन प्रयोगों से सुस्पष्ट है कि आनन्दवर्धन की दृष्टि में **अर्थसम्पत्-** ही मूलतः काव्य है तथा उसका अनुप्राणक (Excellence) होने के कारण **ध्वनि अथवा प्रतीयमानार्थ ही काव्यात्मा है।**

आनन्दवर्धन यह मानते हैं कि आत्मा में अनुप्राणन का सामर्थ्य होना चाहिए-**अतति व्याप्नोतीति आत्मा।** मानवशरीर में भी विद्यमान चैतन्यस्वरूप आत्मा में अनुप्राण का गुण है। चैतन्यलक्षण आत्मा शरीर के समस्त जड़-अंगो को चेतन बना देती है। सारे अंग-प्रत्यंग सक्रिय (Activate) हो उठते हैं। ठीक इसी प्रकार व्यङ्ग्य अर्थ (Suggestive Meaning) भी सम्पूर्ण निष्प्राण काव्य को प्राणवान् बना देता है।

अनुप्राणन की सामर्थ्य शरीरस्थानीय काव्यतत्त्वों में कथमपि नहीं होती। इसी आधार पर आचार्य आनन्दवर्धन रीति एवं अलंकार को काव्यात्मपद का अनर्ह सिद्ध करते हैं, रीति एवं

अलंकार दोनों ही काव्य के शरीर स्थानीय तत्त्व हैं। शरीर ही शरीर की आत्मा नहीं हो सकता, क्योंकि दोनों स्थूल हैं। जबकि आत्मतत्त्व को सूक्ष्म, अदृश्य, अनुभवसंवेद्य मात्र होना चाहिए। ध्वनिकार बार-बार वाच्यार्थ तथा व्यङ्ग्यार्थ का यही अन्तर समझाते हैं। वह व्यङ्ग्यार्थ को लावण्य से उपमित करते हैं। जैसे नारी शरीर में उसके विविधाङ्गसौष्ठव जनित स्थूल सौन्दर्य को तो सब लोग जान-पहचान लेते हैं परन्तु उससे सर्वथा व्यतिरिक्त सर्वकलेवरव्यापी लावण्य को विरले (नागर) जन ही अनुभव कर पाते हैं। ठीक उसी प्रकार प्रतीयमानार्थ की पहचान भी महाकवि (सहृदय) ही कर पाते हैं-

**शब्दार्थशासनज्ञानमात्रेणैव न वेद्यते।**
**वेद्यते स तु काव्यार्थतत्त्वज्ञैरेव केवलम्।।**
**सोऽर्थस्तद्व्यक्तिसामर्थ्ययोगी शब्दश्च कश्चन।**
**यत्नतः प्रत्यभिज्ञेयौ तौ शब्दार्थौ महाकवेः।।** ध्वन्या. 1.7, 8

यदि काव्यात्मभूत प्रतीयमानार्थ भी वाच्यरूप ही होता (संयोजित अर्थ के समान) तो फिर वाच्य-वाचकरूपपरिज्ञान से ही उसकी प्रतीति हो जानी संभव थी। परन्तु ऐसा है नहीं। यही कारण है कि केवल वाच्य (अर्थ) वाचक (शब्द) के अध्ययन मात्र में परिश्रम करने वाले किन्तु काव्यतत्त्वार्थ की भावना से विमुख **अ-सहृदयों** को वह व्यङ्ग्यार्थ उसी प्रकार समझ में नहीं आता जैसे अप्रगीत संगीत लक्षणवेदियों को स्वर श्रुति आदि के कारण समझ में नहीं आते-

सोऽर्थो यस्मात् केवलं काव्यार्थतत्त्वज्ञैरेव ज्ञायते। यदि न वाच्यरूप एवासौ अर्थः स्यात् तद् वाच्यवाचकरूपपरिज्ञानादेव तत्प्रतीतिः स्यात्। अथ च वाच्यवाचकलक्षणमात्रकृतश्रमाणां काव्यतत्त्वार्थभावनाविमुखानां स्वरश्रुत्यादिलक्षणमिवाऽप्रगीतानां गान्धर्वलक्षणविदामगोचर एवासावर्थः। **- ध्वन्या. 1/7 ( वृत्तिभागः )**

व्यङ्ग्यार्थ की इसी विलक्षणता के कारण ध्वनिकार यहाँ तक कह देते हैं कि **व्यङ्ग्य-व्यञ्जकाभ्यामेव सुप्रयुक्ताभ्यां महाकवित्वलाभो महाकवीनां न वाच्यवाचकरचनामात्रेण। ( वृत्तिभागः )**

जैसे रमणीलावण्य, विविधाङ्गसौष्ठव-जनित, दर्शनेन्द्रियमात्रपरितृप्तिकारक सौन्दर्य से सर्वथा व्यतिरिक्त एक शरीरव्यापी विलक्षण तत्त्व है जो मन को भी तृप्त कर देता है, ठीक उसी प्रकार प्रतीयमानार्थ भी ! यह केवल महाकवियों की ही वाणी में विद्यमान होता है-

**सरस्वती स्वादु तदर्थवस्तु निःष्यन्दमाना महतां कवीनाम्।**
**अलोकसामान्यमभिव्यनक्ति परिस्फुटन्तं प्रतिभाविशेषम्।।** 1/6

तद् वस्तुतत्त्वं निःष्यन्दमाना महतां कवीनां भारती अलोकसामान्यं प्रतिभाविशेषं परिस्फुरन्तमभिव्यनक्ति, येनास्मिन्नतिविचित्रपरम्परावाहिनि संसारे कालिदासप्रभृतयो द्वित्राः पञ्चषा वा महाकवय इति गण्यन्ते।- ध्वन्या. 1.6 (वृत्तिभागः)

आश्चर्य है कि आचार्य आनन्दवर्धन द्वारा इतनी विश्वसनीयता, तात्त्विक विश्लेषण एवं

पार्यन्तिक (Exhaustive) समीक्षा के साथ विवेचित किए जाने पर भी कुन्तक और महिमभट्ट जैसे प्रखरमति आचार्य प्रतीयमानार्थ को न समझ सके, न ही ग्रहण कर सके और न ही उसका कोई पर्याय प्रस्तुत कर सके। आचार्य कुन्तक ने तो मानो प्रतिपद ध्वनिकार की ही नकल की। वाचक, द्योतक, व्यंजक शब्दों की सत्ता भी मानी। परन्तु अन्ततः उतर आये **विचित्र अभिधा** पर, जो उपहासास्पद स्थापना है। व्याकरणशास्त्र की अवमानना है।[7]

अभिधा 'अभिधा' होती है, उसका एक सुनिश्चित व्याकरण-सम्मत लक्षण है (शब्दबुद्धिकमर्णां विरम्य व्यापाराभाव:) तो फिर '**विचित्रैवाऽभिधा सा**' कैसी? यानी व्यञ्जना से चिढ़ है तो '**विचित्र अभिधा**' का आविष्कार करेंगे? शतपत्रभेदनन्यायेन व्यङ्यार्थ ले आयेंगे? और वह भी अभिधा के ही **दीर्घदीर्घतर व्यापार से**? यह व्यापार क्या है? किस वैयाकरण ने इसकी स्थापना की? कब की? यही मूढताद्योतक निर्बन्ध तो आचार्य धनञ्जय का भी है–

**यावत्कार्यप्रसारित्वात्तात्पर्यं न तुलाधृतम्।**

आचार्य आनन्दवर्धन ने अपने युग तक विद्यमान सम्प्रदाय तथा आचार्यों को समझने एवं उन्हें समीक्षित करने का उपाय किया था। उनकी समीक्षा आकाश विस्तृत एवं सागर-गम्भीर है। उनकी विनम्रता तथा अनुत्तरणीय तर्कनिष्ठ स्थापना का क्या कहना? साक्षात् बृहस्पति को भी समझाने तथा अनुगत बना लेने की क्षमता है उनमें। यही कारण था कि ध्वनि स्थापना के बाद रीति तथा अलंकार की चर्चा ही बन्द हो गई, सदा-सदा के लिये। इसलिये कि ध्वनिकार ने '**अलंकारध्वनि**' का स्वरूप समझा कर, अलंकारवादियों की भ्रान्त धारणाओं का (कि वह काव्य सौन्दर्य है, कि वह काव्य शोभाधायक काव्य का अस्थिर-बाह्य धर्म भी है, कि वह सन्ध्यंग-वृत्यंग-लक्षणादि सब कुछ है) अन्त करके। ध्वनिकार ने केवल एक विकल्प दिया कि **यदि अलंकार वाच्यार्थ- मात्र है तो वह केवल काव्य का शरीरस्थानीय तत्त्व है। वह शब्दार्थ का बाह्यशोभाधायक अस्थिर धर्म है। परन्तु यदि वह काव्यात्मभूत प्रतीयमानार्थ है तो ब्राह्मणश्रमणन्यायनेन अलंकारध्वनि है तथा काव्यात्म है।** ध्वनिकार ने सिद्ध कर दिया कि आचार्य उद्भट तथा वामनादि सभी पूर्ववर्ती **शब्द के अमुख्य व्यापार** के रूप में प्रतीयमानार्थ को जानते थे यह बात और है कि उन्होंने न तो गुणवृत्ति को व्यञ्जना कहा और न ही भाक्तार्थ को व्यङ्ग्यार्थ। **यद्यपि च ध्वनिशब्दसङ्कीर्तनेन काव्यलक्षणविधायिभिर्गुणवृत्तिः अन्यो वा न कश्चित् प्रकाशितः तथापि अमुख्यवृत्त्याकाव्येषु व्यवहारं दर्शयता ध्वनिमार्गो मानक् स्पृष्टोऽपि न लक्षितः।** वृत्तिभागः।

**लोचनकार** ने इस गुत्थी को पूर्णतः सुलझा दिया है यह बता कर कि अपने **उद्भटविवरण** (टीका) में आचार्य भामह के वाक्यांश **शब्दाश्छन्दोऽभिधानार्थाः** में अभिधानार्थ का शब्द से भेद बताने के लिए उद्भट ने लिखा है– **शब्दानामभिधानमभिधाव्यापारो मुख्यो गुणवृत्तिश्च।**

इसी प्रकार वामन ने भी **सादृश्यात् लक्षणा वक्रोक्तिः** (काव्यालंकारसूत्रम् 4.3.8) कह कर ध्वन्यर्थ से अपना परिचय प्रकट किया है। इन पंक्तियों के पाठकों ने यथालिखित पढ़ तो लिया परन्तु अभिव्यक्ति के मर्म को समझने की चेष्टा तक नहीं की। यह तो वैसा ही हुआ कि

कोई यदि नारियल को तोड़ न पाये तो जैसा का तैसा छोड़ दे। **महामाहेश्वर अभिनव** चुटकी लेते हैं– **मनाक्स्पृष्ट** इति। **तैस्तावद् ध्वनिर्दिगुन्मीलिता, यथा लिखितपाठकैस्तु स्वरूपविवेकं कर्तुमशक्नुवद्भिस्तत्स्वरूपविवेको न कृतः, प्रत्युतोपालभ्यते अभग्ननारिकेलवद् यथाश्रुत-तद्ग्रन्थोद्ग्रहणमात्रेणेति-लोचनम्।**

यद्यपि आचार्य आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्तपाद, मम्मट तथा अन्यान्य सभी ध्वनिकारानुगत ध्वनिवादी आचार्य **अलंकार** को (अलंकारध्वनि के रूप में) **काव्यात्मा** मान चुके हैं। प्रतीयमानार्थ के रूप में वस्तु, अलंकार एवं रस– तीनों ही काव्यात्मा हैं। तथापि वर्तमान शताब्दी के कुछ आचार्य अपने **वैयक्तिक अलंकारसम्प्रदायों** के साथ समीक्षाक्षेत्र में आए हैं। इस नवोपक्रम का दो ही अभिप्राय हो सकता है–

1. या तो अर्वाचीन आचार्य–ध्वनिकार के अलंकारविषयक मतों, स्थापनाओं तथा विवेचनों से पूर्णतः, अंशतः असन्तुष्ट हैं, असन्तोष के ही कारण व्यक्ति नवोपक्रमार्थ प्रोद्यत होता है।

2. या फिर इन आचार्यों को अलंकार विषयक कोई ऐसी सामग्री मिल गई है जो ध्वनिकार के बाद (नवम शती ई.) अर्थात् पिछले ग्यारह सौ वर्षों में मध्यवर्ती आचार्यों को नहीं मिल पाई थी। अब पथ्यभूत उस सामग्री का प्रकाशन अनिवार्य हो गया है।

ऐसे दो अलंकारवादी आचार्य सम्प्रति चर्चित हैं– संस्कृतजगत् के शलाकापुरुष '**सनातन**' **प्रो. रेवाप्रसाद द्विवेदी जी** तथा **प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी**। प्रो. द्विवेदी ने काव्यालंकारकारिका के अनन्तर '**अलं ब्रह्म**' आदि अनेक काव्यशास्त्रीय लघु ग्रंथों का प्रकाशन किया है। वह अलंकार–तत्त्व को काव्यात्मा तो मानते ही हैं उसे **ब्रह्म-पर्याय भी** मानते हैं।

इस सन्दर्भ में केवल इतना ही चिन्तनीय है कि **अलं ब्रह्म** की स्वीकृति के बाद '**रसो वै सः**' तथा '**आनन्दो वै रसः**' का क्या होगा? यह **रस** की ही तरह **अलंकार** को भी (आनन्दवर्धन को भुला कर) **ब्रह्मानन्दसहोदर** कहेंगे? यदि कहना चाहेंगे तो यह तो ध्वनिकार (अलंकार ध्वनि के रूप में) नवीं शती ई. में ही कह चुके हैं।

आचार्य राधावल्लभ जी **अलम्** के अर्थत्रय (वारण, भूषण, पर्याप्ति) में से भूषण के साथ पर्याप्तिपरक अर्थ को भी अलंकार मात्र को देना चाहते हैं। उनकी दृष्टि में काव्य में पूर्णता मात्र अलंकार से आती है। पूर्णता ही अलंकार है और अलंकार ही काव्य हैं। त्रिपाठी जी ने अलंकारविषयक पाँच सूत्र लिखे हैं जो मात्र निर्देशात्मक हैं, तत्त्वात्मक नहीं। उन सूत्रों से स्पष्ट नहीं होता कि **काव्य की पूर्णता** से आचार्य का अभिप्राय क्या है?

यहाँ दो उत्कण्ठाएँ उठनी स्वाभाविक हैं–

1. क्या प्रो. त्रिपाठी–सम्मत काव्य की पूर्णता आचार्य दण्डी वाली 'पूर्णता' है जिसमें काव्य (दृश्य भी, श्रव्य भी) से जुड़े सभी छोटे–बड़े वैशिष्ट्य अलंकार मान लिये गये हैं।

2. यह भी उत्कण्ठा है सहृदयों की कि यदि अलंकार से ही काव्य की **पूर्णता** संभव है तो कुन्तक की वक्रोक्ति से क्यों नहीं? आचार्य क्षेमेन्द्र के **औचित्य** से क्यों नहीं?

वस्तुतः आवश्यकता है **काव्य की पूर्णता समझने की।** काव्य पूर्ण या सांगोपांग या पर्याप्त (अलम् ) कब होता है? जब उसका अभिप्राय (=काव्यार्थ) पार्यन्तिक (Exhaustive) हो। वाच्यार्थ प्रधान काव्य में वाच्यार्थ ही पार्यन्तिक (पूर्ण) होता है। परन्तु लक्ष्यार्थ प्रधान अथवा व्यङ्ग्यार्थ प्रधान काव्य में वही वाच्यार्थ 'अपूर्ण' अथवा बाधित बन जाता है। महामाहेश्वर अभिनवगुप्तपाद तथा मम्मटादि ने बड़ी सतर्कता के साथ **काव्य की पूर्णता** का व्याख्यान किया है। यह पूर्णता त्रिपक्षीय है जिसे इस चित्र से समझा जा सकता है–

**काव्यार्थ = प्रतीयमानार्थ की पूर्णता**

रचनाकार कवि की पूर्णता
(=कविसंरम्भगोचरता)



बोद्धा पाठक की पूर्णता
(= चित्तविश्रान्ति)

काव्य का अस्तित्व ही त्रिपक्षीय है। स्वयं काव्य, जिसका काव्यार्थ–वाच्यार्थ, लक्ष्यार्थ अथवा व्यङ्ग्यार्थ–कोई भी हो सकता है। परन्तु ध्यान रहे कि ध्वनिवादी आचार्य **प्रतीयमानार्थ** को ही लावण्यकल्प, अनुभवसंवेद्य, सहृदयश्लाघ्य तथा काव्यात्मभूत मानते हैं।

काव्य से जुड़ा दूसरा पक्ष है **रचनाकार कवि।** प्रत्येक कवि का अपनी काव्यरचना में विशिष्टकोटिक प्रयत्न होता है जिसे शास्त्र की भाषा में **कविसंरम्भ** (Effort of the poet) कहते हैं। काव्य को तभी पूर्ण माना जायेगा जब उसमें कवि का संरम्भ गोचर (प्रत्यक्ष) हो रहा हो। उदाहरणार्थ–

**पृथुकार्तस्वरपात्रं भूषितनिः शेषपरिजनं देव।**
**बिलसत्करेणुगहनं सम्प्रति सममावयोः सदनम्।।** –का.प्र.9/360

इस काव्य में कवि का संरम्भ (प्रयत्न) **वाच्यार्थ–प्रतिपादन** में है जो श्लिष्ट पदों के प्रतिपादन से संभव है। कवि के इस संरम्भ को देख लेना, पहचान लेना ही इस कविता की पूर्णता है। यदि कोई श्लेषपरक इस काव्य में 'व्यङ्ग्यार्थ' ढूँढने लगे तो वह उसकी मूर्खता होगी क्योंकि व्यङ्ग्यार्थ के प्रति यहाँ कवि का प्रयत्न है ही नहीं। परन्तु–

**उपकृतं बहु तत्र किमुच्यते सुजनता प्रथिता भवता परम्।**
**विदधदीदृशमेव सदा सखे! सुखित आस्व ततश्शरदां शतम्।।** –का.प्र. 4/24

यह **विपरीत लक्षणा** का पद है और उसी के प्रतिपादन में यहाँ कवि का सारा प्रयत्न है। यदि कोई इसके **वाच्यार्थ**–से सन्तुष्ट हो जाय तो वह अ–सहृदय (हतबुद्धी) ही माना

जायेगा। यहाँ प्रत्येक शब्द अपना विपरीत अर्थ प्रदान कर रहा है। वह विपरीतार्थ ही पूर्णता है इस पद्य की। अब इस कविता को पढ़ें-

**आपेदिरेऽम्बरपथं परितः पतङ्गा भृङ्गा रसालमुकुलानि समाश्रयन्ते।**
**संकोचमञ्चति सरस्त्वयि दीनदीनो मीनो नु हन्त कतमां गतिमभ्युपैतु।।**

इस पद्य में कवि का संरम्भ न **वाच्यार्थ** के प्रतिपादन में है, न ही **लक्ष्यार्थ** के। यहाँ तो सारे शब्द अपने वाच्यार्थे को तथा अर्थ स्वयं को उपसर्जित कर (गौण बना कर) समन्वित रूप से किसी विलक्षण अर्थ को प्रकाशित कर रहें हैं जो वाच्य अथवा लक्ष्य नहीं, प्रत्युत व्यङ्ग्य हैं-

**यत्रार्थः शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ।**
**व्यङ्क्तः काव्यविशेषः स ध्वनिरिति सूरिभिः कथितः।।** ध्वन्या. 1.13

वाच्यार्थदृष्ट्या तो यह कविता किसी **सूखते सरोवर** का वर्णन करती है। परन्तु व्यञ्जनया यह किसी दुर्दशापन्न सत्पुरुष को चित्रित कर रही है। इस काव्य में व्यङ्ग्यार्थ ही कवि-संरम्भ का विषय है। उस व्यङ्ग्यार्थ को ढूँढ लेना ही इस कविता की पूर्णता होगी।

अब, काव्य से जुड़ा तीसरा पक्ष है- **पाठक** जिसे बोद्धा, रसयिता, सचेतस् अथवा सहृदय भी कहते हैं। काव्यानन्द का वास्तविक अधिकारी यही सहृदय है जिसे आचार्य अभिनवगुप्त परिभाषित करते हैं-

येषां सततानुशीलनाभ्यासवशाद् विशदी भूते मनोमुकुरे वर्णनीयतन्मयीभवनयोग्यता ते स्वहृदयसंवादभाजस्सहृदयाः। लोचनम्।

जिसके मनदर्पण पर अज्ञान की धूल, पर्त दर पर्त, जमा है वह भला किसी और के सुख-दुख का अनुभव क्यों और कैसे करेगा? शब्द का संकेतार्थ ही नहीं ज्ञात तो वाच्यार्थ-व्यङ्ग्यार्थ का बोध कैसा?

हाँ, जो व्युत्पन्न है, सहृदय है- काव्य पढ़ते समय उसी की **चित्तविश्रान्ति** को प्रमाण माना जाय। सहृदय का चित्त किसी भी काव्य में तभी विश्रान्त होगा जब वह कविप्रयत्न से प्रतिपादित अर्थ को प्राप्त कर लेगा। एक सूत्र में हम यह कह सकते हैं कि **जहाँ कविसंरम्भ गोचरता होगी, वहीं पाठक की चित्तविश्रान्ति भी होगी और वहीं काव्यात्मभूत व्यङ्ग्यार्थ भी होगा।** काव्य से जुड़े इन तीनों तत्त्वों की अन्विति में ही निहित है काव्य की पूर्णता! काव्य की यह पूर्णता प्रतीयमानार्थ से ही शक्य है अन्यथा नहीं। हाँ यदि अलंकार से ही काव्य की पूर्णता मानने का व्यामोह हो तो वह व्यङ्ग्य अलंकार अर्थात् अलङ्कारध्वनि से भी मानी जा सकती है।

**सन्दर्भ :**

1. वक्ताभिधेयशब्दोक्तिरिष्टा वाचामलङ्कृतिः (भामह. 1.36)
न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनिताऽननम्।
काव्यशोभायाः कार्तारो धर्मागुणास्तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः। काव्यालंकारसूत्रम् 3.1.1,2

2. यः पूर्वं क्वापि वाक्यार्थेऽलंकारभावमुपमादिस्वरूपतयाऽन्वभूत् इदानीं त्वनलङ्काररूप एवाऽन्यत्र गुणीभावाभावात् स पूर्व प्रत्यभिज्ञानबलादलङ्कारध्वनिरिति व्यपदिश्यते ब्राह्मणश्रमणन्यायेन। – लोचनम्।

3. भूमिरिव भूमिका। यथा अपूर्वनिर्माणे चिकीर्षिते पूर्वं भूमिर्विरच्यते तथा ध्वनिस्वरूपे प्रतीयमानाख्ये निरूपयितव्ये निर्विवादसिद्धवाच्याभिधानं भूमिः, तत्पृष्ठेऽधिकप्रतीयमानांशोल्लिङ्गनात्। वाच्येन समशीर्षिकया गणनं तस्याप्यपह्नवनीयत्वं प्रतिपादयितुम्।–लोचनम् (करिता–2)

4. शब्दार्थौकाव्यं, वाचकोवाच्यश्चेति द्वौ सम्मिलितौ काव्यम्। द्वावेकमिति विचत्रैवोक्तिः। तेन यत्केषाञ्चिन्मतं कविकौशलकल्पितकमनीयताऽतिशयः शब्द एव केवलं काव्यमिति, केषाञ्चिद् वाच्यमेव रचनावैचित्र्यचमत्कारकारिकाव्यमिति, पक्षद्वयमपि निरस्तं भवति। तस्माद् द्वयोरपि प्रतितिलामिव तैलं तद्विदाह्लादकारित्वं वर्तते न पुनरेकस्मिन्निति। तत्र कस्य वा विप्रतिपत्तिः? – वक्रोक्तिजीवितम्

5. स एक एवार्थो द्विशाखतया विवेकिभिर्विशेषबुद्ध्या विभज्यते। तथा हि–तुल्येऽर्थरूपत्वे किमिति कस्मैचिदेव सहृदयाः श्लाघन्ते। तद् भवितव्यं तत्र केनचिद् विशेषेण। यो विशेषः स प्रतीयमानभागो विवेकिमिर्विशेषहेतुत्वादात्मेति व्यवस्थाप्यते। **वाच्य संवलना** विमोहितहृदयैस्तु तत्पृथग्भावे विप्रितपद्यते चार्वाकैरिवात्मपृथग्भावे– लोचनम् (कारिका–2)

6. शब्दार्थसाहिती काव्यं यद्यपीह सुनिश्चितम्।
परमार्थस्तथाऽप्यत्र प्रेक्षावद्भिर्निरूप्यताम्।।
काव्यप्रयुक्तशब्दानां केवलं पठनेन चेत्।
जायेत चित्तविश्रान्तिश्शब्दानां तर्हि काव्यता।।
किन्तु नैवं भवत्येव शब्दैश्चित्तं न रञ्ज्यते।।
केवलं जायते तैस्तु श्रुतिरन्ध्रानुरञ्जनम्।।
काव्यप्रयुक्तशब्दानामप्यर्थावगमादृते।
क्व नु सा चित्तविश्रान्तिः काव्यानन्दोऽप्यसौ कुतः।।
तस्मात्काव्यार्थ एवाऽसौ जायते परमार्थतः।
काव्यं तद्विग्रहो वापि प्रमाणं रसिकाः स्वयम्।।

7. वाच्योऽर्थो वाचकः शब्दः प्रसिद्धमिति यद्यपि।
तथापि काव्यमार्गेऽस्मिन् परमार्थोऽयमेतयोः।।
शब्दो विवक्षितार्थैकवाचकोऽन्येषु सत्स्वपि।
अर्थः सहृदयाह्लादकारिस्वस्पन्दसुन्दरः।।

यो वाचकः स शब्दः, यो वाच्यश्चाभिधेयः सोऽर्थ इति। ननु च द्योतकव्यञ्जकावपि शब्दौ सम्भवतः। तदसंग्रहान्नाव्याप्तिः। यस्मादर्थप्रतीतिकारित्व सामान्यादुपचारात्तावपि वाचकावेव। एवं द्योत्यव्यङ्ग्ययोरर्थयोः प्रत्येयत्वसामान्याद् वाच्यत्वमेव। तस्माद्वाचकत्वं वाच्यत्वञ्च शब्दार्थयोर्लोके सुप्रसिद्धं

यद्यपि लक्षण तथाऽप्यस्मिन् अलौकिके काव्यमार्गे कविकर्मवर्त्मनि अयमेतयोर्वक्ष्यमाणलक्षणः परमार्थः किमप्यपूर्वतत्त्वमित्यर्थः। – वक्रोक्ति. 2.8 (वृत्तिः)

8. ब्रह्मसायुज्यसुखानुभूति निश्चय ही आनन्दात्मिका है। इसीलिए उपनिषदों में आनन्दो वै सः कहा गया। ब्रह्म को 'रसो वै सः' कहिने या सीधा तात्पर्य यही है कि रस तथा आनन्द मिथः पर्यायभूत हैं। रस की आनन्दात्मकता उसके चर्वणा-व्यापार में निहित है। चर्वणा किसकी? विभावानुभावसंचारि सम्पोषित (अपने) स्थायी भाव की।

लोक में भी मधुर, तिक्त, लवण, अम्ल तथा काषायादि रसों का अनुभव पक्वान्नों के चर्वण से ही संभव हो पाता है। भोजन को चबाने पर ही जिह्वा उसका स्वाद (रस) ग्रहण कर पाती है। परन्तु अलंकार का चर्वण कैसे करेंगे उसमें तो विभावादि पोषक अंग हैं नहीं। प्रत्युत वह तो स्वयं विभावरूप है। अब, यदि उसकी चर्वणा संभव नहीं तो रसरूपता तथा ब्रह्मरूपता भी संभव न होगी। वस्तुतः प्रतीयमानार्थ बन कर ही अलंकार की रसरूपता सिद्ध होती है जैसा कि ध्वनिकार ने कहा है। वस्तु तथा अलंकार ध्वनियों का भी पर्यवसान अन्ततः रस में ही होगा। उस स्थिति में ही अलं ब्रह्म की भी सार्थकता सिद्ध होगी।

❒❒

# प्रमाणों से अर्थ का परीक्षण ही न्याय है

**– डॉ. किशोरनाथ झा**

*(प्रमाणपदेनात्र न्यायदर्शनसम्मतप्रमाणचतुष्टयम् (प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाश्च) अभिप्रेतमस्ति। अर्थपदेनात्र पदार्थानां ग्रहणं भवति। पदार्थानां यथार्थस्वरुपपरिचयः प्रमाणानामाधारे परीक्षणेन परिज्ञायते, यतोहि न्यायदर्शनम् उद्देशलक्षणपरीक्षणप्रक्रियया पदार्थानां निर्णयं करोति। अतः न्यायदर्शनानुमतषोडशपदार्थानामस्मिन् परीक्षणे उपयोगो भवति। अत्र प्रमेयो मुख्यविवेच्यपदार्थोऽस्ति। एतेषु दशविधप्रमेया हेया इति उक्ताः सन्ति। केवलमैहिकाभ्युदयः मोक्षसाधकमात्मज्ञानमपवर्गात् ( सांसारिकबन्धनात् ) नित्यमुक्तिरेव उपादेयोऽस्ति। प्रस्तुतेऽस्मिन् शोधनिबन्धे षोडशपदार्थानां विवेचनां कृत्वा अर्थानां परीक्षणं प्रमाणानामाधारे कृतं विद्यते।)*

न्याय पद की व्युत्पत्ति के अवसर पर न्यायभाष्यकार ने कहा है कि '**प्रमाणैरर्थपरीक्षणं न्यायः**' प्रमाणों से अर्थ का परीक्षण ही न्याय है। यहाँ स्वाभाविक जिज्ञासा होती है कि प्रमाण क्या है? अर्थ क्या है तथा उसकी परीक्षा क्या है? इसी जिज्ञासा की शान्ति हेतु न्यायशास्त्र के सोलह पदार्थों का उपयोग हुआ है। न्यायशास्त्र में सोलह पदार्थों का परिगणन न्याय की उपयोगिता की दृष्टि से ही किया गया है। पदार्थ तो अपरिमित यहाँ स्वीकार्य है, अतएव नैयायिक को अनियत पदार्थवादी कहा गया है।

न्याय की दृष्टि से निःश्रेयस का अर्थात् ऐहिक सुख तथा पारमार्थिक अपवर्ग का साधन है पदार्थों का तत्त्वज्ञान। इसका अवधारण प्रमाणों के बिना संभव नहीं है, अतएव प्रमाणों की यहाँ प्रधानता मानी गयी है। प्रमाणशास्त्र के रूप में न्यायशास्त्र की मान्यता प्रसिद्ध है। प्राचीन काल में विशिष्ट विद्वान् को ''पदवाक्यप्रमाणज्ञ'' कहा जाता रहा है– जहाँ पद से व्याकरण, वाक्य से मीमांसा और प्रमाण से न्याय का परिग्रह हुआ है। ''**प्रमाणतो ह्यर्थप्रतिपत्तौ प्रवृत्तिसामर्थ्यात् अर्थवत् प्रमाणम्**'' न्यायभाष्य के इस आरम्भिक वाक्य में स्पष्ट है कि प्रमाण से ही अर्थ की प्रतिपत्ति अर्थात् ज्ञान होता है।

न्यायशास्त्र में तत्त्वज्ञान को प्रमिति, उसके अधिकरण को प्रमाता, उसके विषय को प्रमेय तथा उसके साधन को प्रमाण कहा गया है, और इन चारों अनुगम का अर्थ पद से किया गया है। अर्थ कहने से इन चारों को ग्रहण होता है ''**प्रमितिः प्रमाता प्रमेयं प्रमाणमिति चत्वार्येतानि अर्थपदेनानुगम्यन्ते। चतुसृष्वेवंविधासु अर्थतत्वं परिसमाप्यते**'' इस भाष्यपंक्ति

का यही अभिप्राय है। क्योंकि प्रमाण को आधार मानकर ही प्रमाता की प्रमेय विषयक प्रमिति उत्पन्न होती है।

न्यायशास्त्र के चिन्तन की एक विशेष बात यह भी है कि जितनी युक्ति प्रतिपादक उक्तियों से विषय उत्पन्न होगा अर्थात् अभिप्रेत अर्थ की सिद्धि होगी उतनी सयुक्तिक उक्तियाँ अवश्य ही कही जायगी। **यावदुक्तोपपन्न इति नैयायिकाः** कुसुमाञ्जलि की इस आरम्भिक उक्ति का यही तात्पर्य है। प्रथम सूत्र के न्यायभाष्य में भी इस बात का समर्थन है– ''**साधनीयस्यार्थस्य यावति शब्दसमूहे सिद्धिः परिसमाप्यते तस्य पञ्च-अवयवाः प्रतिज्ञादयः।** यही है न्यायशास्त्र की परीक्षा पदार्थ जहाँ प्रतिज्ञा को आगम से (शब्द प्रमाण से) साधनीय अर्थ का हेतु से अर्थात् अनुमान प्रमाण से सिद्ध करते हुए प्रत्यक्ष प्रमाणात्मक उदाहरण दिया जाता है। और उपमान प्रमाणात्मक उपनय वाक्य प्रस्तुत कर उसका दृढ़ीकरण किया जाता है। लौहशलाका की तरह विद्यमान इन चारों प्रमाणों का एक विषय की सिद्धि के लिए एकत्र संग्रह ही न्याय की परिभाषा में निगमन पदार्थ है। इसी परीक्षा के अवसर में वस्तुसिद्धि के लिए साधक प्रमाणों के प्रदर्शन के साथ बाधक प्रमाणों के अभाव का प्रदर्शन भी आवश्यक होता है। पुनश्च यदि कहीं कोई कोर कसर दीखता है तो तर्क का सहारा लेकर विषय का निर्णय किया जाता है।

इस तरह सामान्य रूप से प्रमाण, अर्थ तथा परीक्षा के विषय में जानकारी हो जाने पर संक्षेप में परीक्षा की पद्धति प्रदर्शित करने के लिए न्यायशास्त्र सम्मत सोलह पदार्थों का परिचय एवं उनके उपयोग की विधि यहाँ दिखाना आवश्यक प्रतीत होता है।

अनुमान के दो भेद माने गये हैं– स्वार्थ और परार्थ। अपने मन के विश्वास के लिए जो अनुमान किया जाए, वह है स्वार्थानुमान और दूसरों को विश्वास दिलाने के लिए जो अनुमान होता है, वह है परार्थानुमान। यद्यपि स्वार्थानुमान में प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय तथा निगमन रूप पञ्चावयवात्मक न्यायवाक्य का उपयोग अवश्य होता है तथापि इन अवयवों का अभिधान अपेक्षित नहीं है। किन्तु परार्थानुमान तो दूसरों को समझाने के लिए होता है, अतः पंचावयवात्मक न्यायवाक्य का कण्ठतः उपपादन यहाँ अपेक्षित है। यहाँ न्यायशास्त्रीय पदार्थों का उपयोग होता है।

कथा तीन प्रकार की होती है जिज्ञासु की कथा ''वाद'' नाम से परिचित है। विजय के इच्छुक की कथा ''जल्प'' कहलाता है और केवल विवाद खड़ा करने वालों की कथा ''वितण्डा'' कहलाती है। इन सभी प्रकारों की कथा का प्रयोजक होता है संशय। जानने की इच्छा तब उदित होती है जब संशय होता है। अज्ञात या विशेष रूप से ज्ञात विषय में संशय नहीं होता है, न तो जिज्ञासा होती है। अतएव न्याय की यहाँ प्रवृत्ति ही नहीं होती है। अतः वादकथा में शिष्य का और जल्प में मध्यस्थ का संशय होना स्वाभाविक है, इनके द्वारा दो विरुद्ध कोटियाँ प्रस्तुत होती है। जैसे अन्धेरे में फसल के खेत में खड़े मनुष्याकृत ठूँठ को देखकर संशय होता है कि यह ठूँठ है या आदमी। ''स्थाणुर्न वा'' यह ठूँठ है या नहीं। किसी की दृष्टि में चतुष्कोट्यवगाही संशय होता है। जैसे यह ठूँठ है या नहीं यह पुरुष है या नहीं।

किन्तु प्राचीन मत अनेकविध कोट्यवगाही संशय का समर्थन करता है। महाकवि कालिदास का यह श्लोक इसका प्रमाण है।

**स्वप्नो नु माया नु मतिभ्रमो नु।**

तथा– **किमिन्दुः किं पद्मं किमु मुकुरविम्बं किमु मुखम्।।**

आदि पद्य शाकुन्तल के प्रसिद्ध हैं।

न्याय की प्रवृत्ति क्यों होती है– इस जिज्ञासा के समाधान हेतु प्रयोजन का अभिधान अपेक्षित है। अतएव प्रयोजन का पदार्थ के रूप में परिग्रह होता है। किसी भी प्रवृत्ति का कुछ प्रयोजन अवश्य होता है। **प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोऽपि प्रवर्तते।** प्रयोजन के बिना मन्दव्यक्ति की भी प्रवृत्ति नहीं होती है। जिस उद्देश्य से व्यक्ति प्रवृत्त होता है वही उसका प्रयोजन होता है। यमर्थमधिकृत्य प्रवर्तते तत् प्रयोजनम्। वाद कथा में शिष्य का ज्ञान अर्थात् जिज्ञासा की शान्ति तथा अन्यत्र जल्प आदि में विजय प्रयोजन होता है। प्रतिबोध्य और प्रतिबोधक का समानरूप से व्यवकृत विषय अर्थात् विवाद के लिए प्रस्तुत दोनों पक्षों का मान्य विषय ही दृष्टान्त के रूप में स्वीकृत होता है। **लौकिकपरीक्षकाणां यस्मिन्नर्थे बुद्धिसाम्यं स दृष्टान्तः।** इसके अनुसार विप्रतिपत्ति का निराकरण तथा सिद्धान्त का प्रतिपादन होता है। इन तीनों ही पदार्थों को अर्थात् संशय, प्रयोजन और दृष्टान्त को न्याय का पूर्वाङ्ग माना गया है।

न्याय का आश्रय है सिद्धान्त– **तन्त्राधिकरणाभ्युपगमसंस्थितिः सिद्धान्तः।** इस न्यायसूत्र में तन्त्र से शास्त्र और अधिकरण से आश्रय अभिप्रेत है। अतः तन्त्राधिकरण से सिद्धान्त विवक्षित है, जो पदार्थ किसी शास्त्र से जाना जाता है और उस पदार्थ का स्वीकाररूप निश्चय ही सूत्रगत अभ्युपगमसंस्थितिपद का निहितार्थ है। फलतः निश्चित शास्त्रार्थ ही सिद्धान्त है। अन्त शब्द का अर्थ यदि निश्चय किया जाए तो सिद्धान्त पद का अर्थ होगा शास्त्रसिद्ध पदार्थ का निश्चय। इसके चार प्रकार यहाँ स्वीकृत हैं– सर्वतन्त्र, प्रतितन्त्र, अधिकरण तथा अभ्युपगम। अन्य शास्त्रों में स्वीकृत तथा न्यायशास्त्र में परिगृहीत सिद्धान्त सर्वतन्त्र नाम से समझा जाता है। जैसे प्राण आदि पाँच वायु, इन्द्रियों का इन्द्रियत्व, आत्मा का नित्यत्व तथा पृथ्वी आदि का भूतत्व सर्वतन्त्र सिद्धान्त है। प्रतितन्त्र सिद्धान्त वह है, जो समानतन्त्र में तो मान्य है किन्तु अन्य तन्त्रों में मान्य नहीं है। जैसे न्याय वैशेषिक के मत में शब्द का अनित्यत्व और मीमांसक का शब्द का नित्यत्व प्रतितन्त्र सिद्धान्त के अन्तर्गत मान्य है। एक वस्तु की सिद्धि से अपर वस्तु की सिद्धि "अधिकरण सिद्धान्त" है। **यत्सिद्धावन्यप्रकरणसिद्धिः सोऽधिकरणसिद्धान्तः।** जैसे द्व्यणुक के सकर्तृकत्व की सिद्धि से इसके कर्ता की सर्वज्ञता की सिद्धि अधिकरण सिद्धान्त है। '**द्व्यणुकं सकर्तृकं कार्यत्वात् घटवत्** ' इस अनुमान के द्वारा द्व्यणुक के सिद्ध कर लेने पर सृष्टि के आरम्भ कालिक द्व्यणुक में भी कर्तृजन्यत्व सिद्ध होगा और उस समय ईश्वर के अतिरिक्त किसी की विद्यमानता नहीं रहने पर उस ईश्वर में सर्वज्ञता की सिद्धि अधिकरण सिद्धान्त है।

अभिप्राय यह है कि कार्य द्रव्य द्व्यणुक का उपादान कारण परमाणु तो अतीन्द्रिय पदार्थ है और उसके प्रत्यक्ष के बिना दो अणुओं का योग कराने वाला कोई है नहीं और अचेतन में स्वतः क्रिया होगी नहीं। अपेक्षाबुद्धि के बिना द्वित्वसंख्या उत्पन्न में स्वतः क्रिया होगी नहीं। अपेक्षाबुद्धि के बिना द्वित्वसंख्या उत्पन्न नहीं होती, अतः परमाणु के प्रत्यक्षद्रष्टा के रूप में किसी को मानना आवश्यक है, जिसकी अपेक्षा बुद्धि के द्वित्वसंख्या की उत्पत्ति होगी। तथा उसके प्रयत्न से अणुओं का संयोग होने का द्व्यणुक कार्य उत्पन्न होगा। वही सर्वज्ञ, सर्वद्रष्टा ईश्वर है, जो अधिकरण सिद्धान्त से उत्पन्न होता है।

विना विचारे दूसरों के सिद्धान्त को मानकर उसमें अनुपपत्ति का दर्शन अभ्युपगम सिद्धान्त कहलाता है। जैसे शब्द द्रव्य है तथा नित्य भी। यहाँ शब्द के द्रव्यत्व का चिन्तन छोड़कर नैयायिक यदि उसके नित्यत्व के निराकरण का प्रयास करता है तो यहाँ शब्द का द्रव्यत्व नैयायिक का अभ्युपगमसिद्धान्त माना जाएगा। किन्तु यह मत नैयायिक का अपना नहीं है। वह तो शब्द को गुण मानता है। अतः शब्द का द्रव्यत्व नैयायिक के लिए खण्डनीय सिद्धान्त है। विना विचार के मान लिए जाने से अभ्युपगमसिद्धान्त कहलाता है। अभ्युपगमवाद की चर्चा इसी आधार पर शास्त्रों में देखा जाता है।

इस न्याय के प्रतिज्ञा आदि पाँच अवयव माने गये हैं। इनमें चारों ही न्यायशास्त्र सिद्ध प्रमाणों का समावेश है तथा एक प्रयोजन की सिद्धि में उन सबका नियोजन-संयोजन भी होता है। पहले ही कहा जा चुका है कि प्रतिज्ञा में आगम (शब्द प्रमाण), हेतु में अनुमान प्रमाण, उदाहरण में प्रत्यक्ष प्रमाण, उपनय में उपमान प्रमाण तथा निगमन में इन चारों ही प्रमाणों का एक प्रयोजन की सिद्धि में संयोजन होता है। जैसे **पर्वतः वह्निमान् , धूमात् , यत्र यत्र धूमः तत्र तत्र वह्निरिति साहचर्यनियमो व्याप्तिः यथा महानसम् , तथा चायं पर्वतः, तस्मात् धूमवत्वात्पर्वतस्य, अग्निमत्वमपि तत्र सिद्ध्यति।** यद्यपि न्यायदर्शन में अन्य पाँच अवयव भी कभी मान्य रहे हैं, जिनके नाम हैं जिज्ञासा, संशय, शक्यप्राप्ति, प्रयोजन तथा संशयव्युदास। इनका उल्लेख अवयवसूत्र के भाष्य में मिलता है। तथापि इनमें अर्थोपकारकता रहने पर भी अर्थसाधकता नहीं है, अतएव इन्हें न्यायवाक्य का अवयव नहीं माना जा सकता है।

अवधेय है कि गौतम का पञ्चावयववाद महाभारतकाल में प्रसिद्ध था। अतएव सभापर्व में महर्षि नारद को पंचावयव न्यायवाक्य के गुण दोषवित् के रूप में उल्लेख किया गया है-

**पंचावयववाक्यस्य न्यायस्य गुणदोषवित्।**

न्यायवार्त्तिककार उद्योतकर ने यहाँ तीन मुख्य बातें बतायी हैं-

1.किसी के मत में दश अवयव मान्य हैं तो किसी (मीमांसक) के मत में उदाहरणादि या उदाहरणान्त तीन अवयव मान्य है। इन दोनों ही मतों से भिन्न न्यायदर्शन की मान्यता पञ्चावयववाद में है।

2.किसी अन्य विषय के प्रतिपादन हेतु वाक्य में जो अवयव परस्पर सम्मिलित होकर सार्थक होते हैं, उन्हीं को वाक्य का अंग कहा जाता है। जिज्ञासा आदि भिन्न विषय का प्रतिपादक नहीं है अतएव वाक्य के अवयव नहीं हो सकते।

3. तीसरी बात यह है कि निश्चित विषय ही साधक हो सकता है, जिज्ञासा और संशय में निश्चितता नहीं है। अपि च तत्त्वज्ञान का फल होता है, हान, उपादान या उपेक्षा बुद्धि, उसके लिए जिज्ञासा होती है। वह दूसरों के अवबोध हेतु उपयोग में नहीं लाया जा सकता है। इसी तरह दो विरुद्ध धर्मों में से कोई एक धर्म ही तत्त्व हो सकता है। अतः संशय में परावबोधकता नहीं मानी जा सकती है। साधन के पश्चात् ही प्रयोजन भी परिज्ञात होता है। अपि च प्रयोजन अर्थ साधक वाक्य का फल होता है, साधकवाक्य का एकदेश नहीं। अतः परप्रतिपादकता इसमें नहीं आ सकती है। शक्यप्राप्ति की भी यही स्थिति है। प्रमाणों में प्रमेय का बोध उत्पन्न करने की शक्ति है शक्यप्राप्ति, वह प्रमाता के प्रमेयावबोध हेतु प्रमाण को सफल करती है, वह परप्रतिपादिका नहीं हो सकती है। अशक्य अर्थात् आत्मप्रयत्न से असाध्य तथा निष्प्रयोजन के साधन में किसी की प्रवृत्ति नहीं देखी जाती है, अतएव प्रयोजन और शक्यप्राप्ति न्यायवाक्य के अवयव नहीं हो सकते। संशयव्युदास से प्रतिपक्ष में हेतु का अभाव अभिप्रेत है, वह प्रमाण के प्रामाण्य के साधन में उपकारक होता है, किन्तु पर का प्रतिपादक नहीं होता है। फलतः उसमें न्यायवाक्य की अवयवत्व नहीं माना जा सकता है। जैसे सावयव द्रव्य के सभी अवयव परस्पर मिलकर एक अवयवी द्रव्य को उत्पन्न करते हैं इसी तरह प्रतिज्ञा आदि पाँच अवयव परस्पर मिलकर न्यायवाक्य के रूप में विवक्षित अर्थ का प्रतिपादन करते हैं। अतएव पञ्चावयव वाक्यों की समष्टि ही न्याय है।

फलतः पाँच अवयव ही न्याय-संप्रदाय में मान्य है। ये पाँच अवयव परस्पर मिलकर महावाक्य का स्वरूप लाभ करते हैं तथा अभीष्ट अर्थ की सिद्धि में उपकारक होते हैं। विष्णुधर्मोत्तर पुराण में भी इसका समर्थन उपलब्ध है–

**प्रतिज्ञाहेतुदृष्टान्तावुपसंहार एव च।**
**तथा निगमनं चैव पञ्चावयवमिष्यते।।**

यद्यपि न्याय के पूर्वाङ्ग के रूप में परिगृहीत दृष्टान्त ही न्यायवाक्य के अवयव उदाहरण में अभिहित होते हैं तथापि दोनों में परस्पर भेद है। उदाहरण में दृष्टान्त का अभिधान होता है और दृष्टान्त उभय (वादी तथा प्रतिवादी) सम्मत विषय है। उदाहरण के अनुरूप साध्य के साधर्म्य या वैधर्म्य का उपस्थापक है उपनय और हेतु के साथ प्रतिज्ञावाक्य का पुनः कथन ही निगमन है। फलतः साध्य के साधर्म्य या वैधर्म्य को लेकर हेतु, उदाहरण तथा उपनय दो प्रकार के होते हैं। किन्तु उपयोग एक स्थल में किसी एक प्रकार का ही होता है। प्रतिज्ञा, हेतु और निगमन एक प्रकार का ही होता है।

इस परमन्याय के उत्तराङ्ग तर्क और निर्णय कहलाते हैं। यहाँ तर्क से प्रमाण के सहकारी ऊह रूप संभावना को लिए जाता है। एक धर्मी में दो धर्मों के संशय होने पर इसी धर्म में प्रमाण उपलब्ध होता है अपर में नहीं– इस प्रकार का मानसज्ञान रूप ऊह या संभावना ही तर्क पदार्थ है। **अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे कारणापपत्तितस्तत्त्वज्ञानार्थमूहस्तर्क**। 1/1/40। जिस अर्थ

का तत्त्व ज्ञात नहीं है, उस अर्थ में कारण की उपपत्ति से तत्त्वज्ञान के लिए ऊह करना ही तर्क है। तर्क न तो प्रमाण होता है और न हीं प्रमाण का फल रूप तत्त्वनिश्चय। यह प्रमाण का सहकारी होकर उसमें दृढ़ता लाता है। तर्क के स्वरूप का निरूपण करते हुए वरदराज ने तार्किकरक्षा में कहा है–

**तर्कोऽनिष्टप्रसंगः स्यात् अनिष्टं द्विविधं मतम्।**
**प्रामाणिकपरित्यागस्तथेतरपरिग्रहः ।।**

अनिष्ट प्रसंगरूप तर्क दो प्रकार का होता है– (1) प्रामाणिक का परित्याग और (2) अप्रामाणिक का स्वीकार। इतर पद यहाँ अप्रामाणिक के लिए प्रयुक्त हुआ है। किसी भी विषय में प्रमाण प्रवृत्त होने के लिए उद्यत होता है, उसी समय में यदि उसके विपरीत की आशंका हो जाती है तो प्रमाण तब तक नहीं प्रवृत्त होता है जब तक अनिष्टापत्ति के द्वारा विपरीत शंका का निराकरण नहीं हो जाता। और अनिष्टापत्ति का निराकरण अपने विषय में प्रमाण का संभव या उपपत्ति पद से व्याख्यायित होता है। अतः अनिष्टप्रसंग का महत्व यहाँ अतुलनीय है। "पानी पीने से प्यास नहीं बुझती है" ऐसा कहने पर कोई भी व्यक्ति कह देगा कि पानी प्यास को बुझाता है, यह अनुभव सिद्ध है– प्रामाणिक परित्याग का यह सटीक उदाहरण है। इसी तरह पानी पीने से अन्तर्दाह होता है यह दूसरे प्रकार के तर्क का उदाहरण है, क्योंकि पानी पीने में अन्तर्दाह का कारण अनुभवविरुद्ध है।

जैसे इस तर्क के पाँच प्रकार आत्माश्रय, अन्योन्याश्रय, चक्रक, अनवस्था तथा अनिष्टप्रसंग प्रसिद्ध हैं उसी तरह इसकी पंचाङ्गता भी तार्किक रक्षा में उपपादित की गयी हैं। वे हैं– 1) आपादक (व्याप्य) के साथ आपाद्य (व्यापक) का अविनाभावसम्बन्ध (व्याप्ति), 2) व्याघातक प्रतिकूल तर्क से अनुकूलतर्क की रक्षा, 3) आपाद्य पदार्थ का अभाव में पर्यवसान, 4) अनिष्ट प्रसंग, अर्थात् प्रामाणिकता का परित्याग तथा अप्रामाणिक का स्वीकार रूप दो प्रकार का होता है तथा 5) अननुकूलता अर्थात् प्रतिपक्ष की असाधकता।

तर्क के इन पाँच अंगों को उदाहरण द्वारा इस प्रकार समझा जा सकता है। 1) व्याप्ति– जो प्यास को नहीं बुझाता है– शान्त नहीं करता है, उसे प्यासा व्यक्ति नहीं पीता है जैसे तेल। इसके काट का कोई दूसरा तर्क नहीं है। अतएव इस तर्क की रक्षा हो जाती है। यही है तर्क की अप्रतिहति–प्रतिघात का अभाव। चूँकि प्यासा व्यक्ति पानी पीता है उससे उसका प्यास शान्त होता है। अतः प्यास का शामक जल होता है, उसे विपर्यय में पर्यवसान का उदाहरण कहा गया है। अनिष्ट प्रसंग के दोनों प्रकारों के उदाहरण पहले ही यहाँ दिखाये गये हैं। अननुकूलता का अर्थ है प्रतिपक्ष की असाधकता अर्थात् विपरीत का साधक नहीं हो पाना। इसका प्रतिदृष्टान्त है विरुद्ध हेत्वाभास। जो हेतु पक्ष के साथ विपक्ष में रहकर विपरीत पक्ष का साधक होता है। किसी सिद्धान्त को स्वीकार करके उसके साधन के लिए प्रयुक्त हेतु यदि उसके विपरीत के साथ अविनाभावसम्बन्धरूप (व्याप्ति) के कारण इष्ट सिद्धान्त का व्याघातक हो जाता है, तो उसे विरुद्ध हेत्वाभास कहा जाता है। किन्तु अननुकूलतर्क प्रतिपक्ष का साधक नहीं होता है।

अवधेय है कि आपाद्य व्यापक होता है, किन्तु दोनों का परस्पर अभाव इसका विपरीत हो जाता है आपाद्य का अभाव व्याप्य और आपादक का अभाव व्यापक हो जाता है। इन पाँच अंगो से युक्त तर्क ही तत्त्वज्ञान का सहायक होता है। वरदराज ने स्पष्ट कहा है–

**व्याप्तिस्तर्काप्रतिहतिरवसानं विपर्यये।**
**अनिष्टाननुकूलत्वे इति तर्काङ्गपंचकम्।।**
**अङ्गान्यतमवैकल्ये तर्कस्याभासता भवेत्।**
**अङ्गपंचकसंपन्नस्तत्त्वज्ञानाय कल्पते।।**

किसी के द्वारा तर्क प्रस्तुत करने पर पहले विचारणीय होता है कि क्या यह तर्क के सभी अंगों से युक्त है या नहीं। किसी एक अंग से भी हीन तर्क, तर्क न होकर तर्काभास हो जाएगा। तर्क के अंगों के नहीं जानने पर प्रतिवादी द्वारा उपस्थापित तर्क में अंगहीनता का बोध नहीं हो पाएगा और उन अंगों की जानकारी रहने पर उसका उपपादन कर प्रतिवादी यदि तर्काभास का प्रयोग करता है तो वह उद्घाटित हो जाएगा।

यद्यपि लाघव, गौरव, प्रथमोपस्थितत्व तथा विनिगमनाविरह आदि तर्क में अन्तर्भूत है तथापि तर्क की पञ्चविधता का सम्प्रदाय द्वारा समर्थन और अनिष्ट प्रसंग का निर्देश उनसे तर्क को भिन्न उपपन्न करता है। अत: लाघव तथा गौरव आदि का विचार तर्क का सदृश है तर्क नहीं है। प्रमाण के सहकारी होकर भी इनमें आपत्ति का स्वरूप घटित नहीं होता है।

यह तर्क वस्तु की उत्पत्ति, स्थिति तथा ज्ञान में अपना स्वरूप प्रस्तुत कर प्रमाण को अनुगृहीत करता है अर्थात् सबल बनाता है। इसी तरह परिशोधित तर्क से धर्म का भी निर्णय करना चाहिये– स्मृतियों में भी ऐसा निर्देश है–

**आर्ष धर्मोपदेशं च वेदशास्त्रविरोधिना।**
**यस्तर्केणानुसन्धत्ते स धर्मं वेद नेतरः।।**

(मनु– 12/106)

ऋषियों के द्वारा किये गये धर्मों के उपदेश को वेद एवं शास्त्र के अविरोधी तर्कों से जो अनुसन्धान करता है, वही धर्म को जानता है।

यद्यपि यहीं मनुस्मृति में कहा गया है कि हेतुशास्त्र का अवलम्बन कर जो व्यक्ति श्रुति और स्मृति वाक्यों की अवमानना करे, उसका सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए। वह नास्तिक तथा वेदनिन्दक है।

**वोऽवमन्येत ते मूले हेतुशास्त्राश्रयाद् द्विजः।**
**स साधुभिर्बहिष्कार्यो नास्तिको वेदनिन्दकः।।**

तथापि वह निन्दा वेद तथा शास्त्र के विरोधी तथा तर्काभास को लेकर है। सत्तर्क उस निन्दा की परिधि से बहिर्भूत है। फलत: तर्क का महत्त्व तथा न्यायशास्त्र में उसका उपयोग मान्य ही है। विषयपरिशोधक तथा व्याप्तिग्राहक तर्क यहाँ उदाहरण के द्वारा समझा जा सकता है। धूम यदि आग का व्यभिचारी होता तो आग से उसकी उत्पत्ति नहीं होती। चूँकि आग से

उसकी उत्पत्ति होती है, अतः धूम आग का व्यभिचारी नहीं हो सकता है– यह तर्क धूम से आग की अनुमिति में व्याप्ति का ग्राहक होता है। धूम की उत्पत्ति आग के नहीं रहने पर भी हो सकती है– इस आपत्ति का प्रदर्शन ही तर्क का फल है। इसी तरह कार्यत्व यदि कृतिजन्यत्व का व्यभिचारी होता तो कृतिजन्यता का अवच्छेदक नहीं होता! चूँकि कृतिजन्यता का अवच्छेदक कार्यत्व है, अतः कृतिजन्य का व्यभिचारी नहीं है– यह विषयपरिशोधात्मक तर्क है।

अभिप्राय यह है कि यदि धूम है तो आग अवश्य होगी– इस तरह कहने पर धूम के आरोप से आग की आपत्ति का प्रदर्शनरूप तर्क में जो आरोप होता है, वह भ्रमात्मक ज्ञान है। यह भ्रम आहार्य तथा अनाहार्य के भेद से दो प्रकार का होता है। आहार्य शब्द का अर्थ होता है कृत्रिम। अतः आहार्य भ्रम का स्वरूप है– बाधक रहने पर भी इच्छा से जो आरोप अर्थात् भ्रमात्मक ज्ञान प्रस्तुत किया जाता है। जल में धूम तथा आग नहीं रहती है– इतना जानता हुआ भी व्यक्ति यदि जल में धूम है तो आग भी अवश्य होगी इस तरह से स्वेच्छा से पानी में धूम और आग का आरोप करता है, जो वह आहार्य भ्रम है। और अनाहार्य भ्रम अज्ञानमूलक होता है।

न्यायवाक्य का अपर उत्तराङ्ग है निर्णय। तत्त्व का अवधारण ही निर्णय पदार्थ है। न्यायवाक्य तथा तर्क की भित्ति पर यह खड़ा होता है। संशय होने पर वादी तथा प्रतिवादी अपना-अपना सिद्धान्त प्रस्तुत करता है। उस अवसर पर कहीं यदि मध्यस्थ को विपरीत या परस्पर विरुद्ध कुछ प्रतीत होता है, जिससे उसके मन में सन्देह होने लगता है तो उसके निराकरण के लिए शास्त्र की युक्तियाँ दोनो ही पक्षों के द्वारा प्रस्तुत की जाती हैं। जिसकी युक्ति से मध्यस्थ का सन्देह दूर हो जाता है, वहीं निर्णय की अवधारणा हो जाती है, वह विजयी माना जाता है। इसी के मत का अनुमोदन मध्यस्थ करता है। इसी आशय को समझाने के लिए– **''विमृश्य पक्षप्रतिपक्षाभ्यामर्थावधारणं निर्णयः''** यह सूत्र न्यायदर्शन में उपलब्ध है। वादकथा में विशेष बात यह है कि मध्यस्थ का नहीं शिष्य का सन्देह दूर किया जाता है।

महर्षि गौतम ने यद्यपि वाद, जल्प और वितण्डा– इन तीन पदार्थों का स्वतन्त्र रूप से उल्लेख किया है तथापि भाष्यकार वात्स्यायन ने इन तीनों को एक कथा में समावेश किया है– **''तिस्रः खलु कथाः भवन्ति, वादो जल्पा वितण्डा च''**। तत्त्व निर्णय अथवा विजयलाभ हेतु अनेक वक्ताओं के द्वारा न्यायनुकूल वाक्यसन्दर्भों की प्रस्तुति ही कथा है। लौकिक विवाद के विषय में वादी तथा प्रतिवादी की उक्ति-प्रत्युक्ति पञ्चावयवन्याय के अनुकूल नहीं होती है। अतः उसे कथा शब्द से नहीं कहा जा सकता है। तार्किकरक्षा में वरदराज ने इसका लक्षण करते हुए कहा है–

**विचारविषयो नानावक्तृको वाक्यविस्तरः।**

किसी एक वक्ता द्वारा पूर्वपक्ष तथा उत्तरपक्ष, दोष एवं समाधान के उपपादित होने पर या ग्रन्थ में लिखने पर उसे कथा नहीं माना जाता है। विचारणीय विषय में नियमपूर्वक पञ्चावयव वाक्य के अनुकूल वादी तथा प्रतिवादी का उक्ति प्रत्युक्ति रूप वाक्यसमूह ''कथा'' है।

जहाँ प्रमाण और तर्क के बल पर स्वपक्ष का स्थापन एवं परपक्ष का खण्डन किया जाता है और वह सिद्धान्त का अविरोधी है, अपसिद्धान्त नहीं है, पाँच अवयवों से युक्त है इस तरह के वाक्यसन्दर्भ को वादकथा कहते हैं। गुरु शिष्यों के मध्य यह कथा चलती है और इसका फल होता है तत्त्व का निर्णय।

जल्प तथा वितण्डा में वादी प्रतिवादी विजयप्राप्ति हेतु सदुत्तर की स्फूर्ति के अभाव में कदाचित् प्रमाणाभास, हेत्वाभास तथा तर्काभास का भी जान बूझकर प्रयोग कर सकता है। क्योंकि मध्यस्थ के प्रश्न के अनुसार वादी तथा प्रतिवादी को यथानियम प्रतिज्ञा आदि पञ्चावयव वाक्यों का प्रयोग आवश्यक है। जय एवं पराजय हेतु नियमों की पहले से व्यवस्था रहती है। अतएव सभी निग्रहस्थानों तथा छलों का उद्भावन किया जा सकता है। किन्तु पञ्चावयव वाक्य का प्रयोग सर्वथा उभय पक्ष में आवश्यक है। प्राचीन आचार्यगण तत्वबुभुत्सुकथा को वाद और उभयपक्षस्थापनावती विजिगीषु कथा को जल्प कहते हैं। वितण्डा कथा वह है, जिसमें अपने पक्ष की स्थापना नहीं की जाती है किन्तु जल्प कथा की तरह वह चलती है। **स प्रतिपक्षस्थानाहीनो वितण्डा। स जल्पः वितण्डा भवति यदि प्रतिपक्षस्थापना तत्र न भवति।** अभिप्राय यह है कि वादी के मत की स्थापना होने पर प्रतिवादी केवल उसका खण्डन करता है। किसी नैयायिक का कहना है कि वैतण्डिक का अपना कोई सिद्धान्त होता ही नहीं है केवल दूसरे के मत का खण्डन ही उसका कृत्य होता है। किन्तु न्यायभाष्यकार ने कहा है कि वैतण्डिक का अपना सिद्धान्त अवश्य होता है, किन्तु वह उसका उपपादन नहीं करता है। सूत्रकार ने ही प्रतिपक्ष के साथ स्थापना शब्द का प्रयोग कर स्पष्टतः इसका संकेत किया है। तात्पर्य यह है कि वैतण्डिक का भी अपना सिद्धान्त होता है, जो वादी के मत के निराकरण करने पर स्वतः सिद्ध हो जाता है। उद्योतकर ने न्यायवार्त्तिक में स्पष्ट कहा है– **''अभ्युपेत्य पक्षं यो न स्थापयति स वैतण्डिक उच्यते।''**

यहाँ अवधेय है कि वादकथा में सभा तथा मध्यस्थ आदि की आवश्यकता नहीं होती है। कहीं भी पर्णकुटी अथवा वृक्ष की छाया में बैठकर गुरु और शिष्य तत्त्वनिर्णय के लिए वादकथा कर सकते हैं। मुमुक्षु व्यक्ति को भी तत्त्वनिर्णय और उसकी दृढ़ता के लिए पहले आन्वीक्षिकी विद्या का श्रवण (अध्ययन) मनन (धारणा) तथा निरन्तर चिन्तन रूप निदिध्यासन (अभ्यास) करना आवश्यक है। पश्चात् उसको भी असूया से रहित एवं विद्याविद् शिष्य, गुरु, सतीर्थ्य तथा विद्वान् आदि के समीप में जाकर वादकथा करने का अधिकार है। इसी का प्राचीन नाम है **तद्विद्यसंभाषा** या **तद्विद्यसंवाद**।

ऋग्वेद के अष्टम मण्डल में भी इसकी चर्चा हम देखते हैं

**''न यः सम्पृच्छे संप्रश्नाय न रमते। न पुनर्हवीतवे यज्ञाय रमते- न संवादाय रमते तस्मान्नो अद्यास्मान् अद्यसमितेः संग्रामात् उरुष्व तं रक्षतम् बाहुभ्यां नो अस्मान् ऊरुष्व तं जमदग्निः मित्रावरुणाय कथयति''**। महर्षि गौतम ने तत्त्वज्ञानविवृद्धिप्रकरण में

दो सूत्रों में इसका स्पष्ट संकेत किया है- ''**ज्ञानग्रहणाभ्यासस्तद्विद्यैः सह संवादः। तं शिष्यगुरुसब्रह्मचारिविशिष्टश्रेयोऽर्थिभिरनसूयिभिरभ्युपेतात्**'' (4/2/47-48)

उपर्युक्त तीनों कथाओं में वाद ही सर्वश्रेष्ठ है। क्योंकि यह तत्वनिर्णय में सहायक होता है। स्वतः जिज्ञासा होती है कि तत्त्वज्ञान के उपाय प्रदर्शन परक इस न्यायदर्शन में जल्प और वितण्डा का पदार्थ के रूप में परिगणित कर महत्त्व देना कहाँ तक संगत है? इसके समाधान में महर्षि गौतम ने कहा है कि स्थान-स्थान पर मुमुक्षुओं को भी जल्प और वितण्डा करनी पड़ती है। अतः इसका परिज्ञान आवश्यक है- ''**तत्त्वाध्यवसायसंरक्षणार्थं जल्पवितण्डे बीजप्ररोहसंरक्षणार्थकण्टकशाखावरणवत्** '' (4/2/50) जैसे (बीजप्ररोह) अंकुर की रक्षा हेतु गाय भैंस खेत में जाकर लगे हुए अंकुरों को न खा जाए, इस हेतु कंटीली डाल से घेर कर अंकुरों की रक्षा की जाती है। इसी तरह मुमुक्षु व्यक्ति को भी अपने तत्त्वज्ञान की रक्षा के लिए जल्प और वितण्डा में प्रवृत्त होना पड़ता है। हाँ, विजय की कामना इनकी नहीं रहती है। केवल अपने तत्त्वज्ञान की रक्षा के लिए कदाचित् ये प्रवृत्त होते हैं। कदाचित् विपरीत कथा के श्रवण से तत्त्वज्ञान भूल न जाय, उसमें सन्देह न होने लगे, अतः यहाँ इनकी प्रवृत्ति होती है। अतएव भाष्यकार ने यहाँ स्पष्ट कहा है- ''**तदेतद् विद्यापरिपालनार्थम् न तु लाभपूजाख्यात्यर्थम्।**''

न्याय के प्रयोग में दोषों का आ जाना पूर्णतः संभावित है, अतः उसकी जानकारी भी आवश्यक है। कहा गया है कि उपाय की चिन्ता के साथ अपाय की भी चिन्ता करनी चाहिए।

''**उपायं चिन्तयन् राजन्नपायमपि चिन्तयेत्** ''।

इन दोषों के ज्ञान नहीं रहने पर वादी या प्रतिवादी कभी भी दोष रूपी दलदल में फँस सकता है अथवा एक दूसरे को वंचित कर सकता है। अतः इनका ज्ञान आवश्यक है। इसी दृष्टि से हेत्वाभास, छल, जाति तथा निग्रहस्थान का परिचय अपेक्षित है।

अनुमान में जो हेतु की तरह प्रतीत होता है वस्तुतः हेतु नहीं है, उसे हेत्वाभास कहते हैं। इस हेत्वाभास के बिना उक्त तीनों प्रकारों की कथा का अधिकार ही किसी को नहीं होता है। '**हेतुवदाभासन्ते इति हेत्वाभासाः**' इस व्युत्पत्ति के अनुसार हेतु की तरह प्रतीत होने वाला हेत्वाभास पदार्थ है। इसके पाँच प्रकार यहाँ निर्दिष्ट है- सव्यभिचार, विरुद्ध, सत्प्रतिपक्ष, असिद्ध और बाधित। अनुमानस्थल में पहले यह जानना आवश्यक है कि हेतु का लक्षण क्या है? पक्षसत्व, सपक्षसत्व, विपक्षासत्व, असत्प्रतिपक्षितत्व और अबाधितत्व रूप पाँच धर्मों से युक्त सद्धेतु होता है। कहीं कहीं इनमें से चार धर्मों के रहने पर भी हेतु सद्धेतु कहलाता है। इनमें से एक-एक धर्म के अभाव में एक-एक हेत्वाभास होता है। जैसे विपक्षासत्व के अभाव में सव्यभिचार नामक हेत्वाभासास होता है। सपक्ष में हेतु के अभाव से विरुद्ध नामक हेत्वाभास होता है। दो विपरीत साध्यों के साधक हेतु युगल की उपस्थिति में हेत्वाभास का तीसरा प्रभेद सत्प्रतिपक्ष होता है। पक्ष में हेतु के अभाव से असिद्ध नामक हेत्वाभास होता है। हेतु के प्रमाण से बाधित होने पर बाध या बाधित हेत्वाभास होता है। तार्किकरक्षा में वरदराज ने कहा है-

**हेतोः केनापि रूपेण रहिताः कैश्चिदन्विताः।**
**हेत्वाभासाः पञ्चधा ते गौतमेन प्रपञ्चिताः।।**

**एकस्मिन् अन्ते निश्चये विद्यते इति एकान्तिकः न एकान्तिकः अनैकान्तिकः।** किसी एक पक्ष में नियतरूप से नहीं रहने वाला हेतु अनैकान्तिक होता है और उसी को सव्यभिचार कहते हैं। महर्षि गौतम का सूत्र है "**अनैकान्तिकः सव्यभिचारः**"। जो हेतु सपक्ष एवं विपक्ष दोनों में रहता है वहाँ विपक्षासत्व के अभाव से सव्यभिचार नामक हेत्वाभास होता है। जैसे 'शब्दो नित्यः स्पर्शशून्यत्वात् आत्मवत्' यहाँ स्पर्शशून्यत्व हेतु आत्मा आदि सपक्ष की तरह रूप आदि अनित्य पदार्थ विपक्ष में भी विद्यमान है।

इस सव्यभिचार के पहले दो भेद– साधारण और असाधारण माने गये हैं। साधारण भेद का ही उपर्युक्त उदाहरण है। जो हेतु सपक्ष एवं विपक्ष में नहीं रहकर केवल पक्ष में रहता है उसे असाधारण सव्यभिचार कहते हैं। जैसे '**शब्दो नित्यः शब्दत्वात्** ' इस अनुमान में शब्द के असाधारण धर्म शब्दत्व का हेतुरूप में व्यवहार हुआ है। सपक्ष और विपक्ष के अभाव में किसी दृष्टान्त के संभव नहीं होने पर उक्त स्थल में शब्दत्व रूप हेतु के साथ नित्यत्व का व्याप्ति निश्चय ही नहीं होगा। नव्यन्याय के प्रवर्तक गङ्गेश उपाध्याय ने इस सव्यभिचार का एक तीसरा भेद भी माना है, उसका नाम है– अनुपसंहारी। सभी पदार्थों का पक्ष में ही अन्तर्भाव हो जाएगा। सपक्ष या विपक्ष रूप दृष्टान्त के अभाव में हेतु और साध्य धर्म की व्याप्ति का निश्चय ही नहीं हो पाएगा। जैसे "सर्वं वाच्यं प्रमेयत्वात् " यह अनुपसंहारी का उदाहरण है। वाच्यत्व, ज्ञेयत्व या प्रमेयत्व आदि धर्म केवलान्वयी होने से सर्वत्र विद्यमान ही रहते हैं।

किसी सिद्धान्त को मानकर उसके विरोधी पदार्थ को हेतु के रूप में ग्रहण करने पर विरुद्ध नामक हेत्वाभास होता है–

**सिद्धान्तमभ्युपेत्य तद्विरोधी विरुद्धः।** (1।2।6)

जैसे '**शब्दो नित्यः उत्पत्तिमत्वात्**' यहाँ शब्द में नित्यत्व सिद्धान्त को मानकर उसके विरोधी अनित्यत्व साधक हेतु उत्पत्तिमत्व का कथन हुआ है। यहाँ हेतु में सपक्षसत्वरूप धर्म का अभाव है। वरदराज ने कहा है–**विरुद्धः स्यात् वर्तमानो हेतुः पक्षविपक्षयोः।**

तीसरा हेत्वाभास है सत्प्रतिपक्ष। एकपक्ष में समानबलशाली दो हेतुओं से साध्य और साध्याभाव की सिद्धि हेतु प्रयास ही सत्प्रतिपक्ष है। जैसे 'शब्दो नित्यः अनित्यधर्मानुपलब्धेः' इसमें दोष नहीं दिखाकर प्रतिपक्षी यदि कहे कि 'शब्दः अनित्यः नित्यधर्मानुपलब्धेः'। यहाँ किसी हेतु से साध्य की सिद्धि संभव नहीं है, साथ ही मध्यस्थ को शब्द में नित्यत्व एवं अनित्यत्व का संशय बना रहता है। अतएव बाद में जिज्ञासा होती है कि शब्द नित्य है या अनित्य, जिसका प्रयोजक उक्त संशय होता है। यहाँ हेतुओं में बलाबलत्व का अनिश्चय ही तुल्यबलत्व से अभिप्रेत है। इस सत्प्रतिपक्ष का प्राचीन नाम प्रकरणसम है। "**यस्मात् प्रकरणचिन्ता स निर्णयार्थमपदिष्टः प्रकरणसमः**" महर्षि गौतम के इस सूत्र में प्रकरणसम का ही उल्लेख है। यहाँ प्रकरण पद का अर्थ है वादी तथा प्रतिवादी के पक्ष और प्रतिपक्ष रूप

दो धर्म और चिन्ता से विवक्षित है निर्णय के अभाव में संशय के विषय रूप पक्ष और प्रतिपक्ष के विषय में जिज्ञासा। वह जिज्ञासा निर्णय के लिए यदि कहा जाए तो उसे प्रकरणसम कहते हैं।

हेत्वाभास का चौथा प्रकार है साध्यसम। इसको अर्वाचीन काल में असिद्ध पद से कहा जाने लगा है। "**साध्याविशिष्टः साध्यत्वात् साध्यसमः**" इस न्यायसूत्र में इसका लक्षण निर्दिष्ट है। साध्यता के कारण जो हेतु साध्य का सदृश है उसे साध्यसम हेत्वाभास कहते हैं। तात्पर्य यह है कि सिद्ध पदार्थ ही अनुमान का हेतु हो सकता है। जिस अनुमान में पहले से असिद्ध-साध्यधर्म का साधन वादी तथा प्रतिवादी का अभिप्रेत है, उस स्थल में हेतु भी यदि असिद्ध है तो साध्य का सदृश है। अतः वह साध्यसम नामक हेत्वाभास होता है वह सद्धेतु नहीं है। यहाँ पक्षसत्वरूप हेतु का लक्षण नहीं घटता है। '**द्रव्यं छाया गतिमत्वात्** ' इस अनुमान में गतिमत्व हेतु साध्यसम का उदाहरण होता है। छाया में गति क्रिया नैयायिक को मान्य नहीं है। नैयायिक की दृष्टि में मनुष्यों के द्वारा किया गया प्रकाश का अभाव ही छाया है, उसमें द्रव्यत्व की सिद्धि संभव नहीं है। भाष्यकार ने इसका यही उदाहरण दिखाया है।

इसके तीन प्रभेद प्रसिद्ध हैं- आश्रयासिद्धि, स्वरूपासिद्धि और व्याप्यत्वासिद्धि। '**गगनारविन्दं सुरभिः अरविन्दत्वात् सरोजारविन्दवत्**'। यहाँ आश्रय अर्थात् पक्ष ही असिद्ध है। क्योंकि गगनारविन्द प्रसिद्ध ही नहीं है। '**शब्दोऽनित्यश्चाक्षुषत्वात्** ' इस अनुमान में पक्ष (शब्द) में हेतु चाक्षुषत्व स्वरूपतः असिद्ध है। अतः यह स्वरूपासिद्ध का उदाहरण होता है। उपाधि से युक्त हेतु व्याप्यत्वासिद्ध कहलाता है जैसे 'पर्वतो धूमवान् वह्नेः' इस अनुमान में 'आर्द्रेन्ध नसंयोग' उपाधि होती है। साध्य का व्यापक और साधन का अव्यापक पदार्थ उपाधि होती है। आर्देन्धन धूम का व्यापक और आग का व्याप्य होता है। जहाँ वह्नि रहती है- जैसे अयोगोलक में - वहाँ आर्द्रेन्धनसंयोग नहीं है। अतः आर्द्रेन्धनसंयोग यहाँ साध्य धूम का व्यापक और साधन आग का अव्यापक है। यह उपाधि दो प्रकार की होती है। सन्दिग्ध उपाधि और निश्चित उपाधि। जिस पदार्थ के साध्यधर्म की व्यापकता में तथा साधन की अव्यापकता में अथवा दोनों में सन्देह रहता है वह सन्दिग्ध उपाधि है। ऐसे स्थल में हेतु में साध्यधर्म के व्यभिचार का सन्देह होने से उस हेतु से अनुमिति नहीं हो पाती है। निश्चित उपाधि की सत्ता से व्यभिचारित्व के कारण हेतु में साध्यधर्म के व्यभिचार की अनुमिति होती है। इससे व्यभिचार रूप निश्चित प्रतिबन्धक के विद्यमान रहने से व्याप्ति का निश्चय संभव नहीं है। अतएव अनुमिति नहीं होती है।

अवधेय है कि आश्रयासिद्धि के दो प्रकार हैं एक तो उदाहरण के द्वारा ऊपर दिखाया जा चुका है। दूसरा प्रकार उसका यह है कि यदि किसी पदार्थ में सर्वसम्मत सिद्ध पदार्थ के अनुमान के लिए हेतु का प्रयोग होता है। इस स्थल में पक्ष में पक्षता के नहीं रहने से वह पक्ष ही नहीं हो पाता है। प्राचीन नैयायिक की दृष्टि में साध्यधर्म की संशययोग्यता ही पक्षता पदार्थ है। किन्तु सिद्ध या निश्चित पदार्थ में संशय नहीं होता है। इसी दृष्टि से "सिद्धसाधन" को पृथक् हेत्वाभास नहीं मानकर आश्रयसिद्धि के इस प्रभेद में अन्तर्भाव किया गया है।

हेत्वाभास का पाँचवा प्रकार है "कालातीत"। इसका दूसरा नाम बाध या बाधित भी है। **कालात्ययापदिष्टः कालातीतः** 1।2।9। जो हेतु अनुमान के काल बीत जाने पर प्रयुक्त होता है, उसे कालातीत कहते हैं। जबतक पक्ष में साध्यधर्म के अभाव का निश्चय नहीं हुआ है तब तक उस पक्ष में साध्य का अनुमान हो सकता है। किन्तु पहले ही किसी सबल प्रमाण से साध्याभाव के निश्चय हो जाने पर पक्ष में उस साध्य का अनुमान उस मनः कल्पित हेतु से नहीं हो सकता है। क्योंकि उस अनुमान का काल ही अतीत हो गया रहता है। बाध या बाधित नाम भी इसका अन्वर्थक ही है। बलवान् प्रमाण से बाधित हेतु हेतु नहीं होकर हेत्वाभास हो जाता है। इसका उदाहरण है "वह्निरनुष्णः द्रव्यत्वात् " यहाँ वह्नि का उष्णत्व प्रत्यक्षप्रमाण से सिद्ध है। अतः अनुष्णत्व साध्य की सिद्धि अग्नि में नहीं हो सकती है।

यद्यपि प्रत्येक अवयव में दोष संभावित है और उनके ज्ञान के बिना पञ्चावयव वाक्य का प्रयोग निर्भ्रान्त नहीं हो सकता है तथापि महर्षि गौतम की दृष्टि में सभी अन्य दोषों का समावेश इसी हेत्वाभास में हो जाता है। अतएव अन्य अवयवाभासों का पृथक् उल्लेख नहीं किया गया है। विशिष्ट नैयायिक वरदराज की उक्ति यहाँ उल्लेख योग्य है-

**अत एव च शास्त्रेऽस्मिन् मुनिना तत्त्वदर्शिना।**
**पक्षाभासादयो नोक्ताः हेत्वाभासास्तु दर्शिताः।।**

जल्प तथा वितण्डा कथा में कभी ऐसी स्थिति भी होती है कि वादी या प्रतिवादी सदुत्तर कहने में असमर्थ होकर असद् उत्तर का प्रयोग कह देता है। पराजय के भय से चुप रहना उसको उचित नहीं प्रतीत होता है। चिरकाल से ऐसा होता आया है। इसी असद् उत्तर विशेष का नाम है छल! महर्षि गौतम ने इसका लक्षण और विभाग इन सूत्रों में किया है- **वचनविघातोऽर्थविकल्पोपपत्त्या च्छलम्। तत् त्रिविधं वाक्छलं सामान्यच्छल-मुपचारच्छलं च** (1/12/10-11) वादी के अभिमत शब्दार्थ या वाक्यार्थ से भिन्न अर्थ की कल्पना करके वादी के वचन का विघातक असद् उत्तर का नाम है छल। इसके तीन प्रकार हैं- वाक्च्छल, सामान्यच्छल तथा उपचारच्छल। नानार्थक शब्द के प्रयोग करने पर वक्ता के अविवक्षित अर्थ को लेकर जो निषेध किया जाता है, उसे वाक्च्छल कहते हैं। "**नेपालादागतोऽयं नवकम्बलवत्वात्** " इस वाक्य में नया अर्थ में नव पद का प्रयोग वक्ता का विवक्षित है किन्तु प्रतिवादी नवपद का नौ संख्या रूप अर्थ लेकर निषेध करता है '**कुतोऽस्य नवकम्बलाः एक एव तु विद्यते कम्बलः**'। चूँकि वक्ता के अविवक्षित अर्थ को लेकर यहाँ निषेध किया गया है। अतः यह असद् उत्तररूप वाक्च्छल का उदाहरण होता है।

संभाव्यमान पदार्थ के सम्बन्ध में अतिव्यापक किसी सामान्य धर्म की सत्ता से वक्ता के किसी अनभिप्रेत एवं असंभव अर्थ की कल्पना करके जो निषेध किया जाता है वह सामान्यच्छल है। किसी ने ब्राह्मणत्व जाति की प्रशंसा में कहा- "**संभवति ब्राह्मणे विद्याचरणसंपत्** " ब्राह्मण की सन्तान में ही विद्या का अभ्यास रूप संपदा रहती है। इसके प्रतिवाद में तुरंत यदि कहा जाए कि तब ब्राह्मणत्व जाति संपन्न व्रात्य शिशु भी विद्याचरण रूप संपदा से युक्त होने

लगेगा। यहाँ ब्राह्मणत्व धर्म विद्याचरण के पक्ष में अतिव्यापक सामान्य धर्म है। मूर्ख ब्राह्मण में भी ब्राह्मणत्व जाति रहती है। अतः ब्राह्मणत्व जाति ही विद्या का हेतु नहीं है। वादी का ऐसा विवक्षित भी नहीं है। प्रतिवादी ने यहाँ ब्राह्मणत्व में विद्या के साथ हेतु रूप असंभव अर्थ की कल्पना से व्यभिचार दोष दिखाया है। अतः सामान्यच्छल रूप असद् उत्तर यहाँ उपपन्न होता है।

वादी किसी प्रसिद्ध लाक्षणिक पद का प्रयोग करता है और प्रतिवादी उसके अभिधेय अर्थ को लेकर दोष प्रदर्शित करता है, तो यहाँ उपचारच्छल माना गया है। जैसे वादी कहता है 'मंचाः क्रोशन्ति'। यहाँ मंच का अभिधेय अर्थ है ऊँचा आसन, जो मंच पर रहने वाले पुरुषों का आश्रय है। अतः मंच का लाक्षणिक अर्थ होता है, मंच पर आसीन पुरुष। किन्तु प्रतिवादी अभिधेयार्थ को लेकर यहाँ कहता है कि मंच से क्रोशन अर्थात् किसी को बुलाना संभव नहीं है। क्योंकि वह निर्जीव पदार्थ है और क्रोशन क्रिया सप्राण मानव में पायी जाती है। इस असद् उत्तर को ही उपचारच्छल कहते हैं। यहाँ अभिप्रायनवबोध हेतु नहीं है अपि तु बुद्धिपूर्वक ऐसा उत्तर प्रस्तुत किया जाता है। नव्यनैयायिकों ने छल का एक ही प्रकार माना है। तीनों प्रकारों के छल में वादी के शब्दों का उलटा अर्थ समझकर निषेध किया जाता है–

ऐसा तर्कभाषाकार का कहना है। किन्तु सूत्रकार ने इसका निराकरण किया है और इसके तीनों प्रभेदों को माना है।

यद्यपि जाति पद के अनेक अर्थ प्रसिद्ध हैं तथापि महर्षि गौतम का पन्द्रहवाँ पदार्थ जाति असद् उत्तर रूप है। इसका प्रयोग वादकथा में नहीं किया जाता है अपितु जल्प और वितण्डा में होता है। जो उत्तर समान रूप से वादी और प्रतिवादी दोनों के पक्षों की हानि करता है, वह जाति है।

व्याप्ति की अपेक्षा किये बिना ही केवल साधर्म्य या वैधर्म्य के आधार पर दोष का प्रदर्शन जाति हैं। वादी ने कहा कि शब्द अनित्य है क्योंकि उसमें कार्यत्व है। जैसे कार्यत्व रहने से घट अनित्य होता है। यहाँ यदि सदुत्तर का व्यवहार नहीं करके प्रतिवादी कहता है कि जैसे घट के साधर्म्य कार्यत्व शब्द में विद्यमान है इसी तरह आकाश का साधर्म्य अमूर्तत्व भी शब्द में है। अतः नित्य आकाश के साधर्म्य अमूर्तत्व की विद्यमानता से शब्द नित्य ही क्यों नहीं होगा। घट के साधर्म्य अमूर्तत्व की विद्यमानता से शब्द नित्य ही क्यों नहीं होगा। घट के साधर्म्य कार्यत्व के रहने से शब्द अनित्य होगा और आकाश के साधर्म्य अमूर्तत्व के रहने पर भी वह नित्य नहीं होगा– इसका विनिगमक कोई नहीं है। यह प्रतिवादी का उत्तर साधर्म्यसम जाति कहलाती है। चौबीस प्रकारों में विभक्त इस जाति का यह पहला प्रकार है, जो यहाँ दिग्दर्शनार्थ प्रस्तुत हुआ है।

महर्षि गौतम का सोलहवाँ पदार्थ है निग्रहस्थान। **निग्रहस्य खलीकारस्य स्थानम् कारणं निग्रहस्थानम्।** वाचस्पतिमिश्र ने खलीकार का अर्थ किया है विवक्षित अर्थ का अप्रतिपादक।

तात्पर्य यह है कि जल्प और वितण्डा में वादी या प्रतिवादी के पराजय होने पर भी वादकथा में किसी के पराजय की बात नहीं उठती। अतः वादकथा में विजय की इच्छा से

रहित गुरु या शिष्य यदि अपने पक्ष का स्थापन नहीं कर सके तो यही उनके लिए निग्रह या खलीकार है। किन्तु जल्प और वितण्डा में निग्रह का अर्थ है पराजय। इस खलीकार या निग्रह का कारण है विप्रतिपत्ति अर्थात् विपरीत ज्ञानरूप भ्रम तथा अप्रतिपत्ति अर्थात् अज्ञान। ये ही दोनों निग्रहस्थान के मूल है। इसी अभिप्राय से महर्षि गौतम ने कहा है–

**विप्रतिपत्तिरप्रतिपत्तिश्च निग्रहस्थानम्।**

न्यायदर्शन के पञ्चम अध्याय के द्वितीय आह्निक में बाइस निग्रह स्थानों के लक्षण और उदाहरण मिलते हैं। दिग्दर्शन के लिए प्रतिज्ञाहानि नामक प्रथम निग्रहस्थान का स्वरूप और उदाहरण यहाँ प्रस्तुत है। वादी पहले पञ्चावयव न्यायवाक्य का प्रयोग करके अपना मत स्थापित करता है। पश्चात् प्रतिवादी द्वारा इस स्थापना में दोष दिखाने पर उस दोष के निराकरण में असमर्थ वादी यदि साध्यधर्मी पक्ष आदि को छोड़ देता है तो उसे "प्रतिज्ञाहानि" नामक निग्रहस्थान से निगृहीत होना पड़ता है। वादी ने "शब्दोऽनित्य:" ऐसी प्रतिज्ञा की पश्चात् हेतु वाक्य से इसकी स्थापना करने पर प्रतिवादी यदि शब्द के नित्यत्व पक्ष में प्रमाण दिखाकर वादी के अनुमान में दोष दिखाता है और तब वादी उस दोष के निराकरण में असमर्थ होकर साध्यधर्मी अर्थात् पक्ष को ही बदल देता है। जैसे "मास्तु शब्दोऽनित्य: पर्वतोऽनित्य:" तो वादी प्रतिज्ञाहानि नामक निग्रहस्थान से निगृहीत हो जाता है। इसी तरह हेतु, दृष्टान्त तथा साध्यधर्म आदि तथा इनके विशेषणों को यदि छोड़ देता है तो उस स्थल में भी "प्रतिज्ञाहानि" होती है। इस तरह हमने यहाँ देखा कि पञ्चावयवात्मक न्यायवाक्य द्वारा पदार्थों का अवधारण ही अर्थ की परीक्षा है, जिसकी भूमिका वाद, जल्प तथा वितण्डा रूप कथा में देखी जाती है। संशय, प्रयोजन और दृष्टान्त इस न्यायवाक्य के पूर्वाङ्ग हैं, सिद्धान्त आश्रय है, अवयवसमष्टि उसका शरीर है, तर्क और निर्णय उसके उत्तराङ्ग हैं, हेत्वाभास, छल, जाति तथा निग्रहस्थान उस न्याय के परिशोधक हैं और प्रमाण उसकी आत्मा है। इस तरह प्रमेय को छोड़कर अन्य सभी न्यायसूत्र सम्मत पन्द्रह पदार्थ न्यायप्रयोग के उपयोगी होते हैं जिसका विहंगम दृष्टि से यहाँ प्रदर्शन हुआ। चूँकि प्रमेय के विषय में ही इस न्याय का प्रयोग होता है। अत: विषयविधया प्रमेयपदार्थ का भी समावेश यहाँ है ही।

मधुरेण समापयेत् इस लौकिक न्याय के आधार पर अब स्वतन्त्र रूप से संक्षेप में यहाँ प्रमाण और प्रमेय का परिचय प्रस्तुत है।

विदित ही है कि न्यायदर्शन में चार प्रमाण–प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द माने गये हैं। जो जिस विषयक यथार्थ ज्ञान का साधन होता है, वह वहाँ प्रमाण होता है। यथार्थ अनुभवात्मक ज्ञान का करण ही प्रमाण सामान्य का लक्षण है। प्रत्यक्ष ज्ञान इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष से होता है। अत: उक्त सन्निकर्ष ही प्रत्यक्ष प्रमाण है। क्रिया की सिद्धि में प्रकृष्ट उपकारक ही करण का स्वरूप माना गया है।

**क्रियाया: परिनिष्पत्तिर्यद्व्यापारादनन्तरम्।**
**विवक्ष्यते तदा तत्र करणं तत् प्रकीर्तितम्।।**

इस वाक्यपदीय की कारिका के आधार पर यह प्राचीन मत उपपन्न होता है। इन्द्रिय यहाँ प्रयोजक होता है। अतएव इन्द्रिय में भी प्रत्यक्ष प्रमाण का औपचारिक व्यवहार होता है। पुनश्च प्रत्यक्षज्ञान भी हान, उपादान और उपेक्षाबुद्धि का करण होता है। अत: वह भी प्रत्यक्ष प्रमाण माना जाता है। यह प्राच्य नैयायिकों की मान्यता है। नवीन नैयायिक व्यापार से युक्त कारण को करण मानते हैं **'व्यापारवत् कारणं करणम्'।** अतएव इनके मत में इन्द्रिय ही प्रत्यक्ष प्रमाण है सन्निकर्ष जो स्वयं व्यापार स्वरूप है अत: व्यापारयुक्तता उसमें संभव नहीं है। इन्द्रिय से ग्रहण करने योग्य गुण, क्रिया तथा जाति आदि पदार्थों के साथ इन्द्रिय का संयोग रूप संबन्ध संभव नहीं है। अत: यहाँ इन्द्रिय का अर्थ के साथ सन्निकर्ष का प्रयोग सूत्रकार ने किया है। जो संयोग, समवाय तथा समवेत समवाय आदि छह प्रकार के होते हैं।

अनुमान में हेतु और साध्य के सम्बन्ध का पहले प्रत्यक्ष ज्ञान होता है पश्चात् साध्य से संबद्ध हेतु का स्मरण होता है फिर अनुमिति होती है। हेतु व्याप्य होता है और साध्य व्यापक। 'पर्वतो वह्निमान् धूमात् ' इस अनुमिति में पहले महानस में वह्नि और धूम के संबन्ध का प्रत्यक्ष हुआ, पुन: पर्वत में अविच्छिन्नमूल धूम को देखकर जहाँ धूम रहता है उस स्थल में आग अवश्य होती है– इस तरह आग और धूम के साथ उन दोनों के सम्बन्ध का स्मरण होता है पश्चात् अनुमिति होती है। व्याप्तिविशिष्ट पक्षधर्मता का ज्ञान अर्थात् परामर्श **'वह्निव्याप्यधूमवान् पर्वतो वह्निमान् '** यहाँ साक्षात् करण होता है। किन्तु नवीन नैयायिक की दृष्टि इससे भिन्न है। वे कारण के व्यापार को नहीं व्यापारवान् कारण को करण मानते हैं। अतएव परामर्श का नहीं अपितु व्याप्तिज्ञान को अनुमान कहते हैं। प्रत्यक्ष ज्ञान की तरह यहाँ भी हान, उपादान तथा अपेक्षा बुद्धि रूप फल के प्रति अनुमिति भी करण होकर अनुमान होता है।

पहले से ज्ञातवस्तु के साधर्म्य से अज्ञातवस्तु का साधन उपमान प्रमाण है– **प्रसिद्धसाधर्म्यात् साध्यसाधनमुपमानम्।** गाय का असाधारण धर्म गवय में देखा जाता है। अतएव जिज्ञासा करने पर आरण्यक नागरिक को समझाता है कि गाय की तरह गवय भी होता है। पश्चात् नागरिक गवय को देखकर उसमें गाय का साधर्म्य प्रत्यक्ष करके सुनी हुई आरण्यक की बात का स्मरण करता है। पुन: गवय पशु में गवयशब्द की वाच्यता का निश्चय करता है। यह निश्चय प्रमाणान्तर से संभव नहीं है। अत: उपमिति की आवश्यकता उपपन्न होती है। यहाँ **'यता गोस्तथा गवय:'** इस पूर्वश्रुत आरण्यक वाक्य का स्मरण ही उपमान प्रमाण है।

उद्योतकर न्यायवार्त्तिक में पूर्वोक्त वाक्यार्थ के स्मरणसहकृत सादृश्य के प्रत्यक्ष को उपमिति का करण मानकर उपमान कहा है और आचार्य उदयन के मत में गवय में गाय के सादृश्य का प्रत्यक्ष ही उपमिति का करणरूप उपमान है। इस तरह उपमान के प्रसंग में दो आचार्य का मतभेद आकलनीय है। उपमिति भी उपमान प्रमाण हो सकती है यदि हान, उपादान तथा उपेक्षा बुद्धि रूप फल उससे संभावित हो।

मीमांसक की दृष्टि से उपमान का स्वरूप इससे भिन्न प्रतीत होता है। गवयत्व विशिष्ट गवय पशु में गवय शब्द के वाच्यत्व के बोधक उपमान का फल उपमिति नहीं है। अपितु

गवय पशु में गाय के सादृश्य के प्रत्यक्ष होने पर वह पूर्वदृष्ट गाय इस गवय के सदृश है– इस तरह से इस गो पदार्थ में प्रत्यक्षदृष्ट इस गवय के सदृश है– इस तरह से इस गो पदार्थ में प्रत्यक्षदृष्ट गवय के सादृश्य का ज्ञान होता है। यही उपमान का फल उपमिति है। इस प्रक्रिया में पूर्वदृष्ट गाय के प्रत्यक्ष नहीं रहने पर उसमें गवय के सादृश्य का प्रत्यक्ष नहीं हो सकता है।

''**दृष्टगाः पुरुषस्य तत्सदृशं गवयं पश्यतो यद् गोविषयकं गवयगतसादृश्यज्ञानम् तदुपमानम्। यथा गवयदर्शनं गोस्मरणस्य**'' इस शाबरभाष्य की पंक्ति का स्वारस्य यही प्रतीत होता है। अभिप्राय यह है कि मीमांसकगण ''**दृश्यमानसादृश्यजन्य गवयसादृस्यज्ञानमुपमानम्** '' ऐसा उपमान का लक्षण करते हैं। फलतः उपमान के लक्षण को लेकर मीमांसक तथा नैयायिक का मतैक्य नहीं है।

आप्तव्यक्ति का उपदेश या वाक्य ही शब्द प्रमाण है। जो व्यक्ति जिस विषय का तत्वज्ञ है और उस तत्त्व को प्रकाशित करने के लिए यथार्थ वाक्य का प्रयोग करता है, उसी व्यक्ति को उस विषय में आप्त माना जाता है। नैयायिक की दृष्टि में आर्यम्लेच्छादिसाधारण आप्त होता है। ऐसा नहीं कि जो रागादि का वशीभूत होकर भी अन्यथा नहीं कहे, ऐसा व्यक्ति ही आप्त है। अतएव रेलवे स्टेशन पर कुली भी आप्त है और अपना पिता माता एवं गुरु भी आप्त हैं, जो लोकव्यवहार तथा शास्त्र की शिक्षा देते हैं। यह शब्द दो प्रकार का होता है– दृष्टार्थक और अदृष्टार्थक। जिसका प्रयोजन दृष्ट है वह लौकिकवाक्य दृष्टार्थक कहलाता है। और जिसका प्रयोजन अदृष्ट है वह कर्मकाण्ड परक वैदिक वाक्य अदृष्टार्थक होता है। '**आप्तोपदेशः शब्दः। स द्विविधः दृष्टादृष्टार्थत्वात्** ' 1/1/7–8। इन गौतम सूत्रों का यही अभिप्राय है।

नवीन नैयायिकों ने वाक्य के अन्तर्गत विद्यमान पदसमूह के स्मरणात्मक ज्ञान को ही वाक्यार्थबोध का करण होने से शब्दप्रमाण कहा है। शाब्दबोध में पहले पद का ज्ञान और उसके बाद पदार्थ का स्मरण परम आवश्यक है। एक–एक पद से ज्ञान होने पर भी बाद में इन सभी पदों का समूहालम्बन स्मरण होता है पश्चात् उन सभी पदार्थों का स्मरण होता है। पदार्थस्मरण रूप व्यापार से युक्त पदस्मरण शाब्दबोध या वाक्यार्थबोध का करण होने से शब्दप्रमाण माना जाता है।

**पदज्ञानं तु करणं द्वारं तत्र पदार्थधीः।**
**शाब्दबोधः फलं तत्र शक्तिधीः सहकारिणी।।**

इस कारिका का भी यही तात्पर्य है। शक्तिज्ञान को यहाँ सहकारी कारण कहा गया है। वह पद और पदार्थ के सम्बन्धरूप में मान्य है। इस शब्द से इस अर्थ को समझना चाहिए, इस तरह की गुरुजन या ईश्वर की इच्छा रूप संकेत ही शक्ति पदार्थ है। इसी का दूसरा नाम अभिधा है। इस अभिधा के साथ आकांक्षा, योग्यता, आसत्ति और तात्पर्य ज्ञान को भी सहकारी माना जाता है। क्योंकि वाक्यार्थ घटक पद समूहों के अर्थ अभिधा से ज्ञात होने पर उन सब में पारस्परिक संसर्ग का बोध तो आकांक्षा आदि से ही संभव है। गदाधर भट्टाचार्य ने व्युत्पत्तिवाद की पहली पंक्ति में ही इस बात का संकेत किया है – '**शाब्दबोदे चैकपदार्थे अपरपदार्थस्य संसर्गः संसर्गमर्यादया भासते**'– यह संसर्गमर्यादा क्या है? आकांक्षा आदि की सहायता ही तो है। वह शब्द प्रमाण का विषय होता है। न्यायशास्त्र की आत्मा रूप इन चार प्रमाणों से ही

उपर्युक्त अवयवप्रणाली के द्वारा अर्थ की परीक्षा इस शास्त्र में होती है और तब तत्त्व का ज्ञान प्राप्त कर मुमुक्षु जन मोक्ष को और सांसारिक ऐहिक अभ्युदय को प्राप्त करते हैं– यही है प्रमाणों से अर्थ का परीक्षण, जिसे न्यायशास्त्र के कृत्य के रूप में न्यायभाष्यकार ने कहा है।

प्रमिति के आलम्बन तथा मुमुक्षुओं का प्रधान रूप से ज्ञेय विषय प्रमेय होता है। न्यायदर्शन में इसके बारह प्रभेद माने गये हैं– आत्मा, शरीर, इन्द्रिय, अर्थ, बुद्धि, मनः, प्रवृत्ति, दोष, प्रेत्यभाव, फल, दुःख तथा अपवर्ग। यद्यपि वस्तुमात्र जो प्रमाण से सिद्ध हो, वह प्रमेय कहलाता है। अतएव प्रमाण भी कदाचित् प्रमेय हो जाता है **''प्रमेया च तुलाप्रामाण्यवत्''** इस न्यायसूत्र का यही तात्पर्य है।

अभिप्राय यह है कि सुवर्ण आदि के गुरुत्वविशेष का निर्धारक तराजू प्रमाण होता है किन्तु कभी यदि उस तराजू के ही प्रमाण्य के विषय में सन्देह उपस्थित होता है तो दूसरे परीक्षित तराजू से उसके प्रामाण्य का अवधारण होता है। उस समय वह तराजू प्रमाण नहीं होकर प्रमेय हो जाता है। इसी तरह किसी पदार्थ का अवधारण प्रमाण से होता है, अतः अवधारक प्रमाण होता है किन्तु प्रमाण के प्रामाण्य के विषय में सन्देह होने पर प्रमाणान्तर से उसके प्रामाण्यस्थापन के समय वह सन्दिग्धप्रमाण प्रमेय हो जाता है।

अस्तु, विवक्षित विषय हैं द्वादशविध प्रमेय। इनके साक्षात्कार से सभी पदार्थ विषयक मिथ्याज्ञान का निरास होता है और अपवर्ग की सिद्धि होती है। अतः अपवर्ग के साधक तत्त्वज्ञान के विषय रूप में इन बारह प्रमेयों की चर्चा यहाँ की गयी है। इनमें प्रथम प्रमेय आत्मा और अन्तिम प्रमेय अपवर्ग उपादेय है और शेष शरीरादि दुःखान्त दश प्रमेय हेय माने गये हैं। न्यायदर्शन में आत्मा को नित्य, विभु तथा अनेक माना गया है और अपवर्ग दुःख की आत्यन्तिक निवृत्तिरूप है। इस अपवर्ग की प्राप्ति का उपाय न्यायदर्शन के द्वितीयसूत्र में **''दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः''** कहा गया है। तत्त्वज्ञान से मिथ्याज्ञान का नाश होता है और मिथ्याज्ञान के नाश से दोष का नाश, दोष के नाश से प्रवृत्ति का नाश होता है। यद्यपि प्रवृत्तिपद का अर्थ शुभाशुभ कर्म है किन्तु यहाँ प्रवृत्ति से उक्त कर्मजन्म धर्माधर्म का परिग्रह होता है। प्रवृत्ति के नाश से शरीर परिग्रहरूप जन्म नहीं होता और जन्म के अभाव में दुःख का अनुभव नहीं होगा, जो सर्वथा काम्य है। शरीरपरिग्रहात्मक जन्म के बाद दुःख अवश्यभावी है। अतएव दुःखनिवृत्ति के उपाय के उपदेश में न्यायदर्शन का कृतकृत्यता मानना होगा। **'छिन्ने मूले नैव पत्रं न शाखा'** इस लौकिकन्याय के अनुसार कारण के अभाव में कार्य का अभाव स्वभाव सिद्ध है। अतः तत्त्वज्ञान से उपर्युक्त सरणि का अवलम्बन कर व्यक्ति मोक्ष प्राप्त कर सकता है। तत्त्वज्ञान से अहंकार निवृत्ति की कथा महर्षि गौतम ने कण्ठतः कही है–

**दोषनिमित्तानां तत्त्वज्ञानादहङ्कारनिवृत्तिः।** (4/2/1)

यह अहंकारनिवृत्ति आत्मसंस्कार, योग, अध्यात्मविधि के उपाय–यम नियमादि तथा समाधि से संभव है। **तदर्थं यमनियमाभ्यामात्मसंस्कारो योगाच्चाध्यात्मविध्युपायैः।** 4।2।46। **समाधिविशेषाभ्यासात्** 4।2।48। आदि सूत्र ही यहाँ प्रमाण है।

❑❑

# वाराणसी के जल तीर्थों के अन्तर्गत पुष्कर एवं कुरुक्षेत्र तीर्थ

**- प्रो. शैलकुमारी मिश्र**

*(काशी मोक्षदायिनीतीर्थेषु अन्यतमा अस्ति। वैदिककालात् एव अस्याः चर्चा विद्यते। पुराणेषु काश्याः भौगोलिकस्थितेर्विशद्विवरणमुपलभ्यते। अस्याः अपरं नाम वाराणसी अस्ति। ब्रह्मपुराण-वायुपुराण-ब्रह्माण्डपुराण-ब्रह्मवैवर्तपुराण-नारदपुराण-मत्स्यपुराण-हरिवंशादिपुराणेषु काश्याः माहात्म्यं कथानकरूपेण वैशद्येन वर्णितं विद्यते। जैनबौद्धसाहित्येऽपि वाराणस्याः भौगोलिकचर्चावसरे तत्रत्यानां वनोद्यानवापीतडागकूपसरोवराणां जलतीर्थानां सुविस्तृतं वर्णनं विहितमस्ति। तेष्वेव कुरुक्षेत्रजलतीर्थस्य पुष्करजलतीर्थस्यापि उल्लेखो विद्यते। काश्याः सर्वेषां जलतीर्थानां जलं गंगेव पवित्रतमं पूज्यं चास्ति।)*

**कालेन कानि नष्टानि भग्नानि शिथिलान्यपि।**
**भूमौ कानि विलीनानि प्रकाशन्त्यपि कानिचित्।।**

*काशी केदार मा.22/26-91)*

भारतवर्ष एक धर्म प्रधान देश है। यहाँ का कण-कण तीर्थ है। देवता भी इस धरा पर अवतीर्ण होने के लिए समुत्सुक रहते हैं।

**''गायन्ति देवाः किल गीतकानि, धन्या नरा भारतभूमिभागे[1]''**

प्राचीन काल से ही हमारे ऋषियों, मुनियों ने अपनी तपस्या, त्याग और परोपकार से अपने निवास स्थान को तीर्थ शब्द से विभूषित किया है। वस्तुतः सम्पूर्ण भारतवर्ष में अनेक तीर्थ हैं, किन्तु उत्तर प्रदेश (उत्तराखण्ड सहित) तीर्थों के लिए प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश में भी काशी की जितनी महिमा है उतनी अन्य तीर्थों की नहीं है। काशी अति प्राचीन नगरियों में से एक है। छान्दोग्योपनिषद् कहता है -

**काश्यां विदेहकैवल्यं भवतीति सुनिश्चितम्।**
**काशी ब्रह्मैव साक्षाद्धि विदुषां श्रुतिचक्षुषाम्[2]।।**
**काशीदर्शनमात्रेण निष्पापो जायते नरः।**
**एकेन रेणुना काश्याः शुद्ध्यन्ति मलिनोजनाः[3]।।**

काशी का उल्लेख वैदिक काल से ही दृष्टिगोचर होता है, किन्तु तीर्थ के रूप में उसका विशद् विवरण प्रायः सभी पुराणों में तथा महाभारत में प्राप्त होता है। काशी विश्व के उन अति

प्राचीन नगरों में से एक है, जिसकी सातत्यता, अखण्डता, प्राचीनता एवं धार्मिक मान्यता त्रिसहस्राधिक वर्षों से अक्षुण्ण है। यतः पुराणों को धार्मिकता से आबद्ध माना जाता है अतः यहाँ सर्वत्र काशी को मोक्षदायिनी तीर्थ के रूप में स्वीकार किया गया है। पुराणों में काशी की भौगोलिक स्थिति के विस्तृत विवरण प्राप्त होते हैं। ब्रह्मपुराण, वायुपुराण, ब्रह्माण्ड पुराण, ब्रह्मवैवर्तपुराण, हरिवंश पुराण, नारद पुराण तथा मत्स्य पुराणों के अतिरिक्त महाभारत के वन पर्व में भी यात्रा प्रसंग में वाराणसी माहात्म्य के अनेक कथानकों का विवरण प्राप्त होता है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार सदाशिव की चैतन्य शक्ति ही काशी नाम से प्रसिद्ध है। यही अविमुक्त क्षेत्र, पंचक्रोश, रूद्रावास तथा वाराणसी नाम से जानी जाती है, किन्तु ये सभी एक ही पूर्ण सच्चिदानन्द सदाशिव के सनातन ज्योतिर्लिंग के वाचक हैं। परमेश्वर शिव ने एक बार अपनी चैतन्य रूपिणी शक्ति को स्वयं से पृथक् किया तब वही शक्ति काशीनाम से विख्यात् हुई और भगवान् शिव के वरदान स्वरूप क्षेत्रस्वरूपिणी-अधिष्ठात्री देवता हुई[4]। काशी वस्तुतः भारतीय संस्कृति की जो तीन मूलधारायें हैं – वैदिक, तान्त्रिक तथा पौराणिक इस त्रिवेणी की संगमस्थली है। पद्मपुराण में काशी क्षेत्र के चार परिणामों का उल्लेख है, जहाँ देहत्याग से भिन्न-भिन्न प्रकार की मुक्तियाँ प्राप्त होती हैं।

यद्यपि उपर्युक्त काशी, वाराणसी, अविमुक्त आदि समानार्थक हैं तथापि इनकी सीमा और महत्त्व में पर्याप्त अन्तर है। देखा जाये तो पूरा भारतवर्ष ही ऋषियों, मुनियों और देवताओं की लीला भूमि रहा है, किन्तु जो समग्र भारत में है वह काशी में है किन्तु जो काशी में है वह कहीं नहीं। काशी का क्षेत्र विस्तृत है। काशी के अन्तर्गत वाराणसी, वाराणसी के अन्तर्गत अविमुक्त तथा अविमुक्त के अन्तर्गत अन्तर्गृही क्षेत्र आता है। क्रमशः इनके महात्म्य भी पृथक्-पृथक् हैं। काशी क्षेत्र में सालोक्य मुक्त, वाराणसी में सारूप्य, अविमुक्त में सायुज्य तथा अन्तर्गृही में कैवल्य अर्थात् परम मुक्ति की प्राप्ति होती है। किन्तु एक बात पर सभी पुराणों की सहमति है- काशी में सूई के नोक भर भी ऐसा स्थान नहीं, जहाँ मरने वालों को मुक्ति न प्राप्त हो –

**सूच्यग्रमात्रमपि नास्ति ममास्पदेऽस्मिन्।**
**स्थानं सुरेश्वरी न यत्र मृतस्य मोक्षः[5]।।**

ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार पूरी काशी ही शिवलिंगात्मक स्वरूप है –

**काशतेऽत्र यतो ज्योतिस्तदनाख्येयमीश्वर।**
**अतो नामा परं चास्तु काशीति प्रथितं विभुः[6]।।**

काशी का परिमाण विस्तृत है। स्कन्द पुराण काशी खण्ड के अनुसार मध्यमेश्वर में देहली विनायक तक के चारों ओर गोलाकार काशी क्षेत्र माना गया है। काशी के अन्तर्गत वाराणसी है, जिसका परिमाण उत्तर में वरुणा, दक्षिण में असी, पूर्व में गंगा तथा पश्चिम में पाशपाणि विनायक तक हैं। काशी खण्ड में काशी से अधिक वाराणसी का महत्त्व बताया गया है –

**प्राप्त्वा वाराणसीं पुण्यां सिद्धिक्षेत्रमनुत्तमाम्।**
**परिनिष्क्रान्तुमन्यत्र कस्य जन्तो मतिर्भवेत्[7]।।**

**असिवरुणयोर्मध्ये पञ्चक्रोशमहत्तरम्।**
**अमरा मृत्युमिच्छन्ति का कथात्वितरेजनाः।।**

कहीं कहीं वरुणा के वरणा तथा असी नदी को नासी कहा गया है।

**वरणा च नदी नासी मध्ये वाराणसी तयो:[8]।**

जाबालोपनिषद् में वरुणा का अर्थ किया गया है – '**दोषान् वारयतीति वरणा**' तथा असी का अर्थ है – ''**पापान् नाशयतीति नाशी**''।।

सर्वानिन्द्रियकृतान् दोषान् वारयतीति वरणा भवति। सर्वानिन्द्रिकृतान् पापान् नाशयतति तेन नाशी भवतीति।

इसी उपनिषद् में अत्रि याज्ञवल्क्य संवाद में – अविमुक्तको ''वरणायां नास्यां च मध्ये प्रतिष्ठिता[9]'' कहा गया है। किन्तु वरुणा और असी शब्द ही अत्यधिक प्रचलित है। असि और वरुणा के सम्बन्ध में वामनपुराण में कहा गया है – 'प्रयाग में योगशायी भगवान् विष्णु के दक्षिण चरण से वरुणा और वाम चरण से असी नदी की उत्पत्ति हुई जो काशी क्षेत्र में गंगा में जाकर मिलती हैं।' अर्थात् वाराणसी यह नाम ही नदियों के द्वारा ख्यात हुआ है। वाराणसी भी तीन खण्डों में विभाजित है– ओंकारेश्वर खण्ड, विश्वेश्वर खण्ड, अथवा अविमुक्त खण्ड एवं केदारखण्ड। उत्तरोत्तर केदार खण्ड का महत्व अत्यधिक माना गया है –

**काशी सर्वप्राणिनां मोक्षदापि शिवाज्ञया।**
**तत्र केदारभू श्रेष्ठा यतो हिंसा न भैरवी।।**
**हिमाचलस्थात् केदारात् काशीकेदार उत्तमः।**
**यस्मात् साक्षाल्लिङ्गमूर्तिः काश्यामाविबर्भूव ह[10]।**
**हित्वा हिमाद्रिकेदारं विश्वेशकरुणाबलात्।।**

वस्तुतः सभी देवता अपने मूल स्थान में अंशमात्र से निवास करते हैं, किन्तु काशी में सभी देवता एवं सभी तीर्थ पूर्ण भाव से विद्यमान है।

**एतान्यायतानीश आनिनाय महान्ति च।**
**शेषयित्वांशमात्रं च तस्मिन् क्षेत्रे निजे-निजे[11]।।**

बौद्ध साहित्य, जैन साहित्य एवं पुराणों में वाराणसी के अनेक वनों, उद्यानों, नदियों, वापियों, तडागों, एवं कूपों का वर्णन मिलता है, जो कालान्तर में मानवीय आवासों के निर्माण के कारण अथवा विधर्मियों के द्वारा नष्ट किये जाने के कारण कुछ लुप्त हो गये, कुछ के नाम परिवर्तित या स्थान परिवर्तित किये गये। काशी का गंगा के साथ अनेक जल तीर्थों के कारण भी विशेष महत्व रहा है। इसीलिए इसका एक नाम अष्ट कूप या नौ बावलियों वाला नगर भी था। काशी के अन्य जल तीर्थ भी गंगा के समान ही पवित्र एवं पूज्य रहे हैं। पद्मपुराण[12], कृत्यकल्पतरु के अनुसार वाराणसी वैभव, काशी खण्ड तथा 'काशी का ऐतिहासिक भूगोल'[13] के मानचित्रों में वाराणसी के जल तीर्थों को दर्शाया गया है।

यहाँ मेरा वर्ण्य विषय है- वाराणसी के जल तीर्थों में कुरुक्षेत्र तीर्थ एवं पुष्कर तीर्थ। जैसा की ऊपर कहा गया है, सभी तीर्थ काशी में पूर्ण भाव से रहते हैं, अतः इन जल तीर्थों का भी अपना विशेष महत्व है।

काशी में अनेक ऐसे मंदिर तथा जल तीर्थ हैं जो पुराणोक्त से वर्तमान में दूसरे क्षेत्र में स्थित हैं संभवतः विधर्मियों द्वारा भग्न किए जाने पर प्रतीक रूप से दूसरे स्थान पर पुनः निर्माण किये गये। जैसे पाराशर्येश्वर – ओंकारेश्वर के समीप से कर्ण घण्टा के व्यासेश्वर के समीप आये और पुनः लोलार्क के समीप म.न. बी 2/21 में स्थित हैं।

**कालेन कानि नष्टानि भग्नानि शिथिलान्यपि।**
**भूमौ कानि विलीनानि प्रकाशन्त्यपि कानिचित्[14]।।**

**पुष्कर तीर्थ –**

पुनः स्थापित कुछ देवालयों के अन्तर्गत काशी खण्ड 74/52 के अनुसार शंकुकर्णेश्वर की पुनः स्थापना शंख धारा या शंखूधारा के पास हुई, और वहीं शुष्केश्वर महादेव थे जिनके उत्तर में सिद्धेश्वर जिनको काशीखण्ड में महासिद्धीश्वर कहा गया है और वहीं महासिद्धेश्वर कुण्ड भी था। कालान्तर में ओंकार क्षेत्र के अयोगन्धेश्वर की पुनः स्थापना यहाँ पर हुई तब उनके समीप का पुष्कर तीर्थ भी सिद्धेश्वर कुण्ड में आया और तभी से इसका नाम पुष्कर कुण्ड हुआ। मूलतः यह ओंकार क्षेत्र में होना चाहिये। संभवतः 12वीं सदी के बाद यहाँ आया होगा, क्योंकि ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने अपनी पुस्तक 'काशी का ऐतिहासिक भूगोल' के मानचित्र में सिद्धकूप और सिद्धेश्वर कुण्ड का उल्लेख किया है, किन्तु पुष्कर नाम नहीं है। वर्तमान में कुछ लोग कृमिकुण्ड तथा भवनिया गड़ही भी कहते हैं। यह असी संगम के समीप है। वस्तुतः अयोगन्धेश्वर कुण्ड का ही नाम पुष्कर–तालाब है। जिसका उल्लेख लिंग पुराण, कृत्य कल्पतरू प. 102 तथा काशी खण्ड 71/22 पर हुआ है।

इसके किनारे पर ब्रह्माजी की मूर्ति है, वहीं ब्रह्मा वेद विद्यालय है, तथा गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा स्थापित रामेश्वर मंदिर भी है। सम्प्रति इस स्थान तथा कुण्ड की देखभाल बड़ा अखाड़ा के महन्त श्री निरंजन, रेखदास जी करते हैं। प्रशासन की ओर से भी सफाई करायी गई है। किन्तु अभी शैवाल से पूरा कुण्ड भरा हुआ है।

मूलतः प्राचीन पुष्कर तीर्थ अजमेर जनपद में है। इस पुष्कर तीर्थ का उल्लेख पद्म पुराण 5/2853, वामन पुराण 22/19/65, ब्रह्माण्ड पुराण 3/34/99 में प्राप्त होता है। पुराणों में पुष्कर तीर्थ का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

**दुष्करं पुष्करं गन्तुं दुष्करं पुष्करे तपः।**
**दुष्करं पुष्करं दानं वस्तुं चैव सुदुष्करम्।।**
**त्रीणि शृङ्गाणि शुभ्राणि त्रीणि प्रसवणानि च**
**पुष्कराण्यादी सिद्धानी न विद्मस्तत्रकारणम्[15]।।**

तीर्थराज प्रयाग की तरह ही पुष्कर भी तीर्थराज माना जाता है। यह वर्तमान पश्चिमी उत्तर-प्रदेश में स्थित अजमेर शहर से 7 मील की दूरी पर स्थित है। पुष्कर क्षेत्र की तुलना पञ्च तीर्थों में तथा सरोवरों में की गई है। पञ्च तीर्थों में-पुष्कर, कुरुक्षेत्र, गया, गङ्गाजी तथा प्रभास तीर्थ का उल्लेख होता है। इस प्रकार पञ्च सरोवरों में मानसरोवर (हिमालय पर), पुष्कर बिन्दु सरोवर (सिद्धपुर) नारायण सरोवर (कच्छ) तथा पम्पा सरोवर है। जिस प्रकार देवताओं में भगवान् विष्णु श्रेष्ठ हैं उसी प्रकार पुष्कर की भी श्रेष्ठता बताई गई है।[16]

पुष्कर सरोवर तीन हैं– ज्येष्ठ पुष्कर, मध्य पुष्कर और कनिष्ठ पुष्कर। ज्येष्ठ के देवता ब्रह्मा, मध्य के देवता भगवान् विष्णु तथा कनिष्ठ के देवता भगवान रुद्र हैं। पुष्कर तीर्थ मुख्य रूप से ब्रह्मा जी का स्थान माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि ब्रह्मा जी की पूजा भारत वर्ष में मात्र यहीं होती है। यहाँ के मुख्यदेवता ब्रह्मा जी हैं। यहाँ के मन्दिर में चतुर्मुख ब्रह्मा जी की दाहिनी ओर सावित्री देवी तथा बायीं ओर गायत्री देवी का मन्दिर है। यहीं एक ओर सनकादि मुनियों की मूर्ती है और एक तरफ महर्षि नारद तथा कुबेर की मूर्तियाँ हैं।

पुष्कर का दूसरा मंदिर बद्रीनारायण जी का मंदिर है, यहाँ का प्राचीन वराह मंदिर विधर्मियों द्वारा नष्ट कर दिया गया था, जिसका पुनः निर्माण कराया गया है। पुष्कर सरोवर के किनारे अनेक मंदिर हैं। एक भगवान शिव का मुख्य मंदिर है, जिसे आत्मेस्वर, कपालेश्वर या अटपटेश्वर भी कहते हैं। यहाँ सावित्री तथा गायत्री देवी की मूर्तियाँ सरोवर के दोनों ओर पहाड़ियों पर स्थित है। गायत्री देवी 51 शक्तिपीठों में परिगणित है। प्रसिद्धि है कि यहाँ सती का मणिबंध गिरा था। पुष्कर तीर्थ से कुछ दूर पर यज्ञ तीर्थ है। यहाँ अगस्त्य आश्रम तथा अगस्त्य कुण्ड है। महर्षि अगस्त्य ने ही ब्रह्माजी का यज्ञ संपन्न कराया था।

ज्येष्ठ पुष्कर से दो मील दूर मध्यम तथा कनिष्ठ पुष्कर हैं। मध्यम पुष्कर अत्यन्त विशाल एवं काफी गहरा है। पुष्कर तीर्थ की चार परिक्रमायें हैं, पहली परिक्रमा छः मील है, दूसरी मध्यवेदी परिक्रमा 10 मील की तीसरी प्रधान वेदी परिक्रमा 24 मील की और चौथी बहिर्वेदी परिक्रमा 848 मील की इन परिक्रमाओं के मध्य अनेक मंदिर तथा ऋषियों के आश्रम हैं।

पुष्कर में सरस्वती नदी में स्नान का अति महत्व है यहाँ यह नदी पाँच नामों से जानी जाती है– सुप्रभा, काञ्चना, प्राची, नन्दा, और विशालिका। यहाँ से 12 मील की दूरी पर नन्दा और प्राचीन सरस्वती का संगम भी बताया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार ब्रह्मा जी विष्णु के नाभि कमल द्वारा अपने प्राकट्य स्थल पर यज्ञ की इच्छा से आये, वहीं अपने हाथ के कमल से वज्रनाभ नामक राक्षस का वध किया। ब्रह्मा जी का कमल जिस स्थान पर गिरा, वहीं सरोवर बना, जो पुष्कर तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यहीं श्रीरंगजी का भव्य मन्दिर भी है। कार्तिक पूर्णिमा में स्नान तथा तीर्थ वास का यहाँ बहुत महत्त्व है-

**यथा सुराणां सर्वेषामादिस्तु पुरुषोत्तमः।**
**तथैव पुष्करं राजन् तीर्थानामादिरुच्यते।।**

यस्तु वर्षशतं पूर्णमग्निहोत्रमुपाचरेत्।
कार्तिकीं वा वसेदेकां पुष्करे सममेव तत्[17]।।

**कुरुक्षेत्र कुण्ड-**

वाराणसी वैभव के अनुसार काशी में यह कुण्ड असी क्षेत्र के तीर्थों में से एक है, जो वर्तमान में गोयनका संस्कृतमहाविद्यालय से पश्चिम पंच मंदिर होते हुए रवीन्द्रपुरी कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर दाहिनी ओर स्थित है। यहीं स्थाणु शिवलिंग है। उत्तर की ओर साधुवेला के समीप सन्निहत्या या संनिहित सर है जो वर्तमान में 'सोनहटिया गड़ही' के रूप में जाना जाता है। इसी नाम का मुहल्ला भी है। समीप में ही गोयनका के अन्दर सिद्धिकूप और सिद्धीश्वर मंदिर है। कुरुक्षेत्र कुण्ड के पास ही एक शिवलिङ्ग है, संभवतः यही स्थाण्वीश्वर महादेव हैं। वाराणसी वैभव के अनुसार यह शिवमूर्ती म.नं. 2/246 में है। वर्तमान में भास्कर भवन में रहने वाले शाकद्वीपीय ब्राह्मण परिवार के लोग इसकी देख-रेख करते हैं। कहते हैं यह औरंगजेब के समय में तोड़ दिया गया था, पुनः रानी भवानी ने इस मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया। मूल रूप से यह कुण्ड हरियाणा राज्य के पानीपत स्थित कुरुक्षेत्र के प्रतीक के रूप में स्थित है। कुरुक्षेत्र कुण्ड का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्त्व प्राचीन काल से ही आख्यायित है। पहले कुण्ड में पर्याप्त जल होता था। धीरे-धीरे, रख-रखाव में उपेक्षा एवं प्रदूषण के कारण भी यह अपने अस्तित्व को खो रहा है। पुराने लोगों के अनुसार पूर्व में इसका जल स्नान, पूजा एवं पीने के भी योग्य था। सूर्यग्रहण पर यहाँ स्नान करने का विशेष महत्त्व है। वर्तमान समय में भी जल पर्याप्त है। प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के प्रयास से उसको पुनः अपने प्राचीन एवं पवित्र स्वरूप में लाया जा सकता है। कुण्ड के दक्षिण तट पर कई प्राचीन मूर्तियाँ हैं, जो कुण्ड के साथ ही अपनी भी संरक्षण की प्रतीक्षा में हैं।

**प्राचीन कुरुक्षेत्र तीर्थ-**

कुरुक्षेत्रं गमिष्यामि कुरुक्षेत्र वसाम्यहम्।
य एवं सततं ब्रूयात् सोऽपि पापैः प्रमुच्यते।।
दक्षिणेन सरस्वत्या दृषद्वत्युत्तरेण च।
ये वसन्ति कुरुक्षेत्रे ते वसन्ति त्रिविष्टपे।।
गत्वा ही श्रद्धया युक्तः कुरुक्षेत्रं कुरुद्वह।
फलं प्राप्नोति च तदा राजसूयाश्वमेधयोः[18]।।

कुरुक्षेत्र का महात्म्य शतपथ ब्राह्मण, वृहज्जाबालोपनिषद् , यजुर्वेद तथा प्रायः सभी पुराणों में वर्णित है। कुरुक्षेत्र के पावन भूभाग में सरस्वती नदी के तट पर ऋषियों ने सर्वप्रथम वेदों का उच्चारण किया था। पाण्डवों तथा कौरवों ने इसी भूमि को महाभारतीय समर का युद्धाङ्गण बनाया। यहीं भगवान श्रीकृष्ण ने विश्व को गीता का उपदेश दिया था तथा यहीं महर्षि वेदव्यास ने प्रसिद्ध ऐतिहासिक ग्रन्थ महाभारत की रचना की।

**पौराणिक महत्त्व-**

कुरुक्षेत्र अर्थात् 'कुरु का खेत'। कुरु महान् प्रतापी एवं अत्यन्त धर्मनिष्ठ राजा था। एक बार कुरु ने 48 कोश की भूमि को हल द्वारा जोत कर कृषि के लिए तैयार किया। भगवान् विष्णु ने पूछा- इस खेत में क्या बोवोगे? बीज कहाँ है? 'कुरु ने कहा'- बीज मेरे हाथ में है। विष्णु ने चक्र के द्वारा उसके भुजाओं के सहस्रों टुकड़े करके भूमि में बो दिया। भगवान् विष्णु के वरदान स्वरूप वह क्षेत्र धर्मक्षेत्र के रूप में कुरु के नाम से विख्यात् हुआ। यहाँ जो भी पुण्य कर्म किये जाते हैं, वे अक्षय होते हैं। मूल कुरुक्षेत्र का विस्तार 50 मील लम्बा और उतना ही चौड़ा भी है। पुराणों में इसका समस्त भू-भाग अति पवित्र माना गया है। इस पुण्य क्षेत्र में अनेक पवित्र नदियाँ हैं, जिसमें सरस्वती प्रमुख है। प्राचीन काल में सात नदियाँ, सात वन एवं कई पवित्र सरोवर तथा कूप का वर्णन मिलता है। यहाँ के पाँच प्रमुख नदियों का उल्लेख वामन तथा विष्णुधर्मोत्तर पुराण में मिलते हैं। प्रमुख सरोवरों में ब्रह्म सर, ज्योतिसर, स्थाने-सर तथा संनिहित सर हैं। ब्रह्म सर विस्तृत सरोवर होने के कारण, आजकल कुरुक्षेत्र के नाम से जाना जाता है। यहीं संनिहित सर है जो ब्रह्म सर से छोटा है। सूर्यग्रहण के अवसर पर यहाँ स्नान, श्राद्ध तर्पण का अत्यधि महत्व है -

**पुनः संनिहित्यां वै कुरुक्षेत्रे विशेषतः।**
**अर्चयेच्च पितृंस्तत्र स पुत्रस्त्वनृणो भवेत्[19]।।**

ब्रह्मसर को ही समन्त पंचक तीर्थ भी कहते हैं। स्थानेसर भी यहाँ पवित्र सरोवर है, इसी को स्थाण्वीश्वर तीर्थ भी कहते हैं। वामन आदि पुराणों में इस तीर्थ की बड़ी महिमा बताई गई। कथा है कि पाण्डवों ने विजयकामना से स्थाण्वीश्वर की पूजा की थी।

यहाँ अनेक प्राचीन तीर्थ हैं, जिनमें कुछ नामशेष हैं, या बहुत सीमित दायरे में स्थित हैं। भद्रकाली मंदिर, वाणगंगा, कुबेर तीर्थ, मारकण्ड तीर्थ, वामन कुण्ड आदि। यहीं ज्ञान के स्रोत ज्योति सर में भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। विशेष रूप से यहाँ सूर्यग्रहण तथा सूर्य की पूजा का महत्व है। यही कुरुक्षेत्र प्रतीक रूप में काशी में भी विद्यमान है, यहां भी संनिहित सर तथा स्थाण्वीश्वर महादेव का मंदिर है। पूर्व में ये सभी तीर्थ तथा मन्दिर काशी स्थित कुरुक्षेत्र के आस पास रहे होंगे। आज भी सूर्य ग्रहण के अवसर पर लोग काशी स्थित कुरुक्षेत्र सरोवर में स्नान करते हैं। इसी लिये पुराणों की यह उक्ति सर्वथा सत्य है कि जो अन्यत्र है वे सभी काशी में हैं और जो काशी में है वह अन्यत्र कहीं नही है।

**सन्दर्भः-**

1. विष्णुपुराण
2. छा.उप. 3/8/2.
3. का.खण्ड 46/31
4. काशी का सांस्किक एवं पुराणेतिहासिक स्वरूप पृ.47
5. पद्म पुराण त्रिस्थली सेतु पृ. 293
6. काशी खण्ड त्रिस्थली सेतु पृ. 88
7. काशी खण्ड भाग - 364/09
8. अग्नि पुराण 112/6
9. जाबालोपनिषद् ,
10. काशी केदार माहात्म्य- अ. 39, पृ. 559, श्लोक 35, 36, 37
11. काशी खण्ड- 69.160
12. काशी का ऐतिहासिक भूगोल- पृ. 135
13. वाराणसी वैभव - मानचित्र-4
14. काशी केदार माहात्म्य-22/86
15. पद्म पुराण आदि खण्ड 11/34, 35
16. पद्म पुराण आदि खण्ड 11/अध्याय
17. महाभारत वन पर्व (तीर्थ यात्रा) 82
18. महाभारत वन पर्व (तीर्थ यात्रा) 83-27
19. वामन पु. अ.22/श्लोक 17

**सन्दर्भ ग्रन्थ-**


1. काशी का ऐतिहासिक भूगोल (प्रारम्भ से 12वीं शती तक। डॉ. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, दिल्ली)
2. वाराणसी वैभव - पं. कुबेरनाथ सुकुल-बिहार राष्ट्र भाषा परिषद, पटना
3. सोमेश्वर कृत मानसोल्लास-एक सांस्कृतिक अध्ययन-डॉ. शिक्शेखर मिश्र, चौखम्बा विद्याभवन 1966
4. काशी महात्म्य-स्वामी शिवानन्द विरचित, सं.सं.वि.वि., वाराणसी
5. काशी का सांस्कृतिक एवं पुराणैतिहासिक स्वरूप-डॉ. जगदीश नारायण दुबे, वाराणसी।
6. काशी केदार महात्म्य
7. काशी खण्ड-भाग 3
8. कल्याण तीर्थाङ्क विशेषांक-गीता प्रेस, गोरखपुर,
   अन्य-पद्म पुराण, वामन पुराण, ब्रह्माण्ड पुराण, वायु पुराण


❒❒

# संस्कृत साहित्य में रस निरूपण

- प्रो. गिरिजाशङ्कर शास्त्री

*(अपारे काव्यसंसारे रसचर्चा सर्वत्र प्राप्यते परन्तु रसस्वरुपविषये अर्वाचीनालोचक-प्राचीनालङ्कारिकयोर्मध्ये मतैक्यं न प्राप्यते। रसास्वादस्य किं स्वरुपं वर्तते अस्मिन्नेव विषये महान् विवादो दृश्यते। आलोचकानां महान् समूहः रसस्य आनन्दात्मकं सुखात्मकं च स्वरूपं स्वीकरोति। परन्तु कतिपयालोचकानां दृष्टौ रसानां सुखानुभूतौ तारतम्यं वर्तते इति स्वीकुर्वन्ति। एकैव प्रकारिकानुभूतिः सर्वेषु रसेषु नोत्पन्ना भवति। कुत्रचित् मात्रा तीव्रा भवति कुत्रचित् न्यूना। नैकालोचकाः सर्वेषु रसेषु सुखानुभूतिं न स्वीकुर्वन्ति। तेषां दृष्टौ रसानुभूतिः निश्चितमेव सुखात्मिका वर्तते परन्तु करूण-भयानक-वीभत्स-रौद्रादिरसानामनुभूतिः दुःखात्मिका वर्तते वा सुखदुःखोभयात्मिका वर्तते। अतोऽत्र संस्कृतसाहित्ये रसस्वरुपमधिकृत्य किञ्चिदत्र प्रस्तूयते।)*

संस्कृत भाषा में 'साहित्य' शब्द से मिलता जुलता एक अन्य शब्द है 'सौहित्य' दोनों का प्रधान लक्ष्य 'रस' है। 'दधाति इति हितम्'। धाता या विधाता शब्दों में जो 'धा' धातु है वही 'हित' शब्द में भी है। महर्षि पाणिनि का सूत्र है '**दधातेर्हिः**'[1]। अर्थात् धा धातु को 'हि' आदेश हो जाता है। जगद्धाता अर्थात् जगत् को बनाने वाला। जो बना वह है 'हित'। 'हितेन सह सहितम्' तस्य भावः साहित्यम्। इसी तरह 'सु-शोभनं हितं सुहितम् , तस्य भावः सौहित्यम्'। साहित्य शब्द का प्रचलित अर्थ है- ऐसा वाक्य समूह अथवा ऐसा ग्रन्थ जिससे दूसरों के सहित पढ़ने या सुनने अथवा देखने से जो तृप्ति, आनन्द, स्वाद या रस प्राप्त हो उसे साहित्य कहते हैं। प्रारम्भ में साहित्य शब्द का अर्थ काव्यात्मक रचना से युक्त माना जाता था पर वर्तमान में प्रायः सभी विषयों के साथ साहित्य शब्द प्रयुक्त होने लगा है। जैसे- संस्कृत साहित्य, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, उर्दू साहित्य, अरबी साहित्य, फारसी साहित्य, ज्योतिष साहित्य, खगोल साहित्य, आयुर्वेद साहित्य, वैदिक साहित्य, गणित साहित्य, भूगोल साहित्य इत्यादि। किन्तु जब बिना विशेषण के विशेष्य अर्थ में साहित्य शब्द प्रयुक्त होता है तब उसका अर्थ काव्य साहित्य ही होता है। जैसे सब प्रकार की गणनाओं का शास्त्र 'गणित', ग्रह-नक्षत्रादि की गतियों का 'ज्योतिष', रोगों की चिकित्सा का 'आयुर्वेद' है, वैसे ही सभी प्रकार की कविताओं का शास्त्र 'साहित्य-शास्त्र' है। जिसके ज्ञान से मनुष्य के ऐहिक तथा पारलौकिक व्यवहार में सहायता प्राप्त हो, वही साहित्य शास्त्र है अथवा जिस विधा से काव्य का तत्त्व,

रहस्य, मर्म तथा उसके अवान्तर अंग, परस्पर स्पष्ट रूप से जाने जाते हैं, और जिससे कविता के गुण-दोष के विवेक की शक्ति उत्पन्न होती है वही 'साहित्य-शास्त्र' है।

'सौहित्य' शब्द का अर्थ है उत्तम रसमय भोजन और तज्जनित तृप्ति। अर्थात् भोजनादि में जो रस प्राप्त होता है उसे सौहित्य कहते हैं। मनु स्मृति में कहा गया है-

**न भुञ्जीतोद्धृतस्नेहं नातिसौहित्यमाचरेत्।**
**नातिप्रगेनातिसायं न सायं प्रातराशितः।।**[2]

उत्तम भोजन भी अति मात्रा में नहीं करना चाहिए, अतितृप्ति भी नहीं होनी चाहिए। यही बात यदि साहित्य रस के विषय में कहा जाय तो भी अत्युक्ति नहीं होगी। जैसे अति सौहित्य से, विशेषकर तीव्र रसवाले चटनी-अचार और खटाई-मिठाई के व्यञ्जनों की अधिकता से, शरीर में व्याधि उत्पन्न होती है, वैसे ही अति साहित्य से, अति मात्र रसों और अलंकारों की ही चर्चा से, चित्त में आधि, विकार, शैथिल्य, दुर्बलता आदि उत्पन्न होने लगती है। इसीलिए कहा गया है- 'अति सर्वत्र वर्जयेत् '। अभिप्राय यह है कि जैसे जिह्वा का रस 'सौहित्य' में प्रधान है, वैसे ही मन, बुद्धि आदि का रस 'साहित्य' में। जिह्वा के कुल छः रस हैं। कटु, अम्ल, मधुर, लवण, तिक्त एवं कषाय। जबकि हृदय (अन्तःकरण, मन, बुद्धि आदि) के नव रस हैं। जैसा कि वाग्देवतावतार आचार्य मम्मट कहते हैं-

**नवरसरुचिरां निर्मितिमादधती भारती कवेर्जयति।**[3]

अर्थात् शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयायनक, बीभत्स, अद्भुत तथा शान्त ये कुल नौ रस हैं।

दोनों प्रकार के रसों का स्वारस्य श्रीमद्भागवत महापुराण में एकसाथ दृष्टिगोचर होता है। जिसके पढ़ने या सुनने से कभी भी अति तृप्ति नहीं होती। व्यक्ति कभी अघाता ही नहीं।

**निगमकल्पतरोर्गलितं फलं शुकमुखादमृतद्रवसंयुतम्।**
**पिबत भागवतं रसमालयं मुहुरहो रसिका भुवि भावुकाः।।**[4]

सूत जी कहते हैं हे रस के मर्मज्ञ सज्जनों! यह श्रीमद्भागवत वेदरूप कल्पवृक्ष का पका हुआ फल है। श्रीशुकदेव रूपी तोते के मुख का सम्बन्ध हो जाने से यह परमानन्दमयी सुधा से परिपूर्ण हो गया है। इस फल में कुछ भी त्याज्य नहीं है। यह मूर्तिमान रस है। जब तक शरीर में चेतना रहे तब तक इस दिव्य भगवत् रस का निरन्तर पान करते रहो। यह पृथ्वी पर ही सुलभ है।

'रस' क्या है? इसके अनेक अर्थ कोषकारों ने किये हैं यथा- स्नेह, प्रेम की अनुभूति, सौन्दर्य, लावण्य, सत, सार तत्त्व, सर्वोत्तमभाग, शरीर के संघटक द्रव्य, वीर्य, पारा, तरल पदार्थ आदि-आदि। तथापि 'रस' का मुख्य अर्थ 'जल' 'द्रव' है। अमरकोष में जल के पर्यायों में 'घनरस' है।

**मेघपुष्पं घनरसः।**[5]

शब्दार्णव में कहा गया है कि **नारं घनरसः पुमान्।** रत्नकोषकार भी कहते हैं **घनरसमम्बु क्षीरं घृतममृतं जीवनं भुवनम्।** अर्थात् जीवन देने वाला बादलों का जल ही रस है। महाकवि कालिदास भी कहते हैं–

**प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्।**
**सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः।।**[6]

वाल्मीकि रामायण में भी भगवान् श्रीराम वर्षा ऋतु का वर्णन करते हुए लक्ष्मण जी से जल के लिए रस शब्द का प्रयोग करते हुए कहते हैं। यह आकाशस्वरूपा तरुणी सूर्य की किरणों द्वारा समुद्र का रस पीकर कार्तिक आदि नौ मासों तक धारण किये हुए गर्भ के रूप में जल रूपी रसायन को जन्म दे रही है। यथा–

**नवमासधृतं गर्भं भास्करस्य गभस्तिभिः।**
**पीत्वा रसं समुद्राणां द्यौः प्रसूते रसायनम्।।**[7]

रस के 'आस्वादन', चषण, चखने से जो 'अनुभव' हो उसको भी 'रस' कहते हैं। आम, अनार, अमरूद, अंगूर, इमली, ईख आदि का रस–यह सब उसके 'विशेष' हैं। क्षुधा निवृत्ति के लिए भोजन करना तथा रसास्वादन हेतु भोजन करना दोनों में पर्याप्त अन्तर है। जैसे यदि भूखा व्यक्ति शीघ्रता से मीठे फलों को खाए उसको स्वाद तो अवश्य आयेगा, पर भूख की मात्रा अधिक और स्वाद की मात्रा कम रहने से 'रस' नहीं आयेगा। खा चुकने पर जब उसके मुँह पर मुस्कुराहट और आँखों में चमक दिखायी पड़े और वह कहे कि 'अमुक फल बड़ा मीठा था' तब जानना चाहिए कि उसको 'रस' आया। ऐसे ही, दो मनुष्य, क्रोध में भरे, एक दूसरे पर लाठी से प्रहार कर रहे हों तो दोनों का 'भाव' रौद्र अवश्य है, पर उनको 'रौद्र का रस' नहीं आ रहा है। किन्तु, यदि एक दूसरे को चोट पहुँचाकर गिरा दे, हरा दे और तब कहे– 'क्यों, और लड़ोगे, फिर ऐसा करोगे, अब आगे ऐसी हिम्मत न करना अन्यथा हड्डी पसली एक कर देंगे, तब उसको रौद्र 'रस' आया, ऐसा जानना चाहिए। किसी दुःखी, पीड़ित व्यक्ति को देखकर मन में करुणा उत्पन्न हो, दया आये उसको अन्न, धन, वस्त्र या औषधि आदि देने पर यह वृत्ति उत्पन्न हो– 'कैसा दुःखी था, कैसा दरिद्र था, कैसा कृपापात्र था' तब करुण रस जानना चाहिए। महापुरुषों का चरित्र सुनने मात्र से भक्ति रस उत्पन्न नहीं होता अपितु जब यह वृत्ति आती है कितना उदार चरित्र था तब भक्ति रस का आना हुआ। इसी प्रकार यदि किसी को अपने प्रतिद्वन्द्वी से किसी विषय में तीव्र ईर्ष्या जलन का भाव हो और वह अपने मित्रों से यह कहे कैसा पापी है? कैसा दुष्ट है? तब जानना चाहिए कि इसे ईर्ष्या का रस आ रहा है। पहलवान जब बार–बार अपनी भुजा को देखे और ताल ठोक कर प्रसन्न होवे अथवा अपनी मूँछें ऐंठे, तब समझना चाहिए कि इसे अपने बल का रस आ रहा है। ऐसे ही सुन्दर स्त्री–पुरुष अपने रूप को 'दर्पण' में देखकर जब आनन्दित हो तब जानना चाहिए कि ये अपने सौन्दर्य

का रस ले रहे हैं और जैसे व्यक्ति मिर्च आदि तीक्ष्ण वस्तुओं को चीखकर 'सी–सी' करते हैं फिर भी चीखना चाहते हैं, इससे सिद्ध है तीतेपन में भी सुख मिल रहा है। यही स्थिति पान के साथ अधिक तम्बाकू खाने वाले व्यक्तियों की देखी जाती है हिचकी लेते रहते हैं आँख से अश्रु प्रवाहित हो रहा है प्राण संकट में हैं तथापि वे उसमें सुख मानते हैं और आनन्दित होते रहते हैं। यही दशा साहित्य के उन रसों की भी है जिनके 'भाव'- भय, बीभत्स, करुणा आदि- दुःखद भी हैं, पर उनके स्मरण में सुखमय रस उत्पन्न होता है। रामलीला में राम का विलाप चाहे सीता हरण के समय का हो या फिर लक्ष्मण के मूर्च्छा का, जब राम रोते हैं तो अधिकांश दर्शक रो पड़ते हैं किन्तु रोने के बाद वही दर्शक अत्यन्त आनन्दित होकर कहते हैं बहुत सुख मिला। भाव यह है कि अबुद्धिपूर्वक–अनिच्छापूर्वक–'स्वाद' नहीं, किन्तु बुद्धिपूर्वक, इच्छापूर्वक, 'आस्वादन' की अनुशयी चित्तवृत्ति का नाम 'रस' है, भाव का अनुभव रस नहीं है। उस अनुभव का स्मरण आस्वादन, रसन ही रस है। '**भावस्मरणं रसः**'। आस्वादन कहते हैं अस्मिता के बोध को। जैसे 'मैं क्रोधवान् हूँ, मैं करुणावान् हूँ, मैं शोकवान् हूँ, मैं भक्तिमान् हूँ, मैं ईर्ष्यावान् हूँ, मैं बलवान् हूँ, मैं रूपवान् हूँ। अर्थात् मैं हूँ–यही रस का सार–तत्त्व है।

श्रुति कहती है कि- **पुरुषः प्रज्ञानेन, विज्ञातं वदति, विज्ञातं पश्यति, पशवः न विज्ञातं वदन्ति, न विज्ञातं पश्यन्ति।** अर्थात् पशु जानते हैं, देखते हैं, बोलते हैं, पर यह नहीं जानते कि हम जान, देख, बोल रहे हैं। मनुष्य जानता, देखता बोलता है और साथ ही साथ यह भी जानता है कि हम जान, देख, बोल रहे हैं। इसलिये पुरुष में आत्मा का आविर्भाव सब प्राणियों से अधिक है, उसमें प्रज्ञान भी है। आत्मज्ञान का आरम्भ मनुष्य योनि में पहुँचकर जीव को होता है। इसीलिए '**मोक्षस्तु मानवे देहे**' कहा गया है। किन्तु पशु, पक्षी सर्वथा रस विहीन हैं ऐसा नहीं कहा जा सकता है– श्रुति वचन भी मानव के सापेक्ष कही गयी है। क्योंकि पशु, पक्षी भी 'खेलते' हैं। महाकवि कालिदास मेघदूत में कहते हैं–

**आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुं वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श।।**[8]

मार्कण्डेय पुराण में भी कहा गया है– पशु, पक्षी और मृग आदि सभी प्राणी समझदार होते हैं। मनुष्यों की समझ भी वैसी ही होती है, जैसी उन और पक्षियों की होती है तथा जैसी मनुष्यों की होती है, वैसी ही उन मृग–पक्षी आदि की होती है। इन पक्षियों को तो देखो, ये स्वयं भूख से पीड़ित होते हुए भी मोहवश बच्चों की चोंच में कितने चाव से अन्न के दाने डाल रहे हैं।

**यतो हि ज्ञानिनः सर्वे पशुपक्षिमृगादयः।**
**ज्ञानेऽपि सति पश्यैतान् पतङ्गाञ्छावचञ्चुषु।।**
**कणमोक्षादृतान्मोहात्पीड्यमानानपि क्षुधा।**
**मानुषा मनुजव्याघ्र साभिलाषाः सुतान् प्रति।।**[9]

'खेलना', 'क्रीडा', तथा 'लीला' का मर्म 'आत्मानुभव रस' ही है। मुँह से, व्यक्त वाणी से, पशु, पक्षी भले ही यह नहीं कह सकते हैं कि हमको यह अनुभव हो रहा है, पर ऐसा कह

सकने का बीज उनमें है अवश्य। और होना उचित ही है, क्योंकि वे भी तो परमात्मा चैतन्य की ही कला हैं। अस्तु!

जैसे पारमार्थिक 'आनन्द', ब्रह्मानन्द का पर्याय है वैसे व्यावहारिक अस्मिताऽनुभवरूपी 'रस' लौकिक काव्यसाहित्य से सम्बन्ध रखने वाला 'आनन्द' का पर्याय है। यह आनन्द उस आनन्द की, यह रस उस रस की ही छाया है। जैसा कि आचार्य विश्वनाथ रस की परिभाषा करते हुए कहते हैं–

**सत्त्वोद्रेकादखण्डस्वप्रकाशानन्दचिन्मय।**
**वेद्यान्तरस्पर्शशून्यो ब्रह्मास्वादसहोदरः।।**
**लोकोत्तरचमत्कारप्राणः कैश्चित्प्रमातृभिः।**
**स्वाकारवदभिन्नत्वे नायमास्वाद्यते रसः।।**[10]

सत्त्व का उद्रेक होने के कारण, कुछ प्रमाताओं (सहृदयों) द्वारा अखण्ड (अद्वितीय) स्वयम्प्रकाश-स्वरूप, आनन्दमय, अनुभूयमान अन्य विषय के संस्पर्श से शून्य, ब्रह्मास्वाद सहोदर (सवितर्कसमाधिकल्प) अलौकिक चमत्कार से अनुप्राणित इस रस का, अपने आकार की ही भाँति अभिन्न रूप से आस्वादन किया जाता है।

सामान्य दृष्टि से विचार करने पर यह प्रतीत होता है कि ब्रह्मास्वाद का सहोदर काव्यास्वाद नहीं है। प्रत्युत उसका प्रतिबिम्ब (विवर्त्त) है। 'लोकोत्तर' भी कैसे कह सकते हैं। लौकिक विशेष अनुभवों को लेकर ही तो, काव्यसाहित्य के 'रस' की चर्चा है। 'कैश्चित्प्रमातृभिः' अर्थात् सहृदय को ही रसानुभूति होती है यह वाक्य भी पूर्णतया सत्य नहीं है। कारण किसी को कम, किसी को अधिक पर कुछ न कुछ 'रस' तो मनुष्य-मात्र के अनुभव में होता है। ऊपर कहा कि पशु, पक्षी तक खेलते वात्सल्य प्रेम करते हैं, दुःखी भी होते हैं। और खेलना, तथा हँसना, और सिसककर आँसू बहाकर रोना (जो चोट के कारण चिल्लाने से भिन्न है) बिना रस के नहीं हो सकता। हँसना, रोना ये दोनों 'अनुभाव' पशुओं, पक्षियों में नहीं दिखायी देते किन्तु मानव-बालकों में जो अभी काव्यानुशीलन नहीं किये हैं ऐसे अधिकांश में दिखायी देता है। यदि साहित्यदर्पणकार लोक में देखते तो उनको स्पष्ट विदित होता कि सर्वकालों में यत्र तत्र कतिपय नटखट बच्चे हास्य, रौद्र, भयानक, वीर, अद्भुत रसों के ज्ञाता हैं। बूढ़ों की नकल करना, उनको चिढ़ाकर भागना, एक दूसरे को डराना, शूरवीर की नकल करना ये सब बाल्यावस्था में स्वाभाविक हैं, और रसप्रमातृत्व के प्रमाण हैं। तथापि **वैशेष्यास्तु तद्वादः।** विशेष अर्थों में कहा गया उपर्युक्त लक्षण ठीक है।

रस की महत्ता को सभी आचार्यों ने स्वीकार किया है। साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ कहते हैं– **वाक्यं रसात्मकं काव्यम्। ' रस एवात्मा साररूपतया जीवनाधायको यस्य। तेन विना तस्य काव्यत्वाभावस्य प्रतिपादितत्वात्। 'रस्यते इति रसः' इति व्युत्पत्तियोगाद् भावतदाभासादयोऽपि गृह्यन्ते।**[11]

रस क्या है? रस्यते आस्वाद्यते इति रसः अर्थात् रसन प्रक्रिया को ही रस कहते हैं। यह प्रक्रिया अत्यन्त विलक्षण होती है क्योंकि रसन-क्षण (=आस्वादन, चर्वणा) में चित्त विगलितवेद्यान्तर हो उठता है जिसका अर्थ है अनुभव करने योग्य अन्य विषयों का विगलित (नष्ट) हो जाना। रसन अथवा आस्वाद की प्रक्रिया में तदाकारा-कारितचित्तवृत्ति हो उठती है अर्थात् चित्तवृत्ति उसी रसास्वाद में ढल जाती है। रसन प्रक्रिया की सूक्ष्मता का लौकिक उदाहरण भ्रमर के रसपान से दिया जा सकता है। जब कोई भ्रमर पुष्पासव पी रहा होता है तो उसकी सम्पूर्ण चेतना पान प्रक्रिया में लीन हो जाती है। वह उड़ाये नहीं उड़ता। उसे किसी अन्य विषय का ज्ञान तक नहीं होता और कभी-कभी तो मदमत्त हाथी भ्रमर-सहित कमल के फूल को खा जाता है, फिर भी तन्मय भ्रमर आत्मत्राण नहीं कर पाता। आचार्य विश्वनाथ कहते हैं कि यदि रस सम्पत्ति न हो तो अलङ्कार व्यर्थ है और यदि रस सम्पत्ति हो तो भी अलङ्कार व्यर्थ हैं।[12]

रसनिष्पत्ति का निरूपण करते हुए आचार्य भरत कहते हैं-

**विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिः।**[13]

अर्थात् विभाव अनुभाव तथा व्यभिचारी भाव के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। ये विभावादि क्या हैं, जानना आवश्यक है। नौ रसों के स्थायिभाव हैं- शृंगार का रति, हास्य का हास, करुण का शोक, रौद्र का क्रोध, वीर का उत्साह, भयानक का भय, वीभत्स का जुगुप्सा, अद्भुत का विस्मय तथा शान्त का निर्वेद है।

प्रत्येक के अनेक भेद हैं। यथा 'हास्य' रस का स्थायी भाव 'हास' कहकर उसके छः भेद बताए गये हैं- स्मित, हसित, विहसित, अपहसित, अतिहसित। करुण रस के भी कई भेद हो जाते हैं- 'एको रसः करुण एव निमित्तभेदात् '। जैसे प्रत्येक स्थायी भाव के साथ एक 'स्थायी' रस होता है, वैसे ही प्रत्येक सञ्चारी (व्यभिचारी भाव) के साथ एक सञ्चारी (व्यभिचारी) रस होता है।

स्थायीभाव का अर्थ है चित्तवृत्ति विशेष। यद्यपि चित्तवृत्ति बहुत ही चंचल है तथापि वासना रूप में सदैव विद्यमान रहने के कारण ही स्थायीभाव कहा गया है।

**विभाव :**

रसानुभूति के कारणों को 'विभाव' कहते हैं। वे दो प्रकार के होते हैं- एक 'आलम्बन-विभान' और दूसरा 'उद्दीपन-विभाव'। जिसको आलम्बन करके रस की उत्पत्ति होती है उसको 'आलम्बन-विभाव' कहते हैं। जैसे सीता को देखकर राम के मन में और राम को देखकर सीता के मन में रति की उत्पत्ति होती है और उन दोनों को देखकर सामाजिक के भीतर रस की अभिव्यक्ति होती है। इसलिए सीता, राम आदि शृङ्गार रस के 'आलम्बन-विभाव' कहलाते हैं। चाँदनी, उद्यान, एकान्त स्थान आदि के द्वारा उस रति का उद्दीपन होता है। इसलिए उनको शृङ्गार रस का 'उद्दीपन-विभाव' कहा जाता है। प्रत्येक रस के आलम्बन तथा उद्दीपन-विभाव अलग-अलग होते हैं।

**अनुभाव :**

स्थायिभाव को बाह्यरूप में जो प्रकाशित करता है वह रत्यादि का कार्यरूप, काव्य और नाटक में 'अनुभाव' के नाम से जाना जाता है।

भरत मुनि ने अनुभाव का लक्षण करते हुए कहा है–

**वागङ्गाभिनयेनेह यतस्त्वर्थोऽनुभाव्यते।**
**शाखाङ्गोपाङ्गसंयुक्तस्त्वनुभावस्ततः स्मृतः।।**[14]

अर्थात् जो वाचिक या आङ्गिक अभिनय के द्वारा रत्यादि स्थायिभाव की आन्तर अभिव्यक्ति रूप अर्थ का बाह्य रूप में अनुभव करता है उसको 'अनुभाव' कहते हैं।

**व्यभिचारीभाव ( संचारीभाव ) :**

जो रत्यादि स्थायी भावों को बारम्बार संचालित करते हैं उन्हीं को संचारी भाव (व्यभिचारी) कहा जाता है। ये भले ही क्षणिक हैं तथापि स्थायीभाव के साथ साथ ही रहते हैं। निर्वेद ग्लानि आदि इनकी कुल संख्या तैंतीस मानी गयी है।

**सात्विकभाव :**

स्तम्भ, प्रलय (अचेतनता) रोमाञ्च, स्वेद, वैवर्ण्य (निष्प्रभता) वेपथु (कम्पन) अश्रु तथा वैस्वर्य (स्वर में परिवर्तन) इन आठों को सात्त्विकभाव माना गया है। सत्त्व से समुत्पन्न होने के कारण इन्हें सात्विक कहते हैं। इस सन्दर्भ में आचार्य मम्मट का अभिमत है–

**कारणान्यथ कार्याणि सहकारिणि यानि च।**
**रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्यकाव्ययोः।।**
**विभावा अनुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारिणः।**
**व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायीभावो रसः स्मृतः।।**[15]

आचार्य मम्मट ने विभाव, अनुभाव तथा व्यभिचारी भाव को स्थायीभाव का कारण, कार्य तथा सहकारी बता कर रस की सांगोपाङ्ग प्रक्रिया को ही स्पष्ट कर दिया है।

'काव्य' के कई प्रयोजन कहे गये हैं जैसा कि वाग्देवतावतार आचार्य मम्मट कहते हैं–

**काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।**
**सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मितयोपदेशयुजे।।**[16]

अर्थात् काव्य, यश का जनक, अर्थ का उत्पादक, (लोक) व्यवहार का बोधक, (शिव अर्थात् कल्याण, शिवेतर अर्थात् उससे भिन्न) अनिष्ट का नाशक, पढ़ने (या सुनने, देखने आदि) के साथ ही (सद्यः) परम आनन्द को देने वाला और पत्नी के समान (सरस रूप से कर्तव्याकर्तव्य का) उपदेश प्रदान करने वाला होता है।

इन अनेक प्रयोजनों में मुख्य प्रयोजन 'निर्वृतये', रस का आनन्द ही है। व्यवहार ज्ञान नितान्त उपयोगी है, पर वह काव्य के ऐतिहासिक अंग का फल है। जैसे 'निवृत्ति' इतिहास–

पुराण के काव्यांग का फल है। हाँ, यदि काव्य का अर्थ कोई भी लेख या निबन्ध किया जाय तो अवश्य सभी प्रयोजन ठीक हो सकते हैं। तथापि अन्य सब प्रयोजक फल कम या अधिक गौण हैं, और निर्वृति-साधकता और व्यवहार-ज्ञापकता के समीपवर्त्ती अथवा दूरवर्त्ती अवान्तर कार्य हैं। प्रस्तुत प्रसंग में आनन्द देने वाला काव्य ही साहित्यिक काव्य है। काव्य का यह सांसारिक रस उस पारमार्थिक रस का आभास है, प्रतिबिम्ब है। प्रतिबिम्ब, बिम्ब के सदृश होता हुआ भी, उसका उलटा विवर्त्त होता है। मुकुर के आगे मनुष्य खड़ा हो तो प्रतिबिम्बित में सिर नीचे और पैर ऊपर हो जाता है। इसी से इस कृत्रिम, बनावटी, रस से अधिक सेवन में बहुत दोष है। प्रत्यक्ष ही बहुत खेलने से लड़के बिगड़ जाते हैं, थोड़ा खेलने से हृष्ट-पुष्ट होते हैं। अति मात्र रस-सेवन से मनुष्य अपने को भोगी, विलासी, केवल रसान्वेषी रसिक और दैनन्दिन के व्यवहार-कार्य के निर्वाह के लिये अकर्मण्य अशक्त बना डालता है- जैसे बहुतेरे धनी और राजा आदि अपने कर्त्तव्यों को, धर्म-कर्म को, भूल जाते हैं। करुण रस का स्वाद ही लेते हैं, करुणा-दया-के अनुसार दीनों की सहायता नहीं करते।

**करुणादावपि रसे जायते यत्परं सुखम्।**
**सचेतसामनुभवः प्रमाणं तत्र केवलम्।**
**किं च तेषु यदा दुःखं न कोऽपि स्यात्तदुन्मुखः।।**
**तथा रामायणादीनां भविता दुःखहेतुता।।**[17]

अर्थात् करुण आदि रस में भी जो परम सुख उत्पन्न होता है, उसमें मात्र सहृदयों का आत्मानुभव ही प्रमाण है। आदि शब्द का अभिप्राय है- बीभत्स एवं भयानक आदि रस। फिर भी असहृदयों (अरसिकों) का मुँह बन्द करने के लिए दूसरी बात कही जा रही है। यदि करुणादि रसों में दुःख (ही) होता तो कोई उनकी ओर उन्मुख (प्रवृत्त) नहीं होता। कोई भी सचेतन प्राणी अपने दुःक के लिए प्रवृत्त नहीं होता। करुणादि रसों में सबका, आग्रहयुक्त (आकर्षणयुक्त) प्रवृत्ति से, उसकी सुखमयता ही सिद्ध है। एक और युक्ति दी जा रही है। वैसा मान लेने पर तो (कि करुणरस दुःखरूप है) करुणरस प्रधान रामायण आदि प्रबन्धों की भी दुःखहेतुकता का प्रसंग उत्पन्न हो जायेगा।

करुण रस की कहानी अभी-अभी बच्चे तक शौक से सुनते हैं। ग्रामगीत तो अधिकांश अत्यन्त करुणाजनक होते हैं, वैसा 'उत्तररामचरित' में भी मिलना कठिन है। उन्हें ग्राम की स्त्रियाँ शौक से गाती हैं। यदि उन गीतों से दुःख ही होता तो क्यों सुने, गाए या पढ़े जाते? पर यह भी प्रकृति-पर है। कोई अति कोमल, बालक, स्त्री, पुरुष ऐसी करुण कथा को नहीं सुन पाते। उनका हृदय फटने लगता है। सुख-दुःख क्या है? 'अहम् ' की वृद्धि का अनुभव सुख और अहम् के ह्रास का अनुभव ही दुःख है। अतएव छान्दोग्योपनिषद् कहता है।

**सर्वं परवशं दुःखं सर्वमात्मवशं सुखम्।**
**एतद्विद्यात्समासेन लक्षणं सुखदुःखयोः।।**[19]

'अपने' को, 'दूसरे' से कम जानना, दूसरे के अधीन जानना, यही दुःख है। अपने को दूसरे से बड़ा जानना, अनुभव करना, यही सुख है। अपने को अपनी ही पूर्वावस्था से अब अधिक सम्पन्न जानना–किसी भी बात में, बल में, विद्या में, रूप में स्वास्थ्य में, धन में, आभिजात्य में, ऐश्वर्य में, सम्मान में, यह सुख है। इसके विरुद्ध–दुःख है 'अहं स्याम्, बहु स्याम्, बहुधा स्याम्' यही तीन एषणा (लोक, वित्त (दार) सुत) का रूप है। एषणापूर्ति इच्छापूर्त्ति, से 'अहम्' की वृद्धि होने से सुख मिलता है अन्यथा दुःख। यह परस्पर सापेक्ष ही है। बिना उजाला के अँधेरा नहीं प्रतीत होता, बिना अँधेरा के उजाला। बिना सुख के दुःख नहीं, बिना दुःख के सुख नहीं। सुख से देह उपचित, वर्द्धित, पुष्ट होता है। वर्द्धन, उपचय, पुष्टि से सुख। एवं अपचय से दुःख, दुःख से अपचय, क्षय। अस्तु। रस विवेचन के प्रसंग में यदि थोड़ी–सी सूक्ष्म दृष्टि से देखें तो प्रतीत होता है कि 'काम' के स्थान में 'रति', 'दर्प' के स्थान में 'हास', 'दया' के स्थान में 'शोक', 'घृणा' के स्थान पर 'जुगुप्सा' है। 'क्रोध' और 'भय' तो बिना शब्दान्तर के ही कहे गए हैं। बचे उत्साह, विस्मय और शान्त। इन 'शान्त' पर कुछ विचार आवश्यक है। राजा नल के द्वारा पकड़ लिये जाने पर विलाप करता हुआ हंस कहता है[20]–

**पदे पदे सन्ति भटा रणोद्भटा न तेषु हिंसा रस एष पूर्यते।**
**धिगीदृशं ते नृपते! कुविक्रमं कृपाश्रये यः कृपणे पतत्रिणि।।**

केवल लड़ने के लिए खुजली मिटाना यह वीरता नहीं है, प्रत्युत यह हिंसारस और हिंस्रपशुता है। सद् – उद्देश्य से धर्मयुद्ध करना ही 'शूर–वीर' का लक्षण है। अतएव दीन–दुर्बल की रक्षा के लिये, दया से प्रेरित होकर, धर्मपालनार्थ, दुष्टदमनार्थ 'उत्साह' से ही युद्ध करना 'वीरता' है। तो यह जो 'उत्साह' पद से स्थायी भाव कहा गया, इसमें दुष्टों पर 'क्रोध' और उनका 'तिरस्कार' तथा दीनों पर 'दया'– इन तीनों भावों का मिश्रण है। ऐसे ही 'विस्मय' का अर्थ है 'स्मय' (गर्व) का विरुद्ध भाव–अर्थात् एक प्रकार की नम्रता। इसमें अपनी लघुता और अल्पशक्तिता के अनुभव के साथ–साथ 'विस्मय' के विषय की अवस्था मिली है। 'राग–द्वेष' दोनों का विरोधी जो भाव है उसी का नाम 'शम' है। जैसा कि कहा भी गया है[21]–

**न यत्र दुःखं न सुखं न चिन्ता न द्वेषरागौ न च काचिदिच्छा।**
**रसस्तुशान्तः कथितो मुनीन्द्रैः सर्वेषु भावेषु शमप्रधानः।।**

'हास' के विषय में कहा जाता है कि बिना 'दर्प' के 'हास' नहीं होता। दूसरे को 'बेवकूफ बनाना', अपने को 'होशियार बनाना'– यह हँसी का प्रधान अंग प्रायः देख पड़ता है। यही हास यदि तीव्र हो जाय तो कुरस हो जाता है, ललित होने से सुरस। हँसना–यह हर्ष का, सुख का, मानो उबाल है, उमड़ पड़ना है। किसी दूसरे की अपने से लघुता देखकर, अपनी 'अहंता' की, 'अहंकार' की, सद्यः और अतिमात्र 'वृद्धि' से जो हर्ष होता है, वह हर्ष **'अमान्तमिवाङ्गेषु'** मानो अपने अङ्गों में न अमा सकने के कारण 'हास' होकर बाहर निकल पड़ता है। इसका प्रतियोगी, दुःख से अपनी हीनता का सद्यः अतिमात्र अनुभव करके रोना है। ये दोनों 'अनुभाव'

पशुओं में नहीं देख पड़ते। मनुष्य 'अहम् ' को जानता है, इसलिये 'अहंता' के सद्योवृद्धि और सद्योह्रास से दर्प और शोकसम्बन्धी हास और रोदन के अनुभावों का आधार होता है। हास का मूल 'अहम् ' वृद्धि, दर्प, गर्व है। इसी से पुराणों में कहा गया है एकबार नारायण 'ऋषि' तपस्या कर रहे थे। विघ्न करने के लिए इन्द्र ने उर्वशी की अध्यक्षता में सोलह हजार एक सौ अप्सराएँ भेजीं। नारायण उनको देखकर 'हँसे', और अपने उरु, जांघ, पर हाथ फेरा 'उरु-अशी' और सोलह सहस्र एक सौ अप्सराएँ जंघे से निकल आईं। पुरानी उर्वशी खिसियाई, शरमाई, पर नारायण के सिर पड़ गयी। हम सबसे व्याह करो! नारायण जी बड़े असमंजस में पड़े। पछताने लगे- क्यों मैंने 'हास', 'अपहास' किया, अब फल भोगना ही पड़ेगा। कहा भी जाता है **ईश्वरैरपि भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्।** फिर 'ईश्वर' का कर्म! आँख की पलक झपकने से ही सृष्टि लय एवं उत्पन्न हो जाती है। नारायण बोले 'बहुत अच्छा, अब तपस्या पूरी कर लेने दो, कृष्णरूप से जब अवतार लूँगा तब तुम सब भी वहाँ आना, सबसे ब्याह कर लूँगा।' ऐसा ही हुआ। और भगवान् श्री कृष्ण को महागृहस्थी की भारी झंझट उठानी पड़ी थी, जिसका रोना वे नारद जी से रोए थे।[22] आज भी संसार में नित्य दिखाई देता है कि अपहास से कितनी लड़ाइयाँ हो रही हैं। अस्तु! जैसे 'रति' के स्थान में 'समान' की ओर 'काम' और 'करुणा' के स्थान में 'हीन-दीन' की ओर 'दया', वैसे ही 'विशिष्ट' की ओर यदि 'भक्ति' रस माना जाय तो उसका स्थायी भाव 'सम्मान', 'पूजा' होगा। 'विस्मय' इसके पास पहुँचता है। यदि 'वात्सल्य' रस माना जाय तो उसका स्थायी भाव शुद्ध 'दया' होगी। 'करुणा' और 'वात्सल्य' में इतना ही भेद है कि 'करुणा' दयापात्र में शोक की और दयालु में अनुशोक-अनुकम्पा-की मात्रा अधिक है, और वत्स तथा वत्सल में बीजरूपेण ही है।

रसों के मिश्रण के विषय में ग्रन्थकारों ने लिखा है कि किन-किन रसों की मैत्री है और कौन-कौन रस परस्पर विरुद्ध हैं। काव्य लेखन में किन रसों का संकर (मिश्रण) करना चाहिए और किसका नहीं करना चाहिए किन्तु परमात्मा के इस जगत् रूप अनन्त नाटक में सभी रसों का प्रतिपद संकर (मिश्रण) दिखाई पड़ता है। सौहित्य में लवण और मधुर का संकर वर्जनीय है। अम्ल के साथ मीठा भी चलता है, खट्टा भी। पर नमक और शक्कर एक में मिलाने से दुस्स्वाद होता है और वमन करा देता है। पर उत्सर्ग के अपवाद भी होते ही हैं। आम की 'मीठी खटाई' बनाने में नमक भी डाला जाता है और गुड़ भी। ऐसे ही साहित्य में भी परस्पर विरोधी रस एकत्र प्रयोग हो रहे हैं तथा होते भी रहेंगे जैसा कि डॉ. भगवान दास जी कहते हैं।[23] ईश्वर के काव्य में (जगत में) हास्य, करुण, वीर, भयानक आदि सभी रस एक साथ दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

**अहह, वेद्मि यतोऽसि जनार्दनो, ननु जगज्जनकोऽपि भवन्भवान्।**
**स्रवति नाति पयो जननीस्तनाद् यदि न रोदिति वेदनयाऽर्भकः।।**

**अपि रसेषु रसः करुणो वरो, ह्यपि भवान् रसिकोऽसि रसे वरे।**
**अपि ततो जगतां जनकोऽपि सन् भवसि निर्दय एव जनार्दनः।।**

अब नौ रसों से पूर्ण आगे तीन श्लोकों को लिखकर लेख का समापन कर रहा हूँ। भट्टिकाव्य का प्रथम श्लोक है[24]–

**अभून्नृपो विबुधसखः परन्तपः श्रुतान्वितो दशरथ इत्युदाहृतः।**
**गुणैर्वरं भुवनहितच्छलेन यं सनातनः पितरमुपागमत् स्वयम्।।**

सनातन पुराण पुरुष संसार के असंख्य जीवों के निग्रहानुग्रह और कर्मफलदान की अपरिमेय चिंता करते करते थक गए, उद्विग्न हो गए। यह सब चिंता दूर फेंककर, एक बार मन भर, कैसे खेल लें– यह उत्कट अभिलाषा उठी। आप छोटे बच्चे हो जायँ और दूसरे बच्चों का साथ भी हो, तब दूसरों के साथ खेलें–कूदें। किन्तु सभी माता–पिता एक–से नहीं होते, कोई–कोई तो बच्चों को डाँट दिया करते हैं। और परमात्मा के माता–पिता होने के लिये ऐसे–वैसे जीव भी नहीं चाहिए, सर्वोत्कृष्ट होना चाहिए। तो ऐसे माँ–बाप ढूँढ़ना चाहिए जो अच्छे से अच्छे हों, सारी पृथ्वी के आदरणीय, पूजनीय हों और बच्चों पर खूब 'निहाल' भी हों। चारों ओर देखा। करीब–करीब अपने ही इतने बूढ़े कौशल्या–दशरथ दिखायी पड़े। ज्ञानी ही नहीं, बड़े धर्मी, कर्मी, क्षत्रियधर्म, राजधर्म के अनुसार 'परंतपः' बड़े शूर–वीर प्रतापी, दुष्ट शत्रुओं का दमन करने वाले। वह भी ऐसे–वैसे तलवार चलाने वाले नहीं, इस उच्च कोटि के अस्त्र–शस्त्र का प्रयोग करने वाले कि इन्द्र भी उनसे मित्रता के लिये लालायित रहते थे और देवासुर–संग्रामों में सहायता माँग लिया करते थे। 'गुणैर्वरं', सब श्रेष्ठ–वरिष्ठ गुणों से विभूषित और नृप, पृथ्वी के प्रजापालक सम्राट्। महासमृद्धिशाली, जिनके यहाँ किसी वस्तु की कमी नहीं, जो लड़कों को बहुत प्रिय भी है और बहुत उपकारक भी। और सर्वोपरि यह कि उनके संतान नहीं, और सन्तान के लिये रात–दिन तरसते हैं। बूढ़े आदमी, अपनी आजन्म की बटोरी अकल को फेंककर, बेवकूफ होकर बच्चों पर 'रीझते' हैं। और उनको मनमानी तोड़–फोड़ फेंक–फाँक करने देते हैं। तो, बस, इन्हीं की गोद में जन्म लेना और इनके सिर पर खूब खेलना। साथी बच्चे कहाँ से आवें? अपने चार टुकड़े कर डाले। लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ रामजी कौशल्या–दशरथ के घर आए। पुराणपुरुष देखने चले, लोग हँसेंगे। कोई बहाना निकालना चाहिए। तो 'भुवनहितच्छलेन' राक्षसों का विनाश करके संसार का उपकार करेंगे, आसुरी संपत् को हटाकर दैवी संपत् की पुनः भारतवर्ष में स्थापना करेंगे। अवतार को 'परित्राणाय साधूनां विनाशय च दुष्कृताम् ' सब विरुद्ध प्रकारों के ललिततम 'शृंगार' की झलक, माता–पिता के संबंध में 'वात्सल्य' और 'बहुमान', परंतपता में 'वीर', 'रौद्र', 'भयानक' प्रौढ़ा रणभूमि की युद्धानंतर 'बीभत्सता', सनातन के पिता खोजने में और भुवनहितच्छल में 'हास्य' और 'अद्भुत', सनातनता में 'शांति'–सभी एकत्र हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण का भी श्लोक है[25]–

**मल्लानामशनिर्नृणां नरवरः स्त्रीणां स्मरो मूर्त्तिमान्,**
**गोपानां स्वजनोऽसतां क्षितिभुजां शास्ता स्वपित्रोः शिशुः।**
**मृत्युर्भोजपतेर्विराडविदुषां तत्त्वं परं योगिनाम्,**
**वृष्णीनां परदेवतेति विदितो रङ्गं गतः केशवः।।**

शुकदेव जी कहते हैं– राजन् जिस समय भगवान् श्रीकृष्ण बलराम जी के साथ रंगभूमि में पधारे, उस समय वे पहलवानों को वज्र कठोर शरीर, साधारण मनुष्यों को नररत्न, स्त्रियों को मूर्त्तिमान कामदेव, गोपों को स्वजन, दुष्ट राजाओं को दण्ड देने वाले शासक, माता-पिता के समान बड़े-बूढ़ों को शिशु, कंस को मृत्यु, अज्ञानियों को विराट् , योगियों को परम तत्त्व और भक्त शिरोमणि वृष्णिवंशियों को अपने इष्टदेव जान पड़े। यहाँ सबने अपने अपने भावानुरूप क्रमशः रौद्र, अद्भुत, शृंगार, हास्य, वीर, वात्सल्य, भयानक, वीभत्स, शान्त और प्रेमभक्तिरस का अनुभव किया।

तीसरा श्लोक है गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस अयोध्याकाण्ड का मङ्गलाचरण[26]–

**यस्याङ्के च विभाति भूधरसुता देवापगा मस्तके**
**भाले बालविधुर्गले च गरलं यस्योरसि व्यालराट्।**
**सोऽयं भूतिविभूषणः सुरवरः सर्वाधिपः सर्वदा**
**शर्वः सर्वगतः शिवः शशिनिभः श्रीशङ्करः पातु माम्।।**

अर्थात् जिनकी गोद में हिमाचलसुता पार्वती जी, मस्तक पर गङ्गाजी, ललाट पर द्वितीया का चन्द्रमा, कण्ठ में हलाहल विष और वक्षः स्थल पर सर्पराज शेष जी सुशोभित हैं, वे भस्म से विभूषित, देवताओं में श्रेष्ठ, सर्वेश्वर, संहारकर्ता (या भक्तों के पापनाशक), सर्वव्यापक, कल्याणरूप, चन्द्रमा के समान शुभ्रवर्ण श्रीशङ्कर जी सदा मेरी रक्षा करें।

यहाँ वाम अंग में पार्वती जी हैं यह शृंगार रस है, गंगाजी सिर पर हैं, यह हास्य रस है, क्योंकि साली को सिर पर चढ़ाये हैं। 'भाले बाल विधुः' मस्तक पर चन्द्रमा यह अद्भुत रस हो गया। कारण आकाश में रहने वाला चन्द्रमा सिर पर कैसे बैठा है। 'गले च गरलं' में करुण रस है। प्रजा के प्रति कितनी करुणा है कितनी दया है। विष को भी स्थान दे दिया है। 'यस्योरसि व्यालराट्' में भयानक रस है कारण छाती पर सांप लोट रहा है। 'भूति विभूषणः' में बीभत्स रस है क्योंकि श्मशान की राख लगाते हैं। 'सुरवरः' में वीररस है देवताओं में श्रेष्ठ महादेव हैं। 'शर्वः' में रौद्ररस है क्योंकि संहारक हैं। 'सर्वगतः' में शान्तरस है कारण सबके हृदय में रहते हैं। 'श्री शंकरः पातुमाम्' में भक्तिरस है। अस्तु!

विद्वज्जन अत्यन्त प्राचीनकाल में ही रस-तत्त्व से परिचित हो चुके थे क्योंकि साहित्यशास्त्र से भी पूर्व रस की प्रतिष्ठा वेदों की संहिताओं एवं उपनिषदों में हो चुकी थी। वहाँ ब्रह्मस्वरूप-निरूपण के सन्दर्भ में '**रसो वै सः**' तथा '**आनन्दो वै रसः**' जैसी अभिव्यक्तियाँ देखने को मिलती

है। परब्रह्म परमात्मा आनन्द अथवा रस का अधिष्ठान माना गया है। उपनिषदों में स्थापित यही रसतत्त्व कालक्रम से पुराणों तथा आर्षकाव्यों में यथा प्रसंग व्याख्या का विषय बनता हुआ वेदान्त दर्शन में प्रतिष्ठित हुआ। और वही रस (साहित्य) काव्यशास्त्र का आत्मतत्त्व है।

।। इति।।

## सन्दर्भ


1. अष्टाध्यायी 7।4।42, भारतीय विद्या संस्थान, वाराणसी, संस्करण प्रथम, सन् 1990 ई.
2. मनुस्मृति 4।62, प्रकाशक चौखम्भा संस्कृत सीरीज ऑफिस, वाराणसी, संस्करण 2, 1965 ई.
3. काव्यप्रकाश 1।1, मम्मट साहित्य भण्डार, मेरठ, सन् 1967 ई.
4. श्रीमद्भागवत महापुराण, प्रथम स्कन्ध 1।3, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण 8, सम्वत 2040 वि.
5. अमरकोष प्रथमकाण्ड, वारिवर्ग 5, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली, सन् 1985 ई.
6. रघुवंश, 1।18 , चौखम्बा ओरियन्टालिया, वाराणसी, सन् 1987 ई.
7. वाल्मीकीय रामायण, किष्किन्धाकाण्ड 28।3, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण 8, सम्वत 2045 वि.
8. मेघदूत, पूर्व भाग, श्लो. 2, रामनरायण लाल वेणी माधव, इलाहाबाद, सन् 1976 ई. संस्करण द्वितीय
9. मार्कण्डेय पुराण, देवी महात्म्य 1।50-51, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, सन् 1996, प्रथम संस्करण
10. साहित्य-दर्पण, 3।2-3, अक्षयवट प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण, सन् 2004 ई.
11. साहित्यदर्पण प्रथम परिच्छेद, अक्षयवट प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण, सन् 2004 ई.
12. अस्ति चेद्रससम्पत्तिः अलङ्कारा वृथा इव। नास्ति चेद्रससम्पत्तिः अलङ्कारा वृथैव हि।।
13. काव्य प्रकाश, चतुर्थ उल्लास रस विवेचन, मम्मट साहित्य भण्डार, मेरठ, सन् 1967 ई.
14. नाट्यशास्त्र 7।5, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, 1963 ई.
15. काव्यप्रकाश, चतुर्थ उल्लास, कारिका 27, 28, मम्मट साहित्य भण्डार, मेरठ, सन् 1967 ई.
16. काव्यप्रकाश, प्रथम उल्लास, कारिका 2, मम्मट साहित्य भण्डार, मेरठ, सन् 1967 ई.
17. साहित्य-दर्पण, तृतीय परिच्छेद 4-5, अक्षयवट प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण, सन् 2004 ई.
18. छान्दोग्योपनिषद् 7।23।1, गीता प्रेस, गोरखपुर, संस्करण 11, सं. 2061 वि.
19. मनुस्मृति 4।1, प्रकाशक चौखम्भा संस्कृत सीरीज ऑफिस, वाराणसी, संस्करण 2, 1965 ई.
20. नैषधीयचरितम् 1।132, प्रकाशक मेहरचन्द्र लक्ष्मणदास पब्लिकेशन, नई दिल्ली, सन् 1986 ई.
21. दशरूपक, चतुर्थ प्रकाश, कारिका 53, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, सन् 1955

22. महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 81, प्रकाशक गोविन्द भवन कार्यालय, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण 9, सम्वत 2053 वि.

23. रसमीमांसा, पृ. 19, मम्मट साहित्य भण्डार, मेरठ, सन् 1967 ई.

24. भट्टिकाव्य 1।1, जानकीनाथ काव्यतीर्थ एण्ड ब्रास, छात्रा पुस्तकालय, कलकत्ता, 1936 ई.

25. श्रीमद्भागवत महापुराण, दशम स्कन्ध 43।17, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण 8, सम्वत 2040 वि.

26. रामचरित मानस, अयोध्याकाण्ड, श्लोक 1, प्रकाशक गोविन्द भवन कार्यालय, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण 75, सम्वत 2045 वि.

❒❒

# शृङ्गारप्रकाश में उद्धृत 'अभिज्ञानशाकुन्तलम् ' के श्लोक एवं उनके सूचितार्थ

– वसन्तकुमार म. भट्ट,

*'काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला' इति सुप्रसिद्धम्। काले काले विभिन्नरङ्गकर्मभिः बुहुविधः पाठभेदः कृतोऽस्मिन् नाटके। तत्र कदा कः पाठभेदः जातः, अयं जिज्ञासायाः विषयः विवेचकेषु। अधुना पञ्चवाचनाः प्रचलिताः सन्ति। तत्र का वाचना प्राचीनमा वर्तते, कालक्रमेण कथं परिवर्तनं जातम्? इति जिज्ञासायां भोजराजस्य श्रृङ्गारप्रकाशे उद्धतानां नाटकस्य पाठ्यांशानामत्र विश्लेषणेन महाभारते तदानीं कः पाठः प्रचलितः आसीत् इति अनुमातुं शक्यते।*

भूमिकाः- (क) कालिदास का अभिज्ञानशाकुन्तल नाटक सर्वश्रेष्ठ होने के कारण उसका अभिनय पौनः पुन्येन होता रहा है। मंचन के हर मौके पर विभिन्न प्रदेश के रंगकर्मियों ने कवि-प्रणीत पाठ में बहुविध परिवर्तन किये हैं, जिसके कारण, दो हजार वर्षों की कालावधि में, इस नाटक के शीर्षक से लेकर भरत-वाक्य पर्यन्त प्रायः सभी श्लोकों एवं उक्तियों में अनेक पाठान्तरों ने प्रवेश किया है। किन्तु ऐसे मंचनलक्षी पाठ-परिवर्तनों का कोई दस्तावेजीय इतिहास तो हमारे पास नहीं है तथापि साहित्य-रसिकों का यह जिज्ञास्य विषय है कि किस कालखण्ड में कौन सा पाठान्तर आकारित हुआ होगा। वर्तमान में हमारे सामने इस नाटक की पाँच वाचनाएँ प्रचलित है। उनमें से कौन सी वाचना का पाठ सबसे प्राचीनतम कालखण्ड का सिद्ध होता है, एवं उसमें क्रमशः कैसे परिवर्तन होते रहे हैं? इस तरह की जिज्ञासा से प्रेरित हो कर भोजराज के शृङ्गारप्रकाश में उद्धृत हुए इस नाटक के पाठ्यांशों का यहाँ विश्लेषण किया जाता है। ऐसा करेंगे तो, भोजराज के समय (ई.सं. 1005 से 1050) में और महाकालेश्वर धाम[1], यानि धारा नगरी में, बल्कि मध्य भारत में, कौन सा पाठ या पाठान्तर प्रचलित था? उसका अनुमान हो सकेगा।

(ख) इस नाटक के पाठ की अनेक-रूपता उजागर करने वाली पाँच वाचनाएँ अद्यावधि प्रकाश में आयी हैं। जैसे कि, (क) अभिज्ञानशकुन्तला शीर्षक से 1. काश्मीरी वाचना[2], (ख) अभिज्ञानशकुन्तल शीर्षक से 2. मैथिली[3] एवं 3. बंगाली[4] वाचनाएँ, (ग) *अभिज्ञानशाकुन्तलम्* शीर्षक से 4. दाक्षिणात्य एवं 5. देवनागरी वाचनाएँ। इनमें सो जो पहली तीन वाचनाएँ हैं, उनमें इस नाटक का बृहत्पाठ संचरित हुआ है। तथा अवशिष्ट दो वाचनाओं की पाण्डुलिपियों

में लघुपाठ संचरित हुआ है। इस तरह के पञ्चविध पाठों को देखकर जिज्ञासा होती है कि ग्यारहवी शताब्दी के इस नाटक के पाठ का स्वरूप कैसा था।

(ग) इस परामर्श का मार्ग प्रशस्त करने वाले दो ग्रन्थों की जानकारी देना प्रासंगिक है। जैसे कि, 1. डॉ. श्रीरेवाप्रसादि द्विवेदी जी ने अनेक प्रयासों से वर्तमान में शृङ्गारप्रकाश का पूर्ण सम्पादन उपलब्ध करवाया है।[5] (शृङ्गारप्रकाशः, (भाग 1 एवं 2), सं.- रेवाप्रसाद द्विवेदी एवं प्रो. सदाशिवकुमार द्विवेदी, प्रका. इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली, 2007,) इस ग्रन्थ का मूल्य बताते हुए पं. श्रीरेवाप्रसाद जी ने लिखा है कि इसमें 7389 श्लोकों के उद्धरण प्राप्त होते हैं, जिनमें 1394 प्राकृत गाथाओं का भी समावेश हुआ है। उन्होंने इसको Great Anthology of Quotations कहा है। इसमें अभिज्ञानशाकुन्तल के ही उद्धरण कुल मिला कर 87 दिये गये हैं। इतनी बड़ी मात्रा में इसी नाटक के उद्धरण अन्य किसी भी काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ में नहीं मिलते हैं। 2. शारदा पाण्डुलिपियों के आधार पर अभिज्ञानशकुन्तला नाटक की काश्मीरी वाचना का समीक्षित सम्पादन मैंने तैयार किया है, जो राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली की ओर से प्रकाशन के लिए स्वीकृत है, और वर्तमान में मुद्रणाधीन है। हमने काश्मीरी वाचना का यह पाठ पाँच शारदा पाण्डुलिपियों का विनियोग करके निर्धारित किया है, जिनका यहाँ प्रथम बार उपयोग किया गया है।[6] पूर्वोक्त इन दोनों ग्रन्थों के अभाव में निम्नोक्त परामर्श करना सम्भव ही नहीं था।

(1)

अभिज्ञानशाकुन्तल नाटक की पाँच में से तीन वाचनाएँ बृहत्पाठवाली हैं। तथा दो अन्य वाचनाएँ लघुपाठवाली हैं। इसको लेकर विद्वानों के बीच में दो तरह के मतभेद प्रवर्तमान हैं:- कुछ विद्वान् ऐसे हैं कि जो कहते हैं कि कालिदास ने पहले लघुपाठवाला ही अभिज्ञानशाकुन्तल नाटक लिखा था। तत्पश्चात् उसमें नवीन श्लोकादि का प्रक्षेप करके बृहत्पाठवाला अभिज्ञानशाकुन्तल नाटक बनाया गया है। इस मत के पुरस्कर्ता म.म. श्रीईश्वरचन्द्र विद्यासागर, प्रोफे. शारदा रंजन राय, प्रोफे. पी.एन. पाटणकर, डॉ. रेवाप्रसाद द्विवेदी जी आदि अनेक मनीषी विद्वान् हैं। दूसरी ओर कुछ विरल विद्वान् ऐसे भी हैं कि जो मानते हैं कि कालिदास ने मूल में ही बृहत्पाठवाला नाटक लिखा था। किन्तु उसमें कालान्तर में संक्षेपीकरण के आशय से कुछ श्लोकों एवं अमुक[7] दृश्यों की कटौती की गई है। जिससे लघुपाठवाला अभिज्ञानशाकुन्तल नाटक बना है। इस दूसरे मत को मानने वाले विद्वानों में डॉ. रिचार्ड पिशेल, डॉ. एस.के. बेलवालकर तथा डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल है। लेकिन इस सन्दर्भ में प्राचीन काल में, यानि दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दि में, भोजराज के सामने (मध्यभारत में = डॉ. रेवाप्रसाद जी के शब्दों में "महाकालेश्वर धाम" में) कौन सा पाठ प्रचलित रहा होगा? वह जानकारी भी रसप्रद एवं मार्गदर्शिका सिद्ध होगी।

(2)

**( क ) भोजराज** ने दूतकर्म में उपाय-प्रयोग का निरूपण करते समय शृङ्गारप्रकाश में *"त्वं दूरमपि गच्छन्ति (न्ती) हृदयं न जहासि मे। दिनावसानच्छायेव पुरोमूलं वनस्पतेः।।"* ऐसा श्लोक उद्धृत किया है। (द्रष्टव्यः - शृ.प्र. 28-155, पृ. 1270)[8] यद्यपि भोजराज ने उस श्लोक को स्पष्ट रूप से कालिदास-प्रणीत नहीं कहा है, किन्तु यह श्लोक अभिज्ञानशकुन्तला(ल) की बृहत्पाठवाली तीन वाचनाओं में ही मिलता है। तथा यह श्लोक तृतीयांक के जिन दो दृश्यों के विषय में विवाद है, उन्हीं दृश्यों का भाग है। अतः ऐसा कह सकते हैं कि तृतीयांक का बृहत्पाठ भोजराज के समय में, (यानि 11वीं शती में) प्रचलित था।

**( ख ) शृङ्गारप्रकाश** में कन्याएँ लज्जाशील होने से प्रेम-प्रसंगों में उनका कैसा व्यवहार रहता है[9] उसका निरूपण करने के लिए निम्नोक्त श्लोक उद्धृत किया गया हैः- **अप्यौत्सुक्ये महति दयितप्रार्थनाभिः प्रयाताः, काङ्क्ष्यन्त्योऽपि व्यतिकरसुखं कातराः स्वाङ्गदाने। आबध्यन्ते न खलु मदनेनैव लब्धास्पदत्वाद् , आबाधन्ते मनसिजमपि क्षिप्तकालाः कुमार्यः।।** (शृ.प्र.33-09, पृ. 1515) यह श्लोक अभि. शकु. की बृहत्पाठवाली तीनों वाचनाओं में उपलब्ध होता है[10]। यद्यपि यह श्लोक प्रक्षिप्त ही सिद्ध होता है, तथापि उसका बृहत्पाठवाली तीनों वाचनाओं में होना-वह बहुत महत्त्वपूर्ण है। क्योंकि यह एक दस्तावेजीय गवाह है कि भोजराज के सामने प्रक्षेपों से भरा ऐसा पाठ उपलब्ध था।।

**( ग ) केवल** काश्मीरी वाचना का ही जिसमें निर्देश हो ऐसा एक दूसरा स्थान शृङ्गारप्रकाश में सुरक्षित रहा है, जिसकी ओर किसी भी विद्वान् का ध्यान अद्यावधि नहीं गया हैः - **( राजा ) सहर्षम्। श्रुतं श्रोतव्यम्। विमर्शच्छेदि वचनम्। एतावान् कामिन** इत्यारभ्य।। (शृ.प्र. 29-105, पृ. 1300) यद्यपि भोजराज ने यहाँ दुष्यन्त की उक्ति को पूर्णतया उद्धृत नहीं किया है। किन्तु इस नाटक की पाँचो शारदा पाण्डुलिपियों में देखा जायेगा तो मालूम होगी। कि भोजराज उपर्युक्त उद्धरण के द्वारा काश्मीरी वाचना के पाठ की ओर ही इशारा कर रहे हैं। जैसे कि, **राजा ( सहर्षम् ) श्रुतं श्रोतव्यम्।... विमर्शच्छेदि वचनम्। एतावत् कामफलं यत्नफलम् अन्यत्।** (इनमें से तीसरा वाक्य मैथिली एवं बंगाली पाठों में नहीं मिलता है।) यहाँ भोजराज के द्वारा दिये गये उद्धरण के पूर्वोक्त शब्द केवल काश्मीरी पाठ की ओर ही अंगुलीनिर्देश कर रहे हैं।।

(घ) भोजराज ने शृङ्गारप्रकाश में शरीरादि पर अनात्मबुद्धि का उदाहरण देते हुए निम्नोक्त श्लोक उद्धृत किया है :- **यदा शरीरस्य शरीरिणश्च पृथक्त्वमेकान्तत एव भावि। आहार्ययोगेन विमुच्यमानः परेण को नाम भवेत् सशोकः।।** (प्रकाशः 21-16, पृ. 1082) इसमें कण्व मुनि ने ससुराल जा रही अपनी पुत्री शकुन्तला को औपनिषदिक उपदेश देते हुए यह भी कहा है कि कल मैं रहूँ या न रहूँ-मेरा शोक नहीं करना। दाक्षिणात्य एवं देवनागरी पाठानुसारी शाकुन्तल नाटक को पढ़नेवालों के लिए यह श्लोक अनजान है[11]। किन्तु बृहत्पाठवाले इस नाटक के पाठ में यह श्लोक आदिकाल में संचरित हुआ है। यानि काश्मीरी

एवं मैथिली वाचनाओं के पाठ में यह श्लोक सुरक्षित है। (यद्यपि रिचार्ड पिशेल ने अपने समीक्षित बंगाली वाचना के पाठ में इस श्लोक को निकाल दिया है। किन्तु डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल ने **उसको स्वीकारा है।** सारांशतः, भोजराज के समय में इस नाटक का बृहत्पाठ सुचारु रूपेण विद्यमान एवं प्रचलित रहा है।।

(3)

**बृहत्पाठवाली** तीनों वाचनाओं में से केवल काश्मीरी वाचना में जो प्रचलित पाठान्तर है, वही भोजराज ने शृङ्गारप्रकाश में उद्धृत किये हैं– इतना सोदाहरण दिखाने के बाद, कुछ उदाहरण ऐसे भी दिखाना आवश्यक है कि जिससे मैथिली एवं बंगाली वाचनाओं में जो नवीन पाठान्तर आकारित किये गये हैं, उनका उत्तरवर्तित्व भी सिद्ध होता हो:–

**( क ) भोजराज** ने शृङ्गारप्रकाश में प्रेम का स्वरूप वर्णित करते हुए ''पालनसंक्षेप'' का उदाहरण एक श्लोक में पेश किया है। जैसे कि ''***अनिर्दयोपभोग्यस्य रूपस्य मृदुनः कथम्।*** **दारुणं सखि ते चेतः शिरीषस्येव बन्धनम्।''** (शृ.प्र. 33-68, पृ. 1528) यद्यपि भोजराज ने इस श्लोक को स्पष्ट शब्दों में कालिदास-प्रणीत नहीं कहा है, तथापि यह श्लोक अभिज्ञानशकुन्तला का ही है[12]। तथा काश्मीर की शारदा पाण्डुलिपियों में मिलता है। यहाँ उल्लेखनीय है कि भोजराज ने इस श्लोक को ''दारुणम् '' शब्द के साथ उद्धृत किया है, वैसा ही पाठ काश्मीरी वाचना (3-24) में उपलब्ध होता है। परन्तु मैथिली एवं बंगाली वाचना के पाठ में यह श्लोक कुछ पाठभेद के साथ मिलता है। जैसे कि, ''**अनिर्दयोपभोग्यस्य रूपस्य मृदुनः कथम्। कठिनं खलु ते चेतः शिरीषस्येव बन्धनम्।।''** (3-30)। मतलब कि भोजराज के सामने काश्मीरी वाचना का (दारुणम् ) पाठ ही रहा होगा, एवं मैथिली तथा बंगाली का (कठिनम्) पाठ तदुत्तरवर्ती काल का होगा[13]।।

(ख) कालिदास ने अभिज्ञानशकुन्तला के प्रथमांक में भ्रमरबाधा-प्रसंग का निरूपण किया है। कण्व मुनि के आश्रम में शकुन्तला, प्रियंवदा एवं अनसूया वृक्षों को जल-सिञ्चन कर रही थी, तब नवमालिका लता को जलसिंचन करने के बाद रंगसूचना दी गई है कि ''**इति कलशमावर्जयति।**''। (यानि नायिका शकुन्तला ने नवमालिका को जलसिंचन करने के बाद, रंगमंच पर किसी एक कोने में अपने हाथ में रहे जलकुम्भ को जमीन पर रख दिया है।) तत्पश्चात् नवमालिका लता से जब भ्रमर उड़ता है और शकुन्तला के मुख पर मंडराना शुरू करता है, तब शकुन्तला भ्रमर का अपसारण करने के लिए अपने दोनों हाथों का उपयोग करती है। जिसका निरूपण करनेवाला श्लोक निम्नोक्त है :-

**चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपथुमतीं,**
**रहस्याख्यायीव स्वनसि मृदु कर्णान्तिकगतः।**
**करौ व्याधुन्वत्याः पिबसि रतिसर्वस्वमधरं,**
**वयं देवैर्मौग्ध्यान् ( तत्त्वान्वेषान् ) मधुकर! हतास्त्वं खलु कृती।।**

यह पाठ काश्मीरी वाचना का है, जिसमें करौ शब्द द्विवचन में है– वह ध्यानास्पद है[14]। उसके प्रतिपक्ष में, मैथिली तथा बंगाली वाचनाओं में "करं व्याधुन्वत्याः पिबसि रतिसर्वस्वमधरम् " ऐसा एकवचन का प्रयोग किया गया है। उसका मतलब यह है कि मिथिला एवं बंगाल के रंगमंच पर शुकन्तला ने "इति कलशम् आवर्जयति" रंगसूचना के बाद भी अपने हाथ में रहा जलकुम्भ जमीन पर नहीं छोड़ा है। अतः वह केवल एक हाथ से ही भ्रमर का अपसारण करती होगी, तथा उसने दूसरे हाथ में जलकुम्भ को पकड़ के रखा होगा। अब हमें देखना है कि भोजराज ने जब शृङ्गारप्रकाश में इस श्लोक को उद्धृत किया है, तब कौन सा पाठ लिया है?। तो, उन्होंने भी "**करं व्याधुन्वत्याः पिबसि रतिसर्वस्वमधरम्** " ऐसा एकवचनान्त पाठवाला श्लोक ही लिखा है। इससे अनुमान हो सकता है कि भोजराज ने भले ही काश्मीरी पाठ को अनेकत्र उद्धृत किया हो, लेकिन उनके समय तक मैथिली एवं बंगाली रंगकर्मियों के द्वारा नवीन दृश्य-योजनानुसार कतिपय नवीन पाठान्तरों को जन्म दे दिया था, एवं वे प्रचार में भी आ गये थे। जिसके कारण वे भी भोजराज के द्वारा उद्धृत हुए हैं ऐसा दिखता है।।

(4)

**दाक्षिणात्य** एवं देवनागरी वाचनानुसारी अभिज्ञानशाकुन्तल के प्रथमांक में नायक दुष्यन्त सोचता है कि जैसे मैं शकुन्तला में अनुरक्त हूँ वैसे क्या शकुन्तला भी मुझमें अनुरक्त होगी या नहीं? उसके उत्तर में वह कहता है कि– *अथवा लब्धावकाशा मे प्रार्थना। कुतः,*

**वाचं न मिश्रयति यद्यपि मद्वचोभिः**
**कर्णं ददात्यभिमुखं मयि भाषमाणे।**
**कामं न तिष्ठति मदाननसंमुखीना,**
**भूयिष्ठमन्यविषया न तु दृष्टिरस्याः।।** (1-27)

यहाँ पर भोजराज ने शृङ्गारप्रकाश में नायक के इङ्गिताकारज्ञता नामक गुण को निरूपित करने के लिए इस श्लोक को उद्धृत किया है। लेकिन उन्होंने उपर्युक्त श्लोक के "ददात्यभिमुखम् " के स्थान में "ददात्यवहिता" ऐसा पाठभेदवाला शब्द रखा है[15]। अब पुनरपि ध्यातव्य बिन्दु प्राप्त होता है कि भोजराज ने दिया हुआ पाठान्तर ही काश्मीरी, मैथिली एवं बंगाली वाचनाओं के पाठ में एक समान रूप से प्रचलित है। उसका मतलब यह भी हो रहा है कि दाक्षिणात्य और देवनागरी वाचनाओं का यह पाठान्तर ग्यारहवीं शती तक यानि भोजराज के समय तक नहीं था। अतः देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचनाओं के लघुपाठों में "ददात्यभिमुखम् " जैसा पाठभेद परवर्ती काल में ही आविष्कृत हुआ होगा।।

**अभिज्ञानशाकुन्तल** के द्वितीयांक में नायिका शकुन्तला का सौन्दर्य वर्णित करनेवाला सुप्रसिद्ध श्लोक भी द्रष्टव्य है :–

**"अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहैः,**
**अनाविद्धं रत्नं मधुनवमनास्वादितरसम्।**

**अखण्डं पुण्यानां फलमिव च तद्रूपमनघम्,**
**न जाने भोक्तारं कमिह समुपस्थास्यति विधिः।।''**

इसमें जो "अनाविद्धं रत्नम्" वाला पाठ्यांश है, वह दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचनाओं में प्रचलित है। इससे पहले काश्मीरी, मैथिली तथा बंगाली पाठों में जो प्रचलन में था, वह तो "अनामुक्तं रत्नम्" वाला पाठ था। अतः इस नवीन पाठान्तर के प्रवेश का काल सोचना जरूरी है। भोजराज ने शृङ्गारप्रकाश में छह स्थानों पर, (जैसे कि (1) शृ.प्र. 10-371, (2) 12-419, (3) 15-153, (4) 17-32, (5) 21-11, विद्धं-मुक्तं (6) 33-33। एवं च, (7) सरस्वतीकंठाभरण 4-44 में व्यतिरेकवद् रूपक के उदाहरण के रूप में) जब इस श्लोक को उद्धृत किया है तब वहाँ पर, एक अपवाद स्थान को छोड़ कर, "अनाविद्धं रत्नम्" वाला पाठ दिया है। एवं देवनागरी वाचनाओं के (सभी नहीं, केवल) कतिपय नवीन पाठान्तरों का प्रादुर्भाव होने लगा है, जिसको भोजराज ने अपने दोनों ही ग्रन्थों में उद्धृत करना शुरू किया है।

(5)

कालिदास के अभिज्ञानशकुन्तला नाटक का काश्मीरी पाठ भोजराज के सामने रहा होगा, इतना सिद्ध करने वाले अनेक प्रमाणभूत उद्धरण हमने देख लिए। तथापि इतना ही कहना पर्याप्त नहीं है। क्योंकि हमने यह भी देखा कि शृङ्गारप्रकाश में कुत्रचित् दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचनाओं के कतिपय पाठान्तरों को भी स्थान मिला है। अतः दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचनाओं के नवीन पाठान्तरों का आविष्कार-काल निश्चित करने के लिए कुछ अधिक उद्धरणों का विश्लेषण करना होगा।।

इस नाटक के तृतीयांक में नायक-नायिका जब रंगमंच पर अकेले हैं, तब दुष्यन्त कहता है कि –

**किं शीतलैः क्लमनिवोदिभिरार्द्रवातं**
**संचालयामि नलिनीदलतालवृन्तैः।**
**अङ्के निधाय चरणावुत पद्मताम्रौ**
**संवाहयामि करभोरु यथासुखं ते।।** (काश्मीरी वाचना, 3-20)

यह श्लोक के तीसरे एवं चौथे चरण का जो पदक्रम है, वे तीनों बृहत्पाठवाली वाचनाओं में एक समान है। तीसरे अंक में कालिदास की सोची हुई मंचन-योजना ऐसी है कि मदन-संतप्ता शकुन्तला कुसुमास्तरण पर लेटी हुई हो। यह मदनावस्था इतनी भारी है कि शकुन्तला को मदनलेख लिखते समय भी लेटे रहना है और उस मदनलेख को सुन कर रंगमंच पर सहसा उपस्थित हुआ दुष्यन्त जब उनके ही साथ शिलातल पर (अनसूया के कहने से) बैठ जाय तब भी उसको लेटे रहना है। तत्पश्चात् मृगपोतक को उसकी माता के पास पहुँचाने के निमित्त से दोनों सहेलियाँ रंगमंच से चली जाय, और नायक दुष्यन्त एकान्त में उपर्युक्त श्लोक से उसके पाद-संवाहन का प्रस्ताव रखे, तब शकुन्तला को सुकुमास्तरण से

उठना है। उपर्युक्त श्लोक के तीसरे चरण का तात्पर्य ऐसा है कि दुष्यन्त कुसुमास्तरण पर लेटी हुई शकुन्तला के (केवल) दो पद्मताम्र चरणों को अपनी गोदी में लेकर, उसका संवाहन करने का प्रस्ताव रखता है। लेकिन जिन रंगकर्मियों को नायिका शकुन्तला की रंगमंच पर लेटी हुई अवस्था लम्बे समय तक नहीं दिखानी थी, उन्होंने मदनलेख लिखवाते समय ही, उसी बहाने "आसीना चिन्तयति/उपविष्टा चिन्तयति" जैसी रंगसूचनाओं से, कुसुमास्तरण पर बिठाई गई है। एवञ्च, जब नायक दुष्यन्त (अनसूया के कहने से) उसी शिलातल पर बैठते हैं, तब "सलज्जा तिष्ठति" की नवीन रंगसूचना का प्रक्षेप करके, शकुन्तला को पास में खड़ी की गयी है। अब उपर्युक्त श्लोक के चरणों का पद-क्रम परिवर्तित करना अनिवार्य बन जाता है। क्योंकि राजा दुष्यन्त शिलातल पर बैठे हो, और शकुन्तला जब पास में खड़ी हो तब उसके पाँव को अपनी गोदी में लेकर उनका संवाहन करने का कहना असम्भव ही है, जो भद्दा ही लगेगा। अतः उपर्युक्त श्लोक को नवीन परिवर्तित पदक्रम के साथ रखा जाता है :-

**किं शीतलैः क्लमविनोदिभिरार्द्रवातान्**
**संचारयामि नलिनीदलतालवृन्तैः।**
**अङ्के निधाय करभोरु यथासुखं ते,**
**संवाहयामि चरणावुत पद्मताम्रौ।।**

अब इस नवीन पाठभेद के अनुसार वाक्यार्थ ऐसा होगा कि- हे करभोरु, मैं तुम्हें मेरी सुखदायक गोदी में बिठा कर, तेरे पादों का संवाहन करने को तैयार हूँ। शृङ्गारप्रकाश में भोजराज ने इसी नवीन पादयोजनानुसारी श्लोक को ही चार स्थान में (16-210 (पृ. 967), 20-56 (पृ. 1060), 21-41 (पृ. 1086) एवं 34-185 (पृ. 1577) उद्धृत किया है। यानि भोजराज के समय में इस नाटक का जब मंचन होता होगा, तब नायक-नायिका के एकान्त मिलन की क्षणों का चित्र बदल जाता है। दाक्षिणात्य और देवनागरी वाचनाओं में उपरि निर्दिष्ट नवीन योजनावाला पाठभेद सुस्थिर हुआ प्राप्त होता है।

किन्तु विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण में जब इसी श्लोक को उद्धृत किया है, तब उसमें तो, काश्मीरी-मैथिली-बंगाली वाचनाओं में जो पदक्रम है, उसी के अनुसार ही यह श्लोक दिया है[16]। यहाँ ध्यातव्य बात यह है कि विश्वनाथ का समय भले ही ई.सं. 1300 से 1384 तक का निश्चित किया गया हो, लेकिन वे बंगाल के आलंकारिक है। अतः उनके सामने बंगाल का बृहत्पाठ ही विद्यमान था, इसलिए उन्होंने बंगाली पाठानुसार उद्धरण दिया है[17]। किन्तु उनके समय से पहले, मध्य भारत में जब भोजराज ने दाक्षिणात्य एवं देवनागरी में प्राप्त होने वाला पाठान्तर ग्राह्य रखा है तो उसका मतलब यही है कि ग्यारहवीं शती में, लघुपाठवाली वाचनाओं में मिलनेवाले नवीन पाठान्तर का अवतार हो चुका होगा। इस तरह से शृङ्गारप्रकाश के एकाधिक उदाहरणों से सिद्ध होता है कि ग्यारहवी-बारहवीं शती का काल नवीन पाठान्तरों की उद्भावना एवं संक्रान्ति का काल रहा होगा।

निष्कर्ष :- शृङ्गारप्रकाश के इन उद्धरणों से निम्नोक्त बिन्दु स्पष्ट हो रहे हैं : (1) भोजराज के सामने इस नाटक का बृहत्पाठ प्रवर्तमान था, तथा इन तीनों में भी विशेष रूप से काश्मीरी वाचना के पाठ से भोजराज सुपरिचित थे। (2) इन तीनों बृहत्पाठों में काश्मीरी पाठ पुरोगामी है और तदुत्तरवर्ती काल में मैथिली एवं बंगाली वाचनाओं के पाठ प्रचलन में आये होंगे ऐसा उपर्युक्त (3-क) उदाहरण से सिद्ध होता है। (3) इस नाटक की दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचनाओं के दोनों पाठ बृहत्पाठवाली तीनों वाचनाओं से उत्तरवर्ती काल का सिद्ध होते हैं, (4) तथा उन दोनों वाचनाओं में उपलब्ध हो रहे नवीन पाठान्तरों का आविष्कार ग्यारहवी शती में शुरु हुआ होगा, ऐसा कहा जा सकता है।

**पाद टिप्पणी**

1. द्रष्टव्य-संस्कृत-काव्यशास्त्र का आलोचनात्मक इतिहास, डॉ. रेवाप्रसाद द्विवेदी, वाराणसी, 2007
2. अभिज्ञानशकुन्तला (काश्मीरी वाचना), सं. वसन्तकुमार म.भट्ट, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली,2017
3. अभिज्ञानशकुन्तलम् (मैथिल-पाठानुगम् )सं. रमानाथ झा, मिथिला विद्यापीठ, दरभङ्गा, 1957 (यद्यपि डॉ. वी. राघवन् ने मैथिली वाचना के पृथक् स्वतन्त्र अस्तित्व को अस्वीकार्य घोषित किया है। लेकिन उनका अभिप्राय केवल एक सामान्य निरीक्षण पर ही दिया गया है, जो सर्वथा त्याज्य है, एवं तिरस्कार्य है।
4. अभिज्ञानशकुन्तलम् (बंगाली वाचना), रिचार्ड पिशेल, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 1922 द्वितीय संस्करण।
5. इससे पहले यह ग्रन्थ डॉ. वी. राघवन् ने तैयार किया था, जो हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका में विस्मृत सा होकर अन्धकार में चला गया था। तथा मैसूर से भी जोसियर ने चार भागों में उसका प्रकाशन किया था।
6. डॉ. एस.के. बेलवालकर जी के द्वारा तैयार किया हुआ काश्मीरी वाचना का तथाकथित पाठ-सम्पादन डॉ. वी. राघवन् ने 1965 में साहित्य अकादमी, दिल्ली की ओर से प्रकाशित किया था। किन्तु उसमें साद्यन्त रूप में काश्मीरी वाचना का पाठ नहीं है। तथा उसमें प्रस्तावना, उपयुक्त पाण्डुलिपियों का विवरण एवं पादटिप्पणी-आदि भी नहीं दिया है। एवञ्च, डॉ. वी. राघवन् ने जो दो-तीन पृष्ठ की भूमिका लिखी है, वह भी निराशाजनक है। डॉ. वी. राघवन् ने डॉ. बेलवालकर जी के द्वारा इकलेक्टीक प्रिन्सीपल्स पर बनाई गई एक साधारण आवृत्ति को ही काश्मीरी वाचना के नाम पर पुरस्कृत की थी।
7. जिसमें तृतीयां क में आये हुए 1. दुष्यन्त शकुन्तला को मृणाल-वलय पहनाता है, तथा 2. कर्णोत्पलरेणु से कलुषित हुए शकुन्तला के नेत्र को दुष्यन्त अपने वदन-

मारुत से प्रमार्जित कर देता है– इन दो दृश्यों का समावेश होता है।

8. शृङ्गारप्रकाशः (भाग 1 एवं 2), सं. श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी, इ.गाँ.रा. कला केन्द्र, दिल्ली, 2007
9. सर्वा एव हि कन्याः पुरुषेण प्रयुज्यमानमभियोगं विषहन्ते, किन्तु लज्जया परिलघुमिश्रामपि वाचं न मिश्रयन्ति। शृ.प्र. 33, पृ. 1515।
10. तीन वाचनाओं में इस श्लोक के प्रयाताः के स्थान में प्रतार्याः एवं प्रतीपाः जैसे एक-दो पाठान्तर मिलते हैं।
11. डॉ. रेवाप्रसाद जी ने शृ.प्र. के परिशिष्ट–5, भोजराजे कालिदास–सन्दर्भाः, में इसका समावेश नहीं किया है।
12. डॉ. रेवाप्रसाद जी ने शृ.प्र. के परिशिष्ट–5, भोजराजे कालिदास–सन्दर्भाः में यह भी अनुल्लिखित है।
13. डॉ. रेवाप्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्पादित शृङ्गारप्रकाशः (भा.–2, पृ. 1528) में यह श्लोक है, किन्तु परिशिष्टों में उसका निर्देश छूट गया है।
14. आनन्दवर्धन (850 ई.सं.) ने ध्वन्यालोकः (2–19) में इस श्लोक को उद्धृत किया है, तब उन्होंने भी करौ व्याधुन्वत्याः ऐसा द्विवचनान्त प्रयोग ही लिखा है। मतलब कि काश्मीर में प्रचलित पाठ निश्चिततया पुरोगामी है। (एवमेव, 12वीं शती में हेमचन्द्राचार्य ने भी काव्यानुशासन में काश्मीरी पाठ ही उद्धृत किया है।)
15. द्रष्टव्य :– शृङ्गारप्रकाशः, 21–89, (पृ. 1094), सं. श्री रेवाप्रसाद द्विवेदी, दिल्ली, 2007
16. साहित्यदर्पण। (षष्ठः परिच्छेदः, 188 के नीचे), सं. सत्यव्रत सिंह, प्रका. चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1970, पृ. 485
17. किं शीकरैः क्लमविनोदिभिरार्द्रवातं संचारयामि नलिनीदलतालवृन्तम्। अंके निवेश्य चरमावुत पद्मताम्रौ संवाहयामि करभोरु यथासुखं ते।। साहित्यदर्पणे प्रदत्तः पाठः।। पृ. 485

**सन्दर्भ-ग्रन्थ सूचिः-**


1. अभिज्ञानशाकुन्तलनाटक्म्। सं. एस.के. बेलवालकर, साहित्य अकादेमी, दिल्ली, 1965
2. अभिज्ञानशकुन्तला नाटकम्। (काश्मीर–वाचनानुसारी पाठः), सं. वसन्तकुमार म.भट्ट, राष्ट्रिय संस्कृतसंस्थान, दिल्ली, 2017
3. अभिज्ञानशकुन्तलम् (मैथिल–पाठानुगम् )सं. रमानाथ झा, मिथिला विद्यापीठ, दरभङ्गा, 1957
4. अभिज्ञानशकुन्तलम् (बंगाली–पाठ का समीक्षित पाठसम्पादन), सं. रिचार्ड पिशेल, हार्वर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, 1922 (द्वितीयसंस्करण)

5. अभिज्ञानशकुन्तलम् (पुनर्गठित पाठ), सं. दिलीपकुमार काञ्जीलाल, संस्कृत कॉलेज, कोलकाता, 1980
6. अभिज्ञानशाकुन्तलम् (राघवभट्टकृतयार्थद्योतनिकया टीकया समेतम्), सं. नारायण राम, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, 2006
7. अभिज्ञानशाकुन्तलम् (काटयवेमकृतव्याख्यानसहितम्), सं. चेलमचेर्ल रंगाचार्य, आन्ध्रप्रदेश साहित्य अकादेमी, हैदराबाद, 1982
8. ध्वन्यालोकः, सं. अनु. आचार्य विश्वेश्वर, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, 1985
9. संस्कृत-काव्यशास्त्र का आलोचनात्मक इतिहास, श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी, वाराणसी, 2007
10. साहित्यदर्पणम्। सं. सत्यव्रत सिंह, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1970
11. शृङ्गारप्रकाशः (भाग 1 एवं 2), सं. डॉ. श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रिय कला केन्द्र, नयी दिल्ली, 2007।

❑❑

# भारतीय दर्शन में मुक्ति की अवधारणा

**- साहित्यवाचस्पति डॉ. श्रीरंजनसूरिदेव**

*(भारतवर्षस्य संस्कृतिः दार्शनिकं चिन्तनञ्च सम्पूर्णेऽपि विश्वे सर्वोपरिस्थानं लभते। भारतीयदर्शनस्य अध्ययनशीलाः वैदेशिकाः विद्वान्सः अपि मुक्तकण्ठेन श्लाघां कुर्वन्ति।भारतीयषड्दर्शनानि आस्तिकानि सन्ति, तानि-सांख्य-योग-न्याय-वैशेषिक-पूर्वमीमांसा-उत्तरमीमांसा चेति। त्रीणि नास्तिकानि दर्शनानि सन्ति -चार्वाक-जैन-बौद्धेति। एतेषां सर्वेषां दर्शनानां मतानि भिन्नानि सन्ति किन्तु लक्ष्यन्तु प्रायशः एकमेवास्ति। शाश्वतसुखानुभूतिः आत्यन्तिक-दुःखनिवृत्तिश्च। एते सर्वेऽपि मनीषिणः आचार्याः स्व-स्व दर्शनेषु जीवस्य मोक्ष-कैवल-निर्वाण-अपवर्गप्राप्तिसन्दर्भेषु च गहनं चित्तनं विधाय स्व-स्व सिद्धान्तं स्थापितवन्तः। प्रस्तुते शोधपत्रे चार्वाक्-जैन-बौद्ध-सांख्य-योग-न्याय-वैशेषिक- अद्वैतवेदान्त-वैष्णववेदान्त-गौडी-सखीसम्प्रदायेषु च मुक्तिसन्दर्भे विशदा चर्चा कृता विद्यते।)*

समग्र सांसारिक दुःख की आत्यन्तिक निवृत्ति को मुक्ति कहा गया। भारतीय दर्शन और ज्ञान, कर्म तथा भक्ति के विविध साधन-मार्गों में मुक्ति या मोक्ष की कल्पना विभिन्न रूपों में की गई है। सबसे सीधी एवं सरल कल्पना नितान्त भौतिकवादी चार्वाक-दर्शन में की गई है। इसमें भी अन्य दार्शनिक सिद्धान्तों के समान ही आत्यन्तिक दुःख-निवृत्ति को मुक्ति माना गया है। परन्तु मानव-शरीर को ही दुःख का कारण मानते हुए चार्वाकवादियों ने मरण को ही अपवर्ग अथवा मुक्ति कहा है- 'मरणमेवापवर्गः'। ऐसा इसलिए कहा है कि शरीर से भिन्न कोई सत्ता नहीं है। शरीर का विनाश होते ही सभी दुःखों का विनाश हो जाता है।

जैन दर्शन में कर्म के आत्यन्तिक क्षय को ही मुक्ति या मोक्ष माना गया है। मोक्ष प्राप्त कर लेने पर जीव अनन्त-चतुष्टय, अनन्त ज्ञान, अनन्त वीर्य, अनन्त श्रद्धा और अनन्त शान्ति को सद्यः उपलब्ध करके अपने शुद्ध यानी कर्मफल के कलंक से सहित नैसर्गिक स्वरूप में आ जाता है। जैन दर्शन 'जीवन्मुक्ति' में विश्वास करता है, यानी पृथ्वी पर सशरीर जीवित रहने की अवस्था में ही मोक्ष या कैवल्य की प्राप्ति हो सकती है।

बौद्ध दर्शन में भी केवल आत्यन्तिक दुःख-निवृत्ति को निर्वाण या मोक्ष कहा गया है। निर्वाण या मोक्ष परम सुख की अवस्था है- 'निव्वाणं परमं सुखं।' भगवान् बुद्ध ने दुःख-निरोध नाम से अपने चार आर्य सत्यों में मुक्ति को सम्मिलित किया है उनका सिद्धान्त वाक्य है- आर्य-अष्टांगिक मार्ग के आचरण से प्रज्ञा उत्पन्न होते ही सद्यः निर्वाण की प्राप्ति होती है। इसमें मनोमय शरीर का

निर्वाण हो जाता है तथा दिव्य श्रोत्र, दिव्य चक्षु, पूर्वजन्म-स्मरण (जैनमत से अवधि-ज्ञान), परचित्तज्ञान और ऋद्धियों की उपलब्धि हो जाती है। फलस्वरूप, दु:ख के विनाश का अनुभव हो जाता है। इससे चित्त में अज्ञान का प्रवेश नहीं होता तथा जन्म लेने तथा भोग भोगने की इच्छा से सदा के लिए मुक्ति मिल जाती है। यही बौद्ध निर्वाण का तात्विक रूप है।

बुद्ध भगवान् के निर्वाणोत्तर बौद्ध धर्म में अनेक दार्शनिकवाद उत्पन्न हो गये, जिनमें निर्वाण की विभिन्न कल्पनाएँ की गईं। वैभाषिक मत में, जिनका सम्बन्ध हीनयान-सम्प्रदाय से है, निर्वाण दो प्रकार का होता है-सोपाधि-शेष तथा निरुपाधि-शेष। सोपाधि-शेष जीवन्मुक्ति की स्थिति है और निरूपाधि-शेष विदेहमुक्ति की। यही मत प्राचीन मत है।

जैन दर्शन में भी सदेहमुक्ति और विदेहमुक्ति की परिकल्पना की गई है। बौद्ध महायान-सम्प्रदाय प्रवृत्ति-प्रधान और भक्तिवाद को मानने वाला सम्प्रदाय है। अपने विकास-क्रम में महायान की परिणति क्रमशः मन्त्रयान, वज्रयान और सहजयान में होती गई और इस सब में निर्वाण-सुख की अत्यन्त आकर्षक और मनोरंजक परिकल्पनाएँ की गईं। किन्तु हीनयान ही मूलयान है।

वैदिक षड्दर्शन में न्यायदर्शन दु:ख से अत्यन्त विमोक्ष को अपवर्ग कहता है। प्राप्तजन्म का विनाश तथा भविष्य जन्म का न होना ही मुक्ति या आत्यन्तिक विनाश है। मुक्त आत्मा अपने नौ गुण-विशेष-बुद्धि, सुख, दु:ख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म तथा संस्कार से छुटकारा पा जाती है।

नैयायिकों का मानना है कि मुक्तात्मा में सुखानुभूति का भी अभाव हो जाता है। यानी, सुख-दु:ख में समभाव की स्थिति रहती है। सुख का राग से अनिवार्य सम्बन्ध है, और राग बन्धन का कारण है। अत: मोक्षदशा में सुख की विद्यमानता नहीं होती।

मुक्ति या नि:श्रेयस् दो प्रकार की है- परामुक्ति और अपरामुक्ति। आत्मतत्त्व की प्रत्यक्ष अनुभूति होने पर जीवन्मुक्ति की प्राप्ति होती है। किन्तु तब भी प्रारब्ध कर्म शेष रह जाता है। प्रारब्ध कर्म के सर्वथा लोप हो जाने पर ही मुक्ति या परनि:श्रेयस् की उपलब्धि हो सकती है।

वैशेषिक दर्शन में भी न्यायदर्शन की भाँति दु:ख की अत्यन्त निवृत्ति तथा आत्मा-गत गुण-विशेष का उच्छेद ही मुक्ति है। यद्यपि आत्मा-गत सुख या आनन्द की बात वैशेषिक दर्शन नहीं करता।

सांख्यदर्शन के अनुसार दु:ख प्रकृतिजन्य है। पुरुष स्वभावत: मुक्त और निरासक्त होता है। परन्तु अविवेक के कारण प्रकृति के साथ उसका संयोग होता है, जिससे दु:ख की छाया या प्रतिच्छाया उस पर पड़ती है। इसी कारण वह सांसारिक दु:ख भोग भोगने को विवश होता है।

सांख्यदर्शन के अनुसार ही प्रकृति से वियुक्त होकर पुरुष का एकाकी हो जाना ही मोक्ष या कैवल्य है। एकमात्रता ही कैवल्य है- 'केवलस्य भाव: कैवल्यम्।' वस्तुत: बन्धन और मुक्ति दोनों ही प्रकृति-धर्म हैं। पुरुष इस धर्म से परे रहता है। पुरुष के मोक्ष का तात्पर्य है कि

प्रकृतिगत प्रतिबिम्ब रूप मिथ्या दु:ख का नाश तब होता है, जब विवेक द्वारा यह जान लिया जाता है कि मैं (पुरुष) अमरणशील, अपरिवर्तनशील नित्य शुद्ध-बुद्ध और सत्यस्वरूप हूँ।

सांख्यदर्शन के अनुसार भी मुक्ति दो प्रकार की होती है- जीवन्मुक्ति और विदेहमुक्ति। जीवन्मुक्ति की स्थिति में पुरुष प्रकृति से विमुक्त हो जाने पर भी ठीक उसी प्रकार प्रारब्ध कर्म में संलग्न रहता है, जिस प्रकार कुम्हार का चाक बरतन बनाकर उतार लेने के बाद भी कुछ देर तक घूमता रहता है। परन्तु, विदेहमुक्ति में तापत्रय (आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक) का विनाश शरीर का नाश होने पर ही सम्भव है। सुख और दु:ख सापेक्षित शब्द हैं। अत: मुक्ति में दु:ख की तरह सुखानुभूति का अभाव स्वीकार्य है। इस सम्बन्ध में सांख्यदर्शन और न्यायदर्शन में समरूपता है।

योगदर्शन में भी सांख्यदर्शन के समान ही मोक्ष को 'कैवल्य' नाम से अभिहित किया गया है। जैसा पहले कहा गया, कैवल्य का अर्थ है- केवल या एकाकी या एकमात्रता की स्थिति।

यहाँ सांख्य की प्रकृति के स्थान पर बुद्धि या बोध से पुरुष के सम्बन्ध-विच्छेद को अपेक्षित माना गया है। ऐसी स्थिति में ही पुरुष चित् में प्रतिष्ठित होकर कैवल्य-लाभ करता है।

मीमांसा-दर्शन में मोक्ष पर अधिक सूक्ष्मता से बहुमुखी विचार किया गया है। एकमत है कि दृश्य जगत् के साथ आत्मा का सम्बन्ध न रहना ही मुक्ति है। मुक्ति या छुटकारा-जन्म-मरण के चक्र से छुटकारा-'मोचनं मुक्ति:।' मुच् धातु से क्तिन् प्रत्यय के योग से 'मुक्ति शब्द निष्पन्न होता है। जीव भोक्ता शरीर, भोग-साधन इन्द्रिय और भोग-विषय पदार्थ इस त्रिविध बन्धन में बँधा रहता है। इस बन्धन के पूर्णत: या आत्यन्तिक विनाश ही मोक्ष है। मुक्तावस्था में परमानन्द की अनुभूति होती है। एकमत यह भी है, मुक्तावस्था में आनन्द की अनुभूति अवश्य होती है, पर बाह्य पदार्थों से सम्बन्ध न रहने से बाह्य सुख की अनुभूति का सर्वथा अभाव रहता है। दूसरा मत यह है कि मुक्तावस्था में सुख का भी आत्यन्तिक विलय हो जाता है। आत्मा को प्रिय-अप्रिय या हर्ष-शोक का स्पर्श नहीं होता।

अद्वैत वेदान्त के अनुसार आत्मा और ब्रह्म एक है। आत्मैक्य-ज्ञान उत्पन्न होते ही सद्य: आनन्द की अनुभूति होने लगती है। वैष्णव भक्ति-धर्म पांचरात्र के अनुसार ब्रह्म-भावापत्ति, यानी जीव-ब्रह्म का एकाकार होकर नि:शेष आनन्द का उपयोग करना ही मोक्ष है। ऐसे मोक्ष की स्थिति में जीव इस मर्त्यलोक में कभी नहीं लौटता- 'यद् गत्वा न निवर्त्तन्ते दद्धाम परमं मम' अर्थात् भगवान् कहते हैं- जहाँ जाकर मर्त्यलोक में कभी लौटना नहीं होता, वही मेरा परम धाम है।

अद्वैतवादी शंकराचार्य जीव और ब्रह्म को एक मानते हैं, अर्थात् मुक्तावस्था में जीव ब्रह्म के साथ मिलकर एकाकार हो जाता है। ब्रह्म से जीव की भिन्न सत्ता नहीं रहती- 'जीवो ब्रह्मैव नापर:।'

रामानुजाचार्य विदेहमुक्ति मानते हैं। उनके मत से वैकुण्ठ में भगवान का दासत्व ही परम मुक्ति है। द्वैतवादी माध्वमत में भगवान श्रीकृष्ण की कृपा और उनसे प्रेम करने के फल स्वरूप प्रकृति या अविद्या के बन्धन से छूटने को मुक्ति माना गया है।

द्वैताद्वैतवादी निम्बार्काचार्य के मतानुसार मुक्ति दो प्रकार की है- क्रममुक्ति तथा सद्योमुक्ति। निष्काम कर्मयुक्त विधि-निषेध का पालन करते हुए जीवन को अर्चन-वन्दन आदि के द्वारा जो भगवत्प्राप्ति होती है, वह क्रममुक्ति है। इससे भिन्न श्रवण, स्मरण आदि के द्वारा जिन जीवों को संसार के बन्धन से छुटकारा मिल जाता है, वह सद्योमुक्ति है।

चैतन्य के गौडीय वैष्णव-सम्प्रदाय में भी जड़माया से मुक्त होकर ब्रह्मसायुज्य या कैवल्य-मुक्ति की परिकल्पना की गई है और फिर, भक्ति के द्वारा स्वरूपानुभव से वैकुण्ठ एवं भगवान् के गोलोक की प्राप्ति बताई गई है। कृष्णभक्ति से सम्बद्ध हरिवंशी (राधावल्लभीय) और हरिदासी (सखी) सम्प्रदायों में सिद्धान्त-निरूपण कम हुआ है, फिर भी हित-हरिवंश का मुक्ति के सम्बन्ध में यह विचार है कि जब जीव की द्वैत दृष्टि नष्ट हो जाती है और वह हित (प्रेम) रूप से अद्वय-भाव प्राप्त कर लेता है, तब वह नित्य वृन्दावन-विहार का आनन्द-लाभ करता है और स्वयं आनन्दमय हो जाता है। यही आनन्दमयता ही प्रेमाभक्ति है और इसी के माध्यम से वह मुक्ति को अधिगत कर लेता है।

मुक्ति, कैवल्य, मोक्ष, निर्वाण और निःश्रेयस् से सम्बद्ध उपर्युक्त विचारों का विवेचन मुक्ति-प्रधान भक्ति-काव्य से सम्बद्ध भारतीय दर्शन के अध्ययन के लिए निस्सन्देह परम उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

❐❐

# भक्ति का दार्शनिक विवेचन

**- प्रो. रमाकान्तपाण्डेय**

*(भारतीयदर्शनस्य सर्वेषु प्रस्थानेषु भक्तेश्चर्चा विद्यते। 'सा परानुरक्तिरीश्वरे' इत्युक्त्वा शाण्डिल्येन भक्तेः स्वरूपं स्फुटीकृतम्। नारदेन भक्तिसूत्रे 'सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपा' कथिता। प्रस्तुतेऽस्मिन् निबन्धे भक्तेः स्वरूपं विमृष्टम्। अत्र भक्तेर्भेदाः रामानुजदर्शने भक्तेः स्वरूपं, मध्वादीनां मते भक्तेः स्वरूपम्, तथैव निम्बार्कादीनां मते तत्स्वरूपं प्रतिपादितं वर्तते। न केवलं दर्शनेषु अपितु काव्यशास्त्रे भक्तिरसविषये यद्वैशिष्ट्यं लभ्यते तदपीह सप्रमाणं समुपस्थापितम्। लोके भक्तेः यो हि प्रभावः परिलक्ष्यते, स नैकप्रमाणसमुपस्थापनपुरस्सरं चर्चितं निबन्धेऽस्मिन्।)*

भक्ति शब्द 'भज सेवायाम्' धातु से 'क्तिन्' प्रतयय करने से निष्पन्न होता है जिसका अर्थ है – विभाग, सेवा, गौणी वृत्ति, भङ्गी, अनुराग विशेष, ईश्वर में परा अनुरक्ति, उपासना, परमेश्वर विषयक परम प्रेम, उपास्याकाराकारितचित्तवृत्ति, आराधना आदि। प्रस्तुत प्रसंग में भक्ति शब्द में हमे परमेश्वर परम प्रेम ही अभीष्ट है, यही प्रस्तुत व्याख्यान का विवेच्य विषय है। भक्ति शब्द की त्रिविध व्युत्पत्ति की जाती है –

1. भजनं भक्तिः (भावव्युत्पत्तिः) 2. भज्यते या सा भक्तिः (कर्मव्युत्पत्तिः) 3. भज्यतेऽनया इति भक्तिः (करणव्युत्पत्तिः)।

इस प्रकार अपने उपास्य पर परम अनुराग रूप चित्तवृत्ति भक्ति है, भक्त और भगवान् का पारस्परिक भावात्मक सम्बन्धविशेष भक्ति है, परम प्रेम से परिप्लावित भक्त के हृदय का ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण भाव भक्ति है तथा भक्त के हृदय से परम प्रेम के प्रवाह की भावधारा भक्ति है। अत एव शाण्डिल्य ने 'सा परानुरक्तिरीश्वरे[1]' कह कर भक्ति का लक्षण प्रस्तुत किया है। जिसका अभिप्राय है – परमात्मा के प्रति परम अनुरागरूप चित्तवृत्ति ही भक्ति है। इसी तथ्य को स्पष्ट करते हुये शाण्डिल्य संहिताकार ने का है –

**सर्वात्मना निमित्तैव स्नेहधारानुकारिणी।**
**वृत्तिः प्रेमपरिष्वक्ता भक्तिर्माहात्म्यबोधजा।।**

भक्ति पदार्थ को परिभाषित करते हुए नारदभक्ति सूत्र में कहा गया है –

**'सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपा। अमृतस्वरूपा च। यल्लब्ध्वा पुमान् सिद्धो भवति, अमृतो भवति, तृप्तो भवति, यत् प्राप्य न किञ्चिद् वाञ्छति, न शोचति, न द्वेष्टि, न रमते, नोत्साही भवति। यज्ज्ञात्वा मत्तो भवति, आत्मारामो भवति।'[2]**

'वह भक्ति ईश्वर में परम प्रेम रूप है, अमृता स्वरूप है, जिसो पाकर पुरुषसिद्ध हो जाता है, अमृत हो जाता है, तृप्त हो जाता है, जिसे पाकर वह और कुछ नहीं चाहता, न शोक करता, न द्वेष करता, न कहीं रमता, न उत्साही होता। जिसे जानकर भक्त मतवाला हो जाता है, स्तब्ध हो जाता है और आत्माराम हो जाता है।'

नारद ने भक्ति को 'परम प्रेम' कहते हुये यह भी बताया है कि यह 'परम प्रेम' आसक्ति के बिना नहीं प्राप्त होता। उन्होंने परम प्रेम के लिये आवश्यक आसक्ति के ग्यारह भेद बताये हैं – (1) गुणमाहात्म्य–आसक्ति, (2) रूप–आसक्ति, (3) पूजा–आसक्ति, (4) स्मरण–आसक्ति, (5) दास्य–आसक्ति, (6) सख्य–आसक्ति, (7) कान्त–आसक्ति, (8) वात्सल्य–आसक्ति, (9), आत्मनिवेदन–आसक्ति, (10) तन्मयता–आसक्ति और (11) परमविरह–आसक्ति।[3]

इस प्रकार भक्ति आराध्य के प्रति भक्त का पूर्ण समर्पण भाव है, आत्मतत्त्वार्थ को बोध है, परम सुख के प्राप्ति का साधन है।

**भक्ति विषयक पाश्चात्त्य विचार –**

कतिपय पाश्चात्त्य विचारकों का मत है कि भारत में भक्ति की अवधारणा इसाई धर्म से आयी है। कर्मप्रधान यहूदी धर्म की अपेक्षा इसाई धर्म में प्रेम का अत्यधिक महत्त्व और प्राचुर्य है। इसाई धर्म का मूलसिद्धांत ही आराध्य के प्रति प्रेम प्राचुर्य या भक्ति है। अतः पाश्चात्त्य समीक्षक इसाई धर्म में ही सर्वप्रथम भक्ति के उदय की बात करते हैं। उनके अनुसार भारतवर्ष भक्ति की अवधारणा के लिए इसाई धर्म का ऋणी है। ऐसे विचारकों मे बेवर, कीथ ओर ग्रियर्सन प्रमुख हैं।

ग्रियर्सन[4] ने माना है कि प्राचीन समय में इसाइयों की एक बस्ती मद्रास के पास थी, उन्हीं के प्रभाव से हिन्दुओं में भक्ति का प्रादुर्भाव हुआ और कालान्तर में भक्ति दक्षिण भारत में सम्पूर्ण भारत में फैल गयी।

बेवर कृष्ण की भगवान् के रूप में कल्पना का श्रेय क्राइष्ट को देते हैं। उनके अनुसार कृष्ण जन्माष्टमी पर्व और महाभारत में श्वेतद्वीप का वर्णन भी इसाई धर्म की देन है।

विलसन ने भक्ति को अर्वाचीन युग की उपज बताते हुये यह सिद्ध करने का उपक्रम किया है कि विभिन्न सम्प्रदायों के गुरुओं ने अपनी प्रतिष्ठा के लिए इसका प्रचार किया।[5]

**पाश्चात्त्य विचारकों का खण्डन –**

वास्तव में इन पाश्चात्त्य विद्वानों की अवधारणायें निर्मूल हैं। श्रीराम चौधरी, पं. गौरीशंकर हीराचन्द्र ओझा, बालगंगाधर तिलक, श्री कृष्ण स्वामी अयंगार आदि विद्वानों ने उपर्युक्त पाश्चात्य विद्वानों का खंडन करते हुये भक्ति का स्त्रोत वेदों को बताया है। निष्कर्षतः पाश्चात्त्य विद्वानों का यह मत स्वीकरणीय नहीं हैं। उनका यह कथन पूर्णतः निर्मूल, निराधार और कपोल कल्पित तथा सर्वथा अप्रामाणिक है। भारतवर्ष में भक्ति का उदय इसाई धर्म के उदय से बहुत पहले हो चुका था। इतना पहले कि उस सयम तक इसाई धर्म की कल्पना तक

नहीं हो सकी थी। वेद जिस प्रकार ज्ञान और कर्म के उद्‌गमस्थल हैं। उसी प्रकार भक्ति का भी मूलस्त्रोत वेद ही हैं।[6]

यहाँ यह शंका की जा सकती है कि वेदों में भक्ति शब्द का प्रयोग तो है नहीं, फिर वहाँ भक्ति की अवधारणा का निर्धारण कैसे किया जा सकता है? वस्तुतः वेदों में भक्तिप्रवण हृदय से देवताओं की स्तुति की गयी है। देवताओं के साथ ही वहाँ माता, पिता, भाई, मित्र आदि स्निग्ध बन्धुओं का स्नेहिल सम्बन्ध वर्णित है। अनेक मंत्रों में देवताओं के प्रति स्तुतिकर्ताओं का अनुराग स्पष्ट दृष्टिगत होता है। ऋग्वेद के अधोलिखित मन्त्र यहाँ द्रष्टव्य है–

**'त्वं हि नः पिता वसो त्वं माता शतक्रतो बभूविथ अधाते सुस्नमीमहे'**[7] तथा –

**सखा पिता पितृतमः पितृणां कर्तुमुलोकमश्नुते वयोधाः**[8]

इस प्रकार इन्द्र मित्रता, सहृदयता, मातृत्व और पितृत्व का आवास भूमि माना गया है। इन्द्र के साथ इस प्रकार के भावपूर्ण स्निग्ध सम्बन्ध को देख कर वेदों में भक्ति के अभाव की बात करना सर्वथा अनुचित हैं स्तवन के समय विभिन्न देवताओं की भावप्रवण स्तुतियों में निहित सरस भावुकता ही स्तोताओं के हृदय में भक्ति के सद्‌भाव में प्रमाण है।

अविवेकियों की विषयनिष्ठ परम आसक्ति के समान भक्त की ईश्वर में अनुरक्ति ही भक्ति है। तुलसी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है –

**कामिहि नारि पियारि जिमि लोभिहि के प्रिय दाम।**
**तिमि रघुनाथ निरन्तर प्रिय लागहु मोंहि राम।।**

तुलसी के उपर्युक्त शब्द विष्णुपुराण के अधोलिखित श्लोक से संवाद करते हैं –

**या प्रीतिरविवेकानां विषयेष्वनपायिनी।**
**त्वामनुस्मरतः सा मे हृदयान् माऽपसर्पतु।।**[9]

ब्राह्मण ग्रन्थों का अनुशीलन करें तो हम पाते हैं कि इन ग्रन्थों में भक्ति भावना का उत्तरोत्तर विकास हुआ है। यही स्थिति आरण्यक ग्रन्थों में भी दृष्टिगत होता है। उपनिषद् ग्रन्थ तो भक्ति से परिपूर्ण हैं। यहाँ चित्तवृत्ति निरोधात्मक योग से पुष्ट साधकों का हृदय भक्ति के प्रति अधिक आकृष्ट दिखाई देता है। श्वेताश्वतर उपनिषद् में स्पष्ट रूप से भक्ति शब्द का प्रयोग हुआ है –

**यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।**
**तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः।।**[10]

आगामी काल में उपनिषदों में प्रतिपादित भक्ति का ही विकास महाभारत, गीता, श्रीमद्‌भागवत, भक्तिसूत्रों तथा अनेक वैष्णव सम्प्रदायों में हुआ। यहाँ यह भी तथ्य उपस्थापित करने योग्य है कि उपर्युक्त ग्रन्थों के प्रणयन के समय भारत का पाश्चात्त्य जगत् से कोई सम्बन्ध नहीं था, अतः इन ग्रन्थों में भक्ति का प्रतिपादन इसाई धर्म के प्रभाव से माना जाना न्यायोचित नहीं है। इस विषय में कोई भी तर्क देना विचारक की पूर्वाग्रहग्रस्तता तथा भारतीय परम्पराओं से उसकी अनभिज्ञता को प्रमाणित करता है।

श्रीमद्भागवत स्पष्ट करता है कि ज्ञान और कर्म के साथ भक्ति का प्रतिपादन भी वेदों का अभीष्ट है। 'भक्तिः प्रमेया श्रुतिभ्यः'11 कहकर शाण्डिल्य ने भी इस तथ्य का समर्थन किया है। इस सूत्र की व्याख्या करते हुये अपनी भक्तिचन्द्रिका नामक टीका में नारायण तीर्थ ने भक्ति और उसके भेदों के प्रतिपादन हेतु अनेक वेदमन्त्रों को उद्धृत किया है जिनमें श्रवण, कीर्तन आदि का स्पष्ट प्रतिपादन है।

**भक्ति का स्वरूप -**

भक्ति का स्वरूप जानने के लिए यहाँ प्रथमतः हम लौकिक अनुराग को समझने का प्रयास करते हैं। लौकिक अनुराग तीन प्रकार का है - 1. स्नेह, 2. प्रेम और 3. श्रद्धा। पुत्र, कन्या तथा शिष्य आदि के प्रति पिता या गुरु आदि के हृदय में विद्यमान निम्नगामी अनुराग 'स्नेह' कहा गया है। मित्र और कलत्र आदि के प्रति होने वाला समानगामी अनुराग 'प्रेम' है तथा माता, पिता आदि मान्यों के प्रति मान्यगामी अनुराग ही 'श्रद्धा' पदवाच्य है।

यह अनुराग भी दो प्रकार का है - काममूलक और प्रेममूलक। काममूलक अनुराग में आसक्ति का आधिक्य दृष्टिगत होता है जबकि प्रेममूलक अनुराग में भाव का प्राधान्य होता है। काम का मूल स्वार्थ है, उसकी लक्ष्य इन्द्रियाँ हैं किन्तु प्रेम का मूल परार्थ है और उसका लक्ष्य आत्मा होता है। स्वार्थ की अज्ञान मूलता के कारण कामी में विशुद्ध प्रेम का अभाव होता है। उसे कथमपि भक्ति का अधिकारी नहीं माना जा सकता। भगवान् के प्रति उन्मुख भगवत्प्रेमी ही भक्ति का अधिकारी है। श्रीमद्भागवत कहता है -

**मिथो भजन्ति ये सख्यः स्थार्थैकान्तोद्यमा हिते।**
**न तत्र सौहृदं धर्मः स्वार्थार्थं तद्धिनाऽन्यथा।।**[12]

'अहं ब्रह्मास्मि' 'तत्त्वमसि' इत्यादि महावाक्यार्थ के विशिष्ट अर्थ का चिन्तन करते हुये ब्रह्म से अभिन्न आत्मतत्त्व का साक्षात्कार ही भक्ति है -

**मोक्षकारणसामग्र्यां भक्तिरेव गरीयसी।**
**स्वस्वरूपानुसन्धानं भक्तिरित्यभीधीयते।।**[13]

नारद इसे और भी स्पष्ट करते हैं -

**सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं तत्परत्वेन निर्मलम्।**
**हृषीकेण हृषीकेशसेवनं भक्तिरुच्यते।।**[14]

स्नेह आदि वृत्तियाँ लौकिक हैं, अतः विनश्वर हैं। किन्तु भक्ति उन स्नेह आदि से विलक्षण है। भक्ति भी नित्य, निर्मल आनन्दस्वरूप परमात्मा है, अतः भक्ति भी नित्य है। मित्र, पुत्र, कलत्र आदि के प्रति स्नेह विनश्वर और बन्धन का कारण है किन्तु 'भक्ति' पदवाच्य परमेश्वर विषयक अलौकिक अनुराग बन्धन का कारण नहीं। भक्ति नित्य, सत्य, सनातन, सकल कामनाओं की अधीश्वरी है, मोहातीत है, शुद्धसत्त्व गुणमयी है, भगद्हृदयविहारिणी है, साक्षात् मुक्तिप्रदायिनी है और लोकातीत है।

वेदों में प्रतिपादित भक्ति हो अथवा दार्शनिकों या मध्यकालीन तुलसी, नानक, कबीर के

द्वारा प्रवर्तित भक्ति, सब एक हैं, उनमें परस्पर कोई भेद नहीं है। इनमें दृष्टिगत होने वाला बाह्य भेद गङ्गा में तीर्थों के द्वारा किये गये भेद की तरह हैं। हृषीकेश, हरिद्वार, प्रयाग, काशी तीर्थों के द्वारा व्यवहृत होने वाला भेद मात्र तीर्थ-पर्यवसायी है, गङ्गा तो वही है।

जिस प्रकार हिमालय से निर्गमकाल में कोई धारा अलकनन्दा, कोई मन्दाकिनी तो कोई भागीरथी कहलाती है। बाद में समतलभूमि में आकर तीनों मिलती हैं और 'गङ्गा' नाम से लोकविश्रुत और लोकपूज्य बनती हैं, उसी प्रकार अनुरागमयी धारा स्नेह, प्रेम और श्रद्धा रूप से पुत्र, मित्र, कलत्र, पति, पिता और गुरु में चंचलता से प्रवाहित होती हुई जब अपने त्रिविध नाम, रूप और स्वभाव को त्याग देती है तथा स्वार्थरहित भगवद्भावमय समतल प्रदेश में एक होकर शान्तधारा में बहती है, तब वही धारा 'भक्ति' कही जाती है। पुत्र, मित्र आदि में जो अनुरागोत्पत्ति स्नेह, प्रेम और श्रद्धारूप से होती है वही बाद में भगवद्भावोन्मुख होने पर 'भक्ति' पदवाच्य बनती है।

जीव अपने स्वरूप को भूलकर इच्छा, सुख, दुःख आदि धर्मों को अपने पर आरोपित करता हुआ जन्म मृत्यु के चक्र में फँस जाता है और आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक दुःखों को भोगता है किन्तु जब भक्तिप्रवण होकर वह जीव अपने को शरीरत्रयानवच्छिन्न, तद्गत सुखदुःख से असम्बद्ध, सर्वव्यापक पूर्णानन्द स्वरूप मानता है तब वह ज्ञानी भक्त अपने स्वरूप को प्राप्त करता है तथा पूर्ण सच्चिदानन्दसागर में निमज्जित होता है। श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण ने कहा है –

**तस्माद् ज्ञानेन सहितं ज्ञात्वा स्वात्मानमुद्धव।**
**ज्ञानविज्ञानसम्पन्नो भज मां भक्तिभावतः।।**
**ज्ञानविज्ञानयज्ञेन मामिष्ट्वात्मानमात्मनि।**
**सर्वयज्ञपतिं मां वै संसिद्धिं मुनयोऽगमन्।।**
**भक्तिं लब्धवतः साधोः किमन्यदवशिष्यते।**
**मय्यनन्तगुणे ब्रह्मण्यानन्दानुभवात्मनि।।**[15]

इस प्रकार सर्वसाक्षी, सर्वान्तर्यामी, सर्वशक्तिमान्, सर्वेश्वर, सर्वशासक, निरतिशयज्ञानवान्, सर्वज्ञ परमात्मा के प्रति द्रवीभावपूर्तिका मन की भगवदाकाररूपा सविकल्पा वृत्ति ही भक्ति है। मधुसूदन सरस्वती ने धर्मपूर्वक भगवद्गुणों के आराधन से द्रवीभूत हृदय की तैलधारावद् अनवच्छिन्नधारावाहिक भगवदाकारवृत्ति को ही भक्ति कहा है –

**द्रुतस्य भगवद्धर्माद्धारावाहिकतां गता।**
**सर्वेशे मनसो वृत्तिर्भक्तिरित्यभिधीयते।।**
**'द्रवीभावपूर्विका मनसो भगवदाकाररूपता सविकल्पा वृत्तिर्भक्तिः'**

समस्त सांसारिक प्राणियों की प्रवत्ति सुख प्राप्ति में ही होती है। कोई कभी भी दुःख की कामना नहीं करता। कोई भी विवेकी स्वल्पता में सुख का अनुभव नहीं करता, सभी को निरन्तर अधिकाधिक सुख की अभिलाषा होती हैं जीव जब तक अनन्त सुख नहीं पा लेता तब

तक प्रयतमान ही रहता है। भगवती छान्दोग्यश्रुति कहती है – यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति।[16] (6.22.9)

भक्ति ही नित्य और शाश्वत सुख है, वही रस है, वही ब्रह्म भी। इस रस में ही जीव सुख का अनुभव करता है। गीता में श्रीकृष्ण का कथन है –

**भक्त्या मामभिजानाति यावान् यश्चास्मि तत्त्वतः।**
**ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम्।।**[17]

इस प्रकार 'यदा यदा हि धर्मस्य (गीता, 4,7-8) इत्यादि प्रतिज्ञा के अनुार प्राणियों के कल्याण के लिए, धर्म की स्थाना के लिये, अधर्म के विनाश के लिए, संतों के संरक्षण के लिये, दृष्टों के दमन के लिए और भक्तों को आनन्दित करने के लिये जो अवतार लेता है, भक्तों को आनन्दित करता है, शास्त्रीय मर्यादाओं का पालन करता है, समस्त लोक को सुख प्रदान करता है, वह परमात्मा भगवान्, परमेश्वर, आराध्य है तथा उस ईश्वर के प्रति परमानुरक्ति या अनन्य प्रेम ही भक्ति है।

**भक्ति के भेद –**

आचार्यों ने गौणी और परा भेद से भक्ति को द्विविध बताया है। यह गौणी दो प्रकार की है – वैधी और रागात्मिका। वैधी के नौ भेद कहे गये हैं – श्रवण, कीर्तन स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन –

**श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।**
**अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्।।**[18]

गौतमीयतन्त्र में भक्ति के आठ ही भेद बताये गये हैं –

**देवतायां च मन्त्रे च तथा मन्त्रप्रदे गुरौ।**
**भक्तिरष्टविधा यस्य तस्य कृष्णः प्रसीदति।**
**तद्भक्तजनवात्सल्यं पूजायां चानुमोदनम्।**
**सुमना अर्चयेन्नित्यं तदर्थे दम्भवर्जनम्।।**
**तत्कथाश्रवणे रागस्तदर्थे चाङ्गविक्रिया।**
**तदनुस्मरणं नित्यं यस्तन्नाम्नोपजीवति।।**
**भक्तिरष्टविधा ह्येषा यस्मिन् म्लेच्छेऽपि वर्तते।**
**स मुनिः सत्यवादी च कीर्तिमान् स भवेन्नरः।।**[19]

पद्मपुराण में कार्तिक माहात्म्य के प्रसंग में भी भक्ति के आठ ही भेद कहे गये हैं –

**श्रवणं कीर्तनं पूजा सर्वकर्माऽर्पणं स्मृतिः।**
**परिचर्या नमस्कारः प्रेम स्वात्मार्पणं हरौ।।**[20]

अन्यत्र पद्मपुराण के उत्तरखण्ड में शिवपार्वती के संवाद के प्रसंग में भक्ति के 16 भेद बताये हैं –

**आद्यन्तु वैष्णवं प्रोक्तं शङ्खचक्राङ्कनं हरेः।**
**धारणं चोर्ध्वपुण्ड्राणां तन्मन्त्राणां परिग्रहः।।**
**अर्चनं च जपो ध्यानं तन्नामस्मरणं तथा।**
**कीर्तनं श्रवणं चैव वन्दनं पादसेवनम्।**
**तत्पादोदकसेवा च तन्निवेदितभोजनम्।**
**तदीयानां च संसेवा द्वादशीव्रतनिष्ठता।।**
**तुलसीरोपणं विष्णोर्देवदेवस्य शार्ङ्गिणः।**
**भक्तिः षोडशधा प्रोक्ता भवबन्धनविमुक्तये।।**[21]

प्रस्तुत प्रसंग में शंख चक्र का अंकन, ऊर्ध्वपुण्ड्रधारण, उनके मन्त्रों का परिग्रह, अर्चन, जप, ध्यान, विष्णुनामों का स्मरण, कीर्तन, श्रवण, वन्दन, पादसेवन, चरणामृतग्रहण, भगवान् को समर्पित पदार्थ का प्रसाद ग्रहण, उनके भक्तों की सेवा, द्वादशीव्रत और तुलसी का रोपण, भक्ति के अन्तर्गत परिगणित हैं।

वैष्णव सम्प्रदाय में मुख्य रूप से भक्ति के तीन भेद हैं – वैधी, रागात्मिका और परा। साधनदशा की गौणी भक्ति ही सिद्धावस्था में 'परा' शब्द से व्यपदिष्ट होती है। इसलिये पराभक्ति की प्राप्ति के लिए जो साधनावस्था होती है, वैष्णव उसे ही गौणी भक्ति का नाम देते हैं।

वैधी भक्ति का अनुष्ठान कर रहे भक्त के हृदय में भगवान् के प्रति अपूर्व अनुराग उत्पन्न हो जाता है, वह भगवद्भावसागर में निमग्न होकर अमन्द आनन्द का सन्दोह प्राप्त करने लगता है, उसका चित्त अनवच्छिन्न भक्ति प्रवाह से सराबोर हो जाता है, उस भक्ति की यह दशा ही 'रागात्मिका' भक्ति कहलाती है।

रागात्मिका भक्ति की दशा में भक्त का मनोमधुप प्रभुपादमकरन्द के रसास्वाद से उन्मत्त होकर सर्वत्र प्रभु का ही साक्षात्कार करता है और निरन्तर आनन्दित होता रहता है। इस भक्त का हृदय सांसारिक विषयों से विरक्त होकर अहर्निश भगवान् में ही लीन रहता है। परिपक्वदशा का यही परिणाम 'परा' भक्ति के नाम से अभिहित होता है। इस अवस्था में भक्त सर्वत्र आत्मदर्शन करता हैं शंकराचार्य के अधोलिखित पद्य में भक्ति की इस अवस्था को देखा जा सकता है –

**सम्पूर्णं जगदेव नन्दनवनं सर्वेऽपि कल्पद्रुमा**
**गाङ्गं वारि समस्तवारिनिबहः पुण्याः समस्ताः क्रियाः।**
**वाचः प्राकृतसंस्कृताः श्रुतिगिरो वाराणसीमेदिनी**
**सर्वावस्थितिरस्य वस्तुविषया दृष्टे परे ब्रह्मणि।।**

भक्त को आत्मज्ञान हो जाने के अनन्तर उसके लिएये सम्पूर्ण संसार ही नन्दनवन हो जाता है, सभी वृक्ष कल्पवृक्ष, समस्त जल गंगाजल, समस्त क्रियायें पुण्य क्रियायें, सभी प्राकृत

और संस्कृत वाणी श्रुतिवचन, समस्त वसुन्धरा वाराणसी हो जाती है। उसे सर्वत्र आत्मसाक्षात्कार होता है। आत्मतत्त्व के अतिरिक्त उसे कोई तत्त्व भासित ही नहीं होता।

**भक्ति रस –**

वेद, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषदों से होती हुई भक्ति की धारा रामायण, महाभारत, पुराणों, महाकाव्यों, खण्डकाव्यों, नाटकों तथा स्तोत्रों तक प्रवहमान हुई। संस्कृत साहित्य की गहन अभिव्यक्तियों से छलक कर वह लोकभाषा, लोकसाहित्य, लोकगीतों तथा लोकनाट्यों में भी अभिषिक्त हुई। दार्शनिक प्रस्थानों ने उसके स्वरूप का परिशीलन किया – 'रसं ह्येवाऽयं लब्ध्वा आनन्दीभवति'। चैतन्य के अनुयायी काव्यशास्त्रियों ने उसे रस की कोटि तक पहुँचाया। 'रसो वै सः' जैसे श्रुतियों का आश्रय लेकर उन्होंने भक्ति रस की ही ब्रह्मरूपता स्वीकार की। रस की ब्रह्मरूपता और ब्रह्म की रसरूपता का प्रतिपादन कर इन काव्यशास्त्रियों ने अपनी विचारधारा के सामने दार्शनिकों को भी झुका दिया। वस्तुतः वैष्णव सम्प्रदाय में ब्रह्म की रसरूपता ही स्वीकृत है, अतः यहाँ उन उन आचार्यों के मत में भक्ति–रस का स्वरूप जानना आवश्यक है। काव्यशास्त्र में भक्ति रस को रसत्व प्रदान नहीं किया गया। उसे भाव तक ही सीमित रखा गया। 'रतिर्देवादिविषया' कह कर मम्मट ने उसके भावत्व का प्रतिपादन किया। किन्तु बाद में यह भक्तिरस रसराज बना।

**रामानुज और भक्ति रस –**

विशिष्टाद्वैतवादी रामानुज द्वारा प्रतिपादित रस काव्यरस न होकर दर्शन का रस है। वह ब्रह्म का पर्याय है। यहाँ ध्यातव्य है कि काव्यशास्त्र में प्रतिपादित रस ब्रह्मानन्द न होकर ब्रह्मानन्दसहोदर है किन्तु "रसो वै सः" "आनन्दो ब्रह्म" आदि श्रुतियों से प्रतिपादित रस ब्रह्म का पर्याय है। रामानुज रस, आनन्द और सुख शब्दों का प्रयोग ब्रह्म के पर्याय के रूप में ही करते हैं –

**आनन्दो ब्रह्म इत्युच्यते। विषयायत्तत्वात् ज्ञानस्य सुखरूपतया ब्रह्मैव सुखम्। तदिदमाह–रसो वै सः, रसं ह्येवाऽयं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति।**[22]

विशिष्टाद्वैत में ब्रह्म 'आनन्दस्वरूप' एवं 'ज्ञानस्वरूप' है। यहाँ आनन्द और ज्ञान शब्द एकार्थक भी हैं। रामानुज के अनुसार वही ज्ञानविशेष आनन्द है जिसके द्वारा लोक आनन्द को साध्य समझता है –

**प्रीतिश्च ज्ञानविशेष एव। ननु च सुखं प्रीतिरित्यनर्थान्तरम्, सुखं च ज्ञानविशेषसाध्यं पदार्थान्तरमिति लौकिकाः। नैवम्। येन ज्ञानविशेषेण तत् साध्यमित्युच्यते, स एव ज्ञानविशेषः सुखम्।**[23]

इसी तथ्य के आधार पर रामानुज परमतत्त्व ब्रह्म को बहुत्र ज्ञानानन्दैकरूप कहते हैं (ज्ञानानन्दैकरूपः, गीताभाष्य, अवतरणिका, पृ.1)

अतः रामानुज का ज्ञान आनन्दात्मक है और आनन्द ज्ञानात्मक। ब्रह्म आनन्दस्वरूप है तथा ज्ञानस्वरूप भी है और आनन्द तथा ज्ञान उसमें गुण के रूप में भी विद्यमान हैं (जीवात्मस्वरूपं ........... ज्ञानानन्दैकगुणात्, वेदार्थसंग्रह, पृ. 1)। यह कथन परस्पर विरुद्ध अवश्य प्रतीत होता है किन्तु रामानुज ज्ञान तथा आनन्द को आत्मा का स्वरूप निरूपक धर्म ही मानते हैं। ब्रह्म 'आनन्दस्वरूप' या 'ज्ञान स्वरूप' है, इसका आशय ही यह है कि वह आनन्द एवं ज्ञान का आधार है।

ब्रह्म की आनन्दरूपता एवं आनन्दगुणता दीपज्योति और दीपप्रभा के उदाहरण से समझी जा सकती है। जिस प्रकार दीपशिखा प्रभा का आश्रय है उसी प्रकार ज्ञानस्वरूप और आनन्दस्वरूप ब्रह्म ज्ञान और आनन्द का आधार है (यथैकमेव तेजोद्रव्यं प्रभाप्रभावद्रूपेणावतिष्ठते। ....... अस्यास्तु गुणत्वव्यवहारो नित्यतदाश्रयत्वतच्छेषत्वनिबन्धनः, श्रीभाष्य, 1.1.1, पृ. 67)। प्रभा एक द्रव्य होकर भी दीपशिखा के आश्रित शेषरूप रहने के कारण गुणरूप ही है, इसी प्रकार ज्ञान-आनन्द भी स्वयं द्रव्य होकर द्रव्यरूप आत्मा के गुण हो सकते हैं (यथा हि मणिद्युमणिप्रभृति तेजोद्रव्यं प्रभावद्रूपेणावतिष्ठमानं प्रभारूपगुणाश्रयः, द्रव्यरूपापि तच्छेषत्वनिबन्धनगुणव्यवहारा। एवमयमात्मा स्वप्रकाशचिद्रूप एव चैतन्य गुणः, सर्वदर्शनसंग्रहः, रामानुजदर्शन, पृ. 98-99)

किसी द्रव्य के गुण होने के लिये आधेयता ही अपेक्षित हैं आधारभूत पदार्थ वस्तुतः द्रव्य है और आधेय पदार्थ गुण। इस प्रकार ज्ञान और आनन्द आत्मा के स्वरूप भी हैं और गुण भी। रामानुज के ज्ञानस्वरूप और आनन्दस्वरूप कहने का अर्थ यही है कि ब्रह्म ज्ञान-आनन्द गुणों से विशिष्ट है। (ज्ञानेन धर्मेण स्वरूपमपि निरूपितम्, न तु ज्ञानमात्रं ब्रह्मेति। ...... ज्ञानस्य धर्ममात्रत्वाद् धर्ममात्रस्यैकस्य वस्तुत्वप्रतिपादनानुपपत्तेश्च। अतः सत्यज्ञानादिपदानि स्वार्थभूतज्ञानादिविशिष्टमेव ब्रह्म प्रतिपादयन्ति (वेदार्थसंग्रह, पृ. 6) अतः रामानुज ब्रह्म को आनन्द कहने की अपेक्षा आनन्द को ब्रह्म का धर्म बताते हैं। ब्रह्म 'आनन्दि' है। श्रीभाष्य में इस तथ्य को और भी अधिक स्पष्टता के साथ प्रतिपादित किया गया है।24

ऐसा नहीं है कि यह 'ज्ञानानन्दस्वरूपता' तथा 'ज्ञानानन्दैकगुणता' केवल ब्रह्म में ही रहती है। रामानुज जीव में भी इस धर्मों का प्रतिपादन करते हैं। स्वरूपतः ब्रह्म और जीव दोनों के ज्ञानानन्द अपरिच्छिन्न हैं किन्तु जीव के ज्ञानानन्द अविद्या के द्वारा संकुचित हो जाते हैं, अविद्या के दूर हो जाने पर पुनः अपरिच्छिन्न रह जाते हैं किन्तु ब्रह्म के ज्ञानानन्द पूर्ण, निरतिशय, अनन्त एवं संकोच विकास से परे होते हैं। उन पर अविद्या का प्रभाव नहीं पड़ता।

विशिष्टाद्वैत मुक्त जीवों की भी दो कोटियों को स्वीकार करता है। एक तो वे मुक्त जीव होते हैं जो कर्मरूप अविद्या से मुक्त होकर ज्ञानानन्दस्वरूप रह जाते हैं और अपने अपरिच्छिन्न ज्ञानानन्द का अनुभव करते हैं। किन्तु उनका यह आनन्द निरतिशय एवं अनन्त नहीं होता। निरतिशय, परिपूर्ण आनन्द की अनुभूति वे ही मुक्त जीव कर पाते हैं जो वैकुण्ठवासी शेषशायी भगवान् नारायण के परिकर में सम्मिलित होकर परम प्रीतिपूर्वक अपनी शेषता की

अनुभूति करते हैं। अतः विशिष्टाद्वैत का परमप्राप्य रस वही निरतिशय आनन्द है जो ब्रह्म का स्वरूप निरूपक धर्म है। वही निरतिशय एवं अनन्त है।

रामानुज का यह आनन्द-स्वरूप ब्रह्म शंकर के आनन्द-स्वरूप ब्रह्म के समान निर्गुण एवं निर्विशेष नहीं है, सविशेष एवं सगुण है, इतना ही नहीं वह दिव्य रूप, दिव्य आकृति, एवं दिव्य वैभव से भी परिपूर्ण है। इस प्रकार रामानुज का आराध्य ब्रह्म अनन्त कल्याण गुणों से विशिष्ट नारायण पुरुषोत्तम भी है। उनके इस ब्रह्म स्वरूप में, जैसा कि डा. राधाकृष्णन् ने प्रतिपादित किया है, वेद-आगम-पुराण और प्रबन्धम् का समन्वय हुआ है। इस प्रकार मुक्त जीव के द्वारा की जाने वाली ब्रह्मानन्द की अनुभूति निर्विशेष एवं अनुभूति मात्र न होकर सविशेष, सगुण, साकार सौन्दर्य की अनुभूति है। रामानुज का ब्रह्मवेद्य भी है, अनुभवनीय भी। उसमें दर्शन और भक्ति मिलकर एक हो गयी हैं।

यही विशिष्ट, सगुण, लीलामय, ज्ञानान्द-स्वरूप, ज्ञानान्दैकगुण, अन्तर्यामी, परब्रह्म पुरुषोत्तम भगवान् वासुदेव रामानुज के दर्शन का प्रतिपाद्य रस तत्त्व है।

रामानुज के इस 'रस-तत्त्व' के विषय में निम्न बातें हमारे समक्ष आती हैं -

1.'रस' परमात्म तत्त्व ब्रह्म का पर्याय है, परम तत्त्व 'रस-स्वरूप' है।

2.'रस' वस्तुतः ब्रह्म का स्वरूप नहीं, उसक स्वरूप-निरूपक धर्म हैं वह स्वयं आनन्द नहीं, आनन्द-गुण से युक्त है। उसका यह आनन्द निरतिशय-निरवधिक है। ब्रह्म के इस आनन्द गुण को, जो वस्तुतः ज्ञान का पर्याय ही है, परम भक्त जीव अनुभव करता है।

3.परम तत्त्व नारायण लीलामय प्रभु है। वह चिदचिद्-मय विश्व के सर्जन-निमीलन की लीला करता है। इस लीला में वह रसास्वादन करता है। इस प्रकार वह अपने ही 'लीलारस' का भोक्ता है। अपने भक्तों के साथ घुल-मिल जाना उस भक्तवत्सल का भोग है।

4.रसास्वादन करने वाले भक्त की दृष्टि से वास्तविक रस है उस शेषी के शेष रूप में अपनी सच्ची स्थिति के परिज्ञान के साथ नित्य कैङ्कर्य की अनुभूति। भक्त जीव का यह चरम दास्य भाव है, जो रत्यात्मक है। यह रति अपने शेषी के प्रति अपनी शेषता का ज्ञान भी है, और उसके प्रति गहरी अनुरागानुभूति भी। अतः यह रति ज्ञान और अनुभूति का घोल है। इसे रामानुज 'अशेषशेषतैकरतिरूप नित्य कैङ्कर्य' कहते हैं, और इस स्थिति को ही भक्त की एकरसात्मता बताते हैं।

इस प्रकार रामानुज का 'रस' परम भक्त जीव की अपने अपने आराध्य शेषी परमात्मा के प्रति अशेष-शेषतामयी नित्य कैङ्कर्य की रत्यात्मिका अनुभूति है जिसमें शेषी परमात्मा के निरतिशयनिरवधिक आनन्द का आस्वादन भक्त को होता है।

रामानुज की भक्ति ज्ञानरूपा है, मात्र प्रीति नहीं, उन्होंने इस तथ्य का स्थल-स्थल पर प्रतिपादन किया है। परन्तु वह सामान्यतः बौद्ध-ज्ञान नहीं, ज्ञान-विशेष है। केवल बौद्ध ज्ञान मेधा की क्रिया है, उसमें अनुराग का योग होने पर जो ज्ञान का विशेष रूप बनता है। वही भक्ति है-

**"भक्तिरूपापन्नौऽनुध्यानेनैव लभ्यते, न केवलवेदनमात्रेण, न मेधयेति निषिद्धत्वात्। यदा तस्य तस्मिन्नेवानुध्याने निरवधिकातिशया प्रीतिर्जायते तदैव तेन लभ्यते परः पुरुषः।**

इस प्रकार रामानुज की भक्ति में दो अंश हैं – एक है वेदन का, दूसरा है प्रीति का, और वे इस प्रीति को भी ज्ञान का ही एक विशेष रूप मानते हैं–

**"भक्तिशब्दश्च प्रीतिविशेषे वर्तते।प्रीतिश्च ज्ञानविशेष एव।"**

**मध्वाचार्य और भक्ति रस –**

आचार्य मध्व द्वैतवाद के प्रतिष्ठापक हैं। उन्होंने रामानुज की अनेक मान्यताओं को स्वीकार किया है तथापि वह भेद, भेदाभेद और अभेद को समेटने वाली रामानुज की प्रक्रिया से सहमत नहीं हैं। उन्होंने स्पष्टतः भेदवाद का प्रतिपादन किया है।

मध्व ने 'रसो वै सः' श्रुति वाक्य में रस–शब्द को ब्रह्म का पर्यायवाची न मानकर विशेषण के रूप में स्वीकार किया है। 'सः' विशेष्य है, 'रस' विशेषण। ब्रह्म के सन्दर्भ में सत्, चित्, आनन्द तीन शब्दों की चर्चा चला करती है, जिनमें प्रायः 'रस' शब्द को 'आनन्द' का पर्यायवाची प्रतिपादित किया गया है। किन्तु मध्व ने उसे 'चित्' के पर्याय के रूप में दिखाया है :

"रसो वै सः, रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति इति रसशब्देन विशेषणात् तत्सारभूतं चिन्मात्रमेवोच्यते।" (भाष्य – 1.1.16)

स्वरूपतः जीव को मध्व ने बल, आनन्द, ज्ञान, ओज आदि धर्मों से मुक्त माना है। वे इस सम्बन्ध में गौपवन श्रुति की मान्यता स्वीकार करते हैं –

**बलमानन्द ओजश्च समज्ञानमनाकुलम्।**
**स्वरूपाण्येव जीवस्य व्यज्यते परमाद् विभोः।।**[25]

परमात्मा का आनन्द प्रचुर, असीम एवं नित्य है। किन्तु जीव का आनन्द बद्ध दशा में तिरोहित हो जाने वाला तथा ससीम हैं जीव के इस निजानन्द की अभिव्यक्ति भगवत्सान्निध्य से मुक्ति–दशा में होती है। "व्यज्यते परमाद् विभोः"। बद्ध दशा में वह दुःखी होता है, अज्ञानी होता है, अबल होता है। मुक्त दशा में परमात्म–सम्पर्क से उसके ज्ञान–आनन्दादि धर्म व्यक्त हो जाते हैं।[26]

इसी स्थिति को "रसं ह्येवायं लब्ध्वा आनन्दी भवति" इत्यादि श्रुति–वचन निरूपित करते हैं। मध्व ने 'रस' को चिदात्मक स्थिति कहा है। यह ज्ञान–दशा है बद्ध दशा अज्ञान की होती है, जिसमें दुःखादि का अवकाश होता है। पूर्ण चिदात्मक परमेश्वर को, जो रस–रूप है 'रसो वै सः' श्रुति जिसकी रस–विशिष्टता बताती है, प्राप्त कर मुक्ति–योगी जीव भी आनन्दी हो जाता है, उसके स्वरूपात्मक आनन्द–ज्ञानादि गुणों या धर्मों की अभिव्यक्ति हो जाती है।

**निम्बार्क और भक्ति रस–**

द्वैताद्वैतवादी निम्बार्क के अनुसार भी 'रस' या आनन्द ब्रह्म का पर्याय ही है, जिसका प्रतिपादन 'रसो वै सः' श्रुति द्वारा किया गया है। अपने भाष्य के प्रथम अध्याय के 13 वें सूत्र

से लेकर 20 वें सूत्र तक उन्होंने ब्रह्म की आनन्दमयता का ही प्रतिपादन किया है। उनकी स्पष्ट मान्यता है कि आनन्दमयता का सम्बन्ध ब्रह्म से ही है, जीव से नहीं –

**आनन्दयमयः परमात्मा, न तु जीवः, कुतः? परमात्मविषयकानन्द पदाभ्यासात्। भा. 1/1/13**

**रसं ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दीभवति इति वाक्येन लब्धृलब्धव्ययोर्भेदव्यपदेशाच्च जीवोऽनानन्दमयः। भा. 1/1/18**

सामान्यतः 'आनन्द' एक गुणवाचक शब्द है, अतः आनन्द गुण है, ब्रह्म गुणी है, ऐसा कहना चाहिए। तथापि, आनन्द ब्रह्म का नित्य एवं स्वरूप-निरूपक धर्म है, अतः गुण-गुणी में ऐक्य या अभेद मानकर ब्रह्म को ही 'रस' या 'आनन्द' कहा जा सकता है। फिर भी आनन्द शब्द श्रुतियों में गुण और गुणी दोनों के लिए मिल जाता है। 'आनन्दो ब्रह्म' 'आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जातानि' इत्यादि में आनन्द शब्द गुणी ब्रह्म का वाचक है तो 'आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न विभेति कदाचन' इत्यादि में गुण-वाचक।

ब्रह्म में आनन्द की अनन्तता कही गई है उसे आनन्दमय कहा गया है। यहां मयट् प्रत्यय विकारार्थक न होकर प्राचुर्य अर्थ में है, और यह प्राचुर्य अनन्तता और भूमता की कोटि का है, इसीलिए ब्रह्म को 'सत्यं ज्ञानम् अनन्तम्' कहा गया हैं यह अनन्तता आनन्द की ही अनन्तता है – सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेति मन्त्रप्रोक्तं मान्त्रवार्णिकं तदेवानन्दशब्देन गीयते। (भा. 1.1.16)

ब्रह्म को सत्, चित्, आनन्द कहा जाता है। इन तीन शब्दों में सत् उसकी नित्य सत्ता का वाचक है, चित् ज्ञान का। यह चित् ब्रह्म की ज्ञान, भोग या ईक्षण की शक्ति है, जिसके द्वारा वह स्वरूपात्मक आनन्द का अनुभव करता है। इस प्रकार यद्यपि चित् और आनन्द दोनों ब्रह्म के स्वरूपभूत ही हैं, तथापि यह कहा जा सकता है कि ब्रह्म के आनन्दानुभव में उसका आनन्द उसके चित् का विषय बनता है। चित् की भोगकर्तृता और आनन्द की भोग्यता बनती है।

**वल्लभाचार्य और भक्तिरस –**

शुद्धाद्वैतवादी वल्लभ ने आनन्द तत्त्व पर दार्शनिक दृष्टि से विचार प्रायः अपने अणु भाष्य आदि दार्शनिक ग्रन्थों में एवं रसात्मक दृष्टि से श्रीमद्भागवत-सुबोधिनी में किया है। उनके षोडश ग्रंथों में भी इतस्ततः एतद्विषयक दृष्टिकोण बिखरे मिल जाते हैं। उनके दर्शन का अन्तिम प्रतिपाद्य आनन्द तत्त्व परब्रह्म है, और भावना का अन्तिम लक्ष्य आनन्द तत्त्व रसेश्वर श्रीकृष्ण। और, यह कहने की आवश्यकता नहीं की उनका परब्रह्म पुरुषोत्तम लीलामय रसस्वरूप श्रीकृष्ण ही है।

महाप्रभु वल्लभ ने अपने विविध ग्रन्थों में, विशेषतः श्रीमद्भागवत की सुबोधिनी टीका में अपनी चेतना के अनुसार निरूपित रस-तत्त्व का विवेचन काव्य-शास्त्र की पदावली में भी किया है। बात करते-करते वे काव्यशास्त्रीय शब्दावली पर आ जाते हैं। सामान्यतः उन्होंने अपने युग तक परिनिष्ठापित अभिव्यक्तिवाद की मान्यताओं का अवलम्बन लिया है फिर भी

भक्तिरस की आवश्यकताओं के अनुरूप अनेक मौलिक बातें भी निरूपित की हैं। हम यहाँ उन सबकी चर्चा न करते हुये केवल रस-निष्पत्ति से सम्बद्ध कतिपय प्रमुख बातों का ही उल्लेख करेंगे।

**आविर्भाववाद** - वल्लभ के रस-सिद्धान्त को 'आविर्भाववाद' का नाम दिया जा सकता है। यद्यपि उन्होंने 'उत्पत्ति' 'अभिव्यक्ति', आदि शब्दों का भी प्रयोग किया है, तथापि उनका मन्तव्य वहाँ आविर्भाव से ही होता है। उनके अनुसार लीलामय कृष्ण आविर्भूत होकर ही पूर्ण रस हैं, अत: उनके अनुसार 'रसाविर्भाव' का सिद्धान्त निरूपित होता है - **तारतम्येन रसानां क्रमेणाविर्भावे महान् रसः।।** भाग.सुबो, 10/21/4

**रसलीलामय कृष्ण** - वल्लभ का रस तत्त्व लीलामय कृष्ण है। ब्रह्म अनाविर्भूत लीला वाला रस तत्त्व है, कृष्ण आविर्भूत लीलामय - 'यदा भगवान् लीलारूपेण प्रकटो जातः तदा तस्यां लीलायां यो रसः स एव ब्रह्मणि, परं नाभिव्यक्तः। (सुबो. 2.1.9) वल्लभ रस को काव्यशास्त्रीय प्रक्रिया पर दश प्रकार का मानते हैं। (सुबो. 10.43.22) उसी के आधार पर यह रसमय कृष्ण भी दशविध लीलामय होता है। (10.43.22) जिस भक्त में जिस प्रकार की भावना-वासना होती है, उसमें उसी प्रकार की लीला के साथ भगवान् का आविर्भाव होता है। इसी प्रकट लीलामय रूप की चर्चा श्रीमद्भागवत में हैं यह स्वरूपतः आनन्दमय होने के कारण साकार है। भक्तों को उसकी ही कृपा से अभौतिक इन्द्रियादि से ग्राह्य है।

यह कृष्ण स्वयं रसमय एवं रस-स्वरूप होते हुए जिसमें आविर्भूत होता है, उस भक्त हृदय को रसात्मक बना देता है, जैसे उद्गत अग्नि सर्वत्र लीन सर्वत्र लीन अग्नि का आविर्भाव कर देता है, वैसे ही उसके आविर्भाव से आश्रय भक्त की अनुभूतियाँ भी रस-रूप हो जाती हैं।[27]

लीलामय कृष्ण रस-स्वरूप एवं रसमय ही नहीं, इस प्रकार सर्वरसमय भी है। आचार्य वल्लभ ने इस सर्वरसमयता का प्रतिपादन सुबोधिनी में अनेक स्थलों पर पर्याप्त विस्तार से किया है - तत्रेश्वरो हि सर्वसम्भोक्ता भवति, सर्वरसः इति श्रुतेः (सुबोधिनी 10.19.16) दशम स्कन्ध के 12 से 18 तक के अध्यायों की सुबोधिनी में यह तथ्य अधिक स्पष्टतः सामने आया है।

फिर भी इस सर्वरसमयता में उनका शृङ्गारी रूप ही सर्वश्रेष्ठ है, जिसका आस्वादन केवल गोपियों को ही हुआ है - ब्रह्मादिभिः श्रुतिभिश्च भगवानत्र प्रार्थनयानीतः, रसस्तु गोपिकाभिरेव भुक्तः, त एव हि रसं जानन्ति, (सुबोधिनी 10.15.3) इन गोपियों के साथ रसमय रास में स्वयं कृष्ण का रसमय रूप पूर्णतः आविर्भूत होता है, और उनके सम्पर्क से इन गोपियों में भी रस आविर्भूत होता है। इस प्रकार गोपियों की समस्त काम चेष्टाएँ रसमयी एवं रसरूपा हो जाती हैं। इन काम चेष्टाओं में एक चरम निष्कामता रहती है, इसी कारण ऊपर से लौकिक काम के समान दिखायी देने पर भी वैसी नहीं होती।

**रस के दो रूप** - वल्लभ लीलामय रसरूप कृष्ण को दो रूपों में स्वीकार करते हैं, धर्मसहित और केवल। इस दृष्टि से वे रस के भी दो भेद करते हैं - धर्मसहित और केवल। केवल रस का सम्बन्ध नाट्यात्म रस से है, जिसकी चर्चा वे काव्यशास्त्रीय पदावली में करते

हैं, धर्मसहित रस भगवान् की सम्भोगात्मक लीलाओं से सम्बन्ध रखता है। कहना चाहिए, एक का सम्बन्ध काव्यात्मक रूप में अनुभव करने वाले आस्वादयिताओं से है, दूसरे का मूल गोपी आदि लीला-पात्रों से।

''**रसो हि द्विविधः - धर्मसहितः केवलश्च। केवलो नाट्ये प्रसिद्धः, धर्मसहितः सम्भोगे। भगवता वपुरुभयविधमपि।**'' (भागवत 10:21:7)

निष्पत्ति - अणु भाष्य में आनन्दमय अधिकरण में काव्यशास्त्रीय पदावली के साथ निष्पन्न रस का स्वरूप वल्लभ ने प्रस्तुत किया है-

''**तदानुभवविषयः प्रकट आनन्दमय इति तत्स्वरूपमुच्यते। तत्र निरुपधिप्रीतिरेव मुख्या नान्यदिति ज्ञापनाय प्रियस्य प्रधानाङ्गत्वमुच्यते।**

**तदा प्रियेक्षणादिभिरानन्दात्मक एव विविधरसभावसन्दोह उत्पद्यते यः, स दक्षिणः पक्ष उच्यते। ततः स्पर्शादिभिः पूर्वविलक्षणः प्रकृष्टानन्दसन्दोहो यः, स उत्तरः पक्ष उच्यते। नानाविधपक्षसमूहात्मकत्वात् तयोः पक्षयोर्युक्तं तथात्वम्। स्थायिभावस्यैकरूपत्वादात्मत्वमुच्यते यतस्तैः एव विभावादिभिर्विविधभावोत्पत्तिः।**

वल्लभ के अनुसार उपनिषद् के इन शब्दों में आनन्दमय रसरूप के आविर्भाव का प्रतिपादन है। उपनिषद् इसका विवेचन पुरुष के, पक्षी के रूपक से करती है। इस आविर्भूत आनन्दमय का शिर अर्थात् सर्वप्रमुख तत्त्व वल्लभ के अनुसार निरुपाधि प्रीति है यह रति ही स्थायी भाव है।

प्रिय के दर्शनादि से इस रति का पूर्ण परिपाक होता है। यह रति स्वरूपतः आनन्दात्मक है, उसका विषय आनन्दमय कृष्ण है। इस रति के उद्बोधन के लिए यही प्रियदर्शनादि ही प्रमुख विभावादि सामग्री है। वेणुगीत (अ. 21/8) की सुबोधिनी में इस भाव-विकास की प्रक्रिया को और स्पष्ट किया गया है। जैसा कि पुष्टिमार्ग की मूल धारणा है, भगवदनुग्रहरूपा पुष्टि की उपलब्धि से यह प्रीतिभाव कलिका से पूर्ण विकसित पुष्प के रूप में आ जाती है। इसका परिणम स्वभावतः होता है, प्रिय रूप फल के आविर्भाव से वह रति और उससे उद्भूत समस्त अनुभूतियाँ रसात्मक हो जाती हैं।

**भक्ति रस की स्थापना -**

चैतन्य महाप्रभु के अनुयायी आचार्य रूप गोस्वामी तथा जीव गोस्वामी ने भक्ति रस की स्थापना की। रूपगोस्वामी ने 'भक्तिरसामृतसिन्धु' तथा 'उज्ज्वलनीलमणि' नामक ग्रन्थों का प्रणयन कर भक्तिरस को शास्त्रीय स्वरूप प्रदान किया। इन आचार्यों के अनुसार भक्ति आनन्दमयी अनुभूति है -

**अन्याभिलाषिताशून्यं ज्ञानकर्माद्यनावृतम्।**
**आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा।।**[28]

श्रेष्ठ से श्रेष्ठ भोगों और मोक्ष तक की अभिलाषा से शून्य, ज्ञान और कर्म के आवरणों से मुक्त, भगवान् कृष्ण को प्रसन्न करने की भावना से ओतप्रोत कृष्ण का अनुशीलन ही उत्तम भक्ति है।

भक्ति की भावना का क्रमिक विकास होता है। इसीलिये उसकी साधन और साध्य अवस्थाओं की चर्चा इन आचार्यों द्वारा की गयी है। वस्तुतः भक्ति की साध्य स्थिति ही आनन्दात्मिका है। तथापि उस स्थिति तक ले जाने वाला साधन या मार्ग भी स्वरूपतः आनन्दात्मक है। अतः भक्ति की सभी भूमिकाओं से आनन्द का सीधा सम्बन्ध है। रूपगोस्वामी ने भक्ति के विकासक्रम को दिखाते हुये कहा है –

**आदौ श्रद्धा ततः साधुसङ्गोऽथ भजनक्रिया।**
**ततोऽनर्थनिवृत्तिः स्यात् ततो निष्ठा रुचिस्ततः।**
**अथासक्तिस्ततो भावः ततः प्रेमाभ्युदञ्चति।**
**साधकानामयं प्रेम्णः प्रादुर्भावे भवेत् क्रमः।।**[29]

इस क्रमिक विकास को ध्यान में रखते हुये भक्ति के सामान्यतः तीन भेद किये गये हैं– साधन, भाव और प्रेमा (सा भक्तिः साधनं भावः प्रेमा चेति त्रिधोदिता)। साधनभक्ति का कार्य भाव–भक्ति का उदय करना है। भावोदय के अनन्तर साधनभक्ति की उपयोगिता समाप्त हो जाती है। भाव नामक भक्ति की ही पूर्ण परिणत अवस्था को 'प्रेमा' नाम दिया गया है (भावः स एव सान्द्रात्मा बुधैः प्रेमा निगद्यते) प्रणय, स्नेह, राग, मान, अनुराग, महाभाव आदि इसी प्रेमा की विशिष्ट स्थितियाँ हैं।

इन गोस्वामी आचार्यों ने भक्तिरस को ही मुख्य रस माना है तथा मुख्य और गौण भेद से इस भक्ति रस के 12 भेद माने हैं। इनमें शान्तिभक्तिरस, प्रतिभक्तिरस, प्रेयान् भक्तिरस, वत्सलभक्तिरस तथा मधुरभक्तिरस, पाँच मुख्य रस हैं। शान्ति, प्रीति, सख्य, वात्सल्य, प्रियता या मधुरारति क्रमशः इनके स्थायी भाव हैं। गौणभक्तिरस सात हैं – हास्यभक्तिरस, अद्भुतभक्तिरस, वीरभक्तिरस, करुणभक्तिरस, रौद्रभक्तिरस, भयानकभक्तिरस और बीभत्सभक्तिरस। हासरति, विस्मयरति, उत्साहरति, शोकरति, क्रोधरति, भयरति तथा जुगुप्सारति क्रमशः इनके स्थायी भाव हैं।

रूपगोस्वामी ने भक्तिरस के विभिन्न पक्षों पर विस्तृत विचार किया है। मधुसूदन सरस्वती के 'भक्तिरसायनम्' तथा करपात्र स्वामी के 'भक्तिरसार्णव' को पाकर भक्तिरस का दार्शनिक पक्ष और भी पुष्ट हुआ है। रस की स्वयं प्रकाशता, अखण्डता तथा अन्य पक्षों के निरूपण में भक्तिरसवादी आचार्य निश्चय ही प्राचीन काव्यशास्त्रियों के ऋणी हैं। उदाहरणार्थ विश्वनाथ ने रस की अखण्डता यह दिखाकर प्रतिपादित की है कि रति का ज्ञान से तादात्म्य होता है और ज्ञान स्वरूपतः स्वयं प्रकाश और अखंड होता है। इन गोस्वामी आचार्यों ने भी पूर्णतः उसी शैली में अपनी दार्शनिक चेतना से रस का अखण्डत्व निरूपित किया है –

**परमानन्दतादात्म्याद् रत्यादेरस्य वस्तुतः।**
**रसस्य स्वप्रकाशत्वमखण्डत्वं च सिद्ध्यति।।**[30]

इस प्रकार भक्ति रस का प्रतिपादन कर इन आचार्यों ने श्रुति के साक्ष्य से भक्तिरस को ब्रह्मरूपता प्रदान की है तथा भगवान् की ही भक्ति रस के रूप में अभिव्यक्ति मानी है –

**भगवान् परमानन्दस्वरूपः स्वयमेव हि।**
**मनोगतस्तदाकाररसतामेति पुष्कलाम्।।**

**भक्ति रस का साहित्यिक सौन्दर्य –**

आयार्च मम्मट 'शिवेतरक्षतये' कह कर काव्य के जिस प्रयोजन का उल्लेख करते हैं, वास्तव में कविता का वही परम प्रयोजन है। शिव अर्थात् कल्याण से इतर-भिन्न माया मोह आदि से जन्य दुःख का विनाश भगवत्सन्निधि की प्राप्ति आदि कविता से ही सम्भव होते हैं। आज भी लोक में भी अनेक शतकों, स्तोत्रो आदि का पाठ लौकिक कामनाओं की पूर्ति के लिए भी किया जाता है और मोक्षप्राप्ति के लिए भी। अतः यहाँ शिवेतरक्षति से काव्यशास्त्रियों को लौकिक सुख लाभ के साथ आत्यन्तिका दुःख निवृत्ति, भगवद्भक्ति तथा नित्य सुखात्मक मोक्ष भी अभीष्ट हैं। सूर्यशतक की रचना और उसके पाठ से मयूर कवि का कुष्ठ दूर हुआ, यह कविता का लौकिक फल है। उसके सतत पाठ से जन्य पुण्य परिपाक के कारण प्राप्त होने वाली भक्ति उसका आध्यात्मिक फल है। काव्य लोक का परित्याग कर शास्त्र की भाँति केवल आध्यात्मिक फल का झाँसा नहीं देता। उसकी दृष्टि में लोक ओर अध्यात्म दोनों समान हैं। लौकिक सुखों की कामना उतनी ही प्रामाणिक है जितनी आध्यात्मिक फल की। लौकिक सुख का अपलाप कर केवल अध्यात्म के सहारे जीवन चक्र चलाना अति कठिन और अविश्वसनीय है कविता अपने फल को तीन स्तरों पर प्रदान करती है – पाठ के समय 'सद्यः परनिर्वृति' के रूप में, पाठ जन्य पुण्य से प्राप्त होने वाले लौकिक सुख के रूप में और तज्जन्य पुण्यातिशय से प्राप्त भगवद्भक्ति के रूप में। इस प्रकार आनन्द की यह त्रिस्तरीय अनुभूति काव्य की अपनी विलक्षणता है।

श्रीमद्भागवत भक्तिरस से परिपूर्ण पुराण है। यहाँ भक्ति और कविता परस्पर ऐसे ओत-प्रोत है कि दोनों में पार्थक्य कर पाना भी कठिन हो जाता है। भक्तिप्रवण व्यास की वचनावली रस और शास्त्रीय तत्त्वों की समन्वित त्रिवेणी है।

अनेक वैदिक सूक्त और श्रुतिवचन भागवत की कविता में सहज हो कर प्रवहमान दृष्टिगोचर होते हैं। निर्गुण ब्रह्म की सगुणता की भाँति यहाँ काव्यनिष्ठ भक्ति का आस्वाद चमत्कृत और भाव विह्वल कर देता है। गजेन्द्र की आर्त्तवाणी में इसका एक नमूना देखा जा सकता है –

**यः स्वात्मनीदं निजमाययार्पितं**
**क्वचिद् विभातं क्व च तत्तिरोहितम्।**
**अविद्धदृक्साक्ष्युभयं तदीक्षते**
**स आत्ममूलोऽवतु मां परात्परः।।**

सम्पूर्ण भागवत महापुराण भक्ति का ही काव्यात्मक रूप है। गहन शास्त्रीय पक्षों को व्यास ने काव्यात्मक रूप देकर इस प्रकार प्रस्तुत किया है कि भागवत आनन्द का सागर बन गया है। गम्भीर दार्शनिक सिद्धान्त उस आनन्द सागर की गम्भीरता में रत्नों की तरह छिपे हैं।

यहाँ श्रुतिवचन कविता बन गये हैं और कविता श्रुति बन गयी है। व्यास इसे निगम कल्पतरु का अमृतहृद्य फल बताते हैं –

**निगमकल्पतरोर्गलितं फलं शुकमुखादमृतद्रवसंयुतम्।**
**पिबत भागवतं रसमालयं मुहुरहो रसिका भुवि भावुकाः।।**

यहाँ प्रयुक्त रस शब्द भागवत के काव्यत्व का द्योतक है। काव्यशास्त्री निष्कर्षतः रस को ही काव्य कहते हैं तथा चैतन्य के अनुयायी आचार्य भक्तिरस को ही काव्य मानते हैं। भागवत ऐसा निगमफल है जो परमानन्दरूप द्रव से संयुत है, अतः व्यास मोक्षपर्यन्त इसके पान की मन्त्रणा देते हैं।

शंकराचार्य, अभिनवगुप्त और गोकुलनाथ जेसे कवियों की वाणी भक्ति समन्वित तो है ही, वह कविता और भक्ति दोनों की पराकाष्ठा भी है। ऐसे कवियों की रचनाओं में भक्ति कविता का स्वभाव बन कर उतरता है।

शिवशतक भक्तिकाव्य भी है, स्तोत्र भी है और अपने उपास्य के अन्वेषण का उपक्रम भी। गोकुलनाथ अपने युग के महान् आचार्य थे, ऐसे आचार्य जिन्हें पाकर वास्तव में 'सर्वतन्त्र–स्वतन्त्र' शब्द अन्वर्थ हो जाता है तथापि शिवशतक गोकुलनाथ की वैदुष्य की चोटी से पतित शास्त्रपाषाण नहीं है, वह उनके भाव विन्दुओं में परिषिञ्चित सहज काव्य है। पुत्री कादम्बरी के अकालमरण से भग्न हृदय पिता का अपने आराध्य के समक्ष करुण परिदेवन है, अपने आराध्य के उस स्वरूप के दर्शन का प्रयास है जो 'अणोरणीयान्' भी है और 'महतो महीयान्' भी।

गोकुलनाथ की कविता भक्ति के धरातल पर अंकुरित भी हुई है, शास्त्रीय जल बिन्दुओं से सीची भी गयी है और उसे भाव तत्त्वों से ऊर्जस्वल भी बनाया गया है। ठीक उसी तरह जेसे एक अंकुर को उसके अनुरूप पर्यावरण और सेचन आदि दिया जाता है। उसे पाकर ही वह अंकुर वृक्ष बनता है और मधुर फलों से जनमानस को तृप्त करता है।

गोकुलनाथ शिव से कहते हैं कि मैं पृथ्वी नहीं हूँ, जल नहीं हूँ, तेज नहीं हूँ और वायु तथा आकाश भी नहीं नहीं हूँ। तो फिर इन्द्रिय या शरीर हो सकते है? नहीं मैं वह भी नहीं हूँ। मैं काल और दिक् भी नहीं हूँ। मैं चित् भी नहीं हूँ, चित्त भी नहीं हूँ। तो फिर क्या हो ? मैं तो तुम्हारा अंशभूत जीवात्मा हूँ –

**न धरणि-सलिलानला न वायुर्नखमत एव न खानि नापि वर्ष्म।**
**न समय-ककुभौ न चिन्न चित्तं पुरुषपुरन्दर पूरुषस्तवास्मि।।**

आत्मा गन्धरहित होने के कारण पृथ्वी नहीं हो सकता, शीतस्पर्शवान् न होने के कारण जल भी नहीं हो सकता, उष्णवत्त्व उसमें है नहीं, अतः तेज भी नहीं हो सकता। शब्दगुण न होने के कारण आकाश भी कैसे हो सकता है। पंचमहाभूतों के गुणों का ग्राहक न होने के कारण वह इन्द्रिय भी तो नहीं है। उन्हीं पंचमहाभूतों का विकार न होने के कारण उसे शरीर भी नहीं कहा जा सकता। वह काल और दिक् भी नहीं है। ज्ञान, चैतन्य, चेतना या मन भी नहीं है। वह

तो शिव का अंशभूत विभु आत्मा है। 'पूरुषस्तवास्मि' कहकर कवि ने अपने आराध्य के प्रति अपूर्व आत्मसमर्पण किया है। पूरी कविता उनकी सूझ-बूझ का प्रतिनिधित्व करती है। आत्मा उक्त समस्त तत्त्वों से भिन्न है।

प्रतिभाशाली कवि की कविता में काव्य के समस्त चारुत्व हेतु अहमहमिकया टूट पड़ते हैं। उसकी कविता समस्त काव्यतत्त्वों से नववधू की तरह अलंकृत हो जाती है। और उससे उसका कथ्य उसी तरह अभिव्यक्त हो पड़ता है जैसे नववधू की आँखों से प्रियतम के प्रति सहज समर्पण अभिव्यक्त होता है।

**प्रकृतिचटुल! सूक्ष्मभूतशेषे प्रकृतिविकारनिकोचभाजि काले।**
**अविरतपरिवृत्तिखेदखिन्नेस्वपिति जने प्रतिबुध्यसे त्वमेकः।।**

कवि का शिव प्रकृत्या चटुल है, चंचल है तभी तो प्रलयकाल में प्रकति के सभी विकारों के सिमट जाने पर भी, नाना योनियों में भटककर खिन्न हुए आत्मा के सोजाने के बाद भी वह अकेला जागता रहता है, समस्त लीला का अवलोकन करता रहता है। इस सबका अवलोकन करते करते ही उसके मन में 'एकोऽहं बहु स्याम' की भावना जागृत होती है और वह सर्ग विधान करता है। यह प्रलय और सृष्टि का विधान ही उसकी चटुलता है।

रूपक गोकुलनाथ का परम प्रिय अलंकार है। इसके प्रयोग में गोकुलनाथ इतने दक्ष हैं कि शिव की सूक्ष्य में सूक्ष्म अवस्था को अभिव्यक्त करने में इन्हें कोई कठिनाई नहीं होती है। अपने आराध्य शिव को तैलिक, जगत् को तिल तथा जीवों को तैलिक का वृषभ कह कर गोकुलनाथ रूपक के माध्यम से ऐसा ताना-बाना बुनते हैं कि कविता, लोक और शास्त्र तीनों एक हो जाते हैं। तीनों की इस त्रिवेणी से अपूर्व काव्यार्थ स्फुरित होता है -

**विविधशमिलितो भवाध्ययात्रां हरसि जगत्तिलपेषतैलिकोऽसि।**
**न तव पशुपते! विदन्ति पाशं पिहितदृशः पशवः परिभ्रमन्ति।।**

यात्रा के लिये निकले राही को यदि विधिवशात् तैलिक मिल जाय तो वह अपनी यात्रा को छोड़कर घर वापस चला जाता है। लोक में यात्रा काल में तैलिक का मिलना अपशकुन माना जाता है। संसार में नानायोनि में भ्रमण करते हुए आत्मा को विधिवश यदि शिव मिल जाएं, उनका साक्षात्कार हो जाए तब तो उसकी संसार यात्रा में मुक्ति निश्चित है। वह शिवमय हो जायेगा। वह जीव शिव के पाश को समझ नहीं पा रहा। तेली के बैल की तरह आँख बाँधे उसी भवाटवी के चारों ओर घूम रहा है।

गोकुलनाथ की कविता उनके पाण्डित्य और कवित्व का निकष है, भक्तिकाव्य की पराकष्ठा है तथा भक्ति और समर्पण की सीमा है।

हिन्दी कवियों में जायसी, तुलसी, सूर, प्रसाद आदि की कविता शास्त्रीय तथ्यों को अपने अन्तस् में समेट कर सहृदय को अनुरंजित करती है।

जायसी का पद्मावत औपनिषदिक जीव-ब्रह्मवाद का सटीक उदाहरण है उपनिषदों का निर्गुण ब्रह्मवाद उनकी कृति में पग पग पर दृष्टिगोचर होता है। जायसी ग्रन्थ के आरम्भ में मंगलाचरण के व्याज से कहते हैं -

**सुमिरौ आदि एक करतारू। जेहि जिउ दीन्ह कीन्ह संसारू।।**
**कीन्हेसि प्रथम जोति परकासू। कीन्हेसि तेहि पिरीत कैलासू।।**
**कीन्हेसि अगिनि, पवन, जल खेहा। कीनहेसि बहुतै रंग उरेहा।।**
**कीन्हेसि धरती, सरग पतारू। कीन्हेसि बरन-बरन औतारू।।**
**कीनहेसि दिन, दिनकर, ससि राती। कीन्हेसि नखत तराइन-पाँती।।**

जायसी ईश्वर के जगत्कर्तृत्व का प्रतिपादन करते हुए यह भी स्पष्ट करते हैं कि इस सृष्टि प्रक्रिया में उसे केवल एक पल का समय लगा। उसने आकाश की ऐसी सृष्टि कर दी कि वह बिना सहारे के खड़ा है देव दनुज, यक्ष, किन्नर, नाग, मनुष्य आदि हजारों योनियों का सृष्टिकर्ता वही है दुनिया में जो कुछ दिख रहा है वह कुछ भी नहीं है वह परमेश्वर ही एकमात्र नित्य तत्त्व है (सबै नास्ति वह अहथिर ऐस साज जेहि केर) वह अलक है, अरूप है, वर्णरहित है, वह प्रगट भी है और गुप्त भी है। वह अलख है, अरूप है, वर्णरहित है, वह प्रगट भी है और गुप्त भी है। वह सर्वव्यापी है। उसका कोई पिता नहीं है, उसकी कोई माता नहीं उसका कोई परिवार और सम्बन्धी नहीं है। वह जो चाहता है करता है। उसे कोई रोकने वाला नहीं है।

**अलख अरूप अबरन सो कर्ता। वह सब सों सब ओहि सो बर्ता।।**
**परगट गुपुत सो सरबबिआपी। धरमी चीन्ह, न चीन्है पापी।।**
**न ओहि पूत न पिता न माता। न ओहि कुटुंब न कोई सग नाता।।**
**जो चाहा सो कीन्हेसि करै जो चाहै कीन्ह।**
**बरजन हार न कोई सबै चाह जिऊ दीन्ह।**

'जन्माद्यस्य यत:' के भाष्य में शंकराचार्य 'जगज्जन्मादिकारणत्व' को ब्रह्म का तटस्थ लक्षण बताते हैं। जैसे कोई ब्राह्मण किसी नाटक में क्षत्रिय राजा का अभिनय करता है तब उसे राजा समझा जाता है परन्तु नाटक समाप्त होने पर वह ब्राह्मण के रूप में आ जाता है। कुछ समय के लिए राजा बनना उसका स्वरूप लक्षण नहीं था। वह तो तटस्थ लक्षण था।

उसी प्रकार जगत्कर्तृत्व आदि ब्रह्म का तटस्थ लक्षण है। तैत्तिरीयोपनिषद् – 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रत्यभिविशन्ति.... तद् ब्रह्म (3.1) कह कर कारणब्रह्म का निरूपण करती है। ब्रह्म तो सच्चिदानन्दात्मक है– सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म (तैत्ति.2.11) विज्ञानमानन्दं ब्रह्म (बृहदा. 3.9.28) इत्यादि श्रुतिवचन ब्रह्म के स्वरूप लक्षण का प्रतिपादन करते हैं। जायसी इन सभी तथ्यों से परिचित हैं और सबका सब अपनी कविता में भर देते हैं।

तुलसी वेदान्त शास्त्र के महापण्डित हैं। भक्ति के सिद्धान्तों को लोकोन्मुख बना कर प्रस्तुत कर देना उनकी विलक्षणता है। गूढ़तम विषय तुलसी की लेखनी का संस्पर्श पाकर चमक उठता है। रामचरितमानस, विनयपत्रिका आदि में उनपके पाण्डित्य की पराकाष्ठा और भक्ति निरूपण का वैशिष्ट्य देखा जा सकता है। निर्गुण और सगुण ब्रह्म का निरूपण करते हुए वे कहते हैं–

**अगुन सगुन दुई ब्रह्म सरूपा। अकथ अगाध आनादि अनूपा।।**
**व्यापकु एकु ब्रह्म अबिनासी। सत चेतन घन आनंद रासी।।**
**अगुन अखंड अनन्त अनादी। जेहि चिन्तहिं परमारथबादी।।**
**नेति नेति जेहि बेद निरूपा। निजानन्द निरुपाधि अनूपा।।**

तुलसी की कलम से सभी वेदान्तशास्त्रीय पारिभाषिक शब्द उतरते चलते हैं और काव्य में चमत्कार उत्पन्न करते हुये भक्त हृदय को आनन्दित करते हैं।

भागवत ज्ञाता–ज्ञेय से रहित, अखण्ड अद्वितीय ज्ञान तत्त्व को ही ब्रह्म, परमात्मा और भगवान् कहता है –

**वदन्ति तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्।**
**ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्दते।।** 1.1.1.।।

भागवत के अनुसार ब्रह्म और जीव दोनों नित्य हैं किन्तु जगत् अनित्य है – नित्योऽजोऽजस्रसुखो निरञ्जनः। पूर्णोऽद्वयो मुक्त उपाधितोऽमृतः (10.14.23)। तुलसी इस गूढ़ रहस्य को 'रामब्रह्म चिन्मय अबिनासी' तथा 'जीव नित्य तुम्ह केहि लगि रोवा' ईश्वर अंस जीव अविनासी 'राम सच्चिदानन्द दिनेसा' और 'सोई सच्चिदानंद घन रामा' कह कर स्पष्ट कर देते हैं।

तुलसी के राम लोक के राम हैं, लोक उनमें एकीभूत है। वह लोक के आराध्य तो हैं ही तुलसी ने राम का इतना लौकिकीकरण कर दिया है कि राम कभी पुत्र के रूप में, कभी जामाता के रूप में, कभी बन्धु और सखा के रूप में प्रत्येक व्यक्ति के साथ रहते हैं। हर घर में जन्म लेने वाला पुत्र राम है, पिता दशरथ है और माता कौसल्या तथा हर नगर अयोध्या बन जाता है। लोक में पुत्र के जन्मोत्सव पर गाए जाने वाले लोकगीतों में हर घर में रामजन्म की आहट सुनाई देती है। इसी प्रकार पुत्री सीता से अभेद रखती है। राम और सीता से प्रत्येक पुत्र और पुत्री पिता दशरथ और जनक दोनों स्थलों पर अभिव्यक्त होता है। प्रत्येक पिता दशरथ और जनक दोनों है, नगर अयोध्या और जनकपुरी दोनों है। कारण सामग्री के विद्यमान होने पर उस पर लोक वैसा व्यवहार करने लगता है। तुलसी की यही विशेषता है कि उन्होंने राम को जनमानस में बसा कर उसमें समस्त शास्त्रीय तत्त्वों को घटाया। वेदान्त में प्रतिपादित ब्रह्म की सच्चिदानन्दरूपता पंडित को समझ में आ सकती है किन्तु लोक उसे नहीं समझ सकता। लेकिन तुलसी जब उसे राम में घटाते हैं तो एक निरक्षर भी उसके मर्म तक पहुँच जाता है।

उपनिषदों में निरूपित ब्रह्म की जगत्कारणता को तुलसी जहजता से राम में आरोपित कर प्रस्तुत करते हैं – जो करता भरता हरता सुर साहेब दीन दुनी को (कवितावली 7.146), जेहि सृष्टि उपाई त्रिबिध बनाई संग सहाय न दूजा'।

समग्र तुलसी साहित्य भक्ति तत्त्वों की अभिव्यक्ति है। ऐसी अभिव्यिक्ति जो जनमानस में रची बसी है और जनमानस उसमें रचा–बसा है रामचरितमानस भक्तिकाव्य का उत्कृष्टतम उदाहरण है जिसने वास्तव में अशास्त्रज्ञ को सरलता से शास्त्र सिखाया है। लोक श्रुति की

जगह तुलसी बाबा को प्रमाण मानता है और तुलसी श्रुति को। श्रुति के रहस्य को तुलसी जानते हैं किन्तु लोक तुलसी को जानता है। तुलसी भक्ति को अपनी कविता में उतार कर लोक के आस–पास की चीज बना देते हैं और उनकी कविता भक्ति का रूप ले कर लोक का मार्गदर्शन करती है।

तुलसी भक्ति को ब्रह्म सुख से आगे की कोटि में रखते है। जनक राम को देख कर विदेह हो जाते है और स्वयं विश्वामित्र से पूँछते है –

**मूरति मधुर मनोहर देखी। भयह बिदेहु बिदेहु बिसेखी।।**
**कहु नाथ सुन्दर दोउ बालक। मुनिकुल तिलक कि नृपकुल पालक।**
**ब्रह्म जो निगम नेति कहि गावा। उभय वेष धरि की सोई आवा।**
**सहज बिरागरूप मन मोरी थकित होत जिमि चन्द चकोरा।**
**ताते प्रभु पूँछउँ सति भाऊ। कहहू नाथ जनि करहु दुराऊ।**
**इन्हहि बिलोकत अति अनुरागा। बरबस ब्रह्मसुखहिं मन त्यागा।**

तुलसी मोक्ष का निरादर कर के भक्ति से लुब्ध होने वाले संतों को 'सयाने' कहते हैं –

**अस बिचारि जे संत सयाने। मुकुति निरादरि भगति लुभाने।।**

महाकवि विद्यापति भी भक्ति काव्य के प्रणयन में अनुपम हैं। उनकी राधा कृष्ण को जपते–जपते स्वयं कृष्णमय हो जाती है और स्वयं को खोजने निकल पड़ती है –

**अनुखन माधव माधव सुमरइत**
**राधा भेलि मधाई।**
**वह निज भाव सुभावहि विसरल**
**अपने गुनु लुबुधाई**

हनुमन्नाटक की सीता भ्रमरीभूत कीट को देखकर डर गई। अगर राम के अनुध्यान से वह पुंसत्व को प्राप्त कर गई तो राम के साथ रति कैसे होगी। किन्तु विद्यापति की राधा कृष्णत्व को पाकर बड़ी सहजता से राधा को खोजने निकल पड़ती हैं आत्मान्वेषण की इतनी सटीक और कोई व्याख्या हो भी नहीं सकती।

सूर की दास्य परिकल्पना में भी कभी–कभी दैन्य के स्थान पर एक ऐसे निधड़कपन की झलक मिलती है जो दास्य में नही सख्य में ही सम्भव है –

**आजु हौं एकएक करि टरि हौं।**
**कै तुमहीं, कै हमहीं माधौ, अपने भरोसे लरिहौं।**
**हौं तौ पतित सात पीढ़िन कौ, पतितै ह्वै निस्तरिहौं।**
**अब हौं उघरि नचन-चाहत हौं, तुम्हैं विरद बिन करिहौं।।**

प्रस्तुत प्रसंग में रसखान की तादात्म्यानुभूति भी द्रष्टव्य है –

**मोर-पखा सिर ऊपर राखिहौं गुंज की माल गरे पहिरौंगी।**
**ओढ़ि पितम्बर लै लकुटी बन गोधन ग्वालन संग फिरौंगी।**

**भावतो वोहि मेरो रसखानि सो तेरे कहे सब स्वांग करौंगी।**
**या मुरली मुरलीधर की अधरन धरी अधरान धरौंगी।।**

रसखान का विरह में संयोग का स्मरण भी अद्वितीय है–

**काह कहौं रतिया की कथा बतियाँ कहि आवत है न कछूरी।**
**आय गोपाल लियो भरि अंक कियो मन भायो पियो रस कूँरी।**
**ताहि दिना सो गड़ी अखियाँ रसखानि मेरे अंग-अंग में पूरी।**
**पै न दिखाई परै अब सांवरो दै कै वियोग बिथा की मजूरी।**

रसखान को परात्पर ब्रह्मतत्त्व कृष्ण कुंजों के भीतर राधा के चरण पलोटते मिलते हैं–

**ब्रह्म में ढूढ्यों पुरानन गायन वेद रिचा सुनि चौगुने चायनि।**
**देख्यो दुर्‌यो वह कुंज कुटीर में बैठो पलोटतु राधिका पायनि।**

**भक्ति और लोक -**

भक्ति का परिनिष्ठि स्वरुप वेदों, पुराणों एवं स्तोत्रों के अतिरिक्त लोकनाट्यों, भाषा साहित्य तथा लोक परम्पराओं में भी दृष्टिगत होता है। प्राचीन साहित्य एवं दर्शन भक्ति विषयक जिन सिद्धान्तों की चर्चा करता है लोक ने उसे आत्मसात् किया तथा अपने व्यवहार में उतारा। अलवारों ने तमिल में अपूर्व भक्ति धारा बहाई। उनके 'दिव्यप्रबन्धम्' को पाकर साहित्यसर्जना धन्य हुई। यह धारा दक्षिण से बहती–बहती सुदूर पूर्वोत्तर भारत तक पहुँची। महापुरुष शंकरदेव ने अपने अंकिया नाटकों के माध्यम से घर–घर में विष्णु को बसा दिया। आसाम में आज भी इन अंकिया नाटकों के मंचन की पवित्र परम्परा है। शंकरदेव के जो नाटक प्राप्त है उनमें कालिदमनयात्रा, रुक्मिणीहरण, पारिजातहरण, रामविजय आदि प्रमुख हैं।

शंकरदेव की यह विशेषता है कि उन्होंने अपने अंकिया नाटकों के लिये रसानुरूप भाषा गढ़ी, उनके मंचन का प्रकार और मंच की पवित्रता बनायी। शंकरदेव के नाटकों की चर्चा करें तो ये संस्कृत नाट्यपरम्परा के उपरूपकों के अन्तर्गत परिगणित 'लीला' संज्ञक उपरूपकों में अन्तर्भूत होते हैं।

नाट्य के क्षेत्र में 'लीला' शब्द वेदान्त से आया प्रतीत होता है। ब्रह्मसूत्र में 'लोकवत्तु लीला कैवल्यम्' (ब्रह्मसूत्र, 2.133) कहकर व्यास 'लीला' शब्द का प्रयोग करते हैं। यहाँ लीला शब्द से उनका आशय यह है कि जिस प्रकार लोक में नृत्य आदि के लिये निष्प्रयोजन अनुकृति की जाती है, उसी प्रकार ब्रह्म की लीला यह जगत् है। इसे स्पष्ट करते हुये आचार्य शंकर कहते हैं कि जिस प्रकार उच्छ्वास और नि:श्वास बिना किसी प्रयोजन के स्वभावत: होते हैं, उसी प्रकार सृष्टिप्रक्रिया में ईश्वर की प्रवृत्ति बिना किसी प्रयोजन के होती है।

वस्तुत: जिसमें किसी को लीन करने की क्षमता हो वह 'लीला' है। लीला वह क्रीडा है, जिसमें क्रीडा करने वाला लीन हो जाय। रामानुज ने इसे और भी स्पष्ट करते हुये कहा है कि चित् तथा अचित् वस्तुयें सृष्टि क्रिया में ब्रह्म की लीला के उपकरण हैं। ब्रह्म इनमें तन्मय होकर जगदाकार हो जाता है। (द्रष्टव्य - श्रीभाष्य, ब्रह्मसूत्र - **1.4.27**) तन्मयीभवन के द्वारा

जगदाकार में परिणति के द्वारा ब्रह्म अन्य रूप में आभासित होने लगता है। इस अन्यथाभास को ब्रह्मसूत्र में नट का उदाहरण देकर समझाया गया है- **लीलया व्यामोहनार्थमन्यथा भासयेन्नटवत्** (ब्रह्मसूत्र **1.1.29**)। यह लीला निर्गुण को सगुण तथा अशरीरी को शरीरी बनाती है- **स्वलीलासिद्ध्यर्थ तच्छरीरम्** (ब्रह्मसूत्र, **1.1.20**)।

वल्लभाचार्य ने 'स न रेमे' तस्मादेकाकी रमते' इत्यादि वाक्य उद्धत करके ब्रह्म की सिसृक्षा को लीला का मूल माना है।

लीलानाट्य में उपर्युक्त दार्शनिक अवधारणायें बीजरूप में निहित हैं। इन अवधारणाओं में सिसृक्षा, क्रीडा या रंजन, अनुकरण तथा अनुकार्य के रूप में अनुकर्ता की परिणति- तादात्म्य या तन्मयीभवन सूत्र रूप में विद्यमान रहते हैं। श्रीमद्भागवत की सुबोधिनी टीका में वल्लभाचार्य लीला का प्रयोजन 'स्वानन्दस्थापना' बताते हैं- **स्वानन्दस्थापनार्थाय लीला भगवता कृता** (रासपञ्चाध्यायी, सुबोधिनी, कारिका-**1**)

भरतमुनि द्वारा प्रदत्त अभिनयात्मक 'लीला' के लक्षण में लीला की दार्शनिक अवधारणा अनुस्यूत है-

**वागङ्गालङ्कारैः शिष्टैः प्रीतिप्रयोजितैर्मधुरैः।**
**इष्टजनस्यानुकृतिर्लीला ज्ञेया प्रयोगज्ञैः।।** (नाट्यशास्त्र, 22.14)

यहाँ लीला की स्वतः प्रयोज्यता, आनन्दमूलकता, अनुकरणात्मकता, तादात्म्यापत्ति या तल्लीनता तथा स्वयं की अन्यथा परिणति जैसी लीला की दार्शनिक अवधारणायें स्पष्ट हैं।

श्रीमद्भागवत् की रासपञ्चाध्यायी का आश्रय लेकर प्रवर्तित रासलीलाओं में वृन्दावन की तथा मणिपुर की रासलीला को विशिष्ट महत्व प्राप्त है। उसी प्रकार रामचरितमानस को आधार बनाकर प्रवर्तित रामलीला का भी अपना विशिष्ट स्थान है। इन लीलाओं को देखकर भक्तजन गद्गद हो उठते हैं, रसाप्लावित होकर तल्लीन हो जाते हैं। भगवान् के सौन्दर्य, शक्ति और शील इन लीलाओं में व्यक्त हो उठते हैं। वल्लभाचार्य ने कहा है कि भगवान् ने व्रज में लीलायें इसलिये की कि मुक्त जीवों का ब्रह्मानन्द से उद्धार हो सके और उन्हें भजनानन्द मिल सके-

**ब्रह्मानन्दात् समुद्धृत्य भजनानन्दयोजने।**
**लीलया युज्यते सम्यक् सा तुर्ये विनिरूप्यते।।**

वल्लभाचार्य यहाँ यह भी निरूपित करते हैं कि रास में काम की चेष्टायें तो हैं परन्तु उनमें काम नहीं है। गोपियों के लौकिक काम का शमन और अलौकिक काम की पूर्ति श्रीकृष्ण द्वारा हुई थी। यदि लौकिक काम से काम की पूर्ति होती तो उससे संसार उत्पन्न होता परन्तु यहाँ तो गोपी और कृष्ण दोनों में लौकिक काम का अभाव है तथा संसार से निवृत्ति है। इस लीला से गोपियों को स्वरूपानन्द की मुक्ति मिली है। अतः इस लीला से लोक निष्काम बनता है। वह अपने काम की आहुति भगवान् में कर देता है। भगवान् का चरित्र सर्वथा निष्काम है, इससे काम का उद्बोध नहीं होता-

**क्रिया सर्वापि सैवात्र परं कामो न विद्यते।**
**तासां कामस्य सम्पूर्तिर्निष्कामेति तास्तथा।।**
**कामेन पूरितः कामः संसारं जनयेत् स्फुटम्।**
**कामभावेन पूर्णस्तु निष्कामः स्यान्न संशयः।।**
**अतो न कापि मर्यादा भग्ना मोक्षफलापि च।**
**अत एतच्छ्रुतेर्लोको निष्कामः सर्वदा भवेत्।।**
**भगवच्चरितं सर्वं यतो निष्काममीर्यते।**
**अतः कामस्य नोद्बोधः ततः शुकवचः स्फुटम्।।**

यह वल्लभाचार्य की अपनी उक्ति मात्र नहीं है। श्रीमद्भागवत स्वयं भी इस तथ्य को प्रमाणित करता है–

**विक्रीडितं व्रजवधूभिरिदं च विष्णोः**
**श्रद्धान्वितोऽनुशृणुयादथ वर्णयेद् यः।**
**भक्तिं परां भगवति प्रतिलभ्य कामं**
**हृद्रोगमाश्वपहिनोत्यचिरेण धीरः।।**

जो भी श्रद्धाविन्त होकर व्रजवधूटियों के साथ की गयी भगवान् की इस क्रीडा का श्रवण या कीर्तन करेगा, वह भगवान् में पर भक्ति पाकर मानसिक कामरोग से मुक्ति प्राप्त करेगा।

लीलानाट्यों की अपनी सुदीर्घ परम्परा है जिनमें पहापुरुष शंकरदेव अद्वितीय हैं। 'कालिदमन यात्रा' में उनके द्वारा वर्णित कृष्ण का स्वरूप कितना मनोहर है–

**येनाकारि महाहिदर्पदलनं क्रीडाहृदिन्या जले**
**येनाभाजि भुजङ्गभोगमखिलं पद्भ्यां मुदा मर्दितम्।**
**येनामारि महामहासुरचमूश्चक्रं परं लीलया**
**तस्मै श्रीकरुणामयाय महते कृष्णाय नित्यं नमः।।**

शंकर देव शास्त्रों के निष्णात पंडित हैं। वेद, पुराण के गहन अध्ययन के साथ उनकी नाट्यरचना चातुरी अद्वितीय है। प्रेक्षक सहृदय सामाजिकों के भक्त मन पर गहरी पकड़ बनाने के लिये वे संवाद के लिये नई भाषा गढ़ते हैं जो सीधे भक्तों के हृदय में उतर कर उन्हें रसाप्लावित कर दे, भक्ति विभोर कर दे और भक्त आत्मविभोर हो जाय, अतः नान्दी के बाद उनका सूत्रधार आत्मविह्वल होकर ललकारता है–

**''आहे सभासदलोक! जे जगतक परमगुरु, परमपुरुष, पुरुषोत्तम, सतातन, ब्रह्मामहेससेवितचरनपंकज नारायण श्रीश्रीकृष्ण ओहि सभामध्ये, कालिदमननाम लिलाजात्रा, कौतुके करब, ताहे सावधाने देखह, सुनह, निरन्तरे हरि बोल हरि''।।**

सूत्रधार की इस ललकार से भक्ति की धारा बह उठती है और भक्तजन उसमें निमज्जित हो जाते हैं। नाट्य की यह स्वाभाविक, सरल और सहज प्रस्तुति भक्ति को साकार कर देती है।

नाट्य के मध्य विभिन्न रागों में निबद्ध भावपूर्ण गीत तत्कालीन स्थितियों को भक्त के सम्मुख उपस्थापित करते हैं और भक्त उन्हें सुन कर अपने चिर आराध्य, जगत्पालक, जगन्नियन्ता, सनातन श्रीकृष्ण के साथ हो लेता है, उनका प्रत्यक्ष दर्शन कर लेता है।

भारत के प्रत्येक क्षेत्र में ऐसी लीलायें या धर्म आज भी प्रचारित हैं। आसाम मे यह महापुरुषिया धर्म है, तो बंगाल में सहजिया, मिथिला में किरतनियाँ, उड़ीसा में पंचसखा, महाराष्ट्र में महानुभाव वरकारी, रामदासी और हरिदासी आदि धर्म दिखायी देते हैं। उत्तरप्रदेश में रामलीला, वृन्दावन की रासलीला, मणिपुर मे रास आदि हैं। रामानन्दी सम्प्रदाय में आने वाले निर्गुणियों की परम्परा काबुल तक प्रतिष्ठित होकर भक्ति की अलख जगाती रही। नानक द्वारा प्रवर्तित पंथ और श्रीचंद के अनुयायी उदासीनों ने पंजाब और सिंध पर गहरी छाप छोड़ी। इस प्रकार समग्र देश में भक्ति के गीत गूँज उठे। ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ, तुकाराम, दादूदयाल, कबीर, जयदेव, विद्यापति, चंडीदास, मीराबाई, रैदास, नरसीमेहता, सूर, तुलसी जैसे भक्ति के अग्रदूत समग्र देश में फैल गये। कश्मीर में सूफी और शैवपरम्पराओं के सम्मिश्रण से भक्ति का एक अपूर्व स्वरूप सम्मुख आया जिसमें उत्पलदेव और अभिनवगुप्त जैसे शिवाद्वयवादी प्रसिद्ध हुये। अभिनवगुप्त अपनी भक्ति प्रवणता के कारण हिन्दुओं के तो पूज्य बने ही मुसलमानों ने भी उनकी पीर के रूप में पूजा की।

चैतन्य ने तो इसे पूर्णतः नया रूप ही दे डाला, जहाँ भगवान् और भक्त के मध्य सभी अन्तराल पट गये और भक्त मोक्ष को भक्ति के सामने तुच्छ मानने लगे। उन्हें भगवान् के साथ तादात्म्य उतना अच्छा नहीं भाया जितना उसका गुणगान करना, उसमें तल्लीन रहना।

लोक में ऐसी लीलायें आज भी देखी जाती हैं। घर से वरयात्रा के लिये समस्त पुरुषों के चले जाने पर स्त्रियाँ एक स्वांग रचती हैं, जिसमें कोई राधा तो कोई कृष्ण बनकर घर के आँगन में लीला करती हैं।

निपट निरक्षर भक्त जब लोक-कीर्तनों का गायन करते हैं तो 'रस' साक्षात् वहाँ उपस्थित हो जाता है। उनकी भाषा में काव्य के सभी धर्म अहमहमिकया टूट पड़ते हैं। महाकवियों के अलंकार, रीति, वक्रोक्ति के प्रयोंगों का चमत्कार मन्द पड़ जाता है। भक्त गाता है–

**बन गये नन्दलाल लिलाहारी**
**लीला गुदवा लो प्यारी।**

**लोक-भक्ति**– कृष्ण प्यारी राधा से मिलने के लिये 'स्त्री रूप' धारण करता है और गली-गली में लीला गुदवाने की टेर लगाता है। राधा उस टेर को सुन कर सखी को भेजकर लिलहारिन (गुदना गोदने वाली) को बुला लेती है और अपने अंग-अंग में कहाँ क्या गोदना है, वह उस लिलहारिन को बताती है–

**'दृगन में लिख दो दीन दयाल**
**कपोलन लिख दो कृष्ण मुरार**

**नासिका लिख दो नन्द को लाल**
**श्रवणन में लिख साँवला अधरन आनँद कन्द।**
**ठोढ़ी में ठाकुर लिखो गले में गोकुल चन्द।।**

राधा रोम-रोम में अंग-अंग में बाँके बनवारी का नाम गोदने को कहती है, पेट में परमानन्द, नाभि में करुणाकन्द, जंघाओं में जय गोविन्द लिखने का आग्रह करती है। इसी बीच अंगिया में छिपी मुरली देख कर राधा कृष्ण को पहचान लेती है और दोनों आलिंगन बद्ध हो जाते हैं।

राजस्थान का हलवाहा जाट अपनी बेटी को भगवान् का भोग लगाने को कह कर गाँव चला जाता है और बेटी खीचड़ा तथा घी लेकर भगवान् के सामने बैठ जाती है। उसे क्या पता कि यह मूर्ति भोजन नहीं करेगी वह जिद करती है कि आज पिताजी घर पर नहीं है इसे खा लो नहीं तो भूखों मर जाओगे-

**थाली भरके लाई रे खीचड़ो ऊपर घी की बाटकी।**
**जीमों म्हारा स्याम धणी जिमावे बेटी जाटकी।।**
**बाबो म्हारो गांव गयो है, ना जाने कद आवैलो,**
**ऊके भरोसे बैठयो रहयो तो, भूखो ही रह जावैलो।**
**आज जिमांऊ तैने रे खीचड़ो, काल राबड़ी छाछ की।।**

वह भगवान् को भोजन करने के लिये डाँटती है, फटकारती है और अन्त में यह भी कह जाती है कि जब तक तुम भोजन नहीं करोगे मैं भी भूखी ही रहूँगी। इस बालिका भक्त के सामने कृष्ण को झुकना पड़ता है और भोजन करना पड़ता है। लोक का कवि इस कथन से सिखाता है कि अगर सच्चा प्रेम हो तो काठ की मूर्ति भी बोलती है, भोजन करती है, करमा बेटी उसका उदाहरण है।

अतएव धर्मसम्राट्, परमहंस, परिव्राजकाचार्य, यतिचक्रचुडामणि महाराज करपात्रस्वामी भक्ति को सैकड़ो मोक्ष सुखों से भी अधिक मानते है- **भक्तिः मोक्षशताधिका।**

## सन्दर्भ सूची

1. शाण्डिल्यभक्तिसूत्र - 2
2. नारदभक्तिसूत्र - 2-5
3. नारदभक्तिसूत्र - 82
4. Journal of the Asiatic Society, 1907,P. 311-36 Encyclopaedia of Religions and Ethics, Part II (Article on Bhakti Marg by Grierson),

PP. 539-551

5. "Bhakti is an invention and apparently a modern one of the institu tions of the existing sects intended like that of the mystical holiness of the Gurus, to extend their own authority. "Prof. H.H. Wilson, Hindu Religions, P. 232
6. विस्तार के लिये दृष्टव्य – गौरी शंकर हीराचन्द ओझा, ओझा निबन्ध संग्रह, भाग – 1, बालगंगाधर तिलक, गीता रहस्य अथवा कर्मयोग शास्त्र।
7. ऋग्वेद – 8.98.11
8. ऋग्वेद – 4.17.117
9. विष्णुपुराण – 1.20.17
10. श्वेताश्वतर उपनिषद् – 3.6.23
11. शाण्डिल्यभक्तिसूत्र – 1.12.9
12. श्रीमद्भागवत – 10.32.17
13. शंकराचार्य विवेकचूडामणि – पृ. 32
14. नारदपाञ्चरात्र – 2.1
15. श्रीमद्भागवत – 11.19.4-6, 11.26.30
16. छान्दोग्यश्रुति कहती है- यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति। 6.22.9
17. गीता – 18.55
18. श्रीमद्भागवत – सप्तमस्कन्ध
19. शब्दकल्पद्रुम 4
20. शब्दकल्पद्रुम 4
21. शब्दकल्पद्रुम 4
22. वेदार्थसंग्रहः – पृ. 44
23. वही – पृ. 44
24. 'आनन्दो ब्रह्मोति आनन्दमात्रमेव ब्रह्मस्वरूपं प्रतीयत इति यदुक्तं, तज्ज्ञानाश्रयस्य ज्ञानं स्वरूपमिति परिहृतम्। ज्ञानमेव ह्यनुकूलमानन्द इत्युच्यते। विज्ञानमानन्दं ब्रह्मेत्यानन्दरूपमेव ज्ञानं ब्रह्मेत्यर्थः। अत एव भवतामेकरसता। अस्य ज्ञानस्वरूपस्यैव ज्ञातृत्वमपि श्रुतिशतसमधिगतमित्युक्तम्। तद्वदेव 'स एको ब्रह्मण आनन्दः' आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्' इति व्यतिरेकनिर्देशाच्च नानन्दमात्रं ब्रह्म, अपि तु आनन्दि। ज्ञातृत्वमेव ह्यानन्दित्वम्। – श्रीभाष्य, 1.1. 11, पृ. 76
25. मध्वभाष्य – 2.3.31
26. "जीवस्य ज्ञानानन्दादिरूपत्वमुच्यते। स दुःखाद् विमुक्त आनन्दी भवति, सोऽज्ञानाद् विमुक्तो ज्ञानी भवति, सोऽबलाद् विमुक्तो बली भवति, स नित्यो निरातङ्कोऽवतिष्ठत

इति पैङ्गिश्रुतावानन्दादिरूपत्वं प्रतीयते। अत आह-यथा बालस्य सदेव पुंस्त्वयौवनेऽभिव्यज्यते, एवं सतामेवानन्दादीनां व्यक्तापेक्षया तदुक्तिः।"

– मध्यभाष्य– 2.3.39

27. सुबोधिनी – 10.33.3
28. भक्तिरसामृतसिन्धु, पू.वि.ल. 01, का. 11
29. वही, 4 का. 6–7
30. वही, पृ. 308

❑❑

# स्मृतियों में निरूपित 'सामान्य-धर्म' की वर्तमान युग में प्रासङ्गिकता

- प्रो. रामकृष्ण पाण्डेय 'परमहंस'

*(अस्माकं पूर्वजैः महर्षिभिः शास्त्रकारैश्च अहिंसा- सत्य- अस्तेय- शौच- अपरिग्रह- धृति- क्षमा- दम- अक्रोध- त्याग- सदाचार- दया प्रभृति- गुणानां सर्वाधिकं महत्वं शास्त्रेषु प्रतिपादितम् एतस्मादेव कारणात् अस्माकं प्राचीनभारतीयसमाजः अतीव सुव्यवस्थितः सम्पन्नः समृद्धः आदर्शभूतश्च आसीत्। धर्मलक्षणं निरूपयन् मनुः प्रतिपादयति षष्ठाध्याये -*

***''धृति : क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रह :।***
***धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।।''***

*एते दश सामान्यधर्माः न केवलं भारतीयानां सनातनधर्मावलम्बिनामेव कृते वा लाभप्रदाः अपितु एते सम्पूर्णमानवमात्रस्य धर्माः सार्वत्रिकाः सार्वकालिकाः सार्वदेशिकाश्च। एतेषां धर्माणां परिपालनेनैव मानवः आदर्शमानवः मानवतायाः संरक्षकश्च भवितुमर्हति। वर्तमानयुगे स्मृतिनिरूपित- सामान्यधर्माणां अतीव प्रासङ्गिकत्वमपि अनुभूयते। शोधपत्रेऽस्मिन् इमे एव विषयाः विविधस्मृतीनाम् उद्धरणानि, वचनानि च समुद्धृत्य समासेन विवेचिताः सन्ति।)*

धर्म-क्षेत्र यह भारतभूमि अनादिकाल से ही आध्यात्मिकता, पारलौकिक सुख, आत्मिक-समृद्धि, योग, त्याग, सेवा, अपरिग्रह, अहिंसा, सत्य, अस्तेय, क्षमा, शान्ति, सदाचार, आर्थिकशुद्धि, चारित्रिकशुद्धि एवं धार्मिक सद्भाव पर अधिक बल देती रही है, जिसके ज्वलन्त प्रमाण हमारे वेद, उपनिषद, स्मृतियाँ तथा विविध शास्त्र हैं। इन्हीं मूल्यों की प्रमुखता के कारण हमारा प्राचीन भारतीय समाज अत्यन्त व्यवस्थित, सम्पन्न तथा आदर्श माना जाता था; किन्तु विदेशी पाश्चात्य संस्कृति के प्रवेश के साथ नितान्त भोगवादी, शारीरिक सुखवादी तथा भौतिकवादी प्रभाव छा जाने के कारण हम प्राचीन जीवन मूल्यों की उपेक्षा करने लगे हैं और इसी कारण न केवल भारतवर्ष अपितु सम्पूर्ण विश्व के समक्ष कतिपय भयंकर विनाशकारी समस्यायें एवं चुनौतियाँ उत्पन्न हो गई है। इन समस्याओं में सबसे घातक चिन्तनीय एवं विध्वंसकारी है विश्व में व्याप्त धार्मिक वैमनस्य की समस्या। यह समस्या किसी देश विशेष, काल विशेष, जाति विशेष, या व्यक्ति विशेष तक सीमित न होकर समस्त मानव समाज के समक्ष एक गम्भीर चुनौती के रूप में सुरसा की तरह सम्पूर्ण विश्व को निगलने के लिए मुंह बाये खड़ी है।

वर्तमान अर्थव्यवस्था, भौतिक सुख प्रधान युग में स्वार्थ, शोषण, हिंसा, आतंक आदि समस्यायें मानवता का गला घोट रही हैं। विश्व के प्रत्येक चिन्तनशील व्यक्ति के लिए यह घोर चिन्ता का विषय बन गयी है।

सौभाग्यवश विश्व में व्याप्त धार्मिक वैमनस्य के निदान हेतु हमारे दूर दृष्टि सम्पन्न पूर्वजों, ऋषियों तथा शास्त्रकारों ने वेदों, शास्त्रों, उपनिषदों तथा विभिन्न स्मृतिग्रन्थों में बड़ा गहन मन्थन एवं विमर्श कर धार्मिक वैमनस्य के विभिन्न आयामों के मूलभूत कारणों तथा उनके समूल उन्मूलन के अनेक मार्गों एवं उपायों का निरूपण बड़ी स्पष्टता, सरलता एवं सरसता के साथ किया है। विश्वबन्धुत्व, वसुधैव कुटुम्बकम्, शान्ति एवं धार्मिक सौमनस्य के लिए हमें स्मृतियों एवं पुराणों में प्रतिपादित सनातनधर्म की शरण में जाना होगा।

हमारा देश भारतवर्ष अनादिकाल से धर्मप्राण देश के रूप में प्रसिद्ध है। नित्य सनातन वेदों तथा मनुआदि स्मृतिकारों द्वारा प्राधान्येन निरूपित होने के कारण यह 'सनातन-धर्म', 'वैदिकधर्म', 'मानवधर्म', तथा 'हिन्दूधर्म' आदि नामों से प्रसिद्ध हैं। वेदों और स्मृतियों में प्रतिपादित सनातनधर्म का वर्गीकरण दो वर्गों में किया जा सकता है- (1) सामान्य साधारणधर्म तथा (2) विशेषधर्म। इनमें सामान्यधर्म के अन्तर्गत धर्म के नैतिक एवं सार्वभौमिक पक्ष पर विशेष बल दिया गया है। इसके अन्तर्गत सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह आदि मानवगुण आते हैं, जो समाज के सभी वर्गों के लिए समान रूप से अनिवार्य एवं अनुपालनीय हैं। ये विश्व के समस्त मानव मात्र के धर्म हैं तथा ये धर्म के आधारभूत तत्त्व कहे जाते है।

**साधारण या सामान्यधर्म :** यह विश्व-मानव-समाज में धार्मिक सौमनस्य के लिए आवश्यक धर्म है। इस धर्म के अन्तर्गत उन नैतिक गुणों का समावेश है जिनका पालन करना प्रत्येक मानव के लिए बिना किसी भेद के आवश्यक बताया गया है। इस धर्म के अनुपालन में वर्ग, जाति, लिङ्ग, देश तथा काल की उपेक्षा नहीं है। इससे स्पष्ट है कि 'सामान्यधर्म' में हमें सार्वभौमिक पक्ष प्राप्त होता है।

मनुस्मृति में धर्म के लक्षणभूत दश गुणों का उल्लेख मिलता है। यथा-

**धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।**
**धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।।** मनु. 6/92

इनमें धृति (प्रतिकूल परिस्थितियों में दृढ़ता), क्षमा (दूसरे के अपराध को विस्मृत कर देना), दम (विनियोग अथवा विनियोजन) अस्तेय (चोरी न करना), शौच (पवित्रता), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों के भोग पर नियन्त्रण), धी (बुद्धिमत्ता अथवा विवेक), विद्या (शास्त्रीय या आध्यात्मिक ज्ञान), सत्य (वास्तविक ज्ञान और कथन के अनुसार आचरण करना) तथा अक्रोध (इच्छा के विरूद्ध कार्य हो जाने पर मन के क्रियात्मक आवेग पर नियंत्रण) आदि सम्मिलित हैं। याज्ञवल्क्यस्मृति के निम्नांकितश्लोक में-

**अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।**
**दानं दमो दया क्षान्तिः सर्वेषां धर्मसाधनम्।।** याज्ञ., 1/122

अहिंसा, सत्य, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह, दान, दम, तथा शान्ति, इन गुणों की गणना की गयी है।

वास्तव में विश्व के सभी धर्मावलम्बियों को एक सूत्र में बाँधने में प्राचीन भारतीय विद्याओं विशेषतः स्मृतियों में प्रतिपादित धर्म-लक्षण में उल्लिखित निम्नांकित बिन्दुओं पर दृष्टिपात करना आवश्यक प्रतीत होता है-

**अहिंसा -** सामान्यधर्म के अन्तर्गत अहिंसा का भी महत्वपूर्ण स्थान है, कहीं-कहीं तो नैतिक सद्गुणों में अहिंसा को प्रथम स्थान दिया गया है। अहिंसा का तात्पर्य व्यापक रूप में किसी प्राणी का बध न करना ही नहीं अपितु मनसा वाचा कर्मणा किसी जीव को कष्ट न पहुँचाना अथवा सर्वथा सर्वदा सर्वभूतों के प्रति अनभिद्रोह की भावना है। इसके अन्तर्गत जीवधारियों पर आघात और उनका घात दोनों सम्मिलित है। "अद्रोहः सर्वभूतेषु कर्मणा मनसा गिरा" (महाभारत, शा.प. 160/21) इस प्रकार नकारात्मक रूप में अहिंसा का अर्थ किसी जीव को कष्ट न पहुँचाने से किया गया है परन्तु अहिंसा के सकारात्मक पक्ष में किसी प्राणी को कष्ट न पहुँचाने का संकल्प एवं प्राणि मात्र के प्रति अनुकम्पा, दया और मैत्री की भावना प्रधान है। मनुस्मृति तथा अन्य स्मृतिग्रन्थों में अहिंसा का विशेष महत्व तथा उसका विवेचन उपलब्ध होता है। नैतिक सद्गुणों के अन्तर्गत मनु ने अहिंसा को प्रथम स्थान दिया है। महाभारत में भी अहिंसा को परमधर्म, सत्य एवं तप बताते हुए इनके अन्तर्गत अक्रोध, दया, इन्द्रियों का दमन करना सम्मिलित किया गया है।

**सत्य-** सामान्यधर्म में सत्य का विशेष महत्व है। ऋग्वेद में सत्य का सम्बन्ध ऋत (विश्व की भौतिक एवं नैतिक व्यवस्था) से बताया गया है। उपनिषदों में ब्रह्म को चरम सत्य के रूप में माना गया है। महाभारत के-

**सत्यं सत्सु सदा धर्मः सत्यं धर्मःसनातनः।**
**सत्यमेव नमस्येत सत्यं हि परमा गतिः।।**
**सत्यं धर्मस्तपो योगः सत्यं ब्रह्म सनातनम्।**
**सत्यं यज्ञः परः प्रोक्तः सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्।।** महा.शा.प., 162/4-5

उक्त श्लोक में सत्य को सनातन धर्म (सत्यं धर्मः सनातनः) परमगति, सनातन ब्रह्म, तप और योग बताया गया है। सत्य को अव्यय, अविकारी, नित्य, सर्वधर्माविरूद्ध कह कर यह निर्देश किया गया है कि यह योग के द्वारा ही प्राप्त हो सकता है।

मनु तथा याज्ञवल्क्य स्मृतियों के अनुसार सत्य से धर्म का परिवर्धन होता है-

**सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते।**
**तस्मात्सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववर्णेषु साक्षिभिः।।** मनुस्मृतिः-8/83

मुण्डकोपनिषद् एवं महाभारत में यह आप्तवाक्य कहा गया है कि सत्य की ही विजय होती है असत्य की नहीं-

**सत्यमेव जयति नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयानः।**
**येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा यत्र तत्सत्यस्य परमं निधानम्।।**

मुण्डकोपनिषद्। 3/1/6

इसका तात्पर्य यह है कि जीवन में वास्तविक सफलता एवं सिद्धि सत्य के मार्ग द्वारा ही प्राप्त हो सकती है।

**अस्तेय-** स्तेय के विपरीत अर्थ में अस्तेय का प्रयोग किया जाता है। निम्नांकित श्लोक-

**प्रच्छन्नं वा प्रकाशं वा निशायामथवा दिवा।**
**यत्परद्रव्यग्रहणं स्तेयं तत्परिकीर्तितम्।।**

के अनुसार दूसरे व्यक्ति की सम्पत्ति को बलात् हस्तगत कर लेना स्तेय या चोरी है। आपस्तम्ब धर्मसूत्र के अनुसार भी दिन या रात्रि में बिना स्वामी आज्ञा के वस्तु को ग्रहण कर लेना स्तेय है।

भारतीय आर्दश के अनुसार किसी भी वस्तु को बलात् ग्रहण करना वर्जित है। ईशादि उपनिषदों में "तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यचिद्धनम्" (ईश.उ.,1) के अनुसार- किसी दूसरे व्यक्ति की सम्पत्ति ग्रहण न करना व्यक्ति का कर्त्तव्य है। समाज में प्रत्येक सदस्य के लिए अस्तेय का पालन करना आज भी आवश्यक है।

**शौच-** भारतीय सामाजिक जीवन में शौच का विशेष महत्व है। हिन्दूधर्म में शारीरिक शौच के साथ-साथ मानसिक शुद्धता को विशेष महत्व दिया गया है। अथर्ववेद में स्वर्गलोक की प्राप्ति के लिए नैतिक गुणों में शौच के महत्व को भी बताया गया है। यथा -

**अनस्थाः पूताः पवनेन शुद्धाः शुचयः शुचिमपि यन्ति लोकम्।**
**नैषां शिश्नं प्रदहति जातवेदाः स्वर्गे लोके बहु स्त्रैणमेषाम्।।**

अथर्व वे. 4।34।2। सातव. संस्करण

उपनिषदों में शुद्धता (पवित्रता) सभी के लिए तपस्या के रूप में वर्णित है। (वृ.उ. 4।4।5, छा.उ. 3।17, तै.उ. 3।10।1)। गौतमधर्मसूत्र एवं मनुस्मृति में द्रव्यशुद्धि का विवेचन करते हुए कहा गया है कि मिट्टी एवं जल से व्यक्ति वास्तविक शुद्धता को नहीं प्राप्त कर सकता है, यहाँ शौच का सार्वभौमिक नैतिक रूप मिलता है। (यथा-गौ. धर्मसू.- 23-25) मनुस्मृति-

**सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचं परं स्मृतम्।**
**योऽर्थे शुचिर्हि स शुचिर्न मृद्वारि शुचिः शुचिः।।** मनु. 5/106

धार्मिक ग्रन्थों के पर्यालोचन से स्पष्ट होता है कि आदिकालीन साहित्य में शारीरिकशुद्धि पर अधिक ध्यान दिया जाता था, उसके पश्चात् मानसिक या चित्तशुद्धि पर तथा कालान्तर के ग्रन्थों में भावशुद्धि पर भी विशेष बल दिया जाने लगा। इस प्रकार विचार, भावना एवं प्रवृत्तियों में निहित शुद्धि का लक्ष्य आध्यात्मिक एवं नैतिक विकास में सहायता करना था।

**ब्रह्मचर्य** (इन्द्रियनिग्रह)– ब्रह्मचर्य का तात्पर्य प्रारम्भ में उन विहित नियमों के पालन से था जो वेदों के अध्ययन के लिए आवश्यक थे। जो इन नियमों का पालन करते थे, ब्रह्मचारी कहलाते थे। इसीलिए चतुराश्रम व्यवस्था में प्रथम आश्रम को ब्रह्मचर्याश्रम की संज्ञा दी गयी है।

उपनिषदों में ब्रह्म का अर्थ चरम सत्य हो गया है। इस प्रकार ब्रह्मचर्य का अर्थ भी परिवर्तित हो गया। इससे चरम सत्य की प्राप्ति में सहायक होने वाली जीवन पद्धति का ग्रहण किया जाने लगा। ये दोनों ही अर्थ ब्रह्मचर्य से सम्बन्धित थे।

कालान्तर में काम परक इच्छाओं का दमन करना ब्रह्मचर्य माना गया (मनु.– 6/92 तथा याज्ञ. 1/122) पतञ्जलि के योगसूत्र के भाष्यकार व्यास के अनुसार गुप्त इन्द्रियों को वश में रखना ही ब्रह्मचर्य है। यथा– "ब्रह्मचर्यं गुप्तेन्द्रियस्य उपस्थस्य संयमः।" (पा.यो.सू. 2।11 पर व्यासभाष्य)। विशेष लक्षण योगवार्तिक में मिलते हैं जिसमें सभी इन्द्रियों को वश में रखना ब्रह्मचर्य कहा गया है।

ब्रह्मचर्य का भी सत्य, अहिंसा आदि नैतिक सद्गुणों की भाँति विशेष महत्त्व है। पतञ्जलि के योगसूत्र में इसे भी महाव्रत के अन्तर्गत रखा गया है। (पा.यो.सू. 2।30–31 पर व्यास कृत भाष्य)। गीता में भी कहा गया है–

**ब्रह्मचर्यमहिंसा च शरीरं तप उच्यते।** गीता, 17।14

भारतीय आदर्शों में ब्रह्मचर्य का विशेष महत्व है। प्रत्येक सम्प्रदाय की साधना के क्षेत्र में इसे एक आवश्यक गुण माना जाता है। इसके पालन करने से नैतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में विशेष सहायता मिलती है।

**अपरिग्रह-** अपरिग्रह का शाब्दिक अर्थ सांसारिक सम्पत्ति का त्याग करना है। पतंजलि के योगसूत्र में भाष्यकार व्यास के मतानुसार हिंसादि साधनों के द्वारा उत्पन्न सांसारिक सम्पत्ति और द्रव्यों में अस्पृहा की भावना को अपरिग्रह कहा गया है। बौद्ध धर्म निवृत्तिपरक धार्मिक आन्दोलन के रूप में प्रारम्भ हुए थे। इनमें अपरिग्रह पर विशेष बल दिया गया है। जैन धर्म में तो अपरिग्रह को पाँच महाव्रतों में स्वीकार किया गया है।

पंतजलि के योगसूत्र में भी अपरिग्रह को अहिंसा, सत्य, अस्तेय और ब्रह्मचर्य के साथ ही सार्वभौम महाव्रत की संज्ञा दी गयी है। स्मृतियों एवं पुराणों में अपरिग्रह के महत्त्व को

सम्यक् रूप में स्वीकृति मिली है। मनुस्मृति में इसका विशेष उल्लेख स्नातक के धन-संचय न करने के सन्दर्भ में मिलता है। (मनुस्मृति-4। 7)

**धृति-** मनुप्रतिप्रादित धर्मलक्षण में धृति का उल्लेख प्राप्त होता है। भगवान श्री कृष्ण ने धृति की गणना अपनी विभूतियों में की है इसका लक्षण बताया गया है- जिह्वोपस्थ जयो धृतिः। अर्थात जीभ एवं जननेन्द्रिय पर जो संयम है वही 'धृति' है। धृति को धारण करने वाला धीर कहलाता है। धैर्य (पेसेंस) का मानव जीवन के निर्वहन में अत्यधिक महत्व है।

**दम- इन्द्रियाणां जयो लोके दम इत्यभिधीयते।**
**नादान्तस्य क्रियाः काश्चिद् भवन्तीह द्विजोत्तमाः।।**

अर्थात् इहलोक में इन्द्रियों के ऊपर प्राप्त की हुई विजय को 'दम' कहते हैं। जो मनुष्य दम युक्त नहीं है उसकी कोई क्रिया सफल नहीं होती। ध्यातव्य है कि इस संसार में हमारे देहगत जीवन की अपेक्षा हमारा सामाजिक जीवन ही व्यापक, दीर्घकालीन एवं अर्थपूर्ण होता है। अतएव हम अपनी देहगत वासनाओं को रोक कर अपने सामाजिक जीवन को शुद्ध एवं निष्पाप बनायें। ऐसा करने पर हमारा पारस्परिक व्यवहार स्वयं ही शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थित बना रहेगा।

**विद्या -** 'नास्ति विद्या समं चक्षुः' वास्तव में जो विद्या मनुष्य को राग-द्वेष, क्रोध-वैर आदि मानव की क्षुद्र वृत्तियों से मुक्ति दिलाती है, वही विद्या है। विद्या-विनय-सम्पन्न व्यक्ति ही मानव समाज को सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान कर सकता है। एतदर्थ धर्म के लक्षण में स्मृतिकरों ने इसे महत्वपूर्ण स्थान दिया है।

**घी ( विज्ञान )-** अष्टावक्रगीता में बताया गया है-

**मोक्षो विषयवैरस्यं बन्धो वैषयिको रसः।**
**एतावदेव विज्ञानं यथेच्छसि तथा कुरू।।**

अर्थात् विषयों में से रस चला जाना ही मोक्ष है और विषयों में रस का होना ही बन्धन है। विज्ञान इतना ही है। जैसी इच्छा हो वैसा करें। श्रीमद्भगवद्गीता में स्पष्ट रूप से बताया गया है-

**ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते।**
**सङ्गात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते।।**
**क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात्स्मृतिविभ्रमः।**
**स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।।** गीता। 2। 62-63

अतः ये विषय इतने भयानक हैं कि इनका चिन्तन ही मनुष्य को क्रमशः अधःपतन के मार्ग पर ले जाकर उसका सर्वथा नाश कर देता है। इसी जानकारी को विज्ञान कहते हैं। इसी का नाम 'धी' है। मानव समाज को सन्मार्गगामी बनाने में इनकी अहम भूमिका है। अतः भगवान मनु ने धर्म लक्षण के अन्तर्गत इसका उल्लेख किया है।

**अक्रोध-** धर्म लक्षण में 'अक्रोध' का उल्लेख स्मृतिकारों ने किया है। स्वस्थ मानव-शरीर एवं स्वस्थ मानव समाज के निर्माण में अक्रोध की अहं भूमिका है। क्रोधी स्वभाव का मनुष्य न तो स्वयं के लिए कल्याणकारी है और न ही समाज के लिए। अतः श्रीमद्भगवद्गीता में भी क्रोध की निन्दा दृष्टिगोचर होती है। जैन धर्म कहते हैं कि क्रोध करना ही हो तो क्रोध के उपर ही करना चाहिये। क्रोध में मनुष्य अंधा हो जाता है ऐसा लोक एवं शास्त्र दोनों में देखा जाता है।

निष्कर्ष रूप में साधारणधर्म मानवता का मर्म एवं वर्म है। यह किसी मत विशेष, उपासना पद्धति अथवा आचार निष्ठा का नाम नही है, अपितु जगन्नियन्ता परमात्मा द्वारा लोकयात्रा को सुगम बनाने के लिए बनाया गया अनादिकाल से अनन्तकाल तक प्रवर्तमान रहने वाला वह विधि-विधान है, जो सभी देशों सभी कालों एवं सभी सभ्य समाजों में सुखी और समृद्ध जीवन के लिए आवश्यक है।

जब हम सनातन धर्म को सार्वभौम धर्म होने की बात करते हैं तब हमारी दृष्टि में निर्विशेष "साधारणधर्म" होता है, जिसका सम्यक् स्वरूप स्मृतिकारों ने तथा रागद्वेष रहित मनीषियों ने बहुधा समझा और समझाया है, क्योंकि धर्म की गति बहुत ही सूक्ष्म और गहन है और इसे एक निश्चित परिभाषा में बाँधना कठिन है इसलिए भगवान मनु ने सनातन धर्म के निरूपण में दस प्रमुख लक्षणों की चर्चा की है, जिससे महान् धर्म संकेतिक होता है। मनु ने कहा है-

**धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिनिन्द्रियनिग्रहः।**
**धीर्विधा सत्यमक्रोधो दशकं धर्म लक्षणम्।।**

भगवान् मनु द्वारा प्रकट धर्म के धृति, क्षमा आदि उक्त दस लक्षण बहुचर्चित और सर्वज्ञात हैं। ये सभी अपने स्वरूप में न हिन्दू हैं न मुसलमान, न यहूदी हैं न इशाई हैं, न अन्य कोई, बल्कि ऐसे जीवन-मूल्य हैं, जो दैवी सम्पत्ति के रूप में कल्याणकारी दिव्यगुणों के रूप में सर्वमान्य हैं। अत एव सभी सम्प्रदायों, मजहबों, पंथों और उप पंथों में इनका समान रूप से समादर है तथा सभी देशों एवं कालो में इनकी मान्यता और महिमा सर्वतोभावेन प्रासंगिक है।

**सन्दर्भग्रन्थाः-**

1. अथर्ववेदः (शौनकीयः) (विश्वेश्वरानन्द-भारतभारती-ग्रन्थमाला-13)
प्रकाशक- विश्वेश्वरानन्द-वैदिक-शोध-संस्थानम्, साधु-आश्रमः, (पत्रगृहम्-होशिआरपुरम्, (पं., भारतम्)।
2. श्रीमद्भगवद्गीता- (शंकरभाष्यसहित)
प्रकाशक-गीताप्रेस, गोरखपुर, वि.सं.- 1988
3. मुण्डकोपनिषद् (सानुवाद शाङ्करभाष्यसहित) चौथा संस्करण
प्रकाशक- गीताप्रेस, गोरखपुर, (वि.सं.-2001)

4. मनुस्मृतिः,
प्रकाशक– मोतीलाल बनारसीदास–दिल्ली
प्रकाशनवर्ष–1983 (प्रथम संस्करण)
5. याज्ञवल्क्यस्मृतिः, (पुनः मुद्रित संस्करण–2010)
प्रकाशक– प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, कुलपति,
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली– 58
6. महाभारत, शान्तिपर्व (पञ्चम खण्ड)
अनुवादक–पण्डित रामनारायणदत्त शास्त्री पाण्डेय 'राम'
मुद्रक तथा प्रकाशक–गीताप्रेस, गोरखपुर।

❒❒

# सौन्दरनन्द महाकाव्य में प्रकरी : एक समीक्षा

- प्रो. विभारानी दुबे

*(महाकविना अश्वघोषेन विरचितं बुद्धचरितं सौन्दरनन्दमहाकाव्यञ्च सज्जनाश्रितकोटौ परिगणिते स्तः बुद्धचरितमहाकाव्यमात्माश्रयीनायकस्य कथा अस्ति। यः स्वयम् आत्मोद्धारस्य मार्गे अग्रसरोऽस्ति। किन्त्वत्र अश्वघोषः बाह्याश्रयीनायकसुन्दरस्य माध्यमेन रागमोहासक्तं सामान्यजनं क्रमशः मुक्तिमार्गं प्रति उन्मुखी करोति। प्रासङ्गिकेतिवृतं द्विविधं भवति पताका प्रकरी च। अस्यां कथायां बुद्धः पताकानायकत्वेन उपन्यस्तोऽस्ति। कविना प्रकरीरुपेणात्र नैकाः पौराणिकजातककथानाञ्च नायकाः चर्चिताः। प्रकरी कथानकमाध्यमेन वाह्याश्रयीनन्दं क्रमशः मुक्तिमार्गं प्रति उन्मुखी कुर्वन् तत्वज्ञानस्य पथि अग्रेसारयति। प्रस्तुतेऽस्मिन् शोधलेखे सौन्दरनन्दमहाकाव्ये मानवशरीरस्य दुर्लभत्वं नश्वरत्वं च प्रतिपादयन् साधनामार्गस्थविध्नानां तेषां निराकरणे च साधनाभूतप्रकरीकथानां समीक्षा कृता विद्यते। )*

सौन्दरनन्द महाकाव्य मुक्ति के मार्ग पर प्रयास करने वाले नायक का काव्य है, यह सिद्ध का काव्य नहीं अपितु साधक का काव्य है और वह भी ऐसा साधक जो स्वयं साधना के मार्ग का अभीप्सु नहीं[1] तथा साधना के फल का भी अभिलाषी नहीं। यह 'संसार दुःख है' इस रूप से चार आर्यसत्यों का साक्षात्कार किया।[2] बुद्ध का मानना है कि मृत्यु के पूर्व और अवस्था के योगाभ्यास के अनुकूल होने तक ही व्यक्ति श्रेयमार्ग पर प्रवृत्त हो सकता है। 'यावाद्वयो योगविधौ समर्थं बुद्धिं कुरू श्रेयसि तावदेव'। नन्द इस मार्ग का अनुसरण नहीं करना चाहता परन्तु इस प्रकार धात्री बालक को पकड़कर उसके मुख में घुसे हुए मिट्टी के ढेले को बाहर निकालती है उसी प्रकार नन्द के राग रूपी शल्य को निकालने के लिये बुद्ध ने कठोर वचन कहे। वस्तुतः हेतुबल की अधिकता वाला आत्माश्रयी व्यक्ति बिना प्रयास के स्वल्पकाल में मुक्त हो जाता है, किन्तु बाह्याश्रयी को प्रयत्नपूर्वक मोक्ष प्राप्त करना होता है। बाह्याश्रयी नन्द को स्नेहरूपी कीचड़ से उबारने की इच्छा वाले मुनि ने नन्द के विषय में किया।[3] जैसे वैद्य रोगी को पकड़कर उसे अप्रिय भी दवा का सेवन कराता है उसी प्रकार बुद्ध ने कल्याण के लिये नन्द पर अनुग्रह करते हुये उससे प्रतिकूल वचनों को कहा।[4] वस्तुतः बुद्ध की अहैतुक महाकरुणा स्वयं को मुक्त कर अर्हत्व को नहीं प्राप्त करना चाहती।[5] महाकवि अश्वघोष ने इस काव्य के माध्यम से बारम्बार यह दिखाया है कि जगत् में बहुविध राग है और उनका परिणाम दुःख है किन्तु यह जानता हुआ भी व्यक्ति उनसे पराङ्मुख नहीं हो पाता।

रागात्मकता का सबसे व्यापक और तीव्रता के साथ आबद्ध करने वाला पाश 'काम' है, इस 'काम' को आधार बनाकर सुन्दर प्रवर्तित किया गया है। 'काम' ही बीज रूप में निरूपित है और उससे निराकरण का पूरे महाकाव्य में प्रयास किया गया है। सुन्दरी का रूप और तद्जन्य रूपसम्भार का विस्तृत विवरण देकर 'बुद्ध' भिक्षु के रूप में उपन्यस्त किये गये हैं। नन्द आमोद केलि में इतना निमग्न है कि उसे बुद्ध के आने का भी आभास नहीं होता, बुद्ध बिना भिक्षा,[6] वचन और आसन प्राप्त किये चले जाते हैं। नन्द को जब यह ज्ञात होता है कि 'गुरु' निराश होकर चले गये वह ग्लानि से भर उठता है। एक तरफ प्रिया का मानभरा आग्रह और दूसरी ओर गुरु का बिना भिक्षा प्राप्त किये चले जाना, नन्द के हृदय में शूल सा चुभता है। नन्द के द्वन्द्व को कवि ने बड़े सुन्दर रूप में अभिव्यक्त किया है। बुद्ध के प्रति उत्पन्न आदरभाव उसे आगे की ओर खींच रहा था और प्रेयसी का अनुराग उसे पीछे की ओर ढकेल रहा था। इस अनिश्चय के कारण नन्द तरङ्गों पर तैरने वाले राजहंस की भाँति न तो आगे ही बढ़ सका और न स्थित ही रह सका। काम की आसक्ति से रोका जाता हुआ और धर्म के अनुराग से खींचा जाता हुआ वह अत्यन्त कष्ट से बार-बार मुड़ता हुआ, नदी की उल्टी धारा में चलने वाली नाव की तरह हो गया है-

**'स कामरागेण निगृह्यमाणो धर्मानुरागेण च कृष्यमाणः।**
**जगाम दुःखेन विवर्त्यमानः प्लवः प्रतिस्रोत इवापगायाः।।'** 4.44

सम्भवतः यह बुद्ध की प्रेरणा ही है कि नन्द का द्वन्द्व ग्रस्त हृदय बुद्ध की ओर झुकता है और शीघ्र लौटने की प्रतिज्ञा कर नन्द गुरु के पास चला जाता है। महाकाव्य में ऐसे अनेक प्रसंग देखे जा सकते है तो 'काम' की संलिप्तता को दिखाते हैं यथा मुनि को प्रणाम कर प्रियानुरक्त नन्द जैसे ही घर की ओर उन्मुख होता है तभी बुद्ध द्वारा भिक्षापात्र पकड़ाना,[7] आर्द्र विशेषक से युक्त प्रिया के लिए नन्द का छटपटाना,[8] भिक्षापात्र लेकर घर की ओर उन्मुख होने पर मुनि के द्वारा मार्ग को ढक देना, प्रिया के बिना आनन्द की अनुभूति न करना।[9] किन्तु कामोपभोगों से कभी भी शान्ति नहीं प्राप्त होती।[10] जैसे प्रज्वलित अग्नि को घृताहुतियाँ तृप्त नहीं कर सकतीं, निश्चय ही कामोपभोग से व्यक्ति की सन्तुष्टि नहीं होती, विषयभोग की लालसा बढ़ती ही जाती है-

**न कामभोगा हि भवन्ति तृप्तये हवींषि दीप्तस्य विभावसोरिव।**
**यथा-यथा कामसुखेषु वर्तते तथा तथेच्छा विषयेषु वर्धते।।**[11]

ईंधन से अग्नि की और जल से सागर की तृप्ति नहीं होती वैसे ही कामोपभोग तृप्तिदायक नहीं है। तृप्ति न होने पर शान्ति कहाँ, शान्ति के बिना सुख कहाँ? सुख न होने पर प्रीति कहाँ और प्रीति न होने पर आनन्द कहाँ? आनन्द के लिए अध्यात्म की ओर प्रवृत्ति आवश्यक है।[12]

सौन्दरनन्द महाकाव्य में समानान्तर चलती हुई बुद्ध और नन्द की तथा बुद्ध के सातिशय प्रभाव को देख प्रश्न उठता है कि कथा का नायक कौन है? कथा का नायक वही

होता है जो मुख्य फल का अधिकारी हो। दशरूपककार के शब्दों में "फलेन स्वस्वामिर्सम्बन्धोऽधिकार: फलस्वामी चाधिकारी तेनाधिकारेणाधिकारिणा व निर्वृत्तं फलपर्यन्ततां नीयमानमितिवृत्तमाधिकारिकम्।"[13] इस दृष्टि से सम्पूर्ण कथावस्तु में आद्यन्त स्थित रहते हुये भी बुद्ध को अधिकारी नहीं कहा जाता सकता है क्योंकि वे आप्तकाम हैं और साथ ही उन्हें किसी फल की प्राप्ति भी नहीं होती। वस्तुत: बुद्ध बोधिसत्व तुषित ही हैं जिन्होंने सिद्धार्थ के रूप में जन्म लिया था।[14] प्रारम्भ से ही बुद्ध को महाकवि अश्वघोष ने 'सर्वार्थसिद्ध' के रूप में निरूपित किया है जो विषयों से पराङ्मुख हैं। वस्तुत: वृद्ध, रोगी और गतप्राण जन को देखकर ही दु:खित चित्तवाले सिद्धार्थ ने संसार को अज्ञानी समझते हुए, हृदय में दूसरों के लिए करूणा के सागर में भरे हुए, जन्म-मरण के भय को सर्वथा समाप्त करने की अभिलाषा से विषयों में आनन्द का अनुभव न करते हुए वनाभिगमन किया।[15] दृढ़निश्चयी सिद्धार्थ ने मार बल पर विजय प्राप्त की,[16] सिद्धार्थ को उनके प्रयोजन में सफल जान देवगण प्रसन्न हुए[17] किन्तु निष्फल हुई मार सेना अत्यन्त क्षुभित हुई। यदि 'मार विजय' को बुद्ध का फल मान भी लिया जाये तो इस फल की प्राप्ति मुखसन्धि में ही संसिद्ध हो जाती है। आरम्भ, यत्न, प्राप्त्याशा आदि कार्यावस्थाओं की योजना फल प्राप्ति की दिशा के चरण हैं, सम्पूर्ण कथा में इन कार्यावस्थाओं को नन्द की कथा के प्रसंग में तो देखा जा सकता है, बुद्ध की कथा में इनकी योजना सम्भव ही नहीं है। महाकाव्य का नामकरण भी नायक को आधार बनाकर किया गया है, यदि बुद्ध नायक होते तो 'बुद्ध चरित' के समान इस महाकाव्य का भी नामकरण उनके आधार पर ही हो सकता था। वैसे विद्वद् जगत् में सौन्दरनन्द के नायकत्व पर कोई विचिकित्सा भी नहीं है, निर्विवाद रूप से सभी नन्द को ही नायक मानते हैं यह प्रश्न हमने इसलिए उठाया है, क्योंकि बुद्ध की कथा भी नन्द की कथा के समान मुख सन्धि से ही प्रारम्भ हुई है, ऐसा होते हुए भी वह पताका स्थानीय ही है, आधिकारिक स्थानीय नहीं है। भावप्रकाशनकार का मानना है कि उपनायक आदि का वृत्तान्त जो नायक के प्रयोजन के लिये हो और वह प्रयोजन अपृथक् हो उसे प्रासंगिक कथावस्तु कहा जाता है।[18]

अधिकारिक इतिवृत्त के साथ प्रासंगिक इतिवृत्त का नियोजन कथा को आगे बढ़ाने तथा नायक को 'महासहायकों' से युक्त करने की दृष्टि से किया जाता है। प्रासंगिक इतिवृत्त पताका और प्रकरी के भेद में द्विविध हुआ करता है। पताका के नायक का अपना स्वतंत्र प्रयोजन होता है तथा आधिकारिक इतिवृत्त के साथ बहुत दूर तक पताका के नायक की कथा चलती है। सौन्दरनन्द महाकाव्य में दो ही विस्तृत कथायें हैं नन्द की तथा बुद्ध की। हमने ऊपर उल्लेख किया है कि बुद्ध की कथा आधिकारिक क्यों नहीं हो सकती, अत: जब नन्द की कथा ही आधिकारिक है तो बुद्ध की कथा पताकास्थानीय ठहरती है। परन्तु आधिकारिक कथा के अतिरिक्त प्रासंगिक है तो बुद्ध की कथा पताकास्थानीय ठहरती है। परन्तु आधिकारिक कथा के अतिरिक्त प्रासंगिक कथा के पताका अंश से भी यदि शास्त्रीय परिभाषाओ को लें तो बुद्ध की कथा को जोड़ा नहीं जा सकता, क्योंकि दशरूपककार के अनुसार पताका को गर्भ या विमर्श

सन्धि से प्रारम्भ होना चाहिए और निर्वहण पर्यन्त स्थित होना चाहिए तथा पताका के नायक का स्वतंत्र फल होना चाहिए जो कि उसे आधिकारिक इतिवृत्त के नायक के फल प्राप्ति से पूर्व में ही प्राप्त हो जाना चाहिए। किन्तु सौन्दरनन्द में बुद्ध की कथा मुख सन्धि में ही प्रारम्भ हो जाती है और सामान्य रूप से इनको स्वयं किसी फल की कामना नहीं है, किन्तु नन्द को इन्होंने दीक्षा दी है और नन्द के फल की प्राप्ति को ही परम कारूणिक बुद्ध का परम कारूणिकता तथा दूसरे के दुःख को दूर करना ही परम प्रयोजन स्वयं नन्द ने अपने मुख से कहा है– ''प्राणियों के प्रति अत्यन्त मैत्रीपूर्ण चित्तवाले तथागत का सामान्य विषयोन्मुख मनुष्यों को अपना लेने की आश्चर्यजनक उत्कृष्ट कृपा है, जो कि हे मुने! आप उत्तम ध्यान सुख को छोड़कर दूसरे दुःख को दूर करने के लिए कष्ट उठा रहे हैं। जिसके द्वारा भवसागर से मैं उसी प्रकार उबार लिया गया जैसे तरंगों से चूर हो रही नौका के नाविक को महासागर से उबार लिया जाता है, मेरे द्वारा (नन्द द्वारा) हितैषी, कारूणिक आप गुरु का क्या प्रत्युपकार किया जा सकता है?''[19]

फिर भी गर्भाङ्क से प्रारम्भ कर निर्वहण पर्यन्त तक के सिद्धान्त का निर्वाह भले ही न हो किन्तु 'पताकावत् पताका' के लक्षण को बुद्ध की कथा पूरी तरह चरितार्थ करती है; नन्द को 'महासहाय' से युक्त भी करती है और निःसंगता के प्रयोजन को नन्द के माध्यम से चरितार्थ कर बुद्ध का स्वयं का भी फल सिद्ध हो जाता है। भावप्रकाशनकार के अनुसार उपनायक का वृत्तान्त फल की इच्छा वाले नायक के स्वार्थ में साधक होता है वह पताका कहलाती है।[20] इस तरह उपकारकत्व रूप प्रयोजन पताका का यहाँ भी चरितार्थ हो जा रहा है।

प्रासंगिक इतिवृत्त में प्रकरी प्रदेशस्थ होती है और मात्र आधिकारिक इतिवृत्त के नायक के उपकारक के रूप में उपन्यस्त होती है, स्वयं उसका कोई प्रयोजन या स्वार्थ नहीं होता।[21] जैसे राम की कथा में शबरी या जटायु की कथा। कथा में इनका स्वयं प्रयोजन (मोक्ष को न माना जाय तो) सिद्ध नहीं होता और मोक्ष रूप प्रयोजन की प्राप्ति में भी राम (नायक) का ही उत्कर्ष परिलक्षित होता है। इस तरह प्रकरी मुख्य नायक में ही उत्कर्ष का आधान करने वाली होती है। हम प्रारम्भ में निर्देश कर चुके हैं कि यह महाकाव्य साधक का काव्य है। साथ ही कथावस्तु 'इतिहासकथोद्भुतमितरद्वा सदाश्रयम्'[22] में से इतिहासकथोद्भूत न होकर 'इतर' श्रेणी में आती है। इतिहासाश्रितता पर इतना आग्रह इसलिए होता है क्योंकि प्रसिद्ध इतिवृत्त में कथावस्तु को हृदयंगम करने के लिए कोई आयास नहीं करना पड़ता मात्र बल रहता भी है तो 'चतुरोदात्तनायक' की चतुरता और उदात्तता पर। आचार्य दण्डी ने नायक के चरितवर्णन के द्विविध रूपों की चर्चा की है–

**गुणतः प्रागुपन्यस्य नायकं तेन विद्विषाम्।**
**निराकरणमित्येष मार्गः प्रकृतिसुन्दरः।।**
**वंशवीर्यश्रुतादीनि वर्णयित्वा रिपोरपि।**
**तज्जयान्नायकोत्कर्षवर्णनं च धिनोति नः।।**[23]

इन द्विविध रूपों में गुणतः नायक को उपन्यस्त कर उसके द्वारा शत्रु के निराकरण को अर्थात् राम के चरितवर्णन प्रकार को स्वभावतः सुन्दर कहा है। इस प्रकृति सुन्दरत्व के पीछे कारण स्पष्ट है– बुद्धि का बिना प्रयास किये क्रमशः नायक के गुणों का सहज ज्ञान हो जाता है, इन गुणों का कोई प्रतियोगी (ऐसा गुणी जो इन गुणों के तुल्य हो या अधिक) प्राप्त नहीं होता, क्योंकि नायक यहाँ गुणतः ही उपन्यस्त किया जाता है। ऐसे में स्वतंत्र रूप से यत्र–तत्र निबद्ध प्रदेशस्थ कथावस्तु व्यापक रूप में नायक (राम) के उत्कर्ष को, उसके प्रति अनुराग को आख्यायित करते है। यह तथ्य रामकथा से सम्बद्ध प्रकरी नायकों के प्रसंग में स्पष्टतः देखा जा सकता है।

किन्तु यहाँ सत्पुरूषाश्रित इतिवृत्त है (अर्थात प्रख्यातता नहीं है) और नायक भी मोक्षमार्ग में अनुशासित किया जा रहा है। (नायक / नेता इसलिये कि अन्यों को उस मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिले, वह उस मार्ग पर नयन करें) ऐसे कथानकों में प्रकरी जो नायक के उपकारकत्व को सिद्ध कर रही हो (भले ही उत्कर्षत्व को नही) उसमें नायक स्वयं अनुस्यूत नहीं हो सकता, जैसा कि जटायु या शबरी की कथा में राम स्वयं अनुस्यूत है। अनुबन्धहीन प्रकरी यद्यपि कथावस्तु में आगे पीछे दृष्टिगत नहीं होती किन्तु स्थल पर उसका निरूपण होता है वहाँ वह किसी बड़े प्रयोजन को साधित करती है।[24]

मोक्ष का मार्ग अत्यन्त दुष्कर है क्योंक इस मार्ग में अनेक प्रतिबन्धक हैं, यदि इन प्रतिबन्धकों की चर्चा किये बिना मार्ग सिद्ध को (लक्ष्य प्राप्ति) ख्यापित किया जाये तो यह अत्यन्त अस्वाभिक होगा और यदि ये प्रतिबन्धक ऐकान्तिक रूप में नन्द के समक्ष ही उपस्थित हुये हों तो लोक को इन प्रतिबन्धकों के प्रति विश्वास नहीं होगा और इनके निरसन के उपाय के प्रति आस्था भी नहीं होगी। इसलिए हम देखते हैं कि सौन्दरनन्द में उपमानों के रूप में अनेक पौराणिक आख्यान दिये गये हैं, जिनमें ये प्रतिबन्धक उपस्थित हुये हैं, कुछ ने इन प्रतिबन्धकों के समक्ष टेक डाल दी और कुछ इनसे उबर कर आगे बढ़े।

अनिच्छा से विरागयुक्त बिहार में आकर भी नन्द का मन प्रिया के प्रति अनुरागासक्त है। वसन्त का समय, राग की उद्दीपक सामग्री की बहुलता –मयूर, कोकिल, भ्रमर आदि ने नन्द के मन को चंचल बना दिया। नन्द मन में विचार करता है कि संसार के समस्त बन्धनों में कामाश्रित राग से अधिक दृढ़ कोई बन्धन नहीं। इस बन्ध को दो ही प्रकार से शिथिल किया जा सकता है– (1) ज्ञान से, जिसके सन्दर्भ में नन्द का मानना है कि शान्ति के लिये अपेक्षित ज्ञान उसके पास नहीं है (2) रूक्षता दूसरा उपाय है, किन्तु स्वभाव से दयालु होने के कारण वह रूक्ष नहीं हो सकता। अतः दोनों ही प्रकार से वह 'अनुराग के दृढ़ पाश' में आबद्ध है। वह अकेला नहीं है जो स्त्री के प्रेम पाश में बंधा हुआ है, न जाने कितने देवर्षि और राजर्षि काम के आवेग के कारण स्त्रियों की अधीनता को प्राप्त हुए।[25] जब अनेक देवगण स्त्री पाश में आबद्ध हुए तो शक्ति और रचना में उनसे हीन भला वह मनुष्य स्त्री के वशीभूत हुआ तो उसने क्या त्रुटि की? स्त्री के प्रति अनुराग के कारण इन्द्र ने अहिल्या का, अग्नि ने स्वाहा का, सूर्य ने

सरव्यू का सेवन किया, इसी प्रकार वैवस्वत और अग्नि का बहुत लम्बा युद्ध चला।[26] यह तो देवताओं की बात हुई तपस्वियों को भी तपभ्रष्ट होते देखा गया है; जैसे वशिष्ठ ने चाण्डालकन्या अक्षमाला के संयोग से पुत्र 'कपिञ्जलाद' को उत्पन्न किया, मुनी ऋष्यशृंग कुमारी शान्ता को देखकर विचलित हुए, विश्वामित्र घृताची के वशीभूत हुए, स्थूलशिरा मुनि रम्भा को देखकर कामावेश में मूर्च्छित हो गये और जब रम्भा ने स्वीकार किया तो उन्होंने उसे शाप दे दिया।[27] रुरु नामक महात्मा ने अपनी प्रियतमा प्रमद्वरा के सर्पों द्वारा काटे जाने पर विनष्ट ज्ञानेन्द्रिय हो जाने से खोज-खोज कर सर्पों को मारा, इस तरह विवेक भ्रष्ट हो हिंसा से तत्पर हुये।[28] इस प्रकार चन्द्रमा का नप्ता, बुध का पुत्र देवताओं के समान प्रभावशाली, यशस्वी, गुणी राजर्षि ऐल-उर्वशी के चिन्तन में उन्मत्तता को प्राप्त हुआ, मेनका के प्रति कामासक्त तालजङ्घ को विश्वावसु ने पर्वत से ढकेल दिया, गङ्गा के जल में अपनी प्रियतमा के डूब जाने पर राजा जह्नु ने गंगा को रोक दिया। अपनी पत्नियों के अनुराग में उन्मत होने वालों की सूची कोई छोटी नहीं है, उनमें से कुछ का नाम लिया जाये तो-प्रतीप के पुत्र राजा शान्तनु का गङ्गा के विरह में उन्मत होना, सौनन्दकी के द्वारा पत्नी उर्वशी के अपहरण से राजा सोमवर्मा का विक्षिप्त होना; बल के कारण सेनाक नाम से प्रसिद्ध, महती सेना वाला राजा भीमक पत्नी की मृत्युपरान्त स्वयं मर गया, शन्तनु की मृत्यु के बाद मत्स्यगन्धा काली को अपनी पत्नी बनाने की इच्छा वाला वह जनमेजय भीष्म के द्वारा मारा गया परन्तु काली विषयक कामना उसने नहीं छोड़ी, स्त्री संयोग से मृत्यु को प्राप्त होने का शाप प्राप्त करके भी पाण्डु असेव्य अपनी पत्नी माद्री के निकट जाकर मृत्यु को प्राप्त हुआ।[29]

नन्द ने विचार किया कि ऐसे ही कितने देवर्षि और राजर्षि काम के आवेग के कारण स्त्रियों की अधीनता को प्राप्त हुए, कितनों ने ही बीच में अपनी तपस्या छोड़कर काम सेवन किया तथा पुत्र सहित शाल्बराज अम्बरीष, अन्धकुलोत्पन्न राम और सांकृतिरन्ति देव ने वल्कल वस्त्र छोड़कर फिर से रेशमी वस्त्र पहनकर कुटिल जटाओं को काटकर मुकुट पहना है।[30] नन्द विचार करता है कि वह भी यहाँ से चला जायेगा, काम को ही विधिपूर्वक चरितार्थ करेगा क्योंकि अन्य वस्तुओं में लगे चित्त वाले, चञ्चल इन्द्रिय वाले और धर्म के मार्ग से भ्रष्ट व्यक्ति के लिए भिक्षु वेष धारण करना उचित नहीं।[31] हाथ में भिक्षापात्र रखकर, कषायवस्त्र पहनकर भी जिसमें उत्तेजना है, धैर्य का अभाव है, न शान्ति है: वह चित्रलिखित दीपक की भाँति चित्रलिखित भिक्षु है- वास्तविक भिक्षु नहीं। यहाँ चित्रलिखित दीपक के माध्यम से सम्भवत: कवि इसे इंगित करना चाहते हैं कि जैसे दीपक आत्मप्रकाशक और परप्रकाशक दोनों होता है वैसे ही वास्तविक भिक्षु स्वयं तो प्रकाश संवलित है ही 'पर' को भी प्रकाश देने वाला होता है।[32] नन्द यहाँ वितर्क की भूमि पर स्थित है जिसमें न स्वयं प्रकाश उद्दीप्त हुआ है तो परप्रकाशकता का प्रश्न ही कहाँ उठता है? जो घर से निकल तो गया किन्तु कामवासना समाप्त नहीं हुई, जिसने गेरूआ वस्त्र (आभा दीप्त करने वाला) तो धारण किया किन्तु जिसके चित्त का मल विनष्ट नहीं हुआ, जिसने भिक्षा पात्र तो धारण किया किन्तु सद्गुणों का पात्र

(आस्पद) नहीं बना– वह भिक्षुवेष को धारण करके भी न भिक्षु है, न गृहस्थ है। वह मन ही मन यह निश्चय करता है कि जैसे ही गुरु (बुद्ध) भिक्षा के लिये यहाँ से प्रस्थान करेंगे, वैसे ही वह गेरुआ वस्त्र छोड़कर घर को जायेगा क्योंकि चञ्चल चित्त से भिक्षु वेष धारण करने वाले हतबुद्धि का न परलोक बनेगा और न यह लोक ही।[33]

जैसे जटायु और शबरी की कथा नायक राम की उपकारक है वैसे ही उक्त समस्त पौराणिक आख्यान नायक नन्द की वर्तमान मनःस्थिति के उपकारक होने से 'प्रकरी' हैं। ये सभी आख्यान साधक की यात्रा में आने वाले प्रतिबन्धकों को भलीभाँति निरूपित कर सकने में समर्थ हैं।

घर जाने के लिए उत्सुक नन्द से आकर किसी श्रमण ने कहा कि अश्रु और शान्ति एक आधार में संभव नहीं दुःख शारीरिक और मानसिक द्विविध होते हैं। शारीरिक व्याधि तो वैद्य तो माध्यम से उपचरित हो जाती है किन्तु तमोगुण और रजोगुण से युक्त चित्त का उपचार अध्यात्म का ज्ञाता चिकित्सक ही कर सकता है। प्राणियों के प्रति मैत्रीभाव रखने वाले उस श्रमण की हितैषिता की प्रशंसा करके भी नन्द ने अपने मन की आतुरता स्पष्ट की[34] और काम (प्रियासुन्दरी)के बिना उसे कहीं शान्ति नहीं है यह स्पष्टतः कहा।

पुनः उस श्रमण ने नन्द से कहा कि अविवेकी, विषयासक्त का मन श्रेय में न लगे यह स्वाभाविक है। श्रवण, मनन, निदिध्यासन में अनासक्त, चंचलात्मा को धर्म के आनन्द नहीं आता, जो विषयों में दोष देखता है, शान्ति कार्यो ं में चित्त को संलग्न किये है उसे ही धर्म में रति होती है। कुरुवंशी, हैहयवंशी, वृष्णीवंशी, अतिमायावी शम्बरासुर ये सभी स्त्री सम्बन्धी दोष से दूषित हुये।[35] जिस सुन्दरी के प्रति तुम इतने आकृष्ट हो वह यदि नख, दन्त, रोम से युक्त हो सामान्य अवस्था में तुम्हारे सामने आ जाये तो वह तुम्हें सुन्दर नहीं प्रतीत होगी। स्त्रियों के शरीर को चमड़ी से ढका हुआ अस्थि पंजर मानो तो तुम्हें उसमें आसक्त होने का कोई प्रयोजन नहीं दिखेगा।[36] यशस्वी, बुद्धिमान् और पूज्य वेष धारण करने वाले का पुनः घर लौटना वैसे ही है जैसे कारागार से छूटकर कारागार में जाने की इच्छा करना, पाप को छोड़कर पुनः पाप का ही सेवन करना। स्त्रियाँ पकड़ी हुई विषैली लताओं की तरह साफ की जाती हुई सर्प से भरी गुफाओं की तरह, हाथ में पकड़ी नंगी तलवार की तरह निश्चय ही विपत्ति का कारण होती हैं। भिक्षुक बनने के बाद स्त्री के मोह में पुनः घर जाना तुम्हारा वैसे ही उचित नहीं है जैसे सूअर अच्छा खाकर, अच्छे बिस्तर पर सोकर छूटते ही पुनः चिरपरिचित गन्दगी की तरफ दौड़ता है, वैसे ही तुम्हारी वासना तुम्हें पुनः पंकिल बनाने वाली है। बल, रूप और यौवन के मद मे मत्त नन्द ने उस भिक्षु के हितकर वचन को ग्रहण नहीं किया। जैसे कच्चे मिट्टी के घड़े से कोई अपार सागर को पार करना चाहे वैसे ही अक्षम शरीर को धारण करता हुआ विषयवासना के लिए उद्यत मनुष्य बल का अभिमान करे। सम्भाल कर रखा हुआ घड़ा फिर भी कुछ समय तक रहता है परन्तु सम्भाला हुआ भी शरीर बहुत काल तक नहीं चलता।

सहस्त्रबाहु कार्तवीर्यअर्जुन का बल परशुराम के समक्ष, कंस को मारने वाले कृष्ण का बल जरा व्याध के समक्ष कहाँ रहा? "[37] गद, शाम्ब और सारण का वह सुन्दर रूप कहाँ? यौवन न लौटने के लिये भाग रहा है-"द्रुतंहि गच्छत्यनिवर्त्ति यौवनम्।" बल, रूप, यौवन से मत्त कोई व्यक्ति वृद्धावस्था की प्राप्ति के बिना मदरहित नहीं होता। अनेक प्रकार से बल, रूप और यौवन की अनित्यता ख्यापित करने पर भी जब नन्द पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा जब उस भिक्षु ने नन्द को धर्म से विमुख चित्त वाला जानकर प्राणियों के आशय, अनुशय और भाव के परीक्षक तत्वज्ञ बुद्ध से नन्द के भाव को बताया।

धैर्यच्युत् नन्द को मुनि ( बुद्ध) ने अपने निकट बुलाया और उसे अपने हाथ में लेकर आकाश में उड़ गये और हिमालय पर पहुँचे। वहाँ उन्होंने एक आंख वाली, लाल मुखवाली वानरी को दिखाकर प्रश्न किया कि वह वानरी या जो तुम्हारे मन में बसी है दोनों में कौन सुन्दरी है? नन्द का हठात् उत्तर था भला इस वानरी से सुन्दरी की क्या तुलना ?"[38] पुनः मुनि उसे आधि-व्याधि, वृद्धावस्था तथा शोक से रहित नन्दन वन में ले गये। कामक्रीड़ा ही जिनका एकमात्र कार्य है ऐसी अप्सरायें चारों ओर आ गयी। इन अप्सराओं को देखने के पश्चात् अपनी पत्नी के प्रति हटे राग वाला और अप्साराओं के प्रति रागासक्त नन्द को जान, राग को नष्ट करने की इच्छा से मुनि ने प्रश्न किया कि 'अब बताओ तुम्हें कौन प्रिय है ये अप्सरायें या तुम्हारी पत्नी?[39] नन्द ने कहा जितनी दूरी वानरी और आपकी वधू में है उतनी दूरी इन अप्सराओं से आपकी वधू की है। तब मुनि ने कहा यदि तुम इन अप्सराओं को चाहते हो तो तुम्हें शुल्क देना होगा, तुम उत्तम तप का शुल्क मुझे दो मैं तुम्हें इन अप्सराओं को प्राप्त करा देने की शपथ देता हूँ। क्योंकि ये अप्सरायें न बल से न सेवा से न द्रव्य के दान से और न ही सौन्दर्य से प्राप्त की जा सकती हैं। निश्चित रूप से ये धर्माचरण के द्वारा प्राप्त की जा सकतीं है, यदि इनकी अभिकांक्षा हो तो श्रद्धापूर्वक धर्माचरण करो।[40] यहाँ स्वर्ग में देवताओं के साथ निवास, मनोहर उपवन, वृद्धावस्था रहित स्त्रियाँ -ये सभी शुभकर्म के फल हैं। ये न तो दूसरे के द्वारा दिये जा सकते हैं और न ही अकारण प्राप्त होते हैं- "इदं फलं स्वस्य शुभस्य कर्मणो न दत्तमन्येन न चाप्यहेतुतः।"[41]

नन्द का कामुक मन इन अप्सराओं में इतना आसक्त हो गया था कि इन्हें प्राप्त करने की अदम्य लालसा में उसने मुनि को 'तप- करने का वचन दिय, तब मुनि उसे लेकर पुनःपृथ्वी पर आ गये। सच ही है-

**"महच्च रूपं स्वणु हन्ति रूपं शब्दो महान् हन्ति च शब्दमल्पम्।**
**गुर्वी रुजा हन्ति रुजां च मृद्वीं सर्वो महान् हेतुरणोर्वधाय।।"[42]**

महान रूप छोटे रूप को तिरोहित कर देता है। भारी शब्द छोटे शब्द को मिटा देता है। भारी रंग हल्के रंग को दबा देता है। समस्त महान् वस्तु अपने समान छोटी वस्तु के विनाश के लिये कारण होती है।

नन्द पूर्व में भी काम सन्तप्त था, इन अप्सराओं को देखकर उसका ताप और बढ़ गया। जिस प्रकार कोमल आतप से तपा हुआ कोई व्यक्ति महान् अग्नि से जलता है उसी प्रकार पूर्व में अल्पराग से सन्तप्त वह इस महान् रागाग्नि में सन्तप्त हो रहा है–

**यथा प्रतप्तो मृदुनातपेन दह्येत कश्चिन्महतानलेन।**
**रागेण पूर्वं मृदुनाभितप्तो रागाग्निनानेन तथाभिदह्ये।।**[43]

अत्यन्त चलायमान चित्तवृत्ति में स्थित नन्द ने शरणागत भाव से मुनि से प्रार्थना की कि वे ऐसी कृपा करें जिससे उसका मन चारों ओर न भटके और वह स्थिर चित्त हो घर को लौट सके। क्योंकि अब नन्द के मन में यह विश्वास हो गया है कि कामरूपी महासर्प से डंसा गया कोई भी धैर्यशाली व्यक्ति अपने में स्थित नहीं रहा है। जैसे स्थिरात्मा बोध्यु का मन मोह में पड़ गया और वह बुद्धिमान् शन्ततु अत्यन्त कृश हो गया।[44]

नन्दवन की उन स्त्रियाँ को देखकर नन्द ने दुर्दान्त और चंचल चित्त को नियमरूपी स्तम्भ में बाँधा। उत्तम आचार्य के आश्रित हो ब्रह्मचर्य का पालन किया। प्रेम (सुन्दरी) की चर्चा होने पर भी वह वीतराग के समान स्थित रहा। नन्द के इस नियम को देखकर आनन्द ने कहा कि ''मुझे ज्ञात हुआ है कि तुम्हारा यह सम्पूर्ण तप अप्सराओं की अभीप्सा से है। यदि कामोपभोग के निमित्त यह नियम है तो यह ठीक उस प्रकार है जैसे बैठने के लिये कोई अपने कन्धे पर अत्यन्त वजनी शिला को ढोये। तुमने धर्मचर्या को पण्यस्वरूप बना दिया है जैसे व्यापारी विक्रय के निमित्त वस्तु खरीदता है वैसे ही ये नियम तुमने कामोपभोग के निमित्त धारण किये हैं। जैसे व्यक्ति मधु के लोभ में पेड़ पर चढ़ते समय मधु तो देखता है किन्तु वहाँ से पतन नहीं देख पता ठीक वैसे ही तुम यह भूल रहे हो कि दुष्कर भी कार्य करके प्राप्त हुये स्वर्ग से मनुष्य पृथ्वी लोक को प्राप्त करता है, स्वर्ग से गिरे व्यक्ति में रंचमात्र भी पुण्य अवशिष्ट नहीं होता वह पशु–पक्षियों की योनि में, पितृलोक में या नरक में उत्पन्न होता है। जैसे बाज को अपना मांस देने वाले महाराज शिवि ने अत्यन्त दुष्कर कार्य करके स्वर्ग प्राप्त किया, किन्तु वे स्वर्ग से नीचे गिरे।[45] मान्धाता ने इन्द का आधा आसन प्राप्त करके देवत्व को प्राप्त किया किन्तु पुनः उन्हें भूतल पर लौटना पड़ा।[46] देवताओं पर राज्य करके भी नहुष का भूतल पर पतन हुआ और उन्होंने सर्पयोनि प्राप्त की।[47] महाराज इलिविल का स्वर्ग से गिरना और समुद्र में कछुआ बनना प्रसिद्ध है।[48] भूरिद्युम्न, ययाति आदि अनेक राजर्षियों ने अपने कर्म से स्वर्ग से खरीदा किन्तु कर्मफल के क्षीण होने पर उन्हें पुनः पृथ्वी पर आना पड़ा।

**भूरिद्युम्नो ययातिश्च ये चान्ये च नृपर्षभाः।**
**कर्मभिर्द्यामाभिक्रीय तत्क्षयात्पुनरत्यजन्।।**[49]

सैकड़ों इन्द्र नीचे गिरे और उनका माहात्म्य समाप्त हुआ। अतः स्वर्ग परिणाम में सुखकर नहीं है उसे (स्वर्ग को) रक्षा न करने वाला, अविश्वसनीय, अतृप्तिकर तथा नश्वर जानकर–अपवर्ग में बुद्धि को नियोजित करो।[50]

स्वर्ग की अनित्यता से उद्विग्न होकर नन्द ने अप्सराओं की कामना भी त्याग दी। उक्त सभी पौराणिक आख्यानों ने नन्द के विराग को सम्बल दिया। नन्द गुरु के समीप गया और उसने कहा कि 'यदि स्वर्ग भी नश्वर है तो सभी दुःखों का अन्त करने वाले आपके उत्कृष्ट धर्म में मैं रमण करूँ।'' श्रेयफलोन्मुख उसे जानकर तथागत ने कहा कि आज उसका जनम सफल हुआ क्योंकि कामरस का आस्वादन करने वाला उसका मन वैराग्य के प्रति उत्सुक हुआ। और पुनः तथागत ने कहा कि इस धर्म की इच्छा को उसे बढ़ाना चाहिये क्योंकि सभी धर्मों का कारण इच्छा ही है।[51]

जब तक तत्त्व देख नहीं लिया जाता तब तक श्रद्धा स्थिर नही होती, तत्त्व साक्षात्कार के अनन्तर संयम के द्वारा इन्द्रियों को वशीभूत किये हुये व्यक्ति का श्रद्धावृक्ष फलवान् तथा आश्रय देने वाला होता है। समस्त क्रियायों शील का आश्रय लेकर निष्पन्न होती है। इन्द्रिय निग्रह करो, परिमित भोजन करो, स्मृति से युक्त होओ, क्योंकि स्मृति युक्त को ही आर्यन्याय (सत्य) प्राप्त होता है, जिसे आर्यन्याय नहीं प्राप्त होता उसका सन्मार्ग नष्ट हो जाता है। काम का संस्कार राख से ढकी अग्निके समान रह जाता है। अतः उसे जल से बुझाई अग्नि के समान नष्ट कर डालो। अज्ञानी मनुष्य इस दुलर्भ मनुष्यता को नष्ट कर देता है। जैसे कोई व्यक्ति रत्नों के द्वीप से रत्न छोड़कर ढेला ले जाये[52] वैसे ही मोक्ष सम्बन्धी धर्म का त्यागकर अशुभ चिन्तन करना है। संसार में अपने-अपने कर्मों से खिंचे जाते हुये प्राणियों का कौन अपना और कौन पराया? व्यक्ति मोहवश किसी से आसक्त हो जाता है, कार्यवश ही स्नेह करता है तोड़ता है। संसार में अपने और पराये की कोई निश्चित व्यवस्था नहीं है।[53] तृष्णा ही जन्म का हेतु है। बीज का स्वभाव भूत, भविष्य और वर्तमान सबमें समान ही होता है।[54] कारण का नाश होने पर कार्य का नाश होता है। निर्वाण को प्राप्त हुआ व्यक्ति केवल शान्ति को प्राप्त करता है। उचित के ग्रहण और अनुचित के परित्याग को कहकर सुगत ने वितर्कों के नाश के लिये उपाय बताये। अतिप्रबल क्लेश समूह के अनादिकाल से संचित होने के कारण और सम्यक् प्रयोग के दुष्कर होने के कारण निश्चय ही दोष सहसा नष्ट नहीं किये जा सकते। इसलिये जैसे शत्रु को वश में करने के लिये तथा अविजित लक्ष्मी को जीतने की इच्छा वाला विजय यात्रा पर जाने वाला राजा पहले मार्ग साफ करवाता है, उसी प्रकार आर्य सत्य की प्राप्ति के लिये पहले इस विधि से मार्ग को शुद्ध करो।[55] विधि को बताकार सुगत ने पुनः इस मार्ग पर योगाभ्यास से सिद्धि पाये हुये[56] कौण्डिन्य, नन्द, अनिरूद्ध, तिष्य, उपसेन, विमल, राध, वाष्प, उत्तर, धौतकी, मोहराज, कात्यायन द्रव्य, मिलिन्दवत्स आदि अनेक नाम गिनाये। निश्चय ही कार्य की सफलता में उद्योग ही एकमात्र कारण है। उद्योग के बिना कोई सिद्धि नहीं प्राप्त होती। इस संसार में उद्योग से सारी सम्पत्तियाँ प्राप्त होती हैं और उद्योग के अभाव में सब पाप ही पाप हैं।[57] समस्त रसों से प्रज्ञा रस सर्वश्रेष्ठ।[58]

जिसने अपने ऊपर ईश्वरत्व प्राप्त कर लिया उसी का प्रवजित होना युक्त है। दुर्लभ और क्षणभंगुर योनि को प्राप्त कर उसे निष्फल नहीं जाने देना चाहिए। जो अपने दोषों से मारा जाता है। वह कायर है, दुर्जय काम को जीतकर संसार में युद्ध में अग्रणी रहने वाले शूरों में सुन्दर

अन्तर्भूत हो गया है। तृष्णायुक्त मनुष्य समृद्ध होते हुए भी दरिद्र होता है, काम पर विजय प्राप्त कर 'सुन्दर' आज समृद्ध हो गया है। नन्द ने शरीर से सुन्दर होने के कारण 'सुन्दर' विशेषण धारण किया था। वह बड़ी-बड़ी भुजाओं वाला, चौड़ी छाती वाला, सिंह की तरह कंघे वाला, सांड के समान आंख वाला नंद अत्यन्त सुन्दर था, इसलिये उसने 'सुन्दर' पदवी धारण की।[59] नन्द की प्रियतमा भामिनी, मानिनी, सुन्दरी आदि नामें से पुकाती जाती थी और रति तथा कामदेव के समान पुरुषों में नन्द और स्त्रियों में सुन्दरी सर्वश्रेष्ठ थी।[60] 'काम' जहाँ साध्य होगा वहां रूप साधन के रूप में उपन्यस्त होगा ही। इसे ही बुद्ध ने क्रमशः बन्दरिया, सुन्दरी और अप्सराओं के माध्यम से तीव्रतर और तीव्रतम रूप से उपन्यस्त करने की चेष्टा की है। किन्तु इस रूप में अनित्यता, यौवन की अनित्यता के माध्यम से रूपायित करते हुये प्रवजित सुन्दर नन्द से गुरु ने वास्ततिक सौन्दर्य को आख्यायित करते हुये कहा है कि श्रेष्ठ गुणों से कोई कुरूप भी सुन्दर हो जाता है अन्यथा सुन्दर भी व्यक्ति वास्तव में असुन्दर होता है-

**''भवत्यरूपोऽपि हि दर्शनीयः स्वलंकृतः श्रेष्ठतमैर्गुणैः स्वैः।**
**दोषैः परीतो मलिनीकरैस्तु सुदर्शनीयोऽपि विरूप एव।।''**[61]

नन्द ने बाह्य सौन्दर्य को हेय मानते हुये आत्मिक सौन्दर्य की अवाप्ति पर्यन्त जो महायात्रा की, सम्भवतः, इस महाकाव्य के नामकरण के माध्यम से कवि इसी रहस्य को उद्घाटित करना चाहते हैं। बुद्धिमान् होने पर भी जिसकी बुद्धि आत्म कल्याण में नहीं लगी उसे बुद्धिहीन मानना चाहिए खुली आँखों वालों के मध्य बन्द आँखों वाले लोगों की आँख खुल सकती है क्योंकि जिसे प्रज्ञा चक्षु नहीं उसे चक्षु होने से भी क्या लाभ? नन्द नन्दित है कि कामरूपी कीचड़ में डूबा हुआ होने पर भी वह गुरु के द्वारा बचा लिया गया। जैसे कोई दुर्मति रत्नों की खान के पास जाकर रत्नों को छोड़कर असत् मणियों को ग्रहण करे उसी प्रकार लोगों का उत्तम बोधि सुख त्याग काम सुख की प्राप्ति के लिये श्रम है। इसलिए वास्तव में जगत् सुख को नहीं देख पा रहा है- 'अहोऽन्धविज्ञाननिमीलितं जगत्पटान्तरे पश्यचि नोत्तमं सुखम्[62]

इस प्रकार के उपदेश के द्वार तत्त्व मार्ग को प्राप्त करने वाला नन्द सर्वभाव से गुरु को प्रणाम कर काम के नाश के लिये वन को चला गया। कामाग्नि के दाह से मुक्त हो ध्यान सुख से उसने परम आनन्द को प्राप्त किया।

**''स दुःखजालान्महतो मृमुक्षुर्विमोक्षमार्गाधिगमे विवक्षुः।**
**पन्थानमार्य परमं दिदृक्षुः शमं ययो किंचिदुपात्तचक्षुः।।''**[63]

वस्तुतः जैसे रोग से मुक्त हुये व्यक्ति के मुक्ति उपाय को सुनकर रोगी व्यक्ति उसी उपाय से अपने स्वास्थ के लिये प्रयत्न करता है। वैसे ही मुक्ति के लिये दूसरे के उपाय को सुनकर अन्य मुक्ति चाहने वाले उसी मार्ग पर सुखपूर्वक प्रयन्त करते है। सौन्दरनन्द काव्य में प्रकरी कथानकों के माध्यम से बाह्याश्री नन्द को क्रमशः तराशते हुए तत्त्वज्ञान के पथ पर पुरस्कृत किया गया है।

**सन्दर्भः -**

1. नन्दं ततोऽन्तर्मनसा रुदन्तमेहीति वैदेहमुनिर्जगाद।
शनैस्ततस्तं समुपेत्य नन्दो न प्रव्रजिष्याम्यहमित्युवाच।। सौन्दरनन्द, 5.35
2. इति दुःखमेतदियमस्य समुदयलता प्रवर्तिका।
शान्तिरियमयमुपाय इति प्रविभागशः परमिदं चतुष्टयम्।। वही, 3.12
3. सौन्दरनन्द, 5.18
4. सौन्दरनन्द, 5.47-48
5. सौन्दरनन्द, 3.14
6. वही, 4.30
7. सौन्दरनन्द, 5.11
8. सौन्दरनन्द, 5.19
9. सौन्दरनन्द, 8.12
10. न कामभोगैरूपशान्तिमृच्छति, 9.44
11. वही, 9.43
12. तृप्तिर्नास्तीन्धनैरग्नेर्नाम्भसा लवणम्भसः।
नापि कामैः सतृष्णस्य तस्मात्कामा न तृप्तये।। वही, 11.32
13. दशरूपक, 1:12 की वृत्ति
14. सौन्दरनन्द, 2.48
15. सौन्दरनन्द, 2.64
16. वही, 3.07
17. वही, 3.08
18. यश्चोपनायकादीनां वृत्तान्तो नायकार्थकृत
स नान्तरीयकश्चार्थः प्रासंगिक उदाहृतः।। 7/134.4 पृ. 292
19. सौन्दरनन्द, 18.47-48
20. उपनायक वृत्तान्तो नायकस्य फलार्थिनः।
साधको लभ्यते स्वार्थे सा पताकेति कथ्यते।। भावप्रकाश 7/137, पृ. 292
21. फलं प्रकल्प्यते यस्याः परार्थार्थैव केवलम्।
अनुबन्धविहीनां तां प्रकरीमिति निर्दिशेत्।। भावप्रकाश 7/138, पृ. 292
22. दण्डी, काव्यादर्श
23. दण्डी, काव्यादर्श
24. येनकेनाप्यनल्पेन हेतुना पूर्वगुद्गतम्।
पश्चान्न दृश्यते यत्तु तद्वस्तु प्रकरी भवेत्।। भावप्रकाश 7/138.2, पृ. 293
25. सौन्दरनन्द, 7.24

26. सौन्दरनन्द, 7.25-26
27. सौन्दरनन्द, 7.36
28. सौन्दरनन्द, 7.37
29. सौन्दरनन्द, 7.38-45
30. वही, 7.47
31. वही, 7.52
32. वही, 7.48
33. सौन्दरनन्द, 7.52
34. वही, 8.1
35. वही, 8.45
36. वही, 8.51
37. वीर तो वस्तुतः वे हैं जिन्होंने अपनी चंचल षडिन्द्रियों को वशीभूत कर लिया है–
    तथा हि वीराः पुरुषा न ते मता
    जयन्ति ये साश्वरथद्विपानरीन्।
    यथा मता वीरतरा मनीषिणो
    जयन्ति लोलानि षडिन्द्रियाणि ये।। सौन्दरनन्द, 9.23
38. सौन्दरनन्द, 10.17
39. सौन्दरनन्द, 10.48
40. सौन्दरनन्द, 10.60
41. सौन्दरनन्द, 10.61
42. सौन्दरनन्द, 10.65
43. सौन्दरनन्द, 10.52
44. सौन्दरनन्द, 10.56
45. सौन्दरनन्द, 11.42
46. सौन्दरनन्द, 11.43
47. सौन्दरनन्द, 11.44
48. सौन्दरनन्द, 11.15
49. सौन्दरनन्द, 11.46
50. सौन्दरनन्द, 11.55
51. सौन्दरनन्द, 12.31
52. सौन्दरनन्द, 15.27
53. सौन्दरनन्द, 15.31
54. बौद्ध दर्शन का प्रतीत्यसमुत्पाद चक्र जिसके बारह अंग माने गये हैं, जिसमें एक

अन्य का कारण रूप है– अविद्या, संस्कार, विज्ञान, नाम, रूप, षडायतन, स्पर्श, वेदना, तृष्णा, उपादान, भाव, जाति, जरामरणं।

55. सौन्दरनन्द, 16.85
56. सौन्दरनन्द, 16.87-91
57. सौन्दरनन्द, 16.94
58. सौन्दरनन्द, 5.24-26
59. दीर्घबाहुर्महावक्षाः सिंहासो वृषभेक्षणः।
वपुषाग्र्येण यो नाम सुन्दरोपपदं दधे।। वही, 2.58
60. वही, 2.57
61. वही, 18.34
62. सौन्दरनन्द, 18.45
63. सौन्दरनन्द, 17.13

❒❒

# द्वन्द्व से द्वन्द्वातीत के रचनाकार – डॉ. प्रवीण पण्डया

– डॉ. मञ्जुलता शर्मा

*(साम्प्रतिके कविजगति डॉ. प्रवीणपण्ड्या अर्वाचीनसाहित्यकाररूपेण यशस्वी ख्याति–लब्धश्चास्ति कविः। नायं केवलं साहित्यकार एव अपितु, चिन्तकः समालोचकः समीक्षकश्चाप्ययं कविः। डॉ. पण्ड्या पारम्परिकछन्दस्सु एव प्रतिबद्धो नास्ति. छन्दसां निर्वाहे नवीनां सरणिं स्वीकरोति। प्रायशः छन्दोमुक्तकवितां करोति।*

*डॉ. पण्ड्यामहोदयस्य रचनासु भारतीयदार्शनिकचिन्तनेन सहैव अर्वाचीनसामयिक समस्यानामपि प्रकाशनं चमत्करोति सामाजिकान्। मन्ये विंशत्यधिकरचना प्रकाशिताः सन्ति। सम्प्रति अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्यसर्जनायाः सशक्तोऽयं कविः।)*

डॉ. प्रवीण पण्डया केवल कवि नहीं, आलोचक–समालोचक ही नहीं, अपितु अर्वाचीन संस्कृत काव्य साधना की एक सम्पूर्ण प्रक्रिया का नाम है। संस्कृत कविता के इस कबीरा ने अपनी चदरिया को ज्यों की त्यों न रखकर अपने नये वैचारिक तन्तुओं से उसके रूप–रंग को निखारा है। परन्तु सामान्य पाठक के लिये आपकी कविताएँ समझना रेत में से सूई ढूँढने जैसा श्रमसाध्य कार्य है, क्योंकि यहाँ शब्दों के अर्थ सपाट नहीं हैं। प्रत्येक शब्द की अपनी कहानी है, उसका प्रयोग विशिष्ट प्रयोजनवश किया गया है। कहीं–कहीं पर उन शब्दों का मौन भी 'इको साउंड' जैसा गूँजता रहता है। यद्यपि प्रवीण पण्डया मुख्यतः आधुनिक कविता के सशक्त हस्ताक्षर हैं, परन्तु उनके कवि हृदय में एक सहज–सुबोध एवं निष्पक्ष समीक्षक भी विद्यमान है। आपकी तीक्ष्ण दृष्टि जब किसी पुस्तक पर केन्द्रित होती है तो उसके मन्थन का नवनीत पाठकों तक अवश्य पहुँचता है। क्योंकि आपमें विप्रता, सरलता होते हुए भी स्पष्टवादिता का विशेष गुण है जिसे सुधी समीक्षक प्राणतत्त्व कहा जाता है। अनेकों राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित होने पर भी आपमें कवित्व का अभिमान रंचमात्र भी नहीं है। जब भी आपके अन्वेषक चिन्तन ने आकार लिया, वह अद्भुत हो गया। जो भी लिखा, लीक तोड़कर लिखा। इसका साहस वही कर सकता है जिसे पहले खिंची उस लाइन का बोध हो। आज आधुनिक कवियों को प्रायः व्याकरणिक त्रुटियों की अवहेलना का दंश भोगना होता है। अपने से वरिष्ठ व श्रेष्ठ कवियों की भ्रूभंगिमा को भी देखना होता है, परन्तु डॉ. पण्डया ने बड़ी सच्चाई से अपनी कविताओं को परखा है। शायद उनकी समीक्षक दृष्टि से निस्सृत हुई उनकी कविताएँ

पूर्व में ही उस कसौटी पर समादृत होकर ही प्रकाशित हुई हैं। कालिदास के ऋषि और राजर्षि के अभेद ने जब पण्डया जी की प्रज्ञा का स्पर्श किया तो गेहर्षि के उर्वर कल्पना से बहुत ही नवीन बिम्ब प्रस्तुत कर दिया। गृहस्थ जीवन के श्रमश्रान्त क्षणों में यदि प्रभु चिन्तन के लिए यदि कुछ पल भी मिल जायें तो वह ऋषियों की अनवरत साधना से कम नहीं–

**तपस्तप्त्वा/ गुहासु निर्जने/ साध्नोति वैखानसो/ ध्यानजसिद्धिं/ न तु साध्यते/ पक्षिणः कलरवं सोढुक्षयो धियोविभवः।/ तपस्तपति गृहस्थो गेहर्षिस्तु/ केशाकेशि कुर्वत्सु शिशुकेषु महानसेऽलपसम्भारैः पाकं कुर्वन्त्यां / कटुवदन्त्यां च पत्न्यां/ किमुत विमूढमतिस्नुषाश्वश्रूकलहकोलाहले/ जायमानेऽपि।/ भिन्नं भिन्नं प्रत्येकं व्यक्तये भणित्वापि/ गायत्ययं/ सान्ध्यपूजायां सावहितचेतसा - ओं जय जगदीश हरे।**[1]

यहाँ गृहस्थ जनों की सिद्धि को ऋषियों से भी गुरुतर बताया है क्योंकि ऋषि साधना के समय, ध्यान में मग्न होने पर पक्षियों के कलरव को भी सहन करने में समर्थ नहीं होते हैं, परन्तु गृहस्थ अनेक प्रकार की समस्याओं से रू-ब-रू होते हुए भी नित्य पूजा का विधान पूर्ण कर लेता है। यहाँ उसके 'गेहर्षि' रूप का श्रेष्ठत्व प्रतिपादित करना नितान्त नवीन एवं मौलिक चिन्तन है।

डॉ. प्रवीण पण्ड्या जीवन के मधुर एवं कषाय रसों के आस्वादक हैं। अतः ''जीवातरसमाध्वीकम् '' की अधिकांश रचनाएँ इन्हीं स्वादजन्य अनुभूतियों का परिणाम है। इसके प्रारम्भ में जीवन के प्रति निराशा है और द्वितीय भाग में उनका आक्रोश दिखाई देता है। ये परिवर्तित होती मनोवेदनाएँ जीवन के अलग-अलग कालखण्डों का प्रतिफलन प्रतीत होती हैं। उनके हृदय में धधकता हुआ वह लाक्षागृह है जिसे विश्वासघाती बन्धुओं ने निर्धूम सुलगा दिया है। अन्तर्मन की पीड़ा का सैलाब जिन्दगी के बहाव में अनवरत जारी है। मन की व्यथा अनकही है, सिसकती है, परन्तु वो हृदय की सरलता कहाँ, जो उसे सहेज सकें।–

**बह्वयो दृष्टा नगरेऽमुष्मिन् पठितुं हसितुं गातुं पातुं शालाः।**
**सा क्व सखे! ययाऽनुमन्येत प्रवेष्टुं रुरुत्सुरहम्।**[2]

एक प्रसंग में एक बहुत सुन्दर रूपक का प्रयोग करके कवि ने सम्पूर्ण कथा और विषय को सजीव कर दिया।

**पर प्रहरणभियाऽऽत्मीयैर्गोपिता मे प्राणा यस्मिँश्छुके,**
**हा हन्त! हत दैव! स तु स्वयं मुमूर्षुरस्ति सखे।**

क्रूर दुनिया के प्रहारों से बचाने के लिए जिस तोते में प्राणों को छुपाया, वही तोता मरणासन्न है। यहाँ सुरक्षित का असुरक्षित हो जाना कवि का ध्येय वाक्य नहीं अपितु यहाँ ऐसे विश्वासघात की गन्ध आती है जो किसी परम आत्मीय द्वारा किया गया हो। प्राणों से ज्यादा प्रिय कुछ नहीं, उन्हें वहीं रखा जा सकता है जो स्वयं से भी सुरक्षित प्रतीत हो। यहाँ पर गालिब का शेर प्रतिध्वनित होता है कि–

**मैं वो चिराग हूँ जो आंधियों में रोशन था**
**खुद अपने घर की हवा ने बुझा दिया है मुझे।**

कवि हृदय पण्डया जी में भाव की सम्प्रेषणीयता अत्यन्त उच्च स्तर की है। पाठक के मनोभावों को कुशलता से पढ़ लेना आपकी कविताओं का पिनपॉइण्ट है। कुछ बिम्बों का प्रयोग उन्होंने अपनी लघुकविताओं में कुछ इस प्रकार किया है कि वह न केवल पाठकों को चमत्कृत ही करता है अपितु सोचने को बाध्य भी कर देता है। यथा–

**कीदृक् क्रूरकर्मायं कालनामा मदमत्तो यानचालकः,**
**येन हता मे नवजाता मधुदिवसाश्चत्वरे।**[3]

समय अथवा काल किसी को नहीं छोड़ता परन्तु यहाँ चौराहे पर नये मधुदिवसों की हत्या हो जाने में बहुत ही मार्मिक अपील है क्योंकि इन पलों को अभी ढंग से भोगा भी नहीं, वह नवजात शिशु के समान जीवन में प्रवेश ही हो पाये थे कि काल द्वारा भरे चौराहे पर उनकी हत्या कर दी गई। यह काल की विकरालता और निष्ठुरता के साथ–साथ उसका दबंग होना और स्वयं का निरीह हो जाना इंसान को झकझोर देता है। इस प्रकार के प्रयोग डॉ. प्रवीण पण्डया को श्रेष्ठ कवियों की श्रेणी में पंक्तिबद्ध करते हैं। दोहरे चरित्र के व्यक्ति कवि को सदैव पीड़ा देते रहे हैं। सम्भवतः यही कारण है कि पण्डया जी ने पदे–पदे अपनी रचनाओं में उन्हें चिह्नित किया है–

**सत्यमेव जयते 'वचसो भूतार्थतां पृच्छति स जनः'**
**क्लीबो यो नावतीर्णः कदापि रणमुखेऽपि**[4]

इसमें कवि ने क्लीव और रणमुख इन दो शब्दों का बहुत ही सार्थक प्रयोग किया है। कार्य प्रारम्भ ही न करने वाले जब परिणाम के उद्घोषक होने का स्वांग करते हैं तो निश्चित रूप से वह उपहास एवं निन्दा के योग्य हैं। जिन्होंने कभी युद्धभूमि की ओर दृष्टि भी न की हो, उस पवित्र वसुन्धरा का स्पर्श भी न किया हो, ऐसे रण विमुख कायर नपुंसक यदि "सत्य ही विजयी होता है" इस पर प्रश्न चिह्न लगाते हैं तो निश्चित रूप से यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। क्योंकि प्रश्नचिह्न वही लगा सकता है जो परिणाम सहन करने की योग्यता रखता हो। यहाँ एक व्यंग्य वह भी है कि अपनी अयोग्यता एवं अक्षमता छिपाने के लिए भी प्रश्न चिह्न वे ही लगाते हैं सत्य की विजय पर, जो नहीं उतरे रणभूमि में। वस्तुतः यह क्षोभ है पर स्वीकार करने का साहस नहीं। इसी प्रकार के एक अन्य उदाहरण में दृष्टि और दृष्टि के रूप में राम के रामत्व और वाल्मीकि की क्रौञ्च वेदना को प्रस्तुत किया गया है–

**वृथाऽऽक्षिपन्ति यज्जगतो लुप्तं, भ्रष्टं, नष्टं रामत्वम्**
**को वीक्षेत वाल्मीकिर्भूत्वा जीवनस्य जंगलेषु**[5]

कवि का उद्देश्य दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने का है। हम उन्हीं मिथकों में अपने जीवन के

अध्याय आयोजित कर रहे हैं उन्हीं धारणाओं से परिणाम की समीक्षा कर रहे हैं परन्तु काल के परिवर्तन में दृष्टि परिवर्तन का भी आह्वान किया है।

इसी क्रम में सृष्टि की आद्याशक्ति स्त्री ने भी अपने धर्म कर्म और जीवन के नये अध्याय लिखे हैं। वास्तव में आधुनिक परिवेश में स्त्री स्वतन्त्रता के नाम पर हम उसकी स्वच्छन्दता का विकृत रूप भी दिख रहे हैं। मर्यादाहीन स्वातन्त्र्य सदैव विकास को बाधित करता है। डॉ. प्रवीण पण्डया की दृष्टि स्त्री विमर्श के इस बिन्दु पर बहुत ही स्पष्ट है। वे मानते हैं कि अपनी संस्कृति को साथ लेकर विकास के पथ पर चलती हुई नारी ही उसे उसके अभीष्ट तक पहुँचा सकती है। 'ज्योतिर्ज्वालनम् ' में नारी मुक्ति का, उसकी शक्ति का कैसा रूप कवि ने चित्रित किया है और एक प्रश्न समाज के समक्ष अनुत्तरित छोड़ दिया है कि स्त्री मुक्ति का क्या यही रूप संस्कृति के अनुरूप है–

**संकृत्य**

**शृङ्गारमुत्तेजकम् / दर्शयति स्वबलम्**
**काचिन्नारी शक्तिः**
**पौर्वात्यपरम्परापोषिकामधिकृत्य**
**निरर्गलं हसन्ती / सभागृहे भाषणङ्कुर्वती**
**राजपथे जनैस्सह विवदमाना**
**समताया अधिकारं याचमाना**
**सम्मानवस्त्रञ्च निष्कासन्त्येव**
**स्वातन्त्र्यम्मन्यमाना**
**वणिजां प्रयोगशाला भवन्ती।**[6]

यहाँ पण्डया जी ने 'वणिजाम् प्रयोगशाला' कहकर मानो नारी को दर्पण दिखाने का प्रयास किया है। जिस प्रकार वणिक अपने व्यापार में केवल लाभ चाहता है भले ही इसके लिए किसी भी नीति का प्रयोग करना पड़े। उसी प्रकार आज नारी स्वतन्त्रता के नाम पर अपनी स्त्रियोचित छवि एवं उसकी गरिमा को नष्ट कर रही है। इससे उनका सम्मान रूपी वस्त्र विदीर्ण हो रहा है। कवि का अभिमत यहाँ स्त्री विकास के मार्ग को कंटकाकीर्ण करना नहीं है, अपितु वे तो नारी के अत्याधुनिक व्यवहार एवं आचरण से चिन्तित है। कवि का हृदय न तो स्त्री को सीता रूप में प्रतिष्ठित करने का स्वप्न देखता है और न ही उसे भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों का उपहास करते स्वीकार कर पाता है अतः उन्हें एक ऐसा दर्शन स्वीकार है जिसमें सामाजिक सन्तुलन बना रहे। परन्तु इसका अभिप्राय यह कदापि नहीं है कि पुरुष अपने दम्भ के वशीभूत होकर उसके मार्ग में अवरोध उत्पन्न करे। कवि के आहत हृदय की वेदना एक कविता में इस प्रकार मुखरित होती है–

**स्वैरचारिभुजवद्भूभृतां गतागतं विरुध्य कृतं न किंचनापि,**
**धिङ् जडधियं रामानुजं येनाधिरेरवं कृता काऽपि साध्वी।**[7]

प्रस्तुत कविता में लक्ष्मण के लिए कवि ने रामानुज शब्द का प्रयोग किया है इसमें कवि का मन्तव्य भले ही राम का भाई लक्ष्मण ही हो परन्तु समीक्षक दृष्टि से एक तथ्य यहाँ पर समीक्षित हो सकता है कि यद्यपि रामानुज के स्थान पर लक्ष्मण का प्रयोग सार्थक हो सकता था परन्तु रामानुज में राम की हठधर्मिता भी परिलक्षित होती है। अनुज भाई का ही प्रतिबिम्ब है अत: पारस्परिक वैचारिक धरातल पर कहीं समानता हो सकती है इसलिये एक शब्द के द्वारा राम–लक्ष्मण की उस प्रवृत्ति को संकेतित किया है जिसमें पौरुष अभिमानी भूपतियों के समक्ष आवागमन की रेखा खींचने के स्थान पर सीता को प्रतिबन्धित किया गया। 'जड़धियं' शब्द से पुरुषों की तुच्छ मानसिकता ध्वनित होती है।

डॉ. प्रवीण पण्डया को धरती से जुड़ा कवि कहा जा सकता है। वे यथार्थवादी चिन्तन के धनी हैं इसलिए जीवन को कोरी कल्पना अथवा सतरंगी इन्द्रधनुष सा सलौना नहीं मानते। उनका विश्वास है कि सुख दु:ख के चक्र में जीवन कभी–कभी बहुत निरुपाय और बेमारी हो जाता है और हम उसे जीते नहीं, अपितु ढोते हैं। जिन्दगी को खेल के स्थान पर खिलाड़ी बता कर कवि ने व्यक्ति की जीवन्त शक्ति को इंगित किया है। क्योंकि खिलाड़ी सदैव खेल को जीतने के लिए खेलता है। अत: जीवन हारने का नाम नहीं है–

**मोघं मतमभून्मया जीवनं क्रीडेति भ्रातः।**
**अहहा इ इदन्त्वस्ति धूर्तं तावत् क्रीडालु।**[8]

परन्तु क्रीडालु के साथ धूर्त का जुड़ना खिलाड़ी रूपी जीवन के छल का संकेत है। एक अन्य स्थान पर जिजीविषा ने अपने नग्न वक्ष को जिन्दगी की प्रताड़नाओं के लिये प्रस्तुत किया है जिसमें विषबुझे वाणों से दु:ख की पराकाष्ठा द्योतित होती है–

**जीवातो! क्षिप क्षिप विषवासितेषु चयं वक्षो मे नग्नं त्वत्समक्षम्।**
**अज्ञात्वा ते प्रतारणायाः पराकाष्ठां न मर्तुं क्षमे न जीवितुम्।**[9]

इस दु:ख के सागर में भटकते–भटकते कभी तो सुख का किनारा मिलेगा, इसी विश्वास के साथ कवि उस कटु गरल को पीकर शिव बन रहा है। क्योंकि यही कटुता उसके जीवन का सम्बल है। यही कष्ट उस मंजिल को प्राप्त करने का आश्वासन है जिसके लिये यह यात्रा प्रारम्भ की है–

**दुस्तरे जीवनजलधौ श्रान्तौ पादौ श्रान्तं चेतस्तरणपटु,**
**परं यास्यामि तटं सेतुं समारुह्य श्वासानाम्।।**
**रे मत्ततरंगगर्भ! क्रूरजीवित! समुद्रायसे बाढं समुद्रायताम्,**
**अहं तु यास्यामि पारं तवैव वक्षसि क्षेपणीं क्षिप्त्वा क्षिप्त्वा।।**[10]

इस पुस्तक के अन्तिम दो छन्दों में कवि ने जिस मुक्ति की बात कही है, वह दैहिक अथवा आध्यात्मिक दोनों ही हो सकती है। क्योंकि व्यक्ति कितना ही अशान्त हो और कितना ही सशंकित, जीवन में कहीं न कहीं एक समय ऐसा आता है जहाँ पहुँचकर उसके समस्त अनसुलझे प्रश्न सुलझ जाते हैं, भटकता हुआ मन केंद्रित एवं शान्त हो जाता है। इसमें एक ऐसी आध्यात्मिक मुक्ति की बात कही है, जहाँ न चिता चाहिए न तपस्या न अरण्य। यह तो मन की मन से और मन के लिये की गई मुक्ति है। जिसमें देह का शान्त हो जाना, मन के भटकाव का स्थिर हो जाना और स्वयं के अहं का व्यापक हो जाना कवि को आत्माराम बना देता है।

**कायश्शान्तो मनश्शान्तं शान्ता मतिर्महीयसी,**
**अद्य मदीयोऽहं ह्युत्थाय व्यापकीभूतः**[11]

वास्तव में यही जीवन का सत्य है कि जब तक कि स्वयं के लिए ही चिन्तन करता है तब तक ही दुःख होता है। स्वयं से उठकर व्यापकत्व स्वीकार करते ही मन आनन्दित हो उठता है और प्रभु की प्रभुता को अनुभव करके रोमाञ्चित होता है। परमब्रह्म की यही निष्ठा उसे उसके जीवन का लक्ष्य दिखाती है। इसी को श्रेष्ठ साधकों द्वारा ब्रह्मानन्द सहोदर कहा गया है।

पण्ड्या जी की अनेक रचनाएँ उनके औपनिषदिक चिन्तन का परिणाम प्रतीत होती है। गम्भीर एवं दार्शनिक पृष्ठभूमि पर लिखी इन रचनाओं में तुरीयावस्था जैसे गूढ़ विषय पर चर्चा की गई है। दर्शन के कार्य–कारण रूप को, सगुण निर्गुण ब्रह्म को व्यक्त करने वाली कुछ रचनाएँ उतनी सरस नहीं हैं। उसमें ज्ञान की रश्मियाँ तो विकीर्ण हैं परन्तु आस्वादन का निर्मल आनन्द अदृश्य है। वहाँ पर डॉ. पण्डया एक कवि के स्थान पर चिन्तक एवं दार्शनिक के रूप में खड़े दिखाई देते हैं–

**हे शौनक!**
**निराकारा मृत्तिका। घटः साकारोऽस्ति**
**यतोहि घटो घट एव भवति**
**परं मृत्तिकाया नैक आकारः।**
**घटोऽभिव्यक्तिरस्ति**
**नीरूपमृत्तिकायाः।**
**परं मृत्तिका नाम घटो न।**
**हे शौनक!**
**कार्यसगुणं ब्रह्मावेहि**
**तत्कारणं जानीहि**
**निराकारम्।**[12]

अन्यत्र भी आत्मा परमात्मा का विलक्षण रूप चित्रित है–

**राम किं स्पष्टीकुर्वे?**
**अद्य नोचेच्छो वैखरी दिवङ्गमिष्यति।**
**निर्बाधं**
**तुरीयायास्तुरीयया**
**संवादो भविष्यति**[13]
**अद्य सीताऽहं**
**रामस्त्वम्**
**श्वः केवलं**
**सीताराम एव स्थास्यति**[14]

कविता की अन्तिम पंक्तियों में कवि का प्रखर चिन्तन नितान्त स्पष्ट परिलक्षित होता है। आत्मा और परमात्मा, जीव और ब्रह्म तब तक दो होने का अभिनय करते हैं जब तक सत्य को नहीं जानते। एकाकार होने पर मैं और तू का अलगाव समाप्त हो जाता है और लौकिक सत्ता पारलौकिक में विलीन होकर परम सत्य बन जाती है। यहाँ पर जीव ने स्वयं को सीता और परम तत्व को राम के रूप में स्वीकार किया है। जब कष्ट साध्य भौतिक यात्रा से श्रान्त क्लान्त यह सीता राम से जा मिलती है तो एक सुखद सीताराम की गूँज वातावरण को स्पंदित करती है। कवि का यह अद्वैतवाद बहुत ही अद्भुत एवं नव्य कलेवर से पूर्ण है। कवि का यह संग्रह काव्यगत सरसता के स्थान पर गूढ़ विषयों का संग्रह है। कवि समाज के असत प्रवृत्ति के लोगों की ऐसी मनोवृत्ति से आहत है जो बौने होते हुए भी बाँहें उठाये अपनी ऊँचाइयाँ दिखाने को आतुर हैं। इसी प्रकार की एक रचना अधरोत्तमारणि में भी वर्णित है–

**वानर उत्प्लुत्योत्प्लुत्य सरभसं याति प्रासादशिखरेषु**
**औन्नत्यमिदं कस्येति कस्तावत्तेन विवदेत।**[15]

यहाँ बंदर का महल की ऊँचाई पर पहुँचकर अभिमान करना अज्ञानी अभिमानी को प्रस्तुत करता है। क्योंकि हम अपने विषय में प्रायः इस भ्रम में रहते हैं कि हमारा वर्चस्व कभी किसी के सामने कम हो ही नहीं सकता। परन्तु यथार्थ का जानना बहुत आवश्यक है तब ही व्यक्ति उस मिथ्या दर्शन से स्वयं को मुक्त कर सकता है। इसी भाव को इस शेर में बखूबी कहा गया है।

**एक शख्स जो कद में मुझसे बड़ा था**
**वो किसी और के कन्धे पर खड़ा था।**

वैसे भी 'अधरोत्तमारणि' अधराणि और उत्तरमारणि इन दोनों अरणियों के मध्य मन्थन का परिणाम है। इसे वर्तमान और भविष्य के चिन्तन का काव्य कहा जा सकता है। वास्तव में

यही जीवन का उद्देश्य है जिसमें हम अपने अर्जित जीवन मूल्यों से भविष्य का निर्माण करते हैं। चमकीले स्वप्नों से भविष्ट का निर्माण करते हैं। चमकीले स्वप्नों की चमक हमारे पथ के कंटकों से हमें पराङ्मुख कर देती है। यात्रा जैसे ही लक्ष्य के लिए शुरू होती है कठोरताओं के प्रहारों का अनुभव होने लगता है।

**लक्ष्यं दूरं तिष्ठते**
**दूरतस्तु पर्वता अपि रम्याः प्रतीयन्ते**
**लक्ष्यं यावद् रमणीयं भवति**
**तावानेव तत्प्रति गच्छन् पन्था**
**नीरसः कण्टकाकीर्णः**
**तत्र मनो हन्त**
**कथं लीयेत?**
**एकैकशः सर्वेऽपि प्रतिनिवृत्ता श्मशानवैरागिणः**
**नैत्यिकी साधना नैव चलितुं शक्नोति**
**फलस्य मनोराज्येन,**
**स तु केवलं कर्मणे कर्मास्ति।**[16]

इसके लिए आवश्यकता है कि व्यक्ति का लक्ष्य कष्ट हो और उस पर चलने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो। कहीं-कहीं पण्ड्या जी की कविताएँ बहुत दुरूह होने के कारण मन्थर गति से चलती हैं। दर्शन के साथ-साथ व्याकरण के उदाहरण को कविता का बिम्ब बनाकर वे उसे और भी क्लिष्ट बना देते हैं। पाठक प्रथमतः उस कविता को सरसता के आधार पर पढ़ने का प्रयास करता है परन्तु भाव गाम्भीर्य के कारण कविता शास्त्रीय चिन्तन का खिलौना बन जाती है। सम्भवतः पण्ड्या जी अपनी व्यञ्जनामयी शैली एवं पांडित्य के शिखर से कहीं-कहीं उतर नहीं पाये हैं।

**किं तपः का भविष्यत्ता**
**केयं वा वृद्धिस्तद्वृद्धानां**
**यदङ्गणे पतन्तश्चलड्डिम्भा**
**न दृश्येरन्**
**न धनेन न रूपेण**
**न वस्त्रेण नालङ्कृत्या**
**पाणिने सत्यं वदसि**
**शोभते**
**वृद्धो यूना।**[17]

'वृद्धो यूना' पाणिनि का एक सूत्र है। जिसमें उन्होंने सह का प्रयोग किये बिना साथ के अर्थ में युवा में तृतीया लगा दी है। परन्तु यहाँ इसका प्रत्यक्षतः कविता से कोई सम्बन्ध नहीं है। कवि कहता है कि कैसा तप, क्या भविष्य और क्या वृद्धत्व उन वृद्धों का, जिनके आंगन में गिरने, उठने और चलने की चेष्टा करने वाले बच्चे नहीं हैं। न ही धन से, न वस्त्रों से, न श्रृंगारिक अलंकरणों से, वृद्ध तो युवा के साथ ही सुशोभित होता है। कहने का अभिप्राय यह है कि बुद्धिजीवियों का बूढ़ा होना तब ही सार्थक है जब वह नई पीढ़ी को अपनी विरासत देकर जायें। जिससे उनकी विद्या, परम्परा एवं विचार समाप्त न हों। कोई वृद्ध विद्वान् एक युवा शिष्य को अपने जैसा बनाकर ही इस ऋण से मुक्त हो सकता है। वस्तुतः यहाँ कवि का चिन्तन बहुत ही नवीन एवं प्रभावशाली है। क्योंकि उन्होंने इसमें भाषा के विकास का प्रश्न उठाया है। जो लोग विद्वता का आवरण ओढ़कर आत्माराम हो रहे हैं वह भाषा और साहित्य के साथ न्याय नहीं कर रहे। यही कारण है, संस्कृत भाषा की गुणवत्ता और विकास अवरुद्ध है। इसमें युवाओं का धैर्य और वृद्ध विद्वानों का समर्पण दोनों ही उत्तरदायी है। जब बुद्धिजीवियों के ज्ञान से उत्तरवर्ती पीढ़ी तैयार ही नहीं होगी तो कहीं न कहीं ज्ञान का वह सागर शुष्क हो ही जाएगा, विचारों की भागीरथी का प्रवाह कहीं तो अवरुद्ध होगा ही। वस्तुतः ज्ञानगंगा का यह निनाद सदैव गुंजित होता रहे तब ही संस्कृत भारती की वीणा का स्वर मधुर हो सकेगा।

डॉ. प्रवीण पण्ड्या को नवीन प्रयोगों का जुनून है। वे एक ओर परम्परावादी कविताओं का सम्मान करते हैं वहीं दूसरी ओर नव्यसर्जना में नये छन्दों का भी स्वागत करते हैं। उनमें ज्ञान है पर उसका अभिमान कदापि नहीं, अध्ययन की अनवरत लालसा है परन्तु सारहीन तुकबन्दीपरक लेखन की स्पर्द्धा नहीं। सामान्यतः उनकी कविताएँ दुर्बोध हैं। जैसे बौना हाथ उठाकर आसमान नहीं छू सकता, उसी प्रकार उनकी कविताओं के फलक को सामान्य ज्ञान के धरातल पर खड़े होकर नहीं परखा जा सकता। उसके लिए निष्पक्ष तर्क बुद्धि चाहिए। आज जहाँ एक ओर अनेकों पुरस्कारों से सम्मानित वरिष्ठ कवियों की रचनाएँ भी इतने प्रौढ़त्व का निर्वहन नहीं कर पा रही हैं वहीं डॉ. प्रवीण पण्ड्या सुधी पाठकों को चमत्कृत कर रहे हैं। उनका परिपक्व शास्त्रीय ज्ञान उनकी कविताओं में परम्परा और आधुनिकता का सम्यक् समन्वय कर देता है। पाणिनि के सूत्रों का प्रयोग साहित्यिक उपमाओं एवं बिम्बों के साथ प्रस्तुत करने का साहस उन जैसा प्रयोगधर्मी कवि ही कर सकता है। अनेकों रूढ़ प्रतिरोधों के बाद भी उनकी कविता अनवरत प्रवाहित होती है। हाँ कहीं-कहीं उनके आध्यात्मिक चिन्तन में तत्कालीन परिवेश के साथ अनेकों ऐतिहासिक एवं पौराणिक मिथ कविता का प्राणबिन्दु बन जाते हैं-

**जाने राम! विवासिता**
**सीता न त्वया।**
**दत्तो वनवास आत्मने।**

**जाने राम। त्वं राजधान्यामसि**
**अहञ्चात्र वने**
**परं मनः कुण्डल्याम्**
**परस्परं परिवर्तनयोगोऽस्ति**[18]

इसके साथ ही कहीं कहीं कवि की कविता कुछ ठिठकी हुयी मुग्धा सी प्रतीत होती है। वहाँ शब्द कुछ कहते हैं, अर्थ कुछ निकलता है, पाठक कुछ सोचता है और सम्भवतः कवि मर्म के अनुसार उस कविता का दर्शन एक अलग परिभाषा गढ़ रहा होता है 'अधरोत्तमारणि' की यह कविता कभी तो पंचमहाभूतों के रहस्य खोलती प्रतीत होती है तो कभी प्रत्यक्षतः प्रतिवेशी धर्म को व्यक्त करने वाली खुली किताब लगती है-

**गृहास्तथैव वर्तन्ते।**
**केवल तत्प्राङ्गणं ह्येव संकोचं यातम्**
**अधुना तत्र नास्त्यवकाशः,**
**प्रातिवेशिकबालेभ्यः कीडायाः कृते**
**भूमिरस्ति व्योम नष्टम्।**[19]

यहाँ आँगन के छोटे होने में एवं आकाश के नष्ट होने में व्यक्ति की संकुचित मानसिकता द्योतित होती है 'अवकाश' में नास्ति का प्रयोग एक ओर तो व्यस्तता को व्यक्त करता है दूसरी ओर उसमें असहिष्णुता की गन्ध आती है। वास्तव में यह कविता 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के जीवन दर्शन पर एक प्रहार है। जहाँ मनोवृत्तियों की तुच्छता और स्वार्थी सम्बन्धों की दास्तान एक साथ दिखाई देती है। आज हमारे पास सम्बन्धों की ऊष्मा संजोने के लिए, प्रातिवेशिक धर्म के निर्वहन के लिए अवकाश ही नहीं है। हमने अपना समय अपने हित एवं आवश्यकता के लिए ही निर्धारित किया है। वह वैयक्तिक चिन्तन जब विश्व से जुड़ जाता है तब इसका वागर्थ और व्यापक हो जाता है। हम अपने देश की सीमाएँ बढ़ाने के लिए पड़ोसी निर्बल देशों पर जब आक्रमण करते हैं तो भूमि का तो अतिक्रमण हो जाता है परन्तु हमारी व्यापकता नष्ट होती है। हम तन से जीतकर भी मन से हार जाते हैं। अतः यह छोटी सी कविता बच्चों के आंगन से उठकर विश्वपटल पर दस्तक दे जाती है।

कलापक्ष की दृष्टि से यदि देखा जाये तो डॉ. पण्ड्या ने भाषा से अधिक खिलवाड़ नहीं किया है। उनका शब्द भण्डार आकर्षित करता है। आधुनिक कविता के नाम पर होने वाली तुकबन्दी से वह दूर हैं यद्यपि उन्होंने मुक्त छन्द में लिखा है लेकिन छन्द के अनुशासन का अतिक्रमण नहीं किया है। कहीं-कहीं सार्थक शब्दों की ध्वनि बहुत आकर्षक बन गयी है-

**नोपरि याता नाधो गताः।/ तस्मात्ते नगाः।/ भूगता मनुजा भूगा। वयं च खं गता समुन्नताः खगा**[20]

वास्तव में कवि पण्डया की समस्त रचनाएँ जीवन के आसपास के वीथीचित्र हैं। जीवातुरसमाध्वीकम् में उनकी पीड़ा का तीव्र प्रवाह है। जल में छिपा तेजाब उनके जीवन के रस को जला रहा है। जो मिलना चाहिये, वह मिलते मिलते रह जाता है। झुक कर गिरते हुये बादल बिन बरसे ही लौट जाते हैं। श्रम विगलित अंगों से गिरते हुये स्वेदकण निष्फल है, मन व्याकुल है, आँखों में कुछ नमी उतर रही है। अनायास ही घोर अन्धकार में कोमल स्पर्श का आश्वासन इन्द्रधनुषी स्वप्नों का संसार रच देता है।

डॉ. प्रवीण पण्ड्या का व्यक्तित्व उनके कृतित्व में झलकता है। उनमें धीर-गम्भीर प्रौढ़त्व विद्यमान है। उनका वाक्विलास सभा को स्तब्ध कर देने को पर्याप्त है। वरिष्ठ कवियों के क्रम में वे अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। उनके लेखन में एक ईमानदारी है, सच्चाई है। कहीं भी शाब्दिक क्रीड़ा मात्र नहीं है। जीवन ने जैसा मोड़ लिया, स्मृतियों ने जो भी उपहार दिया, जिन्दगी में जो भी सुख-दु:ख के पल आये, कवि ने उन्हें कविता बना दिया। यही कारण है कि उनकी कविताएँ अनुभूतिजन्य प्रतीत होती हैं। कहीं दु:ख है, कहीं आक्रोश, कहीं विश्वासघात है तो कहीं असफलता का क्षोभ, कभी मिले झोली भरे रत्न तो कभी मुट्ठी भर रेत। परन्तु पण्ड्या जी की कविता गूढ़ार्थ युक्त है, अत: कहीं-कहीं रसानन्द में बाधा आती है। आपकी पुस्तकों के शीर्षक से ही इसका परिचय मिल जाता है। जीवातुरसमाध्वीकम् , अधरोत्तमारणि, उद्बाहुवामनता, ज्योतिर्ज्वालनम् रचनाएँ अपने नाम में ही क्लिष्ट कलेवर छिपाए हुये हैं अत: डॉ. पण्ड्या से काव्य जगत् को कुछ सरस एवं मधुर रचनाओं की भी प्रतीक्षा है। जीवन का रस दोनों अरणियों के मध्य में प्रवाहित होकर इस जगत को तृप्त करें।

आज संस्कृत साहित्य को ऐसे ही साधकों की प्रतीक्षा है जिनमें विद्वत्ता हो प्रदर्शन नहीं, विनम्रता हो चाटुकारिता नहीं, सादगी हो परन्तु भीड़ में खो जाने वाला व्यक्तित्व नहीं। अत: निश्चित रूप से समय की रेत पर अपने हस्ताक्षर करने वाले प्रवीण पण्ड्या जी को संस्कृत यात्रा का नि:स्पृही पथिक कहा जा सकता है।

**जरूरी नहीं लक्ष्य हो बड़ा**
**और उसमें सदा उनका ही नाम आये**
**लेखन तो एक तपस्या है**
**शर्त ये है कि**
**वो किसी के काम आये।**

**सन्दर्भः**

1. अधरोत्तमारणि, पृष्ठ 7
2. जीवातुरसमाध्वीकम् , पृष्ठ
3. जीवातुरसमाध्वीकम् , पृष्ठ
4. जीवातुरसमाध्वीकम् , पृष्ठ 42/66
5. जीवातुरसमाध्वीकम् , पृष्ठ 38
6. ज्योतिर्ज्वालनम् , पृ.2
7. जीवातुरसमाध्वीकम् - 42/67
8. जीवातुरसमाध्वीकम् , 10/4
9. जीवातुरसमाध्वीकम् , 49/78
10. जीवातुरसमाध्वीकम् , 51/82-83
11. जीवातुरसमाध्वीकम् , 59/99
12. उद्बाहुवामनता, पृ. 39-40
13. उद्बाहुवामनता, पृ. 61
14. उद्बाहुवामनता, पृ. 62
15. अधरोत्तमारणि, पृ. 114
16. अधरोत्तमारणि, पृ. 15
17. अधरोत्तमारणि, पृ. 74
18. उद्बाहुवामनता- पृ. 61
19. अधरोत्तमारणि, पृ. 23
20. अधरोत्तमारणि, पृ. 14

❐❐

# उपनिषद् वाङ्मय एवं भक्तिदर्शन

**– डॉ अपराजिता मिश्रा**

*(उपनिषद् वाङ्मयं भारतस्य सर्वेषां दर्शनानां मूलस्रोत: अस्ति। आस्तिकनस्तिकानाञ्च सर्वासां विचारधाराणां बीजमुपनिषत्सु निहितमस्ति। उपनिषद् न केवलं समस्तानां भारतीयदार्शनिकसम्प्रदायानां प्रामाण्यस्य मानदण्डं प्रस्तौति अपितु एतेषां दर्शनानां प्रमापिका अपि अस्ति। भारतीयदर्शनस्य सर्वै: आस्तिकसम्प्रदायै: उपनिषद: स्वस्य दर्शनस्य मूलस्रोत: स्वीक्रियन्ते। सर्वै: वैष्णवाचार्यै: ब्रह्मसूत्रस्य उपनिषदां च उपरि भाष्य: कृत:। भागवतधर्माचायै: प्रतिपादिता भक्तिदर्शनस्य पृष्ठभूमि: अपि उपनिषत्सु निहिता। भक्ते: परम्पराया: विकासस्य च इतिहासे उपनिषदां महत्त्वपूर्णं स्थानमस्ति। एवं परवर्त्तिकाले भक्ते: यथा स्थापना जाता तस्या: समस्तानि सूत्राणि उपनिषत्सु विद्यमानानि आसन्। यस्य उपबृंहणमाचार्यै: भक्ते: शास्त्रीयस्वरूपनिरूपणे कृतम्। शोधलेखेऽस्मिन् उपनिषत्सु वर्णितं भक्तितत्त्वं तत: नि:सृतेषु भक्तिदर्शनेषु भक्ते: स्वरूपं विकासश्च इति विषय: समीक्षित:।)*

**उपनिषद् शब्द से तात्पर्य–** उपनिषद् शब्द 'उप' एवं 'नि' उपसर्गपूर्वक 'सद्' धातु से क्विप् प्रत्यय लगाकर बनता है। सद् का तीन अर्थ होता है–विशरण (नाश), गति और अवसादन (शिथिल करना) 'उप' का अर्थ है समीप तथा 'नि' का अर्थ होता है– निश्चयपूर्वक। अत: उपनिषद् शब्द का अर्थ हुआ– शिष्य का गुरु के समीप ध्यानपूर्वक परम तत्त्व का गूढ़ उपदेश सुनने के लिए बैठना, जिससे शिष्य की अविद्या का नाश होता है, उसे ब्रह्म–प्राप्ति होती है तथा उसके कर्म– बन्धन एवं तज्जन्य दु:खादि का शिथिलीकरण होकर क्षय हो जाता है। इस प्रकार उपनिषद् शब्द अध्यात्मविद्या या ब्रह्मविद्या के अर्थ में प्रयुक्त होने लगा।

उपनिषद् शब्द की इस व्युत्पत्ति के अतिरिक्त एक दूसरा अर्थ भी उपलब्ध होता है जो कदाचित् उपनिषद् काल में भी ऋषियों को मान्य था। केनोपनिषद् के एक मन्त्र में उपनिषद् शब्द का प्रयोग हुआ है।[1] जिसका अर्थ आचार्य शंकर अपने भाष्य में[2] करते हैं। उपनिषद् काल में तत्त्वज्ञान को सदैव एक रहस्य समझ कर उसे केवल अधिकारी के प्रति उद्घाटन करने की एक प्रणाली माना गया जैसा कि प्रश्नोपनिषद् एवं कठोपनिषद् में आई आख्याओं से प्रमाणित होता है। प्रश्नोपनिषद् में पिप्पलाद ऋषि ने सुकेशा, सत्यकाम आदि छ: ऋषि कुमारों को एक वर्ष के कठिन संयम के उपरान्त तत्त्वज्ञान की शिक्षा दी। इसी प्रकार कठोपनिषद में यमराज ने नचिकेता के संयम एवं जिज्ञासा की पूर्ण रूप से परीक्षा लेकर ही ज्ञानोपदेश किया। इससे यह

प्रतीत होता है कि कदाचित् उपनिषद् काल में उपनिषद् का अर्थ रहस्य किया जाता था।[3] इस प्रकार उपनिषद् का अर्थ उस विद्या से है जिसके द्वारा अविद्या का नाश तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। वस्तुतः वेदों का ज्ञानकाण्ड ही भिन्न भिन्न उपनिषदों में संग्रहीत किया गया है।

**समस्त दर्शनों के स्त्रोत उपनिषद् –**उपनिषदों को समस्त भारतीय दर्शन का स्त्रोत माना जा सकता है। आस्तिक एवं नास्तिक सभी प्रकार की विचार–धाराओं का बीज, उपनिषदों में है। उपनिषद् न केवल विभिन्न दार्शनिक सम्प्रदायों के प्रामाण्य का मानदण्ड प्रस्तुत करता है वरन् इनका प्रमापक भी उपनिषद् ही है। भारतीय दर्शन के सभी आस्तिक सम्प्रदायों द्वारा उपनिषदों को अपने सिद्धान्तों का मूल स्त्रोत स्वीकार किया गया है। यह सभी मत अपने सिद्धान्तों में उपनिषद् मन्त्रों एवं वाक्यों का प्रामाण्य प्रस्तुत करते हैं नास्तिक दर्शनों पर भी उपनिषदों का प्रभाव स्पष्ट प्रतीत होता है। चार्वाक जैसा जड़वादी दर्शन भी अपने मत के समर्थन में तैत्तिरीयोपनिषद[4] के मन्त्र को उद्धृत करते हैं। जैन दर्शन ने भी कर्मवाद और आत्मतत्त्व के व्याख्यान में उपनिषद् से बहुत कुछ लिया है। बौद्ध दार्शनिक शून्यवाद की सिद्धि के लिए तैत्तिरीयोपनिषद् के मन्त्र से ही प्रमाण प्राप्त करते हैं, जिसमें संसार को पहले असत् ही कहा गया है।[5] बौद्ध दर्शन के विज्ञानवाद क्षणभंगवाद अनात्मवाद तथा वैराग्यवाद का मूल भी उपनिषद् ही है यह कुमारिल भट्ट ने अपने ग्रन्थ 'तन्त्रवार्तिक'[6] में माना है। सांख्य दर्शन की शब्द पुरूष, प्रकृति, ज्ञान , तथा कैवल्य, मन, सूक्ष्म शरीर आदि की अवधारणाओं के बीज भी उपनिषदों में ही प्राप्त होते हैं। मीमांसा दर्शन में उपनिषद् वाक्यों की ही मीमांसा है और इसके लिए ही वाक्यशास्त्र प्रस्तुत करती है। जहाँ न्याय दर्शन उपनिषदों के मनन एवं तर्क विधियों का ही विस्तार है वहाँ योगदर्शन की जड़ें श्वेताश्वतर और कठ उपनिषदों में है। ब्रह्मसूत्र और वेदान्त के सभी सम्प्रदायों का लक्ष्य उपनिषद् –मन्त्रों की समन्वयात्मक विवेचना में ही निहित है। सभी वैष्णव आचार्यों ने ब्रह्मसूत्र तथा उपनिषदों पर भाष्य लिखा है। अतः उपनिषद् सभी भारतीय दर्शनों के मूल स्त्रोत है यह निर्विवाद तथ्य है।

**उपनिषदों में भक्ति का स्वरूप-**

भागवत् धर्म के आचार्यों ने भक्ति का अत्यन्त विवेचनात्मक स्वरूप उपस्थित किया, उसकी समग्र पृष्ठभूमि वैदिक–वाङ्मय तथा विशेषतः उपनिषदों में विद्यमान है। वैदिक वाङ्मय में उपनिषदों का विशिष्ट स्थान है। सर्वप्रथम श्वेताश्वतर उपनिषद् में भक्ति के महत्त्व का उल्लेख किया गया है–

**यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।**
**तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः।।**[7]

श्वेताश्वतर ऋषि कहते हैं कि जिस साधक की परमदेव परमेश्वर में परम भक्ति होती है तथा परमेश्वर के समान ही गुरु भक्ति होती है उसी पुरुष के हृदय में रहस्यमय अर्थ

(ब्रह्मज्ञान) प्रकाशित होते हैं। इसी उपनिषद के छठे अध्याय के अठ्ठारहवें मन्त्र में परमेश्वर को जानने और पाने के लिए साधन के रूप में उन्हीं की शरणागति[8] प्राप्त करने के भाव को भी स्वीकार किया गया है। भक्ति -सिद्धान्तों का स्पष्ट उल्लेख जिन दो उपनिषदों में विशेष रूप से प्राप्त होता है वह हैं– कठोपनिषद् तथा मुण्डकोपनिषद्। कठोपनिषद् में भी ईश्वर को जानने के साधन में ईश्वरकृपा को ही महत्त्वपूर्ण कहा गया है–

**तमक्रतुः पश्यति वीतशोको धातुप्रसादान्महिमानमात्मनः।''[1]**

अर्थात् सर्वाधार परब्रह्म परमेश्वर की कृपा ही परमात्म ज्ञान का कारण है। वैष्णव धर्म में 'प्रसाद' (दया–अनुग्रह) का यही सिद्धान्त सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण माना गया। भागवतकार ने 'पोषणं तदनुग्रहः'[10] कह कर पोषण के जिस सिद्धान्त को माना उसे ही वल्लभाचार्य ने पुष्टि मार्ग के रूप में अतिशय महत्त्व दिया। इसी प्रकार कठोपनिषद के अधोलिखित मन्त्र में आत्मज्ञान के लिए स्पष्ट रूप से भगवत्कृपा को कारण स्वरूप माना गया है–

**नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन।**
**यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्।।[11]**

यही मन्त्र मुण्डकोपनिषद्[12] में भी प्राप्त होता है।

परमेश्वर वेदों के प्रवचन से विदित होने योग्य नही है, न मेधा और न केवल बहुत श्रवण करने से ही जाना जा सकता है। वे तो उसी को प्राप्त होते है जिसको वे स्वयं स्वीकार कर लेते हैं।

भक्ति की परम्परा और विकास के इतिहास में उपनिषदों का बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान है। सभी परवर्ती चिन्तकों ने उपनिषदों से ही अपना कदम बढ़ाया है। भक्ताचार्यों को भी यहीं से आगे बढ़ना पड़ा है। हमारे परवर्ती भक्ति साहित्य में उपनिषदों की अनेक आध्यात्मिक और भौतिक मान्यताँए ज्यो–कि–त्यों उतरी हुई हैं। निर्गुण भक्ति का तो पूरा आश्रय यही हैं इसी प्रकार सगुण भक्तों में भी उपलब्ध होने वाले, हृदय को पूर्णरूप से भक्ति से सम्बन्धित कर देने वाले बौद्धिक तत्त्वों का भी उद्‌गम स्थल उपनिषद् ही है।[13] 'केनोपनिषद् में ब्रह्मतत्त्व का संकेत करते हुए आध्यात्मिक भाव से समझाते हैं–

**'अथाध्यात्मं यदेतद्गच्छतीव च मनोऽनेन चैतदुपस्मरत्यभीक्ष्णं सङ्कल्पः।'**

जब साधक को अपना मन आराध्यदेव श्री भगवान् के समीप तक पहुँचता हुआ सा दीखता है, वह अपने मन से भगवान् के निर्गुण या सगुण–जिस स्वरूप का भी चिन्तन करता है, उसकी जब प्रत्यक्ष अनुभुति -सी होती है, तब स्वाभाविक ही उसका अपने इस इष्ट में अत्यन्त प्रेम हो जाता है। फिर वह क्षण भर के लिए भी अपने इष्ट देव की विस्मृति को सहन नहीं कर पाता और उसके मन में अपने इष्ट को प्राप्त करने की अनिवार्य और परम उत्कट अभिलाषा उत्पन्न हो जाती है।[15] इसी को नारद ने 'नारद भक्ति सूत्र' में 'तद्विस्मरणे परमव्याकुलता'[16]

कह कर भक्ति में भक्त की अवस्था माना है। 'मुण्डकोपनिषद्' में परब्रह्म में आनन्दमय रसमय रूपवर्णमय माना गया है।[17]

ब्रह्म के स्वरूप का यथार्थ निर्णय ही उपनिषद् का प्रतिपाद्य है साथ ही परमात्मा की प्राप्तिविषयक उपासनाओं के विस्तृत विवेचन हैं। उपनिषदों में परमात्मा की प्राप्ति के लिए दृष्टान्त, उदाहरण, रूपक, संकेत तथा विधि- निषेधात्मक विविध वाक्यों के द्वारा विविध युक्तियों से विभिन्न साधन बतलाये गये हैं। इन साधनों के माध्यम से भेदोपासना तथा अभेदोपासना देनो ंपर ही विचार किया है। केनोपनिषद् में यक्ष के दृष्टान्त के माध्यम से ब्रह्म की महिमा का जो वर्णन है वहाँ निर्गुण ब्रह्म का साकार रूप में 'देवताओं' के समक्ष आना उपनिषदों की सगुण साकार परमात्मरूप के प्रति अनुराग का ही प्रतीक है। उपनिषदों में ज्ञानकाण्ड की प्रधानता है। परन्तु इनकी आध्यात्मिक भावना भक्ति के मूल तक पहुँचती है और उपनिषदों में उसकी असन्दिग्ध अभिव्यक्ति है। उपनिषदों के कण-कण से प्रभुभक्ति का स्वर प्रस्फुटित होता है। मुण्डकोपनिषद के श्लोक में सख्य-भाव की भक्ति के बीज माने जा सकते हैं-

**द्वा सुपर्णा सयुजा सखायां समानं वृक्षं परिषस्वजाते।**
**तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्यनश्नन्न्यो अभिचाकशीति।।[18]**

मधुर और वात्सल्य भाव की भक्ति का मूल परवर्ती कृष्णोपनिषद् गोपालपूर्वतापनीय उपनिषद् में प्राप्त होता है। अतः कर्म एवं ज्ञान के साथ ही उपनिषद् भक्ति का उद्गम- स्थल भी हैं। उपनिषदों में कहीं साकार रूप से और कहीं निराकार रूप से, कही सगुण रूप से और कहीं निर्गुण रूप से भेद-उपासना का वर्णन आता है।

वस्तुतः प्रत्येक उपनिषद् अपनी तत्त्वमीमांसा से परमात्म जीव सम्बन्धरूप ज्ञान के द्वारा भक्ति की ओर उन्मुख करने वाला ही है। ईशावास्योपनिषद् के प्रथम मंत्र में ही भक्ति का बीज भाव निहित हैं। 'ईशावास्यमिदं सर्वम्'[19] इस सम्पूर्ण जगत् में ईश्वर स्वशक्ति, सत्ता से विद्यमान है। यह भक्ति दर्शनों का केन्द्रीय विचार है। भक्ति मतों में नामजप, नाम-चिन्तन तथा नाम-ध्यान को बड़ा महत्त्व दिया गया है। 'छान्दोग्योपनिषद' का आरम्भ ही उपासना के नाना भावों में नाम-जप (उद्गीथ, प्रणव रूप नाम जप) की सर्वोच्चता प्रतिपादित करते हुए होता है।-

**'एषां भूतानां पृथिवी रसः पृथिव्या आपो रसोऽपामोषधयो रसः, ओषधीनां पुरुषो रसः, पुरूषस्य वाग् रसो, वाच ऋग् रस ऋचः साम रसः, साम्नः उद्गीथोरसः।[20]**

**'स एष रसानां रसतमः परमः पराध्योऽष्टमो यदुद्गीथः।[21]**

अर्थात् इन पांच महाभूतों का सार पृथिवी है। पृथिवी का जल, जल का अन्नादि औषधियाँ, ओषधियों का सार मनुष्य देह तथा मानव देह (पुरूष) का सार वाणी है। वाणी का सार, ऋग् है- भगवान की स्तुति हैं ऋक का सार साम है, साम स्तुति को स्वर में गाना है। साम का सार भगवान का नाम गायन है। सब सारों का सार भगवान् का नाम है। यही परम

सार है, परमानन्द है। परमधाम है, सबसे उत्कृष्ट स्थान है।[22] यहाँ ऋषि ने स्पष्ट उद्घोष किया है कि मनुष्य जन्म का सार भगवान् की स्तुति है। परमेश्वर की प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन होने से यह परमानन्द है। इस उपनिषद् में उपासना में नामोपासना को परमोपासना माना है। यहीं से परवर्ती भक्ति आचार्यों ने नाम जप के महत्त्व को ग्रहण किया होगा।

भेदोपासना में चार प्रकार की मुक्ति मानी गई है– सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य, सायुज्य। वृहदारण्यकोपनिषद् में नाम–स्मरण या उपासना द्वारा भगवान से सायुज्य प्राप्ति और सलोक प्राप्ति का वर्णन स्पष्ट रूप से किया गया है–

**यद्यु चरेत्समापिपयिषेत्तेनो एतस्यै देवतायै सायुज्यं सलोकतां जयति।'[23]**

यहाँ नामस्मरण से उपासक भगवान् से स्वरूप मग्नता को प्राप्त करता है इसमें सायुज्य तथा सलोक प्राप्ति को ब्राह्मी अवस्था कहा गया है।

इस प्रकार परवर्ती काल में भक्ति की जिस रूप में प्रतिष्ठा हुई उसके समस्त सूत्र उपनिषदों में प्राप्त थे जिनका उपबृंहण आचार्यों ने भक्ति के शास्त्रीय निरूपण में किया।

**भक्ति मतों में भक्ति का स्वरूप एवं उपनिषद् -**

आचार्य रामानुज ने प्रत्यक्षता की कोटि को प्राप्त ध्रुवानुस्मृति को ही भक्ति कहा है जिसका स्वरूप तैलधारावदवच्छिन्न प्रवाह रूप है।[24] तैलधारावदविच्छिन्नस्मृतिसन्तानरूप प्रेममयध्यान ही ध्रुवानुस्मृति है।[25] इस ध्यान में स्नेह का, अनुराग का होना आवश्यक है। रामानुज ने ध्यान, उपासना, सेवा को भक्ति के पर्यायरूप में स्वीकार किया है।[26] ध्रुवा स्मृति शब्द का प्रयोग भक्ति के ही आशय में छान्दोग्योपनिषद् में प्रयुक्त हुआ है–

**आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः सत्त्वशुद्धौ ध्रुवानुस्मृति।[27]**

यहाँ उल्लेख है कि उपासना से आहार शुद्धि हो जाने पर अन्त:करण की शुद्धि होती है। अन्त:करण की शुद्धि होने पर ध्रुव स्मृति हो जाती है। यहाँ इन्द्रियों के द्वारा ग्रहीत विषय को ही आहार कहा गया है। रामानुज के अनुसार सामान्यजन भक्तिमार्ग के अनुष्ठान करने में समर्थ नहीं हैं। अत: रामानुज ने सभी के लिए प्रपत्तिमार्ग का विधान किया। प्रपत्तिमार्ग में शास्त्र ज्ञान और वर्ण, आश्रम व्यवस्था की आवश्यकता नहीं होती है। वे कहते हैं– 'यत्र च तिरँश्चामत्त्यधिका तत्र द्विपदां क: परिपन्थी।'[28] अथ च प्रपत्ति के लिए देश, काल, अधिकारी के नियम नहीं है।[29] प्रपत्ति का अर्थ इन्होंने शरणागति किया। प्रपत्ति के मोक्ष का स्वतन्त्रोपाय माना है। इस शरणागति भाव का निर्देश उपनिषदों में प्राप्त होता है। श्वेताश्वतर[30] कठोपनिषद्[31] मुण्डकोपनिषद् में शरणागति भाव तथा ईश्वर कृपा का उल्लेख प्राप्त होता है।

वल्लभाचार्य ने भक्ति की अनिवार्यता सिद्ध करते हुए श्री कृष्ण की अहैतुकी भक्ति को ही जीव का साध्य माना है। वह भगवान् के माहात्म्यज्ञानपूर्वक सुदृढ़ एवं शुद्ध प्रेम को ही भक्ति मानते हैं।[32] वल्लभाचार्य ने तीन प्रकार की भक्ति मानी– मानसी, तनुजा, वित्तजा। इनमें साध्य

स्वरूपा भक्ति मानसी भक्ति को माना है। इन्होंने नवधा भक्ति को साधन भक्ति माना है। इनके अनुसार यदि जीव में भक्ति का बीज होता है तब श्रवणमनननिदिध्यासन से सम्पन्न नवधाभक्ति से भक्ति विकसित होती है। अर्थात् जिनमें साधन के द्वारा भक्ति उत्पन्न होती है उनके हृदय में भक्ति भावरूप में होती है पुनः पूजादि साधन से क्रमशः भाव रूप, प्रेमरूप, प्रणय रूप, स्नेह रूप, राग रूप अनुरागरूप एवं व्यसनरूप के द्वारा उत्पन्न होता है। इस प्रकार भगवद् व्यसनरूपा भक्ति द्वारा जीव मोक्ष प्राप्त करता है। वल्लभ ने इस भक्ति को जीव कृत प्रयत्न से अप्राप्य माना तथा भगवत् अनुग्रह को ही इसमें कारण माना है। भगवान् के इस अनुग्रह को पुष्टि शब्द से कहा है। तथा पुष्टि द्वारा प्रवर्तित मार्ग ही वल्लभ का पुष्टि मार्ग कहलाता है।[33] पुष्टि के रूप में वल्लभ जिस भगवत् कृपा या अनुग्रह की बात कहते है वह उपनिषदों में अनेकत्र दिखाई देती है यथा जहाँ कठोपनिषद् 'धातु प्रसादन्महिमानमात्मनः' कह कर धातु प्रसाद या ईश्वरानुग्रह को स्वीकारता है तो वहीं पर 'नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो……' इत्यादि मन्त्र में वह आत्मज्ञान में भगवत् कृपा को ही मूल कारण मानता है। उपनिषदों में स्थान स्थान पर इस तथ्य को पुष्ट किया गया है की ईश्वर अनुग्रह से ही ब्रह्मज्ञान एवं आत्मज्ञान प्राप्त होता है। उपनिषदों की इस अवधारणा का प्रभाव ही निश्चित रूप से इन आचार्यों की मत पुष्टि का कारक बना है।

मध्वाचार्य जिस सायुज्यभोगभुक्ति का उल्लेख चतुर्विध मोक्ष में करते है उसका भी उल्लेख उपनिषदों में प्राप्त होता है। सभी वैष्णवाचार्यों की भाँति निम्बार्क ने भी भक्ति द्वारा ही मोक्ष प्राप्ति सम्भव माना है। तथा सर्वाश्रय सर्वनियंता ब्रह्म के आनन्द को प्राप्त करने के लिए भक्ति ही एकमात्र साधन निम्बार्क मानते हैं। निम्बार्क मत के अनुसार भक्ति मार्ग की उपासना तीन रूपों से पूर्ण होती है। प्रथम रूप में जगत को ब्रह्म रूप मानकर अणु–अणु में उसका दर्शन करना है। दूसरे रूप में जीवमात्र को ब्रह्म का अंश मानकर उसके प्रति सद्भावना रखना और सेवा करना है। तथा उस ब्रह्म के भूमा सुख की अन्तःकरण में साधना करना भक्ति का तीसरा रूप है। प्रथम दो रूपों में भक्ति की सगुण उपासना है जिससे साधक का अन्तःकरण पूर्ण रूप से निर्मल हो जाता है। तीसरा रूप निगुर्ण उपासना को प्रदर्शित करता है। इस प्रकार भक्त की दृष्टि में ब्रह्म के सगुण और निर्गुण दोनों रूपों को निम्बार्क ने माना। जगत् और जीव में ब्रह्मानुभूति करना साधन–भक्ति की प्राथमिक अवस्था है। इससे साधक का चित्त निर्मल होकर विशाल और अनन्तता को प्राप्त हो जाता है तब भक्ति की द्वितीय पराभक्ति या प्रेमाभक्ति की अवस्था प्रकट होती है। यह सिद्धावस्था है।[34] यह अवस्था भक्त के जगत और जीवों के प्रति दैन्य (मैत्री) करुणा, मुदिता, उपेक्षा के भााव से और भगवत् कृपा से प्रकट होती है।[35]

निम्बार्क मत के अनुसार भक्ति के सम्बन्ध में पूर्वोक्त सभी विचारों का मूल उपनिषदों में सर्वत्र साक्षात् उपलब्ध है। ईशावास्योपनिषद् जहाँ ईशावास्यमिंद सर्वम्' कहता है वहीं

'योऽसावसौपुरुषः सोऽहमस्मि।[36] कह कर परमपुरूष परमेश्वर से जीवात्म के साम्य का भी उपदेश करता है इसी भाव से भक्ति चित्त ही जगत् को ब्रह्ममय तथा आत्मतत्त्व को परमतत्त्व से अभिन्न मान कर सेवा भाव युक्त हो सकता है। इस प्रकार के वक्तव्य प्रायः सभी प्रधान उपनिषदों में प्राप्त होते है। साथ ही भेदोपासना तथा अभेदोपासना विषयक मंत्र भी प्राप्त होते है, जिनका पूर्व में ही उल्लेख किया गया है। इसी प्रकार श्री निम्बार्क ने उपासना मार्ग में हित भाव को विशेष महत्त्व दिया है। रसरूप ब्रह्म की अनुभूति में हितमार्ग की उपासना को ही सर्वश्रेष्ठ मार्ग माना है। यह आध्यात्मिक योग साधना है। इसका उल्लेख 'कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद्' में प्राप्त होता है। इसमें इन्द्र के द्वारा प्रतर्दन को हितोपासना का उपदेश दिया गया है।[37] यहाँ प्राणपति ब्रह्म की उपासना को हितोपासना कहा गया है। ब्रह्मसूत्र में भी ब्रह्म को प्राणपति कहा गया है– 'प्राणस्तथाऽनुगमात्'।[38] इस सूत्र के वाक्यार्थ में निम्बार्क ने परमात्मा के हिततम गुण को प्राण का कारण कहा तथा उसे बह्म माना।

इस हित को निम्बार्क ने भूमा कहा है।[39] भूमा विद्या ही निम्बार्क संप्रदाय की प्रधान उपासना है। श्री निम्बार्क प्राण से श्रेष्ठ भूमा को मानते है।[40] उपनिषद् भी 'यो वै भूमा तत्सुखम्'[41] कह कर इसी ओर संकेत करते है। अतः निम्बार्क को यह अवधारणा उपनिषदों से ही प्राप्त हुई मानी जा सकती है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि विभिन्न वैष्णवमतों के भक्ति के स्वरूप की विवेचना मूलतः उपनिषदों में प्राप्त सूत्रों का ही विशदीकरण हैं।

उपनिषदों का सार भक्ति ही है। उपनिषदों का मूल स्वर मानवमात्र को भक्ति की ओर प्रेरित करना ही है। प्रश्न है? कि उपनिषद् तो वेदों के ज्ञानकाण्ड है जिनका मूल विषय आत्मज्ञान या ब्रह्मविद्या ही है तो उन्हें भक्ति मूलक क्यों माना जाए? तो छान्दोग्य उपनिषद् अपने आरम्भ में ही नाम जप के माध्यम से भक्ति का ही निर्भ्रान्त उद्घोष करता है।[42] :-

यहाँ पुरुष या मानव शरीर का सार वाणी को कहा गया है। वाणी का सार ऋक् है ऋक् भगवान की स्तुति है, ऋक् का सार साम तथा साम का सार उद्गीथ है तथा उद्गीथ को भगवान का नाम माना गया है। और सब सारों का सार भगवान् नाम गायन को ही कहा गया है। यहाँ ऋषि ने मनुष्य जन्म का सार भगवान की स्तुति को ही माना है। इस प्रकार यह उपनिषद् नामोपासना को परमोपासना मानता है। तथा सम्पूर्ण वैष्णव मत तथा वैष्णव साहित्य की भित्ति भगवान् के नामस्मरण, नाम जप रूपी आधार पर ही निर्मित हैं। अतः उपनिषद् अपनी तत्व मीमांसा के द्वारा परमात्मा और जीवात्मा के बीच सम्बन्ध का ज्ञान प्रदान कर भक्ति की ओर उन्मुख करते हैं।

उपनिषदों की भेदवादिनी, अभेदवादिनी, निर्गुण प्रतिपादिनी, सगुण प्रतिपादिनी श्रुतियों का समन्वय तथा अपने भाष्यों में प्रतिपादन इन वैष्णव आचार्यों के द्वारा उपनिषद् प्रतिपादित

तत्त्व का जिस -जिस रूप में देखा उस-उस रूप में किया गया। सभी आचार्यों द्वारा ब्रह्म सूत्रों पर भाष्य लिखकर अपने भक्ति दर्शन को सर्वथा वैदिक तथा उपनिषद् सम्मत् स्वीकार किया गया। इस प्रकार यदि इन दर्शनों की तत्त्वमीमांसा को छोड़ भी दिया जाय तो प्रपत्ति मार्ग, दैन्यमार्ग माधुर्य-मार्ग, पुष्टि-मार्ग, प्रीति-मार्ग और अद्वैत भक्ति विशुद्ध भक्ति की ही उत्तरोत्तर विकसित अवस्थाएँ हैं तथा इन सभी के बीज उपनिषदों में सूत्ररूप में प्राप्त होते हैं।

## सन्दर्भ एवं सन्दर्भ गन्थ


1. उपनिषदं भो ब्रूहीत्युक्ता त उपनिषद् ब्राह्मीं वाव त उपनिषदमब्रूमेति।। केनोपनिषद्, मन्त्र 4.7
2. उपनिषद् रहस्यं यच्चिन्त्यं, केनोपनिषद् - शांकरभाष्य, मन्त्र-4.7
3. 'भारतीय दर्शन का सर्वेक्षण' लेखक- संगम लाल पाण्डेय प्रका0- सेण्ट्रल पब्लिशिंग हाउस, इलाहाबाद, तृतीय संस्करण-1994, पृष्ठ - 29 से उद्धृत।
4. स वा एषः पुरुषो अन्नरसमयः। तैत्तिरीयोनिषद्-2.1.1
5. असद्धा इदमग्र आसीत्। ततो वै सदजायत। तैत्तिरीयोपनिषद् - 2.7.1
6. विज्ञानमात्रक्षणभंगनैरात्म्यवादानामपि उपनिषत्प्रभवत्वम्

विषयेषु आत्यन्तिकं रागं विनिवर्तयितुमिति उत्पन्नम् सर्वेषां प्रामाण्यम्।-तन्त्रवार्तिक

7. श्वेताश्वतर उपनिषद् -षष्ठ अध्याय-23 वां मन्त्र
8. यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै।

तँ्ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुवै शरणमहं प्रपद्ये।

'श्वेताश्वतरोपनिषद् '-6/18

9 कठोपनिषद् - 1.2.20

10. श्रीमद् भागवतपुराण -2.10.4
11. कठोपनिषद् - 1.2.23
12. मुण्डकोपनिषद् -द्वितीय खण्ड, मन्त्र-3,
13. श्रीमद् भागवत पुराण में भक्ति रस का शास्त्रीय निरूपण लेखक-कृष्णकान्त जोशी, प्रतिभा प्रकाशन दिल्ली, संस्करण-2005, पृष्ठ 63 से उद्धृत।
14. केनोपनिषद् -चतुर्थ खण्ड / मन्त्र पाँच
15. कल्याण-उपनिषद् अङ्क-पृष्ठ - 189 से उद्धृत।
16. नारदभक्ति सूत्र-19
17. मनोमयः प्राणशरीर नेता प्रतिष्ठितोऽन्ने हृदयं सन्निधाय।

तद्विज्ञानेन परिपश्यन्ति धीरा आनन्दरूपममृतं यद्विभाति। मुण्डकोपनिषद् -2-2-7

18. मुण्डकोपनिषद् - 2.1.1
19. ईशावास्योपनिषद् -1
20. छान्दोग्योपनिषद्- प्रथम प्रपाठक / प्रथम खण्ड / दूसरा मन्त्र
21. छान्दोग्योपनिषद्-1/1/3
22. एकादशोपनिषत्संग्रह, लेखक-श्रीसत्यानन्द महाराज, संस्करण- 1997 प्रका0 श्री स्वामी सत्यानन्द धर्मार्थ ट्रस्ट, नई दिल्ली, पृष्ठ - 125 से उद्धृत।
23. वृहदारण्यकोपनिषद् / अध्याय एक / ब्राह्मण पांच / मन्त्र- 23, पूर्व पुस्तक, पृष्ठ - 300
24. ध्रुवानुस्मृतिरेव भक्तिशब्देन अभिधीयते उपासनापर्यायत्वात् भक्तिशब्दस्य। श्रीभाष्य- 1-1-1
25. तैलधारावदविच्छिन्नस्मृतिसन्तानरूपं ध्यानम् एव ध्रुवानुस्मृतिः। श्रीभाष्य-1-1-1
26. स्नेहपूर्णमनुध्यानं भक्तिरित्युच्यते बुधैः। रामानुजकृत गीताभाष्य, 7-11
27. छान्दोग्योपनिषद् - सात प्रपाठक / सत्ताईसवां खण्ड / मन्त्र तीन
28. शतदूषणी- वादसंख्या - 62
29. श्रीवचनभूषण-लोकाचार्य-27 (प्रपत्तेर्देशनियमः कालनियमोऽधिकारिनियमः च नास्ति।)
30. श्वेताश्वतर उपनिषद् -6/18,
31. कठोपनिषद् - 1-2-20
32. माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु शुद्धः सर्वतोऽधिकः।
    स्नेहो भक्तिरिति प्रोक्तः तया मुक्तिर्न चान्यथा।
    तत्त्वार्थदीप, पृष्ठ - 80 सम्पादक-हरिशंकर ओंकारजी शास्त्री, 1993
33. अतः पुष्टि मार्गोऽनुग्रहैकसाध्यः प्रमाणमार्गाद्विलक्षणः तत्र विश्वासश्च तथेति सिद्धम्।' अणुभाष्य 4-4-9
34. श्री निम्बार्क वेदान्त, लेखक- ललित कृष्ण गोस्वामी, प्रजा0 श्री निम्बार्क पीठ इलाहाबाद पृष्ठ - 89 से उद्धृत
35. ''कृपास्य दैन्यादि युजि प्रजायते, यथाभवेत, प्रेम विशेष लक्षणा।
    भक्तिर्ह्यनन्याधिपतेर्महात्मनः, साचोत्तमा साधन रूपिका परा।''
    वेदान्तकामधेनु (दशश्लोकी), श्लोक-8, पूर्वपुस्तक-पृ0 267
36. ईशावास्योपनिषद् मन्त्र-16
37. कौषीतकि ब्राह्मण-2-2-10 , 2-3-1 , 2-3-8 में हित को प्राण का पोषक, कल्याणमय, कृपालु अमृत, आनन्दमय उपास्य तत्त्व मान कर उसकी उपासना की आज्ञा दी गई है।
38. ब्रह्मसूत्र-1-1-29

39. वेदान्त पारिजात सौरभ–1-1-30.

40. वेदान्तपारिजत सौरभ– 1-3-8

41. यो वै भूमा तत्सुखम्। नाल्पे सुखमस्ति भूमैव सुखम्।
भूमा त्वेव विजिज्ञासितव्य इति। छान्दोग्योपनिषद् – 7-23-1

42. छान्दोग्योपनिषद् 1/1/2-3

❐❐

# अयोध्या नगरी का वास्तुशास्त्रीय एवं सांस्कृतिक अध्ययन

- डॉ. शैलजा पाण्डेय

*(मोक्षदायिनीसप्तपुरीषु अयोध्या प्रथमा प्राचीनतमा च। वाल्मीकिरामायणे वर्णिता अयोध्या वैभवसमृद्धि-शिल्प-सौष्ठव-नगरव्यवस्था -सुरक्षाव्यवस्था- अर्थव्यवस्था-धर्मव्यवस्थादिदृष्ट्या अनुपमा आसीत्। सुसज्जिताः वीथयः स्वच्छोराजमार्गः अयोध्यायाः सौन्दर्यं निगदति। तत्रत्याः नागरिकाः कर्तव्यपरायणाः आसन् एतत् सर्वम् अयोध्यायाः कुशलप्रशासनस्य परिचायको विद्यते।)*

**अयोध्या मथुरा माया काशी काञ्ची अवन्तिका।**
**पुरी द्वारावती चैव सप्तैताः मोक्षदायिकाः।।**

प्राचीन भारत में प्रसिद्ध सात मोक्षदायक पुरियों में अयोध्या का नाम अग्रगण्य है। इसके साथ मथुरा, हरिद्वार, काशी, काञ्ची, उज्जैन एवं द्वारकापुरी का नाम परिगणित है। मोक्षप्रदायिनी पुरियों के साथ पठित होने के कारण इसका धार्मिक महत्त्व स्वतः प्रतिष्ठित हो जाता है। इसके अतिरिक्त यह नगरी अपने कलेवर में अगणित सांस्कृतिक धरोहर समेटे है। वाल्मीकि रामायण में अयोध्या नगरी का सांस्कृतिक विवेचन इस प्रकार परिलक्षित होता है–

## नगर की सुरक्षा-व्यवस्था

अयोध्या की दृढ़ सुरक्षा–व्यवस्था उसके नाम में सन्निहित है। जिससे युद्ध न किया जा सके, जो युद्ध में अजेय हो वह अयोध्या है। पुरी संसाधनों से सुरक्षित की गई थी–

### परिखा

अयोध्या पुरी विशाल परिखाओं से परिवेष्टित थी–

**दुर्गगम्भीरपरिखां दुर्गामन्यैर्दुरासदाम्।**

– वाल्मीकि रामायण, बाल. 5/13

शिल्पग्रन्थ समराङ्गणसूत्रधार एवं कौटिल्य के अर्थशास्त्र[1] के अनुसार परिखा के तल को इष्टिकाओं अथवा प्रस्तरों से दृढ़ एवं स्थिर बनाना चाहिये तथा उसमें जल भर कर पुष्पों एवं ग्राहादि जल जन्तुओं से युक्त करना चाहिये। परिखा के चारों ओर वृक्षों, लताओं एवं कण्टकों की बाड़ लगाना चाहिये।

### प्रकार एवं अट्टालक

नगर की सुरक्षा हेतु परिखा के साथ–साथ प्राकार का भी निर्माण होता है। ऊँचे प्राकारों

पर अट्टालक निर्मित किये जाते हैं। ये अट्टालक कई तलों में होते हैं एवं प्राकार के ऊपर बने मार्ग (चरिका) पर निर्मित किये जाते हैं। इनकी चौड़ाई चरिका के बरबार होती है।[2]

अयोध्या पुरी प्राकार, उच्च अट्टालकों, ध्वज एवं शतघ्नी (तोप के सहस्र अस्त्र) से युक्त थी–

**उच्चाट्टालध्वजवतीं शतघ्नीशतसङ्कुलाम्।**

– वहीं, बालकाण्ड, 5।11

अयोध्यापुरी सभी प्रकार के सुरक्षा–यन्त्रों एवं आयुधों से सुरक्षित थी–

## नगर की मार्ग-व्यवस्था

किसी भी नगर का विकास एवं वहाँ के जन–जीवन की गतिविधि उसके मार्ग–विन्यास पर निर्भर करती है। नगरादि में मार्गों का वही महत्त्व है जो शरीर में रक्त–नलिकाओं का होता है। मार्ग के विन्यास पर पुर आदि की आवास–व्यवस्था, जनपदों की सम्पर्क–व्यवस्था, राजगृह, व्यापारिक केन्द्र, हाट–बाजार एवं जल–प्रणाल–व्यवस्था आधारित होती है। वास्तु–ग्रन्थों के अनुसार प्रधान राज–मार्ग नगर के मान के अनुसार होना चाहिये तथा राज–गृह के चारो दिशाओं में राजमार्ग निर्मित होना चाहिये।[3]

अयोध्या पुरी 12 योजन लम्बी एवं 3 योजन चौड़ी थी तथा यह महापथ एवं बड़े राजमार्गों से सुविभक्त थी–

**आयतां दश च द्वे च योजनानि महापुरी।**
**श्रीमती त्रीणि विस्तीर्णा सुविभक्तमहापथा।।**
**राजमार्गेण महता सुविभक्तेन शोभिता।**
**मुक्तपुष्पावकीर्णेन जलसिक्तेन नित्यशः।।**

– वहीं, बाल., 5।7–8

राजमार्ग से सम्बद्ध मार्गों को रथ्या, उपरथ्या एवं अनुरथ्या कहा गया है।[4]

## मार्गों के संस्कार एवं सज्जा

प्राचीन भारत में मार्गों की स्वच्छता, शुद्धता, पवित्रता एवं सज्जा आदि पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता था। राजमार्गों का संस्कार एवं स्वच्छता अनिवार्य होती थी।[5] मत्स्य पुराण के अनुसार जो व्यक्ति राजमार्ग पर मल इत्यादि का विसर्जन करता था, उसे दण्ड दिया जाता था।[6]

वाल्मीकि रामायण में अयोध्या के मार्गों पर चन्दनादि के जल के छिड़काव एवं उन पर शोभार्थ पुष्पों की पंखुड़ियों के बिखेरने का उल्लेख प्राप्त होता है–

**मुक्तपुष्पावकीर्णेन जलसिक्तेन नित्यशः।**

– वहीं, बाल., 5।8

रथ्यायें नट एवं नर्तकों से युक्त तथा ध्वज–पताका आदि से सुसज्जित होती थीं। मार्गों की भाँति चतुष्पथों पर भी ध्वजा एवं पताकायें फहरायी जाती थीं–

**चतुष्पथेषु रथ्यासु चैत्येष्वट्टालकेषु च।**

**......................................**

**ध्वजाः समुच्छ्रिताः साधु पताकाश्चाभवंस्तथा।**

– वही, अयोध्या. 6।11,13

**मार्गों पर प्रकाश-व्यवस्था**

अयोध्या के मार्गों पर दीप-वृक्ष (लैम्प-पोस्ट) बने होते थे। इन दीप-वृक्षों का उद्देश्य रात्रिवेला में मार्ग में प्रकाश करना होता था-

**प्रकाशीकरणार्थं च निशागमनशङ्कया।**
**दीपवृक्षांस्तथा चक्रुरनुरथ्यासु सर्वशः।।**

– वही, अयोध्या. 6।18

इन दीपों को जलाने हेतु प्रभूत मात्रा में तेल पड़ता था एवं ये दीप चम्पक के पुष्प के सदृश आभा वाले होते थे।[7]

**क्रय-विक्रय स्थल**

किसी भी नगर की समृद्धि तथा विकास उसकी अर्थ-व्यवस्था पर आधारित होती है। इस हेतु नगर में व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं क्रय-विक्रय स्थल स्थापित किये जाते हैं।

अयोध्या पुरी में यह आपण-व्यवस्था (बाजार, हाट) सुविभक्त थी-

**कपाटतोरणवतीं सुविभक्तान्तरापणाम्।**

– वहीं, बाल. 5।10

वाल्मीकि रामायण में सचल हाट-व्यवस्था का उल्लेख प्राप्त होता है। विविध प्रकार के पण्यों (दुकानों) से सुशोभित अन्तरापणवीथि (सचल हाट, गलियों की दुकानें) अयोध्या में उल्लिखित है-

**अन्तरापणवीथ्यश्च नानापण्योपशोभिताः।**
**अनुगच्छन्तु काकुत्स्थं तथैव नटनर्तकाः।।**

– वहीं, उत्तर. 64।3

इसी प्रकार अश्वमेध यज्ञ के प्रसङ्ग में अन्तरापणवीथि (सचल हाट) का वर्णन प्राप्त होता है-

**अन्तरापणवीथ्यश्च सर्वे नटनर्तकाः।** – वहीं, उत्तर. 91/22

**सभागार**

सभागार नगर के शोभास्थल तथा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक गति-विधियों के केन्द्र होते हैं। वाल्मीकि रामायण में अयोध्या नगरी में महाराज दशरथ की सभा का वर्णन प्राप्त होता है। यह सभा सुवर्ण-निर्मित तथा मणियों से सुसज्जित थी-

**शातकुम्भमयीं रम्यां मणिहेमसमाकुलाम्।**
**सुधर्मामिव धर्मात्मा सगणः प्रत्यपद्यत।।**

– वहीं, अयोध्या., 81/10

शुक्रनीति[8] में राजसभा के सभागार का वास्तुशास्त्रीय दृष्टि से वर्णन किया गया है। यह स्तम्भों, कोष्ठों एवं मार्गों से युक्त होता है तथा जलोर्ध्वपातयन्त्र, सुस्वर यन्त्र, वातप्रेरक यन्त्र, कालप्रबोधक यन्त्र तथा शीशों आदि से सुसज्जित होता है।

### पुरोद्यान

नगर की सुन्दरता, स्वच्छता तथा नागरिकों के मनोविनोद हेतु पुरोद्यान एवं आराम आदि का प्रकल्पन प्राचीन भारत में प्राप्त होता है। अयोध्या पुरी का नगर–उद्यान आम्रवन से युक्त, सागर के जलाशय, प्रपा तथा तटाक आदि से सुशोभित था–

**उद्यानाम्रवनोपेतां महतीं सालमेखलाम्।**

– वहीं, बाल. 5/12

**उदपानान् बहुविधान् वेदिकापरिमण्डितान्।**

– वहीं, अयोध्या., 80/12

**देवस्थानैः प्रपाभिश्च तटाकैश्चोपशोभितः।**

– वहीं, अयोध्या. 100/43

### जलबन्ध

अयोध्या पुरी में जल पर बाँध बनाने एवं बाँध के जल से परिपूर्ण होने पर अतिरिक्त जल के परिवाह का उल्लेख प्राप्त होता है–

**बबन्धुर्बन्धनीयांश्च क्षोद्यान् संचक्षुदुस्तथा।**

– वहीं, अयोध्या., 80/10

### अयोध्या पुरी में राज-भवन

राजभवन राजा के आवास होने के साथ ही नगर की शोभा, समृद्धि एवं वास्तुशिल्प के संगम–स्थल होते हैं। राज्य की राजनीति भी यहीं से सञ्चालित होती है। अयोध्या पुरी में दशरथ का राजभवन एवं उनका अन्तःपुर, श्रीराम का राजवेश्म, राजमहिषी कौशल्या का गृह, कैकेयी का भवन आदि वाल्मीकि रामायण में वर्णित है। दशरथ का राजसदन शृङ्गयुक्त, कैलास के समान एवं पाण्डुर विमान के सदृश था–

**स राजकुलमासाद्य मेघसङ्घोपमैः शुभैः।**
**प्रासादशृङ्गैर्विविधैः कैलासशिखरोपमैः।।**
**आवारयद्भिर्गगनं विमानैरिव पाण्डुरैः।**
**वर्धमानगृहैश्चापि रत्नजालपरिष्कृतैः।।**

– वहीं, अयोध्या., 17/17–18

इनके भवन में अन्त:पुर पाँच कक्ष्याओं से युक्त था।[9] कौसल्या का भवन तीन कक्ष्याओं के पश्चात् था।[10] कैकेयी का भवन पक्षियों, वाद्यों तथा कुब्जा वामनिका आदि से युक्त (वादित्ररवसंघुष्टं कुब्जावामनिकायुतं), लतागृह एवं चित्रगृह से युक्त, गजदन्त, रजत एवं सुवर्णवेदिकाओं से युक्त (दान्तराजतसौवर्णवेदिकाभिः समायुतं), नित्य पुष्पित रहने वाले एवं फल वाले वृक्षों से युक्त तथा वापियों से युक्त था।[11]

### राजभवन का उपवन

राजभवन में राजकुल के विहार हेतु उपवन होता था। अयोध्या के राजभवन में 'अशोकवनिका' नामक उपवन था। इस उपवन में विविध प्रकार के पुष्पों एवं फलों वाले वृक्ष एवं विविध आकार वाली जल-पूर्ण दीर्घिकायें थीं। इनका तल स्फटिक से बना था एवं माणिक्य के सोपान थे-

**दीर्घिकाः विविधाकाराः पूर्णा परमवारिणा।**
**माणिक्यकृतसोपानाः स्फाटिकान्तरकुट्टिमाः।**
**फुल्लपद्मोत्पलवनाश्चक्रवाकोपशोभिताः।।**

– वहीं, उत्तर., 42/10,11

वहाँ बैठने के लिये विविध प्रकार के शिलातल एवं आसनों से युक्त लतागृह बने थे-

**बह्वासनगृहोपेतां लतासनसमावृताम्।**

– वहीं, उत्तर., 42/16

इस प्रकार अयोध्या का राजभवन समग्र राजसी सुख-सुविधाओं से सम्पन्न एवं पुरी की शोभा का केन्द्र था।

### निष्कर्ष

प्राप्त तथ्यों पर दृष्टि-पात करने पर यह कहा जा सकता है कि वाल्मीकि रामायण में वर्णित अयोध्या वैभव, समृद्धि, शिल्प-सौष्ठव, नगर-योजना, नगर-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अर्थ-व्यवस्था आदि की दृष्टि से अनुपम थी। नगर की मार्ग-व्यवस्था, विभिन्न प्रकार के मार्गों की योजना, मार्गों की स्वच्छता, सजावट, रात्रि काल में प्रकाश हेतु दीप-व्यवस्था आदि किसी भी समुन्नत नगर से न्यून नहीं है। साथ ही, यह नगर के नागरिकों के परिष्कृत कर्तव्य-बोध (सिविक सेन्स) एवं प्रशासन की सजगता के परिचायक हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि रामायण-कालीन अयोध्या पुरी धार्मिक नगरी मात्र नहीं थी। यह अतीव सुसंस्कृत, परिष्कृत एवं उन्नत सांस्कृतिक नगरी थी। इसकी नगरीय व्यवस्था आज के परिप्रेक्ष्य में भी समीचीन है।

**पाद टिप्पणी-**

1. समराङ्गण सूत्रधार, 10/21-24; अर्थशास्त्र, 2/3/4-5
2. अर्थशास्त्र, 2/3/7, 10-13
3. समराङ्गण सूत्रधार, 10/6-7; शुक्रनीति, 1/260-261
4. वाल्मीकि रामायण, अयोध्याकाण्ड, 6/11,18
5. वायु पुराण, 69/283, ब्रह्माण्ड. 3/7/404
6. मत्स्य पुराण, 227/175-

समुत्सृजेद् राजमार्गे यस्त्वमेध्यमनापदि।
स हि कार्षापणं दण्ड्यस्तत्वमेध्यं च शोधयेत्।।

7. मत्स्य पुराण, 139/19-

रथ्यासु राजमार्गेषु प्रासादेषु गृहेषु च।
दीपाश्चम्पकपुष्पाभाः नाल्पस्नेहप्रदीपिताः।।

8. शुक्रनीति, 1/242-247
9. वाल्मीकि रामायण, अयोध्या., 17/20-21
10. वहीं, अयोध्या. 20/11-13।
11. वहीं, अयोध्या., 10/12-16

**सन्दर्भ ग्रन्थ**


1. समराङ्गणसूत्रधार, 2 खंडों में सम्पा. एवं अनुवादक- डॉ. श्रीकृष्ण जुगुनूँ, प्रो. भँवर शर्मा, प्रका. चौखम्बा संस्कृत सिरीज आफिस वाराणसी, 2011
2. अर्थशास्त्र, अनुवादक- उदय वीर शास्त्री, प्रकाशक- मेहरचन्द लछमन दास पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली सन् 1988
3. शुक्रनीति, व्याख्याकार- श्री ब्रह्मशंकर मिश्र, प्रका.- चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, सन् 1999
4. वायुपुराण, प्रका. आनन्दाश्रम मुद्रणालय 1983
5. मत्स्यपुराण, सम्पा- डॉ. पुष्पेन्द्र, प्रका. मेहरचन्द्र लछमन दास, नई दिल्ली 1984
6. ब्रह्माण्डपुराण, प्रकाशक- खेमराज कृष्णदास, वेङ्कटेश्वर प्रेस, मुम्बई
7. वाल्मीकिरामायण, गीताप्रेस, गोरखपुर, संवत् 2024


❐❐

# काव्यशास्त्र में शब्दार्थ 'साहित्य' की अवधारणा

- डॉ. अपराजिता मिश्रा

*(संस्कृतकाव्यशास्त्रे शब्दार्थसाहित्यस्य संकल्पना चरमोत्कर्षतां गता। विभिन्नेषु शास्त्रेषु दर्शनेषु च यथा- शैवागम-व्याकरण-मीमांसा-योग-न्याय-वैशेषिक-जैन-बौद्धदर्शनेषु शब्दार्थसम्बन्धयोः विस्तृता चर्चा जाता। काव्यशास्त्रस्य क्षेत्रे शब्दार्थसाहित्यसम्बन्धिनी विचारधारा नूनं व्याकरणशास्त्रेण दर्शनशास्त्रेण च प्रभाविता अभूत्। तथापि शब्दार्थसम्बन्धस्य स्वरूपविवेचने वर्गीकरणे च अलङ्कारिकैः नैकाः मौलिकताः अपि प्रकाशिताः। काव्ये शब्दस्य हृदयग्राहिता अर्थस्य रमणीयता च अन्योन्याश्रिता सहभावापन्नरूपेण संयुक्ता चास्ति। अस्मात् कारणात् काव्यस्य एका संज्ञा 'साहित्यम्' इत्यपि अस्ति। अस्मिन् विषये बहुभिः विद्वद्भिः स्वकीयाः विचाराः प्रकटिताः। प्रस्तुतः लेखः विषयेऽस्मिन् विभिन्नानामाचार्याणां विदुषां च मन्तव्यानां क्रमबद्धरूपेण विवरणं विमर्शञ्च प्रस्तौति।)*

ध्वनि प्रस्थापानाचार्य आचार्य आनन्दवर्धन से वाग्देवतावतार आचार्य मम्मट तक 800ई. से 1100 ई. तक का काल काव्यगत शब्दार्थों के सहित्य के विषय में गम्भीर चर्चा का काल है। शब्दार्थ शरीरमय काव्य में शब्दार्थ के साहित्य से क्या तात्पर्य है? इन शब्दार्थों में विशिष्ट क्या है? यह चर्चा इस कालखण्ड में गहन से गहनतर रूप में हुई। 250 वर्षों का यह काल काव्यचर्चा के विकास का उत्कर्ष काल भी इसी गम्भीर साहित्य विमर्श के कारण कहा जाता है। यही वह काल था जब कि 'काव्यालङ्कार' का 'साहित्यशास्त्र' मे रूपान्तर हुआ। इसके पूर्व में भामह (600 ई.) से दण्डी (800 ई.) तक के काल में काव्य में स्थित सौन्दयाधायक धर्मो को 'अलंकार' नाम से सम्बोधित किया गया अर्थात् काव्यचर्चा सम्बन्धी विषयों के लिए इस काल में 'अलंकार' शब्द का प्रयोग किया जाता था। काव्यशास्त्र के लिए सर्वप्रथम 'साहित्य' और 'साहित्यविद्या' शब्दों का प्रयोग राजशेखर (920 ई.) ने अपने ग्रन्थ 'काव्यमीमांसा' में किया था। परवर्त्ती कई काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने इसे स्वीकार कर अपने ग्रन्थों को यही नाम दिया यथा रुय्यक का ग्रन्थ 'साहित्यमीमांसा' तथा विश्वनाथ का ग्रन्थ 'साहित्यदर्पण'। आनन्दवर्धन से मम्मट तक की कालावधि मे अनेक असाधारण प्रतिभासम्पन्न आचार्यों ने ध्वनितत्त्व के विरोध और समर्थन के साथ अपने मत की स्थापना करते हुए साहित्य चर्चा को उसके विकास के चरमबिन्दु पर पहुँचा दिया। मुकुल भट्ट, भट्टनायक, कुन्तक, धनञ्जय, महिमभट्ट, भोज

आदि जो ध्वनि विरोधी आचार्य थे इन्होनें ध्वनि विरोध करते हुए इस चर्चा को आगे बढ़ाया तो लोल्लट, शङ्कुक, भट्टतौत आदि रसवादी आचार्यों ने रस की चर्चा की। इसी क्रम में राजशेखर, अभिनवगुप्त, मम्मट आदि ने इस सम्पूर्ण विमर्श को परिपाक तक पहुँचा दिया।

**'साहित्य' शब्द की व्युत्पत्ति-**

साहित्य शब्द की व्युत्पत्ति 'डुधाञ् धारणपोषणयो' धातु से हुई है। 'सम्यक् हित:' इस प्रकार व्युत्पति करने में 'पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्'[1] सूत्र से सहित शब्द की सिद्धि होती है, इसका अर्थ है– भली– प्रकार से धारण–पोषण करना, हितकारी, साथी बना हुआ, मिला हुआ। अथवा 'हितेन सह' इस विग्रह के अनुसार भी सहित शब्द की सिद्धि होती है'। 'सहितस्य भाव:' इस व्युत्पत्ति का आश्रय लेने पर 'गुणवचन–ब्रह्मणादिभ्य: कर्मणि च[2] सूत्र से भाव कर्म अर्थ में ष्यञ् प्रत्यय तथा तद्धितेष्वचामादे:[3] सूत्र से सहित शब्द के आदि अच् को वृद्धि होकर साहित्य शब्द सिद्ध होता है, जिसका वाच्यार्थ है– सम्यक् विधि से धारण पोषण करने वाला, परस्पर अपेक्षा रखने वाले, समान क्रिया का एक क्रिया में अन्क्य होना या करना, इस प्रकार 'सहित' शब्द से व्युत्पन्न 'साहित्य' का अर्थ सामान्यत: सहभाव या समन्विति है। अत: साहित्य की सरल परिभाषा यह है कि 'दो तत्वों की सहचरी सत्ता अर्थात कवि अपनी सम्प्रेषणीयता के कला कौशल के द्वारा अपने वर्ण्य विषय को अविकलरूप में (ज्यों का त्यों) पाठक सहृदय सामाजिक जन) के हृदय तक सम्प्राप्त करवा देता है। यही दो तत्वों की (कवि और पाठक की) = दो हृदयों की सहचरी सत्ता है, जो साहित्य कहलाती है।[4] समस्त वाङ्मय का निर्माण शब्द और अर्थ इन दो तत्वों के साहित्य या समन्वय से होता है। अत: शब्द और अर्थ ही किसी भी सहित्य के आधारभूत तत्व हैं। मानव द्वारा बैखरी वाक् के रूप में अभिव्यक्त होने वाली भाषा का स्वरूप शब्दार्थमय ही है। जब शब्द और अर्थ के बिना लोक व्यवहार ही सम्भव नही है तो काव्य या साहित्य की तो बात ही क्या आरम्भिक आचार्यों ने काव्य के आधारभूत तत्व शब्द और अर्थ को काव्य के स्वरूप लक्षण में सम्मिलित किया है। सबसे पहले भामह ने काव्य के लक्षण में शब्द अर्थ के सहभाव की महत्ता प्रतिपादित की। वस्तुत: यह विचारणीय है कि काव्य के लक्षण करते हुए किस तत्व की खोज की जाए ? यदि मात्र शब्दार्थ या शब्दार्थ का सहभाव ही साहित्य माना जाए तो शब्द और अर्थ का सम्बन्ध नित्य होने से उनमें साहित्य या सहभाव का कभी अभाव होगा ही नही। इस धारणा से भाषा का समस्त प्रयोग काव्य की सीमा में आ जाएगा। काव्य की कोटि में शब्दार्थ का वही साहित्य स्थान पाता हैं जिसमें कुछ विशिष्टता रहती है। आचार्य कुन्तक कहते हैं कि शब्द और अर्थ का सम्बन्ध सदा विद्यमान होने से उनमें साहित्य का कभी अभाव नही होता, अत: साहित्य का अर्थ यहाँ विशिष्ट साहित्य ही अभिप्रेत है।[5] अलंकारसर्वस्व के टीकाकार समुद्रबन्ध ने भी 'इह विशिष्टौ शब्दार्थो काव्यम्।[6] कहकर इसी विशिष्टता की ओर संकेत किया है। शब्द और अर्थ के इसी वैशिष्ट्य का अनुसन्धान और विश्लेषण ही काव्यशास्त्र के इतिहास के विकास का आधार भूत विचार रहा है। इस वैशिष्ट्य को ही किसी ने रमणीयता तो किसी ने चारुता, अन्य ने सौन्दर्य चमत्कार या विच्छित्ति आदि पदों से

कहा है। इसी वैशिष्ट्य के रूप भेद अलंकार, गुण, रीति, वक्रोक्ति, ध्वनि, रस, औचित्य आदि हैं। आगे क्रमशः विभिन्न आचार्यों की साहित्य सम्बन्धी विचारधारा प्रस्तुत है जिससे इस विषय में विविध आचार्यों का मन्तव्य स्पष्ट होता है।

**भामह और साहित्य-** शब्द और अर्थ के साहित्य का काव्य लक्षण के स्वरूप निर्धारण में सर्वप्रथम भामह उल्लेख करते हैं, 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्'[7] के द्वारा वह अपना मत व्यक्त करते हैं। इनके अनुसार शब्द और अर्थ के सहभाव से काव्य का जन्म होता है। वस्तुतः भामह के पूर्व तक आलकारिकों के इस दृष्टि से दो परस्पर विरोधी मतों की सत्ता थी। कुछ ऐसे थे जो शब्दालंकार को ही महत्त्व देने थे तथा कुछ मात्र अर्थालंकारो को। आचार्य कुन्तक 'वक्रोक्तिजीवित' में इस बात को कहते हैं कि– कुछ लोगों के मतानुसार कवि कौशल से कल्पित सौन्दर्यातिशयशाली मात्र शब्द ही काव्य है और अन्य कुछ के अनुसार रचनावैचित्र्य से चमत्कारयुक्त अर्थ ही काव्य है।[8] अर्थालंकारवादियों के अनुसार काव्य से जिस विगलितवेद्यान्तर अलौकिक आनन्द की अनुभूति होती है वह अर्थप्रतीति के पश्चात् ही होती है अर्थाश्रित चमत्कार के निष्पादक रूपक, उपमा आदि अर्थालंकार हैं अतः ये अर्थालंकार ही काव्यजनित आनन्दानुभूति के अव्यवहित उपकारक हैं। दूसरी तरफ शब्दालंकारवादियों की मान्यतानुसारः काव्य के रसास्वादन में शब्द की महत्ता असन्दिग्ध है। अर्थ प्रतीति का आधार तो शब्द ही है। शब्द पहले श्रवणगोचर होता है उसके बाद अर्थबोध होकर अर्थालंकारों की प्रतीति होती है। इसलिए अर्थालंकारों की प्रतीति बाह्य या गौण है। साथ ही अर्थ की प्रतीति कभी–कभी न होने पर भी अनुप्रास आदि शब्दलंकारों से काव्य जनित रसस्वाद होता है। अतः काव्य में शब्दालंकार ही प्रमुख हैं। वी. राघवन् के अनुसार शब्द पर बल देने वाले सम्प्रदाय पर 'वाक्यपदीय' के शब्दब्रह्म विषयक वैयाकरण दर्शन का प्रबल प्रभाव था, यह सम्प्रदाय अर्थ को 'बाह्य' और शब्द का 'विवर्त' मानता था।[9] आचार्य भामह ने इन दोनों एकांगी और अतिवादी मतों का समन्वय करते हुए शब्द और अर्थ दोनों के साहित्य को काव्य का जनक माना जब भामह कहते हैं कि 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' तो यद्यपि उनका तात्पर्य शब्दालंकारवादी अर्थालंकारवादी दोनों मतों का समन्वय कर शब्दार्थ मात्र शब्द अर्थ के वाचन नही वरन् इन दोनों (शब्द और अर्थ) के चारुत्व हेतुओं के भी प्रत्यायक हैं।[10]

भामह ने शब्द और अर्थ के जिस समन्वय की बात की है उसमें विशेष क्या है? इसका उत्तर है– वक्रता ही उसी शब्दार्थ का वैशिष्ट्य है भामह कहते है कि वक्र शब्द और अर्थ का प्रयोग वाणी का अलंकार है।[11] अब क्यों कि चमत्कारपूर्ण वाणी ही काव्य हैं और उसका निष्पादक तत्त्व है शब्दार्थ की वक्रता तो वक्रता समन्वित शब्द अर्थ ही काव्य है। निष्कर्षतः भामह की दृष्टि मे काव्यगत शब्द और अर्थ के साहित्य में विशेष है उनका वक्रता युक्त होना। इस प्रकार भामहानुसार 'वक्राभिधेयशब्दः काव्यम्' भामह सम्मत काव्यलक्षण है अर्थात् वक्र अथवा लोकोत्तर अर्थ युक्त शब्द ही काव्य है। यही इनका साहित्य है।

**राजशेखर और साहित्य-**

काव्य की विवेचना शास्त्रकारों द्वारा तीन दृष्टियों से की गई है। कविरसिकमुखेन, कविव्यापारमुखेन तथा रसिकव्यापारमुखेन इन तीन दृष्टियों से काव्य विवेचना की गई है आनन्दवर्धन तथा अन्य परवर्ती ध्वनिवादी आचार्यों ने कविरसिकमुखेन, काव्यमीमांसाकार राजशेखर, कुन्तक और भोज कविव्यापारमुखेन तथा इनके अतिरिक्त अन्य रसिकव्यापारमुखेन काव्य की व्याख्या करते है। कविव्यापार की दृष्टि से विवेचना करने वाले राजशेखर ने काव्यमीमांसा के प्रथम कविरहस्य नामक अधिकरण की रचना ही कवियों के पथप्रदर्शन की दृष्टि से की है। राजशेखर के अनुसार "शब्दार्थयोर्यथावत्सहभावेन विद्या साहित्यविद्या"[12] साहित्य विद्या के लिए शब्दार्थों का परस्परोचित सहभाव आवश्यक है। काव्यमीमांसाकार रस को काव्य की आत्मा मानता है।[13] काव्य की रसवत्ता के विषय में भट्टलोल्लट के मत[14] पर विचार करते हुए वह कहता है कि यह सत्य है कि महाकवियों के काव्यों में वर्णित अर्थ रसवत् होते हैं। परन्तु अर्थों में यह रसवत्ता कहाँ से आती है? उनके अनुसार पदार्थ सरस या नीरस नहीं होते अर्थात् काव्य की सरसता या नीरसता वस्तुगत नहीं होती, वह तो कविवचन पर ही अवलंबित होती है। और कविवचन भी कवि की प्रतीति का ही द्योतक है। अत: काव्य की रसवत्ता कविप्रतीतिनिष्ठ ही होती है। काव्य में कवि प्रयुक्त शब्दों द्वारा ही कविप्रतीति की अभिव्यक्ति होती है। यही आभिव्यक्ति शब्दों के द्वारा यथार्थ रूप से होना ही राजशेखर के अनुसार शब्दार्थों का यथावत् सहभाव अर्थात् साहित्य है।

**कुन्तक और साहित्य-( 925-1025 ईसवी )**

आचार्य कुन्तक ने सर्वप्रथम 'साहित्य' की काव्य के सम्बन्ध में विस्तृत और गम्भीर चर्चा की है। वह प्रथम उन्मेष में ही प्रतिज्ञा करते हैं कि अनन्तकाल से साहित्य शब्द मात्र से ही प्रसिद्ध है, परन्तु 'साहित्य' शब्द का वास्तविक अर्थ क्या है? इस पर किसी ने भी विचार नहीं किया है, इसलिए आज हम सहृदयों के लिए इसे प्रकट करते हैं।[15] जिसे काव्यमीमांसाकार शब्दार्थों का यथावत् सहभाव कहता है उसे ही कुन्तक शब्दार्थो का अन्यूनातिरिक्तत्व से अवस्थान कहता है।[16] साहित्य के विषय में कुन्तक ने गम्भीर विचार अपने ग्रन्थ 'वक्रोक्तिजीवितम्' में किया है। साहित्य में होने वाले शब्दार्थों के सहभाव में विशेष क्या है? इस पर विचार करते हुए कुन्तक कहते हैं कि यद्यपि शब्द और अर्थ का सहभाव तो सर्वत्र प्राप्त होता है पर वस्तुत: काव्यमार्ग में ही इस सहभाव का परमार्थ पाया जाता है।[17] काव्य में शब्दार्थों की अन्यून और अनतिरिक्त अवस्थिति से कुन्तक का तात्पर्य है कि काव्य में रमणीयता के उत्कर्ष के लिए शब्द और अर्थ में परस्पर होड़ लगी रहती है। काव्य की शोभाशालिता हेतु शब्द और अर्थ की विचित्र प्रकार की विन्यासभङ्गिमा या रचना शैली जिसमें शब्द और अर्थ में से किसी एक की भी न्यूनत्व अर्थात् अपकर्ष नही है और न ही उत्कर्ष है। ऐसी अन्यूनातिरिक्तत्व स्थिति को साहित्य कहते हैं अर्थात् काव्य सहृदयाह्लादकारिता हेतु शब्द और अर्थ दोनों का ही एक दूसरे से उत्कर्ष या

उपकर्ष दोनों ही न हो ऐसी अद्भुत अवस्थिति ही साहित्य है।[18] इस प्रकार शब्द अर्थ की एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा से काव्यगत वाक्य विन्यासों में स्फुरित होने वाला अलौकिक सौंदर्य ही वस्तुत काव्य में होने वाला शब्दार्थ साहित्य है जो नित्य व्यवहार में सर्वत्र प्राप्त होने वाले शब्दार्थ साहित्य से इस दृष्टि से विशिष्ट है। कुन्तक ने साहित्य के विषय में अपनी धारणा स्पष्ट करने के लिए कुछ परिकर श्लोक भी अपने ग्रन्थ में उद्धृत किए हैं। काव्यमार्गों या रीतियों की अनुकूलता से सुन्दर, माधुर्यादि गुणों उदय से युक्त, वक्रता के अतिशय से युक्त अलंकार विन्यास विद्यमान होता है तथा जहाँ वृत्तियों के औचित्य से मनोहारी रसों का परिपोष तथा शब्द और अर्थ परस्पर स्पर्धा करने वाली अनिर्वचनीय स्थिति जो रासिकों के मन में आह्लाद उत्पन्न करने वाली हो वही 'साहित्य' है।[19] आचार्य कुन्तक यह मानते है कि काव्य में शब्द और अर्थ के साहित्य का पर्यवसान रसास्वाद में होता हैं। क्यों कि रस के अनुकूल शब्दार्थ संयोजन ही सहित्य है। कुन्तक जब कहते हैं कि शब्दार्थ की अन्यूनानतिरिक्तत्वमनोहारिणी परस्परस्पर्धित्व रमणीया[20] पूर्ण अवस्थिति साहित्य है अर्थात् शब्द और अर्थ की उत्कर्ष और अपकर्ष से रहित स्थिति साहित्य है तो स्वयं प्रतिपक्ष उपस्थित करते हैं कि इस प्रकार की साम्यावस्था तो निकृष्ट शब्द और अर्थ में भी सम्भव है, क्या इसे भी साहित्य कहेंगे? समाधान करते हैं कि यही सहृदयाह्लादकारिता है।[21] इस प्रकार कविवाणी का पर्यवसान रसास्वाद में होता है और रसास्वाद कविवचन का जीवित है। काव्य में किसी स्थान पर न खटकते हुए शब्दार्थो का रसास्वाद में पर्यवसान होना ही शब्दार्थ साहित्य का गमक है। कल्पना और अलंकारों की झपट में आकर कवि रसभंग करता है तब साहित्य नष्ट होता है। इसी को कुन्तक 'साहित्यविरह' कहते हैं।[22] अर्थात् सयत्न अलंकार प्रयोग करने से औचित्य की हानि फलस्वरूप साहित्य विरह होता है। अत: कुन्तक रसोचित शब्दार्थविन्यास में ही शब्दार्थ के साहित्य की सिद्धि मानते हैं। साथ ही वह ऐसा मानते हैं कि काव्य की शोभा या सौन्दर्य वृद्धि के लिए काव्य को प्रत्येक शोभावर्धक धर्म अर्थात् शब्दार्थ के अंगभूत तत्त्वों में यथा गुण अलंकार, रीति, वृति, वक्रता को भी काव्य की शोभावृद्धि के लिए एक दूसरे से चमत्कारयुक्त स्पर्धा करनी होती है।

डॉ. वी. राघवन् कहते हैं– इस प्रकार कुन्तक ने काव्य के एक महान् सिद्धान्त के रूप में, कवि के लिए अभीष्ट अभिव्यक्ति की चरमपूर्णता– अर्थात् वाच्य–वाचक के पूर्ण सामंजस्य के रूप में साहित्य की धारणा का बड़े कौशल से प्रतिपादन किया है।[23]

**भोज और साहित्य–**

भोज ने 'शृंगारप्रकाश' में 'साहित्य' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए 'साहित्य शब्द से साधारण शब्दार्थ सम्बन्ध तथा काव्यात्मक शब्दार्थ सम्बन्ध दोनों को स्पष्ट किया है। कुन्तक के समान भोज भी 'भामह' की काव्य परिभाषा 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' को आधार रूप में ग्रहण करते है परन्तु उन्होंने आगे अपने पूर्ववर्त्ती आचार्यों के मतों का समन्वय और स्वीकार भी अपनी परिभाषा में किया है। भोज एवं कुन्तक को डॉ. वी. राघवन ने समकालीन माना है।[24] कुन्तक का काल दसवीं शताब्दी का उत्तरार्ध तथा भोज का ग्यारहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध माना

गया है। भोज अपनी कृति 'शृंगारप्रकाश' में प्रारम्भ में ही 'साहित्य' की अपनी धारणा को स्पष्ट करते हुए कहते हैं- "तत् (काव्यं) पुनः शब्दार्थयोः साहित्यम् आमनन्ति। तद्यथा- 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्" इति कः पुनः शब्दः? येन उच्चरितेन अर्थः प्रतीयते। कोऽर्थः? यः शब्देन प्रत्याय्यते। किं साहित्यम्? यः शब्दार्थयोः सम्बन्धः। स च द्वादशधा - अभिधा-विवक्षा-तात्पर्यम्-प्रविभाग-व्यपेक्षा-सामर्थ्यम्-अन्वयः-एकार्थीभावः-दोषहानम्-गुणदानम्-अलंकारयोगः-रसावियोगश्च इति।" शब्दार्थ सम्बन्ध को साहित्य मानते हुए भोज कहते हैं कि शब्द और अर्थ का यह सम्बन्ध बारह प्रकार का हो सकता है। इन बारह भेदों में प्रथम आठ भेद तो शब्द अर्थ का व्याकरण की दृष्टि से सम्बन्ध हैं क्योंकि भोज ने काव्य का ही नही भाषा का भी विवेचन किया है। शेष चार काव्य की दृष्टि से होने वाले सम्बन्ध हैं। भोज ने इन सभी सम्बन्धों के महत्व को बताते हुए कहा है - 'कोई भी वाक्य प्रयोगार्ह है या नही यह अभिधा, विवक्षा आदि आठ सम्बन्धों से समझा जाता है, किन्तु वाक्य निर्दोष, गुणवत्, सालंकार तथा रसवत् होगा।[25] इस प्रकार भोज ने भी शब्दार्थ साहित्य के अन्तर्गत ही दोषहान गुणोपादान, अंलकारयोग, तथा रसअवियोग का चतुर्विध काव्यात्मक सम्बन्ध को माना है। भोज ने भामह, दण्डी, वामन आनन्दवर्धन, धनिक आदि सभी आचार्यों के मतों का समन्वय अपनी अवधारणा में किया है। रसवादी मत के पोषक होने के कारण रस को ही साहित्य की रमणीयता की चरम परिणति माना है। रस अवियोग ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। अन्य तत्वों को रस तत्व की सिद्धि में साधक के रूप में स्वीकार किया है।

**आनन्दवर्धन और शब्दार्थ साहित्य-**

आनन्दवर्धन ने काव्यगत शब्दार्थ साहित्य को कविसहृदयगत अखण्डानुभवरूप व्यापार सिद्ध कर साहित्यशास्त्र के इतिहास में महत्त्वपूर्ण योगदान किया क्योंकि आनन्दवर्धन से पूर्व तक कोई आचार्य काव्यगत शब्दार्थ साहित्य को कविगत व्यापार की दृष्टि से विवेचित करता है तो अन्य रसिकगत व्यापार की दृष्टि से, वहीं कुछ आचार्यो ने इसे शब्दार्थगत व्यापार ही कहा है, परन्तु आनन्दवर्धन ने सर्वप्रथम कवि से सहृदय तक आने वाली प्रतीति की अखण्डता पर समग्र रूप से विचार किया। इससे पूर्ववर्ती विचारों तथा परवर्ती विचारों का समन्वय हो सका। उद्भट ने कहा कि काव्य व्यवहार अमुख्यवृत्ति या गुणवृत्ति से होता है इस अमुख्यवृत्ति या लक्ष्यार्थ का आश्रय कवि किसी विशेष प्रयोजन से करता है। यह प्रयोजन जो काव्यगत शब्दार्थ से व्यङ्ग्य होता है यही व्यङग्यार्थ कवि द्वारा सहृदय तक पहुँचाया जाता है। अपने प्रयोजन की अभिव्यक्ति के लिए कवि वक्रोक्ति का आश्रय लेता है। इसी व्यंग्यार्थ से रसिक को रस चर्वणा होती है वह व्यंजनाव्यापार है। आनन्दवर्धन के अनुसार महाकावियों की वाणी में यह व्यञ्जनाव्यापार ही प्रधानरूपेण दिखाई पड़ता है अतः काव्य के शब्दार्थ में पाए जाने वाले व्यापार का विशेष व्यंजना ही है। तथा काव्य में प्रयुक्त शब्दार्थ का परस्पर सम्बन्ध व्यंग्यव्यंजक रूप ही होता है। अतः आनन्दवर्धन के अनुसार काव्यगत शब्दार्थ का साहित्य उनका परस्पर व्यंग्यव्यंजकरूप सम्बन्ध ही है यह सम्बन्ध ही 'ध्वनि' अभिधेय है। ध्वनि ही काव्य की आत्मा

है। ध्वनि शब्द, व्यञ्जक शब्द, व्यंग्य अर्थ तथा व्यञ्जनाव्यापार तीनों का बोधक है। काव्य में रस ध्वनित होता है शब्दार्थों के माध्यम से तथा शब्दार्थों में रस को ध्वनित करने का सामर्थ्य अलंकारों या वक्रोक्ति द्वारा ही आती है। काव्यद्वारा ध्वनित रस का आस्वाद करने के लिए रसिक में भी कुछ योग्यता होनी चाहिए इसकी चर्चा ध्वनिकार करते हैं, रसिक की प्रज्ञा का नैर्मल्य तथा वैदग्ध्य का होना रसास्वाद के लिए आवश्यक है। इन गुणों के कारण ही कविहृदय का रसिकहृदय से संवाद होता है तथा काव्यगत रस का आस्वाद होता है। इस प्रकार आनन्दवर्धन ने माना की काव्यगत शब्दार्थ साहित्य का पर्यवसान रसास्वाद में होता है। जो कवि से सहृदय तक की अखण्ड अनुभूति रूप व्यापार है। डॉ. गणेश त्र्यंबक देशपाण्डे के अनुसार 'काव्य कविकर्म है। कवि से आरम्भ होने वाला एवं रसिक के रसास्वाद में पर्यवसित होने वाला वह एक व्यापार है।' ध्वनिकार एवं उनके अनुयायी कवि– रसिकमुख से काव्य की विवेचना करते थे।

**मम्मट और शब्दार्थ साहित्य –**

इसके पश्चात् भोज के कुछ परवर्ती मम्मट ने 'काव्यप्रकाश' में अपने काव्य लक्षण में शब्दार्थ साहित्य में अपेक्षित तत्त्वों का स्पष्ट रूप से कथन कर इसे पुष्ट कर दिया। इसमें मम्मट ने वामन, राजशेखर, भोज आदि के मतों का समन्वय सक्षिप्त एवं सुस्पष्ट रीति से कर 'काव्यप्रकाश' को साहित्यचर्चा के उत्कर्ष बिन्दु के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया।

काव्यगत शब्दार्थ साहित्य के वैशिष्ट्य की जो चर्चा वामन ने दोषहान गुणोपादान के रूप में की इसी विकासक्रम में राजशेखर ने गुण को भी इस साहित्य में समाहित किया।[26] पश्चात् भोज ने 'सरस्वतीकण्ठाभरण' में वामन और राजशेखर तथा दण्डी के मतों को समन्वित कर कहा–

**निर्दोषं गुणवत् काव्यमलङ्कारैरलङ्कृतम्।**
**रसान्वितं कविः कुर्वन् कीर्तिं प्रीर्तिं च विन्दति।।**[27]

इसमें भोज ने साहित्य के धर्म के रूप में दोषहान, गुणोपादन, अलंकारयोग, रस अवियोग का उल्लेख किया है। इसी को मम्मट ने अपने काव्य लक्षण में भिन्न पदावली में प्रस्तुत किया है।[28] इस प्रकार मम्मट के काव्यलक्षण मे भी शब्द और अर्थ के सम्यक साहित्य के चारो धर्म उपलब्ध हैं। इस प्रकार काव्यप्रकाश में शब्दार्थ साहित्य की विवेचन की विकासयात्रा पूर्ण होती है।

**कवियों की दृष्टि में शब्दार्थ साहित्य–**

काव्यशास्त्रियों ने ही नहीं अनेक कवियों ने भी अपनी कविता में शब्द और अर्थ के परस्परिक सम्बन्ध को प्रकट किया है। कविकुलगुरु कालिदास ने 'रघुवंश' में शब्द और अर्थ के पारस्परिक सम्बन्ध को शिव और पार्वती की उपमा के माध्यम से बताया है[29], शिव और पार्वती के आदर्श दाम्पत्य साहित्य के समान ही वाक् (शब्द) और अर्थ की सम्पृक्ति

(साहित्य) होती है। यहाँ दो में समान रूप से अवस्थिति है कोई न्यून या अधिक नहीं है। डॉ. वी. राघवन के अनुसार 'महाकवि ने केवल वागर्थसम्पर्क- सुविदित एवं नित्य शब्दार्थ-सम्बन्ध- के अर्थ में यह श्लोक लिखा हो ऐसा नहीं प्रतीत होता। सम्भव है उनका यह भी तात्पर्य रहा हो परन्तु यहाँ विशिष्ट साहित्य अथवा विशिष्ट सम्बन्ध की बहुत सशक्त व्यञ्जना है। इसी प्रकार यह कहने में कोई 'सारस्य' नहीं कि 'वागर्थप्रतिपत्ति' के द्वारा महाकवि ने शब्दों और अर्थों में दक्षता-सिद्धि की कामना की है। इस प्रकार जैसे शैवागम में शक्तिमान एवं शक्ति के नित्य सामरस्य को स्वीकार किया गया है उसी प्रकार महाकवि ने भी भगवान के अर्धनारीश्वर रूप की भाँति वागर्थ की सत्ता को परस्पर अवलम्बिन, सामरस्यपूर्ण, और सामंजस्ययुक्त माना है। आचार्य नीलकण्ठदीक्षित ने अपने शिवलीलार्णव महाकाव्य में शब्द और अर्थ को शंकर भगवान के ही शरीर का बाँया और दाहिना अंग बताया है।[30] संसार के लिए मंगलमारी शिव के अंग से युक्त काव्य को अल्प पुण्य वाले प्राप्त ही नहीं कर सकते। इस श्लोक में भी शब्दार्थ का काव्य में समान महत्त्वयुक्त साहित्य ही व्यञ्जित होता है। महाकवि माघ ने भी शब्द और अर्थ की समान महत्ता पर बल दिया है।

शब्दार्थ साहित्य पर विचार विमर्श वस्तुतः व्याकरण शास्त्र से आरम्भ हुआ। काव्यशास्त्र में राजशेखर के द्वारा 'साहित्य' के उल्लेख के पश्चात् भोज के काल तक साहित्य की काव्यगत संकल्पना पर व्याकरण का प्रभाव रहा। इसी कारण भोज ने शब्दार्थ सम्बन्ध के जो बारह भेद किए उनमें से आठ भेद तो व्याकरणिक दृष्टि से ही हैं, इसके बाद कुन्तक काव्यात्म तत्त्व का निश्चय हो जाने के बाद शब्द और अर्थ की स्थिति काव्य रूपी पुरुष के शरीर के रूप मे हो गई। प्रारम्भ में या यह कहे कि भामह के पूर्व के काल में शब्द को अधिक महत्त्वपूर्ण माना गया। भामह ने ही सर्वप्रथम इन दोनों के समन्वय में काव्य की स्थिति को माना इसी सहभाव के स्वीकार करते हुए इनके विशिष्ट तत्त्व का आख्यान परवर्ती शास्त्रकारों द्वारा किया गया। 'इस प्रकार जो 'साहित्य' शब्द पहले किसी भी प्रकार की भाषिक आभिव्यंजना में शब्द और अर्थ के अनिवार्य व्याकरणिक तथा युक्तियुक्त सम्बन्धों का द्योतक था, वह कालान्तर में उन तत्त्वों का वाचक हो गया जो काव्य को अन्य अभिव्यक्तियों से भिन्न करते हैं और जिनमें काव्य की अनन्यसामान्य विशेषताएँ निहित होती हैं। जल्दी ही 'साहित्य' काव्य का पर्याय हो गया।[31]

## सन्दर्भ एवं टिप्पणी

1. अष्टाध्यायी- 6।3।109
2. अष्टाध्यायी- 5।1।124
3. अष्टाध्यायी- 7।2।117
4. शब्दार्थमीमांसा- पृ.-98 से उद्धृत
5. ननु च वाच्यवाचकसम्बन्धस्य विद्यमानत्वाद् एतयो न कथञ्चिदपि साहित्यविरहः, सत्यमेतत् किन्तु विशिष्टमेवेह साहित्यमभिप्रेतम्। व.जी.पृ.-25
6. 'अलंकारसर्वस्व' की समुद्रबन्ध की टीका- पृ.-4

7. भामह, काव्यालङ्कार–1–16,
8. केषाञ्चिन्मतं कविकौशलकल्पित कमनीयातिशयः शब्द एव केवलं काव्यम् इति केषाञ्चिद् वाच्यमेव रचना वैचित्र्यचमत्कारकारि काव्यम् इति व.जी.– 1–7 की वृत्ति
9. भारतीय काव्यसिद्धान्त– पृ.–48,
10. शब्दाभिधेयालङ्कारभेदादिष्टं द्वयं तु नः। काव्यालङ्कार–1–15
11. वक्राभिधेयशब्दोक्तिरिष्टा वाचामलङ्कृतिः। भामह–1–36
12. काव्यमीमांसा, प्रथम अधिकरण, अध्याय दो।
13. 'शब्दार्थौ ते शरीरं, संस्कृतं मुखं, प्राकृतं बाहू, जघनमपभ्रंशः ...... रस आत्मा ...... अनुप्रासोपमादयश्च त्वामलंकुर्वन्ति।
14. विश्व में असंख्यात अर्थ हैं। किन्तु उनमें से जो अर्थ रसवत् है उन्हीं का निबन्धन कवि अपने काव्य में करता है। नीरसअर्थों का नहीं करता है।
15. अत एवैतदुच्यते–यदिदं 'साहित्यं' नाम तदेतावति निः सीमनि समयाध्वनि साहित्यशब्दमात्रेणैव प्रसिद्धम्। न पुनरेतस्य कविकर्मकौशल– काष्ठाधिरूढिरमणीयस्याद्यापि कश्चिदपि विपश्चिदयमस्य परमार्थ इति मनाङ्मात्रपि विचारपदवीमवतीर्णः तदद्य सरस्वतीहृदयारविन्दमकरन्दबिन्दु–सन्दोहसुन्दराणां सत्कविवचसामन्तरामोदं मनोहरत्वेन परिस्फुरदेतत् सहृदयषट्चरणगोचरतां नीयते। व.जी.– पृष्ठ– 129,
16. साहित्यमनयोः शोभाशालितां प्रति काप्यसौ। अन्यूनानतिरिक्तत्व महोहारिण्यवस्थितिः। 1–17
17. वाच्योऽर्थो वाचकः शब्दः प्रासिद्धमपि यद्यपि। तथापि काव्यमार्गेऽस्मिन् परमार्थोऽयमेतयो" व.जी.–1–8
18– सहितयोर्भावः साहित्यम्। अनयोः शब्दार्थयोर्या काप्यलौकिकी चेतनचमत्कारकारितायाः कारणम् अवस्थितिर्विचित्रैव विन्यासभङ्गी। कीदृशी– अन्यूनानतिरिक्तत्वमनोहारिणी, परस्परस्पर्धित्वरमणीया। यस्यां द्वयोरेकतरस्यापि न्यूनत्वं निकर्षो न विद्यते नाप्यतिरिक्तत्वमुत्कर्षो वास्तीत्यर्थः। व.जी. पृष्ठ–130, वृत्ति भाग।
19– मार्गानुगुण्यसुभगो माधुर्यादिगुणोदयः।
अलङ्करणविन्यासो वक्रतातिशयान्वितः।।
वृत्त्यौचित्यमनोहारि रसानां परिपोषणम्।
स्पर्धया विद्यते यत्र यथास्वमुभयोरपि।।
सा काव्यवस्थितिस्तद्विदानन्दस्पन्दसुन्दरा।
पदादि वाक्य परिस्पन्दसारः साहित्यमुच्यते।। व.जी.पृ. 132–133
20– व.जी.पृ.–130
21– ननु च तथा विधं साम्यं द्वयोरूपहतयोरपि सम्भवतीत्याह–'शोभाशालितां प्रति'। शोभा सौन्दर्यमुच्यते। तया शालते श्लाघते यः स शोभाशाली, तस्य भावः शोभाशालिता, तां प्रति सौन्दर्यश्लाघितां प्रतीत्यर्थः। सैव च सहृदयाह्लादकारिता। व.जी.पृ.–131
22– भारतीय साहित्य शास्त्र, गणेष त्र्यंबक देशपांडे, पृष्ठ– 127 से उदधृत।
23– भारतीय काव्य सिद्धान्त, संपादक डा. नगेन्द्र और डा. तारकनाथ बाली, पृष्ठ–58से डॉ वी. राघवन के 'साहित्य' शीर्षक लेख से उदधृत।

24- भारतीय काव्य सिद्धान्त-पृष्ठ-55पर 'साहित्य' शीर्षक लेख में यह भी कहते है कि "जब भोज साहित्य की धारणा का व्याख्यान कर रहे थे, तब कश्मीर में कुन्तक भी यही कर रहे थे।"

25- तत्र अभिधाविवक्षादिभिः निरूपिते शब्दार्थयोः साहित्ये वाक्यस्य प्रयोगयोग्यता प्रयोगानर्हता च निश्चीयते। सम्यक् प्रयोगश्च तदा उपपद्यते यदा दोषहानम् गुणोपादानम् , अलंकारयोगः रसावियोगश्च भवति।" श्रृ.प्र.- नवमप्रकाश, पृष्ठ - 449

26- 'गुणवदलङ्कृतं च वाक्यमेव काव्यम्' का.मी.पृष्ठ-

27- सरस्वतीकण्ठाभरण - प्रथमपरिच्छेद, पृष्ठ - 02

28- तदोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वाऽपि। का.प्र.-पृष्ठ-19

29- वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ।। रघुवंश-1-1

30- सव्यं वपुः शब्दमयं पुरारेरर्थात्मकं दक्षिणमामनन्ति।
अङ्गं जगन्मङ्गलमेश्वरं तद् अर्हन्ति काव्यं कथमल्पपुण्योः।।शिवलीलार्णव,1-15

31- भारतीय काव्य सिद्धान्त, पृ.-50, डॉ.वी.राघवन के 'साहित्य' लेख से उद्धृत।

**सन्दर्भग्रन्थ-सूची**

01- अष्टाध्यायीसूत्रपाठः, सम्पा. - श्री गोपाल शास्त्री, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

02- काव्यप्रकाश, व्याख्याकार - आचार्य विश्वेश्वर, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी

03- काव्यमीमांसा, व्याख्या - श्री कृष्ण मणि त्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, संस्क. - 2014

04- काव्यालङ्कार, भामह, व्याख्या - आनन्द शर्मा, 2013 प्रका. चौखम्बा संस्कृत सिरीज आफिस, वाराणसी

05- भारतीयकाव्यसिद्धान्त, सम्पा.- नगेन्द्र एवं तारकनाथ बाली, हिन्दी माध्यम् कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय - 1990

06- भारतीय साहित्यशास्त्र, लेखक- गणेश त्र्यम्बक देशपाण्डे, पाप्युलर बुक डिपो, मुम्बई, संस्क.- 1960

07- वक्रोक्तिजीवित, सुशील कुमार डे, प्रका. - फिरमा के. एल.मुखोपाध्याय, कलकत्ता, संस्क. - 1961

08- शब्दार्थमीमांसा, प्रभाती लाल शास्त्री, अभिषेक प्रकाशन दिल्ली, संस्क.- 2009

09- शिवलीलार्णव महाकाव्य, नीलकण्ठदीक्षित, वाणीविलास प्रेस, श्रीरङ्गम् तमिलनाडु, सन् 1909

10- श्रृंगारप्रकाश, भोजकृत, सम्पा.- रेवा प्रसाद द्विवेदी, प्रका. - इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, संस्करण - 2007

11- सरस्वतीकण्ठारभरण, भोजकृत, प्रकाशक - चौखम्बा ओरियन्टलिया, संस्करण- 1987

# प्रभाव एवं आधुनिक उपादेयता के परिप्रेक्ष्य में पौराणिक दाम्पत्यादर्श

- डॉ. विष्णुकान्त त्रिपाठी

*(दम्पती समाजस्याधारभूतौ स्तः। स्वस्थः शान्तः विकासपूर्णश्च समाजः स्यात् एतदर्थं दाम्पत्यमावश्यकं सौमनस्यपूर्णं परस्परमनुकूलमेकात्मकञ्च। स्वार्थपूर्णं द्वन्द्वात्मकं त्यागहीनञ्च दाम्पत्यं व्यक्तेर्जीवनं विषाक्तं करोति। स्थितिरेषा समाजं परिवारञ्च नाशयति। एतद्हेतोः भारतीयपारिवारिकव्यवस्थानामादर्शानाञ्च नियामकानि पुराणान्येतद्प्रत्यत्यन्तानि सावधानानि वर्तन्ते। पुराणानां दम्पत्योराचार-व्यवहार-कार्यादीनां प्रति विशेषावधानं परिलक्ष्यते। पातिव्रतधर्म-सतीत्वमाहात्म्य-सहधर्म-आचारादिनिरूपणेन च दम्पतीनां प्रकृष्टाः नैतिकगुणाः पुराणैः प्रतिपादिताः वरीवृत्यन्ते। पौराणिकाः प्रसंगाः पात्राणि च भारतीये समाजे सन्ति प्रचलितान्यत्यन्तानि। भारतीयजनमानसद्वारा एतेषामादर्शाः अनुकृताः वर्तन्ते। फलतः एतैः विनिर्मितेष्वाधारभूमिषु आसनातनकालाद् भारतीयः समाजः प्रतिष्ठितः वर्तते। निष्कर्षतः परिवर्तमानैः मूल्यैः प्रवर्धमानैश्च मानसिकद्वन्द्वैः प्रसूतानां समस्यानां निवारणे पौराणिकाः दाम्पत्यादर्शाः सहायकाः भविष्यन्ति इति मन्ये।)*

साहित्य जहाँ वर्तमान परिस्थिति, दशा, व्यवस्था एवं विविध ज्ञान-विज्ञान से प्रभावित होकर प्रसूत होते हैं, वहीं प्रसूत होकर भविष्य में इन समस्त तत्त्वों को प्रभावित भी करते हैं। भारतीय समाज को जिस साहित्य ने सबसे अधिक प्रभावित किया है उसमें वेद, पुराण और रामायण जैसे साहित्य प्रमुख हैं। इनमें भी पुराण अपने वैविध्य और शैली की रोचकता के कारण भारतीय जनमानस के अतिशय निकट रहे हैं। ये श्रद्धा के विषय रहे हैं। वर्षों से इनका वाचन एवं श्रवण धार्मिक उत्सव के रूप में होता आया है। आज भी शिवपुराण, गरुडपुराण और श्रीमद्भागवत पुराण का श्रवण पुण्यकारी, पापनाशक तथा यशस्वी माना जाता है। इसके लिए विशाल जनसमवाय एकत्रित होता है। पुराणों के प्रसंग तथा उनके पात्र भारतीय समुदाय में अत्यन्त प्रचलित हैं। फलतः इनका प्रभाव सामाजिक आदि व्यवस्थाओं पर पड़ना स्वाभाविक और सहज है।

पुराणों में अनेक दम्पतियों का वर्णन आया है। ये दम्पतियाँ सर्ग, वंश, वंशानुचरित, मन्वन्तर, युगधर्म और आख्यानों के अन्तर्गत आये हैं। इसी के माध्यम से पुराणों ने सामाजिक व्यवस्था, दाम्पत्य के आदर्श, मर्यादा आदि का निरूपण किया है। पुराण वर्णित प्रत्येक दम्पती पौराणिक उद्देश्यों तथा आदर्शों को संप्रेषित करता हुआ प्रतीत होता है। जो नियम,

उद्देश्य तथा आदर्श दम्पतियों के माध्यम से संप्रेषित नहीं हो पाये हैं उन्हें पुराणों ने स्त्री-पुरुष कर्त्तव्य के अन्तर्गत समाहित कर दिया है। इस प्रकार पुराणों का उद्देश्य केवल ऐतिहासिक तथ्यों का निरूपण न होकर सुख, समृद्ध, शान्त, नैतिक, धार्मिक और सत्यनिष्ठ समाज का निर्माण करना है। समाज के मूल दम्पती होते हैं। वे ही समस्त सुख, हर्ष, मंगल आदि क्रियाओं के भी मूल होते हैं। फलतः दम्पतियों के आचार, व्यवहार और कार्यों की परिशुद्धता पर विशेष ध्यान रहा है। यही दाम्पत्य सम्बन्धी पौराणिक वर्णनों में दृष्टिगत होता है।

यहाँ महत्वपूर्ण तथा विचारणीय प्रश्न यह है कि पौराणिक दम्पतियों ने समाज को किस प्रकार प्रभावित किया? इसके सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि भारतीय सामाजिक व्यवस्था ही वेद, पुराण और रामायण जैसे आधारों पर प्रतिष्ठित है। यद्यपि वर्तमान समय में ज्ञान के साधन बदल गये हैं। ज्ञान की सीमायें भी परिवर्तित हो चुकी हैं। व्यवस्थाओं में बदलाव आया है। सूचना क्रांति ने सकल संस्कृतियों को एक धरातल पर ला खड़ा किया है। लोगों की सोचने की दिशा और दशा भिन्न हो चुकी है। नैतिक मूल्य, विश्वास तथा जीवन यापन के ढंग बदल चुके हैं। फिर भी अविच्छित्र रूप से भारतीय समाज वेद और पुराणों से ही अनुप्राणित है, वह आज भी उन तत्त्वदर्शी चिंतकों के आगे नतमस्तक है। पौराणिक व्यवस्थाओं का प्रभाव आज भी अक्षुण्ण है। इसलिए पौराणिक दम्पतियों का प्रभाव भी विद्यमान है। हरिश्चन्द्र-शैव्या, राम-सीता, सत्यवान् - सावित्री, कृष्ण-रुक्मिणी, शिव-पार्वती, विष्णु-लक्ष्मी तथा अन्य देव, ऋषि और मानव दम्पतियाँ जन-जन में ख्यात हैं। इन पौराणिक दम्पतियों के प्रभाव एवं उपयोगिता का मूल्यांकन यहाँ किया जा रहा है।

1. पुराण संपद्यमान अथवा सम्पन्न दाम्पत्य सम्बन्ध में ईश्वरीय भूमिका को स्वीकार करता है। ईश्वरीय संवादों अथवा ईश्वरीय गुण से युक्त ऋषियों के संवादों के अवसर पर यहाँ किसी व्यक्ति के जन्म, विवाह, जीवनवृत्त तथा मृत्यु आदि को विधि अधीन कहा गया है। "**पूर्ववासनया मिथ उद्वहत्यथापवहति**"[1] कहते हुए श्रीमद्भागवत इसी पौराणिक सिद्धान्त को अभिव्यक्त करता है। "**विधियोगात् भवेद् भर्ता विधियोगात् भवेत् प्रिया**"[2] नारद पुराण का यह कथन इसी तथ्य को पुष्ट करता है। मार्कण्डेय पुराण में अविक्षित् विशाल पुत्री भामिनी से कहता है कि पृथक्-पृथक् स्थानों पर रहते हुए भी हमारा तुम्हारा समागम दैव हेतु को ही प्रकट करता है।[3] पद्मपुराण भी विवाहादि सम्बन्ध में दैव की कारणता स्वीकार करता है।[4] कलावती-वृषभानु प्रसंग में भनन्दन कहता है-

**संबन्धो हि विधिवशो न मे साध्यो व्रजाधिप।**
**प्रजापतिर्योगकर्ता जन्मदाताऽहमेव च।।**
**का कस्य पत्नी कन्या वा वरः को वा ससाधनः।**
**कर्मानुरूपफलदः सर्वेषां कारणं विधिः।।**
**भवितव्यं कृतं कर्म तदमोघं श्रुतौ श्रुतम्।**
**अन्यथा निष्फलं सर्वमनीशस्योद्यमो यथा।।**[5]

अर्थात् "हे ब्रजाधिप! सम्बन्ध रहना दैव के अधीन रहता है, वह मेरे वश की बात नहीं है, क्योंकि सम्बन्धों के कर्ता प्रजापति ब्रह्मा हैं और मैं तो केवल जन्मदाता हूँ। इसलिए कौन किसकी पत्नी या कन्या है तथा कौन किसका साधन सम्पन्न पति है? क्योंकि कर्मों के अनुरूप फल देने वाले विधाता ही सबके कारण हैं। वेद में सुना है कि किया हुआ कर्म अमोघ होता है, अन्यथा अनधिकारी के उद्यम की भाँति समस्त कर्म निष्फल हो जाता।

"**देवदत्तां पतिर्भार्यां विन्दते नेच्छयात्मनः**"[6] कहते हुए मनु भी इसी बात की पुष्टि करते हैं। वर्तमान समाज भी इस सिद्धान्त से ओत-प्रोत है। दंपतियाँ अपने दाम्पत्य सम्बन्ध को ईश्वरीय देन मानकर आजीवन एक दूसरे से संनद्ध रहते हैं, क्योंकि ईश्वरीय विधानों में सही-गलत का प्रश्न नहीं उठता है। यह पौराणिक प्रभाव को इंगित करता है। यह स्थायी दाम्पत्य के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

2. पौराणिक समाज में विभिन्न हेतुओं से विवाह की अनिवार्यता थी।[7] इसमें धार्मिक हेतु प्रमुख था। कोई भी धार्मिक कार्य पत्नी की सहभागिता से ही सम्पन्न किया जाता था।[8] इसीलिए पत्नी को सहधर्मिणी संज्ञा प्रदान की गयी थी। धार्मिक कार्यों को अव्यवहित रीति से सम्पन्न करने के लिए सांसारिकता में निर्लिप्त होकर भी ऋषि-मुनि दाम्पत्य जीवन को अपनाते थे। 'पत्न्या विना पुमानिज्याकर्मयोग्यो न जायते।"[9] कहते हुए मार्कण्डेय पुराण मानवेतर प्राणियों के लिए भी गृहस्थता की अपरिहार्यता व्यक्त करता है-

**पितरो मुनयो देवा भूतानि मनुजास्तथा।**
**कृमिकीटपतङ्गाश्च वयांसि पशवोऽसुराः।।**
**गृहस्थमुपजीवन्ति ततः तृप्तिं प्रयान्ति च।**
**मुखं चास्य निरीक्षन्ते अपि नो दास्यतीति वै।।**[10]

इन्हीं हेतुओं के कारण आज भी भारतीय समाज में दाम्पत्य जीवन प्रायः अनिवार्य सा है। अविवाहित पुरुष को हेय दृष्टि से देखा जाता है। पुरुष के धार्मिक कार्यों में स्त्रियाँ सहभागी हैं। दाम्पत्य अनावद्ध पुरुष किसी प्रमुख धार्मिक कार्य का अधिकारी नहीं माना जाता। धार्मिक कृत्यों में सौभाग्यवती स्त्रियाँ ही आहूत की जाती हैं। यह दम्पतियों के परस्पर सौमनस्य, ऐक्य की अनुभूति, आत्मीयता की वृद्धि एवं परस्पर अनुकूलता के लिए उपयोगी है। यह दम्पतियों को इस तथ्य की अनुभूति कराता है कि जीवन का लक्ष्य मात्र भौतिकतावादी होकर वासना की पूर्ति करना नहीं वरन् आध्यात्मिक उन्नति है।

3. दम्पतियों के सत्यनिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ और मर्यादित होने की स्थिति में दाम्पत्य सम्बन्ध को अन्य सम्बन्धों की अपेक्षा उत्कृष्ट प्रतिपादित किया गया है। किंकर्त्तव्यविमूढ़ता की स्थिति में पुरुष के सन्दर्भ में भले ही कथन पूर्णव्यापी न हो परन्तु स्त्री के सन्दर्भ में यह सर्वव्यापी दिखाई देता है। मस्त्स्य पुराण में सत्यवान् के प्राणहरण कर ले जाते हुए यम से सावित्री कहती है-

**पतिर्हि दैवतं स्त्रीणां पतिरेव परायणम्।**
**अनुगम्यः स्त्रिया साध्व्या पतिः प्राणधनेश्वरः।।**
**मितन्ददाति हि पिता मितं भ्राता मितं सुतः।**
**अमितस्य च दातारं भर्त्तारं का न पूजयेत्।।**[11]

ब्रह्मवैवर्त पुराण भी कहता है कि पुत्र, पिता, बन्धु और सहोदर कोई भी कुलीन स्त्रियों के लिए पति के समान नहीं होता।[12] श्रीमद्भागवत् में वर्णित है कि दक्ष द्वारा आयोजित बृहस्पतिसव नामक यज्ञ में सती पितृ स्नेह से शङ्कर के रोकने पर भी चली जाती है। परन्तु वहाँ शङ्कर का अपमान देखकर दक्ष को छिद्रान्वेषी कहती हैं।[13] वह दक्ष के समक्ष अपने मन्तव्य को प्रकट करते हुए कहती हैं-

**कर्णौ पिधाय निरयाद्यदकल्प ईशे**
**धर्मावितर्यसृणिभिर्नृभिरस्यमाने।**
**छिन्द्यात्प्रसह्य रुशतीमसतीं प्रभुश्चे-**
**ज्जिह्वामसूनपि ततो विसृजेत् स धर्मः।।**[14]

अर्थात् "यदि निरंकुश लोग धर्म मर्यादा की रक्षा करने वाले अपने स्वामी की निन्दा करें तो दण्ड देने की शक्ति न होने पर कान बन्द करके वहाँ से चला जाय और यदि शक्ति हो तो बलपूर्वक पकड़कर उस प्रवाद करने वाली दुष्ट जिह्वा को काट डाले। इस पाप को रोकने के लिए स्वयं अपने प्राण तक दे दे यही धर्म है।" सती अन्य कृत्यों में असमर्थ होने के कारण अपने प्राण त्याग देती है। इससे दाम्पत्य की श्रेष्ठता व्यक्त होती है।

इसी प्रकार वसुदेव अपनी नवोढ़ा पत्नी देवकी के प्राण रक्षा हेतु कंस को भविष्य में उत्पन्न होने वाले अपने तथा देवकी के पुत्रों को देने के लिए तैयार हो जाते हैं।[15] मार्कण्डेय पुराण में अविक्षित् अपनी पत्नी भामिनी के वचनों के रक्षार्थ अपने पुत्र मरुत् से युद्धार्थ तैयार हो जाते हैं।[16] इससे पति-पत्नी रूप दाम्पत्य सम्बन्ध की उत्कृष्टता व्यक्त होती है।

इस पौराणिक दाम्पत्य आदर्शों का प्रभाव सम्प्रति भी दृष्टिगोचर होता है। पूर्व वर्णित परिस्थितियों में दाम्पत्य सम्बन्ध की श्रेष्ठता दिखाई देती है। आज इसका विकृत रूप भी समाज में प्रचलित है। आधुनिक दम्पतियाँ स्वकर्त्तव्यच्युत होकर माता-पिता तक को छोड़ देते हैं। यह पौराणिक आदर्श के विपरीत हैं। समाज के लिए तो इसकी उपयोगिता दम्पतियों को अपने महान् उत्तरदायित्वों एवं कर्त्तव्यों का भान करना है। समाज के मूल होने के कारण तथा सुख, समृद्ध शान्त एवं चरित्रवान् समाज में दम्पतियों की भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए पुराणों ने यह स्थान दम्पतियों को दिया था। यदि इस बात का बोध आधुनिक दम्पतियों को हो जाय तो यह सिद्धान्त समाज के लिए अत्यन्त लाभप्रद होगा।

4. पुराण काल में दाम्पत्य सम्बन्ध अविच्छेद्य तथा जन्म-जन्मान्तरव्यापी माना जाता था। वह ऐसा कोई आपसी समझौता नहीं था जिसे भंग किया जा सकता था। दाम्पत्य सम्बन्ध अग्नि आदि के साक्षित्व में धार्मिक संस्कार के रूप में सम्पन्न होता था। फलतः दम्पत्तियां

सम्बन्ध विच्छेद में अस्वेच्छाचारी थे। पौराणिक दम्पतियां प्रायः अन्योन्याश्रित, परस्पर अनुगामी, प्रीतिवान् और दाम्पत्य के कर्त्तव्यों का अनुपालन करते आजीवन एक डोर में बंधे दिखाई देते हैं। पत्नी त्याग अथवा पतित्याग के अनन्तर दूसरा विवाह पुराणों में नहीं दिखाई देता है। इसे अप्रशस्त, निन्दनीय, पाप तथा अधार्मिक माना जाता था। उत्तम-बहुला प्रकरण इसका उदाहरण है।[17] मत्स्य पुराण में सत्यवान् - सावित्री का आख्यान् है। यहाँ सावित्री के पिता मद्रराज शाकल अपनी पुत्री सावित्री का वाग्दान सत्यवान् को करते हैं। वाग्दान के अनन्तर नारद आकर कहते हैं कि सत्यवान् की आयु केवल एक वर्ष ही शेष है। ऐसा जानकर भी राजा शाकल वाग्दान देने के कारण अपनी कन्या दूसरे को नहीं देता।[18] हरिश्चन्द्र-शैव्या, द्रौपदी-पाण्डव, वसुदेव-देवकी सदृश दम्पतियां अत्यन्त भीषण परिस्थितियों में भी अविच्छिन्न बनी रहती है। विवाह अवसर पर नूतन दम्पती को अटल प्रेम और सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद इसी अविच्छिन्नता हेतु दिया जाता था। शंखचूड और तुलसी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए ब्रह्मा कहते हैं-

**यथा लक्ष्मीश्च च लक्ष्मीशे यथा कृष्णे च राधिका।**
**यथा मयि च सावित्री भवानी च भवे यथा।।**
**यथा धरा वराहे च यथा मेना हिमालये।**
**यथाऽत्रावनसूया च दमयन्ती नले यथा।।**
**रोहिणी च यथा चन्द्रे यथा कामे रतिः सती।**
**यथाऽदितिः कश्यपे च वसिष्ठेऽरुन्धती यथा।।**
**यथाऽहल्या गौतमे च देवहूतिश्च कर्दमे।**
**यथा वृहस्पतौ तारा शतरूपा मनौ यथा।।**
**यथा च दक्षिणा यज्ञे यथा च स्वाहा हुताशने।**
**यथा शची महेन्द्रे च यथा पुष्टि गणेश्वरे।।**
**देवसेना यथा स्कन्दे धर्मे मूर्तिर्यथा सती।**
**सौभाग्यासु प्रिया त्वं च शङ्खचूडे तथा भव।।**[19]

इससे प्रकट होता है कि प्रेमपूर्ण अविच्छेद्य और अटल दाम्पत्य पौराणिक आदर्श था। इसके लिए ही पौराणिक समाज कृत्संकल्प था। सौभाग्यवान् दम्पतियां यश और प्रतिष्ठा के भाजन थे। दाम्पत्य विखण्डन का दोषी घोर नरक प्राप्त करता था चाहे वह स्वयं सर्वेश्वर विष्णु ही क्यों न हों। गंगा विष्णु से कहती है-

**निर्दोषकामिनीत्यागं कुरुते यो जनो भवे।**
**स याति नरकं कल्पं किं ते सर्वेश्वरस्य वा।।**[20]

कुण्डला अपनी सखी मदालसा के पति कुवलयाश्व को शिक्षा देती हुई कहती है-

**त्वया विश्रम्भिता चास्मि स्मारयाम्यरिसूदन।**
**भर्त्तव्या रक्षितव्या च भार्या हि पतिना सदा।।**

धर्मार्थकामसंसिद्ध्यै भार्या भर्त्तुः सहायिनी।
यथा च भार्या भर्त्ता च परस्परमनुव्रतौ।।
तथा धर्मार्थकामानां त्रयाणामपि सङ्गतम्।
कथं भार्यामृते धर्ममर्थं वा पुरुषः प्रभो।।
प्राप्नोति काममर्थं वा तस्या त्रितयमाहितम्।
तथैव भर्त्तारमृते भार्या धर्मादिसाधने।।
न समर्था त्रिवर्गोऽयं दाम्पत्यं समुपाश्रिताः।
देवतापितृभृत्यानामतिथीनां च पूजनम्।।
दम्पत्योः सधर्मेण त्रयीधर्ममवाप्नुयात्।
पुत्राणां योनिरन्या वै नान्यतो भार्यया विना।।[21]

इसी प्रकार ब्रह्मवैवर्त पुराण कहता है कि धर्मपत्नी के त्याग से नरक की प्राप्ति होती है–

अनपत्यां च युवतीं कुलजां च पतिव्रतां।
त्यक्त्वा भवेयुः संन्यासी ब्रह्मचारी यतीति वा।।
वाणिज्ये वा प्रवासे वा चिरं दूरं प्रयाति यः।
तीर्थे वा तपसे वाऽपि मोक्षार्थं जन्मखण्डितुम्।।
न मोक्षस्तस्य भवति धर्मस्य स्खलनं ध्रुवम्।
अभिशापेन भार्याया नरकं च परत्र च।।[22]

अर्थात् जो संतान रहित युवती, कुलीन और पतिव्रता स्त्री को त्यागकर संन्यासी, ब्रह्मचारी अथवा यति हो जाता है अथवा व्यापार या परदेश करने के लिए बहुत दूर चला जाता है, मोक्ष के लिए अथवा जन्म खण्डन करने के लिए तीर्थवासी या तपस्वी हो जाता है उसे मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती और धर्म का नाश निश्चित रूप से होता है। पत्नी के शाप से उसे नरक जाना पड़ता है, इसी लोक में उसके यश का नाश हो जाता है।

इन्हीं मान्यताओं का प्रतिफल है कि आधुनिक भारतीय समाज में दाम्पत्य सम्बन्ध स्थायी है। यद्यपि पौराणिक संस्कृति के ह्रास, नैतिक मूल्यों में पतन और बदलते हुए विश्वास ने दाम्पत्य विखण्डन में वृद्धि की है। परन्तु यह अन्य संस्कृतियों की दृष्टि से नगण्य है। उपर्युक्त पौराणिक आदर्श समाज के लिए अति उपयोगी है। यह दाम्पत्य विखण्डन जनित त्रासदी से समाज को बचा सकता है। पाश्चात्य समाज में प्राप्त दम्पतियों के स्वच्छन्दता का अनुकरण करने पर भारतीय समाज की मूल आत्मा ही विनष्ट हो जायेगी। दीर्घकालीन, कल्याणकारी एवं निर्लिप्त भाव से हुए चिन्तन से प्रसूत एवं समय-समय पर परिशुद्ध व्यवस्था ही किसी समाज के अनुकूल होती है। दूसरी परिस्थिति एवं दशा में जन्मी व्यवस्था का अन्धानुकरण करने पर अनेक संरचना, समायोजन और द्वन्द्व जनित समस्यायें जन्म लेंगी जो समाज को विनाश के किनारे पहुँचा देंगी।

5. पुराणों में एक पत्नीव्रत को प्रशस्त और सौख्य का हेतु माना गया है। पत्नी को अर्द्धाङ्गिनी और सहधर्मिणी कहना इसी का प्रतिफल है। किसी पुरुष की पत्नी तभी अर्द्धाङ्गिनी

शब्द से व्यवहृत हो सकती है जब कि पुरुष एकनिष्ठ हो। ब्रह्मवैवर्त पुराण लक्ष्मी, सरस्वती और गंगा को विष्णु पत्नी के रूप में वर्णित किया है। इनमें परस्पर दाम्पत्य सम्बन्धी कलह का वर्णन कर यह पुराण इसी संदेश को संप्रेषित करने का यत्न किया है कि अनेक पत्नियों से जीवन को सौख्य और शान्ति लुप्त हो जाती है। इस कलह से विषादयुक्त होकर स्वयं विष्णु कहते हैं–

**बह्वीनां च सपत्नीनां नैकत्र श्रेयसी स्थितिः।**
**एकभार्यः सुखी नैव बहुभार्यः कदाचन।।**[23]

मार्कण्डेय पुराण में स्वरोचिष् को अपनी तीन पत्नियों मनोरमा, कलावती और विभावरी को संग देखकर चक्रवाकी अपनी सखी कलहंसी से स्वरोचिष् की आलोचना करती है। प्रेम एक ही आधार में रह सकता है, ऐसा कहती हुई अपने पति के एकनिष्ठ प्रेम की प्रशंसा करती है।[24] श्रीमद्भागवत् भगवान् श्रीराम के एकनिष्ठ प्रेम की प्रशंसा करते हुए कहता है–

**एकपत्नीव्रतधरो राजर्षिचरितः शुचिः।**
**स्वधर्मं गृहमेधीयं शिक्षयन् स्वयमाचरत्।।**[25]

इसी प्रकार मार्कण्डेय पुराण का उत्तम–बहुला प्रसंग तथा सुशर्मा–अतिराज कन्या प्रसंग दाम्पत्य एकनिष्ठता के महत्व को ही प्रकाशित करते हैं।[26] दिव्यांगना वरूथिनी द्वारा समागम की मार्मिक अभिलाषा करने पर भी सच्चरित्र वरुणानगरवासी ब्राह्मण वरूथिनी से कहता है–

**परस्त्रियं नाभिलषेदित्यूचुगुर्रवो मम।**
**ते त्वां नाभिवाञ्छामि कामं विलप शुष्य वा।।**[27]

इस प्रकार पौराणिक समाज में एकपत्नी धर्म का अनुपालन श्रेयस्कर माना जाता था। अधिकतर पौराणिक दंपतियाँ इसका अनुपालन करते थे। आधुनिक भारतीय समाज पर इसका प्रभाव स्पष्ट देखा जा सकता है। सम्प्रति अधिकांश दम्पती एक पत्नीव्रत वाले ही हैं। सरकार ने कानून बनाकर लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित किया है। पारिवारिक सुख, समृद्धि और शान्ति के लिए यह आवश्यक है। इससे न केवल पारिवारिक कलह का अन्त होता है बल्कि संतानों की उचित रीति से पालन–पोषण और उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।

6. एक पत्नीव्रतनिष्ठ होने के साथ–साथ पौराणिक दम्पतियों में दाम्पत्यनिष्ठा भी विद्यमान थी। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाय तो पौराणिक दम्पती एक दूसरे में निष्ठावान् थे, ऐसी पुराण परिशीलन से ज्ञात होता है। पुराणों को यही अभिलषित था। वराह पुराण कहता है कि ऋतुकाल में पत्नी के साथ समागम से अधिक सुख और कोई क्या हो सकता है?[28] दूसरे की सुन्दर स्त्री को देखकर जिसकी दृष्टि और चित्त विचलित न हो, उससे अधिक सुखी कौन हो सकता है।[29] ब्रह्मवैवर्तपुराण "परस्त्रीसहसंभोगः स्वभावश्चाप्यधर्मिणां"[30] कहते हुए परस्त्री भोग को अधार्मिक कृत्य कहता है। उसके अनुसार परस्त्री अगम्या होती है–

**क्षणं सुखं चिरं दुःखं सर्वनाशस्य कारणम्।**
**अगम्यागमनं दुःखं धर्मिष्ठो नैव वाञ्छति।।**[31]

एक अन्य स्थल पर ब्रह्मवैवर्त पुराण परस्त्री आसक्त पुरुष को सभी कर्मों में अशुद्ध कहता है–

**यस्य चित्तं परस्त्रीषु सोऽशुचिः सर्वकर्मसु।**
**न कर्मफलभाग्पापी निन्द्यो विश्वेषु सर्वतः।।**[32]

स्त्रियाँ काम संतुष्टि प्रदान करती रहें तथा वह परपुरुषासक्त न हों एतदर्थ स्कन्द पुराण कहता है कि ऋतुकाल में कामेच्छा की संतुष्टि न हो पाने पर नारी अन्य पुरुष की कामना करने लगती है।[33] विष्णु पुराण कहता है कि परस्त्री संसर्ग न करने वाले तथा स्वदारानिरत पुरुष से भगवान् प्रसन्न रहते हैं।[34] इसी प्रकार का भाव व्यक्त करते हुए पद्म पुराण कहता है कि जिसके मन में परस्त्री की इच्छा न हो, वे मनुष्य देवलोक को प्राप्त होते हैं। उन्हें यम की यातना नहीं सहनी पड़ती।[35] मार्कण्डेय पुराण तो परस्त्री परायण पुरुष का दर्शन भी अशुभ मानता है।[36] स्त्री की दाम्पत्यनिष्ठा पुराणों में पातिव्रत्य धर्म के रूप में व्यक्त हुई है।

दाम्पत्यनिष्ठा का यह आदर्श आज में विद्यमान है। दम्पती इन्हीं पौराणिक मान्यताओं का अनुकरण करते हुए निष्ठापूर्ण आचरण करते हैं। विगत कुछ वर्षों से पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव और दूरदर्शन के अश्लील कार्यक्रम, गन्दी फिल्मों ने इस निष्ठा में ह्रास अवश्य उत्पन्न किया है। दाम्पत्यनिष्ठा आचारवान् , चरित्रवान्, शान्त और अहिंसाविहीन सामज के लिए अनिवार्य है। समाज में बढ़ रही हिंसावृत्ति के पीछे नैतिक गुणों और धार्मिक मान्यताओं के विश्वास में कभी भी जिम्मेदार हैं। उपर्युक्त सद्गुण को अपनाकर समाज हिंसावृत्ति में कमी अवश्य कर सकता है।

7. पुराणों में स्त्रियों के लिए कुछ मर्यादायें तथा गुण विहित थे जिनकी अपेक्षा आज भी भारतीय समाज में की जाती हैं। इनमें कुछ का वर्णन यहाँ किया जा रहा है।

(i) पुराणों में पिता या अभिभावक द्वारा योग्य तथा श्रेष्ठ वर को कन्या दी जाती थी। कन्या द्वारा वर की याचना को प्रशस्त नहीं माना जाता था–

**पिता ददाति कन्यां तां योग्याय च वराय च।**
**कन्या वरं न याचेत धर्म एष सनातनः।।**[37]

(ii) पत्नी द्वारा पति का नाम लेना वर्जित था। पति का नामोच्चारण न करना उसकी आयु की वृद्धि का हेतु था।[38] यद्यपि यह पूर्ण रूप से वर्जित न रहा होगा। यह सामान्य परिस्थितियों के लिए था। दूसरे के साथ वार्तालाप के समय आवश्यकता पड़ने पर पत्नियाँ अवश्य नामोच्चारण करती रही होंगी। पार्वती दक्ष के समक्ष स्वयं पति के नाम के अर्थों को विवृत करती हैं–

**यद् द्वयक्षरं नाम गिरेरितं नृणां**
**सकृत्प्रसङ्गादघमाशु हन्ति तत्।**
**पवित्रकीर्तिं तमलङ्घ्यशासनं**
**भवानहो द्वेष्टि शिवं शिवेतरः।।**[39]

(iii) पत्नी में प्रियवक्तृत्व, पातिव्रतत्व, माङ्गल्य, धर्माचरणत्व और सौभाग्यवर्धनीयतादि गुणों की अपेक्षा की जाती थी। इन गुणों से युक्त होने पर वह प्रिया कही जाती थी। ऐसी गुणवती

स्त्री होने पर व्यक्ति देवत्व को प्राप्त हो जाता है, ऐसा गरुण पुराण कहता है–

**सा भार्या या गृहे दक्षा सा भार्या या प्रियंवदा।**
**सा भार्या वा पतिप्राणा सा भार्या या पतिव्रता।।**
**हिता स्नाता सुगन्धा च नित्यं च प्रियवादिनी।**
**अल्पभुक्ताल्पभाषिणी सततं मङ्गलैर्युता।।**
**सततं च धर्मबहुला सततं च पतिप्रिया।**
**सततं प्रियवक्त्री च सतत् ऋतुकामिनी।।**
**एतदादिक्रिया युक्ता सर्वसौभाग्यवर्द्धिनी।**
**यस्येदृशी भवेद् भार्या देवेन्द्रो न स मानुषः।।**
**यस्य भार्या गुणज्ञा च भर्तारमनुगामिनी।**
**अल्पेऽनल्पे च संतुष्टा सा प्रिया न प्रियाप्रिया।।**[40]

ऐसी गुणवती स्त्री की अभिलाषा वर्तमान में ही नहीं अपितु सतत् रहेगी। ऐसी स्त्रियाँ देवत्व की अनुभूति कराती है तथा स्वयं भी यमराज आदि देवों द्वारा पूजी जाती हैं। इनके विपरीत आचरण देवता भी नहीं करते।[41]

(iv) स्त्रियों के लिए पति को देवतुल्य बताया गया है। मत्स्य पुराण कहता है– पतिर्हि दैवतं स्त्रीणां पतिरेव परायणम्।[42] ब्रह्मवैवर्त पुराण में स्त्री को व्रत, तपस्या, देवार्चन आदि त्यागकर प्रयत्नपूर्वक पति के परितोषण हेतु सेवा करने के लिए कहा गया है–

**व्रतं तपस्यां दैवार्चां परित्यज्य प्रयत्नतः।**
**कुर्याच्चरणसेवां च स्तवनं परितोषणम्।।**[43]

श्रीमद्भागवत पुराण कहता है–

**भर्तुः शुश्रूषणं स्त्रीणां परो धर्मो ह्यमायया।**[44]

पद्मपुराण कहता है–

**कार्ये दासी रतौ वेश्या भोजने जननी समा।**
**विपत्सु मन्त्रिणी भर्तुः सा च भार्या पतिव्रता।।** (पद्मपु. सृ.ख., 47/56)

शिवपुराण क्लीव, दुर्दशा को प्राप्त, रोगी, वृद्ध, सुखी अथाव दुःखी पति का भी उल्लंघन न करने के लिए कहता है–

**क्लीवं वा दुखस्थं वा व्याधितं वृद्धमेव च।**
**सुखितं दुःखितं वापि पतिमेकं न लङ्घयेत्।।**[45]

इसी प्रकार ब्रह्मपुराण कहता है–

**पतितं रोगिणं दुष्टं निर्गुणं धनहीनकम्।**
**युवानं चैव वृद्धं वा भजेत् तं न त्यजेत् सती।।**[46]

'**पतिव्रता पतिकृतं दोषं नानयते हृदि**' (पद्म 5.57.5) का अनुकरण करते हुए ही मार्कण्डेय पुराण में कुशिकवंशोत्पन्न ब्राह्मण पत्नी अपने कुष्ठरोगातुर पति की एकनिष्ठ सेवा करती है। यहाँ तक कि वह वेश्या समागम की लिप्सा वाले पति को अपने कंधे पर बैठाकर

उसके घर भी ले जाती है। (मार्क.अं.16) इससे पति-पत्नी के वासनाजन्य प्रेम नहीं अपितु आत्मिक प्रीति की अभिव्यक्ति हुई है।

स्कन्द पुराण कहता है कि ऐसी स्त्रियाँ पति की रक्षा ईश्वर से भी करने में सक्षम होती हैं-

**व्यालग्राही यथा व्यालं बलाद् उद्धरते विलात्।**
**एवमुत्क्रम्य दूतेभ्यः पतिं स्वर्गं व्रजेत् सती।।**
**यमदूताः पलायन्ते तामवलोक्य पतिव्रतां।।**[47]

पौराणिक समाज में परिवार संयुक्त था। परिवार में परस्पर प्रीति सामञ्जस्य और अनुकूलता बनी रहे, इसके लिए भी पौराणिक पत्नियाँ यत्नशील थीं। वे बड़ों के प्रति आदर एवं सम्मान युक्त थीं तथा छोटों के प्रति स्नेहशीला थीं। छोटे समुचित रीति से तथा सर्वाङ्गपूर्ण ढंग से विकसित हों यही उनका लक्ष्य था। इसी के कारण वे गृहलक्ष्मी के पद पर सुशोभित होती थीं। सावित्री, मदालसा आदि नारियाँ इसकी उदाहरण हैं। मदालसा का व्यवहार द्रष्टव्य है-

**आगम्य स्वपुरं सोऽथ पित्रोः सर्वमशेषतः।**
**कथयामास तन्वङ्गी यथा प्राप्ता पुनर्मृता।।**
**स्वजनं च यथापूर्वं वन्दनाश्लेषणादिभिः।।**
**पूजयामास तन्वङ्गी यथा न्यायं यथा वयः।।**[48]

स्त्रियों में ये समस्त विधान, गुण और अपेक्षायें पुराणों ने दाम्पत्य को स्थायी, अनुकूल, प्रीतियुक्त, सौमनस्यपूर्ण और शान्तिपूर्ण बनाने के लिए किए थे। यहाँ दम्पतियों के जीवन को सुखमय बनाने का पौराणिक दृष्टिकोण दिखाई देता है। ये गुण आज भी स्त्रियों के लिए आदर्श हैं। इनसे भारतीय समाज आज भी प्रेरित दिखाई देता है। दाम्पत्य कलह की बढ़ती घटनायें दम्पतियों में उत्पन्न होती रुक्षता, एकात्मकता का अभाव, परस्पर बढ़ती ईर्ष्या और अननुकूलता दूर करने हेतु ये गुण तथा विधान उपादेय हो सकते हैं, इसमें किञ्चिदपि संदेह का अवकाश नहीं है।

इस प्रकार बदलती परिस्थितियों, जीवन मूल्यों और विश्वासों में भी भारतीय समाज दाम्पत्य सम्बन्धी पौराणिक मान्यताओं से ओतप्रोत है। आज भी वह उन्हीं जीवन मूल्यों से अनुप्राणित है। पारिवारिक व्यवस्थायें इन्हीं आधारभूमियों पर प्रतिष्ठित हैं। यद्यपि अन्य आगत संस्कृतियों से वर्तमान समाज में सामाजिक व्यवस्थाओं की द्वन्द्वात्मिकता बढ़ रही है। इस कारण परिवार विखण्डन, दाम्पत्य कलह, दुराचार और हिंसादि की घटनायें भी बढ़ी है। दम्पतियों की एकात्मकता की पौराणिक धारणा को स्वार्थपूर्ण आत्मोन्नति की भावना ने क्षरित किया है। परस्पर विश्वास, सद्भाव, सहभागिता और आत्मिकता में ह्रास स्पष्ट दिखाई दे रहा है। दंपतियां पाश्चात्य संस्कृति की स्वच्छन्दता और भारतीय संयमयुक्त स्वतन्त्रता के द्वन्द्व में उलझी हैं। इस वातावरण में सहस्र वर्षों के अनन्त वैचारिक प्रवाह से प्रसूत पौराणिक दाम्पत्य चिन्तन उपादेय हो सकता है। इन्हीं चिन्तनों पर प्रतिष्ठित भारतीय समाज सहस्रो वर्षों से सहज, शान्त, सुखी और सुदृढ़ रूप में विद्यमान है। भारतीय संस्कृति को सनातन संस्कृति कहने का यही हेतु है।

## सन्दर्भ-


1. श्रीमद्भा. 5/14/37
2. नारद., उ. 27/142
3. एवं भवतु भद्रं ते विधिरेवात्र कारणम्।
   अन्यथा कथमन्यत्र त्वामहं च समागतः।। मार्क. 124/5
4. पद्म. 6/128/126
5. ब्रह्मवै., कृ.ज.ख., 17/134-136
6. मनु. 9/95
7. ब्रह्माण्ड. 2/7/172-173, विष्णुधर्मो. 3/224/24
8. ब्रह्म. 55/77, 66/10-11, 67/21-27
9. मार्क. 67/23
10. तदेव 26/4-5
11. मत्स्य. 209/17-18
12. ब्रह्मवै. ख. 44.16
13. दोषान् परेषां हि गुणेषु साधवो
    गृह्णन्ति केचिन्न भवादृशा द्विज।
    गुणांश्च फल्गून् बहुलीकरिष्णवो
    महत्तमास्तेष्वविद् भवानघम्।। श्रीमद्भा. 4/4/12
14. श्रीमद्भा. 4.4.17
15. ब्रह्मवै., कृ.ज.ख., 7/32-34
16. मार्क., अ. 128
17. तदेव, अ. 66-68
18. मत्स्य. 207/13
19. ब्रह्मवै., प्र.ख. 16/106-111
20. तदेव, 6/73
21. मार्क. 19/69-76
22. ब्रह्मवै. कृ.ज.ख. 113/6-8
23. तदेव, 6/64
24. मार्क0, अध्याय-62, श्लोक 6-14
25. श्रीमद्भा. 9/10/55
26. मार्क., अ. 66, 67
27. तदेव, 58/73
28. वराह. 116/44-49
29. तदेव 116/35-41
30. ब्रह्मवै. कृ.ज.ख. 86/84
31. तदेव, 86/88

32. तदेव, प्र.ख. 58/32
33. स्कन्द. 5/3/190/10-11
34. विष्णु. 3/8/14
35. पद्म. 3/31/79-90
36. मार्क. 32/40
37. ब्रह्मवै., कृ.ज.ख. 114/36
38. भतुर्नाम न गृह्णाति ह्यायुष्योऽस्य विवृद्धये।
    आक्रुष्टाऽपि च नाक्रोशेत् ताडिताऽपि प्रसीदति।। स्कन्द. पु., ब्र.ख. 2/7/18
39. श्रीमद्भा. 4/4/14
40. गरुड, आचारखण्डे 108/18-24
41. बैलोम्यं धर्मराजोऽपि नाचरत्थ योषिताम्।
    पतिव्रतानां धर्मज्ञ! पूज्यास्तस्या पिताः सदा।। मत्स्य. 207/3
42. मत्स्य. 210/17
43. ब्रह्मवै., कृ.ज.ख. 83/112
44. श्रीमद्भा. 10/29/24
45. शिव. 2.3.54.31
46. ब्रह्मवै.ब्र.ख., 9/70
47. स्कन्द., ब्र.ख. 7/54-56
48. मार्क. 23/1-3

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-**

1. गुरुडपुराण, नाग पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1984
2. नारदपुराण, नाग पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1984
3. पद्मपुराण, नाग पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1984
4. ब्रह्मपुराण, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद 1993
5. ब्रह्मवैवर्त्तपुराण, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद 2002
6. मत्स्यपुराण, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2006
7. मनुस्मृति, भारतीय विद्याभवन, मुम्बई, 1972
8. मार्कण्डेयपुराण, हिन्दी साहित्य सम्मेलन इलाहाबाद, 1996
9. ब्रह्माण्डपुराण, कृष्णदास अकादमी, वाराणसी, 1982
10. वराहपुराण, वेङ्कटेश्वर स्ट्रीम मुद्रणालय, दिल्ली, 1984
11. विष्णुधर्मोत्तर पुराण, नाग पब्लिकेशन्स दिल्ली, 1985
12. शिवपुराण, परिमल पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 2008
13. श्रीमद् भागवतपुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर, 2011
14. स्कन्दपुराण, नाग पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1982
15. विष्णुपुराण, नाग पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1998

❐❐

# प्राचीन भारतीय राजशास्त्र के पर्याय एवं स्वरूप

- डॉ. हिमांशु शेखर त्रिपाठी

*(वर्तमानकाले 'राजनीतिविज्ञान' (Political Science) 'राजनीतिशास्त्रमिति पदाभ्यां प्रसिद्धस्य शास्त्रस्य मूलमस्माकं धर्मशास्त्र-नीतिशास्त्रप्रतिपादकैः प्रणीतेषु स्मृतिग्रन्थेषु निहितमस्ति। प्राचीन भारतीयवाङ्मये राजनीतिविज्ञानमिति आधुनिकशास्त्रस्य पर्यायवाचिनः शब्दाः 'राजधर्म' 'राज्यधर्म' 'राजशास्त्र' 'राज्यशास्त्र' 'दण्डनीतिशास्त्र' 'अर्थशास्त्र' 'नीतिशास्त्र'-'राजनीतिशास्त्रप्रभृतयः शब्दाः विविधस्मृतिषु वाल्मीकिरामायणे महाभारते कौटिल्यार्थशास्त्रे शुक्रकामन्दकादिप्रणीते नीतिशास्त्रे च यथावसरं यथाप्रसङ्गं व्यवहृताः विविधशास्त्रकारैः। प्रबन्धेऽस्मिन् एतेषां पदानां स्वरूपं लक्षणञ्च निपुणं निरूपितं लेखकेन।)*

## 1. प्राचीन राजशास्त्र के पर्याय

आधुनिक युग में राजनीतिशास्त्र (Politics) या राजनीतिविज्ञान (Political Science) के नाम से प्रसिद्ध शास्त्र प्राचीन भारतीय वाङ्मय में राजधर्म, राजशास्त्र, राज्यशास्त्र, दण्डनीति, अर्थशास्त्र, नीतिशास्त्र तथा राजनीतिशास्त्र इत्यादि नामों (पर्यायों) से अभिहित किया जाता था।

वस्तुतः राजा द्वारा राज्य के सुसंचालन, संरक्षण, सम्यक् विकास एवं संवर्धन के लिए धर्म, नीति, अर्थ एवं दण्ड (शक्ति, सेना) सभी का आश्रयण नितान्त अनिवार्य है। ये सभी तत्त्व शासन-संचालन के मूल आधार हैं। अतः समय-समय पर भारतीय मनीषियों एवं राजशास्त्र प्रणेताओं ने इन तत्त्वों का निरूपण कर इन पर विशेष बल दिया। फलतः समयानुसार 'धर्म' पर विशेष बल देने वाले चिन्तकों ने राजशास्त्र को 'राजधर्म', 'दण्ड' को अधिक महत्त्वपूर्ण प्रतिपादित करने वालों ने 'दण्डनीति', 'अर्थ' पर अधिक जोर देने वाले विचारकों ने 'अर्थशास्त्र', 'नीति' को प्रमुखता देने वाले ऋषियों ने 'नीतिशास्त्र' या 'राजनीतिशास्त्र' नामों से शासनशास्त्र को सम्बोधित किया। चूंकि इन सभी का उद्देश्य लगभग समान अर्थात् स्वधर्म पालन द्वारा व्यक्ति, समाज एवं राज्य का संरक्षण एवं संवर्धन था इसलिए भी भिन्न-भिन्न धातुओं एवं प्रत्ययों से निष्पन्न ये शब्द प्रायशः एक दूसरे के पर्यायवाची बन गए।

### 1.1. राजधर्म :-

प्राचीन भारतीय चिन्तकों ने राजशास्त्र या राजनीतिशास्त्र को धर्मशास्त्र के अन्तर्गत ही स्थान दिया है तथा इसे 'राजधर्म' नाम से ही प्रायशः अभिहित किया है। प्रायः प्रत्येक प्रमुख धर्मशास्त्र-ग्रन्थ में स्वतन्त्र रूप से 'राजधर्मप्रकरण' नामक एक पृथक् अध्याय का समावेश

किया गया है। मनुस्मृति के 7वें तथा 8वें अध्याय 'राजधर्मप्रकरण' के नाम से ही विख्यात हैं। सातवें अध्याय के प्रारम्भ में मनु कहते हैं –

**राजधर्मान् प्रवक्ष्यामि यथावृत्तो भवेन्नृपः।**
**संभवश्च तथा तस्य सिद्धिश्च परमा यथा।।**[1]

याज्ञवल्क्य स्मृति के आचाराध्याय में भी 13वें प्रकरण का नाम 'राजधर्म प्रकरण' प्राप्त होता है। गौतम, वशिष्ठ, विष्णु, नारद एवं आपस्तम्ब आदि के ग्रन्थों में भी राजधर्म का निरूपण पृथक् अध्यायों में किया गया है।

महाभारत में भी 'राजधर्म' शब्द ही शासन–शास्त्र के अर्थ में अनेकशः प्रयुक्त हुआ है। शान्तिपर्व का अध्याय 56 से 172 तक का भाग 'राजधर्म प्रकरण' के नाम से ही जाना जाता है। शान्तिपर्व के अन्ठानवें अध्याय में राजधर्म शब्द का उल्लेख करते हुए बृहस्पति भारद्वाज, गौरशिरा, काव्य, महेन्द्र, प्राचेतस, मनु एवं विशालाक्ष नामक ऋषियों को 'राजशास्त्रप्रणेतारः' के नाम से संबोधित किया गया है। यथा–

**एतत्ते राजधर्माणां नवनीतं युधिष्ठिर।**
**बृहस्पतिर्हि भगवान् नान्यं धर्मं प्रशंसति।।**
**विशालाक्षश्च भगवान् काव्यश्चैव महातपः।**
**सहस्राक्षो महेन्द्रश्च तथा प्राचेतसो मनुः।।**
**भारद्वाजश्च भगवांस्तथा गौरशिरा मुनिः।**
**राजशास्त्र-प्रणेतारो ब्रह्मण्याः ब्रह्मवादिनः।।**[2]

शान्तिपर्व के ही 56वें अध्याय में 'राजधर्म' को सभी धर्मों का सार या सभी प्राणियों का अवलम्ब बताया गया है –

**राजधर्मं विशेषेण कथयस्व पितामह।**
**सर्वस्व जीवलोकस्य राजधर्माः परायणम्।।**
**त्रिवर्गोऽत्र समासक्तो राजधर्मेषु कौरव।**
**मोक्षधर्मश्च विस्पष्टः सकलोऽत्र समाहितः।।**[3]

इसी तरह शान्तिपर्व के 63वें अध्याय में राजधर्म का महत्त्व निरूपित करते हुए आचार्य भीष्म ने कहा है कि जैसे सभी प्राणियों के पदचिह्न हाथी के पदचिह्न में विलीन हो जाते हैं वैसे ही सब प्रकार के धर्मों को हर तरह से राजधर्म में लीन समझना चाहिए। सभी धर्मों में राजधर्म ही मुख्य है, राजधर्म द्वारा ही सब धर्मों का पालन होता है तथा राजधर्म में ही सब प्रकार के त्याग वर्णित हैं। अतः राजधर्म ही सबसे प्रधान है क्योंकि त्याग को ही सर्वश्रेष्ठ एवं प्राचीनतम धर्म माना जाता है –

**यथा राजन् हस्तिपदे पदानि संलीयन्ते सर्वसत्त्वोद्भवानि।**
**एवं धर्मान् राजधर्मेषु सर्वान् सर्वावस्थं सम्प्रलीनान्निबोध।।**
**सर्वे धर्मा राजधर्म-प्रधानाः सर्वे धर्माः पाल्यमानाः भवन्ति।**
**सर्वत्यागो राजधर्मेषु राजन् त्यागे चाहुर्धर्ममग्र्यं पुराणम्।।**[4]

विभिन्न पुराणों, विशेषतः मत्स्य, अग्नि, मार्कण्डेयपुराण आदि में भी 'राजधर्म' का नामोल्लेखपूर्वक निरूपण किया गया है। इसी प्रकार कौटिल्य, शुक्र आदि चिन्तकों ने भी 'राजधर्म' शब्द का व्यवहार अपनी कृतियों में बहुशः किया है। परवर्ती कतिपय धर्म-निबन्धकारों ने तो अपने ग्रन्थों का नाम भी राजधर्म पर ही आधृत रखा है। यथा अनन्तदेव का 'राजधर्म कौस्तुभ', लक्ष्मीधर का 'राजधर्मकाण्ड' (कृत्यकल्पतरु) आदि। इस तरह यह स्पष्ट हो जाता है कि राजशास्त्र के लिए सर्वाधिक प्राचीन, मान्य एवं प्रचलित पर्याय 'राजधर्म' ही माना गया है।

**1.2. राजशास्त्र ( राज्यशास्त्र ) :-**

प्राचीनकाल में इसका नाम राजशास्त्र या राज्यशास्त्र भी था। 'नीतिप्रकाशिका' में लिखा है कि ब्रह्मा ने एक लाख अध्यायों वाला राजशास्त्र लिखा जिसे मनु, बृहस्पति आदि ने क्रमशः संक्षिप्त किया और गौरशिरा एवं व्यास ने उसे क्रमसे पाँच सौ एवं तीन सौ अध्यायों में समेटा।[5] महाभारत में भी उसका नाम राजशास्त्र पाया जाता है तथा बृहस्पति, भारद्वाज आदि लेखकों एवं चिन्तकों को 'राजशास्त्र-प्रणेतारः' कहा गया है। नीतिप्रकाशिकाकार ने भी बृहस्पति, भारद्वाज तथा अन्य लेखकों को 'राजशास्त्र-प्रणेतारः' की उपाधि दी है। अश्वघोष ने भी अपने बुद्ध चरित में राजशास्त्र शब्द का ही प्रयोग किया है। जिस राजशास्त्र को भृगु एवं अंगिरा ये दो ऋषि नहीं बना सके उसे उनके पुत्रों-शुक्र और बृहस्पति ने बनाया।[6] महाभारत के शान्तिपर्व में भी अनेकशः राजशास्त्र का उल्लेख प्राप्त होता है। यथा अन्ठानवें अध्याय के श्लोक सं- 1 से 3 तक बृहस्पति, भारद्वाज, गौरशिरा प्रभृति आचार्यों को ''राजशास्त्र-प्रणेतारः'' के नाम से निरूपित किया गया है।

प्रो. एडगर्टन द्वारा सम्पादित पंचतन्त्र के प्रथम श्लोक में मनु, शुक्र, पराशर एवं उनके पुत्र, चाणक्य तथा अन्य लेखकों को 'नृपशास्त्र' का लेखक कहा गया है।

**1.3. दण्डनीतिशास्त्र :-**

दण्ड की व्यवस्था जिस शास्त्र में हो उसे दण्डनीतिशास्त्र कहते हैं और दण्ड की व्यवस्था को दण्डनीति कहते हैं। वाचस्पत्यकार ने दण्डनीति शब्द की निरुक्ति पृष्ठ 3433 पर यों की है - दण्डो नीयते अन्या, नी+करणे क्तिन्। महाभारत में दण्डनीति की व्युत्पत्ति बताई गई है -

**'दण्डेन नीयते चेयं दण्डं नयति वा पुनः।**
**दण्डनीतिरितिख्याता त्रींल्लोकानाभिवर्त्तते।।'**[7]

अर्थात् यह विश्व दण्ड के द्वारा अच्छे मार्ग पर लाया जाता है, या यह शास्त्र दण्ड देने की व्यवस्था करता है- इसी कारण इसे दण्डनीति कहते हैं। यह तीनों लोकों में छाया हुआ है।

महाभारत के शान्तिपर्व[8] में दण्ड एवं दण्डनीति-इन दोनों के प्रादुर्भाव की एक सुन्दर एवं रोचक कथा कही गयी है। पहले लोग स्वतः धर्म में प्रवृत्त रहते थे। उनके लिए किसी दण्डव्यवस्थापक की आवश्यकता नहीं थी। पर धीरे-धीरे उनमें धर्म-भावना का ह्रास होने

लगा। मोह ने उन्हें आ घेरा। मोह के कारण उनके कर्त्तव्याकर्त्तव्य का ज्ञान नष्ट हो गया। फिर ईप्सित वस्तुओं को पाने की इच्छा उत्पन्न हुई, जिससे दूसरा दोष 'काम' पैदा हुआ। काम के बाद 'राग' की उत्पत्ति हुई। अब तो इन तीन दोषों के कारण लोग अगम्यागमन, अभक्ष्य-भक्षण, अवाच्य-वचन आदि करने लगे। वे पथभ्रष्ट हो गए। वैदिक धर्म का लोप होने लगा। वैदिक धर्म के नष्ट होने से भयभीत होकर देवता लोग ब्रह्मा की शरण में पहुँचकर धर्म की रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगे। ब्रह्मा ने उनके कल्याणार्थ एक लाख श्लोकों का त्रिवर्गशास्त्र बनाया, जिसमें धर्म, अर्थ एवं काम का विस्तृत वर्णन किया, जिसके पृथक्-पृथक् तीन वर्ग होते हैं- स्थान, वृद्धि एवं क्षय। स्थान का तात्पर्य है धनियों की सुख-शान्ति के साथ स्थिति। वृद्धि का अर्थ है धर्मात्माओं की वृद्धि एवं क्षय का तात्पर्य है दुष्टों का क्षय। इस तरह दण्डनीति रक्षा, वृद्धि एवं विनाश- इन तीनों कार्यों को करती है। महाभारतकार कहते हैं- इस पैतामहतन्त्र में (जो दण्डनीति का आदिम ग्रन्थ था) त्रयी- तीनों वेद, तर्कविद्या, वार्त्ता (अर्थ विद्या) एवं दण्डनीति सभी का सांगोपांग वर्णन हुआ। व्यास चार उपायों के अतिरिक्त एक पाँचवाँ उपाय भी बतलाते हैं - उपेक्षा। फलतः इनके अनुसार साम, भेद, दान, दण्ड और उपेक्षा ये पाँच कार्य-साधन के उपाय हैं।[9]

**त्रयी चान्वीक्षिकी चैव वार्ता च भरतर्षभ।**

महाभारत में दण्ड एवं दण्डनीति का विनिर्गमन ब्रह्मा से बतलाया गया है। भारतीय मनीषी प्रायः सभी वस्तुओं एवं शास्त्रों की उत्पत्ति ब्रह्मा से ही मानते हैं। 'शास्त्रयोनित्वात्' सूत्र में व्यास ने भी इसी बात का प्रतिपादन किया है- ब्रह्मा ही सभी शास्त्रों की योनि अर्थात् उत्पादक हैं। दण्डनीति शब्द का प्रयोग उस शास्त्र के अर्थ में होता है, जिसमें दण्डनीति का वर्णन हो। भारतीय साहित्य में प्राचीन युग में दण्डनीति से सम्बद्ध अनेकानेक ग्रन्थों की रचना हुई। प्रायः सभी स्मृतियों एवं धर्मसूत्रों में राजधर्म-प्रकरण के अन्तर्गत दण्डव्यवस्था का विशद विवेचन उपलब्ध होता है। प्रत्येक धर्मग्रन्थ में राजधर्म का एक पृथक् प्रकरण ही पाया जाता है, जिसमें राजाओं के कर्त्तव्य, प्रजाशासनविधि एवं अपराधियों के दण्ड देने की व्यवस्था का विधान किया गया है।

मनुस्मृति के टीकाकार कुल्लूकभट्ट भी दण्डनीति को अर्थशास्त्र मानते हैं। उन्होंने लिखा है- 'दण्डनीतिं चार्थशास्त्ररूपामर्थयोगक्षेमोपदेशिनीं पारम्पर्यागतत्वेन नित्याम्।'[10] यहाँ अर्थ के योगक्षेम का उपदेश करने वाले ग्रन्थ को ही दण्डनीति माना गया है। पर यह अर्थ सर्वसम्मत नहीं है। दण्डनीति का सम्बन्ध वस्तुतः अर्थ से बहुत ही कम है। उसका अधिक सम्बन्ध दण्डव्यवस्था से ही है। यह सही है कि अर्थशास्त्र में भी दण्ड व्यवस्था का विधान है, पर वह बहुत ही गौण है। यों तो केवल दण्डनीति पर पृथक् कोई स्वतंत्र आर्ष ग्रन्थ आज उपलब्ध नहीं है। धर्मसूत्रों एवं अर्थशास्त्रों में ही दण्ड की भी व्यवस्था है। सम्भवतः इसी कारण कुल्लूक ने दण्डनीति से अर्थशास्त्र को ले लिया होगा। डॉ. बागुची ने इस विषय पर विस्तृत विवेचन किया है। इनके मतानुसार आजकल जिसे 'अर्थशास्त्र' कहते हैं उसे वस्तुतः 'वार्त्ता' कहना चाहिए जिसमें अर्थोपार्जन तथा उसके रक्षण आदि से सम्बद्ध विषयों का वर्णन हो।

भारतीय दण्डनीति धर्म पर आश्रित है। दण्डनीति का उद्देश्य बाह्य सुरक्षा द्वारा अध्यात्म सम्पत्ति का अर्जन है। भारतीयों के जीवन का चरम लक्ष्य मोक्ष है, जिसकी प्राप्ति अध्यात्म सम्पत्ति के अर्जन द्वारा होती है। यह अध्यात्म सम्पत्ति तभी अर्जित की जा सकती है जब देश में शान्ति हो, सुरक्षा हो, सात्त्विक भाव का उदय हो। ऐसी व्यवस्था राजा की सुन्दर दण्डव्यवस्था पर ही निर्भर है।

डॉ. बागुची आदि आधुनिक विद्वान् अर्थशास्त्र का व्यवहार दण्डनीति के ही अर्थ में उपयुक्त मानते हैं। इस दण्डनीति का प्रतिपाद्य विषय नय और अनय-अर्थात् नीति और अनीति है। ऐसी सुन्दर व्यवस्था करना जिससे प्रजा नीति का अनुसरण करे तथा अनीति से दूर रहे। यदि कोई अनीति का अनुसरण करे तो उसके लिए दण्ड की व्यवस्था करना भी दण्डनीति के अन्तर्गत ही आता है। अत: कौटिल्य के अर्थशास्त्र आदि ग्रन्थ दण्डनीति के नाम से ही अभिहित हो सकते हैं।

कौटिल्य कृषि, पशु-पालन एवं व्यापार को 'वार्त्ता' कहते हैं। उनके अनुसार आन्वीक्षिकी, त्रयी और वार्त्ता-इनके योगक्षेम का साधन दण्ड है। उस दण्ड की नीति बतलाने वाले ग्रन्थ को दण्डनीति कहते हैं। उसके प्रयोजन निम्नलिखित हैं- यह अप्राप्त वस्तुओं को प्राप्त कराती है, प्राप्त वस्तुओं की रक्षा करती है, रक्षित वस्तुओं को वृद्धि करती है और संबन्धित वस्तुओं को समुचित कार्यों में लगाने का निर्देश करती है। उसी पर संसार की सारी लोकयात्रा निर्भर है। इसलिए लोक को समुचित मार्ग पर ले चलने का इच्छुक राजा सदा उद्यतदण्ड रहे। प्राचीन आचार्यों का अभिमत है कि दण्ड के अतिरिक्त कोई दूसरा उपाय नहीं हैं, जिसमें सभी प्राणियों को सहज वश में किया जा सके।[11]

शुक्रनीतिकार चार विद्याओं का अभ्यास राजा के लिए आवश्यक बतलाते हैं। न्याय, वेदान्त आदि को वे आन्वीक्षिकी, धर्म एवं अधर्म तथा काम एवं अकाम के प्रतिपादक ग्रन्थ को त्रयी, अर्थ एवं अनर्थ के बतलाने वाले ग्रन्थ को वार्त्ता तथा नय एवं अनय के प्रतिपादक ग्रन्थ को दण्डनीति कहते हैं। दण्डनीति शब्द की व्याख्या शुक्रनीतिकार ने इन शब्दों में की है- 'दम (नियंत्रण) को दण्डनीति कहते हैं। राजा को दण्ड इसलिए कहते हैं क्योंकि उसमें दण्ड केन्द्रित रहता है। दण्ड की नीति या नियमों को दण्डनीति कहते हैं। इसे नीति इसलिए कहते हैं कि वह लोगों को सन्मार्ग पर ले चलती है।'[12] अमरकोष के टीकाकार भानुजी दीक्षित ने दण्डनीति शब्द की व्याख्या करते हुए लिखा है- जिसके द्वारा दण्ड के सम्बन्ध में ज्ञान प्राप्त होता है अथवा जो दण्डनीय व्यक्तियों को दण्डित करती है वह दण्डनीति है। इन्होंने दण्डनीति को ही अर्थशास्त्र बतलाया है।[13] अमरकोषकार अमरसिंह ने तो दण्डनीति को अर्थशास्त्र का पर्यायवाची माना है- "आन्वीक्षिकी दण्डनीतिस्तर्कविद्यार्थशास्त्रयोः"।[14]

इसी प्रकार नीतिसार 2/15 में भी इसी तरह का उल्लेख पाया जाता है। महाभारत के अनुशासनपर्व में 39वें अध्याय के दसवें एवं ग्यारहवें श्लोकों तथा 71वें अध्याय के 14, 109-202, श्लोकों के अनुसार अर्थशास्त्र शब्द दण्डनीति का पर्याय है। कौटिल्य ने दण्डनीति के चार प्रमुख उद्देश्य बतलाये हैं, जिनका ऊपर उल्लेख किया जा चुका है।

**1.4. अर्थशात्र :-**

इन दिनों 'अर्थ' शब्द से सामान्यत: रुपये-पैसे या सम्पत्ति का बोध होता है। अतएव अर्थशास्त्र शब्द प्राय: सम्पत्तिशास्त्र (Economics) के लिए प्रयुक्त होता है। जैसा कि प्रमुख अर्थशास्त्री Adam Smith ने कहा है- "Ecomomics is the science of wealth" किन्तु कौटिल्य के मतानुसार 'अर्थ' शब्द का अर्थ अत्यन्त व्यापक है तथा इसमें आधुनिक अर्थशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र दोनों समाहित हो जाते हैं। कौटिल्य के अनुसार- 'मनुष्याणां भूमिरर्थः। मनुष्यवती भूमिरर्थः। तस्याः पृथिव्याः लाभ-पालनोपाय: शास्त्रमर्थशास्त्रमिति''[15] अर्थात् उनका आशय यह है कि 'अर्थ' शब्द से जैसे मनुष्यों के व्यवसाय या धन्धे दिग्दर्शित होते हैं, वैसे ही जिस भूमि पर रहकर मनुष्य व्यवसाय चलाते हैं, वह भूमि भी अभिप्रेत होती है। इसलिए भूमि को प्राप्त करने तथा उसका पालन करने का जो शास्त्र है उसे भी अर्थशास्त्र कहना सर्वथा समीचीन है। वस्तुत: संसार की अधिकांश सम्पत्ति-लोहा, सोना, हीरा, ताँबा इत्यादि रत्नों एवं विविध खनिजों के रूप में पृथ्वी के ही गर्भ से उत्पन्न होती है। इसीलिए तो पृथ्वी को 'रत्नगर्भा' कहा जाता है। अत: कौटिल्य के अनुसार 'अर्थ' शब्द अपने संकुचित अर्थ मात्र सम्पत्ति का ही वाचक न होकर अपने व्यापक अर्थ 'मनुष्यवती पृथ्वी' का वाचक है। इस प्रकार अर्थशास्त्र शब्द केवल सम्पत्ति शास्त्र (Economics) का वाचक न होकर समस्त पृथ्वी की प्राप्ति, संरक्षण एवं पालन के उपाय को निरूपित करने वाले शास्त्र का वाचक है। और इसीलिए शासन शास्त्र से सम्बद्ध अपने महान् ग्रन्थ का नाम आचार्य कौटिल्य ने 'अर्थशास्त्र' रखा। इसी प्रकार आचार्य बृहस्पति द्वारा विरचित शासन व्यवस्था सम्बन्धी ग्रन्थ भी 'बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र' के नाम से ही विख्यात हुआ।

यहाँ 'अर्थशास्त्र' शब्द का 'अर्थ' शब्द धन का वाचक न होकर पृथ्वी का वाचक है। पृथ्वी की प्राप्ति एवं संरक्षण के विषय जिसमें वर्णित हों उस शास्त्र को अर्थशास्त्र कहते हैं। कौटिल्य ने लिखा है- 'पृथिव्याः लाभे पालने च यावन्त्यर्थशास्त्राणि पूर्वाचार्यैः प्रस्थापितानि'[16]- अर्थात् पृथ्वी एवं उस पर निवास करने वाले मनुष्यों की अवस्थिति और वृद्धि के लिए सारी व्यवस्था जिस शास्त्र में वर्णित हो उसे अर्थशास्त्र कहते हैं। पूर्वाचार्यों ने ऐसे अनेक अर्थशास्त्रों के मतों का उल्लेख किया है।

शुक्रनीतिकार अर्थशास्त्र की परिभाषा देते हुए लिखते हैं - 'अर्थशास्त्र वह है जिसमें राजाओं के आचरण आदि के विषय में ऐसा अनुशासन या शिक्षण हो जो श्रुति-स्मृति से अविरुद्ध हो और जिसमें बड़ी दक्षता के साथ सम्पत्ति प्राप्ति के लिए शिक्षा दी गयी हो'[17]।

कामसूत्र (1/20) में शिक्षा, भूमि, स्वर्ण, पशु, धान्य, वर्त्तन, भाण्ड एवं मित्र तथा वांछित वस्तुओं के परिवर्धन को अर्थ कहा गया है। अत: सभी प्रकार की धन-सम्पत्ति के उद्गम एवं वृत्ति के निरूपण को अर्थशास्त्र कहा गया। जब उसमें प्रजाशास्त्र, अपराध एवं दण्ड को विशिष्टता दी जाने लगी, तब उसी शासनशास्त्र को दण्डनीति भी कहा गया। शासनशास्त्र का ही नाम पीछे चलकर नीतिशास्त्र या राजनीतिशास्त्र भी हुआ।[18] मिताक्षराकार ने तो अर्थशास्त्र को राजनीतिशास्त्र या धर्मशास्त्र से अभिन्न माना है।[19] स्मृतिकारों ने धर्म को प्रधानता दी है और

अर्थशास्त्र को धर्म का अनुगामी बतलाया है "अर्थशास्त्रात्तु बलवद् धर्मशास्त्रमिति स्थितिः"[20]। किन्तु व्यावहारिक रूप में महाभारतकार एवं कौटिल्य ने कतिपय स्थलों पर नैतिकता एवं धर्म के सिद्धान्तों की अवहेलना करने की भी बात कही है।

सारांश यह है कि महाभारतकाल से धर्म का प्राबल्य धीरे-धीरे हटने लगा और दण्ड-नीति में अनैतिक मार्गों का भी अवलम्बन किया जाने लगा। धर्मशास्त्र से अर्थशास्त्र प्रबल हो गए। अब धर्म की धार से दण्डनीति पृथक् हो गई। याज्ञवल्क्य के समय तक धर्मशास्त्र को प्रमुख स्थान दिया जाता था और धर्मशास्त्र के विरुद्ध अर्थशास्त्र की उपेक्षा की जाती थी। पर धीरे-धीरे इस परम्परा का ह्रास होने लगा तथा धर्मशास्त्रों पर अर्थशास्त्र हावी बन गया।

**1.5 नीतशास्त्र :-**

आचार्य शुक्र एवं कामन्दक आदि विचारकों ने 'राजशास्त्र' के अर्थ में 'नीतिशास्त्र' शब्द का प्रयोग किया है तथा अपने ग्रन्थ का नामकरण भी क्रमशः 'शुक्रनीति' एवं 'कामन्दकनीति' किया है। आचार्य कौटिल्य के अनुसार शुक्राचार्य मात्र दण्डनीति को ही विद्या मानते हैं। इस मत का समर्थन आचार्य कामन्दगक ने भी इस प्रकार किया है-

**एकैव दण्डनीतिस्तु विद्येत्यौशनसी स्थितिः।**
**तस्यां तु सर्वविद्यानामारम्भाः समुदाहृताः।।**

किन्तु शुक्राचार्य ने दण्डनीति को 'नीतिशास्त्र' के नाम से सम्बोधित किया है।[21] शुक्राचार्य को इस 'नीतिशास्त्र' का उपदेश स्वयं भगवान् ब्रह्मा से प्राप्त हुआ था। ब्रह्मा द्वारा उपदिष्ट नीतिशास्त्र का सार शुक्राचार्य ने विद्वान् ऋषियों को प्रदान किया।[22] प्रारम्भ में इस नीतिशास्त्र में एक करोड़ श्लोक थे[23] तथा इस तरह यह एक विशालकाय ग्रन्थ था जिसको आवश्यकतानुसार मनुष्यों की अल्पायु एवं क्षमता को ध्यान में रखकर वशिष्ठ आदि महर्षियों ने समय-समय पर संक्षिप्त किया।

'नीति' शब्द 'णीञ् प्रापणे' धातु से 'क्तिन्' प्रत्यय करने पर निष्पन्न होता है। जिसका अर्थ होता है 'ले जाना', 'मार्ग दर्शन करना'। अतः नीति शब्द का अर्थ होता है उचित मार्ग पर ले जाना। इस तरह उचित एवं अनुचित कार्यों में अन्तर बताकर मानव को सही मार्ग पर ले जाने वाला शास्त्र 'नीतिशास्त्र' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। महाकवि भर्तृहरिकृत 'नीतिशतक' नामक ग्रन्थ नीतिशास्त्र का एक उल्लेखनीय ग्रन्ध है। व्यक्ति के जीवन में उचित मार्ग पर चलना जितना आवश्यक है उससे कहीं अधिक उसका महत्त्व राजकीय क्षेत्र में है, क्योंकि राजा या राज्य द्वारा अनुचित मार्ग का आश्रय लिया जाता है तो समस्त राष्ट्र या विश्व में घोर संकट उत्पन्न हो सकता है। कदाचित् इसी कारण 'नीति' शब्द अपने संकुचित अर्थ में 'राजनीतिशास्त्र' के लिए भी प्रयुक्त होने लगा।

फलतः शुक्राचार्य एवं कामन्दक आदि के द्वारा विरचित राजशासन से सम्बद्ध ग्रन्थ 'नीतिशास्त्र' नाम से विख्यात है, राजशास्त्र, दण्डनीति या अर्थशास्त्र नाम से नहीं। इसी परम्परा का अनुसरण करते हुए प्रसिद्ध निबन्धकार लक्ष्मीधर, अन्नभट्ट, चण्डेश्वर ठाकुर, नीलकण्ठभट्ट

ने भी अपने शासन से सम्बन्धित प्रसिद्ध निबन्ध ग्रन्थों का नामकरण क्रमशः 'नीतिकल्पतरु', 'नीतिचन्द्रिका', 'नीतिरत्नाकर' तथा 'नीतिमयूख' रखना उचित समझा। ऐसा प्रतीत होता है कि राजशास्त्र एवं नीतिशास्त्र दोनों का प्रमुख उद्देश्य समान (अर्थात् व्यक्ति एवं समाज का सर्वाङ्गीण विकास) होने के कारण ही राजशास्त्र 'नीतिशास्त्र' के नाम से अभिहित किया जाने लगा।

**1.6. राजनीतिशास्त्र :-**

राजशास्त्र को कतिपय प्राचीन भारतीय मनीषियों ने राजनीतिशास्त्र शब्द से भी अभिहित किया है। मनु के टीकाकार कुल्लूकभट्ट एवं मेधातिथि[24], याज्ञवल्क्यस्मृति के टीकाकार विज्ञानेश्वर[25] तथा महाभारत ने अनेक स्थलों पर राजनीति शब्द का प्रयोग किया है।

मेधातिथि ने मनुस्मृति[26] के भाष्य में धर्म को कर्त्तव्यवाचक (धर्मशब्द कर्त्तव्यतावचनः) मानते हुए लिखा है कि राजनीति के नियम धर्मशास्त्रों के आधार पर नहीं, प्रत्युत सांसारिक कार्यों के अनुभव पर मुख्यतः आधारित हैं। मिताक्षराकार विज्ञानेश्वर ने याज्ञवल्क्यस्मृति की टीका में अर्थशास्त्र को राजनीति तथा धर्मशास्त्र का अभिन्न अंग स्वीकार किया है– "अत्र धर्मशास्त्रान्तर्गतं राजनीतिलक्षणमर्थशास्त्रं विवक्षितम्।"[27] कामन्दकनीतिसार में उस विष्णुगुप्त को नमस्कार किया गया है जिसने अर्थशास्त्ररूपी महासागर से नीतिशास्त्ररूपी अमृत को निकाला है।[28] इसी प्रकार अनेक ग्रन्थों यथा– 'रघुवंश'[29], मनुस्मृति[30], महाभारत के आश्रमवासि पर्व[31] तथा शान्तिपर्व[32] तथा द्रोणपर्व[33] आदि में भी 'राजनीति' शब्द का उल्लेख प्राप्त होता है।

इसके अतिरिक्त अनेक धर्मनिबन्धकारों ने अपने ग्रन्थों का नामकरण राजनीति पद को आधृत कर किया है। उदाहरणार्थ –

(1) देवणभट्टकृत स्मृतिचन्द्रिका के अन्तर्गत 'राजनीतिकाण्ड', (2) चण्डेश्वर रचित 'विवादरत्नाकर' का 'राजनीतिरत्नाकर', (3) मित्रमिश्र विरचित 'वीरमित्रोदय' ग्रन्थ का खण्ड 'राजनीति प्रकाश' तथा (4) गोपालकृत ग्रन्थ 'राजनीति कामधेनु' आदि।

उपर्युक्त विमर्श के निष्कर्ष के रूप में यह स्पष्ट होता है कि राजशास्त्र प्राचीन काल में सर्वप्रथम 'राजधर्म' के नाम से प्रसिद्ध था। समय के परिवर्तन के साथ-साथ क्रमशः यह 'दण्डनीति', 'अर्थशास्त्र', 'राजशास्त्र', 'राज्यशास्त्र', 'नीतिशास्त्र' एवं 'राजनीतिशास्त्र' के नामों द्वारा भी विभिन्न प्राचीन राजनैतिक चिन्तकों द्वारा अभिहित किया जाने लगा। ऐसा प्रतीत होता है कि उपर्युक्त सभी शास्त्रों के राजा या राज्य से मुख्यरूप से सम्बद्ध होने तथा सबों के मुख्य उद्देश्य (स्वधर्म पालन कराकर व्यक्ति एवं राज्य का संरक्षण तथा अधिकतम विकास) में समानता होने के कारण ही ये प्रायः विभिन्न नामों से विद्वानों द्वारा समयानुसार अभिहित किये गए।

**2. प्राचीन राजशास्त्र का स्वरूप :**

**2.1. धर्मानुप्राणित-**

प्राचीन राजशास्त्र धर्मशास्त्र का ही एक अंग होने के कारण आद्योपान्त धर्मानुप्राणित है। प्राचीन भारत में राज्य एवं राज्य की उत्पत्ति का एकमात्र उद्देश्य धर्म-संस्थापन बतलाया गया

है। इस जगती-तल पर प्रत्येक प्राणी स्वधर्मपालन सम्यक् प्रकार से करता रहे, जगत् में धर्मसंकरता उत्पन्न न होने पाये-बस यही राज्य का एकमात्र कर्त्तव्य बतलाया गया है। इसलिए प्राचीन भारतीय राजशास्त्र धर्म के अधीन माना गया है। प्राचीन भारत में राजशास्त्र के अन्तर्गत उसकी समस्त क्रिया धर्म से ओत-प्रोत थी। इस दृष्टि से प्राचीन राजशास्त्र धर्मानुप्राणित है। धर्मविरहित राजशास्त्र उस युग में निन्दित समझा जाता था। यही कारण है कि प्राचीन भारत में राजशास्त्र को धर्मशास्त्र के अन्तर्गत स्थान दिया गया है। धर्म से पृथक् रहकर राजशास्त्र का कोई अस्तित्व नहीं रह जाता।

किन्तु आधुनिक युग में राजशास्त्र को धर्म से नितान्त पृथक् रखा गया है। आज शास्त्र को धर्म के प्रभाव से पृथक् रखने में ही मनुष्य का कल्याण माना जाता है। धर्माचार्यों के प्रभाव से राजशास्त्र में दोष उत्पन्न हो जाते हैं और उसका शुद्ध स्वरूप रहने नहीं पाता, उसका स्वतन्त्र विकास तथा लोककल्याणमय स्वरूप अवरुद्ध एवं नष्ट हो जाता है- आधुनिक युग में ऐसी धारणा है। इस प्रकार आधुनिक राजशास्त्र और प्राचीन भारतीय राजशास्त्र के स्वरूप में बहुत अन्तर दिखलाई पड़ता है।

परन्तु प्राचीन भारतीय राजशास्त्र जिस धर्म से अनुप्राणित माना गया है और जिसकी संस्थापना-हेतु उसके अस्तित्व की आवश्यकता बतलायी गयी है उस धर्म और आधुनिक युग के धर्माचार्यों द्वारा प्रतिपादित धर्म के मूल तत्त्वों में बहुत अन्तर है। प्राचीन भारत का यह धर्म किसी एक देश, जाति अथवा समुदायमात्र तक ही सीमित नहीं है। इसका क्षेत्र विश्वव्यापी है। इस धर्म को विश्वधर्म अथवा मानवधर्म कहना ही उचित होगा। इसीलिए मानव-धर्मशास्त्र में इस धर्म की व्याख्या विश्वधर्म अथवा मानवधर्म के रूप में की गई है।

'धर्म' शब्द की सिद्धि "धृ" धातु से होती है जिसका अर्थ धारण एवं पोषण करना है। इसलिए धर्म से तात्पर्य उस गुण अथवा तत्त्व से है, जिसके आधार पर प्राणी अथवा अप्राणिजगत् अपने वास्तविक स्वरूप को धारण करने में समर्थ हो सके और धर्म का आश्रय लेकर अपने पूर्ण विकास तक पहुँच सके। उष्णता और प्रकाश अग्नि को धारण करते हैं। ये दोनों अग्नि के गुण अथवा धर्म हैं। यदि अग्नि के इन धर्मों को उससे पृथक् कर लिया जाय तो उसका अस्तित्व मिट जायेगा। इसलिए अग्नि को अपना वास्तविक स्वरूप धारण करने के लिए, उसमें इन धर्मों का होना अनिवार्य है। इसी दृष्टि से प्राणिमात्र के जीवन का ध्येय स्वधर्म-पालन है। यदि ऐसा न हो तो संसार में अस्तव्यस्तता एवं अव्यवस्था हो जाएगी। इसलिए प्राणिमात्र का परम कर्त्तव्य है कि स्वधर्म-पालनद्वारा समाज में सुव्यवस्था स्थापित रखे। उसको धर्म-संकरता से सदैव दूर रहना चाहिए। इसी विश्व-धर्म अथवा मानवधर्म की व्याख्या हेतु एवं प्राणिमात्र को उनके विविध धर्मों का बोध कराने के लिए धर्मशास्त्र का निर्माण हुआ।

इस धर्मशास्त्र द्वारा वर्णित विविध धर्मों के पालन हेतु मनुष्य को किन धर्मों के किन नियमों के द्वारा बाध्य किया जा सकता है, इस विषय का सम्यक् ज्ञान देना राजशास्त्र का कार्य है। प्राचीन भारतीय राजशास्त्र में उन नियमों, साधनों एवं उपायों का वर्णन किया गया है, जिनके द्वारा प्राणिमात्र के विविध धर्मों को सुविधापूर्ण क्रियात्मक रूप दिया जा सके। इस दृष्टि

से प्राचीन भारतीय राजशास्त्र धर्मशास्त्र के अन्तर्गत होते हुए भी अपना स्वतन्त्र अस्तित्व रखता है, और जगत् में धर्म की संस्थापना हेतु योजना प्रस्तुत करता है एवं उस योजना को कार्यान्वित करने के साधन तथा उपायों का विधिवत् वर्णन भी करता है।

### 2.2. दण्डनीति-समाश्रित :-

प्राचीन भारतीय राजशास्त्र की एक और विशिष्टता दण्डनीति पर आश्रित होना है। धर्म-संस्थापन-योजना का कार्यान्वित होना दण्ड पर आश्रित माना गया है। धर्म-च्युत मनुष्य दण्ड-भय के द्वारा धर्म-पथ पर लाया जा सकता है। कुछ प्राणी ऐसे भी होते हैं, जो अपने विशेष बुद्धि-बलद्वारा धर्म और अधर्म के स्वरूप को समझ कर अधर्म से बचते हुए धर्मपथ पर चलते रहते हैं। परन्तु मनुष्य हर समय शुचि ही बना रहे, यह संभव नहीं। उसके जीवन में ऐसे अवसर आ जाते हैं जब आसुरी वृत्तियाँ उस पर अपना आधिपत्य जमा लेती हैं। ऐसा होने पर वह धर्म-पथ से भ्रष्ट होने लगता है। परन्तु कुछ समय के उपरान्त उसमें दैवी वृत्तियाँ जाग्रत होने लगती हैं। ऐसी परिस्थिति में पहुँच कर वह अपने को धर्म-भ्रष्ट देखकर पश्चात्ताप करने लगता है। वह अपने इस धर्म-भ्रष्ट कार्य की भर्त्सना करता है और प्रायश्चित्त का आश्रय लेकर स्वयं पवित्र होता है। यों देखें तो शुचि-स्वभाव प्राणियों के लिए भी दण्ड का आश्रय आवश्यक हो जाता है। यद्यपि सामान्य दण्ड की अपेक्षा इस दण्ड का स्वरूप भिन्न दिखलाई पड़ता है, परन्तु साधारण प्राणी तो दण्ड के भय के कारण ही धर्म-पथ पर आरूढ़ होते हैं। अत: प्राणिमात्र के निमित्त स्वधर्म-पालन-योजना के सुसंचालनहेतु दण्ड परमावश्यक है।

परन्तु दण्ड का अनुचित प्रयोग इस योजना के लिए घातक बतलाया गया है। धर्म का सम्यक् प्रयोग ही प्राणियों के लिए हितकर है। अत: सम्यक् दण्ड-प्रदान करने के नियमों का होना भी परमावश्यक है। इसीलिए प्राचीन भारतीय राजशास्त्र प्राणिमात्र के निमित्त दण्ड प्रदान करने की नीति का पूर्ण वर्णन करता है। इसी दृष्टि से राजशास्त्र को दण्डनीति के नाम से सम्बोधित किया गया है।

### 2.3. भौतिक एवं पारलौकिक दोनों सुखों का प्रतिपादक -

प्राचीन भारतीय राजशास्त्र दण्डनीति है, जिसका आधार धर्म है। यह धर्म संकीर्ण नहीं है, वरन् मानवधर्म अथवा विश्वधर्म है। आधुनिक राजशास्त्र राज्य के विषय का पूर्ण ज्ञान देता है और उसका एकमात्र उद्देश्य राज्य के प्राणियों के निमित्त ऐहिक सुख प्रदान करना है। उसका सम्बन्ध प्राणियों के पारलौकिक जीवन से लेशमात्र भी नहीं है।

परन्तु प्राचीन भारतीय राजशास्त्र प्रधानत: दण्ड एवं दण्ड के विविध स्वरूप, उसके अंग-प्रत्यंग आदि का पूर्ण वर्णन देता और उसके सम्यक् प्रयोग की योजना का विधिवत् वर्णन करता है। इस प्रकार प्राचीन भारतीय राजशास्त्र का क्षेत्र प्राणियों के ऐहिक सुख तक ही सीमित नहीं रहता; अपितु उसका ध्येय ऐहिक और पारलौकिक दोनों प्रकार के सुख एवं आनन्द को सुलभ बनाना है, जिससे प्राणी स्वधर्म-पालन कर इस लोक में सुख भोग करता हुआ मरने के उपरान्त परमानन्द या मोक्ष को प्राप्त कर सकने में भी समर्थ हो सके।

**2.4. राजकेन्द्रित : -**

प्राचीन भारतीय राजशास्त्र का एक और वैशिष्ट्य यह है कि वह प्रधानतः राजधर्म है। राज्य का वर्णन राजा के ही वर्णन के अन्तर्गत माना गया है। इसीलिए प्राचीन भारतीय राजशास्त्र राजा के विविध धर्मों के वर्णन का पूर्ण चित्र है। चूंकि प्राचीन युग में राजतन्त्र शासन की ही प्रचुरता थी, अतः राजा को ही केन्द्र-बिन्दु मानकर शासन सम्बन्धी विभिन्न सिद्धान्त निरूपित किए गए हैं। राजा के इन धर्मों की व्याख्या एवं उसका शास्त्रीय अध्ययन इस राजशास्त्र का ध्येय है। यही कारण है कि प्राचीन भारत में राजा को राज्य की योनि एवं केन्द्र स्थान माना गया है[34]। वैदिक विचारधारा के अनुसार राजा राज्य के सम्पूर्ण क्रियाचक्र के संचालन का हेतु है। वह राज्य का प्राण एवं आत्मा है।[35] इस प्रकार राजा के विविध धर्मों की व्याख्या एवं उनका शास्त्रीय अध्ययन जिस शास्त्र में होता है, वही राजशास्त्र है। इस प्रकार यह शास्त्र राजकेन्द्रित माना जाता है।

किन्तु आधुनिक युग में राजशास्त्र राज्य का पूर्ण परिचय देता है। इस शास्त्र में राज्य के अंग-प्रत्यंग का पूर्ण अध्ययन होता है। उसका क्षेत्र राजा के विविध धर्मों तक ही सीमित नहीं रहता। इस दृष्टि से प्राचीन भारतीय राजशास्त्र और आधुनिक राजशास्त्र के स्वरूप में विशेष अन्तर है। प्राचीन भारतीय राजशास्त्र धर्मप्रधान अथवा धर्म से विशेष प्रभावित है। वह प्रधानतः दण्ड की नीति का वर्णन करता है और राजा के विविध धर्मों की व्याख्या करता है। उसका स्वरूप दण्डनीति एवं राजधर्म है। उसका उद्देश्य प्राणिमात्र के लिए इस लोक में सुख एवं शान्ति और परलोक में आनन्द प्रदान करने की सम्यक् व्यवस्था करना और उसे प्राणियों से कार्यान्वित कराने के लिए सतत प्रयत्न करना है। इस दृष्टि से आधुनिक राजशास्त्र और प्राचीन भारतीय राजशास्त्र के स्वरूप, ध्येय और कार्य-क्षेत्र में बड़ा अन्तर दृष्टिगत होता है।

संदर्भ सूची

1. मनुस्मृति- 7/1
2. महाभारत, शान्तिपर्व - 58/1-3
3. महाभारत, शान्तिपर्व - 56/3-4
4. महाभारत, शान्तिपर्व - 63/25-27
5. नीति प्रकाशिका - 1-21, 22
6. यद्राजशास्त्रं भृगुरंगिरा वा न चक्रतुर्वंशकरावृषी तौ।
   तयोः सुतौ तौ च ससर्जतुस्तत् कालेन शक्रश्च बृहस्पतिश्च।।- बुद्ध चरित, - 1/46
7. महाभारत, शान्तिपर्व - 59/78
8. महाभारत शान्ति पर्व अध्याय - 59, श्लोक - 13-35।
9. त्रयी चान्वीक्षिकी चैव वार्त्ता च भरतर्षभ।
   दण्डनीतिश्च विपुला विद्यास्तत्र निदर्शिताः।
   साम भेदः प्रदानंच ततो दण्डश्च पार्थिव।
   उपेक्षा पंचमी चात्र कात्स्न्र्येन समुदाहृता।।

10. मनुस्मृति- 7/43
11. 'कृषिपाशुपाल्ये वाणिज्या च वार्त्ता। आन्वीक्षिकीत्रयीवार्त्तानां योगक्षेमसाधनो दण्डः। तस्य नीतिर्दण्डनीतिः। अलब्धलाभार्था, लब्धपरिरक्षिणी रक्षितविवर्धिनी, वृद्धस्य तीर्थेषु प्रतिपादिनी च। तस्यामायत्ता लोकयात्रा। तस्माल्लोकयात्रार्थी नित्यमुद्यतदण्डः स्यात्। न ह्येवंविधं वशोपनयनमस्ति भूतानां यथा दण्ड इत्याचार्याः।' कौ.अ.-1/3
12. दमो दण्ड इति ख्यातस्तात्स्थ्याद् दण्डो महीपतिः।
तस्य नीतिर्दण्डनीतिर्नयनान्नीतिरुच्यते।।- शुक्रनीति -1/156।।
13. 'दण्डो नीयते बोध्यते अनया दण्डनीतिः। यद्वा, दण्डं नयति दण्ड्यान् प्रति प्रापयति।'
- अमरकोष- 1/6/5
14. अमरकोष- 1/6/5
15. कौटिल्य, अर्थशास्त्र - 15/1
16. कौटिल्य, अर्थशास्त्र - 1/1
17. श्रुतिस्मृत्यविरोधेन राजवृत्तं हि शासनम्।
सुयुक्त्यार्थार्जनं यत्र ह्यर्थशास्त्रं तदुच्यते।।- शु.नी.अ.-4/96
18. यै यैं रूपायैर्लोकस्तु न चलेदार्यवर्त्मनः।
तत्सर्वं राजशार्दूल नीतिशास्त्रेभिवर्णितम्।। म.भा.शा.प. - 59/74।।
19. 'धर्मशास्त्रान्तर्गतमेवराजनीतिलक्षणमर्थशास्त्रमिह-विवक्षितम्' - मिता. याज्ञ. स्मृ.- 2/21
20. याज्ञवल्क्य- 2/21
21. सर्वोपनीतकं लोक-स्थितिकृन्नीतिशास्त्रकम्।
धर्मार्थकाम-मूलं हि स्मृतं मोक्षप्रदं यथा।। - शुक्रनीति- 1/5
22. शुक्रनीति - 1/3
23. शुक्रनीति- 1/2
24. मनुस्मृति - 7/1
25. याज्ञवल्क्यस्मृति - 2/25
26. मनुस्मृति - 7/1
27. याज्ञवल्क्यस्मृति - 2/21
28. कामन्दकनीतिसार- 1/6
29. रघुवंश- 17/65
30. मनुस्मृति - 7/177
31. महाभारत, आश्रमवासिपर्व- 6/5
32. वही शान्तिपर्व 111/73, 138/39, 43
33. वही द्रोणपर्व - 152/29
34. शु. यजुर्वेद - 20/1
35. वही. 20/1

❒❒

# संस्कृत-नाटकों की अभिनेयता का समीक्षात्मक विश्लेषण

**- डॉ. रश्मि यादव**

*(संस्कृतनाटकानि अभिनेयानि सन्ति न वा? यदि सन्ति अभिनेयानि तर्हि तेषां का क्षमता का च सीमा वर्तते। अद्यत्वे इमे प्रश्नाः विचारणीयाः सन्ति। यतो हि आधुनिकयुगे संस्कृतभाषायाः अस्तित्वे तस्या जीवन्ततायां च प्रश्नाः संभवन्ति। एतादृश्यां स्थित्यां संस्कृतस्य लोकप्रियतायै रङ्गमञ्चेषु नाटकानामभिनयः सार्थकः प्रयासो भवितुमर्हति। भासतः आरभ्य जयदेवकविंयावत् प्रायशः शताधिकनाटकानां मञ्चनं जातमित्यस्य प्रमाणानि प्राप्यन्ते। मालविकाग्निमित्रम्-विक्रमोर्वशीयम्-अभिज्ञानशाकुन्तलम्-मृच्छकटिकम्-मुद्राराक्षसम्- उत्तररामचरितम्- रत्नावली- कर्पूरमञ्जरी-वेणीसंहारादीनाञ्च नाटकानां प्रस्तावनायाः कथावस्तुनश्च समीक्षात्मकविश्लेषणेन संस्कृतनाटकानाम् अभिनेयता सिद्धा अस्ति। भासस्य नाटकानि दक्षिणभारते लोकप्रियानि सन्ति। एपमेव अभिज्ञानशाकुन्तलस्य मृच्छकटिकस्य च श्लाघ्योऽभिनयः देशे-विदेशेषु च जातः संस्कृत नाटकानां दर्शकाः प्रशंसकाश्च सर्वत्र सुलभाः सन्ति। अस्मिन् शोधपत्रे संस्कृतनाटकानामभिनेयतायाः समीक्षात्मकं विश्लेषणं कृतमस्ति लेखकेन।)*

ललित कलाओं में प्राचीनता और लोकप्रियता की दृष्टि से नाट्यकला का विशिष्ट स्थान है। भरतमुनि के अनुसार ब्रह्मा ने सभी वर्णों के मनोरंजन के लिए पञ्चम वेद -नाट्यवेद की रचना की।[1] नाट्यवेद के चार प्रमुख तत्वों-पाठ्य (संवाद), गीत, अभिनय और रस को क्रमशः, ऋक्, साम, यजुष् और अथर्ववेद से संग्रहीत किया गया-

**''जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च।**
**यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि।''**[2]

इन चार तत्वों में संवाद, गीत और रस की उपस्थिति तो काव्य की अन्य विधाओं-गद्य और चम्पू में भी होती है किन्तु 'अभिनय' नाटक का विलक्षण तत्व है, जिसके फलस्वरूप यह श्रव्य काव्य की अपेक्षा अधिक आहादक होता है (काव्येषु नाटकं रम्यम् ) और इसे 'दृश्य काव्य' की संज्ञा दी जाती है।

संस्कृत नाटक अभिनेय है या नहीं? यदि अभिनेय है तो उनकी अभिनेयता की क्षमता की सीमा क्या है? आज ये प्रश्न अत्यन्त विचारणीय है क्योंकि आधुनिक युग में संस्कृत भाषा की लोकप्रियता का तीव्रगति से ह्रास हो रहा है और इस भाषा की जीवन्तता पर प्रश्न उठाये जा रहे हैं। ऐसी विपरीत परिस्थिति में संस्कृत भाषा को अधिक मनोरञ्जक बनाने की आवश्यकता है और इस दृष्टि से रंगमंच पर संस्कृत नाटकों का अभिनय एक सार्थक पहल हो सकती है। अतएव संस्कृत नाटकों की अभिनेयता का मूल्याङ्कन प्रासङ्गिक है।

अभिनेयता नाटक का आधारभूत तत्व है। आचार्य धनञ्जय ने अवस्थाओं के अनुकरण अर्थात् चार प्रकार के अभिनय द्वारा अनुकार्य (मूल पात्र) के साथ एकरूपता की प्राप्ति को नाट्य की संज्ञा दी है "अवस्थानुकृतिर्नाट्यं" (काव्योपनिबद्धधीरोदात्ताद्यवस्थानुकारश्चतुर्विधाभिनयेन तादात्म्यापत्तिर्नाट्यम्)।[3] आचार्य नन्दिकेश्वर ने अभिनय को स्वतन्त्र कला के रूप में प्रतिष्ठित करते हुए उसी के नाम पर अपने ग्रन्थ का नामकरण "अभिनयदर्पण" किया है। आचार्य ने आङ्गिक, वाचिक, आहार्य और सात्विक-अभिन्य के इन चार भेदों को नटराज का स्वरूप कहा है, जिनके अधिष्ठाता स्वयं भगवान् शंकर है-

**आङ्गिकं भुवनं यस्य वाचिकं सर्ववाङ् मयम्।**
**आहार्यं चन्द्रतारादि तं नुमः सात्विकं शिवम्।।**[4]

महाकवि कालिदास ने भी नाटक को प्रयोग (अभिनय) प्रधान माना है- "प्रयोगप्रधानं हि नाट्यशास्त्रम्।'[5] इससे स्पष्ट है कि नाटकों की रचना अभिनय की दृष्टि से की जाती थी। 'अभि'- उपसर्ग पूर्वक प्रापणार्थक णीञ् धातु से अच् प्रत्यय योजित होने पर अभिनय शब्द निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ है 'हृदय के भाव को प्रकट करने वाली क्रिया'।[6] अभिनय किसी पद या शब्द को मुख्य अर्थ तक पहुँचाना है। इसको सामान्यतः अनुकरण या नकल करने के आशय से ग्रहण किया जाता है। व्यापक दृष्टि से आङ्गिक (शारीरिक) वाचिक या भावात्मक अथवा क्रियात्मक चेष्टाओं और हाव-भाव द्वारा किसी वस्तु को अनुकरण अभिनय की संज्ञा दी जाती है।

भास (400 ई0पू0) से लेकर जयदेव (12 वीं-13वीं श0ई0) तक के सोलह-सत्रह सौ वर्षो में रचित सैकड़ों संस्कृत नाटकों में से अनेक नाटकों के अभिनीत होने के प्रमाण प्राप्त होते है। संस्कृत नाट्यशास्त्रियों एवं कवियों ने अनेकशः नाट्यशालाओं का उल्लेख किया है। नाट्यशास्त्रमें उद्धृत है कि ब्रह्मा की आज्ञा से देव शिल्पी विश्वकर्मा द्वारा निर्मित नाट्यशाला में 'दैत्यदानवनाशनम्' नामक नाटक का अभिनय किया गया।[7] इसमें आचार्य भरत के निर्देशन में उनके सौ शिष्यों, अनेक अप्सराओं, गन्धर्वों और नारदादि मुनियों ने सहभागिता की थी।[8] भास के नाटकों से भी ज्ञात होता है कि उस समय देश में अभिनय के लिए नाट्यशालाएँ होती थी। प्रतिमानाटकम् में महाराज रामचन्द्र के राजभवन में स्थित एक नाट्यशाला की सूचना प्राप्त होती है। जहाँ नाटकों के पात्रों के लिए वल्कलादि सामग्री रखी जाती थी। (संगीतशालां गत्त्वानाटकीयान् विज्ञापय कालसंवादिना नाटकेन सज्जा, भवितेति) विक्रमोर्वशीयम् में विभिन्न रसों से युक्त 'लक्ष्मीस्वयम्वर' नामक नाटक के अभिनय का उद्धरण प्राप्त होता है, जिसमें लक्ष्मी का अभिनय उर्वशी और वारूणी का अभिनय मेनका ने किया था- "तस्मिन् पुनः सरस्वतीकृतकाव्यबन्धे लक्ष्मीस्वयंवरे उर्वशी तेषु तेषु रसान्तरेषु-।[10]" अभिज्ञानशाकुन्तलम् में भी रङ्गशाला का उल्लेख मिलता है।[11] मृच्छकटिकम् में संगीतशाला तथा अभिनय करने वाले कुशीलव (नट और चारण) की चर्चा की गयी है (शून्येयमस्मत्संगीतशाला, क्व नु गताः भविष्यन्ति)।[12] इसी प्रकार उत्तररामचरितम् में वाल्मीकि-आश्रम के समीप गंगा तट पर

निर्मित आतोद्यस्थान (रंगशाला) में अप्सराओं द्वारा वाल्मीकि की कृति (रामायण) का अभिनय किया गया है, जहाँ दर्शक के रूप में राम के साथ सम्पूर्ण प्रजा उपस्थित थी (गङ्गातीरमातोद्यस्थानमुपगम्य क्रियतां समाजसंनिवेशः)[13]। इन उद्धरणों से स्पष्ट है कि उस युग में राजदरबारों तथा सार्वजनिक स्थानों पर निर्मित सर्वसाधन सम्पन्न नाट्यशालाएँ अस्तित्व में थी जहाँ नाटकों का अभिनय किया जाता था।

संस्कृत नाटकों का सूक्ष्म पर्यवेक्षण करने से ज्ञात होता है कि इनमें नृत्य, गीत, वाद्य एवं अभिनयादि नाटकीय तत्त्वों का बड़ी निपुणता से समावेश किया गया है।

मालविकाग्निमित्रम् नाटक की कथावस्तु का आरम्भ आचार्य गणदास और आचार्य हरदत्त के मध्य होने वाली नाट्यसंगीत की प्रतिस्पर्धा से होता है, जिसमें आचार्य गणदास की शिष्या मालविका, शर्मिष्ठा द्वारा रचित चार पदों वाले गीत के भाव के अनुसार नृत्य एवं छलिक अभिनय करती है। (शर्मिष्ठायाः............प्रयोगम्)[14] मुच्छकटिकम् में विट नायिका-वसन्तसेना के नृत्य-कला में निपुण चरणों की प्रशंसा करता है (नृत्यप्रयोगविशदौ चरणौ क्षिपन्ती)[15]। उस युग में गणिकायें नृत्य के साथ-साथ नाट्यशाला के कुशल प्रशिक्षण और कलाओं की शिक्षा के द्वारा दूसरों को ठगने में निपुण होती थी और स्वर में सहसा परिवर्तन कर लेना उनके लिए सहज होता था (इयं रङ्गप्रवेशेन कलानां चोपशिक्षया वञ्चनापण्डितत्वेन स्वरनैपुण्यमाश्रिता)[16]। इसी प्रकार मुरारि कवि (छठीं-7 वीं शताब्दी)द्वारा विरचित् 'अनर्घराघव' की प्रस्तावना से सुचरित और कलहकन्दक नामक नटों के प्रतिस्पर्धा की सूचना मिलती है।

संस्कृत वाङ्मय के नाटकों की अभिनेयता के मूल्यांकन में नाटकों की प्रस्तावना का अनुशीलन भी महत्वपूर्ण है, जिससे सिद्ध होता है कि नाटक अभिनय की दृष्टि से ही लिखे गये थे। कालिदास के तीनों नाटकों के सूत्रधारों के संवादों के आधार पर कहा जा सकता है कि महाकवि के जीवन काल में ही उनके नाटकों का अभिनय हो चुका था। मालविकाग्निमित्रम् में सूत्रधार का यह संवाद कि 'विद्वान् की सभा ने मुझसे कहलाया है कि वसन्तोत्सव के अवसर पर कालिदास द्वारा रचित -मालविकाग्निमित्रम् ' नाटक का अभिनय किया जाय अतएव चलकर संगीत का कार्य प्रारम्भ करें,[17] इस बात का पुष्ट प्रमाण है कि रंगशाला में उसका अभिनय हुआ था। विक्रमोर्वशीयम् में सूत्रधार घोषणा करता है कि 'मैं कालिदास द्वारा रचित विक्रमोर्वशीयम् नवीन त्रोटक को प्रदर्शित करना चाहता हूँ इसलिए पात्रों से कह दो कि वे स्वपाठ का अभिनय सावधानी से करे। (अहमस्यां कालिदासग्रथितवस्तुना विक्रमोर्वशीयेन नाम नवेन त्रोटकेन उपस्थास्ये। तदुच्यतां पात्रवर्गः स्वेषु पाठेषु अवहितैर्भवितव्यम्)[18]। इसी प्रसङ्ग में अभिज्ञानशाकुन्तल का यह सम्वाद उद्धरणीय है कि, "विद्वानों से मण्डित इस सभा में आज हमें कालिदासविरचित अभिज्ञानशाकुन्तलम् नामक नवीन नाटक का अभिनय करना है" (अद्य खलु कालिदासग्रथितवस्तुनाऽभिज्ञानशाकुन्तलनामधेयेन नवेन नाटकेनोपस्था-तव्यमस्माभिः)[19]। इन उद्धरणों से स्पष्ट है कि कालिदास के युग में नाटकों का रंगमंच पर न

केवल अभिनय होता था अपितु अभिनय से पूर्व प्रत्येक पात्रों को अपने पाठों का पूर्वाभ्यास भी करना पड़ता था।

मृच्छकटिकम् में सूत्रधार के संवाद द्वारा नाटककार शूद्रक यह घोषणा करते हैं कि "हम लोग 'मृच्छकटिकम्' नामक प्रकरण का अभिनय करने के लिए उद्यत है।" "यदिदं वयं मृच्छकटिकं नाम प्रकरणं प्रयोक्तुं व्यवसिताः"[20]। इसी प्रकार मुद्राराक्षस नाटक की प्रस्तावना से ज्ञात होता है कि सूत्रधार परिषद् की आज्ञा से विशाखदत्त की नवकृति मुद्राराक्षस का अभिनय करने में अत्यन्त सन्तोष का अनुभव करता है। भवभूति के तीनों नाटकों- महावीरचरित, मालतीमाधव और उत्तररामचरित भगवान कालप्रियनाथ-महादेव की यात्रा के अवसर पर श्रेष्ठ सामाजिकों के समक्ष अभिनीत हुए थे। "अद्य खलु भगवतः कालप्रियनाथस्य यात्रायाम्"[21]

उत्तररामचरित के भरतवाक्य में भी उद्धृत है कि यह नाटक अभिनय के द्वारा प्रदर्शित किया गया (अभिनयैर्विन्यस्तरूपाम्)[22]। भवभूति के समकालीन हर्षवर्धनकृत 'रत्नावली' नाटिका का वस्तुविधान नाट्यशास्त्रोपयोगी तथा अभिनेय है। इसकी प्रस्तावना से सूचित होता है कि वसन्तोत्सव में देश-देशान्तर से आये राजाओं की गुणग्राहिणी परिषद् के समक्ष इसका अभिनय हुआ था। सूत्रधार स्पष्टतः कहता है कि हमने स्वामी श्रीहर्षवर्धन द्वारा रचित नाटिका को कर्ण परम्परा से सुना तो है किन्तु अभिनीत रूप में नहीं देखा है अतएव इसका सफल अभिनय करना चाहिए। (अस्मत्स्वमिना श्रीहर्षदेवेनापूर्ववस्तुरचनालंकृता रत्नावली नाम नाटिका कृता। सा चास्माभिः श्रोत्रपरम्परया श्रुता न तु प्रयोगतो दृष्टा तत्तस्यैव....यथावत्प्रयोगेण त्वया नाटयितव्येति।)[23] वीं शताब्दी के कवि राजशेखर द्वारा प्राकृत में उपनिबद्ध 'कर्पूरमञ्जरी' नामक सदृक के वसन्त ऋतु में अभिनीत होने की सूचना मिलती है, जिसमें स्वयं राजशेखर की पत्नी अवन्ति सुन्दरी ने अभिनय किया था। इसी प्रकार भट्टनारायण कृत 'वेणीसंहार' की प्रस्तावना में सूत्रधार उपस्थित सभासद् के समक्ष यह प्रार्थना करता है कि वेणीसंहार नाटक का अभिनय करने के लिए हम तैयार हो रहे है, अतएव आप लोगों से कवि के परिश्रम के विचार से या श्रेष्ठ कथा के प्रति आदरभाव से या नये नाटक को देखने की उत्कृष्ट अभिलाषा के कारण शान्तचित्तहोने की प्रार्थना की जा रही है।' (वेणीसंहारं नाम नाटकं प्रयोक्तुमुद्यता वयम्। तदत्र कविपरिश्रमानुरोधाद्वा उदात्तकथा-वस्तुगौरवाद्वा नवनाटकदर्शनकुतूहलाद्वा भवद्भिरवधानं दीयमानमभ्यर्थये।)[24]

संस्कृत नाटकों की प्रस्तावना के साथ-साथ नाटकों की कथावस्तु का विहङ्गम अवलोकन से भी नाटकों की अभिनेयता सिद्ध होती है। संस्कृत नाटककारों ने कथा वस्तु एवं संवादों को इस प्रकार निबद्ध करने का प्रयत्न किया है, जिससे प्रेक्षकों या श्रोताओं का शरीर और मन एकाग्र हो जाय और वे यथार्थ की प्रतीति करते हुए अलौकिक आनन्दानुभूति कर सकें। महाकवियों की यह भावना शाकुन्तला के उस प्रसङ्ग में अभिव्यक्त हुई है, जहाँ सूत्रधार कहता है कि 'तुम्हारे (नटी द्वारा प्रस्तुत) गीत के राग ने समस्त दर्शकों के मन को आकृष्ट कर लिया है और दर्शक चित्रित से प्रतीत होने लगे है' (अहो, रागबद्धचित्तवृत्तिरालिखित इव सर्वतो

रङ्गः)[25]। कालिदास नाट्यकला में पारंगत विद्वान् के समान अभिनय-कला का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए परिलक्षित होते है मालविकाग्निमित्रम् में परिव्राजिका द्वारा मालविका की प्रशंसा में उच्चरित वह पद्य किसी भी नवप्रवेशी अभिनेता का मार्गदर्शन कर सकता है।, जिसमें वह कहती है कि, 'गीत के समस्त भावार्थं को अङ्गों के अभिनय द्वारा प्रदर्शित किया गया है। इनके चरण लयानुसार सञ्चालित हो रहे थे और उसने गीत के रस में तन्मय होकर हस्त सञ्चालन द्वारा सुकुमार अभिनय प्रस्तुत किया है। उसकी अनेक प्रकार की चेष्टाएँ मानो सर्वत्र अनुराग का दृश्य उपस्थित कर रही हैं-

**अङ्गैरन्तर्निहितवचनः सूचितः सम्यगर्थः पादन्यासो लयमनुगतस्तन्मयत्वं रसेषु।**
**शाखायोनिर्मृदुरभिनयस्तद्विकल्पानुवृत्तौ भावो भावं नुदति विषयाद्रागबन्धः स एव।**[26]

इससे स्पष्ट है कि कालिदास ने अभिनय कला में लयानुसार हस्त और पाद सञ्चालन के साथ विभिन्न आङ्गिक चेष्टाओं द्वारा रस और भाव की अभिव्यक्ति को आवश्यक माना है। संस्कृत नाटककारों की यह प्रबल इच्छा अभिव्यञ्जित होती है कि नाटकों का अभिनय इतना कुशल और जीवन्त हो कि रंगमंच पर अभिनीत वस्तु पूर्णतः यथार्थ रूप में प्रतीत होने लगे। जैसा कि भवभूति उत्तररामचतिम् के अन्तिम अंक में प्रदर्शित करते है कि राम रंगमंच पर अभिनीत सीता के गङ्गा नदी में प्रवाहित होने की सूचना को सत्य मानकर अद्विग्न हो जाते हैं और लक्ष्मण राम को यह भान कराते हैं कि यह घटना नाटक मात्र है, वास्तविक नहीं (लक्ष्मणः- आर्य, नाटकमिदम्)[27] वस्तुतः संस्कृत नाटककार अभिनय-कला को उस उच्चतम शिखर पर प्रतिष्ठित करने के लिए प्रयत्नशील रहे है जहाँ कालिदास जैसे सिद्धहस्त नाटककार भी अपने अभिनय कौशल को तब तक सफल नहीं समझते हैं, जब तक विद्वान् सन्तुष्ट न हो जाय। (आपरितोषाद् विदुषां ना साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्)[28]। कालिदास, भवभूति और शूद्रक ने अभिनयकला की उस श्रेष्ठ परम्परा की स्थापना की जो क्षेमीश्वर के चण्डकौशिक एवं नैषधानन्द, दिङ्नाग की कुन्दमाला, क्षेमेन्द्र के चित्रभारत एवं जयदेव के प्रसन्नराघव से होती हुई निरन्तर विकसित होती गयी।

संस्कृत वाङ्मय के प्रसिद्ध नाटकों में जहां अभिनेयता की पूर्ण क्षमता विद्यमान है, वहीं ऐसे नाटकों की संख्या भी बहुतायत है जो अभिनय की कसौटी पर पूर्णरूपेण सफल सिद्ध नहीं होते हैं। अनेक नाटकों की कथावस्तु की जटिलता, दुर्बोधता और वर्ण्य-स्वातन्त्र्य अभिनेयता में बाधक है। पाश्चात्त्य नाट्यकला में समय, स्थान और कथानक की गति की अन्विति या संकलनत्रय को बहुत महत्व दिया गया है जबकि प्रायः संस्कृत नाटककारों ने केवल नाट्यशालाओं में प्रदर्शित करने की इच्छा या उद्देश्य से नाटकों की रचना नहीं की है। इसके कारण के सन्दर्भ में वाचस्पति गैरोला महोदय[29] का यह कथन विचारणीय है कि "रंगमंचीय विधानों के अनुरूप नाट्यतत्त्वों के साँचों में अपने नाटकों को ढालने की अपेक्षा संस्कृत के नाटककारों ने अधिक उपयुक्त यह समझा कि उनमें दृश्यात्मकता के साथ-साथ श्रव्यात्मकता का भी समावेश हो सके। यह उनका सर्वाङ्गीण दृष्टिकोण था और इसी दृष्टि से उनका अध्ययन हो सकता है।"

कालिदास नाटक को 'चाक्षुष यज्ञ' मानते है जो ताण्डव और लास्य दो प्रकार के अभिनयों, सत्व-रज-तम तीनों गुणों तथा अनेक रसों से युक्त होकर भिन्न-भिन्न रूचि वाले लोगों के लिए प्रायः एक ऐसा उत्सव है, जिसमें सब (द्रष्टा-श्रोता-पाठक) को समान आनन्द मिलता है-

**देवानामिदमामनन्ति मुनयः शान्तं क्रतुचाक्षुषम्**
**रूद्रेणेदमुमहतव्यतिकरे स्वाङ्गे विभक्तं द्विधा**
**त्रैगुण्योद्भवमत्र लोकचरितं नानारसं दृश्यते**
**नाट्यं भिन्नरूचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधकम्।।**[30]

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि संस्कृत वाङ्मय में अभिनेय नाटकों की न्यूनता नहीं है। भास के नाटकों का अभिनय दक्षिण भारत में अत्यन्त लोकप्रिय है। इसी प्रकार अभिज्ञानशाकुन्तलम् तथा मृच्छकटिकम् नाटकों का सफल अभिनय अनेकशः देश और विदेश में किया जा चुका है और आज भी इन नाटकों के प्रशंसक सर्वत्र सुलभ है।

**सन्दर्भ : -**

1. नाट्यशास्त्रम् 01.11.02
2. तदैव 1.17
3. दशरूपकम् 1.7
4. अभिनयदर्पणम् 1
5. मालविकाग्निमित्रम् 1 अंक पृ.30
6. संस्कृत शब्दार्थ कौस्तुभ पृ. 103
7. नाट्यशास्त्रम् 1.80 ततोऽचिरेण कालेन विश्वकर्माशुभं महत्।
   सर्वलक्षणसम्पन्नं कृत्वा नाट्यग्रहं तु सः।।
8. ना. शा. 1.25-40, 1.46-49 1.50-5।
9. प्रतिमानाटकम् 1 पृ.17
10. विक्रमोर्वशीयम् 3. पृ.99
11. अभिज्ञानशाकुन्तलम् 1, पृ. 11
12. मृच्छकटिकम् 1. पृ. 11
13. उत्तररामचरितम् 7 अंक पृ. 459
14. मालविकाग्निमित्र 2 अंक, पृ. 42
15. मृच्छ 0 1 अंक, पृ. 49
16. तदैव 1.42
17. मालविकाग्निमित्र-1 अंक, पृ. 4
    अभिज्ञान. 1 अंक, पृ. 21
18. मालविका. 2.8

19. विक्रमोर्वशीयम् –1 अंक, पृ. 4
20. अभिज्ञानशाकुन्तलम् –1 अंक, पृ. 7
21. मृच्छ0 1 अंक, पृ. 6
22. उत्तररामचरित् 1 अंक, पृ. 3
23. तदैव 7.21
24. रत्नावली 1 अंक, पृ. 10
25. वेणीसंहार 1 अंक, पृ. 8
26. अभिज्ञानशाकुन्तलम् 1 अंक, पृ. 21
27. मालविकाग्निमित्रम् 2.8
28. उत्तररामचरितम् –7 अंक, पृ. 465
29. अभिज्ञान. 1.2
29. भारतीय नाट्यपरम्परा और अभिनयदर्पण, पृ. 108
30. मालविका. 1.4

**सन्दर्भ ग्रन्थ-**


1. नाट्यशास्त्र (प्रथम भाग)–ले. भरत, बाबूलाल शुक्ल द्वारा सम्पादित, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, द्वितीय संस्करण।
2. धनञ्जय रचित दशरूपक –व्याख्याकार डॉ. रमाशंकर त्रिपाठी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, तृतीय संस्करण–2001।
3. भारतीय नाटयपरम्परा और अभिनय दर्पण–वाचस्पति गैरोला, संवर्तिका, प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण– 1967।
4. मालविकाग्निमित्रम् – व्याख्याकार डॉ. रमाशङ्कर पाण्डेय, चौखम्बा, सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण 2008।
5. प्रतिमानाटकम् सम्पादक ललिता प्रसाद पाण्डेय, प्रकाशक –रामसेवक आर्य कुमार, लखनऊ प्रथम संस्करण –1997
6. अभिज्ञान शाकुन्तलम्
7. विक्रमोर्वशीयम् –व्याख्याकार श्री अवनिकुमार पाण्डेय एवं पं. परमेश्वरदीन पाण्डेय, चौखम्बा, सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण–2009।
8. अभिज्ञानशाकुन्तमलम्– प्रणेता डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, प्रकाशक रामनारायण लाल विजयकुमार, इलाहाबाद, संस्करण–2009
9. मृच्छकटिकम् – डॉ. रमाशङ्कर त्रिपाठी, प्रकाशक–मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, संस्करण–2002
10. उत्तररामचरितम् –प्रणेता डॉ. कपिलदेव द्विवेदी– रामनारायणलाल विजयकुमार, इलाहाबाद। संस्करण–2002

11. रत्नावली-टीकाकार तारिणीश झा, प्रकाशक-रामनारायणलाल विजयकुमार, इलाहाबाद, संस्करण-2004
12. वेणीसंहार-व्याख्याता डॉ. कृष्णकान्त त्रिपाठी एवं दिनेश प्रसाद त्रिपाठी, प्रकाशन-साहित्य भण्डार, मेरठ, एकादश, संस्करण-2008 ई.
13. महाकवि कालिदास- डॉ. रमाशङ्कर तिवारी, प्रकाशन-चौखम्बा, विद्याभवन, वाराणसी, षष्ठ संस्करण-1999
13. संस्कृत नाटक-ले. ए.बी. कीथ, भाषान्तर, डॉ. उदयभानु सिंह, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली द्वारा प्रकाशित, 1965।
14. संस्कृत- शब्दार्थ-कौस्तुभ-सम्पादक द्वारका प्रसाद शर्मा और पं. तारिणीश झा, प्रकाशक-रामनारायणलाल, इलाहाबाद। द्वितीय संस्करण 1957

❐❐

# रामायणं काव्यबीजं सनातनम्

-पूजा मिश्रा

*(बृहद्धर्मपुराणे व्यासजाबालिसंवादमाध्यमेन रामायणं काव्यबीजमिति कथितं वर्तते। रामायणमादिकाव्यमस्ति। यथा लघुबीजे महतो वटवृक्षस्य निर्माणं निहितं भवति तथैव रामायणे काव्यानां काव्यविधानाञ्च पुष्पितपल्लवितकरणस्य सामर्थ्यं विद्यते। भारते सर्वाधिकनाटकानि काव्यानि च रामायणमाश्रित्यैव सन्ति। विदेशेषु अपि रामायणस्य प्रभावो दरीदृश्यते। भारतवर्षस्य नैकासु भाषासु रामायणस्य कथामाश्रित्य रचना: कृता: सन्ति। संस्कृतस्य अनेके परवर्तिन: कवय: नाटककाराश्च प्रत्यक्षरूपेण परोक्षरूपेण वा स्वकीयरचनाया आधारं रामायणं स्वीकृतवन्त:।)*

अलौकिक काव्य के अवसान काल में लौकिक संस्कृत के आदि में रामायण जैसे महान् ग्रन्थ का उदय हुआ जिसने भारतीय साहित्य एवं जन-जीवन को अत्यधिक प्रभावित किया। अलौकिक काव्य लौकिक काव्य के निर्माण की विधा का संकेत करता है। आदिकाव्य लौकिक काव्यों का उत्स होने के कारण काव्य के समग्र गुणों का निदेशक बन गया। जब न कवि था, न काव्य था, न काव्य निर्माण की विधा का कोई संकेत था तभी रामायण का अवतार शोक संतप्त महर्षि के मुख से श्लोक रूप में हुआ।[1] इस काव्यरूप के दर्शन से शोक और चिन्ताग्रस्त वाल्मीकि को सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने स्वयं आकर बताया कि- ''वाल्मीकि ! मेरे अनुनय विनय करने पर सरस्वती 'मा निषाद.'..... के रूप में तुम्हारी जिह्वा पर नृत्य कर गई हैं''[2] इसी विधा से तुम काव्य का निर्माण करो। तत्काल ब्रह्मा जी ने इस ग्रन्थ का नामकरण 'रामायण' किया और वाल्मीकि को वरदान देते हुए कहा कि- ''इस पृथ्वी पर जब तक नदियाँ और पर्वतों की सत्ता रहेगी, तब तक संसार में रामायण कथा का प्रचार होता रहेगा''। इसके पश्चात् ऋषि ने हस्तामलकवत् सम्पूर्ण अतीत-अनागत को देखकर रामायण की रचना की। अत: रामायण सार्वदेशिक और सार्वभौमिक काव्य के रूप में प्रसिद्ध हुआ और परवर्ती साहित्य के बीज के रूप में सदैव प्रासंगिक हो गया। वाल्मीकि रामायण में ही रामायण को 'आदिकाव्य' और सम्पूर्ण काव्य की आधार शिला कहा गया है।[4] वृहद्धर्मपुराण में 'व्यास-जाबालि संवाद' के माध्यम से रामायण को 'काव्यबीज' बताया गया है। व्यास रामायण को महाभारत के प्रेरणास्रोत के रूप में बताते हैं।[5] इसी संवाद में व्यास वाल्मीकि से प्रेरणा प्राप्ति का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि- वाल्मीकि ने मुझसे कहा कि रामायण से भी अधिक

विस्तीर्ण महाभारत की रचना करो।[6] और वाल्मीकि ने स्वकृत रामायण को काव्यबीज की संज्ञा देते हुए व्यास जी को महाभारत की रचना करने से पूर्व पढ़ने का निर्देश दिया।[7] अत: श्री व्यास आदि कवियों ने इसी का अध्ययन कर पुराण, महाभारत आदि का निर्माण किया है।

वाल्मीकि रामायण को काव्यबीज इन अर्थों में कहा गया है कि– जिस प्रकार एक बीज में महान् वट वृक्ष निर्माण का सामर्थ्य छिपा रहता है उसी प्रकार रामायण में भी अनेक काव्यों एवं काव्यविधाओं को पुष्पित–पल्लवित करने का सामर्थ्य विद्यमान है। रामायण को आदिकाव्य कहते ही उसकी काव्यबीजता और स्पष्ट हो जाती है। वाल्मीकि रामायण में आदिकाव्य कहने का तात्पर्य यह नहीं है कि वह वेद के तत्त्वों को नकारता है और केवल लोक की बात करता है, अपितु वह उन्हीं तात्त्विक, धार्मिक बातों को अर्थ, कामादि पुरुषार्थों से जोड़कर उसको और अधिक व्यापक, सरल और उदार बना देता है।[8] अति लघु होने पर भी औपनिषदिक वाक्यों को उनकी गूढ़ता, रहस्यता और गाम्भीर्य के कारण 'महावाक्य' की संज्ञा प्रदान की जाती है। रामायण को भी आचार्य विश्वनाथ ने साहित्य दर्पण में महावाक्य कहा है।[9] यहाँ महावाक्य रामायणवाक्यों के समूह के साथ–साथ जनमानस के अन्दर प्रवेश कर राजाज्ञा के समान नहीं बल्कि उपदेशात्मक शैली से उसे सत्य की ओर ले जाना चाहता है।

**काव्यबीज**

कवि के भाव को उद्भावित करने वाले भाव को काव्यबीज कहते हैं। निमित्त को पाकर जो भाव उद्भावित होता है वही काव्यबीज है। स्थायी भाव सबमें विद्यमान रहते हैं, लेकिन जब वही भाव उस रस रूप में परिणत हो जाते हैं तो वह काव्य बन जाता है। इस संसार में भी वाल्मीकि का शोक नामक स्थायी भाव करुण रस[10] के रूप में परिणत होकर 'रामायण महाकाव्य' बन गया। रामायण के निर्माण के समय निम्न प्रकार के परिवर्तन हुए–

ऋषि कवि रूप में परिवर्तित हो गया।

वर्णन काव्यरूप में बदल गया।

सामान्य भाषा काव्यभाषा में बदल गई।

इस प्रकार रामायण आदिकाव्य हुआ और समस्त काव्य एवं काव्यशास्त्रीय गुणों को समाहित करने के कारण काव्यबीज भी बन गया।

रामायण 'लक्ष्य एवं लक्षण' दोनों ग्रन्थों के रूप में स्वयं को प्रकट करता है। इस प्रकार रामायण काव्य एवं काव्यशास्त्र दोनों का उपजीव्य बना क्योंकि काव्य और काव्यविधायें साथ–साथ चलती हैं।

**रामायणबीज के रूप में काव्य रचनायें -**

वाल्मीकि के भगवान् श्रीराम और रामायण के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। भारतीय अध्यात्म, धर्म, राजनीति एवं काव्य आदि सभी क्षेत्र रामायण से ओत–प्रोत हैं। यहाँ तक कि काव्य चाहे वह दृश्य हो या श्रव्य, गद्य हो या पद्य या चम्पू हो सर्वाधिक वही

काव्य हैं जिनके नायक राम हैं। भारतीय जनमानस राम में इस तरह रम गये हैं कि वे राम के बिना रह नहीं सकते। बाहर से आए बादशाह भी राम में रमने लगे थे[11] इतना ही नहीं भारतीय मूल के निवासी जहाँ भी गये वहाँ रामकथा साथ ले गये और वहाँ रामकथा काव्यबीज बन गई।[12] रामायण से प्रेरित होकर रामायण परम्परा चल पड़ी जिसमें संस्कृत, प्राकृत एवं अन्य भारतीय भाषाओं में अनेक रामायण रची गईं। जैसे–

* योगवासिष्ठ, अध्यात्मरामायण, आनन्दरामायण, अद्भुतरामायण, मंत्ररामायण, भुशुंडिरामायण आदि वाल्मीकिरामायण की प्रत्यक्ष परम्परा में है।

* बौद्ध परम्परा में – दशरथ जातक।

* जैन परम्परा में – विमलसूरि का पउमचरिउ, रविषेण का पद्मचरित रामायण काव्य है।

* तमिल में कम्बन का तमिल रामायण

* बंगीय भाषा में कृत्तिवास का कृत्तिवासीय रामायण

* जावा तथा बाली का 'रामायण ककविन' पूर्ण महाकाव्य है। इसके रचयिता राजकविम्पू योगीश्वर हैं।

**संस्कृत में वाल्मीकि रामायण से प्रेरणा प्राप्त साहित्य**

संस्कृत के अनेक परवर्ती कवि, नाटककार, चम्पूकार ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपनी रचना का आधार रामायण को बनाया है। जो इस प्रकार है–

**रामायण आधारित महाकाव्य**

* रघुवंश महाकाव्य–कालिदास (प्रथम शताब्दी)– कवि कालिदास ने रघुवंश महाकाव्य में वाल्मीकि का स्मरण किया है।[13] कालिदास ने महर्षि के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उन्हें अपना आदर्श कवि स्वीकार किया है।[14] उपरोक्त बिन्दुओं के आधार पर रघुवंश महाकाव्य को रामायण का उपजीव्य माना जा सकता है।

* प्रवसरसेन कृत–सेतुबंध महाकाव्यम् (400 शताब्दी)

* जानकीहरण महाकाव्य–कुमारदास (520 ई.)– जानकीहरण महाकाव्य में 20 सर्गों में सम्पूर्ण रामायण कथा प्रस्तुत की गई है। विषयवस्तु के निरूपण में कविकुमारदास वाल्मीकि के ऋणी हैं। रामायण का पूर्व संस्करण जानकीहरण का स्रोत प्रतीत होता है।[15] अनेक स्थलों पर तो उन्होंने वाल्मीकि रामायण के पद्यों की ललित विन्यास के साथ छाया कर डाली है। पहले सर्ग में वाल्मीकि के पद को ही उन्होंने अनूदित किया है। जैसे–

**एकेन खलु वाणेन मर्मण्यभिहते मयि।**
**द्वावन्धौ निहतौ वृद्धौ माता जनियता च मे।।** रामायण, 2/63/39

इस श्लोक का रूपान्तरण कुमारदास ने अपने महाकाव्य में इस प्रकार किया है–

**एकं त्रिसाधयतापि लक्ष्यं नीतं विनाशं त्रितयनिराम।**
**मद् चक्षुषा कल्पितदृष्टिकृत्यौ वृद्धौ वने मे पितरावहं च।।** जानकीहरण, 1/76

अत: स्पष्ट है कि यह महाकाव्य वाल्मीकि रामायण पर आधारित है।

* रावणवध-भट्टि (644ई.)- इसमें 22 सर्ग हैं, रामायण की सम्पूर्ण कथा प्रस्तुत की गई है।

* रामचरित-अभिनन्दनम् (नवम शताब्दी)- इसमें 36 सर्ग हैं और रामायण के किष्किंधाकाण्ड से युद्धकाण्ड तक की कथा सरस काव्यात्मक निरूपित है।

* रामायण मञ्जरी-क्षेमेन्द्र (1050 ई.)- यह वाल्मीकि रामायण का संक्षिप्त रूपान्तरण है, इसमें 6400 श्लोक तथा 7 काण्ड हैं। इसमें क्षेमेन्द्र ने वाल्मीकि को प्रथम तथा सर्वोपजीव्य कहा है।[16]

* अन्य महाकाव्य जैसे- सन्ध्याकरनन्दी कृत रामपालचरितकाव्य, वामन भट्टबाणकृत रघुनाथ चरित, रामपाणिपादकृत राघवीयम् महाकाव्य, नव्य चंडीदासकृत रघुनाथ गुणोदय काव्य तथा कुछ आधुनिक महाकाव्य जैसे-सीता चरितम् - रेवाप्रसाद द्विवेदी, राजेन्द्रमिश्र कृत जानकीजीवनम्, सत्यव्रतशास्त्री कृत रामकीर्ति कौमुदी आदि रामायण से ही अपना कथानक प्राप्त करते हैं। अत: इन रामायणाश्रित महाकाव्यों पर दृष्टिपात करने पर स्पष्ट होता है कि रामायण काव्यबीज है।

**संस्कृत नाटकों के लिए सनातन काव्यबीज के रूप में रामायण**

* भास कृत प्रतिमा नाटक और अभिषेक नाटक-इन दोनों नाटकों के द्वारा भास ने रामायण की सम्पूर्ण कथा को नाटकीय स्वरूप में विन्यस्त किया है।

* भवभूति कृत महावीरचरितम् और उत्तररामचरितम् - ये दोनों ही नाटक अपने कथानक का चयन वाल्मीकि रामायण से करते हैं। भवभूति अपने उत्तररामचरित में वाल्मीकि रामायण को आत्रेयी के एक संवाद में शब्दब्रह्म का पहला विवर्त कहते हैं तथा वे तमसा और वासन्ती के मुख से एक ही करुण रस के भिन्न-भिन्न विवर्तों का आश्रय लेने की बात कहते हैं[17] रामायण को शब्द ब्रह्म का पहला विवर्त बताकर भवभूति ने उसकी उपजीव्यता को सिद्ध कर दिया है।

* अन्य नाटक जैसे- दिङ्नागकृत कुन्दमाला, शक्तिभद्र कृत आश्चर्यचूडामणि, मुरारिकृत अनर्घराघव, राजशेखरकृत बालरामायणम् , जयदेवकृत प्रसन्नराघव, रामचन्द्रकृत रघुविलास, सुभटकृत दूतांगद, सोमेश्वर कृत उल्लासराघव, महादेवकृत अद्भुत दर्पण नाटक, महालिंगशास्त्रिकृत आदिकाव्यम् , यज्ञनारायण दीक्षितकृत रघुनाथ विलास नाटक, भास्करकृत उन्मत्त राघव, विरूपाक्षकृत उन्मत्त राघव आदि का आधार रामायण ही है।

**रामायणाश्रित चम्पूकाव्य-भोजराज कृत रामायण चम्पू-**भोज ने किष्किन्धाकाण्ड तक ही इसकी रचना की है।

**रामायण-काव्यशास्त्रीय चिन्तन के बीज रूप में**

आदिकाव्य रामायण न केवल लक्ष्य काव्य है अपितु वह लक्षण ग्रन्थ भी है। रामायण परवर्ती काव्यशास्त्र के लिए बीज रूप में प्राप्त हुआ जिससे काव्यशास्त्र के अनेक सम्प्रदाय

(काव्य विधायें) साहित्य जगत् में फैल गए। रामायण उदात्त चरित्रों से युक्त उदार अर्थों से युक्त तथा मनोरम पद वाला, समानाक्षरों वाला सौ करोड़ श्लोक विस्तार रखने वाला है।[18] प्रस्तुत श्लोक रामायण की सम्पूर्ण संरचना का अवलोकन करा देता है।

पाश्चात्य काव्यशास्त्री लांजाइनस इसी उदात्तता की बात करते हैं। इनके अनुसार– काव्य को गरिमामय और भव्य बनाने के लिए उदात्त विषयवस्तु, उदात्त विचार, भाव तथा भाषा आवश्यक है। यही कवियों को महाकवि बना सकती हैं, जिसका प्रभाव युग–युगान्तर तक, प्रतिष्ठित हो सका है।[19]

काव्यशास्त्रियों ने भी अपना लक्षण ग्रन्थ लिखते समय रामायण को उद्धृत किया है। जैसे– ध्वन्यालोककार आनन्दवर्धन ध्वनि की स्थापना करते हुए कहते हैं कि ध्वनि का बीज पूर्वकाव्यों में पहले से व्याप्त है। यहाँ वे 'बुधैर्यः समाम्नातपूर्वम्' से आदिकाव्य रामायण और महाकवि की ओर संकेत करते हैं। ध्वनि का स्वरूप बताने के सन्दर्भ में कहते हैं कि जो सकल सत्कवियों के काव्यों का उपनिषद्भूत, अतिरमणीय, और जिसका रामायणादि ग्रन्थों में व्यवहार प्रसिद्ध है उस ध्वनि को हम प्रकाशित करते हैं।[20] अर्थात् कवि आनन्दवर्धन ने 'प्रकाश्यते' शब्द का प्रयोग कर स्पष्ट कर दिया है कि ध्वनि का बीज रामायणादि है हम तो उसका प्रकाशन मात्र कर रहे हैं। पुनः आनन्दवर्धन जब काव्यार्थ (रस) को काव्यात्मा रूप में स्थापित करते हैं वहाँ वे रामायण वाक्य को ही उद्धृत करते हैं।[21] प्रतीयमान अर्थ को व्याख्यायित करते समय भी आचार्य ने महाकवि को उद्धृत किया है।[22] व्यंग्य अर्थ और उसकी अभिव्यक्ति का सामर्थ्य रखने वाला कोई शब्द है न कि शब्दमात्र, इस सिद्धान्त की स्थापना करते हुए वे पुनः महाकवि की ओर ही जाते हैं और महाकवियों के महाकवित्व लाभ को प्रस्तुत करते हैं।[23] भोज ने रामायणचम्पू में वाल्मीकि को मधुर काव्यशैली का प्रवर्तक कहा है।[24]

काव्यप्रकाशकार आचार्य मम्मट का काव्यप्रयोजन निरूपण के समय जो उदाहरण रूप में 'राम की तरह आचरण करना चाहिए रावण की तरह नहीं' का जो उल्लेख किया है उससे स्पष्ट झलकता है कि वे आदिकाव्य रामायण के हि उपदेश, आदेश निर्देश को प्रस्तुत कर रहे हैं।

वाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड से यहाँ ज्ञात होता है कि लव–कुश द्वारा रामायण के प्रथम गान के समय राजारामचन्द्र ने भारतवर्ष के सम्पूर्ण कलाओं, विधाओं के ज्ञाता धुरन्धरों को बुलवाया था। उस समय सभा में सब उपस्थित थे और रामायण गान को सुनकर सबने एक स्वर में कहा कि इस रामायण में समग्र शास्त्रीय गुण समन्वित हैं। सभा में रामचन्द्र जी ने बड़े–बड़े मुनि, राजा वेदवेत्ता पण्डितों, पौराणिकों, वैयाकरणों, बड़े–बूढ़े ब्राह्मणों, स्वरों और लक्षणों के ज्ञाताओं, द्विजों, संगीत विधा के जानकारों, निगमागम के विद्वानों, छन्दादि के ज्ञाताओं को आहुत किया था[26] और इन चतुःषष्टि कलाओं के ज्ञाता एवं विशेषज्ञ लवकुश के मुख से गीयमान वाल्मीकि रामायण का श्रवण कर मुग्ध हो गए। सब उस रामायण की भूरि–भूरि प्रशंसा करने लगे।[27] आर्यावर्त की समस्त प्रतिभाओं के समक्ष रामायण की यह प्रथम

वाचनिका थी, जिसमें सर्वसम्मति से इसे प्रमाणित ग्रन्थ के रूप में मान्यता मिली। इस प्रकार उत्तरकाण्ड में वाल्मीकि ने स्वयं बताया है कि रामायण सभी विधाओं से परिपूर्ण और सबका बीज है।

## शोध सार

निष्कर्षत: रामायण आर्यावर्त का प्रथम काव्य और काव्यशास्त्र दोनों है, इसीलिए इसे आदिकाव्य और काव्यबीज कहा गया है। संस्कृत, हिन्दी, बंगाली, तमिल, तेलगू आदि साहित्य एवं साहित्यशास्त्रों ने अपने कथानक और विधायें इसी से प्राप्त किये हैं : जिसे हम उनके ग्रन्थों के अध्ययन के माध्यम से सन्दर्भ के साथ प्रकाशित कर सकते हैं। अत: प्रस्तुत विषय पर एक विस्तृत शोध कार्य की सम्भावना बनती है।

## संकेत-सूची

1. रा.-रामायण
2. बा.का.- बालकाण्ड
3. उ.का.- उत्तर काण्ड
4. वृहद् . - वृहद्धर्म पुराण
5. रा.क.- रामायण ककविन
6. रघु.-रघुवंश
7. आर.रा.- आनन्दरामायण
8. ध्व.- ध्वन्यालोक
9. का.-काव्यप्रकाश

## पाद-टिप्पणी

1. मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगम: शाश्वती: समा:।
   यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधी: काममोहितम्।। रामा., बा.का. 2/15
2. श्लोक एवास्तवयं बद्धो नात्र कार्या विचारणा।
   मच्छन्दादेव ते ब्रह्म प्रवृत्तेयं सरस्वती।। वही., 2/31
3. यावत्स्थास्यन्ति गिरय: सरितश्च महितले।
   तावद् रामायणकथा लोकेषु प्रचरिष्यति।। वहि., 2/36
4. आदिकाव्यमिदं राम त्वयि सर्वं प्रतिष्ठितम्।
   न ह्यन्योऽर्हति काव्यानां यशोभाग् राघवादृते।।
5. रामायणं तस्य बीजं परात्परतरं मतम्। वृहद् ., 30/11
6. रामायणात् च विस्तीर्णं त्वं महाभारतं कुरु।
   रामायणपरीपाय्या त्वं महाभारतं कुरू।। वही., 30/15
7. पठ रामायणं व्यास काव्यबीजं सनातनम्। वही. 30/47
8. धर्मकामार्थ सहितं तव्यमन्सूयता। रा.बा.का., 5/4
9. वाक्योच्चयो महावाक्यम्। सा., पृ. 35
10. शोक: श्लोकत्वमागत:।
11. बादशाह अकबर ने अपने सिक्कों पर धनुष-बाण लिये हुए श्रीराम को अंकित कराया और 'रामसीय' लिखवाया था। रा.का., भूमिका पृष्ठ, 8

12. फिजी, गुयाना, वर्मा, इण्डोनेशिया, मलेशिया, लाओस, ट्रिनीडाड, द. अफ्रिका, सूरीनाम, मरीशस, कम्बोडिया, बाली, सुमात्रा, एवं जावा में भी रामसम्बद्ध काव्य एवं रामलीला देखने को मिलती है। देशकाल के अनुसार थोड़ा बहुत अन्तर होने पर भी इन सबका आधार वाल्मीकि रामायण है। वही.

13. कविः कुशेध्माहरणाय यातः।
निषादविद्धाण्डजदर्शनोत्थः श्लोकत्वमापद्यत यस्य शोकः। रघु. 14/17
14. अथवा कृतवाग्द्वारे वंसेऽस्मिन् पूर्वसूरभिः।
मणौ वज्रसमुत्कीर्णे सूत्रस्येवास्ति मे गतिः।। वही. 2/4
15. संस्कृत साहित्य का अभिनव इतिहास,
16. नुनंः सर्वोपजीव्यं तं कवीनां चक्रवर्तिनाम्।
यस्येन्दुधवलैः श्लोकैर्भूषिता भुवनत्रयी।।
स वः पुनातु वाल्मीकेः सूक्तामृतमहोदधिः।
ओङ्कार इव वर्णानां कवीनां प्रथमो मुनिः।। रामायण मञ्जरी,
17. संस्कृत साहित्य का अभिनव इतिहास, पृ. 353
18. उदारवृत्तार्थपदैःमनोरमैः, तदास्य रामस्य चकार कीर्तिमान्।
समाक्षरैः श्लोकवरैः यशस्विनः, मुनिः सकाव्यं शतकोटिविस्तृतम्। आ.रा.
19. पाश्चात्य काव्यशास्त्र इतिहास सिद्धान्त और वाद, पृ. 158
20. ध्वनेः स्वरूपं सकलसत्वकविकाव्योपनिषद्भूतमतिरमणीयम.......
अथ च रामायणमहाभारतप्रभृतिनि लक्ष्ये सर्वत्र प्रसिद्ध व्यवहारं.......। ध्व. प्रथम उद्योत, पृ.1 (वृत्ति)
21. काव्यस्यात्मा स एवार्थस्तथा चादिकवे पुरा।
क्रौञ्चद्वन्द्व वियोगोत्थः श्लोकः श्लोकत्वमागतः।। ध्वन्यलोक, 1/15
22. प्रतीयमानं पुरनरन्यदेव वस्त्ववस्ति वाणीषु महाकवीनाम्।
यत्तत्प्रसिद्धावयवातिरिक्तं विभाति लावण्यमिवाङ्गनासु।। वहीं...1/2
23. सोऽर्थस्तद्व्यक्ति सामर्थ्ययोगी शब्दश्च कश्चन।
यत्रतः प्रत्यभिज्ञेयौ तौ शब्दार्थौ महाकवेः।।
वृत्ति–व्यङ्ग्यव्यञ्जकाभ्यामेव सुप्रयुक्ताभ्यां महाकवित्वलाभो महाकवीनाम्। वही, 1/8
24. मधुमय–भणितीनां मार्गदर्शी महर्षिः। रामायण चम्पू, 1/8
25. रामादिवत्प्रवर्तितव्यं न रावणादिवत् ....। काव्यप्रकाश, पृ. 11
26. अथ कर्मान्तरे राजा समाहूय महामुनीन् पार्थिवांश्च नरव्याघ्रः पण्डितान् नैगमांस्तथा।।
शास्त्रज्ञान् नीतिनिपुणान् वेदान्तार्थप्रबोधकान। एतान् सर्वान् समानीय गातारौ समवेशयत्। रा.उ., 94/4–10
27. ततः प्रवृत्तं मधुरं गान्धर्वमतिमानुषम्।
न च तृप्ति ययुः सर्वे श्रोतारो गेयसम्पदा।। रा.उ., 94/12

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

* महर्षि वाल्मीकि प्रणीत, श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण, गीताप्रेस गोरखपुर, प्रकाशन वर्ष 2011, चालीसवाँ पुनर्मुद्रण।
* डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी, संस्कृत साहित्य का अभिनव इतिहास, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 2001।
* डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास, रामनारायणलाल विजयकुमार प्रकाशन, इलाहाबाद 2009।
* श्रीकृष्णमुनि त्रिपाठी, रघुवंश महाकाव्यम् , चौखम्बा वाराणसी।
* आद्या चरण झा, वाल्मीकि रामायणं कम्बरामायणञ्च, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, 1996।
* डॉ. राजेन्द्र मिश्र (अनुवाद एवं सम्पादक), रामायण ककविन् , सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी।
* आचार्य रामचन्द्रशुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, प्रयाग पुस्तक सदन, 2009।
* आचार्य आनन्दवर्धन, ध्वन्यालोक, व्याख्याकार जगन्नाथ पाठक, चौखम्बा विद्याभवन, 2003।
* आचार्य विश्वनाथ, साहित्यदर्पण, प्रयाग पुस्तक भवन, 2009।
* आचार्य मम्मट, काव्यप्रकाश (व्याख्याकार विश्वेश्वर सिद्धान्त शिरोमणि), ज्ञान मण्डल लिमिटेड वाराणसी, सं. 2042।
* डॉ. भगीरथ मिश्र, "काव्यसिद्धान्त और वाद", पाश्चात्य काव्यशास्त्र इतिहास, सिद्धान्त और बाद, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी।
* A.B. Keith, A History of Sanskrit Literature, Motilal Banarsidass, Delhi, 1928.

❐❐

# वैशेषिकदर्शन का अनुबन्धचतुष्टय एवं आद्य वैशेषिकसूत्रचतुष्टय विविध व्याख्यानपरम्पराओं के आलोक में

**प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी**

**सारांशः**

शोधपत्रमिदं वैशेषिकसूत्रस्यानुबन्धचतुष्टयस्य प्रदर्शनपूर्वकं चतुर्णां वैशेषिकसूत्राणां विषये कञ्चन विमर्शं प्रस्तौति। वैशेषिकसूत्राणामध्ययनस्य अधिकारी यः कोऽपि लौकिकः सामान्यो जिज्ञासुर्जनः, विषयस्तावत् पदार्थाः पदार्थधर्माश्च, सम्बन्धः प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावः, प्रयोजनं तावद् अभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः। वैशेषिकसूत्रेष्वारम्भिकं सूत्रं पदार्थधर्माणां प्रतिपादनस्य प्रतिज्ञापरम्, द्वितीयं सूत्रं पदार्थधर्माणामभ्युदयनिःश्रेयससाधकत्वप्रतिपादकम्, तृतीयं सूत्रं तावदत्र प्रक्षिप्तं चतुर्थं सूत्रमप्यत्र प्रक्षिप्तमिति शोधपत्रस्यास्य निष्कर्षः। षण्णां पदार्थानां प्रतिपादकस्य चतुर्थसूत्रस्य प्रक्षिप्तत्वेऽपि द्रव्यगुणकर्मभिन्नपदार्थानां वैशेषिकसूत्रानुसारं वास्तवमस्तित्वं न, प्रत्युत तार्किकमेवेति केषाञ्चिदाधुनिकानां विदुषां मतमप्यत्र समीक्षितम्।

## 1. प्रस्तावना

1.1 भारतवर्ष दर्शन एवं धर्मप्रधान देश रहा है। इस देश में अत्यन्त प्राचीन काल से दार्शनिक एवं नैतिक चिन्तन करने एवं तदनुसार जीवन जीने का स्वातन्त्र्य रहा है। वैदिकदर्शनों में मीमांसा दर्शन में जहाँ एक ओर कर्मकाण्ड प्रधान विविध यज्ञों को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया वहीं मुमुक्षुओं के लिए उपनिषद्विद्या जिसे वेदान्तविद्या कहते हैं, उसके माध्यम से मुक्ति के मार्ग का उपदेश किया गया। अत्यन्त प्राचीन काल से साङ्ख्य दर्शन भी मुक्ति के मार्ग का दर्शक रहा है। साङ्ख्य दर्शन के मूल विचारों के बीज भी उपनिषदों में प्राप्त होते हैं। साङ्ख्य दर्शन ने आत्यन्तिक दुःखनिवृत्ति के लिए प्रकृति पुरुष के विवेक ख्याति को आवश्यक माना है। इस प्रकार मुमुक्षुओं के लिए जहाँ एक ओर औपनिषदिक विचार ब्रह्म विद्या का उपदेश दे रहे थे, जिन्हें अलग अलग रूपों में समझा जा रहा था, वहीं साङ्ख्य दर्शन प्रकृति के एकत्व के प्रतिपादन के साथ पुरुष के बहुत्व को स्वीकार करते हुए प्रकृति पुरुष विवेक का उपदेश दे रहा था। किन्तु दोनों ही विचार संसार से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने हेतु संसार के प्रति विराग की शिक्षा दे रहे थे। या यह कहें कि संसार से विरक्त मुमुक्षुओं को ही वेदान्त या साङ्ख्य की शिक्षा उपयोगी थी। इस स्थिति में वैशेषिक दर्शन का उदय एक ऐसे दर्शन के रूप में होता है, जो प्रवृत्तिमार्ग में रत जनसामान्य को व्यावहारिक समझ के आधार ही पर जागतिक ज्ञान से लौकिक अभ्युदय के साथ निःश्रेयस की प्राप्ति का सिद्धान्त स्थापित करता है।

## 2. वैशेषिकदर्शन का अनुबन्धचतुष्टय

2.1 वैशेषिकसूत्रों के प्रथम सूत्र के द्वारा पदार्थधर्मों के प्रतिपादन की प्रतिज्ञा की गई है तथा द्वितीय वैशेषिकसूत्र पदार्थधर्म के ज्ञान को अभ्युदय एवं नि:श्रेयससिद्धि के साधन के रूप में प्रतिपादित करता है। वैशेषिक दर्शन में निश्रेयस का स्वरूप क्या है इस विषय में आचार्यों ने पर्याप्त विचार किया है। आत्यन्तिक दु:खनिवृत्ति ही वैशेषिकों के अनुसार नि:श्रेयस है। पदार्थों के धर्म का तत्त्वत: ज्ञान ही हमें दु:ख से आत्यन्तिक निवृत्ति दे सकता है। हमारे समस्त दु:खों का कारण पदार्थ के धर्म का तत्त्वत: ज्ञान का न होना ही है। पदार्थों तथा उनके धर्मों का तत्त्वत: ज्ञान जहाँ एक ओर लौकिक अभ्युदय का साधन है, वहीं आत्मपदार्थ के तत्त्वत: ज्ञान से अभ्युदय की प्राप्ति भी सुनिश्चित है। क्योंकि हमारे जीवन का समस्त व्यवहार धर्मियों एवं तदाश्रित धर्मों पर आधारित है। यदि हम संसार के पदार्थों एवं तदाश्रित धर्मों को ठीक ठीक समझ लें तो निश्चय ही हमारा इहलोक तो सफल होगा ही, दु:खों से भी आत्यन्तिक निवृत्ति हो जाएगी।

2.1 वैशेषिक दर्शन के अनुसार द्रव्य प्रमुख धर्मी है। उसके धर्म के रूप में उसके गुण एवं उसकी क्रियाएँ हैं। इसके अतिरिक्त द्रव्य में द्रव्यत्व धर्म भी है तथा गुण में गुणत्व तथा कर्म में कर्मत्व धर्म है। किसी भी द्रव्य के गुणभूत धर्म के ज्ञान से हमारा समस्त लोक व्यवहार सञ्चालित होता है। जिस प्रकार हमारा लौकिक व्यवहार द्रव्यों के गुणों के ज्ञान से सञ्चालित होता है वैसे ही आत्मा के धर्म आत्मत्व के ज्ञान से ही हमारा नि:श्रेयस सम्भव है। गुण भी द्रव्य के धर्म हो सकते हैं, किन्तु उन गुणों से अतिरिक्त द्रव्य का अस्तित्वाधायक धर्म तो द्रव्यत्व है। द्रव्यत्व एक है। वैशेषिक दर्शन के अनुसार सभी आत्माओं में एक ही आत्मत्व है, जो उसके अस्तित्व का आधार है। आत्मा अनेक हैं, किन्तु आत्मा का अस्तित्वाधायक धर्म एक ही है। इस प्रकार इस सृष्टि की सभी आत्माएँ भिन्न भिन्न होकर भी समानधर्मा हैं। ज्ञान इच्छादि गुण आत्मा के नित्य गुण नहीं हैं। अत: वे उनके सहज धर्म भी नहीं हो सकते। आत्मा का स्वरूपाधायक धर्म तो उसमें रहने वाला आत्मत्व ही है। इस प्रकार पदार्थ धर्म के ज्ञान के द्वारा आत्मबोध कराना ही वैशेषिक दर्शन का लक्ष्य है। अत: हमें यह जानना चाहिए कि द्रव्य क्या हैं, उनके गुण कौन हैं। द्रव्य कितने प्रकार के हैं। नित्य द्रव्य कौन हैं। अनित्य द्रव्य कौन हैं। सृष्टि कैसे बनती है। आत्मा का सृष्टि से क्या सम्बन्ध है। आत्मा के गुण क्या हैं। वे नित्य हैं या अनित्य हैं। सभी आत्माओं में एक ही आत्मत्व है। आत्मा भिन्न भिन्न है किन्तु उनके अस्तित्व का आधायक धर्म आत्मत्व तो एक ही है। वैशेषिक दर्शन प्रारम्भ से ही तार्किक एवं व्यावहारिक रूप से आत्मत्व के ऐक्य प्रतिपादन के द्वारा औपनिषदिक चिन्तन का ही स्वशास्त्रीय सरणि से प्रसार करने वाला दर्शन रहा है। आत्मत्व के ऐक्य प्रतिपादन के लिए ही वैशेषिक दर्शन में भाव पदार्थ के एकत्व का प्रतिपादन किया गया है। संसार के सभी प्राणी आत्मत्वेन एक हैं, सजातीय हैं, सधर्मा हैं। इस सन्देश से यह दर्शन प्राणिमात्र में शान्ति एवं

सौहार्द का सन्देश भी देता है। आत्माओं की अनेकता को स्थापित करके भी उनका आत्मत्वेन ऐक्य प्रतिपादित करना इस दर्शन का वैशिष्ट्य है। उपर्युक्त विवेचन से यह सिद्ध है कि वैशेषिक दर्शन का मुख्य प्रयोजन अभ्युदय एवं निःश्रेयस की प्राप्ति है। कोई भी सांसारिक व्यक्ति इस विद्या को प्राप्त करने का अधिकारी है।

## 2. आद्य वैशेषिकसूत्रत्रयी की पाठालोचना एवं व्याख्यानसमीक्षा

2.1 अब हम वैशेषिक सूत्रों तथा उनकी व्याख्यानपरम्पराओं के आलोक में इन बिन्दुओं पर विचार करेंगे। इसके साथ ही वैशेषिकसूत्रपाठ पर भी विचार करेंगे, क्योंकि कुछ सूत्रपाठ प्रक्षिप्त भी हैं। इन पाठों में अनेक प्रकार के परिवर्तन, परिवर्धन समय समय पर हुए हैं। इनमें से कुछ परिवर्तन प्रशस्तपाद से भी पहले के हैं, जबकि कुछ परिवर्तन और परिवर्धन प्रशस्तपाद के पदार्थधर्मसंग्रह की शब्दावली को ही सूत्र के रूप में या सूत्र के साथ योजित किए जाने से भी हुए हैं। वैशेषिकसूत्राधारित वैशेषिकवाङ्मय की परम्परा में सम्प्रति मतिचन्द्र की दशपदार्थी तथा प्रशस्तपाद के पदार्थधर्मसंग्रह से पूर्व की कोई रचना, व्याख्या या भाष्य उपलब्ध नहीं है। वैशेषिकसूत्रों पर सम्प्रति तीन व्याख्याएँ उपलब्ध हैं। 1. चन्द्रानन्दवृत्ति 2. मिथिलावृत्ति 3. उपस्कारवृत्ति। इनमें से शंकरमिश्रकृत उपस्कारवृत्ति सर्वाधिक अर्वाचीन है। इनमें चन्द्रानन्दवृत्ति तथा मिथिलावृत्ति उपस्कार से यद्यपि प्राचीन है।

2.2 यहाँ हम प्रथम अध्याय के प्रथम पाद के तीन सूत्रों के पाठ पर विचार करेंगे। इस सन्दर्भ में विचार हेतु इन सूत्रों पर टीकाकारों के विचारों का भी मूल्यांकन प्रासंगिक है। वैशेषिकसूत्रों की उपर्युक्त तीनों टीकाग्रन्थों में प्रथम अध्याय के प्रथम पाद के प्रथम तीन सूत्र "अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः"[1], "यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः"[2] तथा "तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम् "[3] समानरूप से विद्यमान हैं तथा इनकी व्याख्या में भी प्रायः समानता है।[4] यहाँ उक्त धर्म को उक्त सभी टीकाकारों ने वेदसिद्ध स्वर्गापवर्ग के साधनभूत यागादि से जन्य अदृष्टरूप धर्म के रूप में व्याख्यायित किया है[5] और उसे ही अभ्युदय एवं निःश्रेयससिद्धि का साधन माना है।[6] इसके पश्चात् उपस्कारवृत्ति में "धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानं निःश्रेयसहेतुः"[7] यह वचन चतुर्थ वैशेषिक सूत्र के रूप में पठित है, जिसमें वैशेषिकदर्शन में प्रतिपादित द्रव्यगुणकर्मादि पदार्थों के साधर्म्य वैधर्म्य से होने वाले तत्त्वज्ञान को निःश्रेयससिद्धि का कारण माना गया है।

2.3 प्रकृत में विचारणीय है कि क्या महर्षि कणाद जिस धर्म की व्याख्या करने की प्रतिज्ञा "अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः" सूत्र द्वारा कर रहे हैं वह वेदसिद्ध स्वर्गापवर्ग के साधनभूत वेदप्रतिपादित यागादि से जन्य अदृष्ट रूप धर्म ही हैं, जैसा कि उक्त टीकाकारों का कथन है। महर्षि कणाद के सूत्रों का अध्ययन करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि महर्षि कणाद के द्वारा प्रतिपाद्य धर्म विभिन्न धर्मियों के धर्म हैं[8], न कि वेदप्रतिपादित यागादिजन्य अदृष्टमात्र।

पदार्थधर्मों की व्याख्या करने की प्रतिज्ञा महर्षि कर रहे हैं। वैशेषिकसूत्रों के मुख्य प्रतिपाद्य पदार्थ धर्म हैं, इसी बात को ध्यान में रखकर प्रशस्तपाद ने अपने ग्रन्थ का नाम ही पदार्थधर्मसंग्रह रखा है।[9] स्पष्ट है की महर्षि कणाद ने धर्मिभूत पदार्थों के धर्म का ही व्याख्यान अपने सूत्रग्रन्थ का तथा इस दर्शन का प्रधान विषय बनाया है। इस दृष्टि से विचार करने पर महर्षि कणाद के प्रथम सूत्र ''अथातो धर्मं व्याख्यास्याम:'' में आए धर्म शब्द का अर्थ पदार्थधर्म ही है, उक्त टीकाकारों द्वारा व्याख्यात वेदप्रतिपादित यागादिजन्य अदृष्टरूपधर्ममात्र नहीं। इस दृष्टि से कणाद के द्वितीय सूत्र ''यतोऽभ्युदयनि:श्रेयससिद्धि: स धर्म:'' के अनुसार पदार्थधर्म के ज्ञान से अभ्युदय तथा नि:श्रेयससिद्धि होती है, यही प्रतिपादनीय है। वस्तुत: संसार में सभी प्रकार का अभ्युदय पदार्थों के धर्मज्ञान से ही प्राप्त होता है, ऐसा देखा जाता है। इसी प्रकार आत्मा पदार्थ के तत्त्वत: धर्मज्ञान से अपवर्ग भी प्राप्त होता है। इस प्रकार पदार्थधर्मज्ञान से अभ्युदय एवं नि:श्रेयस की सिद्धि का प्रतिपादन सर्वथा समुचित एवं सङ्गत है।

2.4 प्रशस्तपाद के पदार्थधर्मसंग्रह ग्रन्थ के आरम्भिक विवरण से भी आरम्भिक वैशेषिक सूत्रों में आए धर्म शब्द का अर्थ पदार्थ धर्म ही सिद्ध होता है। प्रशस्तपाद ने प्रथम एवं द्वितीय सूत्र क्रमश: ''अथातो धर्मं व्याख्यास्याम:'' तथा ''यतोऽभ्युदयनि:श्रेयससिद्धि: स धर्म:'' के फलितार्थ कथन के रूप में अपने ग्रन्थ का प्रारम्भ किया है, जिसमें उन्होंने कहा– ''द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां षण्णां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्यतत्त्वज्ञानं नि:श्रेयसहेतु:''[10]। प्रशस्तपाद का उक्त कथन कणाद के प्रथम एवं द्वितीय सूत्र का ही व्याख्यान है। प्रशस्तपाद ने कणाद के प्रथम सूत्र ''अथातो धर्मं व्याख्यास्याम:'' में कथित धर्म को पदार्थधर्म के रूप में स्वीकार करते हुए कणाद के द्वितीय सूत्र ''यतोऽभ्युदयनि:श्रेयससिद्धि: स धर्म:'' के द्वारा प्रतिपादित पदार्थधर्म के ज्ञान को ही अभ्युदय तथा नि:श्रेयससिद्धि का हेतु स्वीकार किया है। अत एव प्रशस्तपाद ने मङ्गलश्लोक के पश्चात् उक्त दोनों सूत्रों के तात्पर्य का निरूपण करते हुए लिखा है– ''द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां षण्णां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्यतत्त्वज्ञानं नि:श्रेयसहेतु:।'' उक्त कथन के पश्चात् प्रशस्तपाद ने द्रव्यादि के धर्म का तत्त्वज्ञान ईश्वर की प्रेरणा से अभिव्यक्त अदृष्टरूप धर्म से होता है इस आशय से ''तच्चेश्वरचोदनाभिव्यक्ताद् धर्मादेव''[11] यह कथन अपनी ओर से लिखा है। उल्लेखनीय है कि यह कथन प्रशस्तपाद के अपने विचार की अभिव्यक्ति है, न कि प्रकृत प्रसंग में किसी सूत्र का प्रतिपाद्य। प्रशस्तपाद का यह कथन द्रव्यादिपदार्थों के धर्मज्ञान में भी ईश्वर प्रेरणा से अभिव्यक्त अदृष्ट की कारणता का प्रतिपादन करता है। प्रशस्तपाद द्रव्यादिपदार्थों के धर्मज्ञान के साथ ईश्वर, उसकी प्रेरणा तथा अदृष्ट के महत्त्व को भी दर्शाना चाहते हैं। अत: उन्होंने महर्षि कणाद के उक्त सूत्रद्वय के तात्पर्य का प्रतिपादन करने के बाद ''तच्चेश्वरचोदनाभिव्यक्ताद्धर्मादेव'' यह कथन किया है।

2.5 उदयनाचार्य ने किरणावली में ''तच्चेश्वरचोदनाभिव्यक्ताद्धर्मादेव'' इस कथन का ईश्वर की प्रेरणाभूत वेद से प्रतिपादित धर्म से द्रव्यादि पदार्थों का तत्त्वज्ञान प्राप्त होता है,

ऐसा अर्थ प्रतिपादन कर[12] प्रशस्तपाद के पूर्वोक्त दोनों कथनों को महर्षि कणाद के प्रथम तीन सूत्र का व्याख्यान माना है।[13] कणाद सूत्रों के सम्प्रति उपलब्ध पाठों में तृतीय सूत्र "तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम्"[14] है। सम्प्रति उदयनाचार्य का यह कथन विचारणीय है कि प्रशस्तपाद का उपर्युक्त कथन कणाद के प्रथम तीन सूत्रों का व्याख्यान है। प्रशस्तपाद के पूर्वोक्त कथन से स्पष्ट है कि प्रशस्तपाद ने कणाद के प्रथम सूत्र में उक्त धर्म को पदार्थधर्म के रूप में ही स्वीकार किया है। प्रशस्तपाद ने कणाद के द्वितीय सूत्र में प्रतिपादित अभ्युदय एवं निःश्रेयस के साधन के रूप में पदार्थधर्म के तत्त्वज्ञान को ही स्वीकार किया है। अतः यह स्पष्ट रूप से स्थापित हो चुका है कि प्रशस्तपाद ने प्रथम एवं द्वितीय सूत्र के सम्पूर्ण निहितार्थ को मङ्गलाचरण के पश्चात् अपने ग्रन्थ के प्रथम वाक्य "द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां षण्णां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्यतत्त्वज्ञानं निःश्रेयसहेतुः" से प्रतिपादित किया है। प्रशस्तपाद के उपर्युक्त कथन में द्रव्यादि पदार्थों का उल्लेख कणाद के द्वारा अन्यान्य सूत्रों में उक्त द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष तथा समवाय को धर्मियों के रूप में स्वीकार कर उनके साधर्म्य एवं वैधर्म्य के तत्त्वज्ञान को निःश्रेयसहेतु कहा गया है।[15] उक्त कथन के पश्चात् प्रशस्तपाद ने "तच्चेश्वरचोदनाभिव्यक्ताद्धर्मादेव" (जिसका अर्थ है कि द्रव्यादि पदार्थों के साधर्म्य एवं वैधर्म्य का तत्त्वज्ञान भी ईश्वर की प्रेरणा से अभिव्यक्त होने वाले अदृष्टरूप धर्म से ही होता है।[16] अथवा उदयनाचार्य के अनुसार इसका अर्थ द्रव्यादि पदार्थों के साधर्म्य एवं वैधर्म्य का तत्त्वज्ञान भी ईश्वर की प्रेरणाभूत वेद से प्रतिपादित धर्म से ही होता है[17]) यह कथन किया है। यह कथन प्रशस्तपाद का स्वयं का कथन है, न कि उक्त तृतीय वैशेषिकसूत्र का प्रतिपाद्य, क्योंकि तृतीय वैशेषिक सूत्र "तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम्" (जिसका उपस्कारवृत्ति में दो प्रकार से अर्थ किया गया है। प्रथम अर्थ है – ईश्वर के द्वारा विरचित होने के कारण वेद का प्रामाण्य है। दूसरा अर्थ है कि धर्म के प्रतिपादन करने के कारण वेद का प्रामाण्य है,[18]) की प्रकृतस्थल से कोई संगति नहीं है। प्रथम सूत्र द्वारा पदार्थधर्म की व्याख्या की प्रतिज्ञा तथा द्वितीय सूत्र द्वारा पदार्थधर्म के ज्ञान को अभ्युदयनिःश्रेयस के साधन के रूप में परिभाषित कर दिए जाने के पश्चात् यहाँ तृतीय सूत्र के रूप में वेद के प्रामाण्य के प्रतिपादन का प्रसंग लाया गया है। पूर्वोक्त दोनों सूत्रों से इस सूत्र का सन्दर्भ सहजतया नहीं आता है।

2.6 ऐसा प्रतीत होता है कि प्रथम दोनों सूत्रों की प्रशस्तपादकृत व्याख्या के बाद प्रशस्तपाद के कथन "तच्चेश्वरचोदनाभिव्यक्ताद्धर्मादेव" को इस सूत्र का प्रतिपाद्य मानकर इस सूत्र को, जो वैशेषिकसूत्रपाठ में अन्यत्र पठित है[19], यहाँ भी आवृत्त कर दिया गया है। प्रशस्तपाद के पश्चाद्वर्ती वैशेषकसूत्र के सभी टीकाकारों ने प्रथम वैशेषिक सूत्र में उक्त धर्म का अर्थ वेदप्रतिपादित यागादिजन्य अदृष्टरूप धर्म के रूप में किया है तथा द्वितीय सूत्र में अभ्युदय एवं निःश्रेयससिद्धि के साधन के रूप में कहे गए धर्म को भी वेदप्रतिपादित यागादि जन्य अदृष्ट रूप धर्म के रूप में ही स्वीकार किया है।[20] इन व्याख्याकारों ने अभ्युदय एवं

नि:श्रेयस के रूप में स्वर्ग एवं अपवर्ग की सत्ता के प्रमाण के रूप में, एवं इनके साधन के रूप में वेदप्रतिपादित यागादिजन्य अदृष्टरूपधर्म के भी कारणभूत यागादि के प्रतिपादक के रूप में वेद तथा वेद के प्रामाण्य का प्रतिपादक तृतीय सूत्र "तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम्" को प्रकृत स्थल में सुसंगत मानते हुए समायोजित करना उचित समझा है।

2.7 यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि वैशेषिक दर्शन शब्द को स्वतन्त्र प्रमाण न मानकर अनुमानप्रमाण के अन्तर्गत ही गतार्थ करता है।[21] अतः यह एक तार्किक दर्शन है। यह भी सत्य है कि यह दर्शन वेदविरोधी परम्परा का दर्शन नहीं है। सम्भव है कि वैशेषिकसूत्र के व्याख्याकारों ने वैशेषिकसूत्र को उत्कट वैदिक दर्शन के रूप में स्थापित करने के लिए तृतीय सूत्र को समायोजित करना आवश्यक समझा हो। कुछ आधुनिक विद्वानों ने प्रारम्भिक वैशेषिक दर्शन को नास्तिक परम्परा का दर्शन माना है। उनके अनुसार यह दर्शन प्रथमतः नास्तिक परम्परा का दर्शन था, बाद में इसे आस्तिक परम्परा में परिवर्तित कर दिया गया है।[22] किन्तु प्रकृत लेखक का मन्तव्य है कि प्रारम्भिक अवस्था से ही यह दर्शन तर्कप्रधान दर्शन था, किन्तु यह दर्शन वेदविरोधी दर्शन कभी नहीं था।[23] इस विषय पर हम आगे विचार करेंगे।

## 3."धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसम्" सूत्र की पाठालोचना एवं व्याख्यानसमीक्षा

3.1 सम्प्रति हम उपस्कारवृत्ति में चतुर्थसूत्र के रूप में प्राप्त किन्तु चन्द्रानन्दवृत्ति एवं मिथिलावृत्ति में अप्राप्त "धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसम्"[24] की पाठसमीक्षा करेंगे। इस सूत्र को अनेक आधुनिक विद्वानों ने प्रक्षिप्त माना है। कुछ ने इसे परिवर्तित पाठ माना है। इस सन्दर्भ में हम चर्चा करेंगे। प्रकृत स्थल में हम यह विचार करेंगे कि इस सूत्र के प्रक्षेप की आवश्यकता क्यों पड़ी। इसके साथ हम यह भी चर्चा करेंगे कि आधुनिक विद्वानों ने इस सूत्र को प्रक्षिप्त मानकर जो निष्कर्ष दिए हैं वे वैशेषिक सूत्रों से सिद्ध नहीं होते हैं।

3.2 इस सूत्र के प्रक्षिप्त होने के सन्दर्भ में यहाँ सर्वप्रथम उदयनाचार्य के पूर्वोक्त कथन का उल्लेख करना आवश्यक है, जिसमें उन्होंने प्रशस्तपाद के "द्रव्यगुणकर्मसामान्य-विशेषसमवायानां षण्णां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्यतत्त्वज्ञानं निःश्रेयसहेतुः" इस वचन को कणाद के प्रथम तीन सूत्रों का व्याख्यान कहा था।[25] उदयनाचार्य ने अपने उक्त कथन में चतुर्थ सूत्र "धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसम्" के विषय में कुछ नहीं कहा है। निश्चित ही उदयनाचार्य के सम्मुख चतुर्थ सूत्र न था, अन्यथा वे प्रशस्तपाद के उक्त वचन को चार सूत्रों का व्याख्यान कहते, न कि तीन सूत्रों का, किन्तु उन्होंने प्रशस्तपाद के उक्त कथन को तीन सूत्रों का ही व्याख्यान माना है। अतः उपस्कार वृत्ति में चतुर्थ सूत्र के रूप में प्राप्त वचन मूल वैशेषिक सूत्र न था, यह बात सिद्ध होती है।[26] निश्चित ही उदयनाचार्य के समय तक यह वचन चतुर्थ सूत्र के रूप में

स्थापित नहीं हुआ था। उदयनाचार्य के पश्चात् ही यह वचन वैशेषिक सूत्र के रूप में स्थापित हुआ है। सम्प्रति विचारणीय है कि क्यों इस वचन को चतुर्थ सूत्र के रूप में स्थापित किया गया होगा। जैसा कि पूर्व में प्रतिपादित किया जा चुका है कि प्रशस्तपाद ने प्रथम एवं द्वितीय वैशेषिक सूत्र में उक्त धर्म को पदार्थधर्म ही माना है, किन्तु वैशेषिकसूत्र के परवर्ती व्याख्याकारों द्वारा प्रथम एवं द्वितीय वैशेषिकसूत्र में उक्त धर्म शब्द के द्वारा वेदप्रतिपादित यागादिजन्य अदृष्टरूप धर्म अर्थ किए जाने से यह समस्या आनी भी स्वाभाविक थी कि अग्रिम कणाद सूत्रों, जिनमें द्रव्य, गुण एवं कर्मरूप धर्मियों का कथन किया गया है तथा पुनः सामान्य विशेष रूप भावों तथा समवायरूप सम्बन्ध का विवेचन किया गया है, उससे पूर्व सूत्रों का सम्बन्ध कैसे स्थापित किया जाए। इस विषय पर जहाँ प्रशस्तपाद से परवर्ती आचार्यचन्द्रानन्द ने, जिनकी वृत्ति में "धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसम्" यह वचन वैशेषिकसूत्र के रूप में नहीं प्राप्त होता है, उन्होंने अपने व्याख्यान में उक्त प्रश्न का समाधान करने का प्रयत्न किया है।[27] वहीं शङ्कर मिश्र ने "धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसम्" इस वचन को वैशेषिक सूत्र के रूप में मानकर ही उक्त समस्या का समाधान किया है।[28] ऐसा लगता है कि प्रशस्तपाद के "द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्यतत्त्वज्ञानं निःश्रेयसहेतुः" वचन को ही किञ्चित् परिवर्तन के साथ चतुर्थ सूत्र के रूप में स्थापित कर दिया गया है। जैसा कि पूर्व में कहा गया है कि यह सूत्र चन्द्रानन्दवृत्ति तथा अज्ञातकर्तृक मिथिलावृत्ति में नहीं प्राप्त होता है। अतः निश्चित ही यह सूत्र इन वृत्तियों के बाद का प्रक्षेप है। यह प्रक्षेप सम्भव है शङ्कर मिश्र की उपस्कारवृत्ति से पूर्व हो चुका हो या शङ्करमिश्र के द्वारा स्वयं ही किया गया हो, इस विषय में निश्चितरूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है। किन्तु यह सर्वथा निश्चित है कि यह वचन सूत्र के रूप में एक प्रक्षेप है।

3.3 प्रथम अध्याय के प्रथम पाद के प्रारम्भिक कतिपय सूत्रों की पाठ समालोचना एवं व्याख्यानसमीक्षा को उपसंहृत करते हुए इसके निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि वैशेषिक सूत्रों के मूल पाठ से प्रक्षिप्त पाठ हटाकर प्रस्तावित प्रारम्भिक पाँच सूत्रों को क्रमशः देखें तो उनमें परस्पर स्पष्ट संगति दिखायी देती है- अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः।।1।। यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः।।2।। पृथिव्यापस्तेजो वायुराकाशं कालो दिगात्मा मन इति द्रव्याणि।।3।। रूपरसगन्धस्पर्शाः संख्या परिमाणानि पृथक्त्वं संयोगविभागौ परत्वापरत्वे बुद्धयः सुखदुःखे इच्छाद्वेषौ प्रयत्नश्च गुणाः।।4।। उत्क्षेपणमवक्षेपणमाकुञ्चनं प्रसारणं गमनमिति कर्माणि।।5।। 1. प्रथम सूत्र में वैशेषिक दर्शन के मुख्य प्रतिपाद्य पदार्थ धर्म के प्रतिपादन की प्रतिज्ञा की गयी है। 2. द्वितीय सूत्र में धर्म की परिभाषा करते हुए कहा गया है कि धर्मियों के धर्म के ज्ञान से ही अभ्युदय एवं निःश्रेयस की सिद्धि होती है। इस द्वितीय सूत्र में यतः का अर्थ यद्विषयकज्ञानात् करना चाहिए। तत्पश्चात् 3, 4, 5 सूत्रों में वैशेषिक दर्शन में स्वीकृत प्रमुख

धर्मी के रूप में आए द्रव्य, गुण एवं कर्म रूप अर्थों का उद्देश किया गया है। तत्पश्चात् द्रव्य, गुण एवं कर्म जिन्हें वैशेषिक दर्शन में अर्थ कहते हैं, के साधर्म्य आदि का निरूपण है।

4. वैशेषिक को नास्तिक दर्शन की कोटि में रखे जाने सम्बन्धी विचारों की पुनर्मीमांसा

4.1 वैशेषिक दर्शन शब्द को स्वतन्त्र प्रमाण न मानकर अनुमानप्रमाण के अन्तर्गत ही गतार्थ करता है।[29] अतः यह एक तार्किक दर्शन है। किन्तु यह दर्शन वेदविरोधी परम्परा का दर्शन नहीं है। कुछ आधुनिक विद्वानों ने प्रारम्भिक वैशेषिक दर्शन को नास्तिक परम्परा का दर्शन माना है। उनके अनुसार यह दर्शन प्रथमतः नास्तिक परम्परा का दर्शन था, बाद में इसे आस्तिक परम्परा में परिवर्तित कर दिया गया है।[30] किन्तु प्रकृत लेखक का मन्तव्य है कि प्रारम्भिक अवस्था से ही यह दर्शन तर्कप्रधान दर्शन था, किन्तु यह दर्शन वेदविरोधी दर्शन कभी नहीं था।[30.1] ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता है कि यह दर्शन उपनिषदों में प्रतिपादित आत्म तत्त्व का लोक सामान्य में व्यावहारिक एवं तार्किक पद्धति से बोध कराने के लिए ही लिखा गया है। इसे अवैदिक दर्शन के रूप में प्रतिपादित नहीं किया जा सकता है।

5. द्रव्य, गुण एवं कर्म से अतिरिक्त पदार्थों का वैशेषिक सूत्रों के अनुसार बाह्य अस्तित्व न स्वीकार करने वाले कुछ आधुनिक विद्वानों के मत की समीक्षा

5.1 अनेक आधुनिक विद्वानों ने चतुर्थ सूत्र को प्रक्षिप्त मानकर यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि वैशेषिक सूत्रों में केवल द्रव्य, गुण एवं कर्म तीन ही पदार्थ स्वीकार्य हैं।[31] अन्य पदार्थों को प्रशस्तपाद ने स्थान दिया है। किन्तु प्रकृत लेखक का स्पष्ट मानना है कि यद्यपि चतुर्थ सूत्र प्रक्षिप्त है, किन्तु कणाद ने स्पष्ट रूप से सामान्य एवं विशेष शब्द से कहे जाने वाले भाव पदार्थ को द्रव्य, गुण एवं कर्म रूप धर्मियों के धर्म के रूप में प्रतिष्ठापित किया है, इन धर्मों के कारण ही द्रव्य, गुण एवं कर्म का धर्मियों के रूप में अस्तित्व है, ऐसी स्थिति में इनका बाह्य अस्तित्व न मानना सर्वथा असङ्गत है। यहाँ हम पहले चतुर्थ सूत्र के प्रक्षिप्त होने के विषय में चर्चा करेंगे तत्पश्चात् उन आधुनिक विद्वानों के इस मत की भी पुनः समीक्षा करेंगे कि इस सूत्र के प्रक्षिप्त सिद्ध होने से प्रारम्भिक वैशेषिक दर्शन के अनुसार द्रव्य, गुण एवं कर्म से अतिरिक्त भाव जो सामान्य एवं विशेष के रूप में द्विविध है एवं समवाय पदार्थ के बहिरस्तित्व का निषेध नहीं किया जा सकता है।

5.2 चतुर्थ सूत्र को कुछ आधुनिक विद्वानों ने प्रक्षिप्त माना है तथा कुछ ने इसके कुछ अंश को प्रक्षिप्त माना है।[32] ऐसा मानकर इन विद्वानों ने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि वैशेषिक सूत्रों में केवल द्रव्य, गुण एवं कर्म तीन ही पदार्थ स्वीकार्य हैं। अन्य पदार्थ बुद्धिकल्पित हैं, उनका बाह्य जगत् में अस्तित्व नहीं है।[33] किन्तु प्रकृत लेखक का स्पष्ट मानना है कि यद्यपि चतुर्थ सूत्र प्रक्षिप्त है, किन्तु कणाद ने स्पष्ट रूप से सामान्य एवं विशेष शब्द से कहे जाने वाले भाव पदार्थ को द्रव्य, गुण एवं कर्म रूप धर्मियों के धर्म के रूप में प्रतिष्ठापित किया है, इन धर्मों के कारण ही द्रव्य, गुण एवं कर्म का धर्मियों के रूप में अस्तित्व है, ऐसी

स्थिति में इनका बाह्य अस्तित्व न मानना सर्वथा असङ्गत है। इन धर्मरूप भावों का ही यदि बाह्य अस्तित्व नहीं होगा तो उनके कारण द्रव्यादि का बाह्य अस्तित्व कैसे सम्भव होगा। प्रकृत स्थल में यह भी अवधेय है कि प्रशस्तपाद ने सामान्य, विशेष एवं समवाय का साधर्म्य प्रतिपादित करते हुए बुद्धिलक्षणत्व को भी इन पदार्थों का साधर्म्य कहा है[34], किन्तु इस कथन का तात्पर्य इनके बुद्धिकल्पितत्व में कदापि नहीं है, अपितु इनके अस्तित्व में प्रमाण के रूप में बुद्धि को माना गया है।[35] महर्षि कणाद ने सत्ता रूप भाव को द्रव्य, गुण एवं कर्म में सिद्ध करते हुए स्पष्ट कहा है कि जिस हेतु से द्रव्य, गुण एवं कर्म में सद् इत्याकारक धर्मिबुद्धि होती है, वह सत्ता है।[36] इसी प्रकार महर्षि का कथन है 'इसमें यह है इस प्रकार कारण में कार्य की जो बुद्धि होती है, उसका हेतु समवाय है'।[37] इस प्रकार कार्यकारण के सम्बन्ध समवाय का भी महर्षि कणाद के अनुसार बाह्य अस्तित्व सर्वथा स्वीकृत है। महर्षि कणाद ने इन पदार्थों के मानने में बुद्धि को प्रमाण के रूप में स्वीकार किया है। इसी आशय को प्रशस्तपाद ने बुद्धिलक्षणत्व के रूप में प्रतिपादित भी किया है। अतः कुछ आधुनिक विद्वानों द्वारा द्रव्य, गुण एवं कर्म से अतिरिक्त पदार्थों को महर्षि कणाद की दृष्टि से बुद्धिकल्पित सिद्ध करना समुचित प्रतीत नहीं होता है।

5.3 वैशेषिक सूत्र के एक अर्वाचीन टीकाकार ने भी महर्षि कणाद के "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्" सूत्र में आए बुद्ध्यपेक्ष शब्द की व्याख्या करते हुए सामान्य एवं विशेष बुद्धिकल्पित हैं, ऐसा व्याख्यान किया है[38], जो समुचित नहीं है। महर्षि कणाद के द्वारा सामान्य विशेष को बुद्ध्यपेक्ष कहा जाने का तात्पर्य विशेषबुद्धि की अपेक्षा ही कोई भाव सामान्य होता है तथा सामान्यबुद्धि की अपेक्षा ही कोई भाव विशेष कहलाता है, इस प्रतिपादन में है, न कि सामान्य एवं विशेष बुद्धिकल्पित हैं, इसमें। अर्थात् कोई भाव (धर्म) सापेक्षरूप से ही सामान्य या विशेष कहा जाता है। प्रशस्तपाद के द्वारा सामान्य, विशेष एवं समवाय को बुद्धिलक्षण कहे जाने का तात्पर्य इनके बुद्धिप्रमाणत्व में है। प्रशस्तपाद के द्वारा इन्हें बुद्धिलक्षण कहे जाने का आधार महर्षि कणाद के द्वारा सत्तारूप भाव की सिद्धि करते समय "सदिति यतो द्रव्यगुणकर्मसु सा सत्ता"[39] अर्थात् 'द्रव्य, गुण एवं कर्म में सद् इत्याकारक बुद्धि जिस हेतु से होती है वह सत्ता है' इस प्रकार का कथन है। इसी प्रकार समवाय की सिद्धि करते समय महर्षि कणाद द्वारा "इहेदमिति यतः कार्यकारणयोः स समवायः"[40] अर्थात् 'यह इसमें है कार्यकारण में इस प्रकार की बुद्धि जिस हेतु से होती है, वह समवाय है' इस प्रकार का प्रतिपादन भी है। महर्षि कणाद ने सत्तारूप भाव की सिद्धि में तथा समवाय की सिद्धि में 'इति यतः' कथन का प्रयोग किया है, जिसका तात्पर्य है 'ऐसी बुद्धि जिस हेतु से होती है'। महर्षि कणाद के उक्त कथन के आधार पर ही प्रशस्तपाद ने सामान्य, विशेष एवं समवाय को बुद्धिलक्षण माना है।[41] यद्यपि महर्षि कणाद ने इस शैली का आश्रय सत्ता एवं समवायमात्र की सिद्धि में ही किया है, किन्तु सत्तारूप भाव की सिद्धि के पश्चात् ही उन्होंने द्रव्यत्व, गुणत्व तथा

कर्मत्वादि भावों की सिद्धि की है[42], जिसमें उक्त तात्पर्य अनुवर्तित है। इस प्रकार भाव को सामान्य विशेष के रूप में बुद्ध्यपेक्ष कहने का तात्पर्य सामान्य एवं विशेष के परस्पर बुद्धिसापेक्षता से है। अन्ततः हम कह सकते हैं कि यद्यपि छः पदार्थों का उल्लेख करने वाला चतुर्थ सूत्र प्रक्षिप्त है, किन्तु इस सूत्र के प्रक्षिप्त होने से द्रव्य, गुण एवं कर्म के अतिरिक्त सामान्य विशेष शब्द से कहे जाने वाला भाव पदार्थ तथा समवाय सम्बन्ध वैशेषिक दर्शन के अनुसार वस्तुगत अस्तित्व रखने वाले पदार्थ हैं, न कि केवल तार्किक या बौद्धिक पदार्थमात्र।

उपर्युक्त सम्पूर्ण विवेचन के पश्चात् हम इस शोधपत्र के निष्कर्ष के रूप में कह सकते हैं कि –

वैशेषिक दर्शन का प्रतिपाद्य पदार्थ एवं पदार्थधर्म हैं।

वैशेषिकदर्शन का प्रयोजन अभ्युदय एवं निःश्रेयससिद्धि है।

जनसामान्य जिज्ञासु इस दर्शन के अध्ययन का अधिकारी है।

वैशेषिक दर्शन के प्रथम सूत्र में पदार्थधर्म के प्रतिपादन करने की प्रतिज्ञा, द्वितीय सूत्र में पदार्थधर्म को ही अभ्युदय एवं निःश्रेयससिद्धि का साधन कहा गया है।

तृतीय वैशेषिक सूत्र "तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम्" एवउपस्कारवृत्ति में प्राप्त चतुर्थ वैशेषिक सूत्र "धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसम्" प्रक्षिप्त है।

चतुर्थ वैशेषिक सूत्र के प्रक्षिप्त सिद्ध हो जाने से वैशेषिक सूत्रों के अनुसार द्रव्य, गुण एवं कर्म के अतिरिक्त पदार्थों का वस्तुगत अस्तित्व का निषेध करना समुचित नहीं है। क्योंकि वैशेषिक सूत्रों के अनुसार सामान्य या विशेष शब्द से कहे जाने वाला भाव पदार्थ तथा समवाय सम्बन्ध का वस्तुगत अस्तित्व है।

## सन्दर्भ एवं टिप्पणी

1. वै. सू., मि.वृ. 1।1।1
2. वै. सू., मि.वृ. 1।1।2
3. वै. सू., मि.वृ. 1।1।3
4. द्र. वै.सू. 1.1.1–3, च.वृ., मि.वृ., उप.
5. वही
6. वही
7. वै.सू., 1।1।4, उप.
8. कणाद ने प्रथमाध्याय के प्रथमाह्निक में पृथिव्यापस्तेजोवायुराकाशं कालो दिगात्मा मन इति द्रव्याणि (1।1।4), रूपरसगन्धस्पर्शाः संख्याः परिमाणानि पृथत्वं संयोगविभागौ परत्वापरत्वे बुद्धयः सुखदुःखे इच्छाद्वेषौ प्रयत्नश्च गुणाः (1।1।5), उत्क्षेपणमवक्षेपणमाकुञ्चनं प्रसारणं गमनमिति कर्माणि (1।1।6) इन सूत्रों द्वारा धर्मी का निदेश करके द्वितीयाह्निक में द्रव्यत्वं

गुणत्वं कर्मत्वं सामान्यानि विशेषाश्च इस प्रकार से धर्म का निर्देश किया है। इस प्रकार से यह सिद्ध होता है कि कणाद को विभिन्न धमियों के धर्म के रूप में ही धर्म अपेक्षित है, न कि यगादिजन्य अदृष्टमात्र के रूप में।

9. 'पदार्थधर्मसङ्ग्रह इति। पदार्था द्रव्यादयस्तेषां धर्मास्त एव परस्परं विशेषणीभूतास्तेऽनेन सङ्गृह्यन्ते। शास्त्रे नानास्थानेषु वितता एकत्र सङ्कलय्य कथ्यन्त इति सङ्ग्रहः।' (किर., पृ.43)
10. प्र.पा.भा., पृ. 15
11. प्र.पा.भा., पृ. 18
12. 'ईश्वरस्य चोदना उपदेशो वेद इति यावत् । तेनाभिव्यक्तात् प्रतिपादिताद् धर्मादिवेत्यर्थः।' (किर., पृ. 99)
13. 'एतेन अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः, यतो अभ्यदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः, तद्वचनादाम्नायसिद्धेः प्रमाण्यम् इति त्रिसूत्री व्याख्याता। (किर., पृ. 129)
14. वै.सू., मि.वृ., 1।1।3।
15. पृथिव्यापस्तेजो वायुराकाशं कालो दिगात्मा मन इति द्रव्याणि (वै. सू. 1।1।4), रूपरसगन्धस्पर्शाः संख्याः परिमाणानि पृथक्त्वं संयोगविभागौ परत्वापरत्वे बुद्धयः सुखदुःखे इच्छाद्वेषौ प्रयत्नाश्च गुणाः (वै. सू. 1।1।5), उत्क्षेपणमवक्षेपणमाकुञ्चनं प्रसारणं गमनमिति कर्माणि (1।1।6), सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम् (1।2।3), इहेदमिति यतः कार्यकारणयोः स समवायः (7।2।26) इन सूत्रों में कणाद ने धर्मियों का विचेचन किया है। यद्यपि वैशेषिक सूत्रों में द्रव्य गुण कर्म के ही साधर्म्य वैधर्म्य का प्रतिपादन किया है किन्तु प्रशस्तपाद ने पूर्व परम्परा से लब्ध पदार्थों में से द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय पदार्थों का भी साधर्म्य वैधर्म्य प्रतिपादित किया है, किन्तु वैशेषिक सूत्रों में साक्षात् रूप से अकथित सामान्य, विशेष एवं समवाय के साधर्म्य वैधर्म्य को वैशेषिक सूत्रों के आधार पर निगमित किया है।
16. प्रशस्तपाद के वचन 'तच्चेश्वरचोदनाभिव्यक्ताद्धर्मादेव' (प्र.पा.भा., पृ. 18) से स्पष्टतः यही अर्थ निर्गत होता है।
17. 'ईश्वरस्य चोदना उपदेशो वेद इति यावत् । तेनाभिव्यक्तात् प्रतिपादिताद् धर्मादिवेत्यर्थः।' किर. पृ. 99
18. 'तद्वचनात्तेनेश्वरेण प्रणयनादाम्नायस्य वेदस्य प्रामाण्यम् । यद्वा तदिति सन्निहितं धर्ममेव परामृशति तथाच धर्मस्य वचनात् प्रतिपादनात् आम्नायस्य वेदस्य प्रमाण्यम्' (वै.सू., उप.1।1।3, पृ. 6)
19. ''तद्वचनादाम्नायप्रमाण्यमिति'' (वै.सू., च.वृ.10।21)
20. द्र. वै.सू.1.1.1-3, च.वृ., मि.वृ., उप.
21. एतेन शाब्दं व्याख्यातम् (वै.सू., चन्द्रानन्दवृत्तिसंस्करण 9।19) इस सूत्र के द्वारा कणाद ने शब्दप्रमाण को अनुमान प्रमाण के द्वारा गतार्थ माना है।
22. PIL., Intro X,XXVII
23. इस दर्शन के वेद विरोधी होने का कोई भी प्रमाण वैशेषिक सूत्रों में नहीं प्राप्त होता है।
24. वै.सू., उप.,1।1।4।

25. 'एतेन अथातो धर्मं व्याख्यास्याम:, यतो अभ्यदयनि:श्रेयससिद्धि: स धर्म:, तद्वचनादाम्नायसिद्धे: प्रमाण्यम् इति त्रिसूत्री व्याख्याता। (किर., पृ. 129)
26. टिप्पणी 58 में उल्लिखित वचन में उदयनाचार्य ने तीन सूत्रों के ही व्याख्यान के रूप में प्रशस्तपाद के 'द्रव्यगुणकर्मसमवायानां0' वचन को माना है। यदि उदयनाचार्य के सम्मुख उपस्कार वृत्ति में चतुर्थ सूत्र के रूप प्राप्त वचन चतुर्थ सूत्र के रूप में होता तो उदयनाचार्य प्रशस्तपाद के उक्त वचन को चार सूत्रों का व्याख्यान कहते, न कि तीन सूत्रों का, उपस्कार वृत्ति में चतुर्थ सूत्र के रूप में प्राप्त वचन तथा प्रशस्तपाद के उक्त वचन में प्राय: एक ही बात कही गयी है।
27. **'उक्तं धर्मस्वरूपं तल्लक्षणं च । साधनान्यस्येदानीं द्रव्यगुणकर्माणि वक्ष्याम:।' ( वै.सू.,च. वृ.,** 1।1।3**, पृ.** 3 **)**
28. धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्म्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्नि:श्रेयसम् (वै.सू., 1।1।4, उप.)
29. एतेन शाब्दं व्याख्यातम् बवै.सू. 1।19**, च.वृ. )**
30. द्र. PIL, p. xi, xxiii
30.1 वैशेषिकसूत्रों में इस प्रकार का कोई सङ्केत नहीं है।
31. बोडास, फैडगन तथा हर्षनारायण के अनुसार वैशेषिक सूत्रों के अनुसार सामान्य, विशेष तथा समवाय वस्तुत: पदार्थ नहीं है। (द्र. T.S., Intro, p.30, E.N.V.C.,Vol.1 p.120 **)**
32. बोडास ने इस सूत्र को प्रक्षिप्त मानते हुए लिखा 'It is true that the aphorism धर्मविशेषप्रसूताद् द्रव्यगुणकर्म्मसामान्यविशेषसमवायानां पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्नि:श्रेयसिद्ध: enuumerates the six categories; but this aphorism is most probably a later interpolation.'(T.S., Intro, p.30). फडगन के अनुसार इस सूत्र में सामान्य विशेष तथा समवाय पदार्थ का उल्लेख नहीं था। (उद्धृत E.N.V.C.,Vol.1 p.19)
33. द्र. टि. 31
34. 'सामान्यादीनां त्रयाणां स्वात्मसत्त्वं बुद्धिलक्षणत्वमकार्य्यत्वमकारणत्वमसामान्यविशेषवत्त्वं नित्यत्वमर्थशब्दानभिधेयत्वञ्चेति प्रशस्तपादभाष्यम्' (प्र.पा.भा., पृ. 49)
35. 'बुद्धिरेव लक्षणं प्रमाणं येषां ते बुद्धिलक्षणा:' (न्या.क., पृ. 50)
36. सन् यतो द्रव्यगुणकर्मसु सा सत्ता (वै.सू.,1।2।7, मि.वृ.)।
37. वै.सू., 7।2।26 (मि.वृ.संस्क.)
38. द्विविधा भावा भवन्ति। वस्तुस्वरूपा: सदात्मका:। वस्तु स्वरूपशून्या निरुपाख्या केवलं बुद्ध्यपेक्षा ज्ञानमात्रा असदात्मका:।............ एवंविधौ सामान्यविशेषावत्र पदार्थत्वेनाभ्युपगतौ, केवलं बुद्ध्यपेक्षौ भावमत्रौ सत्ताशून्याविति। वै. सू., वेदभाष्करभाष्यम्, पृ १०२-१०३
39. वै.सू.1।1।7 (उप.संस्क.)
40. वै.सू., 7।2।26 (मि.वृ.संस्क.)
41. 'सामान्यादीनां त्रयाणां स्वात्मसत्त्वं बुद्धिलक्षणत्वमकार्य्यत्वमकारणत्वमसामान्यविशेषवत्त्वं

नित्यत्वमर्थशब्दानभिधेयत्वञ्चेति। प्रशस्तपादभाष्यम्' (प्र.पा.भा., पृ. 49)

42. "[अनेक] द्रव्यवत्त्वेन द्रव्यत्वमुक्तम् ।" (वै.सू.,मि.वृ. 1।2।10), "तथा गुणेषु भावाद् गुणत्वमुक्तम्"। (वै.सू., मि.वृ. 1।2।11), "कर्मणि भावात् कर्मत्वमुक्तम्"। (वै.सू., 1।2।14, मि.वृ.संस्क.)

## सङ्केतसहित सन्दर्भग्रन्थसूची

(उप.) उपस्कारः (वैशेषिकसूत्रव्याख्या), शङ्करमिश्र, (वैशेषिकदर्शनम्) सम्पा. ढुण्ढिराजशास्त्री, हरिदाससंस्कृतग्रन्थमालासमाख्यकाशीसंस्कृतसीरिज 3, विद्याविलास यन्त्रालय 1923.

(किर.)किरणावली, उदयनाचार्य, सम्पा. गौरीनाथशास्त्री, गङ्गानाथझाग्रन्थमाला 8, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी 1980.

(च.वृ.) चन्द्रानन्दवृत्तिः (वैशेषिकसूत्रव्याख्या), चन्द्रानन्द, वैशेषिकसूत्रम्, सम्पा. मौनिश्रीजम्बुविजय, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बरोदा 1961.

(T.S.) तर्कसंग्रह, Annamabatta, Ed. M.R Bodas, First Edition, Government Central Book Depot, Bombay 1897.

(प्र.पा.भा.) प्रशस्तपादभाष्यम् , प्रशस्तपाद, सम्पा. एवं हिन्दीव्याख्याकार श्रीदुर्गाधरझाशर्मा, गङ्गानाथझा ग्रन्थमाला 1, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, 1997.

(प्र.पा.भा.प्रस्ता.) प्रशस्तपादभाष्यप्रस्तावना, (प्रशस्तपादभाष्यम्), आचार्य ढुण्ढिराज शास्त्री कृत 'प्रकाशिका' हिन्दी व्याख्या एवं श्रीनारायण मिश्र कृत वैशेषिकसूत्र हिन्दी अनुवाद सहित, सम्पा. श्रीनारायण मिश्र, काशी संस्कृत ग्रन्थमाला, 173, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, 1980.

(मि.वृ.) वैशेषिकदर्शनम्, कणाद, सम्पा. डा श्रीधर त्रिपाठी, मिथिलाविद्यापीठग्रन्थमाला 05, द्वितीय संस्करण, मिथिला इन्स्टीट्यूट आफ पोस्टग्रेजुएट स्टडीज एण्ड रिसर्च इन संस्कृत लर्निंग, दरभङ्गा 1988.

(वै.सू.) उपस्कारसहित, सम्पा. ढुण्ढिराजशास्त्री, हरिदाससंस्कृतग्रन्थमालासमाख्य काशीसंस्कृतसीरिज 3, विद्याविलास यन्त्रालय 1923, चन्द्रानन्दवृत्तिसहित, सम्पा. मौनिश्रीजम्बुविजय, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बरोदा 1961, अज्ञातकर्तृकवृत्तिसहित (मि.वृ.) सम्पा. डा श्रीधर त्रिपाठी, मिथिलाविद्यापीठग्रन्थमाला 05, द्वितीय संस्करण, मिथिला इन्स्टीट्यूट आफ पोस्टग्रेजुएट स्टडीज एण्ड रिसर्च इन संस्कृत लर्निंग, दरभङ्गा 1988.

## सङ्केतसहित आंग्लसन्दर्भग्रन्थसूची

(ENVC) Evolution of the Nyaya Vaisheshika Categoriology, Vol. 1, Bharati Prakashan, Varanasi, 1976.

(ILES)Indian Logic in the Early Schools, H.N Randle, Originally Published in 1930, Oriental Books Reprint Corportion Delhi, First Indian Edition 1976.

(IP)Indian Philosophy, S. Radhakrishnan, VoI. II, George Allen and Unwin Ltd, London 1971.

(VP)Vaiseshika Philosophy (Daspadartha-Sartra), H. UI, Ed. F. W. Thomas, Second Edition, Chowkhamba Sanskrit SerIes Office, Varanasi 1962.
(PIL)A Primer of Indian Logic, S Kuppuswami Sastri, Third Edition, Kuppuswami Sastri Research Institute, Mylapore, Madras 1961.
Tark-Sangraha, Annamabatta, Ed. M.R Bodas, First Edition, Government Central Book Depot, Bombay 1897.

**अन्य अवलोकित प्रमुख ग्रन्थसूची**

Encyclopedia of Indian Philosophies, Vol. II, Indian Metaphysics and Epistemology: The Tradition of Nyaya-Vaisesika up to Gangesa, Karl H. Potter, Motilal Banarsidass Publishers Private Limited, Delhi, First Edition 1977, Reprint, 2011.
History of Indian Philosophy, Vol. I, Erich, Frauwllner, Trans. By V.M Bedekar, First Edition, Motilal Banarsidass, Delhi 1973.
History of Indian Philosophy, Vol. II, Erich, Frauwllner, Trans. By V.M Bedekar, First Edition, Motilal Banarsidass, Delhi 1973.
The Philosophy of Nyaya-Vaisesika and its Conflict with The Buddhist School , Dharmendra Nath Shastri, Re-printed, Bharatita Vidya Prakashan, Delhi 1976.
न्यायकन्दली (प्रशस्तपादभाष्यव्याख्या), श्रीधरभट्ट, प्रशस्तपादभाष्यम्, सम्पा. एवं हिन्दीव्याख्याकार श्रीदुर्गाधरझाशर्मा, गङ्गानाथझा ग्रन्थमाला 1, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, 1997.
न्यायकोशः, भीमाचार्य, सम्पा. अभ्यंकरोपाह्व वासुदेशास्त्री, चौखम्भा सुरभारती ग्रन्थमाला 523 पुनर्मुद्रण, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी 2011.
भारतीयदर्शनबृहत्कोश, चतुर्थभाग, बच्चूलाल अवस्थी, शारदा पब्लिशिंग् हाउस , दिल्ली 2004.
भारतीयदर्शनबृहत्कोश, पञ्चमभाग, बच्चूलाल अवस्थी, सम्पा वन्दना त्रिपाठी, शारदा पब्लिशिंग् हाउस , दिल्ली 20012.
पदार्थतत्त्वनिरूपणम्, रघुनाथशिरोमणि, प्रथम भाग, सम्पा डा. अनीताराजपाल, अमर ग्रन्थ पब्लिकेशन्स, दिल्ली 2008.
वैशेषिक दर्शन में पदार्थनिरूपण, डा शशिप्रभा कुमार, प्रकाशन विभाग दिल्लीविश्वविद्यावय, दिल्ली 1992.
वैशेषिक दर्शन एक अध्ययन, श्रीनारायण मिश्र, चौखम्बा राष्ट्रभाषा ग्रन्थमाला 5, चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी 1968.
सप्तपदार्थी, Shivaditya, Ed. D. Gurumurti, Theosophical Publishing House, Adyar, Madras,India 1932

❒❒

# सामान्यविशेषविषयक वैशेषिकसूत्रों एवं तदाश्रित पदार्थमीमांसा का पुनर्विश्लेषण

**प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी**

**सारांशः**

शोधपत्रमिदं साम्प्रतं वैशेषिकदर्शने प्रचलितायाः सामान्यविशेषविषयिण्याः पदार्थमीमांसायाः ऐतिहासिकसन्दर्भे पुनर्विश्लेषणं प्रस्तौति। पुनर्विश्लेषणमिदं वैशेषिकसूत्राणां पाठासमालोचनां व्याख्यानसमीक्षाम् ऐतिहासिकानि विवरणानि चाश्रित्य कृतमस्ति। अस्मिन् शोधपत्रे सामान्यविशेषविषयकाणि कतिचन सूत्राणि पुनर्विचारितानि सन्ति। तत्रापि "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्", "भावः", "द्रव्यत्वं गुणत्वं कर्मत्वं सामान्यानि विशेषाश्च", "अन्यत्रान्त्येभ्यो विशेषेभ्यः", "सन् इति यतो द्रव्यगुणकर्मसु सा सत्ता", लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गाभावाच्चैको भावः" इति सूत्राणि प्राधान्येन परिशीलितानि सन्ति। शोधपत्रस्यास्य पुनर्विलेषणानुसारं "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्", "भावः" इति रूपेण उपलब्धं सूत्रद्वयं मूलवैशेषिकसूत्रपाठे एकमेव सूत्रमासीत्। कालान्तरे एतदेव विभक्तं सत् सूत्रद्वयं सम्पन्नम्। अस्य सूत्रस्य विभागादेव वैशेषिकव्याख्यानपरम्परायां सामान्यविशेषविषये बहुविधानि व्याख्यानानि प्रथितान्यभूवन्। वैशेषिकसूत्रेषु पाठपरिवर्तनस्य परम्परा प्रशस्तपादात् बहोः कालात् पूर्वमेव समारब्धा शङ्करमिश्रस्य कालं यावदन्वर्तत। अत एव शङ्करमिश्रस्य उपस्कारेऽपि वैशेषिकसूत्राणां नूतनाः पाठभेदाः प्राप्यन्ते। सामान्यविशेषविषयकसूत्राणाम् अन्तरङ्गबहिरङ्गप्रमाणैः कृतां पाठालोचनां व्याख्यानसमीक्षां चाश्रित्य सामान्य-विशेष-भाव-अस्तित्वादिविषये नूतना एव निष्कर्षाः सिद्ध्यन्ति। त एव निष्कर्षा अस्मिन् शोधनिबन्धे सप्रमाणं समुपस्थापिताः सन्ति। अस्य शोधपत्रस्य निष्कर्षानुसारं वैशेषिकसूत्रेषु भावपदार्थस्यैव सामान्यविशेषरूपेण द्विधा विभागेन वैशेषिकाणां षट्पदार्थवादो व्याख्यातव्यो वर्तते, न तु नित्यद्रव्यवृत्तिर्विशेषनामा भावातिरिक्तः कश्चन पदार्थो वैशेषिकसूत्रानुसारं सिद्ध्यति। शोधपत्रस्यास्यानुसारं तावत् साम्प्रतं प्रसिद्धा सामान्यविशेषविषयिणी पदार्थमीमांसा न तावत् सर्वांशे मूलवैशेषिकसूत्रानुरूपा, अपितु नैकत्र मूलवैशेषिकसूत्रविरुद्धाऽपि वर्तते।

## शोधलेखनिष्कर्षस्य संस्कृतविमर्शः

वैशेषिकसूत्राणामुपलब्धव्याख्यानेषु भाव इत्यस्यार्थः सत्ता इति कृतो वर्तते। किं च भावपदस्य सत्तारूपोऽर्थो वैशेषिकसूत्रेषु नैवाभिप्रेतः। यद्यपि सत्ताऽपि एको भाव एव, किं च भावशब्दः सत्तापर्यायो नास्ति, अपितु सत्ता-द्रव्यत्व-गुणत्व-कर्मत्व-पृथिवीत्व-घटत्वादीनां सामान्यमभिधानं वर्तते। प्रशस्तपादेनापि भावपदस्य एतादृश एवार्थः स्वीकृतः। "सामान्यं

विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भाव:" इति सूत्रस्य विभागकारणादेव वैशेषिकदर्शने सामान्यविशेषान्त्य-विशेषभावादीनां विषये बहुविधानि व्याख्यानानि प्रारब्धानि "भाव:" इति विभक्तं सूत्रं चाप्यन्यथाव्याख्यातं, भावप्रकरणे समागतानां सामान्य-विशेष-अन्त्यविशेषपदानां तात्पर्यमप्यन्यथावर्णितं परवर्तिभिष्टीकाकारै:।

यद्यपि प्रशस्तपादेन वैशेषिकसूत्रोक्तो भावशब्दो द्रव्यत्वादीनां धर्माणां वाचकत्वैनैव स्वीकृत:, किं च तेन विशेषान्त्यविशेषपदयोरन्यथैव व्याख्यानमकारि। प्राचीनबौद्धदर्शनग्रन्थेषु तु प्रायेण भावानामेव व्याप्यव्यापकदृष्ट्या सामान्यविशेषौ स्वीकृतौ। बौद्धदार्शनिकेषु दिङ्नाग-शङ्करस्वामिन्-देव-धर्मपालादीनां ग्रन्थेषु वैशेषिकाणां मतोल्लेखप्रसङ्गे भावाद् भिन्नस्य नित्यद्रव्यवृत्तिविशेषपदार्थस्य प्रतिपादनं नैव लभ्यते। वस्तुतो विशेषपदार्थविषये मतिचन्द्रेण स्थापित: सिद्धान्तोऽपि एकाश्रितानाम् आकाशत्व-कालत्व-दित्त्वरूपभावानामेव विशेषरूपतां प्रतिपादयति। किं च प्रशस्तपादेन स्थापित: सिद्धान्तस्तु मूलवैशेषिकसूत्रविरुद्धो वर्तते। तत: परवर्तिभिस्तु सूत्रविरुद्धोऽयं विशेषपदार्थ: प्रायेण निर्विवादं स्वीकृत:। यद्यपि रघुनाथशिरोमणिना विशेषपदार्थस्य खण्डने प्रवृत्ति: प्रादर्शि, किं च तत् खण्डनं तु विशेषस्वीकारे स्वीकृतानां युक्तीनां खण्डनेन कृतम्, न तु वैशेषिकसूत्रानभिमतत्वेन। प्रशस्तपादात् परवर्तिभिराचार्यै: विशेषपदार्थविषये प्रायेण प्रशस्तपादमतमेवानुसृतम्।

शोधपत्रस्यास्य निष्कर्षानुसारं वैशेषिकसूत्रानुसारं तावद् द्रव्यं, गुण:, कर्म इत्येतेऽर्थपद-वाच्या:। द्रव्यगुणकर्मभ्योऽर्थान्तरं भाव एव बुद्ध्यपेक्षया सामान्यविशेषशब्देनाभिधीयते। कार्यकारणयो: सम्बन्ध: समवाय:। इत्थं च पञ्च पदार्था वैशेषिकसूत्रानुसारं सिद्ध्यन्ति। तत्र भावपदार्थस्यैव सामान्यविशेषरूपेण द्विधा गणनया वैशेषिकदर्शने प्रशस्तपादात् प्रागपि षट्पदार्थवादसिद्धान्तस्य प्रसिद्धिरासीद् ।

## 1. प्रस्तावना

### 1.1 वैशेषिक दर्शन की पृष्ठभूमि

मुमुक्षुओं के लिए जहाँ एक ओर औपनिषदिक विचार ब्रह्म विद्या का उपदेश दे रहे थे, जिनसे विभिन्न वेदान्तों के दार्शनिक चिन्तन की पृष्ठभूमि तैयार ही रही थी, वहीं साङ्ख्य दर्शन प्रकृति के एकत्व के प्रतिपादन के साथ पुरुष के बहुत्व को स्वीकार करते हुए प्रकृति पुरुष विवेक का उपदेश दे रहा था। इस स्थिति में वैशेषिक दर्शन का उदय एक ऐसे दर्शन के रूप में होता है जो प्रवृत्तिमार्ग में रत जनसामान्य को उनकी व्यावहारिक समझ के आधार पर जागतिक समझ से ही अभ्युदय के साथ नि:श्रेयस की प्राप्ति का सन्देश देता है। वैशेषिकदर्शन के विचार भी भारतवर्ष के अत्यन्त प्राचीन दार्शनिक विचारों में अन्यतम हैं। वैशेषिक दर्शन के विचारों का आरम्भ कब और कैसे हुआ इस विषय पर निश्चितरूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है। विद्वानों का मन्तव्य है कि अन्य भारतीय विचारों की भाँति इस दर्शन के बीज भी उपनिषदों

में विद्यमान हैं।[1] उपनिषदों में विद्यमान अद्वैतवादी पूर्णतावाद उपनिषत्कालिक अन्य विविध तार्किक विचारों की अपेक्षा सर्वाधिक प्रभावशाली रहा है। अद्वैतवादी पूर्णतावाद से भिन्न उपनिषत्कालिक विभिन्न विचार ही बाद में कपिल के साङ्ख्य तथा समानतन्त्र पतञ्जलि के योग में वस्तुवादी द्वैतवाद के रूप में, कणाद के वैशेषिक एवं गौतम के न्याय में बहुत्ववादी तर्कवाद के रूप में, वेदविरोधी विचारधारा जैनमत में स्याद्वाद तथा बौद्धमत में विज्ञानवाद एवं शून्यवाद के रूप में, चार्वाकमत में भौतिकवाद के रूप में सुव्यवस्थित होकर प्रतिष्ठापित हुए यह मन्तव्य भी प्राप्त होता है।[2] किन्तु यह सर्वथा सत्य है कि वैशेषिक दर्शन बुद्ध से पूर्व का दर्शन है। बौद्धदर्शन की प्राचीन चीनी परम्परा में वैशेषिक दर्शन को बुद्ध से अत्यधिक प्राचीन सिद्धान्त माना गया है।[3] अनेक आधुनिक विद्वानों ने वैशेषिकविचारों को बुद्धपूर्व या बुद्ध एवं महावीर के समकालिक विचारों के रूप में प्रतिपादित किया भी है।[4] इस दर्शन का सर्वप्राचीन साहित्य महर्षि कणाद के द्वारा विरचित वैशेषिकसूत्र हैं, जिनके रचनाकाल के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है।[5] वैशेषिकसूत्रकार के 'कणाद' अभिधान के विषय में भी अनेक उल्लेख प्राप्त होते हैं।[6] महर्षि कणाद को उलूक भी कहा जाता है। अतः इस दर्शन को उलूक दर्शन या औलूक्य दर्शन भी कहा जाता है। महर्षि कणाद को उलूक कहने के पीछे कई किंवदन्तियाँ प्रचलित हैं।[7] इसके अतिरिक्त इस दर्शन को काश्यपीय[8] दर्शन एवं पैलव[9] दर्शन भी कहते हैं। किन्तु सर्वाधिक प्रसिद्ध नाम वैशेषिक दर्शन है। इस दर्शन की वैशेषिक नाम से प्रसिद्धि के अनेक कारणों का उल्लेख प्राप्त होता है।[10] इनमें से एक महत्त्वपूर्ण कारण के रूप में यह माना गया है कि यह दर्शन साङ्ख्यदर्शन की अपेक्षा विशेष अर्थात् श्रेष्ठ है, इसलिए इस दर्शन को वैशेषिक दर्शन कहते हैं।[11] साङ्ख्यदर्शन की अपेक्षा इस दर्शन को श्रेष्ठ मानने का कारण यह हो सकता है कि यह दर्शन प्राकृतिक तत्त्वों का द्रव्य गुण आदि भिन्न-भिन्न रूप से प्रतिपादन करता है। कुछ विद्वानों ने द्रव्य, गुण एवं कर्म पदार्थों को ही विशेष माना है। उनके अनुसार विशेषरूप द्रव्य, गुण एवं कर्म पदार्थों के प्रतिपादन के कारण इस दर्शन को वैशेषिक दर्शन कहते हैं।[12] ये दोनों युक्तियाँ अधिक प्रामाणिक और प्राचीन प्रतीत होती हैं। यद्यपि अनेक आधुनिक विद्वानों ने नित्यद्रव्यवृत्ति विशेष पदार्थ की स्वीकृति के कारण इस दर्शन को वैशेषिकदर्शन कहे जाने के पक्ष में अपना मन्तव्य व्यक्त किया है।[13] किन्तु वैशेषिक दर्शन में महर्षि कणाद के सूत्र "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्"[13.1] में आए विशेष पद से या "अन्यत्रान्त्येभ्यो विशेषेभ्यः"[13.2] सूत्र में आए अन्त्य विशेष पद से नित्यद्रव्यवृत्ति पदार्थ के रूप में विशेष पदार्थ की कल्पना वैशेषिकसूत्र के अन्यथाव्याख्यान के कारण की गई है[14], जिसे वैशेषिकदर्शन के प्रबन्धकारों तथा व्याख्याकारों ने अपने ग्रन्थों में स्थान दे दिया है।[15] वस्तुतः विशेषनामक यह पदार्थ वैशेषिकसूत्रों से सिद्ध नहीं होता है।[16] विशेष नामक इस पदार्थ के कारण इस दर्शन की वैशेषिक दर्शन के रूप में प्राचीन प्रसिद्धि भी नहीं रही है।[17]

### 1.2 वैशेषिक सूत्रों पर आधारित प्राचीन वाङ्मय

1.2 वैशेषिक सूत्रों पर सर्वप्राचीन वृत्ति, भाष्य, टीका टिप्पणी आज उपलब्ध नहीं है।[18] सम्प्रति उपलब्ध वैशेषिक सूत्र अनेक प्रकार के पाठभेदों एवं पाठप्रक्षेपों से युक्त प्राप्त होते हैं।[19] वैशेषिक सूत्रों से वैशेषिकदर्शन के सिद्धान्तों को समझने के लिए सम्प्रति उपलब्ध सभी महत्त्वपूर्ण वैशेषिक ग्रन्थ पाँचवी शताब्दी के बाद के ही हैं। इन ग्रन्थों में विशेषरूप से 'दशपदार्थी'[20], जिसका चीनी अनुवाद उपलब्ध है तथा चीनी से आंग्ल अनुवाद किया गया है, 'पदार्थधर्मसंग्रह' जो सम्प्रति प्रशस्तपादभाष्य[21] के नाम से प्रसिद्ध है, निबन्धात्मक है तथा जिस पर अनेक व्याख्याएँ उपलब्ध हैं[22], 'चन्द्रानन्दवृत्ति'[23] जो बड़ौदा से प्रकाशित है, 'अविज्ञातकर्तृकप्राचीनवृत्ति' जो मिथिला से प्रकाशित है[24] (जिसे हम मिथिलावृत्ति के रूप में उल्लेख करेंगे) तथा शंकरमिश्र कृत 'उपस्कार'[25], जो अनेकशः प्रकाशित है, उल्लेखनीय हैं। इनके अतिरिक्त वैशेषिक सूत्रों पर कुछ आधुनिक विद्वानों द्वारा भी संस्कृतव्याख्याएँ लिखी गयीं हैं।[26]

### 1.3 वैशेषिक सूत्रों में पाठभेद

1.3 वैशेषिक सूत्रों पर लिखित उपलब्ध टीकाओं में पठित वैशेषिक सूत्रों में पर्याप्त पाठभेद प्राप्त होते हैं। उपस्कारवृत्ति में उपलब्ध पाठ उससे प्राचीन चन्द्रानन्दवृत्ति से भिन्नरूप में उपलब्ध होता है।[27] इसी प्रकार मिथिलावृत्ति के वैशेषिकसूत्रपाठ में भी उपस्कारवृत्ति से अनेक प्रकार के भेद दृष्टिगोचर होते हैं।[28] इसी प्रकार चन्द्रानन्दवृत्ति एवं मिथिलावृत्ति में भी सूत्रपाठ में पर्याप्त भेद प्राप्त होते हैं।[29] तीनों वृत्तियों में उपलब्ध वैशेषिक सूत्रों के पाठभेद होने पर भी, मूल सिद्धान्तों को लेकर की गई व्याख्याएँ प्रायः प्रशस्तपाद के द्वारा प्रस्तुत सिद्धान्तों का ही अनुसरण करती हैं, किन्तु अनेकत्र व्याख्याकारों ने प्रशस्तपाद के व्याख्यान से विरुद्ध व्याख्यान भी किया है।[30] प्रशस्तपाद से विरुद्ध ये व्याख्यान मूलसूत्र का भी अनुसरण नहीं करते।[31] तथापि इन टीकाओं में आए वैशेषिक सूत्रों के पाठभेद तथा अन्य व्याख्याकारों के मतों के उल्लेख मूलवैशेषिकसूत्रों तक पहुँचने तथा वैशेषिक दर्शन के सूत्रकाराभिमत सिद्धान्तों की गवेषणा में प्रकृत लेख में अत्यधिक सहायक सिद्ध हुए हैं। वैशेषिक सूत्रों एवं वैशेषिक दर्शन के सिद्धान्तों पर अनेक आधुनिक विद्वानों द्वारा गभीर अनुसन्धानात्मक कार्य किये गये हैं।[32] अनेक आधुनिक विद्वानों ने भी वैशेषिकसूत्रों के पाठभेद एवं पाठप्रक्षेप की चर्चा की है, किन्तु सामान्य एवं विशेष के विषय में प्रकृत लेख में करिष्यमाण पाठसम्बन्धी विवेचन किसी अन्य आधुनिक या प्राचीन विद्वानों द्वारा नहीं किया गया है। इस आलेख में अन्तरङ्ग एवं बहिरङ्ग साक्ष्यों के आधार पर सामान्य एवं विशेष के विषय में वैशेषिकसूत्रपाठ पर नूतन विमर्श किया जाएगा।

## 2. सामान्यविशेषविषयक वैशेषिकसूत्रों का पुनर्विश्लेषण

2.1 वैशेषिकसूत्रपाठ अत्यन्त प्राचीन रचनाएँ हैं। इन पाठों में अनेक प्रकार के परिवर्तन, परिवर्धन समय समय पर हुए हैं। इनमें से कुछ परिवर्तन प्रशस्तपाद से भी पहले के हैं, जबकि कुछ परिवर्तन और परिवर्धन प्रशस्तपाद के पदार्थधर्मसंग्रह की शब्दावली को ही सूत्र के रूप में या सूत्र के साथ योजित किए जाने से भी हुए हैं। जैसा कि पूर्व कहा जा चुका है, सम्प्रति वैशेषिकसूत्राधारित वैशेषिकवाङ्मय की परम्परा में मतिचन्द्र की दशपदार्थी तथा प्रशस्तपाद के पदार्थधर्मसंग्रह से पूर्व की कोई रचना, व्याख्या या भाष्य उपलब्ध नहीं है, तथापि प्रशस्तपाद के बाद लिखी गई व्याख्याओं में उपलब्ध पाठान्तर हमें प्राचीन पाठपरम्परा का संकेत देते हैं, जिन पर युक्तिपूर्वक विचार करने पर सूत्रकार के मूलपाठ तक पहुँचने में पर्याप्त सहयोग प्राप्त होता है। वैशेषिकदर्शन के सूत्रों पर सम्प्रति तीन व्याख्याएँ उपलब्ध हैं। 1. चन्द्रानन्दवृत्ति 2. मिथिलावृत्ति 3. उपस्कारवृत्ति। इनमें से शंकरमिश्रकृत उपस्कारवृत्ति सर्वाधिक अर्वाचीन है। इनमें चन्द्रानन्दवृत्ति तथा मिथिलावृत्ति उपस्कार से यद्यपि प्राचीन हैं, किन्तु शंकरमिश्र को सम्भवतः इन दोनों वृत्तियों को प्राप्त करने का सुयोग नहीं मिल सका ।[33] चन्द्रानन्दवृत्ति यद्यपि मिथिलावृत्ति से प्राचीन है, तथापि कतिपय सूत्रों की पाठसमीक्षा के आधार पर प्रकृत लेखक को मिथिलावृत्ति का सूत्रपाठ किसी प्राचीन पाठपरम्परा का अनुगामी प्रतीत होता है, इस विषय पर सप्रमाण चर्चा की जाएगी। जबकि चन्द्रानन्दवृत्ति तथा उपस्कार का पाठ इसकी अपेक्षा कम प्रामाणिक है, तथापि इन दोनों में उपस्कार का पाठ सर्वापेक्षया अल्पप्रामाणिक है, जो अग्रिम प्रतिपादन से स्वतः सिद्ध हो जाएगा।

2.2 वैशेषिक सूत्र के प्रथम अध्याय के तृतीय सूत्र में सामान्य एवं विशेष पदार्थ को परिभाषित किया गया है। वैशेषिकसूत्रों पर उपलब्ध सभी वृत्तियों में 1.2.3. सूत्र के रूप में "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्" पाठ उपलब्ध है, जबकि 1.2.4 सूत्र के रूप में मिथिलावृत्ति में "भावः", चन्द्रानन्दवृत्ति में "भावः सामान्यमेव" तथा शंकरमिश्र की उपस्कारवृत्ति में "भावोऽनुवृत्तेरेव हेतुत्वात् सामान्यमेव" इस प्रकार का पाठ उपलब्ध होता है। यद्यपि उक्त सभी टीकाओं में 1.2.4 सूत्र के स्वरूप में अन्तर होने पर भी सभी टीकाकारों ने इस सूत्र का समान अर्थ ही किया है[34], तथापि मिथिलावृत्ति में उपलब्ध पाठभेद सामान्य पाठभेदमात्र नहीं है, अपितु यह किसी प्राचीन पाठ परम्परा की ओर संकेत है तथा टीकाकार द्वारा किए गए अर्थ से भिन्न अर्थ का सप्रमाण सङ्केत भी देता है, जिसकी चर्चा यहाँ की जाएगी।[35] उपर्युक्त सभी टीकाओं में 1.2.4 का अर्थ करते समय भाव शब्द का अर्थ सत्ता किया गया है।[36] सभी टीकाकारों ने 1.2.4 सूत्र का समानरूप से व्याख्यान करते हुए यह कहा है कि इस सूत्र द्वारा सत्ता के सामान्यमात्र होने का प्रतिपादन किया जा रहा है।[37] किन्तु मिथिलावृत्ति में उपलब्ध "भावः" सूत्र में आया भाव शब्द सत्तापर्याय नहीं है, इस विषय में हम "भावः" सूत्र की पाठसमीक्षा के सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा करेंगे।

2.3 पूर्वोक्त सूत्र 1.2.4 "भाव:" की पाठसमीक्षा से पूर्व, सूत्र 1.2.3 "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्" पर संक्षिप्त विचार करना आवश्यक है। सूत्र 1.2.3 में यह कहा गया है कि सामान्य एवं विशेष यह बुद्ध्यपेक्ष है। इस कथन की समुचित व्याख्या करने के लिए सूत्र 1.2.5 "द्रव्यत्वं गुणत्वं कर्मत्वं सामान्यानि विशेषाश्च" एवं 1.2.6 "अन्यत्रान्त्येभ्यो विशेषेभ्य:" इन दोनों पर भी विचार करना आवश्यक है। सूत्र 1.2.5 में द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व को सामान्य एवं विशेष उभयरूप कहा गया है। यहाँ विचारणीय है कि सूत्रकार के अनुसार सामान्य, विशेष एवं "भाव:" सूत्र में आए भाव शब्द से क्या अभिप्रेत है। इस विषय पर विभिन्न ऐतिहासिक सन्दर्भों का उल्लेख करने से पूर्व प्रकृत लेखक के अनुसार इन सूत्रों के अभिप्राय को प्रस्तुत किया जा रहा है। तत्पश्चात् अन्य मत मतान्तरों पर विचार करते हुए इस सन्दर्भ में विस्तृत विचार विमर्श किया जाएगा।

2.4 वैशेषिक सूत्रों के प्रथम अध्याय के सम्पूर्ण द्वितीय पाद के अनुशीलन के आधार पर प्रकृत लेखक का मन्तव्य है कि सम्प्रति उपलब्ध सूत्र वैशेषिक सूत्र 1.2.3 "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्" तथा मिथिलावृत्ति में 1.2.4 सूत्र के रूप में उपलब्ध वचन "भाव:" मूल वैशेषिक सूत्रपाठ में दो सूत्र के रूप में स्वतन्त्रतया पठित न थे। मूल वैशेषिक सूत्रपाठ में इन दोनों वचनों से युक्त सूत्र का स्वरूप इस प्रकार था "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भाव:"। इस रूप में मूल वैशेषिक सूत्र का अर्थ था कि भाव पदार्थ ही परस्परबुद्धिसापेक्षतया सामान्य एवं विशेष के रूप में कहा जाता है। प्रकृत लेखक के अनुसार वैशेषिक सूत्रों में प्रयुक्त भाव पद किसी धर्मी के धर्म का वाचक शब्द है। अर्थात् भाव वह धर्म है जिस कारण किसी धर्मी का उस धर्मी के रूप में अस्तित्व है। अत: उपर्युक्त वैशेषिक सूत्र "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भाव:" के अनुसार विशेष भाव की अपेक्षा ही किसी भाव को सामान्य कहते हैं, जबकि किसी सामान्य भाव की अपेक्षा ही किसी भाव को विशेष कहते हैं। इस प्रकार इस वैशेषिक सूत्र के अनुसार भाव पदार्थ का ही सामान्य या विशेष के रूप में सापेक्ष अभिधान किया जाता है।

2.5 सत्ता भाव चूँकि द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्वरूप भाव की अपेक्षा व्यापक भाव है। अत: यह सामान्य भाव कहलाएगा, जबकि द्रव्यत्व, गुणत्व कर्मत्व भाव सत्ता की अपेक्षा व्याप्य होने से विशेष तथा पृथिवीत्वादि भावों की अपेक्षा व्यापक होने के कारण सामान्य कहलाता है। अत: द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व रूप भाव सामान्य एवं विशेष उभयरूप भाव सिद्ध होता है। इसी आशय से वैशेषिक सूत्र 1.2.5 "द्रव्यत्वं गुणत्वं कर्मत्वं सामान्यानि च विशेषाश्च" के द्वारा द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व को सामान्य एवं विशेष उभयरूप कहा गया है। इसी प्रकार पृथिवीत्वादि भाव भी सामान्य एवं विशेष उभय रूप भाव कहे जाएँगे। क्योंकि वे भी द्रव्यत्वादि भावों की अपेक्षा सामान्य तथा घटत्वादि भावों की अपेक्षा विशेष हैं। इसी आशय को वैशेषिक सूत्र 1.2.6 "अन्यत्रान्त्येभ्यो विशेषेभ्य:" के द्वारा प्रकट किया गया है।

जिसमें शब्दश: यह प्रतिपादित किया गया है कि अन्त्य विशेष के अतिरिक्त सभी भाव सामान्य एवं विशेष उभय भाव होंगे। इस सूत्र के अनुसार पृथिवीत्वादि भाव भी सामान्य एवं विशेष उभयरूप भाव होंगे।

2.6 उपर्युक्त सूत्रों का प्रस्तुत व्याख्यान सम्प्रति वैशेषिक दर्शन की प्रचलित परम्परा के व्याख्यान से भिन्न है। प्रकृत लेखक के अनुसार भाव पदार्थ से अतिरिक्त विशेष नामक पदार्थ वैशेषिक सूत्रों से सिद्ध नहीं होता है।  इस भाव के ही सामान्य, सामान्यविशेष तथा अन्त्य विशेष के रूप में तीन भेद सिद्ध होते हैं। सामान्य के अन्तर्गत सत्तारूप भाव आता है। सामान्य विशेष के अन्तर्गत द्रव्यत्वादिरूप भाव आता है, जिसके पुन: विशेष भाव सम्भव हैं। जबकि अन्त्यविशेष वह भाव है जिसके अन्य विशेष भाव सम्भव न हों। वैशेषिक सूत्रों से यही निष्कर्ष स्पष्ट रूप से प्राप्त होता है। किन्तु भाव पद के स्वतन्त्र सूत्र के रूप में स्थापित हो जाने के कारण सामान्य विशेष एवं अन्त्य विशेष के विषय में विभिन्न मत मतान्तर प्रचलित हो गए। अब हम मिथिलावृत्ति में सम्प्रति स्वतन्त्र चतुर्थ सूत्र के रूप में उपलब्ध "भाव:" के पाठभेदों तथा उसकी व्याख्यान परम्पराओं पर विचार करते हैं।

## 3. "भाव:" सूत्र के पाठभेदों तथा उस पर उपलब्ध व्याख्यानों का पुनर्विश्लेषण

3.1 जैसा कि पूर्व में कहा गया है कि सूत्र 1.2.4 के तीन पाठ उपलब्ध हैं। मिथिला वृत्ति में सूत्र 1.2.4 "भाव:" इस रूप में पठित है। चन्द्रानन्दवृत्ति में सूत्र 1.2.4 "भाव: सामान्यमेव" के रूप में पठित है, जबकि उपस्कारवृत्ति में सूत्र 1.2.4 "भावोऽनुवृत्तेरेव हेतुत्वात् सामान्यमेव" के रूप में पढ़ा गया है। इस प्रकार सूत्र 1.2.4 का स्वरूप उपर्युक्त तीन टीकाओं में तीन प्रकार से प्राप्त होता है, किन्तु तीनों टीकाओं में इस सूत्र का व्याख्यान समानरूप में उपलब्ध है। तीनों वृत्तिकारों ने सूत्र 1.2.4 की व्याख्या में भाव शब्द का अर्थ सत्ता किया है। इन टीकाकारों ने इस सूत्र की व्याख्या करते हुए कहा है कि 'भाव अर्थात् सत्ता सामान्यमात्र है'। किन्तु प्रकृत लेखक का स्पष्ट मन्तव्य है कि सत्ता को द्रव्य, गुण एवं कर्म में विद्यमान होने के प्रतिपादन से तथा उससे व्यापक धर्म के रूप में किसी अन्य धर्म का महर्षि कणाद द्वारा न कहे जाने के कारण प्रशस्तपाद एवं उनके पूर्व के आचार्यों द्वारा सत्ता को सामान्य भाव के रूप में प्रतिपादित किया गया है, न कि इस सूत्र की व्याख्यान द्वारा। किन्तु प्रशस्तपाद के परवर्ती उक्त तीनों टीकाकारों ने इस बात को वैशेषिक सूत्र 1.2.4 के प्रतिपाद्य के रूप में व्याख्यात कर दिया है, जो समुचित नहीं है। इन टीकाकारों द्वारा सूत्र 1.2.4 में आए भाव शब्द का अर्थ सत्ता किया जाना तथा इस सूत्र का अर्थ सत्ता सामान्यमात्र है ऐसा प्रतिपादन किया जाना सूत्रकार के अनुकूल नहीं है।

3.1 अत: "भाव:" सूत्र पर विस्तृत चर्चा हेतु सर्वप्रथम इस सूत्र में आए भाव शब्द के अर्थ पर विचार करना आवश्यक है। प्रकृत लेखक के अनुसार इस सूत्र में आए भाव शब्द

का अर्थ सत्ता, द्रव्यत्व, गुणत्व, कर्मत्व आदि धर्म जो इन अर्थों से अतिरिक्तरूप में अपना अस्तित्व रखते हैं, वे ही भाव के रूप में सूत्रकार द्वारा विवक्षित हैं। सूत्रकार द्वारा भाव शब्द सत्ता के पर्याय के रूप में विवक्षित नहीं है। इस सन्दर्भ में प्रशस्तपाद का मन्तव्य भी सूत्रकार के अनुकूल ही है। प्रशस्तपाद ने समवाय को द्रव्यादि से व्यतिरिक्त सिद्ध करते हुए लिखा है – 'स च द्रव्यादिभ्यः पदार्थान्तरं भाववल्लक्षणभेदात्। यथा भावस्य द्रव्यत्वादीनां स्वाधारेषु आत्मानुरूपप्रत्ययकर्तृत्वात् स्वाश्रयादिभ्यः परस्परतश्चार्थान्तरभावः तथा समवायस्यापि पञ्चसु पदार्थेष्विहेति प्रत्ययदर्शनात् तेभ्यः पदार्थान्तरत्वमिति।'[38] अर्थात् जिस प्रकार द्रव्यादि में द्रव्यादिप्रत्यय कराने के कारण द्रव्यत्वादि भाव पदार्थान्तर के रूप में सिद्ध होते हैं वैसे ही समवाय भी 'इहेदमिति यतः कार्यकारणयोः स समवायः'[39] सूत्र के अनुसार 'कारण और कार्य में 'इसमें यह है' इस प्रकार की प्रतीति कराने वाला समवाय सम्बन्ध है'। इस कथन में प्रशस्तपाद ने स्पष्टरूप से भाव शब्द से द्रव्यत्वादि धर्मों का ही ग्रहण किया है, न कि सत्तामात्र का।[40] अतः प्रशस्तपाद के अनुसार भी यह सूत्र सत्ता के सामान्यमात्र होने का प्रतिपादक नहीं हो सकता है। अतः कणाद सूत्र 1.2.4 के पाठभेदों का अध्ययन करने से यह ज्ञात होता है कि सूत्र 1.2.4 के तीनों पाठभेदों में अपेक्षाकृत प्राचीन पाठ "भावः" ही था। यद्यपि प्रशस्तपाद ने अपने एक कथन 'सा चानुवृत्तेरेव हेतुत्वात् सामान्यमेव' में सत्ता को सामान्यमात्र कहा है। किन्तु प्रशस्तपाद का यह कथन "भावः" इस प्रकार सम्प्रति पृथक् सूत्र के रूप में उपलब्ध वचन का व्याख्यान नहीं है, क्योंकि प्रशस्तपाद ने भाव शब्द से न केवल सत्ता का, अपितु द्रव्यत्वादि सभी प्रकार के धर्मों का ग्रहण किया है। अतः प्रशस्तपाद के अनुसार सम्प्रति प्राप्त सूत्र 1.2.4 "भावः" सत्ता के सामान्यमात्र होने का प्रतिपादक नहीं हो सकता है। प्रशस्तपाद द्वारा "सा चानुवृत्तेरेव हेतुत्वात् सामान्यमेव" कथन से सत्ता को सामान्यमात्र के रूप में प्रतिपादित किया जाना किसी सूत्र के व्याख्यान के रूप में आया हुआ कथन नहीं है, अपितु वैशेषिक सूत्रों में सत्ता को किसी अन्य धर्म का विशेष या व्याप्य के रूप में प्रतिपादित न किये जाने के कारण तथा उनसे पूर्व की वैशेषिक दर्शन की परम्परा में सत्ता को सामान्य के रूप में कहे जाने के कारण ही है।

3.2 पूर्वोक्त चर्चा से स्पष्ट है कि प्रशस्तपाद का सत्ता को सामान्यमात्र के रूप में प्रतिपादित करना कणाद के सूत्र 1.2.4 की व्याख्या नहीं है। किन्तु प्रशस्तपाद के पश्चाद्वर्ती सभी व्याख्याकारों ने प्रशस्तपाद के उक्त कथन को सूत्र 1.2.4 के व्याख्यान के रूप में मानकर इस सूत्र का इसी आशय से व्याख्यान कर दिया है।[41] ऐसा करते समय चन्द्रानन्दवृत्ति एवं उपस्कारवृत्ति में 1.2.4 सूत्र के स्वरूप में परिवर्तन भी कर दिया गया है। चन्द्रानन्दवृत्ति में मूलवैशेषिकसूत्र "भावः" को प्रशस्तपाद के उक्त वचन में उपलब्ध 'सामान्यमेव' शब्द के साथ परिवर्धित कर सूत्र के स्वरूप को परिवर्धित करते हुए "भावः सामान्यमेव" के रूप में पढ़ा गया है। यह परिवर्तन चन्द्रानन्द ने स्वयं किया है या उनसे पूर्व सूत्रपाठ में यह परिवर्तन

किया जा चुका होगा यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है। किन्तु इतना स्पष्ट है कि यह परिवर्तन प्रशस्तपाद के उक्त कथन के आधार पर प्रशस्तपाद के किसी परवर्ती के द्वारा किया गया था। इसी प्रकार उपस्कार में प्राप्त 1.2.4 सूत्र का स्वरूप प्रशस्तपाद के उक्त सम्पूर्ण कथन में केवल 'सा' शब्द के स्थान पर 'भाव:' शब्द जोड़कर "भावोऽनुवृत्तेरेव हेतुत्वात् सामान्यमेव" इस परिवर्तित रूप में प्राप्त होता है। स्पष्ट है कि यह परिवर्तन भी प्रशस्तपाद के उक्त वचन के साथ "भाव:" सूत्र को जोड़ देने से किया गया था। यह परिवर्तन स्वयं उपस्कार ने किया है या इनसे पूर्व यह परिवर्तन प्रचलित हो चुका था यह भी स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है। मिथिला वृत्ति में प्राप्त सूत्र 1.2.4 "भाव:" के स्वरूप पर विचार करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि मिथिलावृत्तिकार ने किसी प्राचीनपाठपरम्परा से उक्त सूत्रस्वरूप को लिया है, जिसमें उनके द्वारा भी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। यह सत्य है कि इस सूत्र की व्याख्या भी उन्होंने सत्ता के सम्बन्ध में प्रशस्तपाद द्वारा उक्त कथन " सा चानुवृत्तेरेव हेतुत्वात् सामान्यमेव" के आलोक में ही की है, जो मूलसूत्रानुसारिणी नहीं है।

3.3 यद्यपि वैशेषिकसूत्र 1.2.4 का पूर्वोक्त टीकाओं में आए विभिन्न पाठों की अपेक्षा प्राचीन पाठ "भाव:" ही था। यह बात इस पाद के अन्तिम सूत्र में भाव के एकत्वप्रतिपादन से सिद्ध होती है। प्रथम अध्याय के प्रथम पाद का अन्तिम सूत्र जिसके अनेक पाठभेद प्राप्त हैं, का क्रमश: स्वरूप इस प्रकार है– मिथिलावृत्ति में प्राप्त सूत्र क्रमाङ्क 1.2.16 में "लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गाभावाच्चैको भाव:" के रूप में पाठ उपलब्ध है। चन्द्रानन्दवृत्ति में सूत्र क्रमाङ्क 1.2.18 में "सल्लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गाभावाच्चैको भाव:" के रूप में पाठ उपलब्ध है। उपस्कार वृत्ति में सूत्र क्रमाङ्क 1.2.17 के रूप में "सदिति लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गाभावाच्चैको भाव:" के रूप में पाठ प्राप्त होता है। अब हम उपर्युक्त इन तीन पाठभेदों का अध्ययन करें तो स्पष्टरूप से ज्ञात हो सकेगा कि उक्त सूत्र के उक्त तीनों पाठों में मिथिलावृत्ति में उपलब्ध पाठ "लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गसद्भावाच्चैको भाव:" सर्वाधिक प्राचीन एवं प्रामाणिक पाठ है। इस पाठ में चन्द्रानन्दवृत्ति में 'सद्' तथा 'उपस्कारवृत्ति में 'सदिति' इस अंश को जोड़कर पाठपरिवर्तन कर दिया गया है। यह परिवर्तन क्यों किया गया है इस विषय पर विचार करें तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सूत्र 1.2.4 में आए भाव शब्द को सत्ता के रूप में प्रतिपादित कर सूत्र 1.2.4 का अर्थ 'सत्ता सामान्य ही है' ऐसा प्रतिपादन करने से इस पाद के अन्तिम सूत्र में आए भाव का भी अर्थ सत्ता मानकर इस सूत्र को सत्ता रूप भाव के एकत्व के प्रतिपादक सूत्र के रूप में व्याख्यात किया गया। ऐसा करते समय चन्द्रानन्दवृत्ति के पाठ में मूलसूत्रपाठ "लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गाभावाच्चैको भाव:" के आरम्भ में 'सद्' इस पद को जोड़ दिया गया। तथा उपस्कारवृत्ति के पाठ में 'सदिति' यह जोड़ दिया गया।

3.4 वस्तुत: "लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गाभावाच्चैको भाव:" सूत्र से सूत्रकार को अभिप्रेत अर्थ यह था कि सभी भाव जैसे सत्ता, द्रव्यत्व, गुणत्व, कर्मत्व, पृथिवीत्व आदि

अपने सभी आश्रयों में एकरूप में अर्थात् अभिन्नरूप में हैं, भिन्न भिन्न नहीं हैं। इसी आशय को प्रशस्तपाद ने भी व्यक्त करते हुए लिखा है – 'प्रत्येकं स्वाश्रयेषु लक्षणाविशेषाद्विशेषलक्षणाभावच्चैकत्वम्'।[42] जिसका तात्पर्य है कि द्रव्यत्वादि प्रत्येक भाव अपने आश्रयों में एक ही है, क्योंकि सभी आश्रयों में उसका लक्षण अर्थात् स्वरूप समान है तथा भिन्नस्वरूप का अभाव है। यद्यपि मिथिलावृत्ति में उपलब्ध पाठ सर्वथा प्राचीन है, तथापि मिथिलावृत्तिकार ने भी इस सूत्र में आए भाव शब्द का अर्थ सत्ता करते हुए इस सूत्र को सत्ता के एकत्व का ही प्रतिपादक माना है, न कि भावमात्र का। इससे स्पष्ट है कि प्रशस्तपाद के पश्चाद्वर्ती आचार्यों ने कणाद के 1.2.4 सूत्र में उक्त भाव को सत्ता के पर्याय के रूप में व्याख्यात कर इस पाद के अन्तिम सूत्र जो भाव के एकत्व का प्रतिपादन करता है, उसे सत्ता के एकत्व का ही प्रतिपादक सिद्ध करने का प्रयास किया है। मिथिलावृत्ति में ऐसा व्याख्यान प्राप्त होने पर भी सूत्र में किसी प्रकार का परिवर्तन प्राप्त नहीं है, जबकि चन्द्रानन्दवृत्ति तथा उपस्कारवृत्ति में इस सूत्र के स्वरूप में परिवर्धनपूर्वक परिवर्तन कर दिया गया है। हम कह सकते हैं कि मिथिलावृत्तिकार ने जिस प्रकार 1.2.4 सूत्र में विना किसी परिवर्धन के मूलसूत्र के अपेक्षाकृत प्राचीन पाठ का अनुसरण किया है, वैसे ही उन्होंने इस पाद के अन्तिम सूत्र में किसी प्रकार के परिवर्धन के विना ही प्राचीन पाठ का अनुसरण किया है।

3.5 पूर्वोक्त सूत्र 1.2.4 "भावः" एवं प्रथम अध्याय द्वितीय पाद के अन्तिम सूत्र "लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गाभावाच्चैको भावः" के पाठभेद के विषय पर उपर्युक्त विस्तृत विचार के पश्चात् यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि सूत्र 1.2.4 प्रशस्तपाद के पूर्व तक "भावः" इसी रूप में प्राप्त था। भाव से तात्पर्य द्रव्यत्वादि सभी प्रकार के सामान्यों से था। इसी प्रकार "लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गसद्भावाच्चैको भावः" यह सूत्र सत्ता एवं द्रव्यत्वादि सभी प्रकार के भावों के एकत्व का प्रतिपादक था। प्रशस्तपाद ने भी उपर्युक्त दोनों सूत्रों को जिस अर्थ में ग्रहण किया था उसकी चर्चा भी हम कर चुके हैं। अब तक की चर्चा के अनुसार सूत्र 1.2.3 "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्" तथा सूत्र 1.2.4 "भावः" इसी पाद का अन्तिम सूत्र "लिङ्गाविशेषाद् विशेषलिङ्गसद्भावाच्चैको भावः" प्रशस्तपाद के पूर्व तक इसी रूप में प्राप्त था।

3.6 अब तक के विमर्श से यह सिद्ध हो गया है कि सूत्र 1.2.4 "भावः" सम्प्रति उपलब्ध पाठों में अधिक प्राचीन पाठ था। इसके साथ यह भी निष्कर्ष प्राप्त हो चुका है कि इस सूत्र में आया 'भाव' शब्द सूत्रकार की दृष्टि में सत्तापर्याय नहीं था। इससे यह भी निष्कर्ष निकलता है कि इस सूत्र से सूत्रकार सत्ता के सामान्यमात्र होने का प्रतिपादन भी नहीं कर रहे हैं। इन निष्कर्षों से यह सप्रमाण सिद्ध है कि "भावः" इस सूत्र पर सम्प्रति प्राप्त सभी टीकाएँ सूत्रकार के आशय का प्रतिपादन नहीं करती हैं। यह बात प्रशस्तपाद के द्वारा 'भाव' शब्द के सत्ता तथा तदतिरिक्त द्रव्यत्वादि सभी धर्मों के वाचक के रूप में प्रयोग किए जाने से भी

प्रमाणित हो जाती है। इस स्थिति में यह प्रश्न होना स्वाभाविक है कि इस सूत्र का सूत्रकार के द्वारा अभिप्रेत अर्थ क्या रहा होगा। प्रशस्तपाद ने इस सूत्र को किस अर्थ में ग्रहण किया होगा। प्रशस्तपाद के पूर्व इस सूत्र का किस प्रकार से व्याख्यान किया जाता रहा होगा। इस प्रश्न का सुनिश्चित उत्तर देना काल्पनिक ही होगा। किन्तु प्रकृत लेखक का मन्तव्य है कि निश्चित ही यह सूत्र अपने मूलरूप में स्वतन्त्र सूत्र न था, अपितु "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भावः" यह अखण्डसूत्र था। कालान्तर में यह दो सूत्रों में विभक्त हो गया। विभक्तरूप में "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्" यह पृथक् सूत्र बन गया जो सम्प्रति सभी वृत्तियों में 1.2.3 सूत्र के रूप में स्वतन्त्रतया प्राप्त होता है तथा "भावः" पृथक् सूत्र हो गया जो अपने इसी रूप में मिथिलावृत्ति में प्राप्त होता है। इस सूत्र में पाठपरिवर्तन के द्वारा चन्द्रानन्दवृत्ति तथा उपस्कारवृत्ति में इसका स्वरूप परिवर्तित हो गया। मिथिलावृत्तिकार ने निश्चित ही किसी अन्य पाठपरम्परा से इसे प्राप्त किया होगा, क्योंकि उनसे पूर्ववर्ती चन्द्रानन्द ने इसे परिवर्तित पाठ के रूप में रखा है। इस सूत्र के विभक्त हो जाने के कारण सामान्य एवं विशेष के विषय में अनेक प्रकार के व्याख्यानों की परम्परा का उदय हुआ।

## 4. वैशेषिक सूत्रों में प्रतिपादित सामान्य एवं विशेष के विषय में वैशेषिक दर्शन की विभिन्न व्याख्यानपरम्पराओं का पुनर्विश्लेषण

4.1 प्रशस्तपाद के अनुसार सामान्य दो प्रकार का है पर एवं अपर।[43] दोनों ही प्रकार के सामान्य अनुवृत्तिबुद्धि के कारण हैं।[44] प्रशस्तपाद के अनुसार सामान्य शब्द सत्ता, तथा द्रव्यत्वादि के अर्थ में योगरूढ है। पर एवं अपर सभी प्रकार के सामान्य अनुवृत्तिबुद्धि कराते हैं।[45] सत्तारूप सामान्य महाविषय होने से पर सामान्य है[46], जबकि द्रव्यत्वादि सभी प्रकार के सामान्य अपर सामान्य हैं।[47] द्रव्यत्वादि सामान्य स्वाश्रय की विजातीय से व्यावृत्तिबुद्धि भी कराते हैं, अतः गौण अर्थ में इन्हें विशेष भी कहा जाता है।[48] इसी आशय से सूत्रकार ने द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व को सामान्य के साथ विशेष भी कहा है। विशेष नामक पञ्चम पदार्थ का निरूपण करते हुए प्रशस्तपाद कहते हैं कि नित्यद्रव्य में रहने वाले अन्त्यविशेष हैं।[49] वे केवल व्यावृत्तिबुद्धि के ही कारण हैं, अतः वे केवल विशेष ही हैं। अर्थात् अनुवृत्तिबुद्धि न कराने के कारण वे सामान्य नहीं हो सकते हैं।[50] प्रशस्तपाद ने द्रव्यत्वादि को सूत्रकार के द्वारा विशेष कहे जाने के कारण का उल्लेख करते हुए कहा कि द्रव्यत्वादि स्वाश्रयों को विजातीय से व्यावृत्त कराने के कारण सामान्य होते हुए भी विशेष संज्ञा को प्राप्त करते हैं।[51] प्रशस्तपाद के अनुसार विशेष शब्द का मुख्य अर्थ तो परमाण्वादिगत विशेष नामक पञ्चम पदार्थ ही है, किन्तु द्रव्यत्वादि को सूत्रकार के द्वारा विशेष कहा जाना तो लाक्षणिक प्रयोगमात्र है।[52] सामान्य, विशेष एवं अन्त्यविशेष के सन्दर्भ में प्रशस्तपाद के उपर्युक्त निरूपण के आधार पर हम प्रशस्तपाद के अनुसार वैशेषिकसूत्र 1.2.3, 1.2.4 तथा 1.2.5 के अभिप्राय को प्रशस्तपाद ने किस रूप में ग्रहण किया होगा इस पर विचार कर सकते हैं।

4.2 प्रशस्तपाद के अनुसार सूत्र 1.2.3 "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्" का तात्पर्य सामान्य अनुवृत्तिबुद्ध्यपेक्ष होता है, जबकि विशेष व्यावृत्तिबुद्ध्यपेक्ष होता है। इस प्रकार प्रशस्तपाद के अनुसार अनुवृत्तिबुद्ध्यपेक्ष होने से सत्ता एवं द्रव्यत्वादि सामान्य कहे जाते हैं। प्रशस्तपाद के अनुसार सूत्रकार के द्वारा "द्रव्यत्वं गुणत्वं कर्मत्वं च सामान्यानि च विशेषाश्च" सूत्र के द्वारा द्रव्यत्वादि सामान्य को विशेष के रूप में कहा जाना इन सामान्यों के द्वारा स्वाश्रय की स्वविजातीयों से व्यावृत्तिबुद्धि कराने के कारण है, किन्तु इन्हें विशेष कहा जाना लाक्षणिक प्रयोग ही है। वस्तुतः ये सामान्य ही हैं, मुख्य अर्थ में विशेष नहीं, क्योंकि विशेष का मुख्य अर्थ तो परमाण्वादिगत विशेष नामक अतिरिक्त पञ्चम पदार्थ ही है। प्रशस्तपाद के अनुसार विशेष नामक पञ्चम पदार्थ को वैशेषिक सूत्र 1.2.6 में अन्त्य विशेष कहने का कारण यह है कि विनाशारम्भरहित नित्यद्रव्य को अन्त कहा जाता है, ये पदार्थ उसमें रहने के कारण अन्त्य कहलाते हैं तथा स्वाश्रय के विशेषक होने के कारण विशेष कहलाते हैं।[53] इस प्रकार प्रशस्तपाद के अनुसार विशेष शब्द परमाण्वादि गत विशेष पदार्थ के अर्थ में ही योगरूढ है। वही इसका मुख्य अर्थ है। प्रशस्तपाद के अनुसार सूत्र 1.2.3 में अनुवृत्ति बुद्धिसापेक्ष होने से सामान्य पदार्थ का तथा व्यावृत्तिबुद्धि सापेक्ष होने से विशेष का प्रतिपादन किया गया है।[54] अर्थात् सामान्य एवं विशेष नामक पदार्थ अनुवृत्ति एवं व्यावृत्तिबुद्धि के कारण अपनी अपनी संज्ञा में सार्थक हैं। इस प्रकार प्रशस्तपाद के अनुसार सामान्य एवं विशेष योगरूढ शब्द हैं। प्रशस्तपाद ने सामान्य को पर एवं अपर के भेद से द्विविधरूप में प्रतिपादित किया है। वै.सू. 1.2.3 पर प्रशस्तपाद के परवर्ती वैशेषिकसूत्र के व्याख्याकारों के व्याख्यान भी प्रशस्तपाद के सामान्य एवं विशेष के सम्बन्ध में कहे गए सिद्धान्त के समान हैं। चन्द्रानन्दवृत्ति, तथा मिथिलावृत्ति एवं उपस्कार वृत्ति में वै.सू. 1.2.3 के व्याख्यान में यह माना गया है कि अनुवृत्तिबुद्धि के हेतु होने से सत्ता, द्रव्यत्वादि सामान्य हैं, जबकि नित्यपदार्थवृत्ति विशेष पदार्थ व्यावृत्तिबुद्धि के हेतु होने से विशेष कहे जाते हैं।[55]

4.3 यहाँ विचारणीय है कि प्रशस्तपाद ने सामान्य का पर एवं अपर के भेद से द्विविध प्रतिपादन किस आधार पर किया। उन्होंने सूत्र 1.2.3 में आए सामान्य एवं विशेष शब्द का क्रमशः पर एवं अपर अर्थ नहीं किया है, यह उक्त सूत्र के प्रशस्तपाद के अनुसार किए गए प्रतिपादन से स्पष्ट है। इस विषय पर विचार करने के लिए हमें प्रशस्तपाद से पूर्व वैशेषिक दर्शन की प्राचीन परम्परा पर विचार करना आवश्यक है। प्रशस्तपाद से सुदूर पूर्व भी सामान्य को द्विविध या त्रिविध रूप से विभक्त करने की परम्परा का उल्लेख जैन ग्रन्थों में रोहगुत्त के नाम से उल्लिखित मत में प्राप्त होता है।[56] रोहगुत्त का समय 18 ई. माना गया है।[57] रोहगुत्त के नाम से जिस वैशेषिक सिद्धान्त का उल्लेख जैन ग्रन्थों में किया गया है उसके अनुसार एक मत में सामान्य को तीन प्रकार से विभक्त किया गया है 'सामान्नं तिविहम् .महासामन्नम् 2.सत्ता सामन्नम् 3. सामन्नविशेषसामन्नम् ।'[58] अर्थात् सामान्य तीन प्रकार का

है– 1. महासामान्य 2. सत्तासामान्य 3. सामान्यविशेष सामान्य। रोहगुत्त के इस मत का द्विविध व्याख्यान भी उपलब्ध है। एक व्याख्यान के अनुसार महासामान्य छहों पदार्थों में रहने वाला पदार्थत्वबुद्धिकारी है। सत्ता सामान्य भूपदार्थों में सद् इत्याकारक बुद्धि का कारण है। सामान्यविशेष सामान्य द्रव्यत्वादि है। द्वितीय व्याख्यान के अनुसार महासामान्य भूपदार्थसद्बुद्धिकारी है। सत्तासामान्य द्रव्यत्वादि है तथा सामान्यविशेष सामान्य पृथिवीत्वादि हैं।[59] रोहगुत्त के नाम से उल्लिखित दूसरे मत के अनुसार – 'अन्ये भणन्ति सामन्नं दुविहं परमपरं च।'[60] अर्थात् अन्य विद्वान् कहते हैं कि सामान्य दो प्रकार का होता है – पर एवं अपर। इस प्रकार हम देखते हैं कि वैशेषिक दर्शन में सामान्य के विभाजन के विषय में प्रशस्तपाद से बहुत पूर्व ही जैनग्रन्थ में रोहगुत्त के नाम से उल्लिखित वैशेषिक सिद्धान्त में सामान्य के विभाजन के दो मत उपलब्ध होते हैं। प्रथम मत के अनुसार सामान्य के तीन भेद 1.महासामान्य 2. सत्तासामान्य 3.सामान्यविशेष के रूप में किए गए हैं, जबकि द्वितीय मत के अनुसार पर एवं अपर के रूप में सामान्य के दो भेद किए गए हैं। प्रशस्तपाद ने पूर्व प्रचलित मतों में द्वितीय मत का अनुसरण करते हुए ही सामान्य को पर एवं अपर के भेद के रूप में विभाजित किया है। विशेष के विषय में रोहगुत्त के नाम से द्विविध मत प्राप्त होते हैं – एक मत के अनुसार 'विशेषो एगविहो'। अर्थात् विशेष एक प्रकार का है। जबकि द्वितीय मत के अनुसार –'विशेषो दुविहो अन्तविशेषो अनन्तविशेषो य'। अर्थात् विशेष दो प्रकार का है अन्तविशेष तथा अनन्तविशेष। इस प्रतिपादन से इतना स्पष्ट है कि वैशेषिक सूत्रों में आए सामान्य, विशेष तथा अन्त्यविशेष को लेकर विविध मत मतान्तर प्रशस्तपाद से बहुत पूर्व ही प्रचलित हो गए थे। प्रशस्तपाद परमाण्वादिकों की परस्पर व्यावृत्ति के लिए जिस विशेष पदार्थ को अनन्त मान रहे हैं उसका बीज रोहगुत्त के द्वारा विशेष के विषय में उल्लिखित मतान्तर में विशेष के अनन्तप्रकारों के कथन में है। प्रकृत लेखक का स्पष्ट मन्तव्य है कि रोहगुत्त के समय तक वैशेषिक सूत्रों के विविध व्याख्यान प्रचलित हो चुके थे। निश्चित ही ये मत मतान्तर सामान्य एवं विशेष के विषय में विविध व्याख्यानों से आए मतविशेष ही हैं। रोहगुत्त के नाम से उल्लिखित वैशेषिक मत कणाद के वैशेषिक सूत्र के मत मतान्तर के व्याख्यान से अतिरिक्त कोई अन्य मौलिक विचार नहीं हैं। किन्तु मतिचन्द्र ने आकाश, काल एवं दिक् में ही विशेष का प्रतिपादन किया है तदनुसार इन आश्रयों में रहने वाला प्रत्येक विशेष एक एक ही है।

4.4 सामान्य एवं विशेष पर वैशेषिक सिद्धान्त को लेकर प्राचीन बौद्ध विद्वानों में भी अनेक मत प्रचलित थे। प्रो. उई ने वैशेषिक दर्शन के चतुर्थ पदार्थ सामान्य के अनेक चीनी अनुवादों का उल्लेख करते हुए चीनी बौद्ध विद्वानों में सामान्य के विषय में विविध मत मतान्तरों की प्रसिद्धि की बात कही है। प्रो. उई के अनुसार सामान्य के चीनी भाषा में कई अनुवाद प्राप्त हैं जिनका अंग्रेजी रूपान्तरण उन्होंने – 1. जनरलिटी 2. युनिवर्सलिटी 3. एक्जिस्टेंश 4. ग्रेट युनिवर्सिलिटी किया है। प्रो. उई के अनुसार चतुर्थ पदार्थ के विषय में

अनेक चीनी अनुवाद इनके विषय में अनेक मत होने का संकेत देते हैं।[61] देव के शतशास्त्र में वैशेषिकों के सामान्य एवं विशेष को परस्पर सापेक्ष माना गया है।[62] शतशास्त्र के अनुसार सामान्य के रूप में एक ओर सत्ता है वहीं दूसरी ओर घटत्व है। शतशास्त्र में घटत्व को विशेष के रूप में भी दर्शित किया गया है। शतशास्त्र के अनुसार वैशेषिकों का सामान्य विशेष पर आश्रित है तथा विशेष सामान्य पर आश्रित है।[63] प्रो. उई का कथन है कि शतशास्त्र में प्रतिपादित सामान्य एवं विशेष की परस्पर सापेक्षता के आधार पर घटत्व को जैसे सामान्य एवं विशेष उभयरूप में समाविष्ट किया गया है उसी प्रकार द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व को भी सामान्य एवं विशेष उभयरूप में निरूपित किया जा सकता है।[64] प्रो. उई ने दिङ्नाग के हेतुविद्यान्यायशास्त्र में वैशेषिकों के मत के उल्लेख से दिङ्नाग की दृष्टि में वैशेषिकों के सामान्य एवं विशेष का स्वरूप प्रदर्शित करते हुए कहा है कि दिङ्नाग के हेतुविद्यान्यायद्वारशास्त्र में कहा गया है कि घट आदि (द्रव्य), संख्या आदि (गुण), उत्क्षेपणादि (कर्म)सामान्य तथा घट आदि का प्रत्यक्ष भ्रमात्मक है, क्योंकि इनके प्रत्यक्ष मानसिक हैं, व्यवहित हैं। अतः ये अव्यवहित प्रत्यक्ष नहीं हैं। दिङ्नाग के इस कथन में वैशेषिक पदार्थों में समवाय का उल्लेख नहीं है, क्योंकि वैशेषिकों के अनुसार समवाय अप्रत्यक्ष है। प्रो. उई के द्वारा उल्लिखित दिङ्नाग यह कथन वैशेषिक पदार्थों के सन्दर्भ उनके मन्तव्य का स्पष्ट संकेत देता है। दिङ्नाग के उक्त कथन में सामान्य से सत्ता तथा द्रव्यत्वादि सामान्य का ग्रहण है, जबकि विशेष से घटत्व का। चूँकि द्रव्य का ग्रहण स्वतन्त्ररूपेण प्रथमतः किया जा चुका है अतः यहाँ घट के द्वारा घटत्व का ग्रहण ही दिङ्नाग का विवक्षित मानना चाहिए। इस प्रकार दिङ्नाग के कथन में सामान्य से सत्ता एवं द्रव्यत्वादि सामान्य भी ग्राह्य हैं।[65] प्रो. उई ने दिङ्नाग के एक शिष्य शंकरस्वामिन् के कथन का उल्लेख करते हुए सूचित किया है कि शङ्करस्वामिन् ने सामान्य के द्वारा केवल सत्तारूप सामान्य का ग्रहण किया है, जबकि सामान्यविशेष से विशेष का अर्थात् सत्तातिरिक्त सभी प्रकार के अपर सामान्य का।[66] धर्मपाल ने विज्ञप्तिमातृतासिद्धि में वैशेषिकों के छः पदार्थों का उल्लेख करते हुए द्रव्य, गुण, कर्म, सत्ता, सामान्यविशेष तथा समवाय का उल्लेख किया है। धर्मपाल के द्वारा प्रतिपादित वैशेषिक सिद्धान्त के अनुसार सत्ता तथा सामान्यविशेष पदार्थ के विषय का सारांश इस प्रकार है– सामान्य का अर्थ सत्ता है। सत्ता सभी में है, अतः यह सामान्य कहलाती है। सत्ता द्रव्य, गुण एवं कर्म एवं अन्य से भिन्न है। यह वास्तविक है, प्रत्यक्ष है और अपने आश्रय पर आश्रित है। सत्ता एक है। सत्ता के कारण ही सभी पदार्थों का ज्ञान होता है, क्योंकि उनकी सत्ता है। धर्मपाल के कथनानुसार वैशेषिकों के सामान्यविशेष के अन्तर्गत द्रव्यत्व, गुणत्व, कर्मत्व, पृथिवीत्व, रूपत्व, घटत्व, गोत्व आदि समाहित हैं। यह अपने आश्रय से अलग है। सत्ता की तरह ही सामान्यविशेष तदाश्रयों के ज्ञान में कारण है।[67]

4.5 मतिचन्द्र ने दशपदार्थी में दस पदार्थों के अन्तर्गत सत्तासामान्य, विशेष तथा सामान्य का पदार्थ के रूप में परिगणन किया है।[68] इसके अन्तर्गत सत्ता को उन्होंने द्रव्य, गुण एवं कर्म में रहने वाला धर्म माना है।[69] विशेष को द्रव्यमात्र में रहने वाला पदार्थ माना है। यह विशेष पदार्थ एक द्रव्य रूप आश्रय में रहता है तथा दूसरे से उसे पृथक् करता है।[70] सामान्य के अन्तर्गत द्रव्यत्व, गुणत्व, कर्मत्व, पृथिवीत्व, रूपत्वादि तथा उत्क्षेपणत्वादि आते हैं।[71] द्रव्यत्व वह है जो प्रत्येक द्रव्य में रहता है। प्रत्येक द्रव्य के द्रव्य के रूप में स्वरूपाधायक तत्त्व है। यह द्रव्यभिन्न गुणादि में नहीं रहता। यह चक्षु एवं स्पर्श दोनों से प्रत्यक्ष किया जाता है।[72] इसी प्रकार मतिचन्द्र ने गुणत्वादि को भी परिभाषित किया है।[73]

4.6 उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि वैशेषिक सूत्र में आए सामान्य विशेष पदार्थों के विषय में प्राचीन काल से ही मत मतान्तर प्रचलित हैं। हमने पूर्व में जैनग्रन्थों में रोहगुत्त के नाम से उल्लिखित जिस वैशेषिक मत की चर्चा की थी तदनुसार एक मत में सामान्य के तीन भेद किए गए हैं, जिनमें महासामान्य, सत्तासामान्य तथा सामान्य विशेष आते हैं। महासामान्य के अन्तर्गत पदार्थत्व अभिधेयत्व रूप धर्म हो सकते हैं ऐसा उसके टीकाकारों का कथन है। रोहगुत्त के अनुसार द्वितीयमत में सामान्य को पर एवं अपर के भेद से दो प्रकार का माना गया है। इनके मत में अन्तविशेष का अर्थ उसके मूल भाग से स्पष्ट नहीं होता, किन्तु उसकी टीका में परमाण्वादि को नित्यवृत्तिगत विशेष माना गया है। वहीं प्रो. उई द्वारा उल्लिखित विविध बौद्ध दार्शनिकों के अनुसार सामान्य एवं विशेष सापेक्ष धर्म हैं। मतिचन्द्र ने दशपदार्थी में महासामान्य के अन्तर्गत सत्ता का प्रतिपादन किया है जबकि विशेष को आकाश, काल एवं दिक् में रहने वाला पदार्थ कहा है। वस्तुतः मतिचन्द्र का एकद्रव्यनिष्ठ विशेष आकाश का आकाशत्व, काल का कालत्व एवं दिक् का दित्त्व ही सिद्ध होता है।[74] प्रशस्तपाद ने सामान्य को पर एवं अपर के रूप में विभक्त किया है।[75] इसके अतिरिक्त नित्यपरमाण्वादिगत विशेष नामक पदार्थ भी माना है।[76] शिवादित्य ने सप्तपदार्थी में सामान्य को परसामान्य, अपरसामान्य तथा परापर सामान्य के रूप में त्रिधा विभक्त किया है[77] तथा विशेष को नित्यद्रव्यवृत्ति अतिरिक्त पदार्थ माना है।[78] सप्तपदार्थी सिद्धान्त पश्चाद्वर्ती न्यायवैशेषिक परम्परा में प्रचलित है।[78.1]

4.7 उपर्युक्त मत मतान्तर से अलग हटकर यदि केवल वैशेषिक सूत्रों के भाव प्रकरण का अध्ययन किया जाए तो हमें वैशेषिकसूत्रों से सामान्य, विशेष एवं अन्त्य विशेष के विषय में निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त होते हैं। वै.सू. 1.2.7 ''सदिति यतो द्रव्यगुणकर्मसु सा सत्ता'' में कहा गया है कि द्रव्य, गुण एवं कर्म में सद् इस प्रकार की प्रतीति जिसके कारण होती है वह सत्ता है। यहाँ सत्ता को द्रव्य, गुण एवं कर्म में सद् इस प्रकार की प्रतीति के हेतुभूत इन तीनों में रहने वाले धर्म के रूप में प्रतिपादित किया गया है। वै.सू 1.2.5 में द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व को सामान्य एवं विशेष उभयात्मक कहा है। द्रव्यत्व सभी द्रव्यों में रहने

वाला, गुणत्व सभी गुणों में रहने वाला तथा कर्मत्व कर्म में रहने वाला धर्म है। अब हम महर्षि के सूत्र 1.2.3 के अनुसार विचार करें तो स्पष्ट हो जाएगा कि सत्तारूप धर्म की अपेक्षा द्रव्यत्व विशेष धर्म है, जबकि पृथिवीत्व, जलत्व, तेजस्त्वादि धर्मों की अपेक्षा द्रव्यत्व सामान्य धर्म है। स्पष्ट है कि कोई धर्म सामान्य या विशेष के रूप में पूर्णत: नियत न होकर बुद्ध्यपेक्षरूप से सामान्य या विशेष होता है। अर्थात् किसी विशेष धर्म की अपेक्षा ही कोई धर्म सामान्य धर्म कहलाता है तथा किसी सामान्य धर्म की अपेक्षा ही कोई धर्म विशेष कहलाता है। द्रव्यत्व धर्म पृथिवीत्व धर्म की अपेक्षा सामान्य धर्म कहलाता है, जबकि सत्ता धर्म की अपेक्षा द्रव्यत्व विशेष धर्म कहलाता है। इसीलिए महर्षि ने सूत्र 1.2.5 में द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व को सामान्य एवं विशेष दोनों रूपों में प्रतिपादित किया है। महर्षि कणाद ने इस सन्दर्भ में सूत्र 1.2.6 " अन्यत्रान्त्येभ्यो विशेषेभ्य:" में स्पष्टरूप से यह कहा है कि अन्त्य विशेष को छोड़कर अन्य धर्म सामान्य एवं विशेष उभयरूप हो सकते हैं। इस सूत्र में आए अन्त्य विशेष शब्द की व्युत्पत्ति "अन्ते भव: अन्त्य: स चासौ विशेष:" के अनुसार विशेषों के अन्त में होने वाला विशेष ही अन्त्य विशेष कहलाएगा। जिसका स्पष्टरूप से अर्थ है कि ऐसा विशेष जिसके बाद कोई अन्य विशेष न हो। अर्थात् जो विशेष किसी अन्य विशेष का सामान्य न हो सके, वही अन्त्यविशेष होगा, जिसे हम केवलविशेष कह सकते हैं। उक्त कणाद सूत्रों के आधार पर कहा जा सकता है कि कुछ धर्म सामान्य एवं विशेष उभयरूप हैं तथा कुछ धर्म अन्त्य विशेष अर्थात् केवल विशेष रूप हैं। अब यह भी विचारणीय है कि जैसे कुछ धर्म केवल विशेष अर्थात् अन्त्यविशेष हैं वैसे ही क्या कोई धर्म केवल सामान्य धर्म भी हो सकता है, जो विशेषरूप न हो। इस प्रश्न का उत्तर हाँ में दिया जा सकता है। महर्षि कणाद ने द्रव्य, गुण एवं कर्म में 'सद्' इत्याकारक प्रतीति के कारणभूत सत्ता धर्म को द्रव्य, गुण एवं कर्म में रहने वाले धर्म के रूप में माना है। सत्ता धर्म को महर्षि ने किसी धर्म का विशेष धर्म नहीं कहा है। महर्षि के द्वारा सत्ता धर्म से भी व्यापक किसी धर्म का उल्लेख किसी सूत्र से नहीं किया गया है। अत: सत्ता धर्म को सामान्यधर्ममात्र कह सकते हैं। इसे ही हम केवलसामान्य भी कह सकते हैं। उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि महर्षि कणाद के उपर्युक्त सूत्रों में सामान्य एवं विशेष सापेक्ष धर्म हैं। जिसका तात्पर्य है कि किसी सामान्य धर्म की अपेक्षा ही कोई धर्म विशेष कहलाता है, जबकि किन्हीं विशेष धर्मों की अपेक्षा ही कोई धर्म सामान्य धर्म कहलाता है। तथा अन्त्यविशेष धर्म वह है जिसका पुन: कोई विशेष न हो। व्याप्यव्यापकबुद्धि के सापेक्ष भाव पदार्थ का सामान्य विशेष के रूप में व्याख्यान वैशेषिक सूत्रानुकूल है। भाव पदार्थ का अनुवृत्ति एवं व्यावृत्तिबुद्धि की अपेक्षा सामान्य एवं विशेष के रूप में व्याख्यान करना भी मूलसूत्रविरुद्ध नहीं कहा जा सकता है, किन्तु भाव पदार्थ के ही सामान्य एवं विशेष भेद किया जाना सूत्रानुकूल है। भाव पदार्थ से अतिरिक्त विशेष या अन्त्यविशेष का प्रतिपादन सूत्रानुकूल नहीं है। यह अवधेय है कि भाव पदार्थ के यदि अनुवृत्तिबुद्धि एवं व्यावृत्तिबुद्धि के आधार पर

सामान्य एवं विशेष भेद किए जाते हैं तो अन्त्यविशेष नामक भाव पदार्थ के उदाहरण आकाशत्व, कालत्व एवं दित्त्व ही होंगे। सम्भवः मतिचन्द्र ने इसी अर्थ में विशेष को समझा था।[78.2] व्याप्यव्यापकबुद्धि के सापेक्ष भाव पदार्थ के सामान्य एवं विशेष के रूप में भेद करने पर आकाशत्वादि एकाश्रित भावों के साथ ही घटत्वादि भाव भी अन्त्य विशेष के उदाहरण बनेंगे, यदि उनका पुनः उससे भी व्याप्य भाव में विभाजन न किया जाए।

4.8 इस प्रकार वैशेषिक सूत्रों के पूर्वोक्त विश्लेषण के आधार पर सामान्य एवं विशेष सापेक्ष भाव पदार्थ ही हैं, जिन्हें वैशेषिक सूत्रों के अनुसार सामान्य, सामान्यविशेष तथा अन्त्यविशेष के रूप में त्रिधा विभक्त किया जा सकता है। इन्हें सामान्य एवं विशेष इस प्रकार से द्विधा भी विभक्त किया जा सकता है। भावों के द्विधा विभाग में सत्ता को सामान्य के रूप में तथा अन्य सभी भावों को विशेष के रूप में विभक्त किया जा सकता है। वस्तुतः ये विभाग भाव पदार्थ के हैं। किन्तु वैशेषिक दर्शन के आचार्यों के द्वारा उक्त विभागों को भाव पदार्थ के रूप में प्रदर्शित न किए जाने से भी सामान्य एवं विशेष की मूल अवधारणा के विषय में इतने मत मतान्तरों का उदय हुआ है।

4.9 पूर्व चर्चानुसार कुछ विद्वानों ने सामान्य के तीन विभाग किए 1.महासामान्य 2.सामान्य 3. सामान्यविशेष सामान्य।[79] कुछ ने सामान्य के दो विभाग किए 1.सामान्य 2. विशेष या सामान्यविशेष।[80] कुछ ने सामान्य के दूसरे शब्दों में दो विभाग किए 1.पर सामान्य 2. अपर सामान्य।[81] पूर्वोक्त विभागों में सामान्य के भेद के रूप में विशेष को समाहित किया गया है। इन विभागों में सत्ता के अतिरिक्त सभी प्रकार के सामान्य को विशेष या सामान्यविशेष कहा गया है। अतः विशेष सामान्य का ही एक भेद है।[82] इस प्रकार घटत्व, पटत्व एवं आकाशत्वादि भाव ही अन्त्य विशेष के रूप में सिद्ध होते हैं, भाव से अतिरिक्त अन्त्य विशेष नामक कोई पदार्थ वैशेषिक सूत्रों से सिद्ध नहीं होता है।

4.10 जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है कि वैशेषिक दर्शन के कुछ आचार्यों ने पूर्व विचारित सिद्धान्त से विपरीत अन्त्य विशेष को परमाण्वादिनित्यपदार्थगत ऐसा विलक्षण पदार्थ माना है, जो उसे स्वसजातीयों से व्यावृत्त करता है।[83] यद्यपि इस प्रकार के विलक्षण विशेष पदार्थ की चर्चा पूर्व में उल्लिखित बौद्ध दार्शनिकों के मत में नहीं की गयी है।[84] उनके अनुसार सामान्य के भेद के रूप में ही विशेष पदार्थ है।[85] किन्तु प्रशस्तपाद के पूर्व जैनग्रन्थों में रोहगुत्त के नाम से उल्लिखित वैशेषिक मत में विशेष को भी अतिरिक्त पदार्थ के रूप में स्वीकार किया गया है। यद्यपि मतिचन्द्र ने दशपदार्थी में विशेष को एकद्रव्यगत पदार्थ माना है।[86] किन्तु विचार करने पर मतिचन्द्र का विशेष वस्तुतः एकद्रव्याश्रित भाव ही हैं। प्रशस्तपाद ने भाव पदार्थ से अतिरिक्त पञ्चम पदार्थ के रूप में नित्यद्रव्यवृत्ति विशेष पदार्थ का प्रतिपादन किया है।[87] प्रशस्तपाद के अनुसार परमाणु, मुक्त आत्माएँ तथा मन अनन्त हैं अतः इनमें रहने

वाले विशेष भी अनन्त हैं। प्रशस्तपाद ने यद्यपि सामान्य के पर सामान्य एवं अपर सामान्य के रूप में दो भेद किए हैं, किन्तु महर्षि कणाद द्वारा द्रव्यत्वादि के सामान्य एवं विशेष उभयरूप प्रतिपादन में विशेष पद को लाक्षणिक ही माना है।[88] प्रशस्तपाद के अनुसार विशेष शब्द का मुख्य अर्थ परमाण्वादिगत विशेष नामक पञ्चम पदार्थ ही है।

4.11 विशेष नामक अतिरिक्त पदार्थ मानने पर प्रशस्तपाद के अनुसार सामान्य के पर एवं अपर भेद का वैशेषिक सूत्रों में क्या आधार रहा होगा यह विचारणीय हो जाता है। ऐसा लगता है कि प्रशस्तपाद ने प्राचीन परम्परा में प्रचलित सामान्य के पर एवं अपर भेद के आधार पर ऐसा विभाजन कर दिया होगा। किन्तु प्राचीन परम्परा में भी सामान्य के पर एवं अपर के रूप में विभाजन का वैशेषिक सूत्रों में कोई आधार अवश्य रहा होगा। इस विषय पर विचार करने पर यह तथ्य सामने आता है कि मूल वैशेषिक सूत्र ''सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भाव:'' में भाव पदार्थ के ही सामान्य एवं विशेष के रूप में सापेक्ष विभाजन की परम्परा ही शब्दान्तर में पर एवं अपर के रूप में प्रचलित हुई होगी। इस सूत्र में तो भाव का ही सामान्य या विशेष के रूप में विभाजन किया गया, किन्तु अन्त्य विशेष नामक एक अन्य विभाग के कारण भाव पदार्थ के सामान्य, सामान्यविशेष तथा अन्त्य विशेष के रूप में तीन विभाजन भी सूत्रानुकूल सम्भव हैं। विचार करने पर स्पष्ट हो जाता है कि प्रथम दो विभाजन सामान्य एवं सामान्य विशेष, सामान्य के ही द्विधा विभाजन हैं, जो फलत: पर एवं अपर सामान्य के रूप में भी कहे जा सकते हैं। सम्भवत: इसी प्रकार के विभाजन से सामान्य के पर एवं अपर भेद के विभाग की परम्परा का उदय हुआ होगा। जैसा कि पूर्व में प्रतिपादित किया जा चुका है कि वैशेषिक सूत्रों में पाठभेदों के कारण या अन्यान्य कारणों से प्राचीन काल में ही व्याख्यानभेद होने लगे थे। सामान्य एवं विशेष के विषय में इतने व्याख्यानभेदों का एक मुख्य कारण ''सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भाव:'' इस एक सूत्र का विभक्तरूप में व्याख्यान भी एक कारण रहा है। भाव पदार्थ से स्वतन्त्ररूप में विशेष या अन्त्य विशेष के अतिरिक्त रूप में प्रसिद्ध होने के कारण सामान्य के पर एवं अपर के रूप में विभाजन तथा तदतिरिक्तरूप से विशेष पदार्थ का भी परिगणन किया जाने लगा। कुछ व्याख्यानपरम्पराओं में सामान्य का ही वैशेषिक सूत्र की शब्दावली में सामान्य, सामान्यविशेष तथा अन्त्यविशेष के रूप में ही प्रतिपादन हुआ और विशेष नामक अतिरिक्त पदार्थ का परिगणन नहीं किया गया, जबकि दूसरी व्याख्यानपरम्परा में सामान्य के भेद के रूप में सामान्यविशेष में विशेष का उल्लेख किया गया तथा तदतिरिक्त रूप से भी विशेष या अन्त्य विशेष के रूप में विशेष नामक नित्यद्रव्यवृत्ति पञ्चम पदार्थ को स्थान दिया गया।

4.12 जैसा कि पूर्व में प्रतिपादित किया जा चुका है कि प्राचीन बौद्ध दार्शनिकों ने वैशेषिक सूत्रों से जिस रूप में सामान्य एवं विशेष पदार्थ का ग्रहण किया है, तदनुसार नित्यद्रव्यवृत्ति विशेष नामक अतिरिक्त पदार्थ की स्वीकृति प्राप्त नहीं होती, अपितु द्रव्यत्वादि

या घटत्वादि को ही विशेष से गृहीत किया गया है। इस प्रकार प्राचीन बौद्ध दार्शनिकों तक जो वैशेषिकव्याख्यानपरम्परा पहुँची थी, वह वैशेषिक सूत्रों के अधिक सन्निकट थी। इस परम्परा में सत्ता को सामान्य तथा अन्य प्रकार के अपर सामान्यों को ही विशेष या सामान्य विशेष कहा जाता था। इसी विशेष पदार्थ के परिगणन से वैशेषिकों के षट् पदार्थ की भी प्रसिद्धि प्राचीन बौद्ध परम्परा में रही है।[89] जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है कि प्रकृत लेखक के अनुसार भाव पदार्थ से अतिरिक्त विशेष नामक पदार्थ की कल्पना एवं सामान्य एवं विशेष के विषय में मत मतान्तर का उदय "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भावः" सूत्र के विभक्त होने के कारण ही हुआ है। किन्तु इस सूत्र का अखण्ड रूप में पुनर्व्याख्यान करें तो जो सिद्धान्त हमारे सम्मुख आता है उसके अनुसार भाव के ही परस्पर सापेक्ष सामान्य एवं विशेष के रूप भेद सिद्ध होते हैं। अथवा भाव पदार्थ के ही सामान्य, सामान्यविशेष तथा अन्त्य विशेष के रूप में तीन भेद भी किए जा सकते हैं। भावपदार्थातिरिक्त नित्यद्रव्यवृत्ति विशेष नामक कोई पदार्थ सिद्ध नहीं होता है।

## 5. उपसंहार

5.1 वैशेषिक दर्शन एक व्यावहारिक तथा तार्किक दर्शन है। इस दर्शन ने व्यवहार जगत् को सत्य मानते हुए हमारे दृश्य एवं अदृश्य जगत् की व्याख्या की है। हमारा अनुभव विविध विविधताओं से युक्त बाह्य जगत् की यथार्थता में प्रमाण है। हमारा व्यवहार प्रत्यक्ष एवं अनुमान पर आश्रित है। अतः प्रत्यक्ष एवं अनुमान के आधार पर बाह्य जगत् में विविध धर्मों से युक्त विविध धर्मियों की सत्ता सिद्ध है। हमारे व्यवहार में वस्तु एवं उसके धर्म हमें पृथक् पृथक् अनुभूत होते हैं, अतः वैशेषिक दर्शन धर्म एवं धर्मियों के भेद को स्वीकार करता है। इस प्रकार वैशेषिक दर्शन लोक सामान्य के अनुभव के आधार पर समस्त प्रमेय की व्याख्या करता है। वैशेषिक दर्शन ज्ञाता, ज्ञेय एवं ज्ञान तीनों की ही स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार करता है। वैशेषिक दर्शन के अनुसार हमारे अनुभव में आने वाले पदार्थों की वस्तुगत सत्ता है। इसलिए इस दर्शन को वस्तुवादी दर्शन की श्रेणी में रखा जाता है। वैशेषिक दर्शन अनन्त वस्तुयुक्त जगत् की व्याख्या करने के लिए वस्तुओं में रहने वाले भावों के आधार पर उन्हें विभिन्न श्रेणियों में विभक्त करता है। इस प्रकार वैशेषिक दर्शन में पदार्थमीमांसा का उदय होता है। वैशेषिक दर्शन के द्वारा स्वीकृत पदार्थ बाह्य जगत् में अपना अस्तित्व रखते हैं।

5.2 वैशेषिक सूत्रों में द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष तथा समवाय पदार्थों का उल्लेख प्राप्त होता है। इन उल्लेखों तथा अन्यान्य सङ्केतों से वैशेषिक दर्शन की पदार्थमीमांसा में विविध मत मतान्तर प्राप्त होते हैं। वैशेषिक दर्शन के अध्येता ये जानते हैं कि सम्प्रति वैशेषिक दर्शन में प्रचलित सप्तपदार्थ का सिद्धान्त आचार्य शिवादित्य के ग्रन्थ सप्तपदार्थी की रचना के बाद से प्रचलित हुआ है। शिवादित्य की सप्तपदार्थी से पूर्व वैशेषिक दर्शन में अनेक

प्रकार के मत मतान्तर प्रचलित रहे हैं। शिवादित्य से भी प्राचीन मतिचन्द्र ने तो वैशेषिक दर्शन में दस पदार्थों का सिद्धान्त प्रस्तुत किया था। शिवादित्य से पूर्ववर्ती आचार्य प्रशस्तपाद ने वैशेषिक दर्शन के अनुसार छः पदार्थों को ही स्वीकृति प्रदान की, तथा इन्हीं छः पदार्थों का ही विवेचन किया था।

5.3 प्रकृत शोधपत्र में वैशेषिक पदार्थमीमांसा के पुनर्विश्लेषण से प्राप्त निष्कर्ष के अनुसार मूल वैशेषिक सूत्रों से पाँच पदार्थों का बाह्य जगत् में अनिवार्यतः अस्तित्व सिद्ध होता है। ये पाँच पदार्थ हैं – द्रव्य, गुण, कर्म, भाव तथा समवाय। इन पाँच पदार्थों में वैशेषिक दर्शन में द्रव्य, गुण एवं कर्म को 'अर्थ' शब्द से कहा गया है।[90] 'अर्थ' का तात्पर्य है इन्द्रियगम्य। अर्थात् इन्द्रियाँ जिन्हें प्राप्त कर सकती हैं वे अर्थ हैं। द्रव्य, गुण एवं कर्म को इन्द्रियों द्वारा साक्षात् ग्रहण किया जा सकता है। वैशेषिक दर्शन के अनुसार इन अर्थों का अस्तित्व इनके स्वरूपाधायक धर्म से ही है। इन अर्थों के स्वरूपाधायक धर्म को वैशेषिक दर्शन में भाव कहा गया है। यद्यपि 'भाव' शब्द अन्य अर्थों में भी प्रयुक्त है, किन्तु द्रव्य, गुण एवं कर्म अर्थों में रहने वाले इन अर्थों से अतिरिक्त पदार्थ के रूप में भाव शब्द का प्रयोग वैशेषिक सूत्रों के प्रथम अध्याय के द्वितीय पाद में किया गया है। इस भाव पदार्थ को ही परस्पर सापेक्षबुद्ध्या सामान्य एवं विशेष भी कहा जाता है। अर्थात् वैशेषिक सूत्रों में भाव के सामान्य एवं विशेष भेद पर एवं अपर भेद के रूप में व्याख्येय हैं। प्रकृत लेखक के अनुसार भाव नामक चतुर्थ पदार्थ का ही सामान्य एवं विशेष के रूप में भेद कर देने से वैशेषिकों को षट्पदार्थवादी कहने की परम्परा भी प्रारम्भ हुई, किन्तु कालान्तर में विशेष नामक अतिरिक्त पदार्थ की व्याख्या होने से नित्यद्रव्यवृत्ति विशेष पदार्थ ने स्वतन्त्र रूप से अतिरिक्ततया पञ्चम पदार्थ का स्थान प्राप्त कर लिया। इस प्रकार वैशेषिक दर्शन के पञ्च पदार्थों में भाव पदार्थ के ही सापेक्षबुद्ध्या सामान्य एवं विशेष के द्विविध अभिधान के कारण षट्पदार्थवाद के सिद्धान्त के स्थान पर अब नित्यद्रव्यवृत्ति विशेष नामक पञ्चम पदार्थ के अस्तित्व के कारण षट् पदार्थ का सिद्धान्त प्रथित हो गया। किन्तु नित्य द्रव्यवृत्ति विशेष नामक पदार्थ मूल वैशेषिक सूत्रों से सिद्ध नहीं होता है।

5.4 भाव पदार्थ से अतिरिक्त नित्यद्रव्यवृत्ति विशेष पदार्थ की स्वीकृति का कारण बहुत ही प्राचीन काल में "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भावः" इस अखण्ड सूत्र का द्विधा विभक्त हो जाना रहा है। इस सूत्र के विभक्त हो जाने से ही सामान्य एवं विशेष को भाव से स्वतन्त्ररूप से व्याख्यान करने की परम्परा का आरम्भ हुआ। "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भावः" इस अखण्ड सूत्र के अनुसार भाव पदार्थ ही बुद्ध्यपेक्षया सामान्य एवं विशेष कहा जाता है। इस सूत्र में बुद्ध्यपेक्ष पद की दो प्रकार की व्याख्याएँ सम्भव हैं। प्रथम व्याख्यान के अनुसार अनुवृत्तिबुद्धि के हेतु के रूप में भावपदार्थ सामान्य कहलाता है, जबकि व्यावृत्तिबुद्धि की अपेक्षा भाव पदार्थ विशेष कहलाता है। दूसरे व्याख्यान के अनुसार व्याप्यव्यापकबुद्धि की

अपेक्षा कोई भाव सामान्य या विशेष या कहलाता है। अर्थात् किसी व्याप्यभाव की अपेक्षा कोई भाव सामान्य कहलाता है तथा किसी व्यापक भाव की अपेक्षा ही कोई भाव विशेष कहलाता है। इस दृष्टि से सामान्य एवं विशेष का अर्थ परभाव एवं अपरभाव है। "द्रव्यत्वं गुणत्वं कर्मत्वं सामान्यानि विशेषाश्च" सूत्र की भी दोनों प्रकार से व्याख्या सम्भव है। किन्तु अनुवृत्तिबुद्धि की अपेक्षा किसी भाव को सामान्य कहने तथा व्यावृत्तिबुद्धि की अपेक्षा किसी भाव को विशेष कहने में अन्त्यविशेष भाव के उदाहरण में अन्तर आता है। अनुवृत्तिबुद्धि एवं व्यावृत्तिबुद्धि से क्रमशः सामान्य एवं विशेष की व्याख्या करने पर केवल आकाशत्व कालत्व एवं दित्त्व जो एकाश्रित भाव हैं, वे ही अन्त्यविशेष कोटि में आएँगे। क्योंकि वे केवल व्यावृत्तिबुद्धि के ही कारण हैं, अनुवृत्तिबुद्धि के कारण कदापि नहीं, क्योंकि उनका एक ही आश्रय है। अनुवृत्तिबुद्धि उन्हीं भावों के द्वारा करायी जाती है जिसके अनेक आश्रय हों। व्याप्यव्यापकबुद्धि की अपेक्षा सामान्य एवं विशेष का व्याख्यान करने पर आकाशत्व कालत्व एवं दित्त्व एकाश्रित भाव तो अन्त्यविशेष की कोटि में आएँगे ही इसके अतिरिक्त जिन भावों के पुनः कोई विशेषान्तर भाव न होते ऐसे घटत्वादि भाव भी इसी के अन्तर्गत आएँगे। दशपदार्थीकार मतिचन्द्र ने आकाश काल एवं दिक् में ही अन्त्य विशेष को स्वीकार किया है। वस्तुतः मतिचन्द्र का यह प्रतिपादन एकाश्रित भाव पदार्थ आकाशत्व, कालत्व एवं दित्त्व का ही विशेषरूपेण प्रतिपादन है।[91] मतिचन्द्र ने भावों के व्याप्य एवं व्यापक की दृष्टि से ही सत्तासामान्य, विशेष तथा सामान्य को परिभाषित किया है।[92] उल्लेखनीय है कि आकाश, काल एवं दिक् में भी उनके अस्तित्व के हेतुभूत भाव अर्थात् आकाशत्व, कालत्व एवं दित्त्व वैशेषिक सूत्रों के अुनसार अवश्य स्वीकरणीय हैं।[93] किन्तु प्रशस्तपाद ने आकाश, काल एवं दिक् को पारिभाषिक संज्ञा कहा है[94], जो समुचित नहीं है।

5.5 प्राचीन बौद्ध दार्शनिकों के ग्रन्थों में अनेकाश्रित भावों का ही विशेष या सामान्य विशेष के रूप में उल्लेख मिलता है।[95] किन्तु प्राचीन बौद्धों के वैशेषिक मत के उल्लेख के प्रसङ्ग में न ही आकाशत्वादि का अन्त्य विशेष भाव के रूप में, न ही नित्यद्रव्यवृत्ति अतिरिक्त पदार्थ का उल्लेख है।[96] किन्तु प्रशस्तपाद ने भावपदार्थातिरिक्त अनन्त विशेष पदार्थ का प्रतिपादन किया है।[97] प्रशस्तपाद के अनुसार प्रत्येक परमाणु में तत्तत् परमाणु का अन्य परमाणुओं से व्यावर्तक एक विशेष है, तथा प्रत्येक मुक्त आत्मा में तत्तत् मुक्त आत्मा का व्यावर्तक एक विशेष है, इसी प्रकार प्रत्येक मन में एक विशेष है। परमाण, मुक्त आत्माएँ एवं मन के अनन्त होने से प्रशस्तपाद के अनुसार इन सब में अलग अलग विशेष पदार्थ मानने के कारण विशेष अनन्त प्रकार के हैं।[98] इस प्रकार प्रशस्तपाद द्वारा विशेष पदार्थ का ऐसा प्रतिपादन मतिचन्द्र की दशपदार्थी से भी अलग है।[99] मतिचन्द्र ने आकाश, काल एवं दिक् से अतिरिक्त द्रव्यों में अन्त्यविशेष के होने का उल्लेख नहीं किया है।[100] इससे स्पष्ट होता है कि सम्भवतः मतिचन्द्र आकाशत्वादि भावों को ही अन्त्यविशेष के रूप में प्रतिपादित कर रहे हैं।

किन्तु प्रशस्तपाद के द्वारा भाव से अतिरिक्त पदार्थ के रूप में विशेष या अन्त्यविशेष का प्रतिपादन सूत्रकारसम्मत प्रतीत नहीं होता। यदि सूत्रकार को भावातिरिक्त पञ्चम पदार्थ स्वीकार्य होता तो वे अवश्य ही इसका व्याख्यान करते। किन्तु सूत्रकार ने भाव से अतिरिक्त विशेष या अन्त्यविशेष का कोई व्याख्यान नहीं किया है। यद्यपि प्रशस्तपाद ने ''सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्'' सूत्र से ही चतुर्थ पदार्थ के रूप में सामान्य का तथा पञ्चम पदार्थ के रूप में विशेष का प्रतिपादन सूत्रकार द्वारा स्वीकार किया है[101], किन्तु अग्रिम सूत्रों के अवलोकन से यह प्रतिपादन समुचित प्रतीत नहीं होता है।

5.6 ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशस्तपाद ने अपने पूर्ववर्ती मतिचन्द्र से आकाश, काल एवं दिक् में उनके द्वारा प्रतिपादित विशेष को ही सभी नित्य द्रव्यों में प्रतिपादित करने के लिए कुछ नई युक्तियों का अपूर्व प्रयोग करते हुए नित्यद्रव्यवृत्ति अतिरिक्त पदार्थ का प्रतिपादन कर दिया है। किन्तु प्रशस्तपाद के द्वारा प्रदत्त युक्तियाँ से सिद्ध होने वाला विशेष पदार्थ मतिचन्द्र के विशेष के प्रतिपादन से सर्वथा भिन्न है। मतिचन्द्र के द्वारा प्रतिपादित विशेष पदार्थ भाव पदार्थ के भेद के ही रूप में सिद्ध होता है। वह आकाशत्व, कालत्व एवं दिक्त्व से अतिरिक्त नहीं है। इसे सामान्य के किसी विभाग में नहीं रखा जा सकता था इसलिए मतिचन्द्र ने इसे विशेष के रूप में पृथक् रूप में परिगणित किया है। मतिचन्द्र एवं प्रशस्तपाद से बहुत पूर्व रोहगुत्त के नाम से जैन ग्रन्थों में उल्लिखित जैन आचार्य के अनुसार भी पदार्थों के विभाजन में सामान्य एवं विशेष के विषय में विचार किया गया है, जिसमें विशेष के विषय में दो मत का उल्लेख है एक मत के अनुसार विशेष एक प्रकार का है जबकि दूसरे मत के अनुसार अन्त विशेष तथा अनन्त विशेष के भेद से विशेष दो प्रकार का है।[102] यद्यपि रोहगुत्त के विशेषविषयक मतान्तर के कथन में अनन्त विशेष का पदार्थ का स्वरूप क्या था इसकी स्पष्टता रोहगुत्त के नाम से उल्लिखित मूल वचन से नहीं होती। तथापि हम कह सकते हैं कि प्रशस्तपाद से बहुत पूर्व ही ''सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भावः'' सूत्र के विभाग के कारण भाव पदार्थ से भिन्न विशेष पदार्थ की स्वीकृति वैशेषिक दर्शन की कुछ व्याख्यान परम्पराओं में स्थान पा चुकी थी और प्रशस्तपाद के बाद तो प्रशस्तपाद द्वारा प्रतिपादित विशेष नामक पञ्चम पदार्थ वैशेषिक दर्शन का सर्वमान्य सिद्धान्त बन गया। इतना नहीं इसे विशेष नामक पदार्थ से वैशेषिक दर्शन के नामकरण की व्याख्या भी शुरू हो गयी।

5.7 मूल वैशेषिक सिद्धान्त के अनुसार द्रव्य, गुण तथा कर्मरूप धर्मियों के अस्तित्व का हेतु भाव है तथा इनके ज्ञान में भी भाव की कारणता है, किन्तु भाव के अस्तित्व और ज्ञान के लिए पुनः भावान्तर की अपेक्षा नहीं है।[103] भावपदार्थ का अस्तित्व स्वतः सिद्ध है।[104] अतः द्रव्य, गुण एवं कर्म में ही तदतिरिक्त भाव पदार्थ को स्वीकार किया जाता है, न कि सत्ता, द्रव्यत्व, गुणत्व, कर्मत्व, घटत्वादि भावों में पुनः भावान्तर को। अतः अभिधेयत्व, ज्ञेयत्व तथा अस्तित्व को षट्पदार्थवृत्ति अतिरिक्त भाव के रूप में स्वीकृति वैशेषिक सूत्रों से शब्दशः

नहीं होती है। इन्हें षट्पदार्थ वृत्ति भाव के रूप में भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि वैशेषिक सूत्रों के अनुसार भाव में भावान्तर स्वीकार नहीं किए जाते हैं।[105] यद्यपि साधर्म्य के प्रतिपादन में अभिधेयत्वादि को स्थान दिया जा सकता है।[106] क्योंकि साधर्म्य एवं वैधर्म्य न केवल भावपदार्थों से ही किया जाता है, अपितु अन्यान्य कारणों से भी किया जाता है।[107] कुछ आचार्यों ने अभिधेयत्व, ज्ञेयत्व आदि को महासामान्य के रूप में प्रतिपादित करते हुए उन्हें सत्ता से भी व्यापक भाव के रूप में स्वीकार किया है और इन्हें षट्पदार्थवृत्ति माना है।[108] किन्तु विचार करने पर अभिधेयत्व, ज्ञेयत्व तथा अस्तित्व द्रव्यादिव्यतिरिक्त भाव के रूप में सिद्ध नहीं होते हैं।

5.8 कुछ आधुनिक विद्वानों ने साधर्म्य एवं वैधर्म्य के अर्थ में वैशेषिक दर्शन के सामान्य एवं विशेष भावों की व्याख्या की है, उनके अनुसार वैशेषिक सूत्रों में प्रयुक्त सामान्य एवं विशेष शब्द का प्रयोग साधर्म्य एवं वैधर्म्य के अर्थ में ही किया गया है।[109] इस सन्दर्भ में यहाँ संक्षेपेण इतना ही वक्तव्य है कि वैशेषिक सूत्रों के प्रथम अध्याय के द्वितीय पाद में प्रयुक्त सामान्य एवं विशेष शब्द का प्रयोग द्रव्य, गुण एवं कर्म से अतिरिक्त भाव पदार्थ के लिए हुआ है, न कि साधर्म्य एवं वैधर्म्य के अर्थमात्र में।[110] किन्तु अन्यत्र अनेक स्थलों में वैशेषिक सूत्रों में साधर्म्य एवं वैधर्म्य के अर्थ में भी सामान्य एवं विशेष शब्दों का प्रयोग किया गया है। अन्यत्र साधर्म्य एवं वैधर्म्य के अर्थ में प्रयुक्त सामान्य एवं विशेष शब्द को इन आधुनिक विद्वानों ने द्रव्य, गुण एवं कर्म व्यतिरिक्त भावपदार्थ के लिए प्रयुक्त सामान्य एवं विशेष के साथ अभिन्नार्थक ही प्रतिपादित किया है। अवधेय है कि जिस प्रकार साधर्म्य एवं वैधर्म्य में किसी पदार्थ के गुणादिधर्मों का भी आश्रय लिया जाता है, वैसे ही साधर्म्य एवं वैधर्म्य के निरूपण में भावपदार्थ का भी आश्रयण लिया जाता है। धर्म शब्द का प्रयोग किसी धर्मी के धर्म के रूप में द्रव्य, गुण, कर्म, भाव एवं सम्बन्ध सभी के लिए किया जाता है। कभी कभी भाव शब्द का प्रयोग भी धर्म के पर्याय के रूप में भी होता है। क्वचिद् भाव शब्द का प्रयोग द्रव्यादि षट् पदार्थों के लिए भी किया जाता है। किन्तु प्रथम अध्याय के द्वितीय पाद में वैशेषिक सूत्रों में भाव शब्द एक स्वतन्त्र पदार्थ के रूप में सामान्य एवं विशेष शब्द से अभिहित होने वाले अर्थान्तर के लिए प्रयुक्त है। द्रव्य, गुण कर्मों में इस अर्थान्तर का वस्तुगत अस्तित्व है। यह बुद्धिकल्पित पदार्थ नहीं है, अपितु इसका उतना ही वस्तुगत अस्तित्व है जितना द्रव्य, गुण एवं कर्म का।

5.9 यद्यपि अनेकाश्रित भाव स्वाश्रय में अनुवृत्तिवृत्तिबुद्धि कराता है तथा विजातीयों से स्वाश्रयों की व्यावृत्ति कराता ही है, यह उसका स्वभाव है। तथापि भाव प्रकरण में आए सामान्य एवं विशेष को बुद्ध्यपेक्ष कहने का सूत्रकार का आशय व्याप्यव्यापक भाव के सापेक्ष सामान्य विशेष कहने से है या अनुवृत्ति एवं व्यावृत्ति बुद्धि के कारण है यह अवश्य ही विचारणीय है। प्राचीन न्यायदर्शन में सामान्य को अनुवृत्तिबुद्धि के हेतु के रूप में ही परिभाषित

किया गया है।[111] सम्भवतः न्यायदर्शन के प्रभाव से परवर्ती वैशेषिक आचार्यों ने उक्त वैशेषिक सूत्र में प्रयुक्त सामान्य पद का इसी अभिप्राय से व्याख्यान किया हो, जिसका प्रभाव प्रशस्तपादप्रभृति अन्य परवर्ती वैशेषिक आचार्यों में पड़ा हो। प्रशस्तपादप्रभृति सभी वैशेषिक आचार्यों ने अनुवृत्तिबुद्धि एवं व्यावृत्तिबुद्धि के हेतु के रूप में सामान्य तथा विशेष को परिभाषित किया है।

5.10 यहाँ यह अवधेय है कि न्यायदर्शन में भावों का इस प्रकार का विभाग नहीं किया गया है। न्यायदर्शन में सामान्य के ही द्विविध रूपों की चर्चा है। न्यायदर्शन के अनुसार अनुवृत्तिबुद्धि के कारण सामान्य को सामान्य कहा जाता है। वात्स्यायन ने सामान्य के सामान्य एवं सामान्यविशेष के रूप में द्विविध विभाग की चर्चा की है।[112] यह अवधेय है कि वैशेषिक दर्शन एवं न्यायदर्शन के इस प्रतिपादन में सूक्ष्मभेद है। वैशेषिक दर्शन भाव पदार्थ का प्रतिपादन करता है जो एकाश्रित आकशत्वादिरूप भी है तथा अनेकाश्रित द्रव्यत्वादिरूप भी, जबकि न्यायदर्शन अनेकाश्रित भाव का ही निरूपण करता है। इस भेद की उपेक्षा के कारण भी परवर्ती वैशेषिक दर्शन में भाव पदार्थ की व्याख्या में अनेक प्रकार के सम्मिश्रण हो गए हैं।

5.11 वैशेषिक दर्शन में "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भावः" सूत्र के विभक्त हो जाने से विशेष नामक परमाण्वादिगत अतिरिक्त पदार्थ की कल्पना का आरम्भ हुआ और भाव पदार्थ के सामान्य एवं विशेष के रूप में प्रतिपादन में भी विविध व्याख्यान परम्पराओं ने जन्म ले लिया।

## 6. निष्कर्ष

6.1 उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर वैशेषिक दर्शन की सामान्य एवं विशेष पदार्थ मीमांसा का अंशतः नया स्वरूप हमारे सामने प्रस्तुत हो जाता है। वैशेषिक सूत्रों में यद्यपि पदार्थशब्द का प्रयोग नहीं किया गया है, किन्तु महर्षि कणाद ने अर्थ एवं अर्थान्तर शब्द का प्रयोग किया है। महर्षि कणाद ने द्रव्य, गुण एवं कर्म को अर्थ शब्द से अभिहित किया है। द्रव्य, गुण, कर्म एवं उनके भेदरूप धर्मियों के धर्मों को भाव शब्द से अभिहित किया है, जो बुद्ध्यपेक्षरूप से सामान्य, विशेष एवं अन्त्यविशेष के रूप में कहे जाते हैं। इन्हीं धर्मों के कारण ही किसी धर्मी का अस्तित्व होता है। सद् इत्याकारक धर्मी का भाव अर्थात् धर्म सत्ता, द्रव्य इत्याकारक धर्मी का भाव द्रव्यत्व तथा गुणरूप धर्मी का भाव गुणत्व एवं कर्मरूप धर्मी का भाव कर्मत्व है। इस प्रकार द्रव्यों के भेदों में पृथिवीरूप धर्मी का धर्म पृथिवीत्व, जलरूप धर्मी का धर्म जलत्व इसी प्रकार अन्य धर्मियों के धर्म भी जानने चाहिए। धर्मियों का धर्म ही भाव है। धर्मी तथा धर्म दोनों दोनों भिन्न हैं। अतः द्रव्य, गुण तथा कर्म जब सद् इत्याकारक धर्मी के रूप में प्रतीत होते हैं तब सत्तारूप धर्म उनसे पृथग्भूत स्वीकार करना आवश्यक है। इसी प्रकार द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व आदि धर्म भी धर्मियों से पृथग्भूत पदार्थ हैं। इन

धर्मियों का जिस प्रकार बाह्य अस्तित्व है वैसे ही इनके धर्मों का भी इन धर्मियों में बाह्य अस्तित्व है। इस प्रकार वैशेषिक सूत्रों के अनुसार बाह्य अस्तित्वयुक्त सर्वलोकप्रसिद्ध तीन पदार्थ हैं, जिनकी सद् इस प्रकार से स्वतन्त्र धर्मी के रूप में प्रतीति होती है वे हैं – 1. द्रव्य, 2. गुण 3. कर्म। वैशेषिकसूत्रों के अनुसार इन अर्थों से भिन्न अर्थान्तर दो प्रकार के हैं। प्रथम प्रकार के अर्थान्तर हैं सामान्य एवं विशेष शब्दों से कहे जाने वाले स्वाश्रय धर्मियों से अतिरिक्त धर्म, जिन्हें महर्षि ने भाव शब्द से अभिहित किया है तथा समवाय शब्द से कहा जाने वाला कार्यकारण का सम्बन्ध।

6.2 इस प्रकार द्रव्य, गुण, कर्म, भाव एवं समवाय ये पाँच अस्तित्ववान् पदार्थ हैं। अत्यन्त प्राचीन काल में इन पाँच पदार्थों में भाव पदार्थ को सामान्य एवं विशेष के रूप में द्विधा विभाग करने की भी परम्परा थी, जिसके अनुसार भाव को ही सामान्य एवं विशेष के रूप में द्विधा परिगणित करके छः पदार्थ भी कहा जाता था। सामान्य से सत्ता तथा विशेष से द्रव्यत्वादि का ग्रहण किया जाता था। अन्त्यविशेष शब्द से भाव की सबसे छोटी इकाई घटत्वादि तथा आकाशत्व, कालत्व एवं दिक्त्व का ही ग्रहण किया जाता रहा होगा, जो विशेष पदार्थ के अन्तर्गत ही समाहित था। परमाण्वादिगत अनन्त विशेष की कल्पना तथा उसका अतिरिक्त पदार्थ के रूप में परिगणन मूलवैशेषिक सिद्धान्त नहीं था। किन्तु भाव के भेद के रूप में सामान्य, सामान्य विशेष तथा अन्त्यविशेष का विभाजन न किए जाने से जिस व्याख्यान परम्परा का आरम्भ हुआ होगा, उस परम्परा में नित्यद्रव्यवृत्ति विशेष नामक पञ्चम पदार्थ की कल्पना ने स्थान प्राप्त किया, जो मूलतः वैशेषिकसूत्रसम्मत नहीं है। वस्तुतः यह सिद्धान्त वैशेषिक सूत्रों के अन्यथाव्याख्यान का प्रतिफल है।

6.3 सूत्रकार की शैली है कि वे किसी धर्म को किसी धर्मी के तद्रूप से प्रतीत होने में हेतुभूत मानते हुए उसमें तत्तद् धर्म का निरूपण करते हुए उसे उस धर्मी से भिन्न सिद्ध करते हैं। जैसे "सदिति यतो द्रव्यगुणकर्मसु सा सत्ता" इस सूत्र में सूत्रकार ने कहा कि द्रव्य, गुण एवं कर्म में सद् इस प्रकार के धर्मी की प्रतीति जिस धर्म से होती है वह सत्ता है। सूत्रकार की इस प्रकार की शैली के अनुसार 'भवति यतो यद्वा अस्ति यत स भाव:'। अर्थात् जिस धर्म के कारण किसी धर्मी का अस्तित्व है, वह धर्म ही उसका भाव है। अतः भाव को हम भवनहेतु या अस्तित्व का हेतु कह सकते हैं। किसी धर्मी के अस्तित्व का तात्पर्य उसका बाह्य जगत् में होना है। प्रशस्तपाद के परवर्ती वैशेषिकसूत्रवृत्तिकारों द्वारा भाव शब्द का अर्थ सत्ता किया है, जो न ही सूत्रकार के अनुकूल है न ही प्रशस्तपाद के अनुरूप ही।

6.4 यहाँ यह प्रश्न होना स्वाभाविक है कि महर्षि ने द्रव्य, गुण एवं कर्म की ही सद् इस धर्मी के रूप में प्रतीति क्यों मानी, सामान्य विशेष भाव तथा समवाय की क्यों नहीं। इस प्रश्न का उत्तर स्पष्ट है कि द्रव्य, गुण कर्म ही हमारी प्रतीति में सद् इस प्रकार के स्वतन्त्र धर्मी

के रूप में प्रीतीति में आते हैं, अन्य नहीं। सद्रूप धर्मी के रूप में प्रतीत न होने का अर्थ असद् होना नहीं है, क्योंकि द्रव्य, गुण कर्म की सद् इस धर्मी के रूप प्रतीति का कारण उनकी स्वतन्त्रतया प्रतीति होना है। जबकि सामान्यविशेष भाव तथा समवाय सम्बन्ध स्वतन्त्ररूपेण हमारी प्रतीति में सद् इस प्रकार धर्मी के रूप में अनुभवगम्य नहीं हैं। अग्रिम प्रश्न यह होना स्वाभाविक है कि सामान्य विशेष रूप भाव तथा समवाय रूप सम्बन्ध सद् इस प्रकार के धर्मी के रूप में स्वतन्त्रतया हमारी प्रतीति के विषय नहीं होते और इसीलिए इनमें सत्ता नहीं मानी जाती है, तो इन्हें असत् क्यों न माना जाए। इस प्रश्न का उत्तर यह है यद्यपि इनमें सत्तारूप धर्म साक्षात् न होने से सद् धर्मी के रूप में इनकी स्वतन्त्र प्रतीति नहीं होती, किन्तु ये सत्ताश्रय के ही धर्म या सम्बन्ध हैं, अतः ये असद् नहीं हो सकते, इसीलिए इन्हें असद् नहीं कहा जा सकता है।

6.5 अब प्रश्न है कि क्या सत्ता के बाह्य अस्तित्व के लिए उसके किसी धर्म की स्वीकृति आवश्यक है। इस प्रश्न का उत्तर इस प्रकार है। जिन धर्मों के कारण किसी धर्मी का बाह्य अस्तित्व होता है, उन धर्मियों के अस्तित्व के हेतु होने से उनका बाह्य अस्तित्व सिद्ध हो जाता है, एतदर्थ उनमें पुनः किसी अतिरिक्त धर्म मानने की आवश्यकता नहीं है। इसीलिए महर्षि ने सत्ता तथा द्रव्यत्वादि में पुनः सत्तात्व तथा द्रव्यत्वत्वादि का प्रतिपादन नहीं किया है।

6.6 भाव पदार्थ का विभाजन – सामान्य, सामान्यविशेष एवं अन्त्यविशेष के रूप में या सामान्य एवं विशेष के रूप में

6.6.1 वैशेषिकसूत्र "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षं भावः" के अन्तर्गत आए हुए प्रकरण को भावप्रकरण कहा जा सकता है, क्योंकि भाव के बुद्ध्यपेक्षरूप से सामान्य एवं विशेष के रूप में निरूपण से प्रारम्भ कर इस पाद के अन्तिम सूत्र द्वारा प्रत्येक भाव के एकत्वप्रतिपादन से प्रकृत प्रकरण सम्पूर्ण होता है। वैशेषिकसूत्रों के अनुसार भाव अर्थात् धर्म ही बुद्ध्यपेक्ष रूप में सामान्यमात्र भाव, सामान्य एवं विशेष उभयरूप भाव तथा अन्त्यविशेष या केवल विशेषरूप भाव कहलाते हैं। सामान्यमात्र भाव वे हैं जो किसी अन्य भाव के विशेष या व्याप्य भाव नहीं होते। जैसे सत्तारूप भाव सामान्यमात्र भाव है। सत्ता भाव द्रव्य, गुण एवं कर्म की सद् इत्याकारक धर्मी के रूप में प्रतीति कराने का हेतु है। सत्तारूप भाव द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व भावों की अपेक्षा सामान्य या व्यापक भाव है, किन्तु अन्य किसी भाव का व्याप्य भाव या विशेष न होने से केवल सामान्यमात्र या केवलसामान्य भाव ही कहलाता है। महर्षि कणाद के सूत्रों के एवं इस प्रकरण के आधार पर इस आलेख में सत्ता रूप भाव को ही सामान्यमात्र या केवलसामान्य भाव की कोटि में रखा गया है, क्योंकि सत्ता भाव का व्यापक कोई भाव सूत्र के द्वारा कहा नहीं गया है। द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्वरूप भाव सामान्य एवं विशेष उभय भाव कहलाते हैं। जैसे द्रव्यत्व भाव सत्ता भाव की अपेक्षा विशेष या व्याप्य होने

से विशेष भाव कहलाता है, जबकि तत्तद् द्रव्यभेदों जैसे पृथिव्यादि के भावों पृथिवीत्वादि की अपेक्षा द्रव्यत्व सामान्यभाव भी कहा जाता है। इसी प्रकार सत्ता भाव की अपेक्षा गुणत्व विशेष भाव कहलाता है, जबकि तत्तद् गुणभेदों जैसे रूपादि के भावों रूपत्वादि की अपेक्षा गुणत्व सामान्य भाव कहा जाता है। इसी प्रकार सत्ता भाव की अपेक्षा कर्मत्व विशेष भाव कहा जाता है, जबकि तत्तत् कर्मभेदों के भावों उत्क्षेपणत्वादि की अपेक्षा कर्मत्व सामान्य भाव भी कहा जाता है। इसीलिए महर्षि कणाद ने द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व को सामान्य विशेष उभयरूप भाव कहा है। तीसरे प्रकार का भाव अन्त्यविशेष या केवल विशेष भाव कहलाएगा जो किसी दूसरे भाव का व्याप्य न हो सके या जिसके बाद में कोई अन्य विशेष भाव न हो। इस दृष्टि से विचार करने पर आकाशत्व, कालत्व एवं दित्त्व के साथ घटत्व, गोत्व, अश्वत्व, गर्दभत्व आदि भाव अन्त्यविशेष भाव हैं, क्योंकि इन भावों के व्याप्य कोई अन्य भाव नहीं है। अत: ये भाव अन्य किसी भाव के सामान्य भाव न होने के कारण सामान्य भाव नहीं हो सकते, अपितु अन्तिम विशेष भाव ही हैं। अन्त्य विशेष का अर्थ भी अन्तिम विशेष अर्थात् जिसके बाद कोई दूसरा विशेष न हो। आकाशत्व, कालत्व एवं दित्त्व भी अन्त्यविशेष भाव हैं। यदि भावों को अनुवृत्ति एवं व्यावृत्तिबुद्धि के सापेक्ष सामान्य एवं विशेष के रूप में विभक्त किया जाए तो गोत्व, घटत्वादि भाव अन्त्यविशेष की श्रेणी अलग होकर सामान्य विशेष की श्रेणी में आ जाते हैं। ऐसी स्थिति में आकाशत्व, कालत्व एवं दित्त्व भाव ही अन्त्य विशेष भाव के रूप में स्थापित होते हैं।सम्भवत: मतिचन्द्र ने इसी अभिप्राय से आकाश, काल एवं दिक् में ही विशेष पदार्थ का प्रतिपादन किया था। प्रकृत लेखक के अनुसार मतिचन्द्र के द्वारा आकाश, काल एवं दिक् में विशेष पदार्थ की स्वीकृति अन्ततो गत्वा भावपदार्थ के ही भेद के रूप में सिद्ध होती है। किन्तु प्रशस्तपादाभिमत नित्यद्रव्यवृत्ति भावातिरिक्त विशेष पदार्थ वैशेषिक सूत्रों से सिद्ध नहीं होता है।

6.6.2 वैशेषिक दर्शन की सूत्रकार के बाद की उपलब्ध परम्परा में भावों के विभाजन को सामान्य, सामान्यविशेष तथा अन्त्यविशेष के रूप में या सामान्य एवं विशेष के रूप में विभक्त न करके सामान्य को ही त्रिविध (पर, अपर एवं परापर) या द्विविध (पर एवं अपर) रूप में विभक्त करके विचार किया गया है। परवर्ती वैशेषिक दार्शनिकों ने स्वाश्रय अनेक व्यष्टियों में समानाकार प्रतीति कराने के कारण सामान्य को व्याख्यात किया है, जबकि स्वाश्रय को इतरसजातीय से व्यावृत्त कराने के कारण विशेष को भावातिरिक्त पदार्थ के रूप में स्वीकार किया है। किन्तु कणाद सूत्रों के अनुसार भाव पदार्थ की ही सामान्य एवं विशेष या अन्त्य विशेष विभाग हैं, भावातिरिक्त विशेष नामक अतिरिक्त पदार्थ वैशेषिक सूत्रों से सिद्ध नहीं होता है।

## सन्दर्भ एवं टिप्पणी

1. द्र. PIL, Intro.,p.viii.

2. द्र. PIL, Intro.,pp.vi-vii.

3. द्र. V.P.,pp.3-4.

4.1 द्र.च.वृ., Intro.,p.9.

4.2 द्र. V.P.,p.33.

5. वैशेषिक सूत्रों के रचनाकाल के सम्बन्ध में विभिन्न मत इस प्रकार हैं– डा. एस्. राधाकृष्णन् के अनुसार पाँचवी शताब्दी ई.पू. (द्र. IP, Vol.II, p.178.)। कार्ल एच. पोर्टर के अनुसार छठी शताब्दी ई.पू. से 200 ई. (द्र. EIP, Vol.II, p.4.)। एम. आर. बोडास के अनुसार चतुर्थ शताब्दी ई.पू. (द्र. HSIL,T.S.,Intro., p.20)। कुप्पूस्वामी शास्त्री के अनुसार 400 ई.पू. से 200 ई.पू. (द्र. PIL, p.xx), एच्. एन्. रैण्डल के अनुसार 200 ई.पूर्व से 200 ई. (द्र. ILES,p.16)

6. व्योमशिवाचार्य ने व्योमवती में कणाद शब्द के अर्थ पर विचार करते हुए लिखा– कणान् अत्तीति कणादः, तमिति विशिष्टव्यवहारनिमित्तसंज्ञोपदर्शनेन असच्चोद्यनिरासः। तच्च कणान् वा भक्षयेत् कामं महिषाणि दधीनि च इत्यादियुक्तिसिद्धम् (व्योमवती पृ. 13)। व्योमशिवाचार्य ने कुछ व्युत्पत्तियों का खण्डन भी किया है – अन्ये तु असच्चोद्यनिरासार्थं कणान् ददाति इति दयते इति वा व्यत्पत्त्यन्तरमाश्रयन्ते ...चिन्त्यमेतत् , प्रसिद्ध्यपरिज्ञानार्थम् च उपात्तमिति अलम् असद्व्याख्यानैः।(वहीं)। श्रीधराचार्य ने न्यायकन्दली में कणाद शब्द पर विचार करते हुए लिखा है– कणादिमिति तस्य कपोतीं वृत्तिमनुतिष्ठतः रथ्या निपतितांस्तण्डुलकणानादाय प्रत्यहं कृताहारनिमित्ता संज्ञा। अत एव निरवकाशः कणान् वा भक्षयतु इति उपालम्भः तत्र भवताम् (न्यायकन्दली पृ 4)। परमाणुवादसिद्धान्त के आधार भी पर इन्हें कणाद कहे जाने का भी उल्लेख किया जाता है। (EIP, Vol.II, p.3)।

7.1 जैन विद्वान् राजशेखर के अनुसार भगवान् शङ्कर ने उलूक के रूप में कणाद को इस शास्त्र का उपदेश किया था इस कारण यह शास्त्र औलूक्य दर्शन के नाम से प्रसिद्ध हुआ – 'मुनये कणादाय स्वयमीश्वरः उलूकरूपधारी प्रत्यक्षीभूय द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायलक्षणं पदार्थषट्कम् उपदिदेश।' (राजशेखर, न्यायलीलावती, भूमिका, पृ. 2, उदृधृत, वै.द.एक अध्य.)। प्रो. उई ने अपने V.P. ग्रन्थ में आर्यदेव के 'शतशास्त्र' ग्रन्थ के व्याख्याकार चीनी विद्वान् चित्सान के अनुसार महर्षि कणाद के 'उलूक' नाम का उल्लेख किया है। प्रो. उई के उल्लेख के अनुसार चित्सान ने उलूक की स्थिति बुद्ध के 800 वर्ष पूर्व मानते हुए इनके नामकरण का कारण बताते हुए कहा कि ये दिन में ग्रन्थरचना एवं रात में उलूक के समान जीविकोपार्जन करते थे।(द्र. V.P.,p.3)

7.2 प्रो. उई ने अश्वघोष के सूत्रालङ्कार की एक कथा का उल्लेख करते हुए यह प्रतिपादित किया है कि बुद्धरूपी सूर्य के उदय होने पर वैशेषिक सिद्धान्त उल्लू की भाँति हो गया। इसलिए इसे उलूक दर्शन कहा जाने लगा।(द्र.V.P.,pp.40-41)

8. द्र. प्र.पा.भा. पृ.478–480

9. परमाणुवाद के सिद्धान्त के कारण इस सम्प्रदाय को पैलुक सम्प्रदाय कहा जाता है तथा इस दर्शन को पैलुकदर्शन कहा जाता है। यह ध्यातव्य है कि पीलु का अर्थ परमाणु है और इनका पीलुपाकवाद अत्यन्त प्रसिद्ध सिद्धान्त है।

10. वैशेषिक दर्शन के नाम के विषय में अनेक मत मतान्तर प्राप्त होते हैं–

10.1 चीनी विद्वान् की एक परम्परा के अनुसार यह दर्शन कणाद के बुद्धि वैशिष्ट्य से प्राप्त होने के कारण वैशेषिक कहलाता है। प्रो. उई ने एक अन्य मत की उल्लेख कहते हुए कहा है कि दशपदार्थशास्त्र के प्रणेता आचार्य मतिचन्द्र को भी चीनी भाषा में विशिष्ट–उपदेष्टा के नाम से सम्बोधित किया गया है। परन्तु उक्त विवरण को वर्णित करने के अनन्तर उई ने उक्त विषय पर कुछ अरुचि व्यक्त की है कि केवल इसी दर्शन के आचार्यों की बुद्धि उत्कृष्ट होती थी अन्य शास्त्रों के आचार्यों की नहीं यह आत्माभिमान मात्र सा प्रतीत होता है। (द्र. V.P.,p. 9)

10.2 प्रो. उई ने एक अन्य चीनी–परम्परा का उल्लेख किया है जिसके अनुसार साङ्ख्य–शास्त्र की अपेक्षा इस दर्शन के विशिष्टतर होने के कारण ही इसे वैशेषिक कहा गया है। (द्र. V.P.,p. 4)

10.3 वैशेषिकसूत्र के अर्वाचीन भाष्यकार चन्द्रकान्त तर्कालङ्कार ने अपने चन्द्रकान्त भाष्य में 'यदिदं वैशिषिकं नाम शास्त्रमारब्धम् तत् खलु तन्त्रान्तरात् विशेषस्यार्थस्य अभिधानात्' यह करते हुए इस ओर सङ्केत किया कि अन्य दर्शनों की अपेक्षा इस दर्शन में विशिष्ट तत्त्वों के व्याख्यान होने के कारण ही इसका नाम वैशेषिक पड़ा है। (उद्धृत, प्र.पा.भा.,प्रस्ता.पृ. 19)

10.4 नैषधीयचरितम् के व्याख्याकार नारायण भट्ट ने भी द्रव्यगुणादि पदार्थों को ही विशेष माना है तथा इस द्रव्यगुणादि विशेष पदार्थ के विवेचन के कारण इस दर्शन को वैशेषिक कहा है। (नैषधीयचरितप्रकाशः 22।36, उद्धृत, प्र.पा.भा.,प्रस्ता, पृ. 19)

10.5 उदयानाचार्य ने किरणावली में तत्त्वनिश्चय पूर्वक व्यवहार करने वालों को वैशेषिक उपाधि से सम्बोधित किया है। उन्होंने 'विशेषो व्यवच्छेदः तत्त्वनिश्चयः, तेन व्यवहरतीत्यर्थः' यह करते हुए विशेष शब्द को व्यवच्छेदक अर्थात् तत्त्व के निश्चायक के रूप में स्वीकार किया है। (उद्धृत, प्र.पा.भा., प्रस्ता., पृ.10-11)

11.1 प्रो. एच्. उई ने प्राचीन चीनी परम्पराविशेष के अनुसार वैशेषिक दर्शन का नामकरण का एक आधार साङ्ख्यदर्शन से इस दर्शन की श्रेष्ठता को बताया है। ( V.P.,p.4).

11.2 प्रो. एच्. उई के कथनानुसार किसी दूसरे चीनी उल्लेख के अनुसार इन सूत्रों की रचना अन्य

की अपेक्षा श्रेष्ठ लेखक के द्वारा की गयी थी इसलिए इस दर्शन के सूत्रों का नाम वैशेषिकसूत्र पड़ा ( V.P.,5).।

12. द्र. टिप्पणी 10.4

13. शास्त्ररूपार्थे वैशेषिकशब्दव्युत्पत्तिः विशेषं पदार्थभेदमधिकृत्य कृतो ग्रन्थः।(न्या.को.,पृ 812)। अनेक आधुनिक विद्वानों जिनमें डा. राधाकृष्णन् , डा. उई, भीमाचार्य झलकीकर, सिन्हा, कालीपद तर्काचार्य एवम् उदयवीर शास्त्री प्रमुख हैं, इन्होंने विशेष नामक पञ्चम पदार्थ के आधार पर ही इसका नाम वैशेषिक दर्शन माना है। प्रकृत लेखक के अनुसार विशेष नामक पञ्चम पदार्थ जिस रूप में परवर्ती ग्रन्थकारों द्वारा व्याख्यात है, वह ही वैशेषिक सूत्रों से सिद्ध नहीं होता है। अतः इस पदार्थ के आधार पर वैशेषिक दर्शन का अभिधान प्रामाणिक नही है।

13.1 द्र. वै. सू. 1.2.3, मि. वृ.

13.2 द्र. वै. सू. 1.2.6, मि. वृ.

14. द्र. प्रकृत आलेख का भाग 4.2

15.1 प्रशस्तपाद ने विशेष पद का मुख्य अर्थ परमाण्वादिगत विशेष नामक अतिरिक्त पदार्थ ही माना है। (द्र.प्र.पा.भा., पृ., 765-769)

15.2 मिथिलावृत्तिकार ने सूत्र 1.2.3 "सामान्यं विशेष इति बुद्ध्यपेक्षम्" में आए विशेष पद से तथा "अन्यत्रान्त्येभ्यो विशेषेभ्यः"1.2.6 सूत्र में आए अन्त्यविशेष पद से भी परमाण्वादिगत विशेष नामक अतिरिक्त पदार्थ को सूत्रकार का अभिप्रेत माना है।

15.3 चन्द्रानन्दवृत्तिकार ने सूत्र 1.2.6 "अन्यत्रान्त्येभ्यो विशेषेभ्यः" में आए अन्त्य विशेष से परमाण्वादिगत विशेष पदार्थ को सूत्रकार का अभिप्रेत माना है।

15.3 उपस्कारवृत्तिकार ने सूत्र 1.2.6 "अन्यत्रान्त्येभ्यो विशेषेभ्यः" में आए अन्त्य विशेष से परमाण्वादिगत विशेष पदार्थ को सूत्रकार का अभिप्रेत माना है।

16. द्र. द्र. प्रकृत आलेख का भाग 4.7 से 4.9

17. द्र. टिप्पणी 10.2 तथा 10.4

18. वैशेषिकसूत्र पर अनुपलब्ध भाष्य, वृत्ति, टीका इत्यादि का उल्लेख विविध स्थलों में प्राप्त होता है, जिनके विवरण निम्नलिखित हैं-

18.1 रावणभाष्य- आचार्य दिङ्नाग के कथन 'अन्ये तु प्रधानत्वादात्मनः सन्निकर्षम्प्रमाणमाहुः'(प्र. स. पृ. 169) को जितेन्द्रबुद्धि ने रावणभाष्य के मत से सम्बन्धित माना है। जितेन्द्रबुद्धि का कथन है - 'आत्ममनसोः प्रधानत्वात् तत्सन्निकर्षस्यापि प्रमाणत्वम् रावणादयो मन्यन्ते'(प्र.स.वृत्ति, पृ. 174)। रावण भाष्य का उल्लेख ब्रह्मसूत्र के शाङ्करभाष्य की रत्नप्रभा व्याख्या में भी

किया गया है– 'द्वाभ्यान्द्व्यणुकाभ्याम् आरब्धे कार्ये महत्त्वं दृश्यते, तस्य हेतुः प्रचयो नाम प्रशिथिलावयवसंयोग इति रावणप्रणीते भाष्ये दृश्यते इति चिरन्तनवैशेषिकदृष्ट्या इदम् (शा.भा.रत्नप्रभा. ब्र.सू. 2।2।11, उद्धृत, प्र.पा.प्रस्ता.,पृ 19–20)। उदयनाचार्य ने किरणावली में 'भाष्यस्य चातिविस्तृतत्वात्' कह कर जिस विस्तृत भाष्य की चर्चा की है उसे किरणावली के व्याख्याकार पद्मनाभ मिश्र ने रावणभाष्य के रूप में माना है (उद्धृत, प्र.पा.भा.प्रस्ता.,पृ 19–20)

18.2 कटन्दी– नयचक्र की न्यायगमानुसारिणी वृत्ति में कटन्दी नामक टीका का उल्लेख मिलता है। (नयचक्रवृत्ति, पृ. 150)। मुरारि मिश्र ने अनर्घराघवम् नाटक में भी रावण की उक्ति के रूप में वैशेषिककटन्दीपण्डितः जगद्विजयमानः पर्यटामि इस वाक्य को उपस्थित किया है। इसकी व्याख्या में रुचिपति उपाध्याय ने इसे रावण की कृति मानी है। अतः कुछ विद्वान् ( कुप्पूस्वामी– Journal of Oriental Research, Madras, Vol. III, pp.1-5, उद्धृत, प्र.पा.भा., प्रस्ता.,पृ 19) कटन्दी को ही रावणभाष्य के रूप में स्वीकार करते है। परन्तु इसमें वैमत्य है कि रावण द्वारा विरचित भाष्य था एवं कटन्दी एक ही टीका थी। अतः दोनों के एक ही रूप में स्वीकार करनें में सन्देह अवश्य ही है। यद्यपि भाष्य भी एक टीका ही है फिर भी भाष्य की प्रसिद्धि टीका के रूप में नहीं प्राप्त होती। दूसरी बात यह भी है कि उपर्युक्त वृत्ति में कटन्द्यां टीकायाम् (न.च.वृ.,पृ. 147) यह कह कर कटन्दी को टीका के रूप में ही स्वीकार किया गया है, न कि भाष्य के रूप में। अनर्घराघवम् नाटक के कटन्दीपण्डितः इसका स्वारस्य रावणान्यकर्तृककटन्दीपण्डित भी हो सकता है। (उद्धृत, प्र.पा.भा., प्रस्ता., पृ 19)। यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि रावणभाष्य के रचनाकार के रूप में उल्लिखित रावण लङ्कापति रावण था या अन्य कोई रावण नामक व्यक्ति। इस विषय में विद्वानों में मतमतान्तर है कुछ इसे लङ्कापति रावण की कृति के रूप में स्वीकार करते है तो कुछ उससे भिन्न रावण नामक व्यक्ति की कृति के रूप में। इस विषय पर प्रो. अनन्तलाल ठाकुर जी ने प्रकाश डाला है। (द्र.वै.सू.च.वृ., Intro., p.12)

18.3 वाक्य– वैशेषिकसूत्र की वाक्य नामक टीका का सङ्केत भी प्राप्त होता है। जैन लेखक महातार्किक मल्लवादी ने अपने नयचक्र ग्रन्थ में वाक्य का उल्लेख किया है। इस जैन ग्रन्थ का संस्कृत रूपान्तरण बड़ौदा से प्रकाशित वैशेषिकसूत्र के परिशिष्ट में किया गया है। नयचक्र की एक पङ्क्ति है– असत्सम्बन्धपरिहारार्थं निष्ठासम्बन्धयोरेककालत्वात् इति वाक्य सभाष्यकं प्रशस्तोन्यथा व्याचष्टे' (न.च.वृ., पृ. 150)। इसके व्याख्याकार सिंहसूरि ने भी भाष्य को अस्य वाक्यस्य व्याख्याग्रन्थः कहकर वाक्य का उल्लेख किया है। इससे वाक्य की सत्ता सिद्ध होती है। वाक्य इस नामकरण से ही इसका सङ्क्षिप्तत्व एवं सारयुक्तत्व सिद्ध होता है।

18.4 प्रशस्तमति– वाक्य टीका के ऊपर भाष्य तथा उन दोनों पर प्रशस्तमति द्वारा विरचित टीका (जिसका नाम प्रशस्तमति टीका ही सम्भावित है) की सत्ता भी अधोलिखित उद्धरण से सिद्ध

होती है– 'कारणसमवेतस्य वस्तुनः उत्तरकालं सत्तासम्बन्ध इति बहूनाम्मतम् , वस्तूत्पत्तिकाल एवेति तु वाक्यकाराभिप्रायोनुसृतो भाष्यकारैः , सिद्धस्य वस्तुनः स्वकारणैः सत्तया च सम्बन्ध इति प्रशस्तमतोऽभिप्रायः'। (न.च.वृ., पृ. 152)।

18.5 आत्रेयभाष्य– स्याद्वादरत्नाकर में आत्रेयभाष्य के बहुत से उद्धरण उद्धित किये गये है। जिसके आधार पर वैशेषिकसूत्र के भाष्य के रूप में आत्रेयकर्तृक भाष्य स्वीकार किया जाता है। इसके अतिरिक्त डा. वी. राघवन् ने अपने आलेख Works and authors quoted in Shridevas Syadvadaratnakara (Nathuram Premi Commemoration Volume, PP. 429-438) तथा अनन्तलाल ठक्कुर ने अपने आलेख Atreya- the Bhasyakara (Indian Culture, XIII, PP. 185-188) में आत्रेयभाष्य के उद्धरणों के सङ्कलित किया है। मिथिला विद्यापीठ से प्रकाशित वैशेषिकसूत्रवृत्ति में भी इसके कुछ उद्धरणों के उद्धृत किया गया है। जो इस प्रकार हैं– आत्रेयाचार्यास्तु रूपरसगन्धस्पर्शानां नित्यात्वानित्यत्वपाकजत्वादिसाधर्म्यप्रतिपादनं प्रयोजनमित्याहुः (वै. सू.,मि.वृ.1।1।4, पृ. 3)। तेषु भवन्तीत्यन्त्यशब्देन विशेषा उच्यन्ते इत्यात्रेयाचार्याः (वै. सू., मि.वृ., 1।2।6, पृ. 15)। आत्रेयप्रशस्तपादादयस्तु कारणगुणपूर्वकाः पृथिव्यामिति सूत्रं कार्यपृथिवीरूपादीनां कारणगुणपूर्वकत्वप्रतिपादकम् (वै.सू.,मि.वृ.7।1।5–6, पृ. 65)।

18.6 भाष्य– उपर्युक्त वाक्यभाष्य से अतिरिक्त प्रमाणसमुच्चय की वृत्ति में एक अन्य भाष्य का उल्लेख प्राप्त होता है। वाक्यभाष्य वैशेषिकसूत्रों का स्वतन्त्र भाष्य नहीं है, जबकि यह भाष्य वैशेषिकसूत्रों की स्वतन्त्र व्याख्या के रूप में वर्णित है। इस भाष्य की एक पङ्क्ति प्रमाणसमुच्चय में उद्धृत की गई है– 'इन्द्रियार्थसन्निकर्षः प्रत्यक्षम् आत्ममनःसन्निकर्षो वा' (द्र. प्र.स.वृ., पृ.174,195)। इस भाष्य में श्रायस्क–मत एवं रावण–मत का समाहार है। इस भाष्य से श्रायस्क तथा रावण ने अपनी अपनी विवेचना के अनुसार एक– एक मत का ही स्वीकार किया है या फिर भाष्यकार ने ही इन दोनों के सिद्धान्तों को सङ्गृहीत किया है। अतः इसका निर्णय करना असम्भव है।

18.7 श्रायस्क कृत व्याख्या– बड़ौदा से वैशेषिक दर्शन के परिशिष्ट भाग में तिब्बती भाषा से संस्कृत में अनुवादित प्रमाणसमुच्चय को प्रकाशित किया गया है इसमें उल्लिखित है– केचित् प्रमाणात् फलमर्थान्तरमिच्छन्तः असाधारणकारणत्वात् इन्द्रियार्थसन्निकर्षम्प्रमाणं प्रतिपादयन्ति (प्र.स., पृ. 169)। इसकी व्याख्या करते हुए जिनेन्द्रबुद्धि ने केचित् का अर्थ श्रायस्कारादयः किया है। इससे इस व्याख्या की सत्ता प्रमाणित होती है। (द्र. विशा.,पृ. 174)।

18.8 इनके अतिरिक्त भरद्वाजवृत्ति का भी उल्लेख प्राप्त होता है। म.म.प. विन्ध्येश्वरी प्रसाद जी ने न्यायकन्दली की भूमिका में इस वृत्ति का निर्देश किया है। इसी आधार पर डा. राधाकृष्णन् एवं प्रो. दासगुप्ता ने भी इसका उल्लेख किया है। परन्तु इस वृत्ति के विषय में पर्याप्त उल्लेख प्राप्त नहीं होता है (द्र. वै.द.एक अ., पृ. 17)।

18.9 वृत्ति– चन्द्रानन्दवृत्ति, जिनेन्द्रबुद्धि के विशालामलवती में तथा उपस्कार में अनेक स्थलों में वैशेषिक सूत्रों पर किसी प्राचीन वृत्ति के उद्धरण प्राप्त होते हैं, परन्तु इस समय यह वृत्ति अप्राप्य है। चन्द्रानन्द ने अपनी वैशेषिकसूत्रवृत्ति में वैशेषिक सूत्रों पर प्राचीन वृत्ति का उल्लेख करते हुए कहा है – 'एवं शब्दोर्थस्यास्य सङ्केतवशेन व्यञ्जकत्वात् कारणमिति वृत्तिकारः' (वै.सू., च.वृ., 9। 21, पृ. 70)। जिनेन्द्रबुद्धि ने विशालामतवती में भी वैशेषिक सूत्रों पर किसी प्राचीन वृत्ति का उल्लेख किया है– 'केनचित् सम्बन्धेनेति, वृत्तिकृन्मतविशेषेणानेके सम्बन्धाः' (विशा., पृ. 173)। शङ्करमिश्र ने भी 'उपस्कार' में किसी वृत्ति का अनेकशः उल्लेख किया है–'वृत्तिकृतस्तु अभ्युदयः सुखं निःश्रेयसमेककालीनसकलात्मविशेषगुणध्वंसः' (वै.सू.उप.1।1।2, पृ. 4–5)। एवं 'वृत्तिकारस्तु विशेषान्वयमाह' (वै.सू.उप.1।2।3,पृ. 34)। 'उत्पादविनाशयोरन्तेवसाने भवन्तीत्यन्त्या नित्यद्रव्याणि तेषु भवन्तीत्यन्त्या विशेषा इति वृत्तिकृतः' (वै.सू. उप.1।2।6, पृ. 39)। 'वृत्तिकारस्तु "अप्रसिद्धोनपदेशोसन् सन्दिग्धाश्चानपदेशः" इति सूत्रस्थचकारस्य बाधसत्प्रतिपक्षसमुच्चयार्थमाह' (वै.सू.उप.3।1।17, पृ. 99)। पुनः 'वृत्तिकृतिस्तु रूपञ्च रूपसंस्कारश्चेत्येकरूपपदलोपः' (वै.सू.उप.4।1।7, पृ. 120)। 'वृत्तिकारास्तु "शास्त्रदेशितम्" इत्यादिर्नियम एव' (वै.सू.उप.6।1।5, पृ. 147)। 'वृत्तिकारास्तु परस्वादानं चौर्य्यादिना परस्वग्रहणं व्याख्यातम्' (वै.सू. उप.6।1।12, पृ. 149)। 'वृत्तिकृतस्तु नित्येष्वनित्यत्वमुक्तम्' (वै.सू.उप. 7।1।3, पृ. 158)। 'वृत्तिकारैः अनुभूतवस्तुस्फुरणार्थतया न स्मरणादर्थान्तरं स्वप्नज्ञानम्' इति (वै.सू. उप.9।2।8, पृ. 230)। 'वृत्तिकृतस्तु तयोर्ज्ञानसुखयोर्निष्पत्तिः प्रत्यक्षलैङ्गिकाभ्यां प्रत्यक्षलैङ्गिकज्ञानव्याख्यानाभ्यां व्याख्याता' (वै.सू.उप.10।1।3, पृ. 234)।

19. वैशेषिकसूत्रों के पाठभेदों के लिए द्रष्टव्य मुनिश्रीजम्बूविजयजी द्वारा सम्पादित, चन्द्रानन्दवृत्ति सहित वैशेषिकसूत्र, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बडौदा 1961 का परिशिष्ट 1 तथा श्री अनन्तलालठक्कुर द्वारा सम्पादित अविज्ञातकर्तृकप्राचीनव्याख्यासहित वैशेषिकदर्शनम्, मिथिला रिसर्च इन्स्टीट्यूट द्वारा 1957 का परिशिष्ट 2.

20. दशपदार्थी मतिचन्द्र या चन्द्रमति के द्वारा रचित वैशेषिक दर्शन का सम्प्रति उपलब्ध एक प्राचीन ग्रन्थ है, जिसका संस्कृत मूल प्राप्त नहीं होता है। इस ग्रन्थ का चीनी अनुवाद प्रो. उई के द्वारा किया गया है। इस ग्रन्थ के रचनाकाल के विषय में मतभेद है। प्रो. उई ने इन्हें प्रशस्तपाद का परवर्ती माना है, जबकि एरिच् फ्रउल्नर कार्ल एच्.पोर्टर प्रभृति विद्वानों ने इन्हें प्रशस्तपाद से पूर्ववर्ती माना है। (द्र. EIP,p.274)

21. पदार्थधर्मसंग्रह जिसे प्रशस्तपादभाष्य के नाम से भी जाना जाता है। यह वैशेषिक दर्शन का एक प्रबन्धग्रन्थ है। प्रशस्तपाद के काल के विषय में विविध मत प्राप्त होते हैं। एम. आर. बोडास ने प्रशस्तपाद का समय न्यायभाष्यकार वात्स्यायन से पूर्व की स्वीकार किया है। (द्र. Bodas: Historical Survey of Indian Logic p. 40- Royal Asiatic Society, Bombay, Vol XIX) यद्यपि फैडेगन ने प्रशस्तपाद को न्यायभाष्य का परवर्ती माना

है। (द्र. Vaisheshika System p. 605)। डा. कीथ (द्र. Indian Logic and automism p. 27) तथा श्चेरवात्स्की (द्र. Introduction to Nyayapravesha by A.B Dhruva p. XVIII) ने प्रशस्तपाद को दिङ्नाग का ऋणी माना है, परन्तु श्चेरवात्स्की ने तो बाद में अपने मत को परिवर्तित कर पुनः प्रशस्तपाद को दिङ्नाग से पूर्ववर्त्ती मान लिया है। प्रो. दास गुप्त ने प्रशस्तपाद का समय षष्ठ शतक माना है। ढुण्ढिराज शास्त्री ने पदार्थधर्मसङ्ग्रह की भूमिका में किसी के मतानुसार प्रशस्तपाद को सूत्रकार के ही समकालिक कहा है। 'सूत्रकारस्य समये भाष्यकारोऽप्यजायत। इति केचित्'। आचार्य ध्रुव ने उपर्युक्त मतों के परीक्षण के अनन्तर यह निष्कर्ष दिया है– In view of evidence which has been collected and discussed above I am of the opinion that the balance of probabity is in favour of Prashstspada priority to Dinnaga- a view which Shtcherbatsky has urged against his own theory of an earlier date. (Introducation of the न्यायप्रवेश p. XXI) । Frauwallner ने प्रशस्तपाद का समय 550–600 ई. स्वीकार किया है। (द्र. EIP vol II, Historical resume, p.9)

22. पदार्थधर्मसङ्ग्रह की व्याख्याएँ– पदार्थधर्मसंग्रह पर अनेक व्याख्याएँ लिखी गई हैं जिनमें प्रमुख हैं– व्योमवती– व्योमशिवाचार्य विरचित व्याख्या उपलब्ध व्याख्याओं में प्राचीनतम है। व्योमशिवाचार्य दक्षिण काश्मीर के निवासी थे। वी. वरदाचारी ने इनका काल 900–960 ई. स्वीकार किया है। (EIP.Vol. II, Historical resume, p. 10)। किरणावली– यह व्याख्या उदयनाचार्य द्वारा लिखी गई है। उदयनाचार्य मिथिला के निवासी थे। इसका काल लक्षणावृत्ति के अनुसार 906 शकाब्द अर्थात् 984 का सिद्ध होता है। Frauwallner ने इनका काल 1050–1100 ई. माना है। (EIP.Vol. II, Historical resume, p. 10)। न्यायकन्दली– श्रीधराचार्य द्वारा इसकी रचना की गई। ये बंगाल के निवासी थे एवं इनका काल 950–1000 ई. है (EIP.Vol. II, Historical resume, p. 10))। न्यायकन्दली पर राजशेखर की न्यायकन्दलीपञ्जिका और पद्मनाभ मिश्र की न्यायकन्दलीसार व्याख्या प्रसिद्ध है। सेतु– पद्मनाभ का समय 16 वीं शताब्दी की पदार्थधर्मसंग्रह की व्याख्या है। इनकी यह व्याख्या केवल द्रव्यग्रन्थ तक ही उपलब्ध है। सूक्ति– जगदीश तर्कालङ्कार द्वारा इस व्याख्या की रचना की गई है। यह व्याख्या भी द्रव्य ग्रन्थ तक प्रकाशित है। इनके अतिरिक्त अन्य व्याख्याएँ अनुपलब्ध है जिनका सङ्केत मात्र प्राप्त होता है। जैसे श्रीवत्साचार्य की लीलावती व्याख्या का सङ्केत ''चतुर्थी तु लीलावतीति ख्यातां श्रीवत्साचार्यो बबन्ध'' यह कह कर दिया गया है। शालिकनाथ ने भी पदार्थधर्मसङ्ग्रह की एक व्याख्या लिखी थी। मल्लिनाथ की भाष्यनिकष नामक व्याख्या का उल्लेख बलदेव उपाध्याय ने भारतीयदर्शन में किया है। (द्र. भारतीयदर्शन, बलदेव उपाध्याय, पृ. 221)

23. चन्द्रानन्दवृत्तिः– वैशेषिकसूत्रों पर चन्द्रानन्द द्वारा विरचित इस प्राचीन वृत्ति का प्रकाशन बड़ौदा औरियन्टल इन्स्टीट्यूट से 1961 ई. में हुआ है। चन्द्रानन्द के जीवनवृत्तादि के विषय में कोई भी निश्चित उल्लेख नहीं प्राप्त होता है। तथापि चन्द्रानन्द ने एक स्थान पर

न्यायवार्तिककार उद्द्योतकर का नाम लिया है "देवदत्तस्य रूपरसगन्धस्पर्शप्रत्यया एकानेक निमित्ताः, मया इति प्रत्ययेन प्रतिसन्धानात्, कृतसङ्केतानां बहूनामेकस्मिन् नर्तकीभ्रूक्षेपे युगपदनेकप्रत्ययवत्" (न्यायवार्तिक 1।1।10) इति उद्योतकरः। यद्यपि उद्योतकर का काल भी स्पष्ट नहीं है तथापि दिङ्नाग से अर्वाक् चतुर्थ पञ्चम शताब्दी का स्वीकार किया गया है। इसी आधार पर सम्पादक ने इन्हें उद्योतकर के पश्चाद्वर्ती स्वीकार किया है।

24. मिथिलावृत्ति– इस वृत्ति का प्रकाशन मिथिला विद्यापीठ से होने के कारण इसे मिथिलावृत्ति नाम से उल्लिखित किया जा रहा है। वैशेषिकसूत्रों पर लिखित इस वृत्ति के लेखक का नाम अज्ञात है। इस वृत्ति की मलयलिपि में निबद्ध तालपत्र में लिखित एक ही मातृका सम्पादक को प्राप्त हुई। जिसमें कहीं पर भी वृत्तिकार या स्थानादि का उल्लेख नहीं है। अतः इस वृत्ति के विषय में सम्पादक द्वारा कुछ भी इदमित्थं रूप से कह पाना असम्भव था। सम्पादक को उपलब्ध मातृका केवल नवमाध्यय के प्रथमाह्निक पर्यन्त है। प्रो. अनन्तलाल ठाकुर द्वारा सम्पादित इस वृत्ति का प्रथम संस्करण मिथिला रिसर्च इन्स्टीट्यूट से 1957 ई. में प्रकाशित हुआ। इसके पश्चात् 1988 ई. में लगभग साढे तीन पृष्ठ में द्वितीयसंस्करणस्य आमुखम् के नाम से पूर्वप्रकाशितसंस्करण से अनधिक सूचना के साथ प्रथम संस्करण के पुनर्मुद्रण को द्वितीय संस्करण का नाम देकर पुनर्मुद्रित कर दिया गया है।

25. उपस्कार का सर्वप्रथम प्रकाशन 1860-61 ई. में इण्डिका, न. 34 के अन्तर्गत किया गया था। उपस्कार के इस संस्करण के सम्पादक श्रीजयनारायण तर्कपञ्चानन थे। तत्पश्चात् इसका पुनः प्रकाशन 1923 में वाराणसी संस्कृत ग्रन्थमाला 3 के अन्तर्गत किया गया था। उसके बाद से इसके अनेक संस्करण प्रकाशित किए जा चुके हैं।

26. वैशेषिकसूत्रों में आधुनिक विद्वानों द्वारा लिखित व्याख्याओं में चन्द्रकान्त तर्कालङ्कार का भाष्य, जयनारायण तर्कपञ्चाननकृत विवृति, रघुदेवकृत व्याख्यान, हरिप्रसादशास्त्रिकृत वैदिकवृत्ति का उल्लेख 'वैशेषिक दर्शन एक अध्ययन' ग्रन्थ में किया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य आधुनिक संस्कृत व्याख्याएँ भी उपलब्ध हैं, जिनमें श्रीवीरराघवाचार्यविरचित रसायनव्याख्या, तथा काशिनाथशर्मकृत वेदभाष्करभाष्य उल्लेखनीय हैं।

27. उपस्कारवृत्ति एवं चन्द्रानन्दवृत्ति के सूत्रपाठभेद के अवलोकन हेतु द्रष्टव्य परिशिष्ट 1, वै.सू. च.वृ., पृ. 77-98

28. वैशेषिक सूत्रों पर उपस्कारवृत्ति के सूत्रपाठ तथा मिथिलावृत्ति के सूत्रपाठ में अन्तर देखने के लिए द्रष्टव्य परिशिष्ट 2, वै.सू.मि.वृ., पृ. 81-102

29. चन्द्रानन्दवृत्ति एवं मिथिलावृत्ति के सूत्रपाठभेद के अवलोकन हेतु द्रष्टव्य परिशिष्ट 2, वै.सू. च.वृ., पृ. 101-122

30. उदाहरणार्थ द्र. वै.सू. 1.2.4 पर च.वृ., मि.वृ. तथा उप.

31. द्र. वही

32. अनेक आधुनिक विद्वानों ने वैशेषिक दर्शन पर महत्त्वपूर्ण कार्य किए हैं, इनमें प्रकृत शोधपत्र में सम्बद्ध विषयों पर जिन विद्वानों के कार्यों का विशेष अध्ययन किया गया है, सन्दर्भ ग्रन्थ सूची में उनके नाम एवं एवं कार्यों का उल्लेख उपलब्ध है।

33. शङ्करमिश्र के मङ्गलाचरण "खे खेलवन्ममाप्यत्र साहसं सिद्धिमेष्यति" (वै.सू., उपस्कार, मङ्गलाचरण 3) से यह ज्ञात होता है कि उपस्कार के रचना के समय वैशेषिकसूत्र की अन्यवृत्तियाँ उन्हें प्राप्त न हो सकी थी अतः केवल मूल सूत्रों के आधार पर ही उपस्कार की रचना की गई थी।

34. 'भावो भवनं सत्तेति यावत् ।' (वै.सू., मि.वृ., 1।2।4, पृ. 14), 'भावः सत्ता सामान्यमेव' (वै.सू.,च.वृ. 1।2।4 , पृ. 8) 'भावः सत्ता अनुवृत्तेरेव हेतुः, न तु व्यावृत्तेरपि हेतुः' (वै.सू., उप. 1।2।4 , पृ. 37)

35. द्रष्टव्य, प्रकृत लेख का भाग 3

36. द्रष्टव्य टिप्पणी 34

37. द्रष्टव्य टिप्पणी 34

38. प्र.पा.भा., पृ.776-77

39. 'इहदमिति कार्यकारणयोः स समवायः' (वै.सू.,7।2।26, मि.वृ.संस्क.)

40. प्रशस्तपाद के टीकाकार प्रशस्तपाद के द्वारा प्रयुक्त भाव शब्द का अर्थ सत्ता करते हैं, किन्तु वह प्रशस्तपाद के कथन के सर्वथा विरुद्ध है। यदि प्रशस्तपाद को भाव से सत्ता विवक्षित होती और द्रव्यत्वादि को वे अपने कथन में सत्ताभिन्नरूप से प्रतिपादित कर रहे होते तो एतदर्थ प्रशस्तपाद के वचन में चकार का प्रयोग होता। तब वे 'भावस्य द्रव्यत्वादीनां च' ऐसा प्रयोग करते, किन्तु प्रशस्तपाद 'भावस्य द्रव्यत्वादीनां' इस प्रकार का वाक्यप्रयोग कर रहे हैं। प्रशस्तपाद भाव के साथ द्रव्यत्वादि का अभेदेन प्रयोग कर रहे हैं। द्रव्यत्वादि सभी भावों के लिए भाव शब्द का प्रयोग होता है अतः 'भावस्य' में एकवचन तथा द्रव्यत्वादीनां में बहुवचन भी साधु है।

41. द्र. वै.सू.1।2।4 पर च.वृ., मि.वृ. एवं उप.

42. प्र. पा. भा., पृ. 753

43. 'सामान्यं द्विविधं परमपरञ्चानुवृत्तिप्रत्ययकारणम् । प्रशस्तपादभाष्यम्' (प्र.पा.भा., पृ.29)

44. 'परमपरञ्चानुवृत्तिप्रत्ययकारणम्।' प्र.पा.भा., पृ. 29)

45. वही

46. 'तत्र परं सत्ता महाविषयत्वात्।' (प्र.पा.भा.,पृ. 29)

47. 'द्रव्यत्वाद्यपरम्, अल्पविषयत्वात्' । (प्र.पा.भा.,पृ. 30)

48. 'एतानि तु द्रव्यत्वादीनि प्रभूतविषयत्वात् प्राधान्येन सामान्यानि, स्वाश्रयविशेषकत्वाद् भक्त्या विशेषाख्यानि।' (प्र.पा.भा.,पृ.747)

49. 'नित्यद्रव्यवृत्तयो विशेषाः' (प्र.पा.भा.,पृ. 36)

50. 'ते खल्वत्यन्तव्यावृत्तिहेतुत्वाद् विशेषा एव' (वही)

51. 'तत्र द्रव्यत्वं परस्परविशिष्टेषु पृथिव्यादिष्वनुवृत्तिहेतुत्वात् सामान्यम्, गुणकर्मभ्यो व्यावृत्तिहेतुत्वाद् विशेषः। तत्र गुणत्वं ...... सामान्यविशेषभावः सिद्धः।' (प्र.पा.भा.,पृ. 746-747)

52. एतानि तु द्रव्यत्वादीनि प्रभूतविषयत्वात् प्राधान्येन सामान्यानि स्वाश्रयविशेषकत्वाद् भक्त्या विशेषाख्यानि (प्र.पा.भा.,पृ 747)

53. अन्तेषु भवा अन्त्याः। स्वाश्रयविशेषकत्वाद् विशेषाः'। (प्र.पा.भा., पृ.765)

54. द्र. टि. 43 से 52

55. द्र. टि. 53

56. V.P. , p. 35

57. V.P. , p. 35

58. V.P. , p. 35

59. V.P. , p. 35

60. V.P. , p. 35

61. V.P. , p. 36

62. V.P. , p. 67

63. V.P. , p. 67

64. V.P. , p. 67

65. V.P. , p. 67

66. V.P. , p. 68

67. V.P. , p. 69

68. V.P. , p. 93

69. V.P. , p. 93

70. V.P. , p. 99

71. V.P. , p. 100

72. V.P. , p. 100

73. V.P. , p. 100

74. V.P. , p. 101

75. 'सामान्यं परमपरं च' (प्र.पा.भा.,पृ. 29)

76. 'नित्यद्रव्यवृत्तयोऽन्त्या विशेषाः' (प्र.पा.भा.,पृ. 36)

77. 'सामान्यं परमपरं परापरं चेति।' (स.प.,पृ. 7)

78. 'विशेषास्तु यावन्नित्यद्रव्यत्वात् अनन्ता एव।' (स.प., पृ. 8)

78.1 'द्रव्यं गुणस्तथा कर्म सामान्यं सविशेषकम्।
समवायस्तयाभावः पदार्थाः सप्त कीर्तिकाः।।' (कारि. 2)

78.2 'द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायाभावाः सप्त पदार्थाः।' (त.सं., पृ. 9)

79. V.P. , p. 36

80. V.P. , p. 36

81. V.P. , p. 36

82. V.P. , p. 36

83. 'नित्यद्रव्यवृत्तयोऽन्त्या विशेषः।' (प्र.पा.भा., पृ. 36)

84. दृष्टव्य, प्रकृतलेख का भाग 4.4

85. V.P. , pp. 36,37

86. V.P. , p. 117

87. 'नित्यद्रव्यवृत्तयोऽन्त्या विशेषाः।' (प्र.पा.भा., पृ. 36)

88. 'एतानि तु द्रव्यत्वादीनि प्रभूतविषयत्वात् प्राधान्येन सामान्यानि, स्वाश्रयविशेषकत्वाद् भक्त्या विशेषाख्यानीति।' (प्र.पा.भा., पृ. 747)।

89. V.P. , pp. 66-67

90. 'अर्थ इति द्रव्यगुणकर्मसु' वै.सू. 8/1, मि.वृ.

91. V.P. , p. 117

92. V.P. , pp. 116–118

93. जिस प्रकार पृथिवीत्व भाव के कारण पृथिवीत्व की अवधारणा सिद्ध होती है उसी प्रकार आकाशत्व धर्म के कारण आकाश की, कालत्व के कारण काल की एवं दित्त्व के कारण दिक् की अवधारणा भी सिद्ध होती है।

94. प्र.पा.भा., पृ. 143.

95. V.P., pp. 66-71.

96. वहीं

97. प्र.पा.भा., पृ., 765-771

98. वहीं

99. मतिचन्द्र ने आकाश, काल एवं दिक् की अवधारणा के लिए भी इन द्रव्यों में विशेष पदार्थ स्वीकार किया है। (द्र. v.p.,p. 117)

100. V.P.,p. 117

101. वै.सू. 1.2.5 में द्रव्यत्व, गुणत्व एवं कर्मत्व को सामान्य विशेष कहा जाना भाव पदार्थ के सन्दर्भ में ही विशेष का उल्लेख सिद्ध करता है।

102. V.P., p. 35

103. क. 'सामान्यविशेषापेक्षं द्रव्यगुणकर्मसु' (वै.सू. 8.6, च. वृ.)
     ख. 'सामान्यविशेषेषु सामान्यविशेषाभावात् तत एव ज्ञानं' (वै.सू. 8.5, च. वृ.)

104. प्रशस्तपाद ने भी सामान्यादि का साधर्म्य स्वात्मसत्त्व कहा है। (प्र.पा.भा.,पृ. 49)

105. द्र. टि. 103. ख

106. प्रशस्त पाद ने छः पदार्थों के साधर्म्य के रूप में अभिधेयत्व, ज्ञेयत्व तथा अस्तित्व का प्रतिपादन किया है। (द्र. प्र.पा.भा., पृ. 41)

107. द्र. वै.सू. 1.1.7, मि.वृ.

108. V.P., pp. 35-37

109. ENVC., p. 178

110. महर्षि कणाद ने प्रथम अध्याय के द्वितीय पाद में अनेक सूत्रों से सत्ता, सामान्य एवं विशेष को भावपदार्थ के रूप में माना है।

111. 'समानप्रसवात्मिकाजातिः'। (न्या.सू.2.2.69)

112. न्या.भा., न्या.सू. 2.2.69

## सङ्केतसहित सन्दर्भग्रन्थसूची

(उप.) उपस्कारः (वैशेषिकसूत्रव्याख्या), शङ्करमिश्र, (वैशेषिकदर्शनम्) सम्पा. ढुण्ढिराजशास्त्री, हरिदाससंस्कृतग्रन्थमालासमाख्यकाशीसंस्कृतसीरिज 3, विद्याविलास यन्त्रालय 1923।

(कारि.) कारिकावली, न्यायसिद्धान्तमुक्तावलीसहिता, सम्पा. श्री नारायणचरणशास्त्री एवं श्री श्वेतवैकुण्ठशास्त्री, काशी संस्कृत ग्रन्थमाला 212, पुनर्मुद्रण, चौखम्भा संस्कृत संस्थान,

वाराणसी 2014।

(किर.)किरणावली, उदयनाचार्य, सम्पा. गौरीनाथशास्त्री, गङ्गानाथझाग्रन्थमाला 8, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी 1980।

(च.वृ.) चन्द्रानन्दवृत्तिः (वैशेषिकसूत्रव्याख्या), चन्द्रानन्द, वैशेषिकसूत्रम्, सम्पा. मौनिश्रीजम्बुविजय, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बरोदा 1961।

तर्कसंग्रह, Annamabatta, Ed. M.R Bodas, First Edition, Government Central Book Depot, Bombay 1897.

(न.च.) नयचक्रम् , मल्लवादीक्षमाश्रमण, चन्द्रानन्दवृत्ति सहित वैशेषिकसूत्र के षष्ठ परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित, सम्पा. मौनिश्रीजम्बुविजय, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बरोदा 1961।

(न.च.वृ.) नयचक्रवृत्ति, चन्द्रानन्दवृत्ति सहित वैशेषिकसूत्र के षष्ठ परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित, सम्पा. मौनिश्रीजम्बुविजय, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बरोदा 1961।

(न्या.क.) न्यायकन्दली (प्रशस्तपादभाष्यव्याख्या), श्रीधरभट्ट, प्रशस्तपादभाष्यम्, सम्पा. एवं हिन्दीव्याख्याकार श्रीदुर्गाधरझाशर्मा, गङ्गानाथझा ग्रन्थमाला 1, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, 1997।

(न्या.को.) न्यायकोशः, भीमाचार्य, सम्पा. अभ्यंकरोपाह्व वासुदेशास्त्री, चौखम्भा सुरभारती ग्रन्थमाला 523 पुनर्मुद्रण, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी 2011

(न्या.सू.) न्यायदर्शनम् , गौतम, सम्पा. श्री अमरेन्द्रमोहन तर्कतीर्थ तथा श्री तारानाथ न्यायतर्कतीर्थ, 1936-44 ,द्वितीय संस्करण, मुन्सीराम मनोहरलाल पब्लिसर्स प्रा.लि. 1985।

(न्या.भा.) न्यायभाष्यम्, वात्स्यायन, (न्यायदर्शनम्) सम्पा. श्री अमरेन्द्रमोहन तर्कतीर्थ तथा श्री तारानाथ न्यायतर्कतीर्थ, 1936-44 ,द्वितीय संस्करण, मुन्सीराम मनोहरलाल पब्लिसर्स प्रा.लि. 1985।

(न्या.वा.)न्यायवार्तिक, उद्योतकर, (न्यायदर्शनम्) सम्पा श्री अमरेन्द्रमोहन तर्कतीर्थ तथा श्री तारानाथ न्यायतर्कतीर्थ, 1936-44 ,द्वितीय संस्करण, मुन्सीराम मनोहरलाल पब्लिसर्स प्रा.लि. 1985।

(न्या.वा.ता.)न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पतिमिश्र, (न्यायदर्शनम्) सम्पा श्री अमरेन्द्रमोहन तर्कतीर्थ तथा श्री तारानाथ न्यायतर्कतीर्थ, 1936-44, द्वितीय संस्करण, मुन्सीराम मनोहरलाल पब्लिसर्स प्रा.लि. 1985।

(न्या.सि.मु.) न्यायसिद्धान्तमुक्तावली, श्रीविश्वनाथञ्चाननभट्टाचार्य, सम्पा. श्री नारायणचरणशास्त्री एवं श्री श्वेतवैकुण्ठशास्त्री, काशी संस्कृत ग्रन्थमाला 212, पुनर्मुद्रण, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी 2014।

(प.त.नि.) पदार्थतत्त्वनिरूपणम्, रघुनाथशिरोमणि, प्रथम भाग, सम्पा डा. अनीताराजपाल, अमर ग्रन्थ पब्लिकेशन्स, दिल्ली 2008

(प्र.पा.भा.) प्रशस्तपादभाष्यम् , प्रशस्तपाद, सम्पा. एवं हिन्दीव्याख्याकार श्रीदुर्गाधरझाशर्मा, गङ्गानाथझा ग्रन्थमाला 1, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, 1997।

(प्र.पा.भा.प्रस्ता.) प्रशस्तपादभाष्यप्रस्तावना, (प्रशस्तपादभाष्यम्), आचार्य ढुण्ढिराज शास्त्री कृत 'प्रकाशिका' हिन्दी व्याख्या एवं श्रीनारायण मिश्र कृत वैशेषिकसूत्र हिन्दी अनुवाद सहित, सम्पा. श्रीनारायण मिश्र, काशी संस्कृत ग्रन्थमाला, 173, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, 1980।

(प्र.स.)प्रमाणसमुच्चयः (सप्तम परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित), दिङ्नाग, चन्द्रानन्दवृत्ति सहित वैशेषिकसूत्र के परिशिष्ट में प्रकाशित, सम्पा. मौनिश्रीजम्बुविजय, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बडोदा 1961।

(प्र.स.वृ.) सवृत्तिकप्रमाणसमुच्चयः, चन्द्रानन्दवृत्ति सहित वैशेषिकसूत्र के सप्तम परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित, सम्पा. मौनिश्रीजम्बुविजय, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बरोदा 1961।

(मि.वृ.) वैशेषिकदर्शनम्, अज्ञातकर्तृकप्राचीनव्याख्यया समलङ्कृम्, प्रथम संस्करण सम्पा. प्रो. अनन्तलाल ठक्कुर, द्वितीय संस्क., सम्पा. डा श्रीधर त्रिपाठी, मिथिलाविद्यापीठग्रन्थमाला 05, द्वितीय संस्करण, मिथिला इन्स्टीट्यूट आफ पोस्टग्रेजुएट स्टडीज एण्ड रिसर्च इन संस्कृत लर्निंग, दरभङ्गा 1988।

(विशा.)विशालामलवती (प्रमाणसमुच्चय पर व्याख्या), जिनेन्द्रबुद्धि, चन्द्रानन्दवृत्ति सहित वैशेषिकसूत्र के परिशिष्ट में प्रकाशित, सम्पा. मौनिश्रीजम्बुविजय, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बरोदा 1961।

(व्यो.) व्योमवती, व्योमशिवाचार्य, सम्पा गौरीनाथशास्त्री, म.म. शिवकुमारशास्त्रिग्रन्थमाला 6, सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालय, वाराणसी 1983।

(रसा.) रसायनम्, (वैशेषिकसूत्रव्याख्या), वीरराघवाचार्य, (वैशेषिकदर्शनम्), प्रका. वीरराघवाचार्य, मद्रास, 1958।

(वे.भा.भा.) वेदभास्करभाष्यम् (वैशेषिकसूत्रव्याख्या), काशीनाथ, प्रकाशक काशिनाथ शर्मा, प्रथम संस्करण, आचार्य श्री सन्ध्या प्रकाश वशिष्ठ, शास्त्री कुटीर, फग्वारा रोड, कमलापुर, होशियारपुर, पंजाब 1972।

(स.प.)सप्तपदार्थी, Shivaditya, Ed. D. Gurumurti, Theosophical Publishing House, Adyar, Madras,India 1932.

## सङ्केतसहित आंग्लसन्दर्भग्रन्थसूची


(EIP) Encyclopedia of Indian Philosophies, Vol. II, Indian Metaphysics and Epistemology: The Tradition of Nyaya-Vaisesika up to Gangesa, Karl H. Potter, Motilal Banarsidass Publishers Private Limited, Delhi, First Edition 1977, Reprint, 2011.

(ILES) Indian Logic in the Early Schools, H.N Randle, Originally Published in 1930, Oriental Books Reprint Corportion Delhi, First Indian Edition 1976.

(IP) Indian Philosophy, S. Radhakrishnan, VoI. II, George Allen and Unwin Ltd, London 1971.

(VP) Vaiseshika Philosophy (Daspadartha-Sartra), H. UI, Ed. F. W. Thomas, Second Edition, Chowkhamba Sanskrit SerIes Office, Varanasi 1962.

(PIL) A Primer of Indian Logic, S Kuppuswami Sastri, Third Edition, Kuppuswami Sastri Research Institute, Mylapore, Madras 1961.

Tark-Sangraha, Annamabatta, Ed. M.R Bodas, First Edition, Government Central Book Depot, Bombay 1897.

The Philosophy of Nyaya-Vaisesika and its Conflict with The Buddhist School , Dharmendra Nath Shastri, Re-printed, Bharatita Vidya Prakashan, Delhi 1976.

(HIS) History of Indian Philosophy, Vol. II, Frauwallner, Eng. Trans by V.M Bedekar, First Edition, Motilal Banarsidass, Delhi 1973.


### अन्य अवलोकित प्रमुख ग्रन्थों की सूची


भारतीय दर्शन, बलदेव उपाध्याय, शारदा मंदिर, वाराणसी, 1997

भारतीयदर्शनबृहत्कोश, चतुर्थभाग, बच्चूलाल अवस्थी, शारदा पब्लिशिंग् हाउस , दिल्ली 2004.

भारतीयदर्शनबृहत्कोश, पञ्चमभाग, बच्चूलाल अवस्थी, सम्पा वन्दना त्रिपाठी, शारदा पब्लिशिंग् हाउस, दिल्ली 20012.

वैशेषिक दर्शन में पदार्थनिरूपण, डा शशिप्रभा कुमार, प्रकाशन विभाग दिल्लीविश्वविद्यावय, दिल्ली 1992.

वैशेषिक दर्शन एक अध्ययन, श्रीनारायण मिश्र, चौखम्बा राष्ट्रभाषा ग्रन्थमाला 5, चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी 1968.


❑❑

# अनुसंधान पुस्तकालय : कार्य एवं सेवाएँ

**–रामरूप**

*वर्तमान युग में अनुसंधान और विकास को राष्ट्र की आवश्यक उपयोगी क्रिया–कलाप माना जाता है। विशिष्ट पुस्तकालय एक निश्चित क्षेत्र के ज्ञान को संगृही४त करता है, और उसका प्रयोग अपनी पैतृक संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति में करता है। अनुसंधान पुस्तकालयों के कार्य–विशुद्ध अनुसंधान तथा प्रायोगिक अनुसंधान पुस्तकालय भी बौद्धिक और शैक्षणिक अनुसंधानों के अतिरिक्त समस्यायों के निराकरण और व्यवहारिक क्षेत्रों से सम्बन्धित प्रकरणों, समस्यायों पर सक्रिय अनुसंधान कार्य सम्पन्न कराते है। अनुसंधान पुस्तकालय सूचना प्रसार की विधि, सारांशीकरण, अनुक्रमणीकरण, अनुवाद सेवा, रिप्रोग्राफिक सेवा, वर्तमान सचेत सेवा, चयनित प्रसार सेवा इत्यादि सेवाएँ प्रदान कराते हैं।*

आज के युग में अनुसंधान और विकास को राष्ट्र की आवश्यक उपयोगी क्रिया–कलाप माना जाता है, जिससे राष्ट्र का बहुमुखी विकास हो सके एवं अनुसंधान से नई समस्याओं का निदान अनेक प्रकार के उत्पादनों में अत्यधिक वृद्धि के लिए औद्योगिक एवं व्यापारिक आवागमन के साधनों को विकसित करने के लिए ही सम्पन्न नहीं किया जाता बल्कि ज्ञान की सृष्टि, नवीन ज्ञान की प्राप्ति, अनेक प्रकार के तथ्यों की खोज तथा आविष्कारों के लिए भी किया जाता है। आज के युग में अनुसंधान मात्र बौद्धिक और व्यक्तिगत क्रिया–कलाप नहीं है बल्कि यह एक सामूहिक तथा संगठनात्मक कार्य है, क्योंकि आधुनिक अनुसंधान को अनेक व्यक्तियों के संग्रह की सहायता एवं संगठनात्मक प्रोत्साहन और सहायता के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रों के बहुमुखी विकास के लिए होता है।

प्रारम्भिक अनुसंधान के क्रिया–कलाप पर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट होता है कि पहले अधिकांश अनुसंधान व्यक्तिगत, बौद्धिक तथा शैक्षणिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किये जाते हैं, लेकिन कालान्तर में मानवीय आवश्यकताओं, वैज्ञानिक, औद्योगिक, व्यापारिक एवं राष्ट्रीय विकास के लिए किये जाते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् अनुसंधान के क्रिया–कलापों में उत्तरोत्तर वृद्धि एवं सक्रियता उत्पन्न हुई है। परिणामतः विश्व के सभी देश प्रति वर्ष पर्याप्त धन राशि अनुसंधान एवं विकास पर खर्च करते हैं। अनुसंधान को प्रोत्साहित एवं क्रियान्वित करने तथा सफल बनाने की दृष्टि से सूचना की आवश्यकता होती है। आज के युग में सूचना को शक्ति एवं उत्पादन माना गया है और अनुसंधान एवं बौद्धिक क्रिया के लिए सूचना को

आवश्यक माना गया है। सूचना को अनुसंधान एवं आविष्कार के माध्यम से प्राप्त किया जाता है, जिसका उपयोग अन्य विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, अनुसंधानकर्ता, शिक्षक तथा छात्र करते हैं।

आज के युग को सूचना-उद्योग एवं सूचना विस्फोट की संज्ञा दी गई है। अतः अनुसंधान के लिए यह आवश्यक हो गया है कि किसी भी प्रकरण, समस्या आविष्कार को सत्यापित करने के लिए किस प्रकार की सूचना प्राप्त की जाती है तथा पूर्व में क्या क्रिया-कलाप किये गए हैं, इसकी जानकारी सरलता पूर्वक उपलब्ध हो जाए। यह तभी संभव हो सकेगा जबकि अनुसंधान केन्द्रों के पुस्तकालयों को विशिष्ट पुस्तकालयों के रूप में व्यवस्थित, संचालित तथा स्थापित किया जाय। यह एक सार्वभौमिक तथ्य है कि सूचना-प्राप्ति, ज्ञान-तथ्यों एवं सिद्धान्तों की जानकारी के लिए सम्बन्धित अभिलेख तथा प्रलेख अत्यावश्यक होते हैं। इनकी आवश्यकता पड़ने पर पुस्तकालयों से ही इनकी प्राप्ति सुगमता से की जा सकती है। अनुसंधान केन्द्रों के पुस्तकालयों की स्थापना किसी पैतृक संस्था द्वारा की जाती है एवं पैतृक संस्था के कुछ उद्देश्य एवं क्रिया-कलाप होते हैं। अतः ये पुस्तकालय अपनी पैतृक संस्था के कार्यों की पूर्ति हेतु सहायता करते हैं।

**अनुसंधान पुस्तकालयों का अर्थ-**

अनेक प्रकार के विशिष्ट पुस्तकालयों में अनुसंधान पुस्तकालय भी एक स्वरूप है। अनेक प्रकार की संस्थाओं, शासकीय विभागों, स्वायत्तशासी संस्थानों, जो किसी विषय विशेष, क्षेत्र विशेष, समस्या विशेष से सम्बन्धित अनुसंधानों की एक कार्य के रूप में सुसंगठित ढंग से, वांछित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए, आयोजन कर प्रोत्साहन प्रदान करती है, उन्हें अनुसंधान पुस्तकालयों की संज्ञा दी जाती है। यद्यपि औद्योगिक पुस्तकालय, वाणिज्य पुस्तकालय, विश्वविद्यालय पुस्तकालयों में भी शोध कार्य को सम्पादित कराया जाता है तथापि अनुसंधान पुस्तकालयों का अभिप्राय पूर्णरूप से उन पुस्तकालयों से है जो किसी विषय विशेष तथा क्षेत्र विशेष के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहन एवं सहायता प्रदान करने के लिए स्थापित किये जाते हैं। कुछ ऐसी भी संस्थायें होती हैं जो समस्याओं पर किसी संस्था विशेष की ओर से शोध सम्पन्न करती हैं और उनके व्यय को वहन करती है। अनुसंधान पुस्तकालय भी किसी संस्था के होते हैं और ऐसी अनेक संस्थायें संतोषजनक ढंग से सूचना उपलब्ध कराने के लिए अनुसंधान पुस्तकालयों की स्थापना करती है। भारत वर्ष में यदि अनुसंधान पुस्तकालयों के उद्भव और विकास पर दृष्टिपात करे तो यह आभास होता है कि यहाँ पर अनुसंधान पुस्तकालय की स्थापना भौगोलिक सर्वे ऑफ इंडिया, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संस्थान, दुग्ध अनुसंधान संस्थान, चिकित्सा अनुसंधान संस्थान आदि की स्थापना तथा अन्य ऐसी संस्थाओं की स्थापना के पश्चात् हुई है तथा आज जिनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

पुस्तकालयों को उनकी सेवा एवं संगृहीत पाठ्य-सामग्री के आधार पर क्रमशः राष्ट्रीय पुस्तकालय, सार्वजनिक पुस्तकालय, शैक्षणिक पुस्तकालय एवं विशिष्ट पुस्तकालय में विभाजित किया जाता है। चूँकि इस शोध कार्य का मूल उद्देश्य अनुसंधान केन्द्रों के पुस्तकालयों के

विविध आयामों का अध्ययन करना है, इसलिए यहाँ अनुसंधान पुस्तकालयों के विषय में विस्तार से वर्णन किया जायेगा। जब हम साधारण पुस्तकालयों एवं अनुसंधान केन्द्रों के पुस्तकालयों का सूक्ष्म रूप से अध्ययन करते हैं तो सार्वजनिक, शैक्षणिक एवं अनुसंधान केन्द्रों के पुस्तकालय जो कि विशिष्ट पुस्तकालयों के अन्तर्गत आता है, में अन्तर स्पष्ट दिखाई देता है। यह अन्तर क्रमशः विशिष्ट संग्रह, विशिष्ट पाठक, विशिष्ट पाठ्य-सामग्री का विशिष्ट रूप में प्रयोग तथा तीव्र संदर्भ एवं सूचना सेवा का होता है। अनुसंधान केन्द्रों के पुस्तकालयों को समझने से पहले विशिष्ट पुस्तकालयों की विभिन्न विद्वानों द्वारा दी गई परिभाषाओं का अवलोकन आवश्यक है :

**एल.एच. हार्ड के अनुसार-**

"विशिष्ट पुस्तकालय एक निश्चित क्षेत्र के ज्ञान को संगृहीत करता है और उसका प्रयोग अपनी पैतृक संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति में करता है।"

**ए.एस.एसवर्थ के अनुसार-**

"विशिष्ट पुस्तकालय वे पुस्तकालय हैं जिनकी स्थापना संस्था के साथ एवं उपयोग के लिए विशिष्ट प्रकार की सूचना का संग्रह तथा उपयोग कराये जाने के लिए होता है और इनकी आर्थिक व्यवस्था उस संस्था के द्वारा की जाती है।"

**जे.ई.ब्राइट के अनुसार:-**

"विशिष्ट पुस्तकालय मूलतः और विशेषतः पूर्ण रूप से एक विशेष प्रकार के विषय समूह के साहित्य तक सीमित रहता है। इसके अन्तर्गत सब प्रकार की ज्ञान-सामग्रियों का संग्रह किया जाता है जिसका रूप भी विशेष प्रकार का होता है।"

**डॉ. एस.आर. रंगनाथन के अनुसार:-**

विशिष्ट विषय क्षेत्र से सम्बन्धित विस्तृत सूचना प्रदान करने की दृष्टि से स्थापित किया गया पुस्तकालय है। यह विशिष्ट विषय क्षेत्र वैज्ञानिक एवं तकनीकी अथवा कोई अन्य भी हो सकता है, पाठ्य-सामग्री एवं पाठक विशिष्ट प्रकार के हो सकते हैं।

उपयुक्त परिभाषाओं एवं अभिप्रायों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि विशिष्ट पुस्तकालयों के अंतर्गत यदि अनुसंधान पुस्तकालय को परिभाषित करें तो स्वरूप निम्नानुसार होगा :-

अनुसंधान पुस्तकालय किसी संस्था विशेष द्वारा संगठित, स्थापित एवं व्यवस्थित किये जाते हैं। जिसका उद्देश्य संस्था के उद्देश्यें की पूर्ति एवं संस्था को सफल बनाने के लिए जिस प्रकार की सूचना की आवश्यकता होती है और जिसे संस्था के विशेषज्ञ चाहते हैं, उस सूचना तथा सामग्री की पूर्ति करना है। इसके अतिरिक्त अनुसंधान पुस्तकालयों के परिप्रेक्ष्य में, अनुसंधान पुस्तकालय उन पुस्तकालयों को कहा जाता है जो विशिष्ट प्रकार की सूचनाओं को प्रदान करने के लिए संगठित किये जाते हैं।

डॉ. एस.आर. रंगनाथन् की उपरोक्त विशिष्ट पुस्तकालय की परिभाषा को अनुसंधान पुस्तकालय के परिप्रेक्ष्य में देखे तो स्वरूप निम्नानुसार बनता है–

सामान्य और अनुसंधान पुस्तकालयों में अन्तर मात्र उनकी प्रकृति, उपयोगकर्ता, सूचना तथा प्रलेखों का संग्रह है।

**अनुसंधान पुस्तकालयों के कार्य :-**

अनुसंधान दो प्रकार के होते हैं :–

(1) विशुद्ध अनुसंधान

(2) प्रायोगिक अनुसंधान

इन दोनों प्रकार के अनुसंधानों की सूचना सामग्रियों में भेद होते हैं और ये एक दूसरे के पूरक नहीं होते। अतः शोध पुस्तकालय के मुख्य कार्य निम्नलिखित हैं :–

**प्रलेखों का संकलन :** सम्बन्धित संस्था के उद्देश्यों से सम्बन्धित जिन प्रकरणों पर अनुसंधान चल रहे हैं, और जिनके प्रारम्भ करने की संभावना हो, उनसे सम्बन्धित मौलिक पत्र–पत्रिकायें, मोनोग्राफ तथा उच्च स्तरीय पुस्तकों का संग्रह परम्परागत स्वरूप एवं इलेक्ट्रानिक स्वरूप में करना, अनुसंधान के स्तर को ध्यान में रखते हुए ध्यान–सामग्रियों को निश्चित करना एवं संग्रहण करना और समय पर उन्हें प्रयोगकर्त्ता को प्रदान करना होता है।

**द्वितीय स्रोतों का संकलन करना-** अनुसंधान पुस्तकालयों का कार्य द्वितीय स्रोतों, जैसे सार, अनुक्रमणिका, वाङ्मय सूचियाँ तथा सामयिक साहित्य आदि का संग्रह करना भी होता है, जिसमें तत्कालिक एवं पूर्ण व्यापी प्रलेखों की जानकारी प्राप्त होती है।

**संदर्भ एवं सूचना-सेवा -** इस सेवा हेतु संदर्भ–कृतियों का संग्रह करना तथा उन्हें उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था करना। अनुसंधान हेतु संदर्भ ग्रन्थों की आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि अनुसंधान में विषयों की पृष्ठभूमि और तत्कालीन संदर्भ–सेवा सापेक्ष है। इसके लिए सामान्य विश्व कोष, विषय शब्द कोष, हस्तपुस्तिका, दिग्दर्शिका आदि कृतियों का संग्रह करना आवश्यक है।

**अनुसंधान सम्बन्धी पाठ्य-सामग्री का संकलन करना-** जिन विषयों पर अनुसंधान हो रहा है, उन प्रकरणों से सम्बन्धित सामग्रियों का संग्रह करना एवं उनकी वाङ्मय सूची बनाना तथा अनुसंधानो के प्रतिवेदनों से सम्बन्धित साहित्य और वाङ्मय सूची को संगृहीत करना है।

**पैतृक संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति में सहायता करना-** अनुसंधान पुस्तकालयों की स्थापना किसी पैतृक संस्था द्वारा की जाती है एवं पैतृक संस्था के कुछ उद्देश्य एवं क्रिया–कलाप होते हैं। अतः ये पुस्तकालय अपनी पैतृक संस्था के कार्यों की पूर्ति हेतु सहायता करते हैं।

**विशिष्ट सामग्री प्राप्त करना-** अनुसंधान पुस्तकालय विशिष्ट पाठ्य–सामग्री को प्राप्त करने पर अधिक बल देते हैं, क्योंकि प्राप्त की गई पाठ्य–सामग्री पैतृक संस्था से सम्बन्धित

विषय क्षेत्र पर होती है। अतः ऐसी सामग्री को प्राप्त करना चाहिए जो पैतृक संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति तथा विकास में सहायक सिद्ध हो सकें।

**प्राप्त सामग्री को उपयोग के लिए व्यवस्थित करना-** प्रलेखों एवं विशिष्ट पाठ्य-सामग्री को इस प्रकार से व्यवस्थित करना चाहिए ताकि अनुसंधानकर्ता/विशेषज्ञों द्वारा सूचना मांगे जाने पर बिना समय नष्ट किये सूचना प्रदान की जा सकें। आधुनिक समय में विभिन्न प्रकार के डेटा बेस एवं कम्प्यूटर के प्रयोगों ने सूचना को व्यवस्थित एवं खोज करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अनुसंधान पुस्तकालयों में कम्प्यूटर का प्रयोग एक साधारण बात हो गई है।

**सूचना स्त्रोतों का संग्रह करना-** अनुसंधान पुस्तकालयों में पाठ्य-सामग्री की अपेक्षा सूचना स्त्रोतों का अधिक महत्व है, क्योंकि विषय विशेषज्ञ हमेशा अपने विषय क्षेत्र में हो रही प्रगति से अवगत होना चाहता है। प्रगति का विवरण केवल सूचना स्त्रोतों में ही निहित होता है। इसके लिए अनुसंधान पुस्तकालय देश-विदेश से विभिन्न प्रकार की अनुक्रमणीकरण सेवा एवं सारांशीकरण सेवाओं का संग्रह करते हैं, क्योंकि ये सेवायें प्रत्येक विषय क्षेत्र की सूचनाओं को एक व्यवस्थित ढंग से समाहित करती है। विशिष्ट सूचना प्रदान करने के लिए पुस्तकालय एस.डी.आई. एवं सी.ए.एस. सेवाओं को भी आयोजित करते हैं। आधुनिक समय में इन्टरनेट के माध्यम से विषय से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी प्राप्त की जाती है।

**अनुसंधान पुस्तकालयों की सेवायें :-**

अनुसंधान पुस्तकालय भी बौद्धिक और शैक्षणिक अनुसंधानों के अतिरिक्त समस्याओं के निराकरण और व्यवहारिक क्षेत्रों से सम्बन्धित प्रकरणों, समस्याओं पर सक्रिय अनुसंधान कार्य सम्पन्न कराते हैं, जिनका लक्ष्य विकास को प्रोत्साहन, मानवीय, सामाजिक, राष्ट्रीय, स्वास्थ संबंधी, औद्योगिक, तकनीकी, व्यापारिक, कृषि आदि के बहुमुखी विकास के लिए किया जाता है।

अनुसंधान पुस्तकालयों के उपयोगकर्ता विषय विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, प्राविधिक विशेषज्ञ आदि होते हैं। अनुसंधान के कार्यों में अधिक व्यस्त रहने के कारण इनके पास समय का अभाव होता है। विषय विशेषज्ञ होने के कारण तथा विभिन्न प्रकरणों पर अनुसंधान करने हेतु इनकी सूचना-आवश्यकताएँ विभिन्न प्रकार की गहन विषयों से सम्बन्धित होता हैं। अतः अनुसंधान पुस्तकालयों की सेवाएँ भी विशिष्ट प्रकार की होती हैं।

**पाठ्य-सामग्री को वर्गीकरण रूप में व्यवस्थित करना-** उपयुक्त एवं वांछित सामग्रियों का अभिज्ञान, अधिग्रहण, संग्रह, सुरक्षा तथा उपयोग हेतु उनको प्रक्रियाबद्ध करना जिससे उनकी प्राप्ति बड़ी आसानी से की जा सकें।

**पाठ्य-सामग्री एवं सूचना-सामग्री का विच्छेदन करना-** अनुसंधान पुस्तकालयों में प्रायः उन सामग्रियों का संग्रह किया जाता है जो सम्बन्धित अनुसंधान के क्रिया-कलाप, विषय क्षेत्रों से सम्बन्धित मौलिक ज्ञान, सूक्ष्म विषय के रूप में सूचना प्रदान करती है। अतः

पाठ्य-सामग्रियों से विशेषज्ञों, अनुसंधानकर्ता को पूर्णत: अवगत रखने के लिए इन सामग्रियों का वर्गीकरण, सूचीकरण करने के पश्चात् इन्हें प्रसारित करने का अथवा इन्हें अनुसंधानकर्ताओं से अवगत कराने हेतु गहन सन्दर्भ सेवा एवं त्वरित सन्दर्भ सेवा का आयोजन करते हैं जिससे उन्हें संकलित सामग्री का ज्ञान हो सके।

**सूचना-प्रसार की विधि-** सूचना-सामग्रियों से अवगत कराने हेतु निम्नांकित सूचना प्रसार की विधियों का आयोजन किया जाना चाहिए।

* शोध पत्रिकाओं का विवरण- जितने प्रकार की मौलिक पत्रिकायें आती हैं उनको विशेषज्ञों के मध्य एक दूसरे के पास समयानुसार भेजना चाहिए।

* जितनी मौलिक पुस्तकें, पत्रिकायें, शोध रिपोर्ट, व्यापार साहित्य आदि जो अनुसंधान पुस्तकालयों के लिए आवश्यक है, उनकी तालिका स्थानीय रूप से तैयार करके वितरित कर देनी चाहिए।

* नई विषय सूची का वितरण- अनुसंधान पुस्तकालयों के अनुसंधानकर्ता एवं विशेषज्ञ अनुसंधान में कार्यरत होने के कारण इतना समय नहीं दे सकते कि वे नई विषय सामग्री को पूरा पढ़ सकें। अत: जितनी अनुसंधान पत्रिकायें आती हैं, उनमें से विषय सूची को निकालकर तथा उन्हें तालिकाबद्ध करके अनुसंधानकर्ताओं में वितरित कर देनी चाहिए। इससे शोध पत्रिकाओं एवं कृतियों के अभिलेखों की जानकारी प्राप्त हो जाती है, जिससे वे उसका उपयोग कर सकते हैं।

**सारांशीकरण एवं अनुक्रमणिका-** विशेषज्ञों की जानकारी के लिए किन-किन क्षेत्रों में इनसे सम्बन्धित विषयों पर कौन-कौन से अनुसंधान हो रहे हैं, इसकी जानकारी हेतु यह आवश्यक है कि उनके लिए सामयिक चेतना के रूप में अनुक्रमणीकरण एवं सारांशीकरण सेवाओं का आयोजन किया जाये इसके लिए सम्बन्धित पुस्तकालय में स्थानीय रूप से सारांश और अनुक्रमणिका तैयार करके वितरित की जा सकती है। अत: सारांशीकरण एवं अनुक्रमणीकरण पत्रिकाओं को भी अन्य पत्रिकाओं के रूप में मंगाना चाहिए।

**अनुवाद सेवा-** विज्ञान के क्षेत्र में और विशिष्ट विषयों के क्षेत्र में विश्व की अनेक भाषाओं का शोध साहित्य प्रकाशित होता है। इनमें से पचास प्रतिशत साहित्य अंग्रेजी में प्रकाशित होता है। अत: अन्य भाषाओं के साहित्य को प्राप्त करने के लिए अनुवाद सेवा का आयोजन किया जाता है।

**रिर्पोग्राफी सेवा-** अनुसंधान पुस्तकालयों में इसे एक आवश्यक सेवा माना गया है। वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों को पुस्तकालय में बैठकर अध्ययन करने का अत्यधिक समय नहीं होता है। उन्हें प्रलेखों को पुस्तकालय से बाहर ले जा कर पढ़ने की आवश्यकता होती है जिसके लिए रिर्पोग्राफी सेवा के द्वारा उनको प्रलेख उपलब्ध कराया जाता है।

**वर्तमान सचेत सेवा-** किसी भी अनुसंधान पुस्तकालय में वर्तमान सचेत सेवा अति आवश्यक सेवा होती है जिसके माध्यम से विशेषज्ञों, अनुसंधानकर्ताओं को नवीनतम् सामग्रियों

और सूचनाओं से अवगत कराया जाता है। इस सेवा हेतु अनेक पुस्तकालय वर्तमान सचेत सेवा बुलेटिन को प्रकाशित करते हैं। इसमें नई अधिग्रहण सामग्री, सामयिक प्रकाशनों की विषय सूची, शोध की सूक्ष्म सूचना, वैज्ञानिक विज्ञापन, वार्तालाप आदि के समाचार प्रकाशित कर वितरित करना होता है। इससे सम्बन्धित विशेषज्ञ को नवीनतम सूचना प्राप्त हो जाती है।

**चयनित प्रसार सेवा-** बहुत सी ऐसी सारांशीकरण एवं अनुक्रमणीकरण सेवाएँ हैं जो चयनित सूचना प्रसार के बुलेटिन प्रकाशित करती है, जैसे कैमिकल एबस्ट्रेक्स एवं फिजीकल एबस्ट्रेक्ट। अन्य प्रकार के क्रिया-कलापों एवं आवश्यक सूचना को प्रदान करने के लिए अनुसंधान पुस्तकालय, सूचना बुलेटिन को प्रकाशित कर सूचना प्रदान करते हैं तथा इन सूचना बुलेटिनों को अन्य संस्थाओं के बुलेटिन से बदलकर अनुसंधानकर्ताओं को सेवा प्रदान करते हैं।

**नेटवर्क की स्थापना एवं डेटाबेस का संकलन-** आज के युग में कम्प्यूटर एवं इलेक्ट्रानिक माध्यम के आविष्कार के कारण अनेक प्रकार की सूचनाओं, सन्दर्भ सामग्रियों और पाठ्य सामग्रियों को डेटाबेस के रूप में तैयार किया जाता है। अतः अनुसंधान-पुस्तकालयों में नेटवर्क पद्धति को स्थापित करने की व्यवस्था की जाय तो अत्यन्त लाभप्रद होगा। इससे अन्य पुस्तकालयों की सामग्री का उपयोग कम से कम समय में किया जा सकता है। अतः अनुसंधान पुस्तकालयों को नेटवर्क के रूप में भी कार्य करना चाहिए।

**डेटाबेस में उपलब्ध पाठ्य सामग्री का संकलन एवं प्रसार-** आज के युग में सभी उन्नत देशों में परम्परागत पुस्तकों और पत्रिकाओं के अतिरिक्त अन्य सामग्रियों को डेटाबेस, चुम्बकीय टेप, चुम्बकीय डिस्क और ऑन लाइन के रूप में उपलब्ध किया जाता है। अतः भारत के अनुसंधान केन्द्रों के पुस्तकालयों में इनकी व्यवस्था और ऐसी सामग्रियों का संकलन तथा उन्हें उपयोग हेतु प्रसारित करना अत्यावश्यक प्रतीत होता है।

**अन्तर सहयोग-** एक उद्देश्य को लेकर स्थापित अनुसंधान केन्द्र के पुस्तकालय आपस में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पारस्परिक सहयोग के माध्यम से एक दूसरे को सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

## सन्दर्भ सूची

1. विशिष्ट पुस्तकालय एवं अनुसंधान, शर्मा एस.के., प्रथम संस्करण 1994, कादम्बरी प्रकाशन, दिल्ली पृष्ठ 10 से 16 तथा 28, 30 से 33।
2. रंगनाथन् एस.आर. ग्रंथालय प्रक्रिया, दिल्ली : भारतीय ग्रंथालय संघ; 1951
3. शर्मा एस.के. चमोली पी.के. विशिष्ट ग्रंथालय एवं शोध पद्धतिशास्त्र दिल्ली यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन 2001.
4. शर्मा प्रह्लाद, संदर्भ सेवा प्र.सं., जयपुर यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन 2003

5. Asworth w. Editor Handbook of special Librarianship and Insore Worled London : ASLIB; 1962
6. Gupta B.L. Library service : Important Documents, Lsted. Jaipur: pointer publishers 1989.
7. Kyle B. Hand Book of Special Librarianship and Indoor work. London, ASLIB; 1962.
8. Rangnathan SR. Reference Service 2nd Bombey : Azia publishing House; 1961. (Part Fand j)

❑❑

# 'अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम्' में काव्यस्वरूपनिरूपण

– डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी

*अस्मिन् शोधपत्रे विलक्षणवैदुषीसम्पन्नेन श्रीमता राधावल्लभत्रिपाठिना विरचितम् अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रस्य काव्यस्वरूपनिरूपणं प्रस्तुतोऽस्ति। अभिनवकाव्यालङ्कार–सूत्रमधिकारत्रयेषु विभक्तमस्ति। तत्रापि काव्यस्वरूपनिरूपणं नाम प्रथमाधिकरणं षट्सु अध्यायेषु विभक्तम्। समग्रेऽपि ग्रन्थेऽस्मिन् नवनवोन्मेषनिदर्शकान् स्वाभिमतनवसिद्धान्तान् प्रतिपाद्याभिनवं काव्यालङ्कारसूत्रं व्यरचयदाचार्यस्त्रिपाठी। तत्रैव स्वोपज्ञव्याख्ययाऽपि सूत्रात्मको ग्रन्थः संवलितः।*

*यथा प्राचीनाचार्याणां मम्मटादीनां काव्यलक्षणानि परिशील्य लोकानुकीर्तनं काव्यम् इति काव्यलक्षणं पुरस्करोति पुनः पुनः व्याख्याति च। एवं 'मुक्तिस्तस्य प्रयोजनम्' इति नूतनं काव्यप्रयोजनं प्रस्तौति।*

संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास इसकी गत्यात्मकता तथा अनवरत विकासयात्रा का प्रमाण है। इसका कारण है कि काव्यशास्त्र की प्राचीन परम्परा में ऐसी अनेक सम्भावनाएं विद्यमान हैं, जिनसे नये प्रतिमान और नये मानकों का विकास किया जा सकता है। इसीलिए इसकी परम्परा का व्यवस्थापन और पुनर्व्यवस्थान प्रत्येक युग में बार–बार होता रहता है। प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी का 'अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम्' इसी प्रकार का एक प्रयास है। इसमें प्राचीन कालजयी साहित्यों का पुनः संधान एवं विश्वसाहित्य में हो रहे नवोत्थान एवं नवप्रयोगों के आधार पर साहित्यिक समीक्षा के नये मानदण्ड विकसित करने का प्रयास किया गया है। ग्रन्थ के प्रथम छः अध्यायों में काव्यस्वरूप का निरूपण किया गया है। इसमें काव्यलक्षण काव्यप्रयोजन, काव्यकारण, काव्यभेद, शब्दव्यापार और शास्त्रसङ्गति का निरूपण किया गया है।

प्रो. त्रिपाठी ने प्रथम अध्याय में काव्य का लक्षण बताया है। इसमें इन्होंने व्यास, आचार्य भरतमुनि, भामह, दण्डी तथा मम्मट के काव्यलक्षणों का परिशीलन करते हुए अपना काव्यलक्षण इस प्रकार दिया है– ''**लोकानुकीर्तनं काव्यम्** ''[1] लोक को स्पष्ट करते हुए प्रो. त्रिपाठी ने इसकी वृत्ति में कहा है कि 'लोकयति भासते लोकते पश्यति वा इति लोकः।..... लोक इति कथनेन न केवलं जन इति अपितु चराचरं जगदपि गृह्यत एव। न केवलं स्थावरजङ्गमात्मकम् , अपि तु चेतनया विभाव्यमानं सकलमेव भुवनं लोक इति वक्तव्यम्।

लोकोऽयं न स्थाणुः, न वा स्थिरोऽपि तु प्रतिक्षणं परिवर्तमानो विकसंश्च 'वरीवर्ति'। इनका कहना है कि केवल स्थावरजङ्गमात्मक संसार ही नहीं, अपि तु कविचेतना के द्वारा विभाव्यमान समस्त भुवन ही लोक है। प्रो. त्रिपाठी अभिनवगुप्त[2] आदि की अपेक्षा लोक का व्यापक अर्थ में विवेचन करते हुए इसमें कविकल्पना के संसार और मनोलोक का भी समावेश मानते हैं। इन्होंने वृत्ति में लिखा है कि– 'कविना यद् दिव्येन आर्षेण चक्षुषा वा साक्षात्क्रियते तदपि लोकः'। प्रो. त्रिपाठी का कहना है कि दिक्काल में प्रसृत समस्त सृष्टि लोक है। जो कुछ भी प्रतीतिगोचर होता है, वह लोक है। ब्रह्म आदि को उपचार से ही अलौकिक या लोकातिक्रान्तगोचर कहा जाता है। उनका यह भी कहना है कि वास्तव में अलौकिक या लोकातिक्रान्त कुछ नहीं होता। इस दृष्टि से लोक का तीन रूप उन्होंने बताया है– **'स च लोकस्त्रिविधः। आधिभौतिक आधिदैविक आध्यात्मिकश्च'।**[3] उनका कहना है कि ये तीनों रूप एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। इन तीनों का समग्र समुल्लास जीवन है। जीवन की भी आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक ये तीन अवस्थाएँ होती हैं। इनका सम्बन्ध जीवन के पुरुषार्थ से है।[4] जीवन एक व्यक्ति का ही नहीं, समाज या राष्ट्र का तथा ब्रह्माण्ड का भी होता है। साहित्य या कविता में यही त्रिविध जीवन प्रतिफलित होता है। इसलिए आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक जीवन के इन तीनों रूपों में से केवल एक या दो में ही सर्वथा पर्यवसित काव्यरचना समग्र नहीं कही जा सकती। यह सम्भव है कि किसी रचना में आधिभौतिक संसार का निरूपण प्राधान्येन किया गया हो, किसी में आधिदैविक का या किसी में आध्यात्मिक का। परन्तु एक की प्रधानता से अन्य रूपों का निराकरण नहीं अपितु ग्रहण ही होता है। इस प्रकार काव्य में जीवन की समग्रता अनुकीर्तन की चार अवस्थाओं के अनुसार कहीं प्रतिफलित होती है, कहीं उन्मीलित, कहीं विकसित तो कहीं समुल्लसित। ऋग्वेद का उद्धरण देते हुए प्रो. त्रिपाठी ने कहा है कि वेद में वाणी के चार रूप निरूपित किये गये हैं –

**चत्वारि वाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।**
**गुहा त्रीणीनिहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति।।**[5]

उनका कहना है कि उक्त परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी नामक वाणी के रूपों को काव्यरचना प्रक्रिया में नामान्तर से स्वीकार किया गया है।

लोक का स्वरूप बताने के पश्चात् 'अनुकीर्तनं' का निरूपण करते हुए कहते हैं कि **'अनुकीर्तनं चतुर्विधम्'**[6] वृत्ति में उन्होंने लिखा है कि **'अनून्मीलनम्, अनुदर्शनम्, अनुभवोऽनुव्याहरणं चेति चतस्रो दशा अस्यानुकीर्तनस्य भवन्ति।'**[7] अर्थात् अनून्मीलन, अनुदर्शन, अनुभव तथा अनुव्याहरण। ये अनुकीर्तन की चार अवस्थाएँ हैं। चारों अनुकीर्तनों को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि कविमानस में जीवन का प्रथम उन्मेष अनून्मीलन है। जीवन के इस उन्मेष का कवि के द्वारा अपनी रचनाप्रक्रिया में दर्शन ही अनुदर्शन है। अनुदृष्ट स्थितियों के निरूपण के लिए शब्द और अर्थ के द्वारा वस्तु तथा रूप का आविष्कार अनुभव

है। अनुभूत दशाओं का शब्दों से स्फुट कथन अनुव्याहरण है। इन्हीं चारों अनुकीर्तनों को ही परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी का नामान्तर कहा गया है।

चारों अनुकीर्तनों के विनियोग से तीनों प्रकार के लोक विश्व काव्य में परिपूर्ण रूप से व्यक्त होने को प्रो. त्रिपाठी काव्य की परिपूर्णता मानते हैं। तथा इसी को वे अलङ्कार मानते हैं। इसी कारण वे अलङ्कार को ही काव्य मानते हैं। इस सन्दर्भ में उनका कथन है कि 'ऐतेषामनून्मीलनानुदर्शनानुभवानुव्याहरणानां विनियोगात् समुल्लसितैराधिभौतिकाधि-दैविकाध्यात्मिकलोकैः काव्यविश्वं पूर्णतां याति। अत उक्तम्–तेनास्य पूर्णतेति। पूर्णता चालङ्कारः। तेन वस्तुतोऽलङ्कार एव काव्यम्।'[8] अनून्मीलन, अनुदर्शन, अनुभव तथा अनुव्याहरण के विनियोग से आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक विश्वकाव्य में परिपूर्ण रूप से व्यक्त होते हैं। इसी को काव्य एवं अलङ्कार कहा गया है। इस प्रकार से आधुनिक काव्यशास्त्रियों में 'काव्यालङ्कारकार' श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी के बाद प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी अलङ्कार सम्प्रदाय की स्थापना करते हुए कहते हैं कि – **'तेन अलङ्कार एव काव्यम्'।**

इस प्रकार से अभिराजराजेन्द्र मिश्र के अभिराज यशोभूषण, कुन्तक के वक्रोक्तिजीवित, विद्यानिवासमिश्र के मत, पिङ्गल के छन्दशास्त्र, ध्वन्यालोक की लोचनटीका वेद तथा ब्राह्मण ग्रन्थों के खण्डन तथा मण्डन से प्रो. त्रिपाठी ने लोकानुकीर्तन ही काव्य है– इस लक्षण को युक्तियुक्त प्रमाणित किया है तथा उक्त आचार्यों की अन्विति पर भी विचार किया है।

काव्यलक्षण बताकर प्रो. त्रिपाठी काव्यप्रयोजन को इस प्रकार कहते हैं :– **'मुक्तिस्तस्य प्रयोजनम्।'**[9] अर्थात् काव्य का प्रयोजन मुक्ति है। और वह मुक्ति तीन प्रकार की सृष्टियों के कारण तथा तीन प्रकार की चेतना के आधार पर तीन प्रकार की है। इसीलिए इन्होंने कहा है कि– **'सृष्टेश्चेतनायास्त्रैविध्येन सा त्रिधा त्रिधा।'** इस प्रकार से मुक्ति तीन प्रकार की होती है। आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक। आधिभौतिक को वृत्ति में बताया है कि– "आधिभौतिकदृशा सर्वे सुखिनो भवन्तु, सर्वे लभन्तां शरीरपोषणार्थं सम्यगन्नपानादिकम्, शरीररक्षायै उचितं भवनं वासांसि चेति आधिभौतिकी मुक्तिः।" आधिदैविक मुक्ति को वे कहते हैं कि– 'सर्वेषां जन्तूनां मानसिकी रुग्णता आधयो वा नश्यन्ताम् , मनांसि प्रसादमायान्तु, निष्कलुषानि च भवन्त्विति आधिदैविकी मुक्तिः।' और आध्यात्मिकी मुक्ति है– "आत्मनि स्वरूपावस्थानं आध्यात्मिकी मुक्तिः।" ये तीनों प्रकार की मुक्ति काव्य के द्वारा साहित्यिक साधना करके प्राप्त की जा सकती है।

इसी प्रकार चेतना भी तीन प्रकार की होती है– व्यक्तिगत, समाजगत और ब्रह्माण्डगत। इस दृष्टि से मुक्ति वैयक्तिक, सामाजिक और ब्रह्माण्डीय तीन प्रकार की होगी। ये छः प्रकार की मुक्तियाँ परस्पर एक दूसरे से अनुषक्त रहती है। **'अनुषक्तत्वं चासाम'**[10] इसका कारण बताते हुए वे कहते हैं कि एक मुक्ति के बिना दूसरी नहीं होती। व्यक्ति के बिना समाज नहीं होता, समाज के बिना व्यक्ति नहीं होता, और व्यक्ति तथा समाज के बिना विश्व नहीं होता। 'अतएव केवलाया व्यक्तेर्मुक्तिर्नभवति।'[11] इसीलिए इन्होंने आवरणभङ्ग को मुक्ति कहा है तथा

सङ्कुचितप्रमातृत्व को ही आवरण तथा कवि और सहृदय को प्रमाता कहा है।[12] इसको स्पष्ट करते हुए प्रो. त्रिपाठी वृत्ति में कहते हैं कि – "काव्यस्य श्रवणेन पाठेन नाट्यस्य विलोकनेन अन्यासां च कलानां प्रत्यक्षेण प्रमातुः सहृदयस्य चैतन्यमानन्त्यमुपयाति। अयमानन्त्यानुभव एव मुक्तिः। यदाहुः– तदत्यन्तविमोक्षोऽपवर्ग इति, तद्सत्। न लोके केनाप्येतादृशः सुखदुःखेभ्य आत्यन्तिकः शाश्वतिको वा मोक्षो दृष्टः। काव्यानुभूतौ तु मुक्तेरनुभवः प्रत्यक्ष एव सचेतसाम्। काव्यं रचयित्वा कवेरपि मुक्तिः, भावयित्वा च सहृदयस्यापि। अत एवोक्तम् – प्रमाता कविः सहृदयश्च।"

काव्यप्रयोजन का निरूपण कर लेने के पश्चात् प्रो. त्रिपाठी काव्यकारण का निरूपण करते हैं। प्रो. त्रिपाठी ने काव्य का कारण जागरिता प्रतिभा को माना है **'जागरिता प्रतिभा तस्य कारणम्'।** इनके अनुसार प्रतिभा दो प्रकार को होती है– संस्काररूपा और जागरिता। संस्काररूपा प्रतिभा चराचर सम्पूर्ण जगत् में सर्वत्र व्याप्त है। अर्थात् संस्काररूपा प्रतिभा सभी में होती है। परन्तु जागरिता प्रतिभा स्पन्दशील होने के कारण प्रो. त्रिपाठी ने इसे कवि की प्रतिभा माना है। और इन्होंने इसी जागरिता प्रतिभा को ही काव्य का कारण माना है। और कहा है कि स्पन्द कवि प्रतिभा का स्वभाव है। अब प्रश्न उठता है कि जागरिता प्रतिभा क्या है तथा यह कवि में स्पन्द के रूप में आती कैसे है? इसको स्पष्ट करते हुए प्रो. त्रिपाठी कहते हैं – 'काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थितिर्जागरणम्।'[13] तथा गुरूपदेश, लोकशास्त्र आदि का अध्ययन काव्य का अभ्यास, कविगोष्ठियां, सहृदय जनों की सङ्गति, प्रसङ्गविशेष और घटना विशेष जागरण का कारण होते हैं।

काव्य का कारण निरूपण कर लेने के पश्चात् प्रो. त्रिपाठी काव्यभेद को बताते हैं। वे प्राचीन काव्यशास्त्रियों के समान ही काव्य के चार भेद बताते हैं। परन्तु उनकी व्याख्या नये तरीके से करते हैं। उनके अनुसार काव्य के भेद चार हैं– **'उत्तमोत्तमम्, उत्तमम् , मध्यमम् , अवरञ्च। सर्वाङ्गीणं जीवनं निर्दिशत् महावाक्यं प्रथमम्, जीवनस्यैकदेशं निर्दिशद् द्वितीयम्, वस्तुविशेषं मनःस्थितिविशेषं वा प्रकाशयन्मध्यमम्, पदार्थमात्रपर्यवसितं त्ववरम्।'**[14] अर्थात् काव्य के उत्तमोत्तम, उत्तम, मध्यम तथा अवर–ये चार भेद बताये गये हैं। जीवन के सर्वांगीण रूप का निरूपण करने वाला महावाक्यात्मक काव्य उत्तमोत्तम है, उसके एक देश का निर्देश करने वाला उत्तम, वस्तुविशेष या मनःस्थितिविशेष को प्रकट करने वाला मध्यम तथा पदार्थ मात्र पर्यवसित काव्य अवर है। महावाक्य को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि – **'नानादिक्कालावच्छिन्नानां वाक्यानां पुरुषार्थप्रवर्तकः समूहो महावाक्यम्।'** प्रो. त्रिपाठी ने महावाक्य को स्पष्ट करने के लिए विश्वनाथकविराज का उद्धरण दिया है 'वाक्योच्चयो महावाक्यं'[15] अर्थात् वाक्यों का समूह महाकाव्य है। इसको स्पष्ट करते हुए प्रो. त्रिपाठी वृत्ति में कहते हैं कि 'तत्र यथा वाक्ये अर्थैकत्वं तथैव वाक्यानां समुच्चयेऽपि एकवाक्यतायां सत्यां महावाक्यं जायते। प्रबन्धे तु तेषु तेषु सर्वेषु प्रकरणेसु वा प्रयुक्तान्यपि वाक्यानि एकवाक्यतां साधयन्ति।[16] एकवाक्यता को भी स्पष्ट करते हुए वे कहते हैं कि एकवाक्यता दो प्रकार की है–

पदैकवाक्यता और वाक्यैकवाक्य। जिस प्रकार से वाक्यों के विभिन्न पदों में अङ्गाङ्गिभाव, गुणगुणिभाव, शेषशेषिभाव, उपकार्योपकारकभाव और विशेषण विशेष्य भाव होता है, उसी प्रकार से महावाक्य के उन-उन वाक्यों में भी होता है। इस सन्दर्भ में प्रो. त्रिपाठी ने कुमारिल भट्ट की निम्न कारिका को उद्धरण रूप में प्रस्तुत किया है –

**स्वार्थावबोधसमाप्तानामङ्गाङ्गित्वव्यपेक्षया।**
**वाक्यानामेकवाक्यत्वं पुनः संहत्य जायते।।**

यह कारिका तन्त्रवार्तिक का है तथा इसे विश्वनाथ कविराज ने भी उद्धृत किया है। इसका आशय है कि- अपने-अपने अर्थबोध में समाप्त वे सभी पद-सन्दर्भ रूप 'वाक्य' जब परस्पर अङ्गाङ्गि भाव-सम्बन्ध से सम्बद्ध हो जाते हैं तब 'एक वाक्य' अथवा महावाक्य रूप में दिखायी दिया करते हैं।

महाकाव्य को दूसरे प्रकार से समझाते हुए प्रो. त्रिपाठी कहते हैं कि जिस प्रकार से चतुरङ्गिणी सेना में रथसैन्य, हस्तिसैन्य, अश्वसैन्य, तथा पदातिसैन्यों का सामूहिक रूप से एक ही भाव विजय प्राप्त करता रहता है। इसके लिए वे व्यूह रचना करते हैं उसी प्रकार महावाक्यों में वाक्यों की स्थिति रहती है। जिस प्रकार युद्ध में सैनिकों के अनेक प्रकार अनेक व्यूहों के द्वारा एक दूसरे से जुड़े रहते हैं उसी प्रकार से वाक्यों के समुच्चय भी मिलकर प्रबन्ध की एकवाक्यता का निर्माण करता है। इसके लिए प्रो. त्रिपाठी ने माघ के द्वारा किये गये कृष्ण-शिशुपाल युद्ध वर्णन में दिये गये श्लोक को, जिसमें कहा गया है कि जिस प्रकार महावाक्य होता है, उसी प्रकार का व्यूह कृष्ण की सेना द्वारा रचा गया था कि उपमा का उद्धरण प्रस्तुत किया है–

**'श्लोकैरिव महावाक्यं व्यूहैस्तदभवद् बलम्।[17]'**

चूंकि प्रो. त्रिपाठी अलङ्कारवादी आचार्य हैं। इसलिए इन्होंने काव्यभेद में महाकाव्य की ही तरह महालङ्कार वाले काव्य को भी उत्तमोत्तम कहा है। इनका कहना है "नानावाक्यानि व्यष्टिगतानि तेषां समुच्चयश्च समष्टिं समुन्मीलयति। भवितुमर्हन्ति च एतेषु नानावाक्येषु पृथक् पृथग् अलङ्काराः। ते सर्वेऽप्यलङ्काराः सम्भूय काव्यस्य अलङ्कारत्वं साधयन्ति। एतच्च महालङ्कारत्वं काव्यस्य भवति चात्र श्लोक :–

**नानालङ्कारसम्मर्दो महालङ्कृतये भवेत्।**
**महावाक्यं लसेत् काव्यमेकवाक्यतयान्वितम्।।**
**सम्मर्दो वा व्यतिकरः सम्भेदः सम्प्लवोऽथवा।**
**अलङ्कारविशेषाणां काव्ये तावदपेक्ष्यते।।[18]**

आगे वे लिखते हैं कि काव्य में निष्पद्यमान अलङ्कार सामान्य तथा विशेष भेद से दो प्रकार का होता है। इनके अनुसार– "अलङ्कारसामान्यं तु सर्वव्यापि काव्ये सर्वत्रानुस्यूतं च। अलङ्कारविशेषास्तावद् विभिद्यन्ते। तद्दृशा एवेह उक्तम्– अलङ्कारसम्मर्दो महालङ्कृतये भवेदिति। न हि एकेनैवालङ्कारविशेषेण निष्पद्यते उत्तमकाव्यम्। वस्तुतः एकस्मिन्नलङ्कारे प्रयुज्यमाने

स्वत: परापतन्ति तत्सहचरभूता इतरे अलङ्कारा:।" इसीलिए प्रो. त्रिपाठी काव्य में, अलङ्कारव्यतिकर, अलङ्कारसम्भेद या अलङ्कारसम्प्लव को सर्वथा आवश्यक मानते हुए काव्य की समग्रता में अलङ्कार का प्रकार्य प्रतिपादित किया है।

उनका कहना है कि महावाक्य, महालङ्कार से युक्त काव्य ही उत्तमोत्तम काव्य है –

**महालङ्कारघटितं महावाक्यसमन्वितम्।**
**उत्तमोत्तमं भवेत् काव्यं पुरुषार्थप्रवर्तकम्।।**[19]

रामायण तथा महाभारत के अतिरिक्त – अभिज्ञानशाकुन्तलम्, उत्तररामचरितम् , शेक्सपीयर के शोकान्तनाटक, टॉलस्टाय कृत 'वार एण्ड पीस' उपन्यास तथा अन्य इसी प्रकार के प्रबन्धों को उन्होंने उत्तमोत्तम काव्य कहा है।

जीवन के एक पक्ष और शास्त्र के एक देश द्वारा निर्देशित दशाविशेष और प्रसङ्गविशेष निरूपित करने वाला कमनीय कल्पनाविलास वाला मनोहर काव्य उत्तमकाव्य है। प्रो. त्रिपाठी ने भारवि, माघ, श्रीहर्ष, रत्नाकर, जैसों के महाकाव्य हिन्दी भाषा के प्रसाद कवि की कामायनी, आधुनिक कवियों में रेवाप्रसाद द्विवेदी का उत्तरसीताचरितम्, अभिराजराजेन्द्रमिश्र का जानकीजीवनं को उत्तमकाव्य कहा है। तथा जो काव्य पदार्थ विशेष वैचित्र्य का निदर्शक, मात्र मनोदशा का ही प्रकाशक हो उस काव्य को मध्यम तथा शब्दाडम्बर से संकुल, प्रतिभा की दरिद्रता से युक्त बहुत कम सुभाषितों वाला काव्य अवर है।

प्रो. त्रिपाठी ने चार प्रकार के काव्यों की रचना करने वाले कवियों को भी चार प्रकार का बताया है। उनके अनुसार उत्तमोत्तम काव्य की रचना करने वाला कवि सिद्ध होता है, उत्तम काव्य का प्रणेता साधक, मध्यम की रचना करने वाला आभ्यासिक तथा अवर काव्य बनाने वाला कवि घटक हुआ करता है। इन कवियों की अपनी-अपनी रचना प्रवृत्ति होती है। जैसे नाटक-प्रकरण-महाकाव्य-कथाऽऽख्यायिका, वृहत्कथा, उपन्यास आदि काव्यविधा को करने वाले सिद्ध कवि हैं। खण्डकाव्य, सङ्घात, कुलक, प्रहसन, भाण, व्यायोग, समवकार, डिम, इहामृगाङ्ग, वीथी, एकांकी आदि की रचना करने वाला साधक कवि है।

प्रो. त्रिपाठी चार प्रकार के समीक्षक मानते हैं ये तत्त्वाभिनिवेशी, विषयनिष्ठ, विषयीनिष्ठ तथा सतृणाभ्यवहारी हैं। इनकी भी समीक्षाप्रवृत्ति तदनुसार उत्तमोत्तम काव्य या सिद्ध आदि कवियों के समालोचन में होती है। अन्य आचार्यों के द्वारा प्रतिपादित भावक की कोटियों का इन्हीं में अन्तर्भाव या इनके द्वारा निराकरण हो जाता है।

अभिनवकाव्यालङ्कार सूत्र में काव्य भेद बतलाकर शब्दव्यापारनिरूपण किया गया है। प्रो. त्रिपाठी शब्द का एक ही व्यापार मानते है। वह सङ्केत व्यापार है–

**शब्दस्यैकैव व्यापारः सङ्केत इति यो मतः।**
**वृत्तयस्तु त्रिधा तस्य लोकत्रयसमन्विताः।।**[20]

उनका कहना है अभिधा, लक्षणा तथा व्यञ्जना आदि वृत्तियाँ इसी सङ्केत व्यापार के भेद है। ये वृत्तियाँ आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक जगत् को उन्मीलित करती है।

वाच्य, लक्ष्य तथा व्यङ्ग्य अर्थों का समवाय काव्य की श्रेष्ठता का साधक है। अङ्गाङ्गिभाव, उपकार्योपकारकभाव तथा परस्परस्पर्धाधिरोह– ये तीन इन वाच्यादि अर्थों के सहभाव की अवस्थाएँ हैं। इनमें परस्पर स्पर्धाधिरोह की स्थिति श्रेष्ठ है। इन्हें प्रो. त्रिपाठी ने अपने शब्दों में इस प्रकार कहा है–

**आकाशे त्वविनश्वरं विनिहितः शब्दो हि सन्तिष्ठते।**
**शब्दः सम्प्लवते त्वपारजलधावर्थस्य नौकासमम्।**
**शब्दो मानसरोवरं ह्युडुपवन्मे मानसं गाहते।**
**कृष्टज्ये धनुषि प्रधारितशरः शब्दश्च सन्धीयते।।**
**आदौ रिङ्गति चाभिधावसुमतीपृष्ठे स सङ्केतितं**
**प्राप्यार्थं रभसा विमुञ्चति धरां वृत्तिं श्रयंलक्षणाम्।।**
**दीर्घाद् दीर्घतरं रयं प्रकटयन् व्यक्त्या प्रकृष्टः पुन-**
**र्व्योम्नोऽनन्तपथं प्रयाति सहजं शब्दो विमानप्रभः।।**

इनका कहना है कि अलङ्कार तो काव्य के सभी अर्थों में होता है। यही काव्य का अपना धर्म है। इसके लिए उन्होंने उद्धरण दिया है कि जिस प्रकार से अग्नि उष्णता के बिना नहीं हो सकती है, उसी प्रकार अलङ्कार के बिना काव्य भी नहीं हो सकता। अपने इस कथन को जयदेव की निम्नलिखित पंक्ति से प्रो. त्रिपाठी ने पुष्ट भी किया है–

**अङ्गीकरोति यः काव्यं शब्दार्थावनलङ्कृती।**
**असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलङ्कृती।।**[21]

वाच्य, लक्ष्य तथा व्यङ्ग्य का भी प्रो. त्रिपाठी अलङ्कार के द्वारा ही समाधान करते हैं इसके लिये वे मम्मटादि के मतों का खण्डन भी करते हैं। इसके लिए यह श्लोक उन्होंने दिया है–

**वाच्यं लक्ष्यं तथा व्यङ्ग्यं समं व्याप्यावतिष्ठते।**
**अतिशय्य तथा तांश्च काव्येऽलङ्कार एव सः।।**
**समं समविभक्ताङ्गः काव्यसर्वाङ्गसौष्ठवे।**
**काव्यं च सर्वतो वृत्वाऽलङ्कारश्च महीयते।।**
**विचित्र एव सम्बन्धो रूपेण सह वस्तुनः।**
**क्वचिद् रूपं जनिं याति रचनारम्भणे पुरः।**
**यथा रेखासु वर्णानां विन्यासैराकृतिर्भवेत्।**
**तथा रूपे समुदिते विन्यस्तं वस्तु जायते**
**क्वचिद् वस्तु कवेः पूर्वं मानसे विद्यते पुरः।**
**तन्निधाने यथापात्रं रूपमस्याथ कल्प्यते।।**

आगे उन्होंने कहा है कि काव्य में रूप और वस्तु का सम्बन्ध भी तिलतण्डुलवत्, गोशृङ्गसदृश तथा नीरक्षीरसम रूप से तीन प्रकार का हो सकता है। इनमें उत्तरोत्तर सम्बन्ध श्रेयान् है। परस्पर स्पर्धाधिरोह के द्वारा प्रो. त्रिपाठी ने शब्द और अर्थ में द्वन्द्वात्मक सम्बन्ध भी

स्वीकार किया है। काव्य में व्यक्त आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक सत्ताओं का पारस्परिक सम्बन्ध पद, पदार्थ और वाक्यार्थों की भांति होता है।

शब्दव्यापार का निरूपण कर लेने के उपरान्त प्रो. त्रिपाठी ने काव्य में शास्त्रसङ्गति का विचार किया है। उनके अनुसार – **''त्रिविधा शास्त्रसङ्क्रान्तिः। समवेता आरोपिता बलादानीता च।। साङ्कर्यं, संसृष्टिः ईषत्स्पृष्टत्वमभावश्चेति चतस्रोऽवस्थाः शास्त्रावस्थानस्य।।''**[22] अर्थात् काव्य में शास्त्रसङ्क्रान्ति तीन प्रकार की होती है– समवेता सङ्गता, तथा बलादानीता। समवेता सागर में तरङ्गों की उछाल के समान होती है। जिस प्रकार सागर में तरङ्गें स्वतः आलोडित होती हैं। उसी प्रकार शास्त्रतत्व कवि मानस में आलोडित होती रहती है। इनमें प्राचीन शास्त्रों के विचार और अदृष्टपूर्व विचारतत्व भी उद्गत हो सकते हैं। कवि प्रतिभा अपना शास्त्र स्वयं रच लेती है और ऐसी प्रतिभा के द्वारा रचा काव्य स्वतः प्रमाण है। सङ्गता भोजन में लवण के समान शास्त्रतत्व बाहर से सम्मिश्रित होकर भी पृथक से पहचान नहीं रखते। तथा बलादानीता फटे वस्त्र में लगाये गये पैबन्द के समान शास्त्रतत्त्व कविता में अलग से झलकता है। इनमें पूर्व–पूर्व स्थिति श्रेयसी है। काव्य में शास्त्र का समावेश काव्यसमयान्तः पाती बनाकर या कविता की अपनी शर्तों पर ही किया जाना चाहिए। उनका कथन है समवेता में विचार तत्त्व रचना में वैसे ही आविर्भूत होता है, जिस तरह वनस्पतियों में प्ररोहकाल में रव स्वतः आ जाता है। सङ्गता में अन्न को पकाने के समय मिलाये जाने वाले विविध व्यञ्जनों या मसालों के समान रचना में विचार तत्त्व का आधान किया जाता है। बलादीनता को प्रो. त्रिपाठी ने उच्छिष्टरूप में परान्न के लिए स्वीकार किया है। प्रो. त्रिपाठी ने काव्य शास्त्रपूर्वक ही होता है राजशेखर के इस मत का खण्डन करके, काव्य और शास्त्र के परस्पर उपकार्योपकारकभाव सम्बन्ध को इस शास्त्र में स्वीकार किया है।

इस प्रकार से अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् में प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी ने अलङ्कारतत्त्व को भूषण, वारण और पर्याप्ति कि विविध प्रक्रिया की सृष्टि के त्रिविध स्तरों आधिदैविक, आधिभौतिक तथा आध्यात्मिक के सन्दर्भ में राजशेखर, भोज तथा मम्मटादि के विचारों का खण्डन तथा मण्डन करके पुनर्व्याख्या के साथ काव्यस्वरूप को प्रस्तुत किया है। इन्होंने काव्यस्वरूप बताते समय यह सिद्ध कर दिया है कि अलङ्कार के बिना काव्य का अस्तित्व ही नहीं हो सकता तथा सभी वाक्यों तथा महावाक्यों में अलङ्कार को स्वीकार करते हुए स्पष्ट किया है कि काव्य का भेद भी इसी पर निर्भर है। इसमें कहीं–कहीं तो अलङ्कार की अतिशयता भी प्रतीत होती है। जो भी हो मध्यकालीन काव्यशास्त्रियों ने जिस चिन्तन की धारा को छोड़ दिया था, तथा जिसे 'काव्यालङ्कारकारिकाकार' रेवा प्रसाद द्विवेदी ने पुनः आधुनिक काव्यशास्त्र में स्थापित किया था, उसी अलङ्कार सम्प्रदाय को आगे बढ़ाने का कार्य प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी ने किया है। उनकी प्रस्तुत कृति के अध्ययन कर लेने से मुझे भी ऐसा प्रतीत होने लगा है कि काव्य का आत्मतत्त्व अलङ्कार ही है।

**सन्दर्भ :-**

1. 'अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम्'– डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी– पृष्ठ–1
2. 'लोकोनाम जनपदवासी जन:। जनपदश्चदेश एव– नाट्यशास्त्र– 13/69 अभिनव भारती व्याख्या।
3. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् – डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी, कारिका– 1.1.2–3
4. स चतुर्धा बभौ व्यस्त: प्रसव: पृथिवीपते:।
   धर्मार्थकाममोक्षाणामवतार इवाङ्गभाक्।।
   – रघुवंश– 10/84
5. ऋग्वेद– 1.164.45
6. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम्–1.1.7
7. वही– पृ. 7
8. वही– पृ. 8
9. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् – 1.2.1
10. अभिनवकाव्यलङ्कारसूत्रम् – 1.2.3
11. वही– पृ. 16
12. वही– 1.2.4–6
13. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् – पृ. 18
14. वही– 1.4.2–3
15. साहित्यदर्पण– 2.1
16. अभिनवकाव्यालंकारसूत्रम् – पृ. 20
17. वही– पृ. 21
18. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् – पृ. 21
19. वही पृ. 22
20. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् – पृ. 29
21. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् – पृ.30
22. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् – 1.6.1–2

**सन्दर्भ ग्रन्थसूची**

1. Natyasastra of Bharatamuni with the commentary- Abhinavabharti By Abhinavaguptacarya सम्पादक– Dr. K. Krishna Moorthy, Oriental Institute Vadodara 1992
2. कालिदासग्रन्थावली, सम्पादक–रेवाप्रसाद द्विवेदी, काशी हिन्दू वि.वि. वाराणसी 1986,

3. साहित्यदर्पण–विश्वनाथकविराजप्रणीत, व्याख्याकार–डॉ. सत्यव्रत सिंह, चौखम्भा विद्याभवन वाराणसी सं. 2005
4. काव्यप्रकाश–मम्मट, सम्पादक–रेवाप्रसाद द्विवेदी, काशी हि.वि.वि. वाराणसी, संस्कण–1981
5. ऋग्वेद–डॉ. गोविन्द चन्द पाण्डेय, लोक भारती इलाहाबाद, प्रथम संस्करण–2008
6. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् – डॉ. राधाबल्लभ त्रिपाठी, प्रथम संस्करण

❐❐

# पाणिनीय व्याकरणशास्त्र में ह्रस्व अकार के आभ्यन्तर प्रयत्न पर एक विमर्श तथा अवर्ण के विवृत एवं संवृत के आधार पर भेद

-प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी

**सारांशः**

*(अस्मिन् शोधपत्रे अवर्णस्य संवृतविवृतभेदेन भेदं प्रदर्श्य संवृतस्य अवर्णस्य अपि एकमात्रिकं द्विमात्रिकं त्रिमात्रिकं रूपं संस्कृते प्रयुज्यते इति प्रतिपादितं वर्तते। यद्यपि संवृतस्य अवर्णस्य द्विमात्रिकं रूपं 'दीर्घः' इति पदेन त्रिमात्रिकं च रूपं 'प्लुत' इति पदेन न अभिधीयते। एवमेव विवृतस्य अवर्णस्य अपि त्रिविधमपि रूपं भवति इति प्रतिपादितमस्ति। दीर्घप्लुतरूपेण तु विवृतस्य अवर्णस्य प्रसिद्धिर्वर्तते एव किञ्च एकमात्रिकमपि विवृतं भवति इत्यपि निरूपितम् । इत्थं च व्याकरणशास्त्रे अवर्णस्य भेदप्रतिपादने तावद् अवर्णस्य अष्टादश भेदाः व्याकरणशास्त्रोपयोगदृष्ट्या प्रदत्ताः सन्ति, न तु संस्कृतस्य ध्वनिविज्ञानदृष्ट्या। संस्कृतस्य ध्वनिविज्ञानदृष्ट्या संवृतविवृतयोरुभयोरपि अवर्णयोः एकमात्रिक-द्विमात्रिक-त्रिमात्रिकभेदेन भेदाः स्वीकरणीयाः।)*

पाणिनीय व्याकरण के अध्यताओं को अध्ययन के आरम्भकाल में ही वर्णों के उच्चारण स्थान तथा प्रयत्न का ज्ञान कराया जाता है। ह्रस्व 'अ' के आभ्यन्तर प्रयत्न के विषय में यह बताया जाता है कि ह्रस्व अ का आभ्यन्तर प्रयत्न प्रक्रियादशा में विवृत होता है तथा प्रयोगावस्था में संवृत होता है।[1] अन्य स्वरों का अर्थात् दीर्घ 'आ' एवं प्लुत 'आ3' तथा इकारादि स्वर वर्णों का आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत होता है।[2]

शिक्षाग्रन्थों में ह्रस्व अ तथा दीर्घादि अवर्णों के आभ्यन्तर प्रयत्न के विषय में विचार करने पर निम्नलिखित मत प्राप्त होते हैं –

माण्डूकी शिक्षा एवं पाणिनीय शिक्षा में ह्रस्व 'अ' सहित सभी स्वरों का आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत कहा गया है।[3] वाजसनेयि प्रातिशाख्य के उव्वट एवं अनन्तभट्ट के भाष्य में ह्रस्व 'अ' को संवृत एवं दीर्घ आ तथा प्लुत 'आ3' को विवृत प्रयत्न वाला माना गया है।[4] वर्णरत्नप्रदीपिका शिक्षा में ह्रस्व 'अ' को संवृत तथा दीर्घ 'आ' एवं प्लुत 'आ3' को विवृत माना गया है।[5] चान्द्रवर्णसूत्र में ह्रस्व 'अ' को संवृत तथा दीर्घ 'आ' को अति विवृततम माना गया है।[6] शाकटायन प्रक्रिया संग्रह में ह्रस्व 'अ' को संवृत तथा दीर्घ आ को अतिविवृततम माना गया है।[7]

इस प्रकार माण्डूकी शिक्षा तथा पाणिनीय शिक्षा को छोड़कर अन्य शिक्षाग्रन्थों में ह्रस्व 'अ' को संवृत आभ्यन्तर प्रयत्न वाला माना गया है।

संवृत आभ्यान्तर प्रयत्न का तात्पर्य मुख के संकुचित होने तथा विवृत आभ्यन्तर प्रयत्न का तात्पर्य मुख के खुलने से है। संवृत एवं विवृत आभ्यन्तर प्रयत्न संवार एवं विवार बाह्य प्रयत्नों से भिन्न हैं। संवार एवं विवार बाह्य प्रयत्नों का सम्बन्ध स्वरयन्त्रियों से है।

वस्तुत: व्यवहार में स्वभावत: ह्रस्व 'अ' का आभ्यन्तर प्रयत्न संवृत होता है।

अब विचारणीय है कि पाणिनीय व्याकरण के अनुसार ह्रस्व 'अ' का प्रक्रिया दशा में विवृत प्रयत्न जबकि प्रयोगावस्था में संवृत प्रयत्न क्यों माना गया है।

संस्कृत में ह्रस्व 'अ' का संवृत उच्चारण सहजतया सुना, देखा जाता है। अर्थात् ह्रस्व 'अ' के उच्चारण में मुख कम खुलता है जबकि दीर्घ 'आ' के उच्चारण में मुख अधिक खुलता है इसलिए दीर्घ 'आ' का विवृत उच्चारण होता है, ऐसा कहा जाता है। इसी दृष्टि से ह्रस्व 'अ' संवृत तथा दीर्घ 'आ' विवृत आभ्यन्तर प्रयत्नों वाले माने गए हैं।

पाणिनीय व्याकरण में प्रक्रिया अवस्था में ह्रस्व 'अ' का आभ्यन्तर प्रयत्न संवृत तथा प्रयोगावस्था में विवृत आभ्यन्तर प्रयत्न मानने के पीछे व्याकरणशास्त्रीय हेतु है। पाणिनीय व्याकरण में चतुर्दश सूत्रों में अ इ उ ऋ ऌ स्वर वर्णों के ह्रस्व भेद ही पढ़े गए हैं। ह्रस्व स्वर दीर्घ एवं प्लुत का भी बोध कराता है। पाणिनीय व्याकरण में समान उच्चारण स्थान एवं समान आभ्यन्तर प्रयत्न वाले वर्णों की "तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्" सूत्र द्वारा सवर्ण सञ्ज्ञा की गई है, तथा अविधीयमान अण् एवं उदित् वर्ण (अण् अर्थात् अ इ उ ऋ ऌ य् व् ल् एवं उदित् कु चु टु तु पु) "अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्यय:" सूत्र द्वारा अपने सवर्णों के बोधक माने गए हैं।

ह्रस्व 'अ' का आभ्यन्तर प्रयत्न संवृत तथा दीर्घ 'आ' एवं प्लुत 'आ3' का आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत होने से उक्त व्याकरणशास्त्रीय सवर्णसञ्ज्ञा ह्रस्व अ की अन्य अवर्णों के साथ नहीं हो सकेगी तथा सवर्ण सञ्ज्ञा के अभाव में ह्रस्व 'अ' अपने सवर्णी अन्य प्रकार के अवर्णों का बोध भी नहीं करा सकेगा। इसी समस्या के समाधान के लिए ह्रस्व 'अ' को प्रक्रिया अवस्था में विवृत आभ्यन्तर प्रयत्न वाला माना गया है। चूँकि पाणिनीय प्रक्रिया की दृष्टि से ही ह्रस्व 'अ' को विवृत आभ्यन्तर प्रयत्न वाला मानना आवश्यक है, अत: प्रक्रिया अवस्था में ही इसके आभ्यन्तर प्रयत्न को विवृत माना गया, किन्तु सामान्यत: प्रयोग की दृष्टि से तो वह संवृत आभ्यन्तर प्रयत्न वाला ही स्वीकार किया गया है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा में ह्रस्व 'अ' का सामान्यरूप से स्वाभाविक आभ्यन्तर प्रयत्न संवृत है, किन्तु व्याकरणशास्त्रीय प्रक्रिया में आ रही उक्त कठिनाई को दूर करने के लिए व्याकरण की प्रक्रिया करते समय ह्रस्व 'अ' को विवृत प्रयत्न वाला स्वीकार किया गया है।

अब विचारणीय प्रश्न यह है कि व्याकरणशास्त्रीय प्रक्रिया के लिए ह्रस्व 'अ' का आभ्यन्तर प्रयत्न विवृत मानने का क्या तात्पर्य है। क्या व्याकरणशास्त्रीय प्रक्रिया हेतु उच्चारित

ह्रस्व 'अ' विवृत प्रयत्न वाला उच्चारित होता है या उसे काल्पनिक रूप से विवृत प्रयत्न वाला आरोपित कर दिया गया है। महाभाष्य एवं उसके टीकाग्रन्थों में इस प्रसङ्ग में की गई चर्चा के आधार पर हम कह सकते हैं कि व्याकरणशास्त्र में ह्रस्व 'अ' विवृत के रूप में उच्चारित किया गया है।

उपर्युक्त कथन की पुष्टि हेतु हम यहाँ सर्वप्रथम 'अइउण्' सूत्र के महाभाष्य में उद्धृत वार्तिक "अकारस्य विवृतोपदेश आकारग्रहणार्थ:"[10] का अध्ययन करते हैं। इस वार्तिक पर भाष्यकार ने कहा कि ह्रस्व अकार सवर्ण के ग्रहण से दीर्घ आकार का ग्रहण कर सके इसलिए अ इ उ ण् के 'अ' को विवृत करना चाहिए।[11] पुनः भाष्यकार ने यहाँ एक प्रश्न उपस्थित किया कि क्या 'अ इ उ ण्' का 'अ' विवृत है और उसके विवृत होने का फल वार्तिककार उक्त वार्तिक से प्रस्तुत कर रहे हैं या 'अ इ उ ण्' का 'अ' संवृत है उस विवृत करना चाहिए ऐसा वार्तिककार को अभिप्रेत है।[12] इस प्रश्न के उत्तर में महाभाष्यकार ने स्वयं यह माना कि 'अ इ उ ण्' का 'अ' विवृत ही उपदिष्ट है, वार्तिकार उसके विवृत रूप में उपदिष्ट होने का अन्वाख्यान कर रहे हैं।[13] अपने इस समाधान के पक्ष में महाभाष्यकार ने 'अ अ'[14] सूत्र जो अष्टाध्यायी का सबसे अन्तिम सूत्र है, उसे प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया है। यहाँ एक प्रश्न होना स्वाभाविक है कि संस्कृत में ह्रस्व 'अ' का उच्चारण सामान्यतः स्वाभाविक रूप से संवृत प्रयत्न से किया जाता है तो उसे विवृत कैसे उच्चारित किया जा सकता है। क्या किसी वर्ण के उच्चारण करते समय उसका प्रयत्न परिवर्तन सम्भव है ? इस प्रश्न का समाधान महाभाष्य की टीका महाभाष्यदीपिका में भर्तृहरि के द्वारा इस प्रकार किया गया है – कुछ प्रयत्न तो विशेष सावधानी से भी बदले नहीं जा सकते किन्तु ह्रस्व 'अ' का संवृत प्रयत्न से उच्चारण न करके सावधानी पूर्वक विवृत प्रयत्न द्वारा उच्चारण किया जा सकता है।[15] भर्तृहरि ने भी यह माना है कि महर्षि पाणिनि ने 'अइउण्' के 'अ' को सावधानीपूर्वक विवृतप्रयत्न वाला ही उपदिष्ट किया था। वार्तिककार उसी का उच्चारण कर रहे हैं।[16]

उक्त प्रसङ्ग में महाभाष्य एवं उनकी टीकाओं – महाभाष्यदीपिका, प्रदीप, उद्योत में यह माना गया कि 'अ इ उ ण् ' का 'अ' विवृत के रूप में उपदिष्ट है।[17] नागेशभट्ट ने चतुर्दश सूत्रों के माहेश्वर होने के कारण इस उच्चारण को भगवान् शङ्करकृत या वेदपुरुषकृत कहा है।[18]

उपर्युक्त प्रसङ्ग से यह स्पष्ट है कि संस्कृत में ह्रस्व 'अ' का संवृत उच्चारण स्वाभाविक रूप से होता है किन्तु उसका विवृत उच्चारण भी सावधानी पूर्वक किया जा सकता है। महाभाष्य के अग्रिम प्रसङ्गों में यह भी स्थापित है कि व्याकरणशास्त्र में सवर्णसञ्ज्ञा एवं सवर्णग्राहकता के लिए सर्वत्र ह्रस्व 'अ' का विवृत उच्चारण ही किया गया है। उपर्युक्त प्रसङ्ग से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि संस्कृत में ह्रस्व 'अ' का उच्चारण दो प्रकार से सम्भव है (1) संवृत 'अ' (2) विवृत 'अ'।

अब हम यह विचार करेंगे कि संवृत 'अ' का द्विमात्रिक एवं त्रिमात्रिक उच्चारण संस्कृत में होता है या नहीं। इस विषय पर विस्तृत चर्चा करने से पूर्व पुनः एक बार यह कथनीय है कि

पाणिनीय व्याकरण के अनुसार संस्कृत में ह्रस्व 'अ' संवृत है, जबकि दीर्घ 'आ' एवं प्लुत 'आ3' विवृत हैं। पाणिनि सूत्र के अनुसार किसी स्वर का एकमात्रिक उच्चारण ह्रस्व, द्विमात्रिक उच्चारण दीर्घ तथा त्रिमात्रिक उच्चारण प्लुत कहलाता है। यहाँ यह अवधेय है कि इकार उकार आदि स्वरों के ह्रस्व, दीर्घ तथा प्लुत उच्चारण में केवल मात्राकृत अर्थात् कालकृत भेद ही है। अर्थात् जिस उच्चारणस्थान एवं प्रयत्न से ह्रस्व 'इ' उच्चरित है उससे दोगुनी मात्रा का उसका दीर्घ होगा तथा ह्रस्व 'इ' की तिगुनी मात्रा का उसका प्लुत होगा। ऐसा ही 'उ' एवं ऋ स्वरों के विषय में भी है। ए एवं ओ संस्कृत में द्विमात्रिक ही होते हैं, इनका त्रिमात्रिक उच्चारण प्लुत होगा। अवर्ण के विषय में यहाँ विशेष रूप से अवधेय यह है कि संवृत एवं विवृत आभ्यन्तर प्रयत्न के भेद से अवर्ण दो प्रकार का है।

उक्त सन्दर्भ में प्रथमतः वाजसनेयि प्रतिशाख्य का सूत्र – ''संयोगपूर्वव्यञ्जनान्तावसानगताः स्वरा द्विमात्राः''[19] तथा उस पर उव्वट भाष्य उपस्थानीय है। उक्त वाजसनेयि प्रतिशाख्य–सूत्र के अनुसार संयोगपूर्व, व्यञ्जनान्त तथा अवसानगत स्वर द्विमात्र होते हैं। उक्त सूत्र एकमात्र स्वरों को कहाँ पर द्विमात्र पढ़ना चाहिए इस पर शुक्लयजुर्वेद की उच्चारण परम्परा के आधार पर नियम प्रदर्शित कर रहा है। इस सूत्र की व्याख्या करते हुए उव्वट ने लिखा – ''एते स्वराः द्विमात्रकालाः भवन्ति, न तु दीर्घाः। गुरव एते भवन्ति। अत्रोच्यते गुरवो द्विगुणकालाः।[20] अनन्तभट्ट ने भी अपनी व्याख्या में लिखा – द्विमात्राः स्युः। गुरुसञ्ज्ञा भवन्ति, न तु दीर्घा भवन्तीत्यर्थः।'' उक्त दोनों टीकाकारों ने द्विमात्र एवं दीर्घ में अन्तर किया है। इन्होंने द्विमात्र को गुरु कहा किन्तु दीर्घ नहीं कहा है।

उपर्युक्त उव्वट एवं अनन्त भट्ट के कथन से स्पष्ट है कि द्विमात्र होकर भी कोई स्वर हो सकता है दीर्घ न हो। कोई स्वर द्विमात्र होकर भी दीर्घ न हो इस कथन का क्या आशय है यह विचारणीय है। संवृत अवर्ण के भी एकमात्रिक द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक भेद होते हैं तथा विवृत अवर्ण के भी एकमात्रिक द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक भेद होते हैं। ह्रस्व 'अ' एक ऐसा स्वर है जिसके द्विमात्र उच्चारण एवं दीर्घ उच्चारण में स्पष्टतः अन्तर किया तथा सुना भी जा सकता है। ह्रस्व 'अ' का संवृत उच्चारण तथा पुनश्च उसी संवृत का द्विमात्रिक संवृत उच्चारण अ२ उसके विवृत दीर्घ 'आ' के उच्चारण से भिन्न है।

यहाँ एक बात और भी ध्यातव्य है कि पाणिनि सूत्र ''ऊकालोऽज्झस्वदीर्घप्लुतः'' द्वारा एकमात्रिक द्विमात्रिक त्रिमात्रिक को क्रमशः ह्रस्व दीर्घ प्लुत सञ्ज्ञा का जो विधान है उसे ह्रस्व संवृत 'अ' के द्विमात्रिक उच्चारण से पृथक् करके देखना चाहिए। जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है कि पाणिनि व्याकरण में दीर्घ 'आ' विवृत ही माना गया है, जो कि इस बात को दर्शाता है कि किसी ह्रस्व संवृत 'अ' का द्विमात्रिक संवृत उच्चारण उसके दीर्घ रूप जो विवृत प्रयत्न वाला होता है उससे अलग है। यह बात केवल अवर्ण के सम्बन्ध में विशेष रूप से लागू होती है क्योंकि ह्रस्व 'अ' का द्विमात्रिक होना तथा उसका दीर्घ होना दोनों अलग बातें हैं। 'अ' का दीर्घ होना उसका विवृत के रूप में ही द्विमात्र उच्चारण है, जिसे हम 'आ' इस रूप में सङ्केतित

कर सकते हैं। इसी प्रकार संवृत 'अ' का त्रिमात्रिक उच्चारण भी सम्भव है जिसे अ3 के रूप में लिखा जा सकता है। अन्य स्वर जैसे इवर्ण उवर्ण ऋवर्ण के एकमात्र के उच्चारण के स्थान पर यदि द्विमात्रिक उच्चारण किया जाए तो विना किसी प्रयत्न भेद से केवल कालभेद से ही ह्रस्व दीर्घ भेद हो जाएंगे।

इस सन्दर्भ में पुनः एक बार 'अ इ उ ण् ' सूत्र के महाभाष्य के सम्बद्ध प्रसङ्ग की चर्चा करते हैं। यहाँ यह विचार करेंगे कि वार्तिककार महर्षि कात्यायन तथा महाभाष्यकार महर्षि पतञ्जलि के अनुसार संवृत 'अ' के द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक संवृत उच्चारण संस्कृत में होते हैं या नहीं।

वार्तिककार ने 'अइउण्' के 'अ' को विवृत मानने का एक अन्य प्रयोजन भी बताया है और वह है "दीर्घप्लुतवचने च संवृतनिवृत्त्यर्थः"[22] अर्थात् संवृत ह्रस्व 'अ' के स्थान पर व्याकरणशास्त्र द्वारा दीर्घ या प्लुत करने पर संवृत दीर्घ या प्लुत न हों, क्योंकि यदि स्थानी संवृत होगा तो आदेश भी आन्तरतम्य से संवृत ही होगा। अतः 'अइउण्' के 'अ' को विवृत ही पढ़ा गया है। उक्त वार्तिक से यह स्पष्ट है कि वार्तिककार यह मानते हैं कि संवृत 'अ' को दीर्घ आदेश करने पर संवृत द्विमात्रिक 'अ2' तथा प्लुत आदेश करने पर संवृत त्रिमात्रिक 'अ3' हो सकते हैं। अर्थात् वार्तिककार के अनुसार संवृत 'अ' का भी द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक रूप होता है, किन्तु व्याकरण से जब संवृत ह्रस्व 'अ' को दीर्घ एवं प्लुत का विधान किया जाता है तब संवृत द्विमात्रिक 'अ2' अभीष्ट न होकर विवृत द्विमात्रिक 'आ' ही अभीष्ट होता है। इसी प्रकार से संवृत 'अ' का त्रिमात्रिक संवृत 'अ3' रूप भी होता है किन्तु व्याकरणशास्त्र से संवृत ह्रस्व 'अ' को भी जब प्लुत होता है तब वह त्रिमात्रिक संवृत 'अ3' अभीष्ट न होकर विवृत प्लुत 'आ 3' ही अभीष्ट होता है। अतः संवृत 'अ' को व्याकरणशास्त्र में दीर्घ एवं प्लुत करने पर संवृत द्विमात्रिक एवं संवृत त्रिमात्रिक न हों, अपितु विवृत द्विमात्रिक तथा विवृत त्रिमात्रिक ही हों, इसलिए भी 'अ इ उ ण्' का 'अ' तथा व्याकरणशास्त्र में ह्रस्व 'अ' विवृत ही है ऐसा मानना आवश्यक है। यह आशय है वार्तिककार महर्षि कात्यायन का।

महाभाष्यकार पतञ्जलि वार्तिककार के उक्त कथन से सम्मत नहीं हैं। महर्षि पतञ्जलि कहते हैं कि लोक और वेद में कहीं भी संवृत दीर्घ एवं प्लुत नहीं होते, दीर्घ एवं प्लुत विवृत ही होते हैं अतः संवृत 'अ' को भी जब दीर्घ या प्लुत होंगे तो वे विवृत होंगे। अतः कात्यायन के उक्त वार्तिक – "दीर्घप्लुतवचने च संवृतनिवृत्त्यर्थः" की आवश्यकता नहीं है।[23]

अब हम दोनों महर्षियों के उक्त मतभेद के कारण पर चर्चा करते हैं। महर्षि कात्यायन यह मानते हैं कि लोक एवं वेद में संवृत 'अ' जिस प्रकार एकमात्रिक है वैसे ही द्विमात्रिक एवं त्रिमात्रिक संवृत अर्वण भी उच्चारित होते हैं। महर्षि कात्यायन शुक्लयजुर्वेद की उस उच्चारण परम्परा को भी ध्यान में रखकर संवृत दीर्घ एवं प्लुत की बात कह रहे हैं जिसमें ह्रस्व संवृत 'अ' द्विमात्रिक उच्चरित होता है। महर्षि कि कात्यायन यह मानते हैं। पाणिनि का 'ऊकालोऽज्झ्स्वदीर्घप्लुतः' सूत्र एकमात्रिक की ह्रस्व द्विमात्रिक की दीर्घ तथा त्रिमात्रिक की

प्लुत संज्ञा करता है। यदि व्याकरणशास्त्र में ह्रस्व 'अ' को विवृत नहीं माना जाएगा तो संवृत ह्रस्व के स्थान पर दीर्घ करने पर आन्तरतम्यात् संवृत 'अ' का द्विमात्रिक 'अ2' हो जाएगा क्योंकि पाणिनि के "ऊकालो" सूत्र में तो केवल कालकृत अर्थात् मात्राकृत भेद ही ह्रस्व दीर्घ प्लुत के भेद में नियामक माना गया है। ऐसी स्थिति में संवृत द्विमात्र भी दीर्घ कहलाएगा और ह्रस्व 'अ' को दीर्घ करने पर आन्तरतम्यात् वही होगा, इसी प्रकार संवृत त्रिमात्रिक 'अ3' प्लुत भी कहलाएगा और संवृत ह्रस्व 'अ' को प्लुत करने पर आन्तरतम्यात् संवृत त्रिमात्रिक ही होगा, किन्तु व्याकरणशास्त्र द्वारा संवृत ह्रस्व 'अ' को दीर्घ एवं प्लुत के आदेश के रूप में संवृत द्विमात्रिक एवं संवृत त्रिमात्रिक अभीष्ट नहीं हैं।

उक्त चर्चा से स्पष्ट है कि वार्तिककार महर्षि कात्यायन का पक्ष बिल्कुल स्पष्ट है, और ह्रस्व 'अ' को विवृत न मानने पर उक्त दोष की उनके द्वारा दी गयी उक्त आपत्ति सर्वथा उचित है। महर्षि पतञ्जलि वार्तिककार के उक्त कथन से अपनी असहमति इसलिए व्यक्त कर रहे थे, क्योंकि संवृत द्विमात्रिक 'अ 2' तथा संवृत त्रिमात्रिक 'अ3' क्रमशः दीर्घ एवं प्लुत शब्दों से बोधित नहीं होते थे। जब भी दीर्घ अवर्ण कहा जाता था तव वह विवृत द्विमात्रिक 'आ' ही होता था तथा जब भी प्लुत अवर्ण कहा जाता था तब विवृत त्रिमात्रिक आ 3 ही होता था।

उपर्युक्त दृष्टि से विचार करने पर स्पष्ट हो जाता है कि वार्तिककार यह मानते थे कि यदि व्याकरणशास्त्र में ह्रस्व संवृत 'अ' के स्थान पर विवृत ह्रस्व 'अ' नहीं पढ़ा जाएगा तो संवृत 'अ' के द्विमात्रिक एवं त्रिमात्रिक उच्चारण को भी क्रमशः दीर्घ एवं प्लुत सञ्ज्ञा करने से न तो रोका जा सकेगा, न ही ह्रस्व 'अ' के स्थान पर दीर्घ एवं प्लुत आदेश के रूप में द्विमात्रिक संवृत 'अ२' तथा त्रिमात्रिक संवृत 'अ ३' आदेश करने से भी रोका जा सकेगा। महर्षि पतञ्जलि दीर्घ एवं प्लुत शब्द को रूढ्या क्रमशः विवृत द्विमात्रिक एवं विवृत त्रिमात्रिक का ही वाचक मानते थे। अतः उक्त कथन से स्पष्टतः हम कह सकते हैं कि 'दीर्घप्लुतवचने च संवृतनिवृत्त्यर्थः' वार्तिक पर महाभाष्यकर के असहमत होने पर भी महाभाष्यकार के इस कथन –"न च लोके न च वेदे दीर्घप्लुतौ संवृतौ स्तः" से हमारे इस प्रतिपादन का कि संवृत 'अ' का द्विमात्रिक एवं त्रिमात्रिक संवृत रूप भी होता है, कोई विरोध नहीं है। उव्वट का यह वचन द्विमात्राः गुरवः, न तु दीर्घाः, हमारे इस प्रतिपादन का मुख्य आधार भी है तथा 'अ इ उ ण्' सूत्र का वार्तिक तथा महाभाष्यकार के वचन भी इस निष्कर्ष में अनुकूल ही हैं। अब तक यह प्रतिपादित किया गया कि संवृत अवर्ण में एकमात्रिक तथा द्विमात्रिक भेद होते हैं तथा संवृत 'अ' का द्विमात्रिक भेद गुरु के रूप में उच्चरित होता है, इसे दीर्घ नहीं कहते। अब यह भी प्रतिपादनीय है कि यद्यपि व्याकरणशास्त्र के द्वारा विहित अवर्ण का प्लुत विवृत ही होता है, किन्तु लोक में संवृत का त्रिमात्रिक उच्चारण भी सम्बोधनादि में देखा जाता है। निष्कर्षतः अवर्ण का व्याकरण से विहित प्लुत यद्यपि विवृत है किन्तु लोक में सम्बोधनादि में ह्रस्व 'अ' का त्रिमात्रिक संवृत उच्चारण भी मान्य कोटि में स्वीकार्य होना चाहिए क्योंकि यह उच्चारण भी सहजतया देखा जाता है। हे राम!

के जब अन्त्य 'अ' को दूर से सम्बोधन में उच्चारण करेंगे तो वह 'हे राम 3' या 'हे रामा 3' हम दोनों प्रकार से साधु मानना चाहिए।

'हे राम' में अन्त्य अ का विवृत त्रिमात्रिक प्लुत जो पाणिनि सूत्र द्वारा विहित है तथा संवृत त्रिमात्रिक उच्चारण जो लोक में सहजतया होता है, दोनों ही स्वीकार्य हैं। अब तक की चर्चा में निष्कर्ष में हम कह सकते हैं कि संस्कृत भाषा में संवृत 'अ' के तीनों प्रभेद एकमात्रिक, द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक होते हैं, किन्तु इनके प्रथम प्रभेद को ह्रस्व कहते हैं जबकि द्वितीय तृतीय प्रभेद को दीर्घ एवं प्लुत नहीं कहते, अपितु इन्हें या द्विमात्र तथा त्रिमात्र कहते हैं। द्विमात्र को गुरु भी कह सकते हैं। यद्यपि 'गुरु' शब्द दीर्घ के लिए भी प्रयुक्त होता है, किन्तु गुरु शब्द दीर्घ का पर्याय नहीं है। संवृत द्विमात्रिक 'अ२' गुरु तो है किन्तु दीर्घ नहीं है।

अब हम विवृत अवर्ण के भेदों पर चर्चा करेंगे। जैसा कि हम जानते हैं कि दीर्घ 'आ' विवृत ही होता है तथा प्लुत 'आ3' भी विवृत ही होता है। व्याकरणशास्त्र द्वारा ह्रस्व संवृत 'अ' को दीर्घ एवं प्लुत का विधान करने पर विवृत दीर्घ एवं विवृत प्लुत ही होते हैं, क्योंकि व्याकरणशास्त्रीय प्रक्रिया के लिए एकमात्रिक ह्रस्व संवृत 'अ' को भी विवृत ही माना गया है। अत: एकमात्रिक 'अ' जिसे व्याकरण प्रक्रिया में विवृत माना गया है, के स्थान पर होने वाले दीर्घ एवं प्लुत आन्तरतम्य से विवृत ही होते हैं। महाभाष्य के राजलक्ष्मीटीकाकार आचार्य गुरुप्रसादशास्त्री ने ह्रस्व अकार के विवृत उच्चारण की परम्परा का भी उल्लेख किया है। उनका कहना है ऋग्वेदिक परम्परा के आचार्य "क्ङिति च" इत्यादि सूत्रों के अन्तिम अवर्ण का विवृत उच्चारण ही करते हैं।[24] इस प्रकार हम पाते हैं कि एकमात्रिक विवृत अकार की भी उच्चारण की परम्परा पाणिनीय प्रक्रिया में तथा कुछ ऋग्वैदिक परम्परा के आचार्यों में विद्यमान है।

पूर्वोक्त विवरण के आधार पर हम निष्कर्षत: कह सकते हैं कि –

(i) संवृत अवर्ण का एकमात्रिक ह्रस्व 'अ' के रूप में उच्चारण लोक में प्रचलित है तथा उसका द्विमात्रिक उच्चारण भी शुक्लयजुर्वेदीय परम्परा में प्रचलित है। इसी संवृत अवर्ण के द्विमात्रिक उच्चारण को ध्यान में रखकर उव्वट ने वाजसनेयि प्रातिशाख्य के "संयोगपूर्वव्यञ्जनान्तावसानगता: स्वरा द्विमात्रा:" सूत्र पर "एते स्वरा द्विमात्रकाला: भवन्ति, न तु दीर्घा:। गुरव एते भवन्ति। अत्रोच्यते–गुरवो द्विगुणकाला:।" ऐसा कहा है।

(ii) संवृत अवर्ण का त्रिमात्रिक उच्चारण लोक में दूर से सम्बोधन करते समय सहज सुना जा सकता है। पाणिनि ने सम्बोधन में जो प्लुत–विधान किया है वह विवृत है। अत: अवर्ण के त्रिमात्रिक प्रयोग भी जिस प्रकार पाणिनीय सूत्रानुसार विवृत होते हैं वैसे ही सम्बोधन में संवृत का त्रिमात्रिक उच्चारण भी लोक में बहुत सहजतया किया जाता है। इसे असाधु नहीं कहा जा सकता है। इसे प्लुत के रूप में अभिहित भले ही न किया जा सके, किन्तु इस संवृत त्रिमात्रिक प्रयोग की असाधुता कथमपि सिद्ध नहीं की जा सकती है। लोक में हम 'हे रामा3' तथा 'हे राम3' इन दोनों प्रकार के उच्चारण सुनते हैं। प्रथमा 'हे राम!' के उच्चारण में प्रयत्न

परिवर्तन के विना ही संवृत 'अ' को ही त्रिमात्रिक उच्चरित दिखाया गया है। 'हे रामा3' में विवृत अवर्ण की प्लुत अवस्था दिखायी गयी है।

(iii) उपर्युक्त निष्कर्ष (ii) के आधार यह भी अवधेय है कि अवर्ण के द्विमात्रिक एवं त्रिमात्रिक उच्चारण में संवृत एवं विवृत भेद के आधार पर इन्हें भिन्न भिन्न रूप में सङ्केतित किया जा सकता है। संवृत अवर्ण के द्विमात्रिक रूप को 'अ2' अकार लिखकर उसके सम्मुख '2' लिखकर या दिखाया जा सकता है तथा विवृत अवर्ण के द्विमात्रिक रूप को 'आ' के रूप में यथास्थान यथा प्रचलित रूप में रखा जा सकता है। इसी प्रकार संवृत अवर्ण की तीन मात्रा को 'अ3' तथा विवृत अवर्ण की तीन मात्रा को 'आ3' के रूप में चिह्नित किया जा सकता है।

(iv) उपर्युक्त (iii) में अवर्ण में विवृत संवृत भेद के कारण द्विमात्रिक त्रिमात्रिक के उच्चारण को जैसे अलग अलग (संवृत द्विमात्रिक 'अ2' विवृत द्विमात्रिक 'आ', संवृत त्रिमात्रिक 'अ3' विवृत त्रिमात्रिक 'आ3') प्रदर्शित करने का प्रस्ताव है उसी तरह संवृत एकमात्रिक को 'अ' एवं विवृत एकमात्रिक को 'आ1' के रूप सङ्केतित किया जा सकता है। या इसे कुछ अन्य रूप में भी चिह्नित किया जा सकता है।

इस प्रकार जब हम अवर्ण के 18 भेद करते हैं तब यह ध्यातव्य है कि पाणिनीय प्रक्रिया की दृष्टि से 18 प्रकार के अवर्णों का उपयोग किया जाता है, किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि अवर्ण का 18 प्रकार का उच्चारण ही साधु हो। वस्तुतः अवर्ण के विवृत एवं संवृत भेद से निम्नलिखित भेद किये जा सकते हैं –

(1) अवर्ण संवृत (i) एकमात्रिक 'अ' (ii) द्विमात्रिक 'अ2' (iii) त्रिमात्रिक 'अ3'।

(2) अवर्ण विवृत (i) एकमात्रिक 'आ1' (ii) द्विमात्रिक 'आ' (iii) त्रिमात्रिक 'आ3'।

विवृत अवर्ण के द्विमात्रिक एवं त्रिमात्रिक को ही क्रमशः दीर्घ एवं प्लुत कहते हैं, जबकि संवृत अवर्ण के द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक को दीर्घ, प्लुत नहीं कहते हैं।

उपर्युक्त दोनों प्रकारों के (संवृत तथा विवृत) अवर्ण के एकमात्रिक द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक भेदों के सैद्धान्तिक रूप से उदात्तादि भेदों के आधार के पर १८-१८ भेद सम्भव हैं। अतः उच्चारण विज्ञान के आधार पर अवर्ण के कुल ३६ भेद होते हैं। किन्तु व्याकरणशास्त्रीय अपेक्षानुसार १८ भेद ही कहे जाते हैं।

**सन्दर्भ -**

1. (i) ह्रस्वमवर्ण प्रयोगे संवृतम्। दीर्घप्लुतयोस्तु विवृतम्। तेषां सावर्ण्यप्रसिद्ध्यर्थमकार इह शास्त्रे विवृतः प्रतिज्ञायते। काशिका, 'अइउण्' पृ.21-22
   (ii) ह्रस्वस्यावर्णस्य प्रयोगे संवृत प्रक्रियादशायां तु विवृतमेव। (तुल्यास्यप्रयतनं सवर्णम्, वै.सि.कौ. पृ. 1)
2. विवृतमूष्मणां स्वराणां च (वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्)
3. (i) स्पर्शानां करणं स्पृष्टमन्तःस्थानामतोऽन्यथा।

यमानां संवृतं प्रादुर्विवृतं च स्वरोष्मणाम् ।। (माण्डूकीशिक्षा श्लो. 70, उद्धृत सं.व.स्व.स., पृ.११३)

(ii) स्वराणामूष्मणां चैव विवृतं करणं स्मृतम्। (पाणिनीयशिक्षा श्लोक 21,सं.व.स्व.स., पृ.११३)

4. (i) संवृतास्यप्रयत्न अकारः, विवृतास्यप्रयत्नाः इतरे स्वराः (उव्वटभाष्यम्, शु.य.प्रा. 1/72,सं.व.स्व.स., पृ.११३)

(ii) संवृतप्रयत्न अकारः विवृतप्रयत्नयोर्दीर्घप्लुतयोः अवर्णयोः सवर्णवत् स्यात्। (अनन्तभट्टभाष्यम्, शु.य.प्र. 1/71)

5. अकारः संवृतो ज्ञेयो विवृताश्चेतरे स्वराः (वर्णरत्नप्रदीपिका शिक्षा श्लो. 40-42, सं.व.स्व.स., पृ.११३)

6. संवृतत्वमकारस्य (ह्रस्वस्य) विवृतत्वं स्वराणानूष्मणां च। (चान्द्रवर्णसूत्र 23-29,सं.व.स्व.स.)

7. अवर्णस्यातिविवृतत्वम्। संवृतमकारस्य। (शाकटायनप्रक्रियासंग्रह 1/1/6,सं.व.स्व.स., पृ.११४)

8. पा. सू. 1/1/9

9. पा. सू. 1/1/69

10. महाभाष्य 1.1.2 आह्निक, अइउण् पृ.79

11. अकारस्य विवृतोपदेशः कर्तव्यः। किं प्रयोजनम् ? आकारग्रहणार्थः। अकारः सवर्णग्रहणेनऽऽकारमपि यथा गृहणीयात। (म.भा. वहीं)

12. किं पुनरिदं विवृतस्योपदिश्यमानस्य प्रयोजनमन्वाख्यायत संवृतस्योपदिश्यमानस्य विवृतोपदेशश्योद्यते। (म.भा.वही)

13. विवृतस्योपदिश्यमानस्य प्रयोजनमन्वाख्यायते। कथं ज्ञायते? पदयम् 'अ अ' इत्यकारस्य विवृतस्य प्रत्यापत्तिं शास्ति।। (वहीं)

14. पा. सू. 8.4.68

15. ननु च नियतप्रयत्नत्वात् वर्णानां स्थाननियमवत्, यथा नियतस्थानत्वादशक्य इ कारस्त्वोष्ठाभ्यमुच्चारयितुम् अकारो वा दन्तेन, एवं संवृतोऽकारः कथमिव शक्यो विवृत उच्चारयितुम्? उच्यते। कश्चिदेव प्रयत्नो न शक्यते कर्तुं वक्त्राऽमादात्। अयं तु संदष्टादिवत् शक्यतेऽप्रमादात् कर्तुमिति। अतश्च शक्यते, यत् विवृतोपदेशाश्चोद्यते। (महाभाष्यदीपिका, अइउण् सू.ह.)

16. अथ किमर्थमेदयुच्यते "अकारस्य विवृतोपदेशः" इति, यावता सूत्रोच्चारणादेवाधिगतमतेन विवृतोऽयमकार इति। (वहीं)

17. म.भा.प्र., उद्योत, अइउण् सू. पृ. 82

18. सूत्रकारो माहेश्वरो वेदपुरुषो वा वहीं, उद्योत पृ. 82

19. वाजसनेयिप्रातिशाख्य 4/109

20. उव्वट भाष्य वहीं
21. अनन्तभट्टभाष्य वहीं
22. महाभाष्य 1.1.2 आह्निक, अइउण् पृ. 86
23. नैव लोके न च वेदे दीर्घप्लुतौ संवृतौ स्तः। कौ तर्हि? विवृतौ। यौ स्तः तौ भविष्यतः। महाभाष्य, 1.1.2 आ. अइउण् पृ.86
24. 'क्ङिति च' इत्यादाववसाने ह्रस्वविवृतस्य साम्प्रतिकैर्बह्वृचादिवैदिकैः पठ्यमानस्य प्रत्यक्षसिद्धत्वात्। महाभाष्य, 1.1.2 आ. अइउण्, पृ. 87

**सन्दर्भग्रन्थसूची**

1. काशिकावृत्ति, प्रथमो भागः, सम्पादकः – श्रीनारायणशास्त्री, रत्ना पब्लिकेशन्स, वाराणसी, पृ. 21–22, संस्करण 1985।

2. पातञ्जलं महाभाष्यम्, प्रथमाध्याय-प्रथमपाद-नवाह्निकरूपं-प्रथमखण्डम्, कैयटोपाध्यायप्रणीतेन प्रदीपेन, श्रीनागेशभट्टविरचितेनमहाभाष्यप्रदीपोद्द्योतेन, श्रीभट्टोजिदीक्षितविरचितेन शब्दकौस्तुभेन च विराजितः, आचार्य श्रीगुरुप्रसादशास्त्रिणा व्याकरणाद्यात्वार्येण प्रणीतया अभिनवराजलक्ष्मीटीकया च समलङ्कृतः, वाणीविलास प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण 1988।

3. पाणिनि-विरचिता अष्टाध्यायी पदच्छेद-वृत्ति-वार्त्तिक-टिप्पणी-सहित, परिष्कर्ता म.स. पण्डितराज श्रीगोपालशास्त्री, सम्पादक- श्रीगोपालदत्तपाण्डेयः, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण 2017।

4. भट्टोजिदीक्षितकृत सिद्धान्तकौमुदी, सम्पादक – श्रीश चन्द्र वासु, मोतिलाल बनारसीदास, दिल्ली, पृ.9, संस्करण 1906।

5. भर्तृहरिकृत महाभाष्यदीपिका द्वितीय आह्निक, सम्पादक – जि.बि. पलशुले, भण्डारकर ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टिट्युट् , पूना, संस्करण 1988।

6. शुक्लयजुर्वेद-प्रातिशाख्यम् अथवा वाजसनेयि-प्रातिशाख्यम्, सम्पादक एवं व्याख्याकार – डा. वीरेन्द्र कुमार वर्मा, व्रजजीवन प्राच्यभारती ग्रन्थमाला 16, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली, संस्करण 2015।

7. संस्कृतवर्णानां स्वरूपं समुत्पत्तिश्च (सं.व.स्व.स.), डा. लडुकेश्वर शतपथी शर्मा, निखिलोत्कलसंस्कृतमहामण्डलानुकूल्येन प्रकाशितम्। ओडिशा, संस्करण 1980।

❑❑

# Whales In Ancient Indian Literature and Culture

**-K. G. SHESHADRI**

*(विस्तृत समुद्र के गर्भ में अनेक जीव जन्तु निवास करते हैं, जिसमें मत्स्य की अनेक प्रजातियाँ भी हैं। इनमें जो बड़ी मछलियाँ हैं उनके लिए प्राचीन संस्कृत वाङ्मय में तिमि, तिमिङ्गिल, तिमिङ्गिलगिल और राघव आदि नाम का उल्लेख है। ये प्राणि सिटेशिया प्रजाति के हैं जिसका अवशेष वैज्ञानिकों ने खोज निकाला है। आयुर्वेद के ग्रन्थों में 'तिमिङ्गिगल के पित्त, तेल, मांस एवं चर्म की विशेषता का वर्णन है। प्राचीन भारतीय संस्कृत साहित्य के अध्ययन से यह प्रमाणित होता है कि उन्हें समुद्र के जीव-जन्तुओं के विषय में भी पर्याप्त ज्ञान था।*

*प्रस्तुत निबन्ध में लेखक ने भारतीय साहित्य एवं संस्कृति के परिपेक्ष्य में तिमिङ्गिल की विशेषताओं तथा इनसे सम्बद्ध विभिन्न तथ्यों को सप्रमाण निरूपित किया है। )*

The vast oceans are rich in biodiversity that includes living organisms adapted excellently to high salt concentration, low temperature and high pressure of the oceans. They occur in various diverse forms and shapes that marvels all humans of the expanse of creation by the creator. Cetaceans are fully acquatic marine mammals belonging to the order Artiodactyla that originated about 50 million years ago (MYA) in South Asia[1]. They are thought to have evolved during the Eocene or earlier period sharing a closest common ancestor with the hippopotamuses. Being mammals, they come to the surface of water to breathe air and nurse their young ones. They also retained the skeletal features from their terrestrial ancestors. The order Cetacea is divided broadly into 2 suborders - Odontoceti (toothed whales) and Mysticeti (baleen whales). All representatives of a third suborder, Archaeoceti (ancient whales) are extinct. The earliest Cetacea also include orders such as Pakicetidae, Ambulocetidae, Remingtonocetidae, Protocetidae and Basilosauridae[2]. Some of the fossils of these species are known only from India and Pakistan especially those of Remingtonocetidae, Protocetidae, Ambulocetidae and Pakicetidae[3]. These have been described in recent literature[4;5]. Although the first ten million years of whale evolution are documented by many fossils, the link to the ancestor of cetaceans has been missing. Whales are related to even-toed ungulates (Artiodactyls). A Middle Eocene Artiodactyl from Kashmir in India known as Indohyus belonging to family Raoellidae is considered by scholars to belong to a sister

group of whales and related to them. They were herbivores or omnivores on land and took to fresh water in times of danger. It was not an adept swimmer but waded in shallow waters and came to the land to feed on vegetation. Other features of Indohyus have been discussed in literature[6;7]. Cetaceans originated from an Indohyus like ancestor and switched to a diet of acquatic prey[8]. All cetaceans share a streamlined body with flattened fore flippers, nasal openings on the top of their head, a well-developed blubber layer, internal reproductive organs, loss of hind limbs and a tail. Scientists have also mentioned features of identifying various cetaceans that are documented in literature[9]. Scientists also have discovered ancient whale fossils dated to 12 million years ago that were very large whose bite ripped huge chunks of flesh of other whales[10]. It had vicious tusk like teeth that were 36 cm long. It has been named 'Leviathan Melville' after a sea monster 'Leviathan' in the Bible and 'Melville' after the author of an English novel 'Moby Dick' named Herman Melville. The present paper tries to glean the origin, characteristics, myths and other aspects of whales and other such cetaceans described in ancient Indian literature.

## WHALES IN ANCIENT WORLD LITERATURE

The word 'Cetaceans' comes from the Latin word 'Cetaceus' derived from Greek word 'Ketos' for big fish. Classical writers were the first to write about whales. Aristotle (384-322 B.C) was considered to be the world's first Cetologist according to Western writers. In his work 'Historia Animalium'[11], Aristotle notes that whales were viviparous and that some have bristles (baleen) instead of teeth. Female whales were thought to have breasts in the neighbourhood of genitals and copulate with males. Cicero (106-43 B.C.E) and Lucretius (95-52 B.C.E) expanded on previous themes offering technical amendments. Cousteau cites Nearchus of Crete in describing whales. He draws attention to the spouts of whales that blew the sea up into air. There are also associations of whale that swallowed Jonah in the Bible. Pliny the Elder (23-79 C.E) writes extensively about whales in his work 'Natural History[12]. He mentions whale by the term 'belua' (a beast distinguished for size or ferocity). He mentions large number of whales of largest size in the Indian sea some covering three acres, each shark 100 ells long (about 50 m). Pliny mentions also about sperm whales and Orcas. Interestingly, he also mentions the first record of a mass stranding of monsters (whales) on the coast of Saintes during the rule of Tiberius (14-37 C.E). Pliny accurately mentions that whales must have a lung and breathe as they do not have gills. He was aware that whales are viviparous and suckle their young and even carry them about while weak from infancy. Oppian (177-180 C.E) also gives interesting details of whales[13]. He describes the rush of whales for food and how they attack each other and bring terror to ships when they meet them in Iberian sea in the West. He also mentions that whales stray and come to the beach where water is deep inshore. The killing of a whale by fishers, piercing it

with barbs amidst loud screams of victory is also described by Oppian. Interestingly, Oppian uses several metaphors of war to describe the killing and agony of the whale as -

'They, being drunk with pain made my heart bent with weariness, the wounds made even fiercer by the cruel water. The whale is stretched out dead and fills the entire beach with his limbs as they lie'.

Oppian states that whales have hot panting breath. The Roman rhetorician Aelian in his work 'De Natura Animalium includes stories on whales[14]. Thus the ancient Mediterranean world was well aware of Cetaceans and had a great deal of knowledge of their physiology. Historical references to whaling also occur in Middle ages. King Alfred's Anglo Saxon translation of the Norwegian Orosius 'Seven books of History against the Pagans' tells the tale of Ohthere, a Norwegian explorer who personally killed 60 whales in two days in the white sea. The Codex Oxoniensis from the Norse narrative of Ohthere was introduced to England by King Alfred. Icelandic texts dated to 1007 A. D. mention about whale hunting. Basque whaling is first mentioned in 'Translation and Miracles of Saint Waast (875 C.E) and was established by 12th c. A. D. From 14"' c. A. D., records of whale catches were kept and many Basque coast towns show whaling in their seals and arms. The Danes were killing whales in the 12th c. A. D. according to 'Langebek' which mentions that fishery of the whale (known as hvalfangst) was practiced in most Northern countries of Europe in 9th c. A. D. The oldest Japanese book, 'Kojiki' (record of ancient Matter-712 C.E) mentions that Chinese, Koreans and Japanese also were hunting whales. There are records of Indonesians trading in fish oil from 1643 A..D. possibly of sperm whales. In 16th c. A.D. Europe, whale oil was a vital substance as a source of light, lubricant and ingredient in many products. Curtzinger estimates that Basques killed 15000 or more whales in the area of New-Foundland and along the Labrador coast of Canada from about 1540 to 1610 A. D. This lucrative whale industry of Basques came to an end by the ill-fated Spanish Armada attack on England in 1588 wherein many Basque whalers were killed and galleons used to transport the oil were sunk. The whale also known as 'Balena' was also mentioned in the 'Libellus De Nature Animalium', a 15th c. A. D. work on Bestiary and in the works of Albertus Magnus from 13th c. A. D. Ambroise Pare, a doctor who made many discoveries in his 'Des Monstres Tant Terresres Que Mairins' in 1573 A. D. includes whales among list of monsters and marvels describing their characteristics and behaviour. He also describes whaling practices in Bayonne, France noting that females are easier to catch than the males as they spend effort to save their young. Carolus Linnaeus grouped whales initially as part of the fish group Pisces but later recognizing that whales were warm blooded mammals he separated whales from fishes. Count Georges Louis Buffon wrote a volume on whales for his *'Histoire Naturelle'*. Some myths of

South East Asia state that earthquakes arise from the movement of the whales. The whale is related to *kar* fish of Persian literature and described as an ass-like fish or a 'three legged ass'. The latter description probably refers to the two flippers and the tail of a whale. Some Arabic literature of the 9th - 10th c. A. D. likens a ship's sail seen in Indian Ocean seen from a distance to the fin of a whale or whale's spout. In the Arab world, it was known that ambergris was harvested from the guts of some kinds of whales. Avicenna *(Ibn Sina),* a Persian writer mentions that large cetaceans were devoured for obtaining ambergris. *Marwazi,* a doctor at court of Seljuk Sultan Malik Shah (1072-1092 A.D) in his Persian work *'Tabai al-Hayawan'* mentions about several fishes and marine animals quoting the fragments of *Timothens of Gaza's* book on animals and also *Ibn Sina's* commentary on *'De Animalibus'* of Aristotle[15]. He also mentions about whales. *Al Dimasqi* (1256-1327 A.D) in his geographical work *'Nuhbat al dahrfi-agaib al-barr waal ba[16]'"* mentions about whale sharks terming them as *'Al Bassa'* that have a dark colored body with whitish (dots and striped) portions. They are said to be about 20 cubits long and are viviparous. The flesh is of a good quality, fat oily and tasty. Sperm whales are also described in medieval accounts[17]. Marco Polo in the 13th c. A. D. while describing the riches of Madagascar states that whales produce amber that was also noted by *Ibn Sina.* Baleen is a material that comprises keratinous feeding plates in the mouths of whales. Baleen arms and armour are reported in medieval Welsh literature and were in use from late 13th — 15th c. A. D. Albertus Magnus, a 13th c. A.D. German Philosopher and theologian in his *'De Animalibus'* mentions about the medieval belief that whale's baleen was eyelash.

## WHALES IN VEDIC LITERATURE

Several marine animals are mentioned in Vedic Literature. Among these are fishes, conches, gastropods, crabs and other creatures. The *ṛgveda[18]* [VIII.67] refers to a large fish terming it *Mahāmīna* [a whale probably]. Apart from this, the references to whales are rare and not found easily in Vedic literature such as *Brāhmaṇas, Āraṇyakas, Upaniṣads, Kalpasūtras* and *Smṛtis.*

## WHALES IN EPICS AND *PURANAS*

Several aspects of whales are found in epics and *Purāṇas.* The *Vālmīki Rāmāyaṇa[19]* refers to a marine predator whale by the term ' *Timingila'.* Some scholars also suggest that it may refer to a large shark also. The *'Timi'* is also referred in *Ayodhya Kāṇḍa* [81.16] where the royal assembly made splendid by Bharatha as a lake of tranquil waters with pearl shells and filled with great fish *(Timi)* and serpents. In the *Sundara Kāṇḍa* [37.45], Devī Sītā expresses her doubt that she would be safe on the back of Hanumān if carried away from Rāvaṇa's fortress stating -

**पतिता सागरे च अहं तिमि नक्र झषाकुले। भयेयं आशु विवशा यादसां अन्नं उत्तमम्।।**

*Patitā sāagare ca aha*ṁ *timi nakra jhaṣākule/bhayeeya*ṁ *āśu vivaśā yādasā*ṁ *annam uttama*ṁ*//*

"If I were to fall helpless in the ocean, filled with whales, sharks and large fish, I would soon become a choice morsel for those creatures".

In the *Yuddha Kāṇḍa* [4.113-115], Sage *Vālmīki* describes the dark sea abode of Asuras as swarming with huge crocodiles, whales and whale sharks as well as serpents making it impossible to cross. The *Sundara Kāṇḍa* [5.9.7] also has Hanumān's description of *Rāvaṇa's* tightly guarded palace that resembled an ocean filled with crocodiles, sharks *(Nakramakara),* whales *(Timiṅgila)* and great fish *(Timiṅgilajhaṣa)*. Likewise, Hanumān also describes the fortification of Laṅka to Rāma in the *Yuddhakāṇḍa* [3.14] as having moats filled with crocodiles and large fishes —

**अगाधा ग्राहवत्यः च परिखा मीन संविताः ।।** *agādhā grāhavatyaḥ ca parikhā mīna sevitāḥ*

The *Kamba Rāmāyaṇa*[20] *[Kiṣkinda Kāṇḍa]* mentions about a huge whale bone lying on the sea shore while describing about the remains of the demon Dundubhi killed by *Vāli.* Old Javanese literature especially the *Kākawin Rāmayāṇa* dated to 9th c. A. D. describes several big fishes in depths of seas. The terms used for whale are 'Timi*', 'Timiṅgila', 'Gajamīna'* (all Sanskrit words), *'Lembora'* (a Malay loan word) and *'Iwak liman'* [old Javanese word]. In the context of Rāvaṇa conjuring a severed head of Rāma before Sītā, he boasts of his prowess reaching down to the sea depths listing the marine creatures as stated in the Javanese text [17.10-19].

*Hana len timingila lawan [n] iwak tuli kalawan bebed Hyu Hana lumba lumba len Tamalah dadan pesut iwak liman waneh tuwi lembwarekana nahan ya rumpwanal.*

'There are *Timingilas,* Tuli fish, *Bebed,* sharks, dolphins, *Dadan, Pesut* and other large fish including *Lembwara.* Let them be caught!'.

The text [8.7] also mentions crocodiles, sharks and *Timingila* feasting on the flesh of the huge demoness *Ḍākinī* killed by Hanumān during his airborne travel to Laṅka. Further the *Kākawin Rāmayāṇa* [15.19] describes the marine creatures including *Timiṅgilas* that were depressed, moaning and dispersing unable to bear the heat of Rāma's arrow shot at his frustration over *Sāgara,* the God of Ocean not appearing before him[21]. Elephant fish as big as mountains were also affected by the heat that they were almost cooked. The 'elephant fish' seem to designate large fish but in later *Jāvan* texts the terms *'Gajamīna'* and *'Iwak liman'* share some of the physical characteristics typical for the

elephant. The God of the ocean also lists the *lembwaras* [large fish or whales] inhabiting the sea depths among the obstacles awaiting the soldiers [15-40]. They are so huge that it could swallow the earth in a moment though it is an exaggeration of its size. The old Javanese term *'Lembwara / lembora'* is related to Malay words *'Lembuara', 'Ikan paus', 'Ikan lodan', 'Ikan raya'*. The Tibetan version of Rāmāyaṇa that appears as a commentary to *Subhāṣitaratnanidhi* by *Dmar-Ston-Chos rgyal of Dbus* also mentions three ocean monsters namely *'Timi', 'Timiṅgila', 'Timi/Timiṅgilagila'* that probably had its source in *Vinayapiṭaka of Mūlasarvāstivādins.* Here, Hanumān enquires Sage Vālmīki about these monsters in the ocean who also adds that *Timiṅgilas* live in the third layer of the ocean. Sage Vyāsa's Mahābhārata[22] also mentions about *'Timi'* and *'Timiṅgila'* in various contexts. The text *[Ādi* Parva, 19.3] states that Kadru and Vinata while following *Ucchaiśravas,* the celestial horse in their wager over the tail saw the vast ocean abounding with fishes capable of swallowing the whale and full of crocodiles and terrible monsters.

**ददृशाते तदा तत्र समुद्रं निधिमम्भसाम् । तिमिङ्गिलझषाकीर्णं मकरैरावृतं तथा।**

dadṛśāte tadā tatra samudraṁ nidhimambhasām\ timiṅgilajhaṣākīrṇaṁ makarairāvṛtaṁ tathā\\

The *Vana Pana* [170.45] mentions about large fishes with elephant like faces *(Gajavaktra)* that appear at the release of *Raudrāstra.* This is reminiscent of the *'Gajamīna'* mentioned in *Kākawin Rāmayāṇa.* The *Vana Parva* [266.44] also mentions about 'Timi' seen in the Southern Ocean. In addition to this, the text *[Vana Parva,* 166.3] also mentions about *'Timiṅgila' seen* by Arjuna in the Ocean as well as the 'Timi *Timiṅgila'*. The *Udyoga Parva* [158.38-40] *[Bhagavat Yāna Parva]* also has a mention of various warriors relating themselves to fish motifs in which Somadatta's son is compared to a whale. The *Droṇa Parva* [44.6] has an instance wherein the brave Abhimanyu surrounded by the foremost Kaurava warriors like Droṇa, Kamrṇa and so on is compared to a whale in the foaming sea along with other fishes.

जग्रास तिमिरसाद्य क्षुद्रमत्स्यान् इवार्णवे। *jagrāsa timirasādya kṣudrāmatsyān ivārṇave* The *Anuśāsanika Parva* has a description of Indra refusing to drink Soma with the *Asvins.* In this context, Sage Chyavana created a terrible Asura (demon) 'Mada'. The Gods along with Indra seemed to stand at the root of that Asura's tongue even as fishes when they enter into the wide open mouth of a whale *(Leviathan}.*

तिमिरस्यां अनुप्राप्त यथा मत्स्य महार्णवे।। *timirasyā*ṁ *anuprāpta yathā matsya mahārṇave*

- *Anuśāsanika Parva* [141.25]

Several *Purāṇas* also give descriptions of whales. In the *Matsyapurāṇa*[23] Vaivasvata Manu saw tiny fish *(śapharī)* (carp) in his hands when he was offering water to the rising Sun God. As the fish sought his refuge asking him to transfer it to a larger place, the fish grew in proportion to the container it was transferred. As it grew gradually even larger than a pond, lake or river, it was transferred to the ocean wherein its size became enormous. This indicates the evolution of fishes in the prehistoric period. The *Matsyapurāṇa* also states that Lord Viṣṇu who had assumed the form of this fish grew to the size of a huge whale [one with a horn like extension on the head portion] asking Manu to fasten a gigantic boat with the seven sages, all creatures and vegetation species aboard by means of the celestial snake V*ā*suki as a rope to its horn. This form of the fish with a horn resembles a *Narhwal* that is today found in the Arctic regions. The *Bhāgavatapurāṇa*[24] [12.9.16] mentions about *Makaras* and *Timiṅgilas* attacking Sage *Mārkaṇḍeya* during the cosmic water devastation and survives the ordeal by grace of the Supreme Lord.

क्षुतृत्परीतो मकरैस्तिमिङ्गिलैरुपदृतो विचि नभस्वताहतः तमस्यपारे पतितो भ्रमन्दिशो न वेद खं गां च परिश्रमेषितः।।

*kṣutṛtparīto makaraistimiṅgilairupadṛto vici nabhasvatāhataḥ tamasya*pāre *patito bhrāmandi*śo *na veda kha*ṁ *gā*ṁ *ca pari*ś*rameṣitaḥ*

Tormented by hunger and thirst, attacked by monstrous *'Makaras'* and *'Timiṅgila'* fish, he battered aimlessly through the infinite darkness into which he had fallen. As he grew exhausted, he lost sense of direction and could not tell the sky from the earth. In the context of Lord Śiva drinking the *Hālāhala* poison during the churning of the ocean; by Gods and demons, the text states that the fishes, sharks, tortoises, snakes were the most agitated and being perturbed they came to the surface.

निमर्थ्यमानाद् उदधेरभूद्विषं महोल्बणं हालहलाह्वयं अग्रतः। संभ्रान्तमीनोन्मकराहि कच्छपात् तिमिद्विप ग्राह तिमिङ्गिलाकुलात्।।

*nirmarthyamānād udadherabhūdviṣa*ṁ *maholbaṇa*ṁ *hālahalāhvaya*ṁ *agrataḥ/ sa*ṁ*bhrāntamīnonmakarāhi kacchapāt timidvipa grāha timiṅgilākulāt.* [VIII.7.18]

A comparison of Bh*ī*ṣma resembling a *Timiṅgila* that could have swallowed the *Pāṇḍavas* in *Kurukṣetra* war is made by the text [X. 1.5]. The *Mārkaṇḍeyapurāṇa*[25] also refers to *Timiṅgila* in describing the account of Sage *Mārkaṇḍeya* as in the *Bhāgavatapurāṇa.* The *Vāyupurāṇa*[26] [69.292-293] mentions about sharks and crocodiles with 1000 teeth, P*ā*ṭhīṇa, Rohita fishes, timi called as *Maina* group as well as *Grāhas* and Dolphins *(*śiś*umāra).*

सहस्रदन्तामकराः पाठीनास्तिमिरोहिताः। इ त्येवमादर्हि गणा मैनो विस्तीर्ण उच्यते।।

*sahasradantāmakarāḥ pāṭhīnāstimirohitāḥ/ ityevamādirhi gaṇā maino vistīrṇa ucyate* The *Matsyapurāṇa* [133.70] mentions that *'Timiṅgilas'* are those which devour Timi. A legend *of Alappad Panchayat* district of Kollam in Kerala mentions that Lord Siva cursed his son Subrahmanya to be reborn as a whale (Timi) due to a serious error committed by him. Devi Parvati also was cursed to be reborn as a fish. Later the legend states that Lord Śiva himself appeared as an old man in the kingdom and accompanied by all local fishermen went to capture the whale with ropes of vines. However, this legend is not described in the *Śivapurāṇa.*

## WHALES IN POST-VEDIC TEXTS

Some aspects of whales and sharks are also found in Post-Vedic texts. The *Kośas* offer some synonyms of whales. The words used are *'Timi 'Timiṅgila', 'Timiṅgilagila'* all identified with whale like creatures and related to one another. However their identification is also to be supported by observations in the seas surrounding India. Hora states that whales are actually rare in seas surrounding India and hence these terms that appear in the *Rāmayāṇa, Mahābhārata and Purāṇas* could well mean sharks also[27]. He also mentions about such terms in Buddhist texts[28-29]. The *Amarakośa*[30] states that timi is a large fish while the *'Timiṅgila'* is one that can devour timi. Scholars believe the *'Timiṅgila'* could be a 'whale monster' or resemble a 'killer whale' like the Orcas (a toothed whale of the dolphin family). However it must be remembered that ancient Indian texts conceptualize *'Timiṅgila'* and timi as fantastic creatures inhabiting the depths of the ocean or Netherworld. The *Śabdakalpadruma*[31] mentions that *'Timi* is a large fish spanning over 100 yojanas while the *'Timiṅgila'* is one that kills timi. Even a more monstrous creature is the *'Timiṅgilagila'* which can swallow a *'Timiṅgila [timiṅgila*ṁ *gilati iti timingilagila].* The *Suśruta Sa*ṁ*hitā*[32] *[Sūtrasthāna,* 46.1 18] includes 'Timi' and *'Timiṅgila'* under *'Samudra Matsya'* (fishes of the ocean). The *'Timiṅgila'* is said to be larger than 'Timi'. The flesh of these creatures is said to alleviate *Vata,* aggravate *kapha* and *pitta,* an aphrodisiac and also promote strength. The *Charaka Sa*ṁ*hhitā*[33] *[Sūtrasthāna,* 27.38] also mentions about *'Timiṅgila'.* The commentary of *Chakrapāṇidatta* states that it is a big fish living in the sea. The *Aṣṭāṅgahṛdaya*[34] *[Sūtrasthāna,* 6.52] of Vāgbhaṭa also mentions about *'Timiṅgila'* as a source of meat. The *Āyurvedasaukhyar*ṁ[35] of Todarānanda- [IV. 3-4] mentions the use of bile of a *Timiṅgila* (known as *Timiṅgilapitta)* along with other 'ingredients in preparing a recipe known as '*Udakamañhjarī* to cure freshly occurring fever. The *Kaiyādeva Nighaṇṭu*[36] *[Mā*ṁ*savarga,* 209-210] of Kaiyādeva includes 'Timi' and *'Timiṅgila'* among the fishes of the ocean defining both as —

तिमिः समुद्रजो मत्स्यः शतयोजनविस्तृतः। वज्राभः कुलिशो ज्ञेयस्तिमिभक्षस्तिमिङ्गलः।
तिमिङ्गिलोऽप्यन्योमहामीनस्तु तद्गिलः।।

*timiḥ samudrajo matsyaḥ śatayojanavistṛtaḥ\ vajrābhaḥ kuliśo jñeyastimibhakṣastimiṅgilaḥ\ timiṅgilo'pyanyomahāmīnastu tadgilaḥ//*

These large fishes are also mentioned in Buddhist and Jain literature. There exists a Medallion of the *Bharhut* reliefs and inscriptions dated to the 2nd c. B.C. that is based on the *Timiṅgila Jātaka*[37-38]. The merchant Vasugupta is mentioned as being brought onto the shore by Mahādeva after being rescued from a *Timiṅgila's* belly (तिमि तिमिङ्गिल कुक्षे - *timi timiṅgila kukṣe).* It is represented on the Medallion as a large fish covered with scales, a large head, enormous large mouth with conspicuous conical teeth, a lower jaw, large eyes, a spout of water cascading from near anterior end of snout. Hora states that it represents a whale shark. Whale sharks are however not known by the name *'Timiṅgila'* and may be a whale also due to the disposition of some whales to even attack or upset a boat in the vicinity, the scales on body being a matter of imagination. Some Buddhist texts have commentators also adding a few additional whale like creatures by the terms such as timi, *'Timiṅgila', 'Timi Timiṅgila', 'Timiṅgilagila'* and 'Timi *Timiṅgilagila'* as in the *Paramatthadīpani Udānaṭṭhakathā*[39]. *Jātaka* [No. 525] mentions a monster fish named *'Vohāra'.* The *Sumaṅgalavilāsini"* states that *Timiṅgila* lives in the great ocean. The *Tilakamañjaī* of *Dhanapāla* also mentions about *'Timi'* and *'Timiṅgila*[41]. Several *Kāvyas* also shed some interesting details of whales. Kālidāsa's *Raghuvaṁśa*[42] [X11I.10] mentions about whales with huge slits for mouths throwing upwards streams of water through their perforated heads. The *Kirātārjunīya*[43] of Bhāravi mentions about Grāhas capable of devouring elephants. The *Vāyupurāṇa*[44] [69.293] mentions that Grāhas are of 4 types namely *Anujyeṣṭakas, Niṣkas, Śiśumaras* and *'Timi'* who are the progeny of Mīnā. Subandhu in his *Vāsavadatta*[45] also mentions about shoals of *Timiṅgila.* Bhaṭṭi in his *'Rāvaṇavadhakāvya*[46] describes a dead demoness that used to satiate with crocodiles and fill back into lair of sharks teeming with great monsters [VIII. 6-7]. A similar passage of *Timiṅgilas* feeding on the body of a *Ḍākinī* is mentioned in the South East Asian *Kākawin Rāmayāṇa* [8.7][47]. A poet Kavinanda Bhallāṭa in the anthology *Subhāṣitaratnakośa*[48] [1025] of Vidyākara mentions about *Timiṅgilas,* crocodiles and other creatures of the ocean from which a sage would drink it in an instant (Sage Agastya who is stated to have gulped the ocean on behest of Gods). The *'Setubandhakāvya*[49] is a work by the poet *Pravarasena* II, (of *Vākaṭaka* dynasty about 5th c.

A.D.), based on the epic *Rāmāyaṇa* although highlighting much on the aspects of Ocean, building of the bridge, description of Natural surroundings in about 15 Cantos. It has some interesting descriptions of Fauna. It profusely describes the behaviour of acquatic creatures in the context of ocean agitation caused by Rāma's arrows, the throwing of boulders and mountain peaks in ocean building of bridge to *Laṅka* and also during the ocean calmness. Interestingly Pravarasena states that *'Timi'* fishes of enormous size that have seen the scene of churning of ocean and torous parts of Mandara rested on whose back while rolling and who have tasted nectar are becoming unconscious due to Rāma's arrows.

दृश्यन्ते दृष्टमथनाः पृष्ठपरिस्थितप्रलुठित मन्दरशिखराः। आस्वादितामृतरसा
बाणदृढप्रहारमूर्छितास्तिमिमत्स्या।

*dṛśyante dṛṣṭamathanāḥ pṛṣṭhaparisthitapraluṛhita mandaraśikharāḥ\
āsvāditāmrtarasā bāṇadṛḍhaprahāramūrchitāstimimatsyāḥ*

-[V.46]

The interstitial space between bridge and the Suvela Mountains is being filled by '*Timi'* fishes running from one side to other [VIII.76]. The *Chaitanya Charitāmṛta*[50]" [MadhyalīIā, 13.142] equates Gopis as having fallen into a great ocean that they are being devoured by their ambition to serve Lord Kṛṣṇa as in-

देह स्मृति नहि यर संसार कूप कहं तरतः हैते न चाहे उद्धार विरह समुद्र जले काम
तिमिङ्गिले गिले गोपि गणे नेह तर पर् ।।

*deha smṛti nahi yara saṁsāra kūpa kahaṁ tarataḥ haite na cāhe uddhāra viraha*

*samudra jale kāma timiṅgile gile gopi gaṇe neha tara par//*

Kumāradāsa in his *'Jānakīharaṇa'*[51] [XIV.49] refers to timi' as well as the *Timiṅgila in* his text [XIV.59], Vārahamihira in his *Bṛhatsaṁhitā*[52] dated to about 6$^{th}$ c. A. D. mentions about *Grāhas* capable of devouring elephants [XC1II.14]. He also mentions about whales [Timi] noting them for their white complexion [XII.3-5]. The *Nāradapañcarātra*[53] notes one of the forms of *Rādha* as a whale among fishes while describing her 1000 names *[Rādhikāsahasranāma,* V.100].

तिमिङ्गिल कुला मोदमत्स्यरूपा। *timiṅgila kulā modamatsyarūpā*

These large fishes are also noted by several regional writers also in their literature. In Karnataka, wherein one finds texts such as the Mānasollāsa[54] of Chalukyan king Someśvara who devotes a separate section to fishes *[Matsyavinoda]* the descriptions of whales is absent[55]. However, it is interesting to note that they were aware of several fishes and knowledge of fisheries.

Kittel in his dictionary makes a note of the larger fishes however stating[56] -

*cīrilli timi timiṅgila timiṅgilagila ī nalku ondānondakke hiriyavappa mīnu*

Lakṣmīśa in his *Jaiminībhārata'*[57] [VI.8] while describing the ocean witnessed by the *Pāṇḍava* Bhīma as he set out from Hastināpura and arrived at the shores of Dvāraka states that he witnessed *'Timi', 'Timiṇgila', 'Grāha'* and other marine creatures. Interestingly based on the *'Matsyanyāya'* wherein bigger fishes gulp smaller fishes, he notes one fish being swallowed by another, then this by a third one until the seventh which is the ' *Timiṅgila'* that has an enormous size. The *Chennabasava Purāṇa*[58] also mentions about *'Timi'* and *'Timiṅgila'*. Rāghavāṅka in his *'Hariścandrakāvya*[59]*'* dated to 12th c. A. D. speaks of several fish varieties and marine animals which includes sea elephants *(Nīrāṇe)* crocodiles, sharks, groups of dolphins, *'Timi'* and *'Timiṅgila'* [1.34]. Nāgavarma in his 'Kāvyālokanam'[60] dated to 1050 c. A. D. in the *Niyamārtha Prakaraṇam* [V.224] mentions sharks, crocodiles and conches of the seas surrounding *Tāmraparṇi* -

jaladhiyoḻe timi timiṅgilagila makara prakara śaṁkhasambhava makkuṁ maḻarahita

tāmraparṇīijalsdoḻe śuktijamaṇi prākāṇḍa prabhavaṁ\\ [883]

The *Rāmappaiyan Ammānai*[61]*,* a historical ballad on Tirumala Nāyaka's (1623-1659 A.D.) invasion on Sataikka Tevar II of Marava country is a Tamil work. It describes the marine animals around the coasts of *Rāmeśvaram* in Tamil Nadu of which include the shark, *Timiti* (whale), *Ānaimīn* (elephant fish) and so on.

In early and medieval periods, Ambergris was considered to bb a prized commodity for trade[62]. It was the Arabs who held monopoly over selling this substance in India and other adjacent areas. The Greeks believed that ambergris comes from springs in or near the sea. This is corroborated by Al-Masudi of Baghdad (950 A. D.), Al-Idrisi (1165 A. D.) of Sicily, Abu Zaid of Siraf, Yaqubi and other Arab writers. Abul Fazl Allami recounts in his work several theories about the origin of ambergris of which one is that it is the dung of the sea cows. The Chinese texts mention the substance as *'Hungsien Hiang'* (dragon's saliva perfume) or 'Tiao-Ching' (whale semen). In India, it was used as *'Sugandhadravya'* and referred to as *'Matsyika'* by virtue of the fact that this perfume product is obtained from the entrails of whales[68]. In many vernaculars in India 'ambergris' is known as *'Ambara'* (Sanskrit), 'Amber' (Hindi, Bengali, Marathi, Konkani), *'Mīnumbār'* (Tamil), 'Amber' (Arabic/Persian) and so on. Earlier to the medieval period, it was known as *'Agnijara'* and is mentioned as a desiccated *'Jarāyu'* of an *'Agninakra'* living in the ocean. The

*Siddhabheṣajamaṇimālā*[64] of Kṛṣṇārāma of 19th c. A. D. mentions *'Ambara' as a* perfume and a noteworthy medicinal drug. The *Śivakośa*[65] also mentions *'Ambara'* as a *'Sugandhidravya'.* However, Sanskrit lexicons compiled between 700 A.D to 1676 A.D by different scholars give no direct word to mean 'Ambergris'. It is generally believed that the formation of ambergris in the gut of sperm whale is attributed to a secretion produced due various reasons as discussed in literature[66]. It was Marco Polo who observed whales on the Island of Socotra in Indian Ocean and attributed ambergris to sperm whale which voided it from intestinal track.

## WHALES IN INDIAN CULTURE

There are several aspects of whales and sharks in Indian culture. Whale sharks are known by several vernacular names such as *'Karanj' / 'Bhariat' / 'Bahiri'* [Marathi], *'Makara Sravu' / 'Osman ś*ira'[Malayalam], *'Pulli Udumbu'*(Tamil), *'Panaimīn'/ 'Uravi'*(Tamil) and so on. It is actually a whale that physically resembles a shark but is not a predator. The *'Timi', ' Timiṅgila'* and others are predators. Whales are known in vernacular names such as ' *Timiṅgila'* (Kannada), *'Timingilam'* (Tamil and Malayalam), *'Timiṅgilamu'* (Telugu) and *'Mangar Macho'* (Sindhi). All over the world, cetaceans are revered as deities, messengers or helpers. There exist several taboos in whale hunting practiced by various cultures that are documented in literature[67]. Some of these include the beliefs of not offending the shade of a whale that has been killed as it is believed to hover invisibly in the neighbourhood and bring bad luck or even death upon the hunter and his people. The Inuit of Bering Straits in America do not work for next four days the time during which shade or ghost of whale stays with its body. Anyone who cuts a whale's body with iron axe during this time is believed to die. The *Esquimax* men of Bering Strait generally avoid intercourse with women after a whale is killed. Similar taboos also exist with the Aleuts of Alaska. There also exist solemn burials of dead whales with vast funeral rites in some cultures. There also exist several accounts of marine creatures like whales and dolphins helping humans. Several Arabic accounts also mention about ambergris. This substance has a disagreeable and horrible smell when found in dead or alive whales. However when cast out by these animals in form of rounded lumps or dung it is soft and tar like. Due to long exposure to air, sun and sea water the substance undergoes certain transformation in its physical appearance and turns hard, black in color and has a pleasing fragrant smell. Sulayman Al-Tajir, an Arab merchant and traveller in his *'Akhbar Al-Sin W-a-l-Hmd'* (Account of China and India) describes about the Indian Ocean and its marine creatures. His account of hunting a sperm whale is interesting. He states that[68] -

"A whale blows out water from its mouth that resembles a tower. It collects fish by its tail, then opening its mouth drives them inside. He adds that captains

of boats lay anchor against it thinking it to be an Island but when they realize their mistake they set sail from it".

Al-Tajir's accounts are further also described as stating that ambergris is found in the coasts of Malabar and Melinda. Jean Baptiste Tavernier, a 17th c. A. D., a French gem merchant and traveller mentions in his travel accounts that the Governors of Mozambique in South East Africa negotiate ambergris with Goa in India where the Portuguese had their trade for great sums[69]. George Watt however notes that Indian whales being of inferior kind, neither whale oil nor bones are likely to become important economic articles of trade in India[70]. There exist several legends related to dolphins, whales and other cetaceans in world mythology that have been documented in recent literature[71]. Whales are also revered as being the greatest fishes in the abode of Varuṇa. Thus whales are described in ancient Indian literature and culture.

## CONCLUSION AND SCIENTIFIC DISCUSSIONS

